2326. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इस हदीस में जो वह अल्लाह तबारक व तआला से रिवायत करते हैं, फ़रमाया के इस (अल्लाह तआला) ने फ़रमाया: '' मेरे बन्दों! मेंने ज़ुल्म करना अपने ऊपर हराम करार दिया है, और इसे तुम्हारे मबिन भी हराम किया है, तुम बाहम ज़ुल्म न करो, मेरे बन्दों! तुम सब गुमराह थे बजुज़ उस के जिसे में हिदायत अता करू, तुम मुझ से हिदायत तलब करो में तुम्हें हिदायत अता करूँगा, मेरे बन्दों! तुम सब भूके थे बजुज़ उस के जिसे में खिलाऊँ, तुम मुझ से खाना तलब करो में तुम्हें खिलाऊंगा, मेरे बन्दों! तुम सब लिबास के बगैर थे बजुज़ उस के जिसे में लिबास अता करू, तुम मुझ से लिबास तलब करो में तुम्हें लिबास अता करूँगा, मेरे बन्दों! तुम दिन-रात खताए करते हो, और सारे गुनाह में मुआफ़ करता हूँ, तुम मुझ से मगफिरत तलब करो में तुम्हें बख्श दूंगा, मेरे बन्दों! अगर तुम मुझे नुक्सान पहुचाना चाहो तो तुम मुझे नुक्सान नहीं पहुंचा सकते, और अगर तुम मुझे फ़ायदा पहुचाना चाहो तो तुम मुझे फ़ायदा नहीं पहुंचा सकते, मेरे बन्दों! अगर तुम सब जिन्स व इन्स इस शख़्स की तरह हो जाओ जो तुम में सबसे ज़्यादा मुत्तकी है तो उस से मेरी बादशाहत में कुछ इज़ाफा नहीं होगा, मेरे बन्दों! अगर तुम सब जिन्स व इन्स इस शख़्स की तरह हो जाओ जो तुम में सबसे ज़्यादा फाजिर व गुनाहगार है तो उस से मेरी बादशाहत में ज़र्रा कमी नहीं होगी, मेरे बन्दों! अगर तुम सब जिन्स व इन्स एक मैदान में खड़े हो कर मुझ से सवाल करो और मैं हर इन्सान की मुराद पूरी कर दू तो उस से मेरे खज़ानो में सिर्फ इतनी सी कमी आएगी जैसे समुन्दर में सुई डाल कर निकाल लेने से समुन्दर में कमी आती है, मेरे बन्दों! यह तुम्हारे आमाल ही है जिन्हें मेंने महफूज़ व शुमार कर रखा है, फिर मैं (रोज़ ए क़यामत) इन्ही के मुताबिक पूरा पूरा बदला दूंगा, जो शख़्स खैर भलाई पाए तो वह अल्लाह का शुक्र अदा करे और जो शख़्स उस के अलावा कोई और चीज़ पाए तो फिर वह अपने आप ही को मलामत करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (55 / 2577)، (6572)

٢٣٢٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كَانَ فِي بَنِي إِسْرَائِيلَ رَجُلٌ قَتَلَ تِسْعَةً وَتِسْعِينَ إِنْسَانًا ثُمَّ خَرَجَ يَسْأَلُ فَأَتَى رَاهِبًا فَسَأَلَهُ فَقَالَ: أَلَهُ تَوْبَةٌ قَالَ: لَا فَقَتَلَهُ وَجَعَلَ يَسْأَلُ فَقَالَ لَهُ رَجُلٌ ائْتِ قَرْيَةَ كَذَا وَكَذَا فَأَدْرَكَهُ الْمَوْتُ فَنَاءَ بِصَدْرِهِ نَحْوَهَا فَاخْتَصَمَتْ فِيهِ مَلَائِكَةُ الرَّحْمَةِ وَمَلَائِكَةُ الْعَذَابِ فَأَوْحَى اللَّهُ إِلَى هَذِهِ أَنْ تَقَرَّبِي وَإِلَى هَذِهِ أَنْ تَبَاعَدِي فَقَالَ قِيسُوا مَا بَيْنَهُمَا فَوُجِدَ إِلَى هَذِهِ أَقْرَبَ بِشِبْرٍ فَغُفِرَ لَهُ "

2327. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ बनी इसराइल में एक शख़्स था, जो निनान्वे इन्सान क़त्ल कर चूका था, फिर वह मसअला दरियाफ्त करने के लिए निकला तो वह किसी रायिब के पास आया और उस से मसअला दरियाफ्त किया तो उसे कहा, क्या उस के लिए तौबा की कोई गुंजाईश है ? उस ने कहा नहीं, उस ने उस को भी क़त्ल कर डाला और फिर मसअला पूछने लगा तो किसी आदमी ने इसे बताया के फलां फलां बस्ती चले जाओ (वो इस तरफ चल दिया) लेकिन इसे रास्ते ही में मौत गई, तो उस ने इस वक़्त अपना सीना आगे (बस्ती) की तरफ बढ़ाया रहमत और अज़ाब के फ़रिश्ते उस के मुत्तल्लिक झगड़ने लगे, तो अल्लाह ने इस (बस्ती) को हुक्म दिया के उस के करीब हो जा और इस (बस्ती को जिधर से आ रहा था) को हुक्म दिया के दौर हो जा फिर फ़रमाया इन दोनों का दरमियानी फासला नापो, पस (पैमाइश करने पर) वह एक बालिश्त बराबर इस बस्ती के करीब पाया गया (जहाँ जा रहा था) तो उसे बख्श दिया गया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخارى (3470) و مسلم (47 / 2766)، (7009)

٢٣٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوْ لَمْ تُذْنِبُوا لَذَهَبَ اللَّهُ بِكُمْ وَلَجَاءَ بِقَوْمٍ يُذْنِبُونَ فَيَسْتَغْفِرُونَ اللَّهَ فَيَغْفِرُ لَهُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

2328. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! अगर तुम गुनाह न करे तो अल्लाह तुम्हें (इस दुनिया से) ले जाए और एक दूसरी कौम ले आए जो गुनाह करे, फिर अल्लाह से मगफिरत तलब करे तो वह उन्हें मुआफ़ कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 2749)، (6965)

٢٣٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ يَبْسُطُ يَدَهُ بِاللَّيْلِ لِيَتُوبَ مُسِيءُ النَّهَارِ وَيَبْسُطُ يَدَهُ بِالنَّهَارِ لِيَتُوبَ مُسِيءُ اللَّيْلِ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ مِنْ مَغْرِبِهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2329. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह रात के वक़्त अपना हाथ फैलाता है, ताकि दिन के वक़्त गुनाह करने वाला तौबा कर ले और वह दिन के वक़्त अपना हाथ फैलाता है ताकि रात के वक़्त गुनाह करने वाला तौबा कर ले, और यह सिलसिला जारी रहता है हत्ता कि सूरज मग़रिब की तरफ से तुलुअ हो जाए यानी क़यामत तक”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (31 / 2759)، (6989)

٢٣٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِنَّ الْعَبَدَ إِذَا اعْتَرَفَ ثُمَّ تَابَ تَابَ الله عَلَيْهِ»

2330. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब बंदा एतराफ़ कर लेता है, फिर तौबा करता है तो अल्लाह भी रहमत के साथ उस पर रुजू फरमाता है”| (मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (4141) و مسلم (56 / 2770)، (7020)

٢٣٣١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَابَ قَبْلَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ مِنْ مَغْرِبِهَا تَابَ الله عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسلم

2331. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने सूरज के मग़रिब की तरफ तुलुअ होने यानी क़यामत काइम होने से पहले पहले तौबा कर ली तो अल्लाह उस की तौबा कबूल फरमा लेता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (43 / 2703)، (6861)

٢٣٣٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَلَّهُ أَشَدُّ فَرَحًا بِتَوْبَةِ عَبْدِهِ حِينَ يَتُوبُ إِلَيْهِ مِنْ أَحَدِكُمْ كانَ رَاحِلَتُهُ بِأَرْضٍ فَلَاةٍ فَانْفَلَتَتْ مِنْهُ وَعَلَيْهَا طَعَامُهُ وَشَرَابُهُ فَأَيِسَ مِنْهَا فَأَتَى شَجَرَةً فَاضْطَجَعَ فِي ظِلِّهَا قَدْ أَيِسَ مِنْ رَاحِلَتِهِ فَبَيْنَمَا هُوَ كذلكَ إِذ هُوَ بِهَا قَائِمَةً عِنْدَهُ فَأَخَذَ بِخِطَامِهَا ثُمَّ قَالَ مِنْ شِدَّةِ الْفَرَحِ: اللَّهُمَّ أَنْتَ عَبْدِي وَأَنَا رَبُّكَ أَخْطَأَ مِنْ شِدَّةِ الْفَرَحِ ". رَوَاهُ مُسلم

2332. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह अपने बन्दे की तौबा से जब वह उस के हुज़ूर तौबा करता है, इस शख़्स से भी ज़्यादा खुश होता है जिस की सवारी किसी जंगल बियाबान में उस से दूर भाग गई हो, जब के उस के खाने पीने का सामान भी उस पर था, वह सवारी से मायूस हो कर एक दरख्त के साए तले लेट गया, क्योंकि वह अपने सवारी से तो मायूस हो चूका था, वह इसी करब मैं था के अचानक देखता है के सवारी उस के पास खड़ी है, उस ने उस की महार थामी, फिर शिद्दत फरहत से कहा: ऐ अल्लाह! तू मेरा बंदा है और मैं तेरा रब हूँ, और शिद्दत फरहत की वजह से वह गलत कह बैठा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (7 / 2747)، (6960)

٢٣٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ عَبْدًا أَذْنَبَ ذَنْبًا فَقَالَ: رَبِّ أَذْنَبْتُ فَاغْفِرْهُ فَقَالَ رَبُّهُ أَعَلِمَ عَبْدِي أَنَّ لَهُ رَبًّا يَغْفِرُ الذَّنْبَ وَيَأْخُذُ بِهِ؟ غَفَرْتُ لِعَبْدِي ثُمَّ مَكَثَ مَا شَاءَ اللَّهُ ثُمَّ أَذْنَبَ ذَنْبًا فَقَالَ: رَبِّ أَذْنَبْتُ ذَنْبًا فَاغْفِرْهُ فَقَالَ رَبُّهُ: أَعَلِمَ عَبْدِي أَنَّ لَهُ رَبًّا يَغْفِرُ الذَّنْبَ وَيَأْخُذُ بِهِ؟ غَفَرْتُ لِعَبْدِي ثُمَّ مَكَثَ مَا شَاءَ اللَّهُ ثُمَّ أَذْنَبَ ذَنبا قَالَ: رب أذنبت ذَنبا آخر فَاغْفِر لِي فَقَالَ: أَعَلِمَ عَبْدِي أَنَّ لَهُ رَبًّا يَغْفِرُ الذَّنْبَ وَيَأْخُذُ بِهِ؟ غَفَرْتُ

لِعَبْدِي فَلْيَفْعَلْ مَا شَاءَ "

2333. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ बंदा गुनाह करता है तो कहता है, रब जी! में गुनाह कर बैठा हूँ तो इसे बख्श दे, तो उस का रब फरमाता है, क्या मेरा बंदा जानता है के उस का कोई रब है जो गुनाह बख्सता है और इस की वजह से मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) भी कर सकता है ? मेंने अपने बन्दे को बख्श दिया, फिर जिस क़दर अल्लाह चाहता है के शख़्स गुनाह से बाज़ रहता है, लेकिन फिर गुनाह कर लेता है और कहता है, रब जी! में गुनाह कर बैठा हूँ, इसे मुआफ़ फरमादे, तो अल्लाह तआला फरमाता है, क्या मेरा बंदा जानता है के उस का एक रब है जो गुनाह बख्श सकता है और उस पर मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) भी कर सकता है ? मेंने अपने बन्दे को बख्श दिया, फिर जिस क़दर अल्लाह चाहता है के बाज़ रहता है, लेकिन फिर गुनाह कर बेठता है तो कहता है, रब जी! में एक और गुनाह कर बैठा हूँ, मुझे मुआफ़ फरमादे, तो अल्लाह तआला फरमाता है, क्या मेरा बंदा जानता है के उस का एक रब है, जो गुनाह मुआफ़ कर सकता है और उस पर मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) भी कर सकता है, मेंने अपने बन्दे को मुआफ़ कर दिया, वह जो चाहे सो करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (7507) و مسلم (29 / 2758)، (6986)

٢٣٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ جُنْدُبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَدَّثَ: " أَنَّ رَجُلًا قَالَ: وَاللَّهِ لَا يَغْفِرُ اللَّهُ لِفُلَانٍ وَأَنَّ اللَّهَ تَعَالَى قَالَ: مَنْ ذَا الَّذِي يَتَأَلَّى عَلَيَّ أَنِّي لَا أَغْفِرُ لِفُلَانٍ فَإِنِّي قَدْ غَفَرْتُ لِفُلَانٍ وَأَحْبَطْتُ عَمَلَكَ ". أَوْ كَمَا قَالَ. رَوَاهُ مُسلم

2334. जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हदीस बयान की के किसी आदमी ने कहा, अल्लाह की क़सम! अल्लाह फलां शख़्स को मुआफ़ नहीं करेगा, तो अल्लाह तआला ने फ़रमाया: वह कौन है ? जो मुझ पर क़सम उठाता है की मैं फलां शख़्स को मुआफ़ नहीं करूँगा, मेंने इसे तो मुआफ़ कर दिया और तेरे आमाल ज़ाए कर दिए”, या जैसे आप ﷺ ने फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (137 / 2621)، (6681)

٢٣٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " سَيِّدُ الِاسْتِغْفَارِ أَنْ تَقُولَ: اللَّهُمَّ أَنْتَ رَبِّي لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ خَلَقْتَنِي وَأَنَا عَبْدُكَ وَأَنَا عَلَى عَهْدِكَ وَوَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ أَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعَتُ أَبُوءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَيَّ وَأَبُوءُ بِذَنْبِي فَاغْفِرْ لِي فَإِنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ ". قَالَ: «وَمَنْ قَالَهَا مِنَ النَّهَارِ مُوقِنًا بِهَا فَمَاتَ مِنْ يَوْمِهِ قَبْلَ أَنْ يُمْسِيَ فَهُوَ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَمَنْ قَالَهَا مِنَ اللَّيْلِ وَهُوَ مُوقِنٌ بِهَا فَمَاتَ قَبْلَ أَنْ يُصْبِحَ فَهُوَ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2335. शद्दाद बिन अवसी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ सय्यदुल इस्तिग्फार यूँ है के तुम कहो, (اللَّهُمَّ أَنْتَ رَبِّي لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ خَلَقْتَنِي وَأَنَا عَبْدُكَ وَأَنَا عَلَى عَهْدِكَ وَوَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ أَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعَتُ أَبُوءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَيَّ وَأَبُوءُ بِذَنْبِي فَاغْفِرْ لِي فَإِنَّهُ لَا يَغْفِر) “ए अल्लाह! तू मेरा रब है, तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, तूने मुझे पैदा फ़रमाया, मैं तेरा बंदा हूँ, मैं अपने इस्तिताअत के मुताबिक तेरे अहद और वादे पर काइम हूँ, मेंने जो कुछ

किया उस के शर से तेरी पनाह चाहता हूँ, आप के जो इनामात मुझ पर है में उनका इकरार करता हूँ, और अपने गुनाहों का भी इकरार करता हूँ, मुझे बख्श दे, क्योंकि सिर्फ तू ही गुनाह मुआफ़ कर सकता है", और आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स उन कलिमात पर यकीन रखते हुए, दिन के वक़्त उन्हें पढ़े और वह इसी रोज़ शाम होने से पहले फौत हो जाए, तो वह शख़्स जन्नती है और जो शख़्स उन कलिमात पर यकीन रखते हुए शाम के वक़्त उन्हें पढ़े और वह सुबह होने से पहले फौत हो जाए तो वह जन्नती है"| (बुखारी)

رواه البخارى (2306)

इस्तिग्फार व तौबा का बयान • بَاب الاسْتِغْفَار وَالتَّوْبَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٣٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: يَا ابْنَ آدَمَ إِنَّكَ مَا دَعَوْتَنِي وَرَجَوْتَنِي غَفَرْتُ لَكَ عَلَى مَا كَانَ فِيكَ وَلَا أُبَالِي يَا ابنَ آدمَ إِنَّك لَوْ بَلَغَتْ ذُنُوبُكَ عَنَانَ السَّمَاءِ ثُمَّ اسْتَغْفَرْتَنِي غَفَرْتُ لَكَ وَلَا أُبَالِي يَا ابْنَ آدَمَ إِنَّكَ لَوْ لَقِيتَنِي بِقُرَابِ الْأَرْضِ خَطَايَا ثُمَّ لَقِيتَنِي لَا تُشْرِكُ بِي شَيْئًا لَأَتَيْتُكَ بِقُرَابِهَا مغْفرَة ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2336. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: " अल्लाह तआला फरमाता है, इब्ने आदम जब तक तू मुझ से दुआ करता रहेगा और मुझ से (बख्शीश की) उम्मीद रखेगा तो मैं तुम्हें मुआफ़ करता रहूँगा, ख्वाह तुम्हारे गुनाह कितने ही ज़्यादा क्यों न हो! उस की मुझे कोई परवाह नहीं, इब्ने आदम अगर तेरे गुनाह आसमान के अबरा किनारो तक पहुँच जाए, फिर तू मुझ से मगफिरत तलब करे तो मैं तुम्हें मुआफ़ करूँगा और मुझे उस की कोई परवाह नहीं, इब्ने आदम अगर तू ज़मीन के भरने के बराबर गुनाह कर के मेरे पास आए लेकिन तूने मेरे साथ किसी को शरीक न ठहराया हो तो मैं उतनी ही मिकदार में मगफिरत ले कर तुम्हारे पास आऊंगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3540)

٢٣٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالدَّارِمِيُّ عَنْ أَبِي ذَرٍّ»» وَقَالَ التِّرْمِذِيّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

2337. इमाम अहमद और इमाम दारमी ने इसे अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 167 ح 21804 ، 5 / 172 ح 21505 ، و سنده حسن) و الدارمى (2 / 322 ح 2791)

٢٣٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: مَنْ عَلِمَ أَنِّي ذُو قُدْرَةٍ عَلَى مَغْفِرَةِ الذُّنُوبِ غَفَرْتُ لَهُ وَلَا أُبَالِي مَا لم تشرك بِي شَيْئا ". رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2338. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अल्लाह तआला फरमाता है, जो शख़्स यह जानता है की मैं गुनाह मुआफ़ करने पर कादिर हूँ तो में उसे मुआफ़ कर देता हूँ और मुझे उस की कोई परवाह नहीं, बशर्तेकी उस ने मेरे साथ किसी को शरीक न ठहराया हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 388 ح 4191) * فيه ابراهيم بن الحكيم بن ابان : ضعيف ، و له طريق آخر عند الحاكم (4 / 262) فيه حفص بن عمر العدنى واہِ

٢٣٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَزِمَ الِاسْتِغْفَارَ جَعَلَ اللَّهُ لَهُ مِنْ كُلِّ ضِيقٍ مَخْرَجًا وَمِنْ كُلِّ هَمٍّ فَرَجًا وَرَزَقَهُ مِنْ حَيْثُ لَا يَحْتَسِبُ» . رَوَاهُ أحمدُ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2339. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जो शख़्स इस्तिग्फार पर काइमी इख़्तियार कर लेता है तो अल्लाह उस की हर तंगी दूर फरमा देंता है, हर गम से खलासी देता है, और इसे ऐसी जगह से रीज़्क अता फरमाता है वहां से इसे गुमान भी नहीं होता"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 248 ح 2243) و ابوداؤد (1518) و ابن ماجه (3819) * فيه الحكم بن مصعب : مجهول

٢٣٤٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ [ص:٧٢ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَصَرَّ مَنِ اسْتَغْفَرَ وَإِنْ عَادَ فِي الْيَوْمِ سَبْعِينَ مَرَّةً» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2340. अबू बक्र सिद्दीक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जो शख़्स मगफिरत तलब करता है वह मस्वर गुनाह पर काइम इख़्तियार करने वालो में से नहीं, ख्वाह वह दिन में सत्तर मर्तबा वही गुनाह दोहराए"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3559) و قال : غريب ، ليس اسناده بالقوى) و ابوداؤد (1514) * مولى لابى بكر : مجهول ولا قرائن على توثيقه و لحديثه شاهد غريب حسن عند الطبرانى فى الدعاء (1797) فيه ابوشيبة سعيد بن عبدالرحمن الاسدى : حسن الحديث و الحديث به حسن

٢٣٤١ - (حسن) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ بَنِي آدَمَ خَطَّاءٌ وَخَيْرُ الْخَطَّائِينَ التَّوَّابُونَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

2341. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' आदम अलैहिस्सलाम की सारी औलाद खताकार है और बेहतर खताकार वह है जो तौबा करने वाले हैं"| (सहीह,ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2499 و قال : غريب) و ابن ماجه (2451) و الدارمى (2 / 303 ح 2730) [و صححه الحاكم (4 / 244) فتعقبه الذهبى قال :'' على (بن مسعدة) لين ''] و قتادة مدلس و عنعن

٢٣٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِ الْمُؤْمِنَ إِذَا أَذْنَبَ كَانَتْ نُكْتَةٌ سَوْدَاءُ فِي قَلْبِهِ فَإِنْ تَابَ وَاسْتَغْفَرَ صُقِلَ قَلْبُهُ وَإِنْ زَادَ زَادَتْ حَتَّى تَعْلُوَ قَلْبَهُ فَذَلِكُمُ الرَّانُ الَّذِي ذَكَرَ اللَّهُ تَعَالَى (كَلَّا بَلْ رَانَ عَلَى قُلُوبِهِمْ مَا كَانُوا يكسِبونَ)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح

2342. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब मोमिन कोई गुनाह करता है तो उस का दिल पर एक सियाह नाकित लग जाता है, अगर वह तौबा कर ले और मगफिरत तलब कर ले तो उस का दिल साफ़ कर दिया जाता है, और अगर वह गुनाह में बढ़ता चला जाए तो वह नुक्ते भी बढ़ते चले जाते हैं, हत्ता कि वह उस का दिल पर ग़ालिब आ जाते हैं यही वह जंग है जिस का अल्लाह तआला ने ज़िक्र किया है: “हरगिज़ नहीं! बल्के उन के आमाल की वजह से उन के दिलों पर जंग है”| अहमद तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह,ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 297 ح 7939) و الترمذى (3334) و ابن ماجه (4244) [و صححه ابن حبان (1771 ، 2448) و الحاكم على شرط مسلم (2 / 517) و وافقه الذهبى] * محمد بن عجلان عنعن

٢٣٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ يَقْبَلُ تَوْبَةَ الْعَبْدِ مَا لَمْ يُغَرْغِرْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

2343. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब तक बन्दे की रूह हलक तक न पहुंचे अल्लाह उस की तौबा कबूल फरमा लेता है”| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3537 و قال : حسن غريب) و ابن ماجه (4253) [و صححه ابن حبان (2449) و الحاكم (4 / 257) و وافقه الذهبى]

٢٣٤٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الشَّيْطَانَ قَالَ: وَعِزَّتِكَ يَا رَبِّ لَا أَبْرَحُ أُغْوِي عِبَادَكَ مَا دَامَتْ أَرْوَاحُهُمْ فِي أَجْسَادِهِمْ فَقَالَ الرَّبُّ عَزَّ وَجَلَّ: وَعِزَّتِي وَجَلَالِي وَارْتِفَاعِ مَكَانِي لَا أَزَالُ أَغْفِرُ لَهُمْ مَا اسْتَغْفَرُونِي " رَوَاهُ أَحْمَدُ

2344. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ शैतान ने कहा रब तेरी इज्ज़त की क़सम! जब तक तेरे बंदो की रूहें उन के जिस्म में है में उन्हें गुमराह करता रहूँगा, तो रब अज्ज़वजल ने फ़रमाया: मुझे अपने इज्ज़त व जलाल और अपने बुलंद मकानी की क़सम! जब तक वह मुझ से मगफिरत तलब करते रहेंगे में उन्हें मुआफ़ करता रहूँगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 29 ح 11257 ، 41 ح 11387)[و البغوى فى شرح السنة 5 / 76 77 ح 1293) و اللفظ له] * ابن لهيعة مدلس و لم يصرح بالسماع فيما حدث قبل اختلاطه فالسند ضعيف و للحديث شاهد حسن الحاكم (4 / 261 ح 7672) دون قوله :’’ وارتفاع مقامى ‘‘ و سنده حسن : و اخرج احمد (3 / 19 ، 41) من حديث عمرو بن ابى عمرو عن ابىئ سعيد به و هو منقطع فيما ارى

٢٣٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ صَفْوَانَ بْنِ عَسَّالٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى جَعَلَ بِالْمَغْرِبِ بَابًا عَرْضُهُ مَسِيرَةُ سَبْعِينَ عَامًا لِلتَّوْبَةِ لَا يُغْلَقُ مَا لم تطلع عَلَيْهِ الشَّمْسُ مِنْ قِبَلِهِ وَذَلِكَ قَوْلُ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ: (يَوْمَ يَأْتِي بَعْضُ آيَاتِ رَبِّكَ لَا يَنْفَعُ نَفْسًا إِيمَانُهَا لَمْ تَكُنْ آمَنَتْ مِنْ قبل)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2345. सफवान बिन अस्साल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला ने मग़रिब की तरफ तौबा के लिए एक दरवाज़ा बनाया, जिस का अर्ज़ सत्तर साल की मुसाफ़त के बराबर है और जब तक सूरज उस की तरफ से तुलुअ नहीं होता वह बाब अल तौबा खुला हुआ है, और हमें वह अल्लाह अज्ज़वजल का फरमान है, “जिस रोज़ तेरे रब की बाज़ निशानिया आजाएगी तो किसी नफ्स का इस वक़्त ईमान लाना फ़ायदा मंद नहीं होगा, जो पहले ईमान नहीं लाया था”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3536 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (4070)

٢٣٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَنْقَطِعُ الْهِجْرَةُ حَتَّى يَنْقَطِع التَّوْبَةُ وَلَا تَنْقَطِعُ التَّوْبَةُ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ مِنْ مَغْرِبِهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

2346. मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ हिजरत मुन्कतेअ नहीं होगी, हत्ता कि तौबा मुन्कतेअ हो जाए और तौबा मुन्कतेअ नहीं होगी हत्ता कि सूरज मग़रिब से तुलुअ हो जाए”| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (4 / 99 ح 17030) و ابوداؤد (3479) و الدارمی (2 / 240 ح 2516)

٢٣٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ رَجُلَيْنِ كَانَا فِي بَنِي إِسْرَائِيلَ مُتَحَابَّيْنِ أَحدهمَا مُجْتَهد لِلْعِبَادَةِ وَالْآخَرُ يَقُولُ: مُذْنِبٌ فَجَعَلَ يَقُولُ: أَقْصِرْ عَمَّا أَنْتَ فِيهِ فَيَقُولُ خَلِّنِي وَرَبِّي حَتَّى وَجَدَهُ يَوْمًا عَلَى ذَنْبٍ اسْتَعْظَمَهُ فَقَالَ: أَقْصِرْ فَقَالَ: خَلِّنِي وَرَبِّي أَبُعِثْتَ عَلَيَّ رَقِيبًا؟ فَقَالَ: وَاللَّهِ لَا يَغْفِرُ اللَّهُ لَكَ أَبَدًا وَلَا يُدْخِلُكَ الْجَنَّةَ فَبَعَثَ اللَّهُ إِلَيْهِمَا مَلَكًا فَقَبَضَ أَرْوَاحَهُمَا فَاجْتَمَعَا عِنْدَهُ فَقَالَ لِلْمُذْنِبِ: ادْخُلِ الْجَنَّةَ بِرَحْمَتِي وَقَالَ لِلْآخَرِ: أَتَسْتَطِيعُ أَنْ تَحْظِرَ عَلَى عَبْدِي رَحْمَتِي؟ فَقَالَ: لَا يَا رَبِّ قَالَ: اذْهَبُوا بِهِ إِلَى النَّار ". رَوَاهُ أَحْمد

2347. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ बनी इसराइल के दो आदमी एक दुसरे के दोस्त थे, उन में से एक इन्तिहाई इबादत गुज़ार था जबके दूसरा कहता था में गुनाहगार हूँ, यह इसे कहता अपने रवीश से बाज़ जाओ, तो वह कहता मेरा मुआमला मेरे रब पर छोड़ दो, हत्ता कि उस ने एक रोज़ इसे गुनाह करते हुए पाया, तो उस ने इसे बहोत बुरा समझते हुए कहा बाज़ जाओ, उस ने कहा मुझे मेरे रब पर छोड़ दो, क्या तुम मुझ पर निगरान बना कर भेजे गए हो ? तो इस इबादत गुज़ार ने कहा अल्लाह की क़सम! अल्लाह तुम्हें कभी मुआफ़ करेगा न कभी तुम्हें जन्नत में दाखिल करेगा है, पस अल्लाह ने इन दोनों की तरफ फ़रिश्ता भेजा तो उस ने इन दोनों की रूहें कब्ज़ कर ली और वह दोनों उस के पास इकठ्ठे हो गए तो अल्लाह तआला ने गुनाहगार शख़्स से फ़रमाया मेरी रहमत के साथ जन्नत में दाखिल हो जा, और दुसरे से फ़रमाया क्या तुम ताकत रखते हो की तुम मेरी रहमत को मेरे बन्दे से

रोक दो, वह अर्ज़ करता है, नहीं! मेरे रब, अल्लाह तआला फरमाता है, इसे जहन्नम में ले जाओ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 323 ح 8275 ، 2 / 362 ح 8734) [و ابوداؤد (4901)] انظر نيل المقصود (مخطوط 3 / 1033) و تفسير ابن كثير (2 / 65)

٢٣٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ يَزِيدَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يقْرَأ: (يَا عِبَادِيَ الَّذِي أَسْرَفُوا عَلَى أَنْفُسِهِمْ لَا تَقْنَطُوا مِنْ رَحْمَةِ اللَّهِ إِنَّ اللَّهَ يَغْفِرُ [ص:٧٢ الذُّنُوبَ جَمِيعًا)»» وَلَا يُبَالِي»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ يَقُولُ: بَدَلَ: يقْرَأ

2348. अस्मा बिन्ते यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को यह आयत पढ़ते हुए सुना: “मेरे वह बन्दे जिन्होंने अपने जानो पर ज़ुल्म किया है, अल्लाह की रहमत से मायूस न हो, क्योंकि अल्लाह तमाम गुनाह मुआफ़ कर देता है, और वह परवाह नहीं करता”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है, और शरह सुन्ना में يقرا के बदले يقول के अल्फाज़ है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 459 ح 28148) و الترمذی (3237) و البغوی فی شرح السنة (14 / 384 ح 4186)

٢٣٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس: فِي قَوْله تَعَالَى: (إِلَّا اللمم)»» قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» إِنْ تَغْفِرِ اللَّهُمَّ تَغْفِرْ جَمًّا وَأَيُّ عَبْدٍ لَكَ لَا أَلَمَّا»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب

2349. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने अल्लाह तआला का फरमान (إِلَّا اللَّمَمَ) के बारे में बयान किया के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह अगर तो मुआफ़ कर दे तो सभी गुनाह मुआफ़ कर दे और तेरा कौन सा बंदा है जो सगिरह गुनाह नहीं करता”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (3284) [و صححه الحاكم (2 / 469 470) على شرط الشیخين و وافقه الذهبی]

٢٣٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ اللَّهُ تَعَالَى يَا عِبَادِي كُلُّكُمْ ضَالٌّ إِلَّا مَنْ هَدَيْتُ فَاسْأَلُونِي الْهُدَى أَهْدِكُمْ وَكُلُّكُمْ فُقَرَاءُ إِلَّا مَنْ أَغْنَيْتُ فَاسْأَلُونِي أُرْزُقْكُمْ وَكُلُّكُمْ مُذْنِبٌ إِلَّا مَنْ عَافَيْتُ فَمَنْ عَلِمَ مِنْكُمْ أَنِّي ذُو قُدْرَةٍ عَلَى الْمَغْفِرَةِ فَاسْتَغْفَرَنِي غَفَرْتُ لَهُ وَلَا أُبَالِي وَلَوْ أَنَّ أَوَّلَكُمْ وَآخِرَكُمْ وَحَيَّكُمْ وَمَيِّتَكُمْ وَرَطْبَكُمْ وَيَابِسَكُمُ اجْتَمَعُوا عَلَى أَتْقَى قَلْبِ عَبْدٍ مِنْ عبَادي مَا زَاد فِي ملكي جنَاح بعوضةولو أَنَّ أَوَّلَكُمْ وَآخِرَكُمْ وَحَيَّكُمْ وَمَيِّتَكُمْ وَرَطْبَكُمْ وَيَابِسَكُمُ اجْتَمَعُوا عَلَى أَشْقَى قَلْبِ عَبْدٍ مِنْ عِبَادِي مَا نَقَصَ ذَلِكَ مِنْ مُلْكِي جَنَاحَ بَعُوضَةٍ. وَلَوْ أَنَّ أَوَّلَكُمْ وَآخِرَكُمْ وَحَيَّكُمْ وَمَيِّتَكُمْ وَرَطْبَكُمْ وَيَابِسَكُمُ اجْتَمَعُوا فِي صَعِيدٍ وَاحِدٍ فَسَأَلَ كُلُّ إِنْسَانٍ مِنْكُمْ مَا بَلَغَتْ أُمْنِيَّتُهُ فَأَعْطَيْتُ كُلَّ سَائِلٍ مِنْكُمْ مَا نَقَصَ ذَلِكَ مِنْ مُلْكِي إِلَّا كَمَا لَوْ أَنَّ أَحَدَكُمْ مَرَّ بِالْبَحْرِ فَغَمَسَ فِيهِ إِبْرَةً ثُمَّ رَفَعَهَا ذَلِكَ بِأَنِّي جَوَادٌ مَاجِدٌ أَفْعَلُ [ص:٧٢ مَا أُرِيدُ عَطَائِي كَلَامٌ وَعَذَابِي كَلَامٌ إِنَّمَا أَمْرِي لِشَيْءٍ إِذَا أَرَدْتُ أَنْ أَقُولَ لَهُ (كُنْ فَيَكُونُ)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2350. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला फरमाता है, मेरे बन्दों! तुम सब गुमराह हो मगर जिसे में हिदायत अता फरमा दू, तुम मुझ से हिदायत तलब करो, तुम सब फुकरा हो मगर जिसे में गनी कर दूँ, तुम मुझ से अपना रीज़्क तलब करो, और तुम सब गुनाहगार हो मगर जिसे में बचालूँ, तुम में से जिसे इल्म हो की मैं मगफिरत करने पर कादिर हूँ और वह मुझ से मगफिरत तलब करे तो में उसे बख्श देता हूँ और मैं परवाह नहीं करता, और अगर तुम्हारा अव्वल व आखिर, तुम्हारे जिंदा और मुर्दा, तुम्हारे जवान और तुम्हारे बूढ़े सारे मेरे बंदो में से इस शख़्स जैसे हो जाए जो सबसे ज़्यादा मुत्तकी है, तो उस से मेरी बादशाहत में मच्छर के पर जितना भी इज़ाफा नहीं होगा, और अगर तुम्हारा अव्वल व आख़िर तुम्हारे जिंद और मुर्दा और तुम्हारे जवान बूढ़े सब मेरे बंदो में से इस शख़्स जैसे हो जाए जो के सबसे ज़्यादा बदनसीब गुमराह है, तो उस से मेरी बादशाहत में मच्छर के पर के बराबर भी कमी नहीं आएगी, और अगर तुम्हारा अव्वल व आख़िर तुम्हारे जिंदा व मुर्दा और तुम्हारे जवान बूढ़े सब एक मैदान में इकठ्ठे हो जाए, फिर तुम में से हर इन्सान जी भर कर मांग ले और मैं तुम में से हर साइल को दे दू, तो उस से मेरी बादशाहत में इतना ही फर्क आएगा जैसे तुम में से कोई समुन्दर के पास से गुज़रे और वह उस में एक सुई डुबो कर बाहर निकाल ले, इसलिए की मैं सखिदाता हूँ, जो चाहता हूँ कर गुज़रता हूँ मेरा अता करना कलाम है और मेरा अज़ाब करना भी कलाम है, किसी चीज़ के बारे में मेरा अम्र तो पस इतना ही है की जब मैं इरादा करता हूँ तो मैं उस के बारे में यही कहता हूँ कि हो जा तो वह हो जाता है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 154 ح 21695) و الترمذی (2495 و قال : حسن) و ابن ماجه (4257)

٢٣٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَرَأَ (هُوَ أَهْلُ التَّقْوَى وَأَهْلُ الْمَغْفِرَة)»» قَالَ:»» قَالَ رَبُّكُمْ أَنَا أَهْلٌ أَنْ أُتَّقَى فَمَنِ اتَّقَانِي فَأَنَا أَهْلٌ أَنْ أَغْفِرَ لَهُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

2351. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने यह आयत पढ़ी : (هُوَ أَهْلُ التَّقْوَى وَأَهْلُ الْمَغْفِرَة) “वो (अल्लाह तआला) अहल तकवा और अहल मगफिरत है”, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तुम्हारा रब फरमाता है, मैं इस लायक हूँ कि मुझ से डरा जाए, जो शख़्स मुझ से डरता है तो फिर मैं उस का अहल हूँ कि में उसे बख्श दू”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3328 و قال : حسن غريب) و ابن ماجه (4299) و الدارمی (2 / 303 ح 2727) * سهيل بن عبدالله القطيعی : ضعيف

٢٣٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عمر قَالَ: إِنْ كُنَّا لَنَعُدُّ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَجْلِسِ يَقُولُ: «رَبِّ اغْفِرْ لِي وَتُبْ عَلَيَّ إِنَّكَ أَنْتَ التَّوَّابُ الْغَفُورُ» مِائَةَ مَرَّةٍ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2352. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ को एक मजलिस में सौ मर्तबा यह फरमाते हुए: “मेरे रब मुझे बख्श दे, मुझ पर रुजू फरमा, बेशक तू तौबा कबूल करने वाला बख्शने वाला है”,शुमार किया करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (2 / 21 ح 4726) و الترمذی (3434 و قال : حسن صحيح غريب) و ابوداؤد (1516) و ابن ماجه (3814)

٢٣٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن بِلَال بن يسَار بن زيدٍ مَوْلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: حَدَّثَنِي أَبِي عَنْ جَدِّي أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ قَالَ: أَسْتَغْفِرُ اللَّهَ الَّذِي لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ الْحَيَّ الْقَيُّومَ وَأَتُوبُ إِلَيْهِ غُفِرَ لَهُ وَإِنْ كَانَ قَدْ فَرَّ مِنَ الزَّحْفِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ لَكِنَّهُ عِنْدَ أَبِي دَاوُدَ هِلَالُ بْنُ يَسَارٍ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2353. नबी ﷺ के आज़ाद करदा गुलाम ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु के पोते बिलाल बिन यस्सार बयान करते हैं, मेरे वालिद यस्सार रदी अल्लाहु अन्हु ने मेरे दादा ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना! “जो शख़्स यह दुआ पढ़े (استغفر الله ...... واتوب اليه) “मैं अल्लाह से मगफिरत तलब करता हूँ जिस के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं वह जिंदा और काइम रखने वाला है और मैं उस के हुज़ूर तौबा करता हूँ” तो उसे बख्श दिया जाता है, ख्वाँ वह मैदान ए जिहाद से फरार हुआ हो”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, लेकिन अबू दावुद की रिवायत में हिलाल बिन यस्सार है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3577) و ابوداؤد (1517)

इस्तिग्फार व तौबा का बयान • بَاب الاسْتِغْفَار وَالتَّوْبَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٣٥٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ لَيَرْفَعُ الدَّرَجَةَ لِلْعَبْدِ الصَّالِحِ فِي الْجَنَّةِ فَيَقُولُ: يَا رَبِّ أَنَّى لِي هَذِهِ؟ فَيَقُولُ: باستغفار ولدك لَك ". رَوَاهُ أَحْمد

2354. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह अज्ज़वजल स्वालेह बन्दे का जन्नत में दर्जा बुलंद फरमाता है, तो वह अर्ज़ करता है रब जी! यह मुझे कैसे हासिल हुआ तो वह फरमाता है, तेरे बच्चे (बेटा बेटी) के तेरे लिए दुआएं मगफिरत करने की वजह से”| (हसन)

اسناده حسن ، رواہ احمد (2 / 509 ح 10618) [و ابن ماجہ : 3660]

٢٣٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا الْمَيِّتُ فِي الْقَبْرِ إِلَّا كَالْغَرِيقِ الْمُتَغَوِّثِ يَنْتَظِرُ دَعْوَةً تَلْحَقُهُ مِنْ أَبٍ أَوْ أُمٍّ أَوْ أَخٍ أَوْ صَدِيقٍ فَإِذَا لَحِقَتْهُ كَانَ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا وَإِنَّ اللَّهَ تَعَالَى لَيُدْخِلُ عَلَى أَهْلِ الْقُبُورِ مِنْ دُعَاءِ أَهْلِ الْأَرْضِ أَمْثَالَ الْجِبَالِ وَإِنَّ هَدِيَّةَ الْأَحْيَاءِ إِلَى الْأَمْوَاتِ الِاسْتِغْفَارُ لَهُمْ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

2355. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ मय्यत कब्र में, डूबते हुए फ़रियाद करने वाले की तरह है, वह बाप या माँ या भाई या दोस्त की तरफ से पहुँचने वाली दुआ की मुन्तज़र रहती है, जब वह इसे पहुँच जाती है तो वह उस के लिए दुनिया और जो कुछ इस में है इस से बेहतर होती है और बेशक अल्लाह

तआला दुनिया वालो की दुआओं से अहल क़बुर पर पहाड़ो जितनी रहमते नाज़िल फरमाता है, और जिंदो का मर्दों के लिए तोहफे उन के लिए मगफिरत तलब करना है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا منکر ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (7905 ، نسخة محققة : 7526) * فیه محمد بن جابر بن ابی عیاش المصیصی ، قال الذهبی :’’ لا اعرفه و خبره منکر جدًا ‘‘ (میزان الاعتدال 3 / 396) و الفضل بن محمد بن عبدالله بن الحارث بن سلیمان الانطاکی مجروح متهم

٢٣٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن يسر قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «طُوبَى لِمَنْ وَجَدَ فِي صَحِيفَتِهِ اسْتِغْفَارًا كَثِيرًا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى النَّسَائِيُّ فِي «عملِ يَوْم وَلَيْلَة»

2356. अब्दुल्लाह बिन बुसरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ इस शख़्स के लिए खुशखबरी हो जो अपने नाम ए आमाल में बहोत ज़्यादा इस्तिग्फार पाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2818) و النسائی فی عمل الیوم و اللیلة (455 و الکبریٰ : 10289)

٢٣٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ اجْعَلْنِي مِنَ الَّذِينَ إِذا أحْسَنوا استبشَروا وإِذا أساؤوا اسْتَغْفَرُوا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِير

2357. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ यह दुआ करते थे : (اللَّهُمَّ اجْعَلْنِي مِنَ الَّذِينَ إِذا أحْسَنوا استبشَروا وإِذا أساؤوا اسْتَغْفَرُوا) ”अल्लाह मुझे उन लोगो में शामिल फरमा के जब वह नेकी करते हैं, तो खुश हो जाते हैं और जब कोई गलती कर बैठते है, तो मगफिरत तलब करते हैं”| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (3802 و سنده ضعیف فیه علی بن زید بن جدعان : ضعیف) و البیهقی فی الدعوات الکبیر (لم اجده و شعب الایمان : 6992) * و له طریق آخر عند البیهقی فی شعب الایمان (6996) و سنده حسن ، فیه الحسن بن المثنی ، قال الذهبی :’’ من نبلاء الثقات ‘‘ (سیر اعلام النبلاء13 / 526)

٢٣٥٨ - (صَحِيح) وَعَنِ الْحَارِث بن سُوَيدٍ قَالَ: حَدَّثَنَا عَبْدُ اللَّهِ بْنُ مَسْعُودٍ حَدِيثَيْنِ: أحدُهما عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْآخَرُ عَنْ نَفْسِهِ قَالَ: إِنَّ الْمُؤْمِنَ يَرَى ذُنُوبَهُ كَأَنَّهُ قَاعِدٌ تَحْتَ جَبَلٍ يَخَافُ أَنْ يَقَعَ عَلَيْهِ وَإِنَّ الْفَاجِرَ يَرَى ذُنُوبَهُ كَذُبَابٍ مَرَّ عَلَى أَنْفِهِ فَقَالَ بِهِ هَكَذَا أَيْ بِيَدِهِ فَذَبَّهُ عَنْهُ ثُمَّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم يَقُول: " لَلَّهُ أَفْرَحُ بِتَوْبَةِ عَبْدِهِ الْمُؤْمِنِ مِنْ رَجُلٍ نَزَلَ فِي أَرْضٍ دَوِيَّةٍ مَهْلَكَةٍ مَعَهُ رَاحِلَتُهُ عَلَيْهَا طَعَامُهُ وَشَرَابُهُ فَوَضَعَ رَأْسَهُ فَنَامَ نَوْمَةً فَاسْتَيْقَظَ وَقَدْ ذَهَبَتْ رَاحِلَتُهُ فَطَلَبَهَا حَتَّى إِذَا اشْتَدَّ عَلَيْهِ الْحَرُّ وَالْعَطَشُ أَوْ مَا شَاءَ اللَّهُ قَالَ: أَرْجِعُ إِلَى مَكَانِي الَّذِي كُنْتُ فِيهِ فَأَنَامُ حَتَّى أَمُوتَ فَوَضَعَ رَأْسَهُ عَلَى سَاعِدِهِ لِيَمُوتَ فَاسْتَيْقَظَ فَإِذَا رَاحِلَتُهُ [ص:٧٢ عِنْدَهُ عَلَيْهَا زَادُهُ وَشَرَابُهُ فَاللَّهُ أَشَدُّ فَرَحًا بِتَوْبَةِ الْعَبْدِ الْمُؤْمِنِ مِنْ هَذَا بِرَاحِلَتِهِ وَزَادِهِ ". رَوَى مُسْلِمٌ الْمَرْفُوع إِلَى رَسُول صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْهُ فَحَسْبُ وَرَوَى البُخَارِيّ الموقوفَ على ابنِ مَسْعُود أَيْضا

2358. हारिस बिन सुवैद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु ने हमें दो हदीसे बयान की, उन में से एक रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ से मर्फ़ुअ और दूसरी अपने तरफ से मौक़ूफ, फ़रमाया: “मोमिन अपने

गुनाहों को यूँ समझता है जैसे वह किसी पहाड़ के निचे बैठा हो और वह डरता है के वह उस पर गिर पड़ेगा, जबके फ़ाजिर शख़्स अपने गुनाहों को यूँ समझता है जैसे मख्खी उस की नाक पर बैठ गई हो, फिर उन्होंने हाथ के इशारे से अपने आप से मख्खी उड़ा कर दिखाई, फिर उन्होंने कहा, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना, अल्लाह अपने मोमिन बन्दे की तौबा से इस शख़्स से भी ज़्यादा खुश होता है, जो किसी खतरनाक बियाबान में पड़ाव डाले उस के साथ उस की सवारी हो, जिस पर उस का खाना पीना हो, उस ने अपना सर रखा और सो गया, जब वह बेदार हुआ तो उस की सवारी कहीं जा चुकी थी, उस ने इसे तलाश किया हत्ता कि जब गर्मी प्यास या जो अल्लाह ने चाहा उस पर शदीद हो गए, तो उस ने कहा में अपने इसी पहली जगह पर वापिस जाता हूँ और सो जाता हूँ हत्ता कि में फौत हो जाऊं, उस ने अपने बाज़ू पर अपना सर रखा, ताकि वह फौत हो जाए वह बेदार हुआ तो उस की सवारी उस के पास खड़ी थी, और उस के खाने पीने का सामान भी उस पर मौजूद था, अल्लाह मोमिन बन्दे की तौबा से इस आदमी से भी ज़्यादा खुश होता है, जिसे अपने सवारी और अपना नाश्ता मिलने पर ख़ुशी होती है", इमाम मुस्लिम ने इसे रसूलुल्लाह ﷺ से फ़क़त मरफ़ुअ रिवायत किया है, जबके इमाम बुखारी ने इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से इसे मौकूफ भी रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (3 / 2744)، (6955) و البخارى (6308)

٢٣٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ يُحِبُّ الْعَبْدَ المؤمنَ المفتَّنَ التوَّابَ»

2359. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह गुनाह में मुब्तिला बहोत ज़्यादा तौबा करने वाले मोमिन बन्दे को पसंद करता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا موضوع ، رواه [عبدالله بن] احمد (1 / 80 ح 605) [و عنه ابونعيم فى حلية الاولياء (3 / 178 179)] * فيه عبدالملک بن سفيان الثقفى : مجهول (تعجيل المنفعة ص 265) و ابوعمرو البجلى : لا يحل الاحتجاج به [ايضًا ص 508] يروى الموضوعات عن الثقات ، قاله ابن حبان و فيه علل أخرى منها ابوعبدالله مسلمة الرازى : لم اجد له ترجمة

٢٣٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا أُحِبُّ أَنَّ لِي الدُّنْيَا بِهَذِهِ الْآيَةِ (يَا عِبَادِيَ الَّذِينَ أَسْرفُوا على أنْفُسِهِم لَا تَقْنَطوا)»» الْآيَةَ» فَقَالَ رَجُلٌ: فَمَنْ أَشْرَكَ؟ فَسَكَتَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: «أَلا وَمن أشرَكَ» ثَلَاث مرَّاتٍ

2360. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "इस आयत "मेरे बन्दों! जिन्होंने अपने जानो पर ज़ुल्म किया अल्लाह की रहमत से मायूस न होना" के बदले पूरी दुनिया का मिल जाना भी मुझे पसंद नहीं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, तो जिस ने शिर्क किया जो नबी ﷺ ख़ामोश रहे फिर आप ने तीन मर्तबा फ़रमाया: "सुन लो जिस ने शिर्क किया जो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 275 ح 22720) * فيه ابو عبدالرحمن الجبلانى (صحح) : لم اجد من و ثقه ، ترجمة فى تعجيل المنفعة (ص 499) و غيره و ابن لهيعة ضعيف لاختلاطه و فى السند الوان أخرى

٢٣٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى لَيَغْفِرُ لِعَبْدِهِ مَا لَمْ يَقَعِ الْحِجَابُ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا الْحِجَابُ؟ قَالَ: «أَنْ تَمُوتَ النَّفْسُ وَهِيَ مُشْرِكَةٌ»»» رَوَى الْأَحَادِيثَ الثَّلَاثَةَ أَحْمَدُ وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَخِيرَ فِي كِتَابِ الْبَعْثُ والنشور

2361. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला हिजाब वाकेअ होने से पहले तक अपने बन्दे को बख्सता रहता है”| सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हिजाब क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ कोई जान हालत ए शिर्क में फौत हो”, तीनो अहादीस इमाम अहमद ने रिवायत की और इमाम बयहकी ने आखरी हदीस ’’ किताब अल बअस वल नुशुर ‘‘ में रिवायत की है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 174 ح 21855 ، 21856) [و صححه ابن حبان (2450) و الحاكم (4 / 257) و وافقه الذهبى] * فيه عمر بن نعيم و اسامة بن سليمان : و حديثهما لا ينزل عن درجة الحسن ، و ثقهما ابن حبان و الحاكم و غيرهما

٢٣٦٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَقِيَ اللَّهَ لَا يَعْدِلُ بِهِ شَيْئًا فِي الدُّنْيَا ثُمَّ كَانَ عَلَيْهِ مِثْلَ جِبَالٍ ذُنُوبٌ غَفَرَ اللَّهُ لَهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي كتاب الْبَعْث والنشور

2362. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स इस हाल में अल्लाह के साथ मुलाकात करे के वह दुनिया में किसी को अल्लाह के बराबर करार न देता हो, फिर उस पर पहाड़ो जितने भी गुनाह हो तो अल्लाह उस को मुआफ़ फरमादेगा”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه البيهقى فى البعث و النشور (ص 43 ح 33) * رجاله ثقات و السند متصل و هو غريب : لم اجده الا فى البعث و النشور و الاصل الحديث شواهد

٢٣٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «التَّائِبِ مِنَ الذَّنْبِ كَمَنْ لَا ذَنْبَ لَهُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَقَالَ تَفَرَّدَ بِهِ النَّهْرَانِيُّ وَهُوَ مَجْهُولٌ. وَفِي (شَرْحِ السُّنَّةِ)»» رَوَى عَنْهُ مَوْقُوفًا قَالَ: النَّدَمُ تَوْبَةٌ والتَّائِبُ كمن لَا ذَنْبَ لَهُ

2363. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ गुनाह से तौबा करने वाला इस शख़्स की तरह है जिस ने कोई गुनाह किया ही ना हो”, इब्ने माजा बयहकी की शौबुल ईमान और फ़रमाया उस में नहरानी का तफर्रुद है और वह मजहूल है, जबके शरह सुन्ना में अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से मौकूफ रिवायत है, फ़रमाया नदामत से तौबा मुराद है, और तौबा करने वाला इस शख़्स की तरह है जिस ने कोई गुनाह किया ही ना हो| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (4250) و البيهقى فى شعب الايمان (7040) و البغوى فى شرح السنة (5 / 91 92 بعد ح 1307) [و ابن ماجه (4252) و صححه الحاكم (4 / 243) و وافقه الذهبى بلفظ ’’ الندم توبة ‘‘ و هو حديث حسن] * السند منقطع ، ابوعبيده بن عبدالله بن مسعود لم يسمع من ابيه و رواه البغوى فى شرح السنة (5 / 91 ح 1307) مرفوعًا :’’ الندم توبة ‘‘ و هو حديث حسن

रहमत ए बारी ताला की वुस-अत का बयान • بَاب سَعَة رَحْمَة الله

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٢٣٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَمَّا قَضَى اللَّهُ الْخَلْقَ كَتَبَ كِتَابًا فَهُوَ عِنْدَهُ فَوْقَ عَرْشِهِ: إِنَّ رَحْمَتِي سَبَقَتْ غَضَبِي «. وَفِي رِوَايَةٍ» غَلَبَتْ غَضَبِي "

2364. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जब अल्लाह ने मखलूक को पैदा फ़रमाया तो उस ने एक किताब लिखी जो उस के पास अर्श पर है के मेरी रहमत मेरे गज़ब पर सबकत ले गई ”, और एक दूसरी रिवायत में है: “मेरे गज़ब पर ग़ालिब आ गई”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3194) و مسلم (16 / 2751)، (6971)

٢٣٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِنَّ لِلَّهِ مائَة رَحْمَةٍ أَنْزَلَ مِنْهَا رَحْمَةً وَاحِدَةً بَيْنَ الْجِنِّ وَالْإِنْسِ وَالْبَهَائِمِ وَالْهَوَامِّ فَبِهَا يَتَعَاطَفُونَ وَبِهَا يَتَرَاحَمُونَ وَبِهَا تَعْطُفُ الْوَحْشُ عَلَى وَلَدِهَا وَأَخَّرَ اللَّهُ تِسْعًا وَتِسْعِينَ رَحْمَةً يَرْحَمُ بِهَا عِبَادَهُ يَوْمَ الْقِيَامَة»

2365. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” अल्लाह की सौ रहमते है उन में से एक रहमत जिन्नो, इंसानों, हैवानो और ज़हरीले जानवरों में उतार दी, जिस के ज़रिए वह बाहम हमदर्दी और रहम करते हैं इसी वजह से वहशी जानवर अपने बच्चे पर हमदर्दी करता है, जबके अल्लाह ने निनान्वे रहमते अपने पास रखी है जिन के ज़रिए वह रोज़ ए क़यामत अपने बंदो पर रहम फरमाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6000) و مسلم (19 / 2752)، (6974)

٢٣٦٦ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ عَنْ سَلْمَانَ نَحْوُهُ وَفِي آخِرِهِ قَالَ: «فَإِذَا كَانَ يَوْمُ الْقِيَامَةِ أَكْمَلَهَا بِهَذِهِ الرَّحْمَة»

2366. सहीह मुस्लिम में सलमान से मरवी रिवायत इसी तरह है, और उस के आख़िर में है फ़रमाया: “पस जब रोज़ ए क़यामत होगा तो वह इस रहमत से उन निनान्वे रहमतो को मुकम्मल सौ फरमाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (21 / 2753)، (6977)

٢٣٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ يَعْلَمُ الْمُؤْمِنُ مَا عِنْدَ اللَّهِ مِنَ الْعُقُوبَةِ مَا

طَمِعَ بِجَنَّتِهِ أَحَدٌ وَلَوْ يَعْلَمُ الْكَافِرُ مَا عِنْدَ اللَّهِ مِنَ الرَّحْمَةِ مَا قَنَطَ من جنته أحد»

2367. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अगर मोमिन को अल्लाह के अज़ाब का पता चल जाए तो कोई भी उस की जन्नत की उम्मीद न रखे और अगर काफ़िर को अल्लाह की रहमत का पता चल जाए तो कोई उस की जन्नत से ना उम्मीद न हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6469) و مسلم (23 / 2755)، (6979)

٢٣٦٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْجَنَّةُ [ص:٧٣ أَقْرَبُ إِلَى أَحَدِكُمْ مِنْ شِرَاكِ نَعْلِهِ وَالنَّارُ مِثْلُ ذَلِكَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2368. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जन्नत तुम्हारे जूते के तस्मे से भी ज़्यादा तुम से करीब है और जहन्नम भी इसी तरह”| (बुखारी)

رواه البخاری (6488)

٢٣٦٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: " قَالَ رَجُلٌ لَمْ يَعْمَلْ خَيْرًا قَطُّ لِأَهْلِهِ وَفِي رِوَايَةٍ أَسْرَفَ رَجُلٌ عَلَى نَفْسِهِ فَلَمَّا حَضَرَهُ الْمَوْتُ أَوْصَى بَنِيهِ إِذَا مَاتَ فَحَرِّقُوهُ ثُمَّ اذْرُوا نِصْفَهُ فِي الْبَرِّ وَنِصْفَهُ فِي الْبَحْرِ فو الله لَئِنْ قَدَرَ اللَّهُ عَلَيْهِ لَيُعَذِّبَنَّهُ عَذَابًا لَا يُعَذِّبُهُ أَحَدًا مِنَ الْعَالَمِينَ فَلَمَّا مَاتَ فَعَلُوا مَا أَمَرَهُمْ فَأَمَرَ اللَّهُ الْبَحْرَ فَجَمَعَ مَا فِيهِ وَأَمَرَ الْبَرَّ فَجَمَعَ مَا فِيهِ ثُمَّ قَالَ لَهُ: لِمَ فَعَلْتَ هَذَا؟ قَالَ: مِنْ خَشْيَتِكَ يَا رَبِّ وَأَنْتَ أَعْلَمُ فَغَفَرَ لَهُ "

2369. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ किसी आदमी ने, जिस ने कभी कोई नेकी नहीं की थी, अपने अहल खाने से कहा, जबके दूसरी रिवायत में है किसी आदमी ने बहोत गुनाह किए थे, पस जब उस की मौत का वक़्त आया तो उस ने अपने बेटो को वसीयत की, जब वह फौत हो जाए तो उसे जला देना, फिर इस (राख) के आधे हिस्से को खुश्की में और उस के आधे को समुन्दर में बहा देना, अल्लाह की क़सम! अगर अल्लाह ने इस (मुझ) पर तंगी की, तो वह इसे ऐसा अज़ाब देगा के उस ने तमाम जहांन वालो में से किसी को ऐसा अज़ाब नहीं दिया होगा, पस जब वह फौत हो गया तो उन्होंने उस की वसीयत के मुताबिक अमल किया, पस अल्लाह ने समुन्दर को हुक्म दिया तो उस ने इस हिस्से को जो के उस के अन्दर था जमा कर दिया, और खुश्की (ज़मीन) को हुक्म दिया तो उस ने भी इस हिस्से को जो उस के अन्दर था जमा कर दिया, फिर इस (अल्लाह तआला) ने इस (आदमी) से फ़रमाया, तुमने ऐसे क्यों किया ? उस ने अर्ज़ किया, रब जी! तेरे डर की वजह से जबकि तू जानता है, पस उस ने इसे मुआफ़ कर दिया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6481) و مسلم (24 / 2756)، (6980)

٢٣٧٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ قَالَ: قَدِمَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَبْيٌ فَإِذَا امْرَأَةٌ مِنَ السَّبْيِ قَدْ تَحَلَّبَ

ثديُها تسْعَى إذا وَجَدَتْ صَبِيًّا فِي السَّبْيِ أَخَذَتْهُ فَأَلْصَقَتْهُ بِبَطْنِهَا وَأَرْضَعَتْهُ فَقَالَ لَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتُرَوْنَ هَذِهِ طَارِحَةً وَلَدَهَا فِي النَّارِ؟» فَقُلْنَا: لَا وَهِيَ تَقْدِرُ عَلَى أَنْ لَا تَطْرَحَهُ فَقَالَ: «لَلَّهُ أَرْحَمُ بِعِبَادِهِ مِنْ هَذِهِ بِوَلَدِها»

2370. उमर बिन ख़िताब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के पास कुछ कैदी आए, उन कैदियों में एक औरत थी जिस की छाती से दूध निकल रहा था, वह दोड़ती फिरती थी, जब वह कैदियों में कोई बच्चा पाती तो उसे पकड़ कर अपने पेट से लगाती और इसे दूध पिलाती, नबी ﷺ ने हमें फ़रमाया: “क्या तुम गुमान कर सकते हो यह औरत अपने बच्चे को आग में फेंक देगी ?” हमने अर्ज़ किया: नहीं ? अगर वह इसे न फ़ेकने पर कादिर हो, (तो वह नहीं फेकेगी) आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह अपने बंदो पर इस औरत से भी ज़्यादा मेहरबान है जितना यह अपने बच्चे पर मेहरबान है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5999) و مسلم (22 / 2754)، (6978)

٢٣٧١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يُنْجِيَ أَحَدًا مِنْكُمْ عَمَلُهُ» قَالُوا: وَلَا أَنْتَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «وَلَا أَنَا إِلَّا أَنْ يَتَغَمَّدَنِي اللَّهُ مِنْهُ بِرَحْمَتِهِ فَسَدِّدُوا وَقَارِبُوا واغْدُوا وروحوا وشيءٌ من الدُّلْجَةِ والقَصدَ القصدَ تبلغوا»

2371. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ तुम में से किसी शख़्स के आमाल इसे निजात नहीं दिलाएंगे”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप भी नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ और मैं भी नहीं, मगर यह कि अल्लाह अपने रहमत से मुझे ढांप ले, दुरुस्ती के साथ अमल करते रहो, मियाने रिवाय (संयम) इख़्तियार करो, सुबह व शाम और रात के कुछ हिस्से में इबादत करो, एअतदाल का ख़याल रखो, एअतदाल का ख़याल रखो, इस तरह तुम मंजिल पा लोगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6463) و مسلم (51 / 2816)، (7111)

٢٣٧٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُدْخِلُ أَحَدًا مِنْكُمْ عَمَلُهُ الْجَنَّةَ وَلَا يُجِيرُهُ مِنَ النَّارِ وَلَا أَنا إِلا برحمةِ الله» . رَوَاهُ مُسلم

2372. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ तुम में से किसी का अमल ना इसे जन्नत में दाखिल करा सकता है न इसे जहन्नम से बचा सकता है, और मैं भी अल्लाह की रहमत के साथ जन्नत में जाऊँगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (77 / 2817)، (7121)

٢٣٧٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَسْلَمَ الْعَبْدُ فَحَسُنَ [ص:٧٣ إِسْلَامُهُ يُكَفِّرُ اللَّهُ عَنْهُ كُلَّ سَيِّئَةٍ كَانَ زَلَفَهَا وَكَانَ بَعْدَ الْقِصَاصِ: الْحَسَنَةُ بِعَشْرِ أَمْثَالِهَا إِلَى سَبْعِمِائَةِ ضِعْفٍ إِلَى أَضْعَافٍ كَثِيرَةٍ وَالسَّيِّئَةُ بِمِثْلِهَا إِلَّا أَنْ يَتَجَاوَزَ اللَّهُ عَنْهَا ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

2373. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जब बंदा मुसलमान हो जाता है और अपने इस्लाम को बेहतर बनाता है तो अल्लाह उस के पिछले तमाम गुनाह मुआफ़ कर देता है, और इस इस्लाम कबूल करने के बाद फिर बदला शुरू हो जाता है, नेकी का बदला दस गुना से सातसो गुना तक बढ़ा दिया जाता है, जबके बुराई का बदला उस के मिसल होता है इल्ला यह कि अल्लाह उस से दरगुज़र फरमाए''| (बुखारी)

رواه البخاری (41)

٢٣٧٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ كَتَبَ الحسناتِ والسيِّئاتِ: فَمَنْ هَمَّ بِحَسَنَةٍ فَلَمْ يَعْمَلْهَا كَتَبَهَا اللَّهُ لهُ عندهُ حَسَنَة كَامِلَة فَإِن هم بعملها كَتَبَهَا اللَّهُ لَهُ عِنْدَهُ عَشْرَ حَسَنَاتٍ إِلَى سَبْعِمِائَةِ ضِعْفٍ إِلَى أَضْعَافٍ كَثِيرَةٍ وَمَنْ هَمَّ بسيئة فَلَمْ يَعْمَلْهَا كَتَبَهَا اللَّهُ عِنْدَهُ حَسَنَةً كَامِلَةً فَإِن هُوَ هم بعملها كتبهَا الله لَهُ سَيِّئَة وَاحِدَة "

2374. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' बेशक अल्लाह ने नेकियाँ और बुराइया लिखी है, जिस शख़्स ने किसी नेकी का इरादा किया लेकिन इसे किया हीं न हो अल्लाह इसे अपने पास उस के हक़ में एक मुकम्मल नेकी लिख लेता है, अगर वह उस का इरादा करे और इसे कर भी ले तो अल्लाह इसे अपने पास उस के हक़ में दस गुना से सातसो गुना और उस से भी बढ़ाकर लिख लेता है, और जो शख़्स बुराई करने का इरादा करे लेकिन इसे करे नहीं तो अल्लाह इसे अपने पास उस के हक़ में एक कामिल(सर्वोत्तम) नेकी लिख लेता है, लेकिन अगर वह इस बुराई का इरादा करे और इसे कर गुज़रे तो अल्लाह इसे उस के हक़ में एक ही बुराई लिखता है''| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6491) و مسلم (207 / 131)، (338)

रहमत ए बारी ताला की वुस-अत का बयान

• بَاب سَعَة رَحْمَة الله

दूसरी फस्ल

• الْفَصْل الثَّانِي

٢٣٧٥ - عَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مَثَلَ الَّذِي يعْمل السَّيِّئَة ثُمَّ يَعْمَلُ الْحَسَنَاتِ كَمَثَلِ رَجُلٍ كَانَتْ عَلَيْهِ دِرْعٌ ضَيِّقَةٌ قَدْ خَنَقَتْهُ ثُمَّ عَمِلَ حَسَنَةً فَانْفَكَّتْ حَلْقَةٌ ثُمَّ عَمِلَ أُخْرَى فَانْفَكَّتْ أُخْرَى حَتَّى تَخْرُجَ إِلَى الْأَرْضِ»»» رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

2375. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जो शख़्स गुनाह करता है और फिर नेक अमल करता है उस की मिसाल इस शख़्स जैसी है, जिस पर तंग जिरह हो, जिस ने उस का गला घूंट रखा

हो, फिर वह कोई नेक अमल करता है तो एक कड़ी खुल गई, फिर उस ने दूसरी नेकी की तो दूसरी कड़ी खुल गई, हत्ता कि वह खुल कर ज़मीन पर आ रही”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (1 / 339 ح 4149) [و احمد (4 / 145)]

٢٣٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ: أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُصُّ عَلَى الْمِنْبَرِ وَهُوَ يَقُول: (ولِمنْ خاف مقامَ رَبِّهِ جنَّتانِ)»» قُلْتُ: وَإِنْ زَنَى وَإِنْ سَرَقَ؟ يَا رَسُولَ اللَّهِ [ص:٧٣ فَقَالَ الثَّانِيَةَ: (وَلِمَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهِ جنَّتان)»» فقلتُ الثانيةَ: وإنْ زنى وسرق؟ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ الثَّالِثَةَ: (وَلِمَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهِ جَنَّتَانِ)»» فَقُلْتُ الثَّالِثَةَ: وَإِنْ زَنَى وسرق؟ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «وَإِنْ رَغِمَ أَنْفُ أبي الدَّرْدَاء» . رَوَاهُ أَحْمد

2376. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को मिम्बर पर वाज़ व नसीहत करते हुए सुना, आप ﷺ फरमा रहे थे: “जो शख़्स अपने रब के हुज़ूर खड़ा होने से डर गया उस के लिए दो जन्नते है”, मेंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगरचे वह ज़िना और चोरी करे, आप ﷺ ने दूसरी मर्तबा फ़रमाया: “जो शख़्स अपने रब के हुज़ूर खड़ा होने से डर गया उस के लिए दो जन्नते हैं”, मेंने दूसरी मर्तबा अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगरचे वह ज़िना और चोरी करे, आप ﷺ ने तीसरी मर्तबा फ़रमाया: “जो शख़्स अपने रब के हुज़ूर खड़ा होने से डर गया उस के लिए दो जन्नते है”, तो मेंने भी तीसरी मर्तबा अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगरचे वह ज़िना और चोरी करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अगरचे अबू दरदा की नाक खाक आलूद हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (2 / 357) [و النسائی فی الکبریٰ (11560 ، 11561 ، التفسیر)]

٢٣٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَامِرٍ الرَّامِ قَالَ: بَيْنَا نَحْنُ عِنْدَهُ يَعْنِي عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ أَقْبَلَ رَجُلٌ عَلَيْهِ كِسَاءٌ وَفِي يَدِهِ شَيْءٌ قَدِ الْتَفَّ عَلَيْهِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَرَرْتُ بَغِيضَةِ شَجَرٍ فَسَمِعْتُ فِيهَا أَصْوَاتَ فِرَاخِ طَائِرٍ فَأَخَذْتُهُنَّ فَوَضَعْتُهُنَّ فِي كِسَائِي فَجَاءَتْ أُمُّهُنَّ فَاسْتَدَارَتْ عَلَى رَأْسِي فَكَشَفْتُ لَهَا عَنْهُنَّ فَوَقَعَتْ عَلَيْهِنَّ فَلَفَفْتُهُنَّ بِكِسَائِي فَهُنَّ أُولَاءِ مَعِي قَالَ: «ضَعْهُنَّ» فَوَضَعْتُهُنَّ وَأَبَتْ أُمُّهُنَّ إِلَّا لُزُومَهُنَّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أتعجبون لرحم أم الْفِرَاخ فراخها؟ فو الَّذِي بَعَثَنِي بِالْحَقِّ: لَلَّهُ أَرْحَمُ بِعِبَادِهِ مِنْ أُمِّ الْفِرَاخ بِفِرَاخِهَا ارْجِعْ بِهِنَّ حَتَّى تَضَعَهُنَّ مِنْ حَيْثُ أَخَذْتَهُنَّ وَأُمُّهُنَّ مَعَهُنَّ ". فَرَجَعَ بِهِنَّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2377. आमिर अर्रराम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस असना में के हम नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की एक आदमी आया उस पर चादर थी और उस के हाथ में कोई चीज़ थी, जिसे उस ने लपेट रखा था, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में दरख्तों के झुण्ड के पास से गुज़रा तो मेंने उस में परिंदों के बच्चो की आवाज़े सुनी तो मेंने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें अपने चादर में रख लिया फिर उनकी माँ आई और मेरे सर पर चक्कर लगाने लगी, मेंने उन (बच्चो) से परदा हटाया तो वह भी इन पर गिरी, मेंने उन्हें अपने चादर में लपेट लिया और वह यह मेरे पास है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” उन्हें रखो”, उस ने उन्हें रखा तो उनकी माँ भी उन के साथ ही रही तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” क्या तुम बच्चो की माँ के अपने बच्चो के साथ रहम करने पर ताज्जुब करते हो ? उस ज़ात की क़सम जिस ने मुझे हक़ के साथ मबउस फ़रमाया है! अल्लाह अपने बंदो के साथ बच्चो की माँ के अपने बच्चो के साथ रहम करने से भी ज़्यादा रहम करने

वाला है, उन्हे वहीँ जा कर रख आओ जहाँ से तुमने उन्हें उठाया था”, और उनकी माँ भी उन के साथ थी, वह आदमी उन्हें वापिस ले गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3089) * فیه ابو منظور : مجھول ، و عمه : لم اعرفه ، و السند مظلم

باب سَعَة رَحْمَة الله • रहमत ए बारी ताला की वुस-अत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٣٧٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: كُنَّا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ غَزَوَاتِهِ فَمَرَّ بِقَوْمٍ فَقَالَ: «مَنِ الْقَوْمُ؟» قَالُوا: نَحْنُ الْمُسْلِمُونَ وَامْرَأَةٌ تَحْضِبُ بِقِدْرِهَا وَمَعَهَا ابْنٌ لَهَا فَإِذَا ارْتَفَعَ وَهَجٌ تَنَحَّتْ بِهِ فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: أَنْتَ رَسُولُ اللَّهِ؟ قَالَ: «نَعَمْ» قَالَتْ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي أَلَيْسَ اللَّهُ أَرْحَمَ الرَّاحِمِينَ؟ قَالَ: «بَلَى» قَالَتْ: أَلَيْسَ اللَّهُ أَرْحَمَ بِعِبَادِهِ مِنَ الْأُم على وَلَدهَا؟ قَالَ: «بَلَى» قَالَتْ: إِنَّ [ص:٧٣ الْأُمَّ لَا تُلْقِي وَلَدَهَا فِي النَّارِ فَأَكَبَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَبْكِي ثُمَّ رَفَعَ رَأْسَهُ إِلَيْهَا فَقَالَ: " إِنَّ اللَّهَ لَا يُعَذِّبُ مِنْ عِبَادِهِ إِلَّا الْمَارِدَ الْمُتَمَرِّدَ الَّذِي يَتَمَرَّدُ عَلَى اللَّهِ وَأَبَى أَنْ يَقُولَ: لَا إِلَهَ إِلَّا الله ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2378. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ किसी गज़वा में शरीक थे, आप ﷺ किसी कौम के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “कौन लोग हो ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हम मुसलमान है वहां एक औरत हंडिया के निचे आग जला रही थी और उस के साथ उस का बेटा था, जब आग की तपिश तेज़ होती तो वह इस बच्चे को दूर कर लेती, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और अर्ज़ किया, आप अल्लाह के रसूल! है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ”, उस ने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो क्या अल्लाह सबसे बढ़कर रहम करने वाला नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” क्यों नहीं”, फिर उस ने अर्ज़ किया, किया अल्लाह अपने बंदो पर माँ के अपने बच्चे पर रहम करने से ज़्यादा रहम करने वाला नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” क्यों नहीं”, उस ने अर्ज़ किया, फिर माँ तो यक़ीनन अपने बच्चे को आग में नहीं दाल सकती, रसूलुल्लाह ﷺ सर झुका कर रोने लगे, फिर आप ने उस की तरफ सर उठाकर फ़रमाया: “ए अल्लाह! अपने बंदो में से सिर्फ सरकश लोगो को अज़ाब देगा और वह सरकश भी ऐसे जो अल्लाह के खिलाफ सरकशी करते हैं और ((لَا اِلٰهَ اِلَّا الله)) कहने से इन्कार कर देते है”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه ابن ماجه (4297) * فیه اسماعیل بن یحیی الشیبانی : کذاب ، و ابراهیم بن اعین : ضعیف

٢٣٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْبَانَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ الْعَبْدَ لَيَلْتَمِسُ مَرْضَاةَ اللَّهِ فَلَا يَزَالُ بِذَلِكَ فَيَقُولُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ لجبريل: إِن فلَانا عَبدِي يلتمس أَنْ يُرْضِيَنِي أَلَا وَإِنَّ رَحْمَتِي عَلَيْهِ فَيَقُولُ جِبْرِيلُ: رَحْمَةُ اللَّهِ عَلَى فُلَانٍ وَيَقُولُهَا حَمَلَةُ العرشِ ويقولُها مَن حَولهمْ حَتَّى يَقُولَهَا أَهْلُ السَّمَاوَاتِ السَّبْعِ ثُمَّ تَهْبِطُ لَهُ إِلى الأَرْض ". رَوَاهُ أَحْمد

2379. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: '' बंदा अल्लाह की रज़ामंदी तलाश करता है वह इसी कोशिश में लगा रहता है तो अल्लाह अज्ज़वजल जिब्राइल से फरमाता है, मेरा फलां बंदा मुझे राज़ी करने की कोशिश करता है, सुन लो, मेरी रहमत इस पर है तो जिब्राइल फरमाते हैं, अल्लाह की रहमत फलां शख़्स पर है, फिर हामिलिन अर्श यही कहते हैं, और फिर उन के आस पास वाले यही कहते हैं, हत्ता कि सातों आसमान वाले यही एलान करते हैं, फिर उस की वजह से वह रहमत ज़मीन पर उतरी है"| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 279 ح 22764) [و الطبرانی فی الاوسط (2 / 139 ح 1262) و عنده میمون بن عجلان الثقفی) ابو محمد المزنی التمیمی : لا یعرف ، کما فی المیزان و اللسان (6 / 165) و مع ذلک و ثقه الھیثمی ، و میمون بن عجلان لعله عطاء بن عجلان : احد المتروکین ، و ھو تدلیس عجیب] * و فی المسند میمون غیر منسوب و لعله میمون بن موسی المری و صرح بالسماع عند احمد فالسند حسن ، والله اعلم

٢٣٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي قَوْلِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ: (فَمِنْهُمْ ظَالِمٌ لِنَفْسِهِ وَمِنْهُمْ مُقْتَصِدٌ وَمِنْهُمْ سابقٌ بالخيراتَ)»» قَالَ: كُلُّهُمْ فِي الْجَنَّةِ ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي كِتَابِ الْبَعْثِ وَالنُّشُورِ

2380. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से अल्लाह तआला के इस फरमान: "उन में से कोई अपने जान पर ज़ुल्म करने वाला है, और कोई म्यान रौ बढ़ चढ़ के करने वाला है और कोई नेकियो में बढ़ने वाला है '' के बारे में रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: '' वह सब जन्नती है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البیھقی فی البعث و النشور (ص 59 ح 63) [و الخطیب فی تاریخه (12 / 271) و الطبرانی فی الکبیر (410)] * فیه محمد بن ابی لیلی : ضعیف ، ضعفه الجمھور

بَابُ مَا يَقُولُ عِنْدَ الصَّبَاحِ وَالْمَسَاءِ وَالْمَنَامِ • सुबह व शाम और सोते वक़्त के अज्कार का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٣٨١ - (صَحِيح) عَن عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَمْسَى قَالَ: «أَمْسَيْنَا وَأَمْسَى الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ مِنْ خَيْرِ هَذِهِ اللَّيْلَةِ وَخَيْرِ مَا فِيهَا وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا فِيهَا اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْكَسَلِ وَالْهَرَمِ وَسُوءِ الْكِبَرِ وَفِتْنَةِ الدُّنْيَا وَعَذَابِ الْقَبْرِ»»» وَإِذَا أَصْبَحَ قَالَ أَيْضًا: «أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «رَبِّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنْ عَذَابٍ فِي النَّارِ وَعَذَاب فِي الْقَبْر» . رَوَاهُ مُسلم

2381. अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब शाम करते तो फरमाते : (**أَمْسَيْنَا وَأَمْسَى الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ أَمْسَيْنَا وَأَمْسَى الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ**

وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ مِنْ خَيْرِ هَذِهِ اللَّيْلَةِ وَخَيْرِ مَا فِيهَا وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا فِيهَا اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْكَسَلِ وَالْهَرَمِ وَسُوءِ الْكِبَرِ وَفِتْنَةِ الدُّنْيَا وَعَذَابِ الْقَبْرِ) "हमने शाम की और अल्लाह की तमाम बादशाहत ने शाम की, हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, उस के लिए बादशाहत है, और इसी के लिए हम्द है, और वह हर चीज़ पर कादिर है, अल्लाह में तुझ से इस रात की भलाई मांगता हो और जो इस में है उस की भलाई मांगता हो और उस के शर से और जो इस में है उस के शर से तेरी पनाह चाहता हूँ, अल्लाह में काहली सुस्ती, बुढ़ापे, बुढ़ापे की खराबी, दुनिया के फितने और कब्र के अज़ाब से तेरी पनाह चाहता हूँ", और जब आप सुबह करते तो भी यही कहते: "हमने और अल्लाह की बादशाहत ने सुबह की", और एक दूसरी रिवायत में है: "रब जी, मैं तुझ से आग के अज़ाब और अज़ाब ए कब्र से तेरी पनाह चाहता हूँ"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (75 76 / 2723)، (6908 و 6909)

٢٣٨٢ - (صَحِيح) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ مِنَ اللَّيْلِ وَضَعَ يَدَهُ تَحْتَ خَدِّهِ ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ بِاسْمِكَ أَمُوتُ وَأَحْيَا» . وَإِذَا اسْتَيْقَظَ قَالَ: «الْحَمْدُ الله الَّذِي أَحْيَانًا بَعْدَمَا مَا أماتنا وَإِلَيْهِ النشور» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2382. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ रात के वक़्त अपने बिस्तर पर तशरीफ़ लाते तो आप अपना हाथ अपने रुखसार के निचे रखते, फिर यह दुआ पढ़ते: "ए अल्लाह! में तेरे ही नाम से मरता और जिंदा होता हूँ'' और जब आप बेदार होते, तो यह दुआ पढ़ते: "हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, जिस ने हमें मारने के बाद जिंदा किया और इसी की तरफलौट कर जाना है"| (बुखारी)

رواه البخارى (6314)

٢٣٨٣ - (صَحِيح) وَمُسلم عَن الْبَراء

2383. और मुस्लिम ने बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु से यह हदीस बयान की है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 2711)، (6887)

٢٣٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَوَى أَحَدُكُمْ إِلَى فِرَاشِهِ فَلْيَنْفُضْ فِرَاشَهُ بِدَاخِلَةِ إِزَارِهِ فَإِنَّهُ لَا يَدْرِي مَا خَلَفَهُ عَلَيْهِ ثُمَّ يَقُولُ: بِاسْمِكَ رَبِّي وَضَعْتُ جَنْبِي وَبِكَ أرفعه إِن أَمْسَكت نَفسِي فارحمهما وَإِنْ أَرْسَلْتَهَا فَاحْفَظْهَا [ص:٧٣ بِمَا تَحْفَظُ بِهِ عِبَادَكَ الصَّالِحِينَ ". وَفِي رِوَايَةٍ: " ثُمَّ لِيَضْطَجِعْ عَلَى شِقِّهِ الْأَيْمن ثمَّ ليقل: بِاسْمِك "»» وَفِي رِوَايَةٍ: «فَلْيَنْفُضْهُ بِصَنِفَةِ ثَوْبِهِ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ وَإِن أَمْسَكت نَفسِي فَاغْفِر لَهَا»

2384. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जब तुम में से कोई अपने बिस्तर पर आए तो वह पहले अपने आज़ार के किनारे से अपने बिस्तर को झाड़े, क्योंकि वह नहीं जानता के उस के बाद उस पर

कौन सी चीज़ आई, फिर वह यह दुआ पढ़े, “मेरे परवरदिगार! तेरे नाम के साथ मेंने अपने पहलु को रखा और तेरे नाम के साथ ही उठूँगा, अगर तू मेरी जान कब्ज़ कर ले तो फिर उस पर रहम फरमाना और अगर तो उसे छोड़ दे तो उस की इस तरह हिफाज़त फरमाना जैसी तो अपने स्वालेह बंदो की हिफाज़त फरमाता है”, और एक रिवायत में है: “फिर वह अपने दाए पहलु पर लपटे फिर दुआ पढ़े बीइस्मिक”, और एक दूसरी रिवायत में है: “अपने कपड़े के किनारे से तीन मर्तबा झाड़े और कहे अगर तो मेरी जान कब्ज़ कर ले तो इसे बख्श देना”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7393) و مسلم (64 / 2714)، (6892)

٢٣٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَوَى إِلَى فِرَاشِهِ نَامَ عَلَى شِقِّهِ الْأَيْمَنِ ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ أَسْلَمْتُ نَفْسِي إِلَيْكَ وَوَجَّهْتُ وَجْهِي إِلَيْكَ وَفَوَّضْتُ أَمْرِي إِلَيْكَ وَأَلْجَأْتُ ظَهْرِي إِلَيْكَ رَغْبَةً وَرَهْبَةً إِلَيْكَ لَا مَلْجَأَ وَلَا مَنْجَا مِنْكَ إِلَّا إِلَيْكَ آمَنْتُ بِكِتَابِكَ الَّذِي أَنْزَلْتَ وَنَبِيِّكَ الَّذِي أَرْسَلْتَ» . وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَالَهُنَّ ثُمَّ مَاتَ تَحْتَ لَيْلَتِهِ مَاتَ عَلَى الْفِطْرَةِ»»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِرَجُلٍ: " يَا فُلَانُ إِذَا أَوَيْتَ إِلَى فِرَاشِكَ فَتَوَضَّأْ وُضُوءَكَ لِلصَّلَاةِ ثُمَّ اضْطَجِعْ عَلَى شِقِّكَ الْأَيْمَنِ ثُمَّ قُلِ: اللَّهُمَّ أَسْلَمْتُ نَفْسِي إِلَيْكَ إِلَى قَوْلِهِ: أَرْسَلْتَ " وَقَالَ: «فَإِنْ مِتَّ مِنْ لَيْلَتِكَ مِتَّ عَلَى الْفِطْرَةِ وإن أصبحتَ أصبتَ خيرا»

2385. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ अपने बिस्तर पर आते तो आप दाए करवट लेटते, फिर यह दुआ पढ़ते: “ए अल्लाह! मेंने अपने जान तेरे सुपुर्द कर दी, अपना चेहरा तेरी तरफ मुतवज्जे कर दिया, अपना मुआमला तेरे सुपुर्द कर दिया, और अपने पुश्त तेरी तरफ झुकाई और यह सब कुछ तेरा शौक रखते हुए और तुझ से डरते हुए किया, न तेरे सिवा कोई पनाह गाह है न मक़ाम ए निजात, मैं तेरी किताब पर ईमान लाया, जिसे तूने नाज़िल फ़रमाया और तेरे नबी पर ईमान लाया जिसे तूने भेजा”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स यह कलिमात पढ़े और फिर इसी रात फौत हो जाए, तो वह फितरत यानी इस्लाम पर फौत होगा”, और एक दूसरी रिवायत में है रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी आदमी से फ़रमाया: “ए फलां जब तुम अपने बिस्तर पर लिपटना चाहो तो नमाज़ का सा वुज़ू करो, फिर अपने दाए पहलु पर लेटो, फिर यह दुआ पढ़ो, ऐ अल्लाह! मैंने अपनी जान तेरे सुपुर्द की ...... यानी मुकम्मल दुआ पढ़ी”, फ़रमाया: “अगर तुम इसी रात फौत हो गए तो तुम फितरत (यानी इस्लाम) पर फौत होगे और अगर सुबह की तो तुम खैर व भलाई पाओगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7488) و مسلم (58 / 2710)، (6885)

٢٣٨٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَوَى إِلَى فِرَاشِهِ قَالَ: «الحمدُ للَّهِ الَّذِي أطعمنَا وَسَقَانَا وكفانا وَآوَانَا فَكَمْ مِمَّنْ لَا كَافِيَ لَهُ وَلَا مؤوي» . رَوَاهُ مُسلم

2386. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ अपने बिस्तर पर आते तो यह दुआ पढ़ते: “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, जिस ने हमें खाना खिलाया, पिलाया, वह हमारे लिए काफी हो गया और हमें ठिकाना अता फ़रमाया, कितने ही लोग हैं जिन्हें ना कोई किफ़ायत करने वाला है न ठिकाना देने वाला है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 / 2715)، (6894)

٢٣٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَليّ: أَن فَاطِمَة أَتَت النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَشْكُو إِلَيْهِ مَا تَلْقَى فِي يَدِهَا مِنَ الرَّحَى وَبَلَغَهَا أَنَّهُ جَاءَهُ رَقِيقٌ فَلَمْ تُصَادِفْهُ فَذَكَرَتْ ذَلِكَ لِعَائِشَةَ فَلَمَّا جَاءَ [ص:٧٣ أَخْبَرَتْهُ عَائِشَةُ قَالَ: فَجَاءَنَا وَقَدْ أَخَذْنَا مَضَاجِعَنَا فَذَهَبْنَا نَقُومُ فَقَالَ: عَلَى مَكَانِكُمَا فَجَاءَ فَقَعَدَ بَيْنِي وَبَيْنَهَا حَتَّى وَجَدْتُ بَرْدَ قَدَمِهِ عَلَى بَطْنِي فَقَالَ: «أَلَا أَدُلُّكُمَا عَلَى خَيْرٍ مِمَّا سَأَلْتُمَا؟ إِذَا أَخَذْتُمَا مَضْجَعَكُمَا فَسَبِّحَا ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَاحْمَدَا ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَكَبِّرَا ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ فَهُوَ خير لَكمَا من خَادِم»

2387. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ के पास इस तकलीफ की शिकायत ले कर गई, जो उन्हें चक्की पिसने से हुई थी और उन्हें पता चला था के आप ﷺ के पास कुछ गुलाम आए है, लेकिन उनकी आप से मुलाकात न हो सकी तो उन्होंने आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से अपने आने का मकसद बयान किया, जब आप तशरीफ़ लाए तो आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने आप को बताया, अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आप ऐसे वक़्त में हमारे पास तशरीफ़ लाए के हम अपने बिस्तरों पर लेट चुके थे, हम उठने लगे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने जगह पर लपटे रहो”, फिर आप हमारे दरमियान बैठ गए हत्ता कि मेंने आप के पाँव की ठंडक अपने पेट पर महसूस की, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ क्या मैं तुम्हें इस चीज़ से जिस का तुमने सवाल किया है, बेहतर चीज़ बताओ, जब तुम अपने बिस्तर पर जाओ तो तेतीस मर्तबा (((سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह)) तेतीस मर्तबा (((اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह)) और चोंतिस मर्तबा (((اللَّهُ أَكْبَرُ)अल्लाहुअकबर)) पढ़ लिया करो, वह तुम्हारे लिए खादिम के मिल जाने से बेहतर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5361) و مسلم (80 / 2727)، (6915)

٢٣٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَتْ فَاطِمَةُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَسْأَلُهُ خَادِمًا فَقَالَ: «أَلَا أَدُلُّكِ عَلَى مَا هُوَ خَيْرٌ مِنْ خَادِمٍ؟ تُسَبِّحِينَ اللَّهَ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَتَحْمَدِينَ اللَّهَ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَتُكَبِّرِينَ اللَّهَ أَرْبَعًا وَثَلَاثِينَ عِنْدَ كُلِّ صَلَاةٍ وَعِنْدَ مَنَامِكِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2388. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से एक खादिम का मुतालबा करने आप के पास आई तो आप ने फ़रमाया: ’’ क्या मैं तुम्हें ऐसी चीज़ बताऊँ जो के खादिम से बेहतर है! की तुम हर नमाज़ और सोते वक़्त तेतीस मर्तबा ’’ (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह ‘‘ तेतीस मर्तबा ’’ (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह ‘‘ और चोंतिस मर्तबा ’’ (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर ‘‘ पढ़ लिया करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (81 / 2728)، (6916)

सुबह व शाम और सोते वक़्त के अज्कार का बयान

بَابُ مَا يَقُولُ عِنْدَ الصَّبَاحِ وَالْمَسَاءِ وَالْمَنَامِ

दूसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّانِي

٢٣٨٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَصْبَحَ قَالَ: «اللَّهُمَّ بِكَ أَصْبَحْنَا وَبِكَ أَمْسَيْنَا وَبِكَ نَحْيَا وَبِكَ نَمُوتُ وَإِلَيْكَ الْمَصِيرُ» . وَإِذَا أَمْسَى قَالَ: «اللَّهُمَّ بِكَ أَمْسَيْنَا وَبِكَ أَصْبَحْنَا وَبِكَ نَحْيَا وَبِكَ نَمُوتُ وَإِلَيْكَ النُّشُورُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2389. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सुबह करते तो यह दुआ पढ़ते: "ए अल्लाह! हमने तेरी ही तौफिक से सुबह की, तेरी ही तौफिक से शाम की, तेरी ही तौफिक से जिंदा है, तेरी ही तौफिक से मरेंगे और तेरी ही तरफ लौटना है " और जब आप शाम करते तो यह दुआ पढ़ा करते थे: "ए अल्लाह! हमने तेरी ही तौफिक से शाम की और तेरी ही तौफिक से सुबह की, तेरी ही तौफिक से जिंदा है और तेरी ही नाम पर मरेंगे और तेरी ही तरफ उठ कर जाना है"| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (3391 و قال :حسن) و ابوداؤد (5068) و ابن ماجہ (3868)

٢٣٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ قَالَ: قَالَ أَبُو بَكْرٍ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ مُرْنِي بِشَيْءٍ أَقُولُهُ إِذَا أَصْبَحْتُ وَإِذَا أَمْسَيْتُ قَالَ: «قُلِ اللَّهُمَّ عَالِمَ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ فَاطِرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ رَبَّ كُلِّ شَيْءٍ وَمَلِيكَهُ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ أَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ نَفْسِي وَمِنْ شَرِّ الشَّيْطَانِ وَشِرْكِهِ قُلْهُ إِذَا أَصْبَحْتَ وَإِذَا أَمْسَيْتَ وَإِذَا أَخَذْتَ [ص:٧٣ مضجعك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

2390. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे कोई ऐसा वज़ीफ़ा बताइए जिसे में सुबह व शाम पढ़ा करू, आप ﷺ ने फ़रमाया: "कहो, ऐ अल्लाह! गैब व हाज़िर को जानने वाले ज़मीन व आसमान को पैदा करने वाले हर चीज़ के रब और मालिक, मैं गवाही देता हूँ कि तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं और मैं अपने नफ्स के शर, शैतान के शर और उस के शिर्क से तेरी पनाह चाहता हूँ", जब तुम सुबह करो जब शाम करो और जब अपने बिस्तर पर आओ यह कलिमात कहा करो"| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (3392 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (5067) و الدارمی (2 / 292 ح 2692) [و صححہ ابن حبان (2339) و الحاکم (1 / 513) و وافقہ الذھبی]

٢٣٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبَانَ بْنِ عُثْمَانَ قَالَ: سَمِعْتُ أَبِي يَقُولُ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ عَبْدٍ يَقُولُ فِي صَبَاحِ كُلِّ يَوْمٍ وَمَسَاءِ كُلِّ لَيْلَةٍ بِسْمِ اللَّهِ الَّذِي لَا يَضُرُّ مَعَ اسْمِهِ شَيْءٌ فِي الْأَرْضِ وَلَا فِي السَّمَاءِ وَهُوَ السَّمِيعُ الْعَلِيمُ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ فَيَضُرَّهُ شَيْءٌ» . فَكَانَ أَبَانُ قَدْ أَصَابَهُ طَرَفُ فَالِجٍ فَجَعَلَ الرَّجُلَ يَنْظُرُ إِلَيْهِ فَقَالَ لَهُ أَبَانُ: مَا تَنْظُرُ إِلَيَّ؟ أَمَا إِنَّ الْحَدِيثَ كَمَا حَدَّثْتُكَ وَلَكِنِّي لَمْ أَقُلْهُ يَوْمَئِذٍ لِيُمْضِيَ اللَّهُ عَلَيَّ قَدَرَهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه وَأَبُو دَاوُد وَفِي رِوَايَته: «لَمْ تُصِبْهُ فُجَاءَةُ بَلَاءٍ حَتَّى يُصْبِحَ وَمَنْ

قَالَهَا حِينَ يُصْبِحُ لَمْ تُصِبْهُ فُجَاءَةُ بَلَاءٍ حَتَّى يُمسيَ»

2391. अबान बिन उस्मान बयान करते हैं, मेंने अपने वालिद उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स हर रोज़ सुबह व शाम तीन तीन मर्तबा यह दुआ पढ़े तो उसे कोई चीज़ तकलीफ नहीं पहुंचाएगी: “ए अल्लाह! के नाम के साथ जिस के नाम के साथ ज़मीन व आसमान की कोई चीज़ तकलीफ नहीं पहुंचा सकती और वह सुनने वाला जानने वाला है” अबान को लक़वा हो गया तो वह आदमी (जिस को उन्होंने हदीस सुनाई थी, ताज्जुब के साथ) उनकी तरफ देखने लगा तो अबान ने इसे कहा, तुम मेरी तरफ क्या देखते हो ? रही हदीस तो वह वैसे ही है जैसे मेंने तुम्हें बयान की है, लेकिन मेंने आज इसे पढ़ा नहीं, ताकि अल्लाह अपने तकदीर मुझ पर नाफ़िज़ कर सके और एक दूसरी रिवायत में है: “इसे सुबह होने तक कोई नागहानी आफत नहीं आएगी और जो शख़्स सुबह के वक़्त इसे पढ़े तो शाम होने तक इसे कोई नागहानी आफत नहीं आएगी”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3388 و قال : حسن غریب صحیح) و ابن ماجه (3869) و ابوداؤد (5088)

٢٣٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ إِذَا أَمْسَى: «أَمْسَيْنَا وَأَمْسَى الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ رَبِّ أَسْأَلُكَ خَيْرَ مَا فِي هَذِهِ اللَّيْلَةِ وَخَيْرَ مَا بَعْدَهَا وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا فِي هَذِهِ اللَّيْلَةِ وَشَرِّ مَا بَعْدَهَا رَبِّ أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْكَسَلِ وَمِنْ سُوءِ الْكِبَرِ أَوِ الْكُفْرِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مِنْ سُوءِ الْكِبَرِ وَالْكِبْرِ رَبِّ أَعُوذُ بِكَ مِنْ عَذَابٍ فِي النَّارِ وَعَذَابٍ فِي الْقَبْرِ» . وَإِذَا أَصْبَحَ قَالَ ذَلِكَ أَيْضًا: «أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَتِهِ لم يذكر: «من سوءِ الكفرِ»

2392. अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब शाम करते तो यह दुआ पढ़ा करते थे: “हमने और अल्लाह के मुल्क ने शाम की, हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, उस के लिए बादशाहत है, इसी के लिए हम्द है और वह हर चीज़ पर कादिर है, मेरे रब! में इस रात की बेहतरी और उस के बाद आने वाली रातों की बेहतरी का सवाल करता हूँ और इस रात के शर से और उस के बाद आने वाली रातों के शर से तेरी पनाह चाहता हूँ, मेरे रब! में काहली सुस्ती, बुढ़ापे की खराबी या कुफ्र की खराबी से तेरी पनाह चाहता हूँ”, एक और दूसरी रिवायत में है: “मैं बुढ़ापे और तकब्बुर की खराबी से, मेरे रब! में आग के अज़ाब से तेरी पनाह चाहता हूँ”, और जब आप सुबह करते तो भी ऐसे ही दुआ करते थे: “हमने और अल्लाह के मुल्क ने सुबह की”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और उनकी रिवायत में: “कुफ्र की खराबी से”, के अल्फाज़ मजकूर नहीं| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5071) و الترمذی (3390 و قال : حسن صحیح) [و مسلم 74 / 2723، (6907)]

٢٣٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بَعْضِ بَنَاتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُعَلِّمُهَا فَيَقُولُ: " قُولِي حِينَ تُصْبِحِينَ: سُبْحَانَ اللَّهِ وَبِحَمْدِهِ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ مَا شَاءَ اللَّهُ كَانَ وَمَا لَمْ يَشَأْ لَمْ يَكُنْ أَعْلَمُ أَنَّ اللَّهَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ وَأَنَّ اللَّهَ [ص:٧٤ قَدْ أَحَاطَ بِكُلِّ شَيْءٍ عِلْمًا فَإِنَّهُ مَنْ قَالَهَا حِينَ يُصْبِحُ حُفِظَ حَتَّى يُمْسِيَ وَمَنْ قَالَهَا حِينَ يُمْسِي حُفِظَ حَتَّى يصبح ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2393. नबी ﷺ की किसी लख्ते जिगर से रिवायत है के नबी ﷺ उन्हें दुआ सिखाया करते थे, आप फरमाते: “जब तुम सुबह करो तो यह दुआ पढ़ो, पाक है अल्लाह अपने हम्द के साथ, सारे काम अल्लाह की तौफिक से होते हैं, जो अल्लाह चाहे वह होता है, और जो न चाहे नहीं होता, मैं जानता हूँ कि अल्लाह हर चीज़ पर कादिर है, और बेशक अल्लाह ने इल्म के ज़रिए हर चिज़ का अहाता कर रखा है”, जो शख़्स सुबह के वक़्त यह कलिमात कहे तो वह शाम तक महफ़ूज़ रहता है और जो शख़्स शाम के वक़्त यह कलिमात कहे तो वह सुबह होने तक महफ़ूज़ रहता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5075) * سالم الفراء و عبد الحميد مولى بنى هاشم : مستوران لم يو ثقهما غير ابن حبان

٢٣٩٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَالَ حِينَ يُصْبِحُ: (فَسُبْحَانَ اللَّهِ حِينَ تُمْسُونَ وَحِينَ تُصْبِحُونَ ولهُ الحمدُ فِي السمواتِ والأرضِ وعشيّاً وحينَ تُظهرون)»» إِلى قَوْله: (وَكَذَلِكَ تُخْرَجونَ)»» أَدْرَكَ مَا فَاتَهُ فِي يَوْمِهِ ذَلِكَ وَمَنْ قَالَهُنَّ حِينَ يُمْسِي أَدْرَكَ مَا فَاتَهُ فِي ليلتِهِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2394. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स सुबह के वक़्त यह आयात पढ़े (الروم /30] (وَكَذَالِكَ تُخْرَجُوْنَ .... فَسُبْحَانَ اللهِ 17 19] ’’ पस तुम अल्लाह की तस्बीह बयान करो, जब शाम हो और जिस वक़्त सुबह हो और आसमानों और ज़मीन में उस की हम्द है, और इस की तस्बीह करो तीसरे पहर भी और जब दो पहर हो वह जानदार को बेजान से निकालता है, और बेजान को जानदार से बाहर लाता है, और ज़मीन को उस के मुर्दा और खुश्क हो जाने के बाद जिंदा कर देता है, और इसी तरह तुम भी इसी की तरफ निकाले जाओगे”, तो इस रोज़ जो उन से नेक अमल छुट गया होगा वह उन कलिमात के कहने से पा लेगा और जो शख़्स यह कलिमात शाम के वक़्त कहेगा तो उन से जो अमल इस रात में रह जाएगा तो वह उन कलिमात के ज़रिए उनका तदराक कर लेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5076) * سعيد بن بشير النجارى : مجهول ، و محمد بن عبد الرحمن بن البيلمانى : ضعيف

٢٣٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي عَيَّاشٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ قَالَ إِذَا أَصْبَحَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ كَانَ لَهُ عَدْلُ رَقَبَةٍ مِنْ وَلَدِ إِسْمَاعِيلَ وَكُتِبَ لَهُ عَشْرُ حَسَنَاتٍ وَحَطَّ عَنْهُ عَشْرَ سَيِّئَاتٍ وَرفع عَشْرُ دَرَجَاتٍ وَكَانَ فِي حِرْزٍ مِنَ الشَّيْطَانِ حَتَّى يُمْسِيَ وَإِنْ قَالَهَا إِذَا أَمْسَى كَانَ لهُ مثلُ ذَلِك حَتَّى يُصبحَ ". قَالَ حَمَّاد بن سَلمَة: فَرَأَى رَجُلٌ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيمَا يَرَى النَّائِمُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَبَا عَيَّاشٍ يُحَدِّثُ عَنْكَ بِكَذَا وَكَذَا قَالَ: «صَدَقَ أَبُو عَيَّاشٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2395. अबू अय्याश रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स सुबह के वक़्त यह दुआ पढ़ता है “ए अल्लाह! के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत है, इसी के लिए हर किस्म की हम्द है और वह हर चीज़ पर कादिर है”, उस के लिए औलाद ए इस्माइल से दस गुलाम आज़ाद करने के बराबर सवाब है, उस के लिए दस नेकियाँ लिखी जाती है, उन से दस गुनाह मिटा दिए जाते हैं, उस के दस दरजात बुलंद कर दिए जाते हैं और पूरा दिन शाम होने तक उस के लिए शैतान से बचाव और ताहिफ्ज़ हो जाता है, और अगर वह उन्हें शाम के वक़्त पढ़े तो भी उस के लिए इतना ही अज़र है हत्ता कि वह सुबह करे”, किसी आदमी

ने रसूलुल्लाह ﷺ को ख्वाब में देखा तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अबू अय्याश आप से इस तरह हदीस बयान करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अबू अय्याश ने सच कहा"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5077) و ابن ماجه (3867)

٢٣٩٦ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْحَارِثِ بْنِ مُسْلِمٍ التَّمِيمِيِّ عَنْ أَبِيهِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ أَسَرَّ إِلَيْهِ فَقَالَ: «إِذَا انْصَرَفْتَ مِنْ صَلَاةِ الْمَغْرِبِ فَقُلْ قَبْلَ أَنْ تُكَلِّمَ أَحَدًا اللَّهُمَّ أَجِرْنِي مِنَ النَّارِ سَبْعَ مَرَّاتٍ فَإِنَّكَ إِذَا قُلْتَ ذَلِكَ ثُمَّ مِتَّ فِي لَيْلَتِكَ كُتِبَ لَكَ جَوَازٌ مِنْهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2396. हारिस बिन मुस्लिम तमीमी अपने वालिद से और वह रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने आहिस्तगी से उन से फ़रमाया: "जब तुम नमाज़ ए मग़रिब से फारिग़ हो जाओ तो किसी से बात करने से पहले सात मर्तबा यह दुआ पढ़ो: "ए अल्लाह! मुझे आग से बचा ले", अगर तुमने यह दुआ पढ़ ली और इसी रात फौत हो जाओ तो तुम्हारे लिए इस (आग) से खलासी लिख दी जाएगी, और जब तुम नमाज़ सुबह पढ़ो तो इसी तरह कहो, अगर तुम इसी दिन फौत हो गई तो तुम्हारे लिए इस (आग) से खलासी लिख दी जाएगी"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (5079 5080) * الحارث بن مسلم : حسن الحديث على الراجع و ما قيل فى جهالته فليس بجيد

٢٣٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: لَمْ يَكُنْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدَعُ هَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ حِينَ يُمْسِي وَحِينَ يُصْبِحُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْعَافِيَةَ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ فِي دِينِي وَدُنْيَايَ وَأَهْلِي وَمَالِي اللَّهُمَّ اسْتُرْ عَوْرَاتِي وَآمِنْ رَوْعَاتِي اللَّهُمَّ احْفَظْنِي مِنْ بَيْنِ يَدِي وَمِنْ خَلْفِي وَعَنْ يَمِينِي وَعَنْ شِمَالِي وَمِنْ فَوْقِي وَأَعُوذُ بِعَظَمَتِكَ أَن أُغتالَ من تحتي» . قَالَ وَكِيع يَعْنِي الْخَسْف رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2397. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ सुबह व शाम यह कलिमात ज़रूर पढ़ा करते थे: "ए अल्लाह! मैं तुझ से दुनिया व आखिरत में आफियत की दरख्वास्त करता हूँ, ऐ अल्लाह! में तुझ से अपने दिन अपने दुनिया और अपने अहल व अयाल और माल में मुआफी और आफियत की दरख्वास्त करता हूँ, ऐ अल्लाह! मेरी परदे वाली बातों पर परदा डाल और मेरे खौफ व हरास को अमन में बदल दे, ऐ अल्लाह! तो मेरे सामने से मेरे पीछे से मेरे दाए से मेरे बाए से और मेरे ऊपर से मेरी हिफाज़त फरमा और मैं इस बात से की मैं नागहान अपने निचे से हलाक किया जाऊं, तेरी पनाह चाहता हूँ '' (वकीअ ने कहा) यानी ज़मीन में धंसाया जाऊ| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (5074) [و ابن ماجه (3871) و النسائى (8 / 282 ح 5531 ، 5532 مختصرًا) و صححه ابن حبان (2356) و الحاكم (1 / 517 518) و وافقه الذهبى]

٢٣٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَالَ حِينَ يُصْبِحُ: اللَّهُمَّ أَصْبَحْنَا نُشْهِدُكَ وَنُشْهِدُ حَمَلَةَ عَرْشِكَ وَمَلَائِكَتَكَ وَجَمِيعَ خَلْقِكَ أَنَّكَ أَنْتَ اللَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ وَحْدَكَ لَا شَرِيكَ لَكَ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُكَ وَرَسُولُكَ إِلَّا

غَفَرَ اللَّهُ لَهُ مَا أَصَابَهُ فِي يَوْمِهِ ذَلِكَ مِنْ ذَنْبٍ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

2398. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स सुबह के वक़्त यह दुआ पढ़ता है ’’ अल्लाह हमने सुबह की, हम तुझे, तेरे अर्श को उठाने वाले फरिश्तो, तेरे बाकी फरिश्तो और तेरी तमाम मखलूक को गवाह बना कर कहते हैं के तू अल्लाह है, तेरे सिवा कोई माबूद नहीं, तू यकता है, तेरा कोई शरीक नहीं, और बेशक मुहम्मद (ﷺ तेरे बन्दे और तेरे रसूल है”, तो इस रोज़ उस से जो गुनाह सरज़द होगा तो अल्लाह इसे मुआफ़ फरमादेगा और अगर वह यह कलिमात शाम के वक़्त पढ़ेगा तो इस रात उस से जो गुनाह सरज़द होगा, अल्लाह इसे मुआफ़ फरमादेगा”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3501) و ابوداؤد (5078)

٢٣٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ عَبْدٍ مُسْلِمٍ يَقُولُ إِذَا أَمْسَى وَإِذَا أَصْبَحَ ثَلَاثًا رَضِيتُ بِاللَّهِ رَبًّا وَبِالْإِسْلَامِ دِينًا [ص:٧٤ وَبِمُحَمَّدٍ نَبِيًّا إِلَّا كَانَ حَقًّا عَلَى اللَّهِ أَنْ يُرْضِيَهُ يَوْمَ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

2399. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब कोई मुसलमान आदमी सुबह व शाम तीन मर्तबा कहता है “मैं अल्लाह के रब होने पर, इस्लाम के दीन होने पर और मुहम्मद (ﷺ के नबी होने पर राज़ी हूँ” तो फिर अल्लाह पर हक़ है के वह रोज़ ए क़यामत इस (शख्स) को राज़ी करे”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (لم اجدہ) و الترمذی (3389 و قال : حسن غریب) و له شاھد عند ابی داود (5072) و ابن ماجه (3870) و غیرھما

٢٤٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حُذَيْفَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَنَامَ وَضَعَ يَدَهُ تَحْتَ رَأْسِهِ ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ قِنِي عَذَابَكَ يَوْمَ تَجْمَعُ عِبَادَكَ أَوْ تَبْعَثُ عِبَادَكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2400. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब सोने का इरादा फरमाते, तो आप अपने सर के निचे हाथ रख कर यह दुआ पढ़ा करते थे: “ए अल्लाह! जिस रोज़ तू अपने बंदो को जमा करे यह तो अपने बंदो को (क़ब्रो से) उठाए तो मुझे अपने अज़ाब से बचाना”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (3398 و قال : حسن صحیح)

٢٤٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمد عَن الْبَراء

2401. और इमाम अहमद रहीमा उल्लाह ने बराअ रदी अल्लाहु अन्हु से इसे रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (4 / 281 ح 18664 مختصرًا) و الحدیث السابق (2400) شاھد له

٢٤٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حَفصةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَرْقُدَ وَضَعَ يَدَهُ الْيُمْنَى تَحْتَ خَدِّهِ ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ قِنِي عَذَابَكَ يَوْمَ تَبْعَثُ عِبَادَكَ» . ثَلَاثَ مَرَّاتٍ رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2402. हफ्सा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब सोने का इरादा फरमाते, तो आप अपना दायां हाथ अपने रुखसार के नीचे रखते और तीन बार यह दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! तू जिस रोज़ अपने बंदो को उठाएगा इस रोज़ मुझे अपने अज़ाब से बचाना”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5045)

٢٤٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ عِنْدَ مَضْجَعِهِ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِوَجْهِكَ الْكَرِيمِ وَكَلِمَاتِكَ التَّامَّاتِ مِنْ شَرِّ مَا أَنْتَ آخِذٌ بناصيتهِ اللهُمَّ أَنْت تكشِفُ المغرمَ والمأْثمَ اللهُمَّ لَا يُهْزَمُ جُنْدُكَ وَلَا يُخْلَفُ وَعْدُكَ وَلَا يَنْفَعُ ذَا الْجَدِّ مِنْكَ الْجَدُّ سُبْحَانَكَ وَبِحَمْدِكَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2403. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ लेटते वक़्त यह दुआ पढ़ा करते थे: “ए अल्लाह! में तेरे इज्ज़त वाले चेहरे और तेरे कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए हर इस चीज़ के शर से जिस की पेशानी तूने थाम रखी है, पनाह चाहता हूँ, ऐ अल्लाह! तू ही क़र्ज़ और गुनाह दूर करने वाला है, अल्लाह तेरे लश्कर को शिकश्त नहीं की जा सकती, तेरा वादा खिलाफ नहीं होता किसी तवंगर शख़्स की तवंगरी तेरे वहां काम नहीं आ सकती, तू ही अपने हम्द के साथ पाक है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5052) * ابو اسحاق مدلس و عنعن

٢٤٠٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَالَ حِينَ يَأْوِي إِلَى فِرَاشِهِ: أَسْتَغْفِرُ اللَّهَ الَّذِي لَا إِله إِلا هوَ الحيَّ القيومَ وأتوبُ إِليهِ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ غَفَرَ اللَّهُ لَهُ ذُنُوبَهُ وَإِنْ كَانَتْ مِثْلَ زَبَدِ الْبَحْرِ أَوْ عَدَدَ رَمْلِ عَالَجٍ أَوْ عَدَدَ وَرَقِ الشَّجَرِ أَوْ عَدَدَ أَيَّامِ الدُّنْيَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2404. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स अपने बिस्तर पर आए और तीन मर्तबा यह दुआ पढ़े, “मैं अल्लाह से मगफिरत तलब करता हूँ, जिस के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह जिंदा काइम रखने वाला है और मैं इसी के हुज़ूर तौबा करता हूँ”, तो अल्लाह उस के गुनाह मुआफ़ कर देता है, ख्वाँ वह समुन्दर की झाग के बराबर हो, या वादी आलज रेत के जर्रात की तादाद या दरख्तों के पत्तो, या दुनिया के अय्याम के बराबर हो”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3397) * عطیة العوفی : ضعیف مدلس

٢٤٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَا من مُسْلِمٍ يَأْخُذُ مَضْجَعَهُ بِقِرَاءَةِ سُورَةٍ مِنْ كِتَابِ اللَّهِ إِلَّا وَكَّلَ اللَّهُ بِهِ مَلَكًا فَلَا يَقْرَبُهُ شَيْءٌ يُؤْذِيهِ حَتَّى يَهُبَّ مَتَى هَبَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2405. शद्दाद बिन अवसी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब कोई मुसलमान लेटते वक़्त कुरान मजीद की कोई सूरत तिलावत करता है, तो अल्लाह उस पर एक फ़रिश्ता मामूर फरमा देंता है, तो फिर उस के बेदार होने तक कोई मुज़ी चीज़ उस के करीब नहीं जाती”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3407 ب) * فيه رجل من بنى حنظلة : لم اعرفه

٢٤٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَلَّتَانِ لَا يُحْصِيهِمَا رَجُلٌ مُسْلِمٌ إِلَّا دَخَلَ الْجَنَّةَ أَلَا وَهُمَا يَسِيرٌ وَمَنْ يَعْمَلُ بِهِمَا قَلِيلٌ يُسَبِّحُ اللَّهَ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ عَشْرًا وَيَحْمَدُهُ عَشْرًا ويكبِّرهُ عَشراً» قَالَ: فَأَنَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْقِدُهَا بِيَدِهِ قَالَ: «فَتِلْكَ خَمْسُونَ وَمِائَةٌ فِي اللِّسَان وَأَلْفٌ وَخَمْسُمِائَةٍ فِي الْمِيزَانِ وَإِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ يُسَبِّحُهُ وَيُكَبِّرُهُ وَيَحْمَدُهُ مِائَةً فَتِلْكَ مِائَةٌ بِاللِّسَانِ وَأَلْفٌ فِي الْمِيزَانِ فَأَيُّكُمْ يَعْمَلُ فِي الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ أَلْفَيْنِ وَخَمْسَمِائَةِ سَيِّئَةٍ؟» قَالُوا: وَكَيْفَ لَا نُحْصِيهَا؟ قَالَ: " يَأْتِي أَحَدَكُمُ الشَّيْطَانُ وَهُوَ فِي صِلَاتِهِ فَيَقُولُ: اذْكُرْ كَذَا اذْكُرْ كَذَا حَتَّى يَنْفَتِلَ فَلَعَلَّهُ أَنْ لَا يَفْعَلَ وَيَأْتِيهِ فِي مَضْجَعِهِ فَلَا يَزَالُ يُنَوِّمُهُ حَتَّى يَنَامَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ [ص:٧٤»» وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ قَالَ: «خَصْلَتَانِ أَوْ خَلَّتَانِ لَا يُحَافِظُ عَلَيْهِمَا عَبْدٌ مُسْلِمٌ» . وَكَذَا فِي رِوَايَتِهِ بَعْدَ قَوْلِهِ: «وَأَلْفٌ وَخَمْسُمِائَةٍ فِي الْمِيزَانِ» قَالَ: «وَيُكَبِّرُ أَرْبَعًا وَثَلَاثِينَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ» وَيَحْمَدُ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَيُسَبِّحُ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ ". وَفِي أَكْثَرِ نُسَخِ المصابيح عَن: عبد الله بن عمر

2406. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ दो खसलते ऐसी है की जो कोई मुसलमान उनकी हिफाज़त करता है वह जन्नत में दाखिल होगा सुन लो! वह बहोत आसान है, लेकिन उन्हें बजा लाने वाले मुख़्तसर है, हर नमाज़ के बाद दस मर्तबा (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहना, दस मर्तबा (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह कहना और दस मर्तबा (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहना”, रावी बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप अपने हाथ से उनकी गिरह लगा रहे थे, फ़रमाया: “ये (पांचो नमाज़ो में) ज़ुबान पर एक सौ पचास है, जबके मीज़ान में पन्द्रह सौ है, और जब वह लेटते वक़्त (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह, (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर और (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह की सौ मर्तबा गिनती करे तो यह ज़ुबान पर सौ है जबकि तराज़ू में हज़ार, तुम में से रोज़ाना अढ़ाई हज़ार गुनाह कौन करता है ?” सहाबा ने अर्ज़ किया, हम उन (दो खस्लतो) की कैसे हिफाज़त नहीं करेंगे ? फ़रमाया: “तुम में से कोई नमाज़ में होता है, शैतान उस के पास आता है तो कहता है, फलां चीज़ याद करो, फलां चीज़ याद करो, हत्ता कि वह शख़्स नमाज़ से फारिग़ हो जाता है, शायद के वह ऐसे न कर सके और वह उस के लेटने के वक़्त भी उस के पास आता है और वह इसे सुलाता रहता है, हत्ता कि वह सो जाता है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “दो खसलते ऐसी है जिन की मुसलमान बंदा हिफाज़त नहीं करता”, और इसी तरह उस की रिवायत में है: “मीज़ान में पन्द्रह सौ है ‘‘ कहने के बाद फ़रमाया जब वह अपने बिस्तर पर आए तो वह चोंतिस मर्तबा (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहता है ? तेतीस मर्तबा (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह कहता है और तेतीस मर्तबा (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहता है ‘‘ और मसाबिह के अक्सर नुस्खो में अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरवी है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2410 و قال : حسن صحيح) و ابوداؤد (5065) و النسائى (3 / 74 ح 1349) و ذكره البغوى فى مصابيح السنة (2 / 192 ح 1728)

٢٤٠٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ غَنَّامٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " من قَالَ حِينَ يُصْبِحُ: اللَّهُمَّ مَا أَصْبَحَ بِي مِنْ نِعْمَةٍ أَوْ بِأَحَدٍ مِنْ خَلْقِكَ فَمِنْكَ وَحْدَكَ لَا شَرِيكَ لَكَ فَلَكَ الْحَمْدُ وَلَكَ الشُّكْرُ فَقَدْ أَدَّى شُكْرَ يَوْمِهِ وَمَنْ قَالَ مِثْلَ ذَلِكَ حِينَ يُمْسِي فَقَدْ أَدَّى شُكْرَ لَيْلَتِه ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2407. अब्दुल्लाह बिन गन्नाम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स सुबह के वक़्त यह दुआ करता है: “ए अल्लाह! जो नेअमत मुझे या तेरी मखलूक में से किसी को मिली है वह सिर्फ तुझ अकेले ही की तरफ से मिली है, तेरा कोई शरीक नहीं, हर किस्म की तारीफ़ और शुक्र तेरी ही लिए है”, वह शख़्स इस रोज़ का शुक्र अदा कर देता है, और जो शख़्स शाम के वक़्त हमें दुआ करता है तो वह इस शाम का शुक्र अदा कर देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5073) * عبدالله بن عنبسة : لم يو ثقه غير ابن حبان

٢٤٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ إِذَا أَوَى إِلَى فِرَاشِهِ: «اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ وَرَبَّ الْأَرْضِ وَرَبَّ كُلِّ شَيْءٍ فَالِقَ الْحَبِّ وَالنَّوَى مُنْزِلَ التوراةِ والإنجيل والقرآنِ أعوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ كُلِّ ذِي شَرٍّ أَنْتَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهِ أَنْتَ الْأَوَّلُ فَلَيْسَ قَبْلَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْآخِرُ فَلَيْسَ بَعْدَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الظَّاهِرُ فَلَيْسَ فَوْقَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْبَاطِنُ فَلَيْسَ دُونَكَ شَيْءٌ اقْضِ عَنِّي الدَّيْنَ وَاغْنِنِي مِنَ الْفَقْرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَاهُ مُسلم مَعَ اخْتِلَاف يسير

2408. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की जब आप अपने बिस्तर पर तशरीफ़ लाते तो आप यह दुआ पढ़ा करते थे : (اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ وَرَبَّ الْأَرْضِ وَرَبَّ كُلِّ شَيْءٍ فَالِقَ الْحَبِّ وَالنَّوَى مُنْزِلَ التوراةِ والإنجيل والقرآنِ أعوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ كُلِّ ذِي شَرٍّ أَنْتَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهِ أَنْتَ الْأَوَّلُ فَلَيْسَ قَبْلَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْآخِرُ فَلَيْسَ بَعْدَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الظَّاهِرُ فَلَيْسَ فَوْقَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْبَاطِنُ فَلَيْسَ دُونَكَ شَيْءٌ اقْضِ عَنِّي الدَّيْنَ وَاغْنِنِي مِنَ الْفَقْرِ) “ए अल्लाह! ज़मीन व आसमान के रब! और हर चीज़ के रब! दाने और गुठली को फाड़ने वाले! तौरात, इन्जील और कुरान नाज़िल करने वाले! में हर शर वाली चीज़ के शर से जिस की तू पेशानी पकड़े हुए हैं पनाह चाहता हूँ, तू ही अव्वल है तुझ से पहले कोई चीज़ नहीं, तू ही आख़िर है तेरे बाद कोई चीज़ नहीं, तू ही ग़ालिब है तेरे ऊपर कोई चीज़ नहीं,तू ही बातिन है और तुझ से कोई चीज़ पोशीदा नहीं, मुझ से क़र्ज़ दूर कर दे और मुझे फकीरी से गनी कर दे”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम मुस्लिम ने थोड़े से इख्तिलाफ के साथ रिवायत किया है| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5051) و الترمذى (3400 و قال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3873) و مسلم (61 / 2713)، (6889)

٢٤٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي الْأَزْهَر الأيماري أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ مِنَ اللَّيْلِ قَالَ: «بسمِ اللَّهِ وضعْتُ جَنْبي للَّهِ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي ذَنْبِي [ص:٧٤ وَاخْسَأْ شَيْطَانِي وَفُكَّ رِهَانِي وَاجْعَلْنِي فِي النَّدِيِّ الْأَعْلَى» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2409. अबू अज़हर अन्मारी रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं रसूलुल्लाह ﷺ जब अपने बिस्तर पर लेट जाते तो यह दुआ पढ़ते थे: “ए अल्लाह! के नाम के साथ मैंने अपना पहलू अल्लाह के लिए (बिस्तर पर) लगाया, ऐ अल्लाह! मेरे

गुनाह मुआफ़ कर दे, मेरे शैतान को ज़लील कर दे, मुझे तमाम हुकुक से आज़ाद कर दे और मुझे मजलिस आअला में शामिल फरमा”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (5054) [و صححه الحاكم (1 / 540) و وافقه الذهبى]

٢٤١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ مِنَ اللَّيْلِ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي كَفَانِي وَآوَانِي وَأَطْعَمَنِي وَسَقَانِي وَالَّذِي مَنَّ عَلَيَّ فَأَفْضَلَ وَالَّذِي أَعْطَانِي فَأَجْزَلَ الْحَمْدُ لِلَّهِ عَلَى كُلِّ حَالٍ اللَّهُمَّ رَبَّ كُلِّ شَيْءٍ وَمَلِيكَهُ وَإِلَهَ كُلِّ شَيْءٍ أَعُوذُ بِكَ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2410. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब अपने बिस्तर पर तशरीफ़ लाते तो यह दुआ पढ़ते: “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने मुझे किफ़ायत किया, मुझे ठिकाना अता किया, मुझे खिलाया पिलाया, जिस ने मुझ पर अनगिनत इनाम व इहसान किया, जिस ने मुझे अता फ़रमाया तो बहोत अता फ़रमाया, हर हाल में अल्लाह का शुक्र है, अल्लाह हर चीज़ के रब और उस के मालिक, बादशाह और हर चीज़ के माबूद में जहन्नम से तेरी पनाह चाहता हूँ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5058)

٢٤١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: شَكَا خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ يَا رَسُول الله مَا أَنَام من اللَّيْلَ مِنَ الْأَرَقِ فَقَالَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَوَيْتَ إِلَى فِرَاشِكَ فَقُلْ: اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ السَّبْعِ وَمَا أَظَلَّتْ وَرَبَّ الْأَرَضِينَ وَمَا أَقَلَّتْ وَرَبَّ الشَّيَاطِينِ وَمَا أَضَلَّتْ كُنْ لِي جَارًا مِنْ شَرِّ خَلْقِكَ كُلِّهِمْ جَمِيعًا أَنْ يَفْرُطَ عَلَيَّ أَحَدٌ مِنْهُمْ أَوْ أَنْ يَبْغِيَ عَزَّ جَارُكَ وَجَلَّ ثَنَاؤُكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ لَيْسَ إِسْنَادُهُ بِالْقَوِيّ والحكَمُ بن ظُهيرٍ الرَّاوِي قد ترَكَ حديثَهُ بعضُ أهل الحَدِيث

2411. बुरैदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से शिकायत करते हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में बेख्वाबी की वजह से पूरी रात नहीं सोता, नबी ﷺ ने फ़रमाया: ’’ जब तुम अपने बिस्तर पर आओ तो यह दुआ पढ़ो: “ए अल्लाह! सातों आसमानों और जिन चीजों पर उन्होंने साया किया है उन के रब! ज़मीनों और जिन चीजों को उन्होंने उठा रखा है इन के रब! शैतान और जिन को उन्होंने गुमराह किया है उन के रब! अपने सारी मखलूक के शर से, यह कि उन में से कोई मुझ पर ज़्यादती करे, मुझे पनाह देने वाला हो जा, तुझ से पनाह लेने वाला ग़ालिब आता है, तेरी सना व तारीफ़ बहोत ज़्यादा हैं, और तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया इस रिवायत की इसनाद क़वी नहीं, हुक्म बिन ज़ुहरी रावी की अहादीस को बाज़ मुहद्दीसिन ने तर्क किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (3523) * الحكم بن ظهير : رمى بالرفض و اتهمه ابن معين

सुबह व शाम और सोते वक़्त के अज्कार का बयान

بَابُ مَا يَقُولُ عِنْدَ الصَّبَاحِ وَالْمَسَاءِ وَالْمَنَامِ •

तीसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّالِث •

٢٤١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبِي مَالِكٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا أَصْبَحَ أَحَدُكُمْ فَلْيَقُلْ: أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ خَيْرَ هَذَا الْيَوْمِ فَتْحَهُ وَنَصْرَهُ وَنُورَهُ وَبَرَكَتَهُ وَهُدَاهُ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا فِيهِ وَمِنْ شَرِّ مَا بَعْدَهُ ثُمَّ إِذَا أَمْسَى فَلْيَقُلْ مِثْلَ ذَلِكَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2412. अबू मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जब तुम में से कोई सुबह करे तो यह दुआ करे: “हमने और तमाम जहानों के परवरदिगार के मुल्क ने सुबह की, ऐ अल्लाह! में तु इसे इस दीन की फतह व नुसरत, उस की रोशनी व बरकत और उस की हिदायत का सवाल करता हूँ और इस दिन के और उस के बाद वाले दिनों के शर से तेरी पनाह चाहता हूँ”, फिर जब शाम करे तो भी इसी तरह दुआ पढ़े”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5084) * شریح بن عبید عن ابی مالک الاشعری : مرسل ، قاله ابو حاتم الرازی (المراسیل ص 90)

٢٤١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: قُلْتُ لِأَبِي: يَا أَبَتِ أَسْمَعُكَ تَقُولُ كُلَّ غَدَاةٍ: «اللَّهُمَّ عَافِنِي فِي بَدَنِي اللَّهُمَّ عَافِنِي فِي سَمْعِي اللَّهُمَّ عَافِنِي فِي بَصَرِي لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ» تُكَرِّرُهَا ثَلَاثًا حِينَ تُصْبِحُ وَثَلَاثًا حِين تمسي فَقَالَ: يَا بُنَيَّ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدْعُو بِهِنَّ فَأَنَا أُحِبُّ أَنْ أستن بسنته. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2413. अब्दुल रहमान बिन अबू बकरह बयान करते हैं, मेंने अपने वालिद से कहा अब्बा जान में आप को हर रोज़ यह दुआ पढ़ते हुए सुनता हूँ: “ए अल्लाह! मुझे मेरे बदन में आफियत दे, ऐ अल्लाह! मुझे मेरे कानो में आफियत दे, ऐ अल्लाह! मुझे मेरी आंखो में आफियत दे, तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं”, आप सुबह व शाम तीन तीन मर्तबा उन्हें पढ़ते है, तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को उन कलिमात के ज़रिए दुआ करते हुए सुना है, लिहाज़ा में आप ﷺ की सुन्नत की इत्तेदा करना चाहता हूँ| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5090) * جعفر بن میمون : ضعیف ، ضعفه الجمهور

٢٤١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدُ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَصْبَحَ قَالَ: «أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَالْكِبْرِيَاءُ وَالْعَظَمَةُ لِلَّهِ وَالْخَلْقُ وَالْأَمْرُ وَاللَّيْلُ وَالنَّهَارُ وَمَا سَكَنَ فِيهِمَا لِلَّهِ اللَّهُمَّ اجْعَلْ أَوَّلَ هَذَا النَّهَارِ صَلَاحًا وَأَوْسَطَهُ نَجَاحًا وَآخِرَهُ فَلَاحًا يَا أَرْحَمَ الرَّاحِمِينَ» . ذَكَرَهُ النَّوَوِيُّ فِي كِتَابِ الْأَذْكَارِ بِرِوَايَةِ ابْنِ السّني

2414. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सुबह करते तो यह दुआ पढ़ा करते थे: “हमने और अल्लाह के मुल्क ने सुबह की, हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, किब्रियाई व अज़मत

अल्लाह के लिए है, खल्क व अम्र, लैल व निहार और जो चीज़े उन में है, अल्लाह के लिए है, ऐ अल्लाह! इस दिन के अव्वल हिस्से को सलाह बना दे, उस के बिच को नजाह और आख़िर को फलाह बना दे, ए सबसे ज़्यादा रहम करने वाले", इमाम नववी ने इब्ने अल सुन्नी की रिवायत से इसे किताबुल अज़कार में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، ذكر النووى فى الاذكار (ص77 و بتحقيق الشيخ سليم الهلالى حفظه الله 1 / 211 212 ح 221) و رواه ابن السنى فى عمل اليوم و الليلة (38) * فيه فايد ابو الورقاء وهو متروك متهم

٢٤١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبْزَى قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ إِذَا [ص:٧٤ أَصْبَحَ: «أَصْبَحْنَا عَلَى فِطْرَةِ الْإِسْلَامِ وَكَلِمَةِ الْإِخْلَاصِ وَعَلَى دِينِ نَبِيِّنَا مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَى مِلَّةِ أَبِينَا إِبْرَاهِيمَ حَنِيفًا وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالدَّارِمِيُّ

2415. अब्दुल रहमान बिन अब्ज़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब सुबह करते तो यह दुआ किया करते थे: "हमने फितरते इस्लाम, कलिमा ए इखलास, अपने नबी मुहम्मद ﷺ के दीन और अपने बाप इब्राहीम जो के यक्सू थे, मुशरिकीन में से नहीं थे की मिल्लत पर सुबह की"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 406 ح 15434 و سنده حسن) و الدارمى (2 / 292 ح 2692 فى سنده تدليس)

بَاب الدَّعْوَات فِي الْأَوْقَاف • मुख्तलिफ अवकात के वक़्त की दुआओं का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٤١٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَوْ أَنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَأْتِيَ أَهْلَهُ قَالَ: بِسْمِ اللَّهِ اللَّهُمَّ جَنِّبْنَا الشَّيْطَانَ وَجَنِّبِ الشَّيْطَانَ مَا رَزَقْتَنَا فَإِنَّهُ إِنْ يُقَدَّرْ بَيْنَهُمَا وَلَدٌ فِي ذَلِكَ لَمْ يَضُرَّهُ شَيْطَانٌ أَبَدًا "

2416. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' अगर तुम में से कोई शख़्स अपनी अहलिया से जिमाअ करने से पहले यह दुआ पढ़ ले: "ए अल्लाह! के नाम के साथ ऐ अल्लाह! हमें और जो (औलाद) तू हमें अता फरमाए इसे शैतान से बचा", तो अगर इस वक़्त उन के लिए बच्चा मुकद्दर कर दिया गया तो शैतान इसे कभी नुक्सान नहीं पहुंचा सकता"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3271 ، 3283) و مسلم (116 / 1434)، (3533)

٢٤١٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ عِنْدَ الْكَرْبِ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ الْعَظِيمُ الْحَلِيمُ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ رَبُّ السَّمَاوَاتِ وَرَبُّ الْأَرْضِ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيمِ»

2417. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ कर जो तकलीफ के वक़्त यह दुआ पढ़ा करते थे: “ए अल्लाह! अज़ीम व हलिम के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, और अर्श ए अज़ीम के रब के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, आसमानों के ज़मीन के और अर्श ए करीम के रब के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6345) و مسلم (83 / 2730)، (6921)

٢٤١٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ صُرَدَ قَالَ: اسْتَبَّ رَجُلَانِ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ عِنْدَهُ جُلُوسٌ وَأَحَدُهُمَا يَسُبُّ صَاحِبَهُ مُغْضَبًا قَدِ احْمَرَّ وَجْهُهُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَأَعْلَمُ كَلِمَةً لَوْ قَالَهَا لَذَهَبَ عَنْهُ مَا يَجِدُ أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ» . فَقَالُوا لِلرَّجُلِ: لَا تَسْمَعُ مَا يَقُولُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: إِنِّي لستُ بمجنون

2475. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने चाँद की तरफ देखा तो फ़रमाया: "आयशा! उस के शर से अल्लाह की पनाह तलब करो क्योंकि हमें वह गासिक है जब बेनूर हो जाए"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3366 و قال : حسن صحيح) [و صححه الحاكم (2 / 540 541) و وافقه الذهبى]

٢٤٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمرانَ بنِ حُصينٍ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لأبي: «يَا حُصَيْن كم تعبد الْيَوْم إِلَهًا؟» قَالَ أَبِي: سَبْعَةً: سِتًّا فِي الْأَرْضِ وواحداً فِي السَّماءِ قَالَ: «فَأَيُّهُمْ تَعُدُّ لِرَغْبَتِكَ وَرَهْبَتِكَ؟» قَالَ: الَّذِي فِي السَّمَاءِ قَالَ: «يَا حُصَيْنُ أَمَا إِنَّكَ لَوْ أَسْلَمْتَ عَلَّمْتُكَ كَلِمَتَيْنِ تَنْفَعَانِكَ» قَالَ: فَلَمَّا أَسْلَمَ حُصينٌ [ص:٧٦ قَالَ: يَا رسولَ الله علِّمني الكلمتينِ اللَّتينِ وَعَدتنِي فَقَالَ: «قل اللَّهُمَّ أَلْهِمْنِي رُشْدِي وَأَعِذْنِي مِنْ شَرِّ نَفْسِي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2476. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मेरे वालिद से फ़रमाया: "हुसैन आज तुम कितने माबुदो की पूजा करते हो ?" मेरे वालिद ने कहा सात की, छे ज़मीन पर है और एक आसमान में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' तुम अपने नफा नुक्सान के लिए किसे खास करते हो ?" उस ने कहा जो आसमानों में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' हुसैन! सुन लो! अगर तुम इस्लाम कबूल कर लो तो मैं तुम्हें दो कलमे सिखाऊंगा जो तुम्हें फ़ायदा पहुंचाएंगे", रावी बयान करते हैं, जब हुसैन मुसलमान हो गए तो उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे वह दो कलमे सिखाईए जिन का आप ने मुझ से वादा किया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' कहो: "ए अल्लाह! मेरी भलाई मुझे इल्हाम फरमा दें, और मुझे मेरे नफ्स की खराबी से बचा ले"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3483 و قال : حسن غريب) * الحسن البصرى مدلس و عنعن

٢٤٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا فَزِعَ أَحَدُكُمْ فِي النَّوْمِ فَلْيَقُلْ: أَعُوذُ بِكَلِمَاتِ اللَّهِ التَّامَّاتِ مِنْ غَضَبِهِ وَعِقَابِهِ وَشَرِّ عِبَادِهِ وَمِنْ هَمَزَاتِ الشَّيَاطِينِ وَأَنْ يَحْضُرُونَ فَإِنَّهَا لَنْ تَضُرَّهُ «وَكَانَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عَمْرٍو يُعَلِّمُهَا مَنْ بَلَغَ مِنْ وَلَدِهِ وَمَنْ لَمْ يَبْلُغْ مِنْهُمْ كَتَبَهَا فِي صَكٍّ ثُمَّ عَلَّقَهَا فِي عُنُقِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيّ وَهَذَا لَفظه

2477. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जब तुम में से कोई शख़्स नींद में घबरा जाए तो वह यूँ कहे: "मैं अल्लाह के कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए, उस के गज़ब, उस के अकाब, उस के बंदो के शर और शैतान के वस्वसो से के वह मेरे पास आए, पनाह चाहता हूँ", वह वसवसे इसे हरगिज़ नुक्सान नहीं पहुँचाएंगे", अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा अपने बालिग़ बच्चो को यह कलिमात सिखाया करते थे और जो अभी बालिग़ नहीं हुए थे तो आप उन्हें कागज़ पर लिख कर उन के गले में डाल दिया करते थे| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और यह अल्फाज़ तिरमिज़ी के है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3893) و قال : حسن غریب) * محمد ابن اسحاق بن یسار مدلس و لم اجده تصریح سماعه

٢٤٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ سَأَلَ اللَّهَ الْجَنَّةَ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ قَالَتِ الْجَنَّةُ: اللَّهُمَّ أَدْخِلْهُ الْجَنَّةَ وَمَنِ اسْتَجَارَ مِنَ النَّارِ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ قَالَتِ النَّارُ: اللَّهُمَّ أَجِرْهُ مِنَ النَّارِ " رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

2478. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जो शख़्स तीन मर्तबा अल्लाह से जन्नत का सवाल करता है तो जन्नत कहती है, ऐ अल्लाह! इसे जन्नत में दाखिल फरमा, और जो शख़्स तीन मर्तबा जहन्नम से पनाह तलब करता है तो जहन्नम अर्ज़ करती है, अल्लाह इसे जहन्नम से बचा"| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2572) و النسائی (8 / 279 ح 5523)

बَاب الِاسْتِعَاذَة • पनाह मांगने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٤٧٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ الْقَعْقَاعِ: أَنَّ كَعْبَ الْأَحْبَارِ قَالَ: لَوْلَا كَلِمَاتٌ أَقُولُهُنَّ لَجَعَلَتْنِي يَهُودُ حِمَارًا فَقِيلَ لَهُ: مَا هُنَّ؟ قَالَ: أَعُوذُ بِوَجْهِ اللَّهِ الْعَظِيمِ الَّذِي لَيْسَ شَيْءٌ أَعْظَمَ مِنْهُ وَبِكَلِمَاتِ اللَّهِ التامَّاتِ الَّتِي لَا يُجاوزُهنَّ بَرٌّ وَلَا فاجرٌ وَبِأَسْمَاءِ اللَّهِ الْحُسْنَى مَا عَلِمْتُ مِنْهَا وَمَا لَمْ أَعْلَمْ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ وَذَرَأَ وبرأ. رَوَاهُ مَالك

2479. कअकाअ बयान करते हैं, काब अह्बार ने कहा: अगर में चंद कलिमात न कहूँ तो यहूदी (जादू के ज़रिए) मुझे गधा बना दे, उन से पूछा गया, वह कलिमात कौन से है ? उन्होंने कहा: मैं अल्लाह अज़ीम के चेहरे के ज़रिए पनाह हासिल करता हूँ जिस से बढ़कर कोई चीज़ नहीं, और अल्लाह के कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए (पनाह हासिल करता हूँ) जिन से कोई नेक तजावुज़ कर सकता है न कोई फ़ाजिर, और अल्लाह के अस्मा उल हुसना के ज़रिए जिन्हें में जानता हूँ और जिन्हें मैं नहीं जानता, हर चीज़ के शर से पनाह चाहता हूँ जो उस ने पैदा फरमाई और फैलाई और मुनासिब बनाई| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 951 952 ح 1839)

٢٤٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُسلم بن أبي بَكرةَ قَالَ: كَانَ أَبِي يَقُولُ فِي دُبُرِ الصَّلَاةِ: [ص:٧٦ اللَّهُمَّ إِن أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْكُفْرِ وَالْفَقْرِ وَعَذَابِ الْقَبْرِ فَكُنْتُ أَقُولُهُنَّ فَقَالَ: أَيْ بُنَيَّ عَمَّنْ أَخَذْتَ هَذَا؟ قُلْتُ: عَنْكَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يقولهُنَّ فِي دُبرِ الصَّلاةِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ وَالتِّرْمِذِيّ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يُذْكَرْ فِي دُبُرِ الصَّلَاةِ»» وَرَوَى أَحْمَدُ لَفْظَ الْحَدِيثِ وَعِنْدَهُ: فِي دُبُرِ كل صَلَاة

2480. मुस्लिम बिन अबी बकरह बयान करते हैं, मेरे वालिद नमाज़ के बाद दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! में कुफ्र व फकीरी और अज़ाब ए कब्र से तेरी पनाह चाहता हूँ”, मैं भी उन्हें पढ़ा करता था ,उन्होंने कहा बेटा तुमने उन्हें किस से सिखा है ? मेंने अर्ज़ किया, आप से उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ उन्हें नमाज़ के बाद कहा करते थे| तिरमिज़ी, निसाई, अलबत्ता इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने “नमाज़ के बाद” का ज़िक्र नहीं किया, और इमाम अहमद रहीमा उल्लाह ने हदीस के अल्फाज़ रिवायत किए और उनकी रिवायत में है “हर नमाज़ के बाद”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (3 / 73 74 ح 1348) و الترمذی (3503 و قال : غریب) و احمد (5 / 44 ح 20720 [وھو حسن])

٢٤٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الْكُفْرِ وَالدَّيْنِ» فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَتَعْدِلُ الْكُفْرَ بِالدَّيْنِ؟ قَالَ: «نَعَمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْكُفْرِ وَالْفَقْرِ» . قَالَ رَجُلٌ: وَيُعْدَلَانِ؟ قَالَ: «نَعَمْ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

2481. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “ए अल्लाह! में कुफ्र व क़र्ज़ से तेरी पनाह चाहता हूँ”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या कुफ्र क़र्ज़ के बराबर है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ! ‘‘ और दूसरी रिवायत में है: “ए अल्लाह! में कुफ्र व फकीरी से तेरी पनाह चाहता हूँ”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, वह दोनों बराबर है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ! ‘‘ | (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (8 / 264 265 ح 5475 5476 ، 8 / 267 ح 5487)

जामे दुआओं का बयान • بَاب جَامع الدُّعَاء

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٤٨٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ كَانَ يَدْعُو بِهَذَا الدُّعَاءِ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي خَطِيئَتِي وَجَهْلِي وَإِسْرَافِي فِي أَمْرِي وَمَا أَنْتَ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي جِدِّي وَهَزْلِي وَخَطَئِي وَعَمْدِي وكلُّ ذلكَ عِنْدِي اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي مَا قَدَّمْتُ وَمَا أَخَّرْتُ وَمَا أَسْرَرْتُ وَمَا أعلنت وَمَا أَنْت بِهِ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي أَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَأَنْتَ الْمُؤَخِّرُ وَأَنت على كل شَيْء قدير»

2482. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप यह दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! मेरी खताए, मेरी जहालत, और तमाम उमूर में जो मुझ से ज़्यादती हुई जिसे तू मुझ से ज़्यादा जानता है, मुआफ़ फरमादे, ऐ अल्लाह! मेंने जो बड़े गुनाह किया और जो भूलचुक से हुआ और जो कुछ जान बुझकर किया, यह सब कुछ मुझ में है तो उसे मुआफ़ कर दे, ऐ अल्लाह! मेंने जो आगे भेजा और जो पीछे छोड़ा, मेंने जो एलानिया किया और जो छुप कर किया और जिसे तू मुझ से ज़्यादा जानता है सब मुआफ़ कर दे, तू ही आगे करने वाला और तू ही पीछे करने वाला है और तो हर चीज़ पर कादिर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6389 6399) و مسلم (70 / 2719)، (6901)

٢٤٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ أَصْلِحْ لِي دِينِي الَّذِي هُوَ عِصْمَةُ أَمْرِي وَأَصْلِحْ لِي دُنْيَايَ الَّتِي فِيهَا مَعَاشِي وَأَصْلِحْ لِي آخِرَتِي الَّتِي فِيهَا مَعَادِي وَاجْعَلِ الْحَيَاةَ زِيَادَةً لِي فِي كُلِّ خَيْرٍ وَاجْعَلِ الْمَوْتَ رَاحَةً لِي مِنْ كُلِّ شَرٍّ» . رَوَاهُ مُسلم

2483. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! मेरे दीन की इस्लाह फरमा जो के मेरे तमाम मुआमलात का मुहाफ़िज़ है, मेरी दुनिया की इस्लाह फरमा जिस में मेरी मुआश है, मेरी आखिरत की इस्लाह फरमा जहाँ मुझेलौट कर जाना है, जिंदगी को हर किस्म की खैर व भलाई में इज़ाफा का बाईस बना और मौत को हर किस्म के शर से राहत का बाईस बना”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (71 / 2720)، (6903)

٢٤٨٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْهُدَى وَالتُّقَى وَالْعَفَافَ وَالْغِنَى» . رَوَاهُ مُسلم

2484. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! मैं तुझ से हिदायत, तकवा और आफत और तवंगरी का सवाल करता हूं”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (72 / 2721)، (6904)

٢٤٨٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُلْ اللَّهُمَّ اهْدِنِي [ص:٧٦ وَسَدِّدْنِي وَاذْكُرْ بِالْهُدَى هِدَايَتَكَ الطَّرِيقَ وبالسداد سداد السهْم» . رَوَاهُ مُسلم

2485. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “कहो ऐ अल्लाह! मेरी रहनुमाई फरमा, मुझे दुरुस्त रख और (ए अली (र)) रहनुमाई से राह हिदायत पर चलने का तसव्वुर और दुरुस्त होने से तीर का सा दुरुस्त होना तसव्वुर में रख| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 2725)، (6911)

٢٤٨٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْجَعِي عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ الرجل إِذا أسلم علمه النَّبِي صلى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الصَّلَاةَ ثُمَّ أَمَرَهُ أَنْ يَدْعُوَ بِهَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي وَارْحَمْنِي وَاهْدِنِي وَعَافِنِي وَارْزُقْنِي» . رَوَاهُ مُسلم

2486. अबू मालिक अश्जईय्य अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: एक आदमी था जब उस ने इस्लाम कबूल किया जो नबी ﷺ ने इसे नमाज़ सिखाई, फिर इसे उन कलिमात के ज़रिए दुआ करने का हुक्म फ़रमाया: “ए अल्लाह! मुझे बख्श दे, मुझ पर रहम फरमा, मुझे आफियत में रख और मुझे रीज़्क अता फरमा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 2697)، (6849)

٢٤٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَ أَكْثَرُ دُعَاءِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم «اللَّهُمَّ آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وقنا عَذَاب النَّار»

2487. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की अक्सर यह दुआ हुआ करती थी, “ए अल्लाह! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा और आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें आग के अज़ाब से बचा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6389) و مسلم (26 / 2690)، (6840)

जामे दुआओं का बयान • بَاب جَامع الدُّعَاء

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٤٨٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدْعُو يَقُولُ: «رَبِّ أَعِنِّي وَلَا تُعِنْ عَلَيَّ وَانْصُرْنِي وَلَا تَنْصُرْ عَلَيَّ وَامْكُرْ لِي وَلَا تَمْكُرْ عَلَيَّ وَاهْدِنِي وَيَسِّرِ الْهُدَى لِي وَانْصُرْنِي عَلَى مَنْ بَغَى عَلَيَّ ربِّ اجعَلني لك شَاكِرًا لَكَ ذَاكِرًا لَكَ رَاهِبًا لَكَ مِطْوَاعًا لَكَ مُخْبِتًا إِلَيْكَ أَوَّاهًا مُنِيبًا رَبِّ تَقَبَّلْ تَوْبَتِي وَاغْسِلْ حَوْبَتِي وَأَجِبْ دَعْوَتِي وَثَبِّتْ حُجَّتِي وَسَدِّدْ لِسَانِي وَاهْدِ قَلْبِي وَاسْلُلْ سَخِيمَةَ صَدْرِي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2488. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ दुआ किया करते थे: “ए मेरे रब! मेरी इआनत फरमा और मेरे खिलाफ (मेरे दुश्मनों की) इआनत न फरमा, मेरी नुसरत फरमा और मेरे खिलाफ नुसरत न फरमा, मेरे लिए तदबीर फरमा और मेरे खिलाफ तदबीर न फरमा, मुझे हिदायत नसीब फरमा और मेरे लिए हिदायत आसान फरमा दें, जो शख़्स मुझ पर ज़ुल्म व सरकशी करे उस के खिलाफ मेरी नुसरत फरमा, ए मेरे रब! मुझे अपना शुक्र गुज़ार, तेरा ज़िक्र करने वाला, तुझ से डरने वाला, तेरा इन्तिहाई इताअत गुज़ार, तेरी आजिज़ी इख़्तियार करने वाला और तेरी तरफ बहोत ज़्यादा तजरीअ करने वाला, रुजू करने वाला बना, ए मेरे रब! मेरी तौबा कबूल फरमा, मेरे गुनाह मुआफ़ फरमा, मेरी दुआ कबूल फरमा, मेरी हुज्जत व दलील साबित फरमा, मेरी ज़ुबान को दुरुस्त फरमा, मेरे दिल की रहनुमाई फरमा और मेरे सिने का किना दूर फरमा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (3551 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (1510) و ابن ماجه (3830) [و صححه ابن حبان (2420) و الحاکم (1 / 520) و وافقه الذهبی]

٢٤٨٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي بكرٍ قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْمِنْبَرِ ثُمَّ بَكَى [ص:٧٦ فَقَالَ: «سَلُوا اللَّهَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ فَإِنَّ أَحَدًا لَمْ يُعْطَ بَعْدَ الْيَقِينِ خَيْرًا مِنَ الْعَافِيَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيب إِسْنَادًا

2489. अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मिम्बर पर खड़े हुए फिर रोने लगे और फ़रमाया: “ए अल्लाह! से मुआफी और आफियत का सवाल करो, क्योंकि किसी को दौलत ईमान नसीब हो जाने के बाद आफियत से बेहतर कोई चीज़ अता नहीं की गई”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है और और उस की सनद ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3558) و ابن ماجه (3849)

٢٤٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَجُلًا جَاءَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الدُّعَاءِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «سَلْ رَبَّكَ الْعَافِيَةَ وَالْمُعَافَاةَ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ» ثُمَّ أَتَاهُ فِي الْيَوْمِ الثَّانِي فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الدُّعَاءِ أَفْضَلُ؟ فَقَالَ لَهُ مِثْلَ ذَلِكَ ثُمَّ أَتَاهُ فِي الْيَوْمِ الثَّالِثِ فَقَالَ لَهُ مِثْلَ ذَلِكَ قَالَ: «فَإِذَا أُعْطِيتَ الْعَافِيَةَ وَالْمُعَافَاةَ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ فَقَدْ أَفْلَحْتَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيب إِسْنَادًا

2490. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! कौन सी दुआ अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अपने रब से दुनिया व आखिरत में आफियत मुआफात (बाहम दरगुज़र करना) मांगो फिर वह दुसरे रोज़ हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! कौन सी दुआ अफज़ल है ? तो आप ﷺ ने इसी तरह फ़रमाया, फिर तीसरे रोज़ आप के पास आया तो आप ﷺ ने इसे फिर वैसे ही फ़रमाया, और फ़रमाया: “जब तुझे दुनिया व आखिरत में आफियत मुआफात मिल गई तो तू कामियाब हो गया”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है और उस की सनद ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3512) و ابن ماجه (3848) * سلمة بن وردان ضعیف : ضعفه الجمهور

٢٤٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله يزِيد الخطمي عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ فِي دُعَائِهِ: «اللَّهُمَّ ارْزُقْنِي حُبَّكَ وَحُبَّ مَنْ يَنْفَعُنِي حُبُّهُ عِنْدَكَ اللَّهُمَّ مَا رَزَقْتَنِي مِمَّا أُحِبُّ فَاجْعَلْهُ قُوَّةً لِي فِيمَا تُحِبُّ اللَّهُمَّ مَا زَوَيْتَ عَنِّي مِمَّا أحب فاجعله فراغا ي فِيمَا تحب» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2491. अब्दुल्लाह बिन यज़ीद खतमी रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप अपने दुआ में कहा करते थे: “ए अल्लाह! मुझे अपने और इस चीज़ की मुहब्बत अता फरमा जिस की मुहब्बत मुझे तेरे वहां फ़ायदा पहुंचाए, ऐ अल्लाह! तू जो मेरी पसंदीदा चीज़ मुझे अता फरमाए तो उसे मेरे लिए ऐसी चीज़ की तकवियत मजबूती का बाईस बना जिसे तू पसंद करता है, ऐ अल्लाह! तू मेरी जिस पसंदीदा चीज़ को मुझ से रोक ले तो उस को मेरे इस काम के लिए बाईस ए फरागत बना जिसे तो पसंद करता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3491 و قال : حسن غريب) [و ابن المبارک فى الزهد (430) و شک فى رفعه فالسند معلول و يظهر من الزهد بان الموقوف صحيح] * سفيان بن وکيع ضعيف

٢٤٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَلَّمَا كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُومُ مِنْ مَجْلِسٍ حَتَّى يَدْعُوَ بِهَؤُلَاءِ الدَّعَوَاتِ لِأَصْحَابِهِ: «اللَّهُمَّ اقْسِمْ لَنَا مِنْ خَشْيَتِكَ مَا تَحُولُ بِهِ بَيْنَنَا وَبَيْنَ مَعَاصِيكَ وَمِنْ طَاعَتِكَ مَا تُبَلِّغُنَا بِهِ جَنَّتَكَ وَمِنَ الْيَقِينِ مَا تُهَوِّنُ بِهِ عَلَيْنَا مُصِيبَاتِ الدُّنْيَا وَمَتِّعْنَا بِأَسْمَاعِنَا وَأَبْصَارِنَا وَقُوَّتِنَا مَا أَحْيَيْتَنَا وَاجْعَلْهُ الْوَارِثَ مِنَّا وَاجْعَلْ ثَأْرَنَا عَلَى مَنْ ظَلَمَنَا وَانْصُرْنَا عَلَى مَنْ عَادَانَا وَلَا تَجْعَلْ مُصِيبَتَنَا فِي دِينِنَا وَلَا تَجْعَلِ الدُّنْيَا أَكْبَرَ هَمِّنَا وَلَا مَبْلَغَ عِلْمِنَا وَلَا تُسَلِّطْ عَلَيْنَا مَنْ لَا يَرْحَمُنَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2492. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं रसूलुल्लाह ﷺ अक्सर अवकात किसी मजलिस से उठने से पहले उन कलिमात के ज़रिए अपने सहाबा के लिए दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! हमें अपने खशियत से ऐसा हिस्सा अता फरमा जो हमारे और तेरी मुआसी नाफ़रमानी के दरमियान हाइल हो जाए, और अपने इताअत से ऐसा हिस्सा अता फरमा जिस के ज़रिए तू हमें अपने जन्नत में पहुंचा दे, और यकीन से ऐसा हिस्सा नसीब फरमा जो दुनिया के मसाइब (तकलीफ) हम पर आसान कर दे, जब तक तू हमें जिंदा रखे, हमारे कानो, हमारी आंखो और हमारी कुव्वत से फ़ायदा उठाने की तौफीक अता फरमा और उन (ज़िक्र की गई चीजों) को बाकी रखना, जो शख़्स हम पर ज़ुल्म करे उस पर हमारा गज़ब नाज़िल फरमा, हमारे दीन (में कमी) के बारे में हम पर कोई मुसीबत नाज़िल न फरमा, दुनिया को हमारा सबसे बड़ा मकसद बना न हमारे इल्म की अच्छी कोशि हो इन्तहा बना, और ना हम पर किसी ऐसे को मुसल्लत फरमा जो हम पर रहम न करे”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3502) [و صححه الحاکم (1 / 528) و وافقه الذهبى و سنده ضعيف] * عبيدالله بن زحر ضعيف

٢٤٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ انْفَعْنِي بِمَا عَلَّمْتَنِي وَعَلِّمْنِي مَا يَنْفَعُنِي وَزِدْنِي عِلْمًا الْحَمْدُ لِلَّهِ عَلَى كُلِّ حَالٍ وَأَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ حَالِ أَهْلِ النَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ إِسْنَادًا

2493. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दुआ किया करते थे, ऐ अल्लाह! तूने मुझे जो इल्म अता किया उस से मुझे फ़ायदा पहुंचा, और मुझे ऐसा इल्म अता फरमा जो मुझे फ़ायदा पहुंचाए और मेरे इल्म में इज़ाफा फरमा, हर हाल में अल्लाह का शुक्र है और मैं जहन्नुमियो के हाल से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ"| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सनदन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3599) و ابن ماجه (251 ، 3833) * فیه موسی بن عبیدة و محمد بن ثابت : ضعیفان

٢٤٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُنْزِلَ عَلَيْهِ الْوَحْيُ سُمِعَ عِنْدَ وَجْهِهِ دوِي كَدَوِيِّ النَّحْل فأنل عَلَيْهِ يَوْمًا فَمَكَثْنَا سَاعَةً فَسُرِّيَ عَنْهُ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَقَالَ: «اللَّهُمَّ زِدْنَا وَلَا تَنْقُصْنَا وَأَكْرِمْنَا وَلَا تُهِنَّا وَأَعْطِنَا وَلَا تَحْرِمْنَا وَآثِرْنَا وَلَا تُؤْثِرْ عَلَيْنَا وَأَرْضِنَا وَارْضَ عَنَّا» . ثُمَّ قَالَ: «أُنْزِلَ عَلَيَّ عَشْرُ آيَاتٍ مَنْ أَقَامَهُنَّ دَخَلَ الْجَنَّةَ» ثُمَّ قَرَأَ: (قَدْ أَفْلَحَ الْمُؤْمِنُونَ)»» حَتَّى خَتَمَ عَشَرَ آيَاتٍ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ

2494. उमर बिन ख़िताब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ पर वही नाज़िल होती, तो आप के चेहरे के पास शहद की मख्खियों कि सी भुनभुनाहट सुनाई देती थी, एक रोज़ आप पर वही नाज़िल हुई तो हमने ठोड़ी देर इंतज़ार किया, आप से वह कैफियत जाती रही, तो आप ﷺ ने किबले रुख हो कर हाथ उठाए और यूँ दुआ की: "ए अल्लाह! हमें ज़्यादा कर, कम न कर, हमें इज्ज़त अता करना ज़लील न करना, हमें अता करना महरूम न रखना, हमें तरजीह देना और हमारे खिलाफ किसी को तरजीह न देना, हमें राज़ी कर और हम से राज़ी हो जा", फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: '' मुझ पर दस आयात नाज़िल हुई है जो उनकी हिफाज़त व ख़याल करेगा जन्नत में दाखिल होगा", फिर आप ने (قَدْ اَفْلَحَ الْمُؤْمِنُوْنَ) से दस आयात तिलावत फरमाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (1 / 34 ح 223) و الترمذی (3173) * یونس بن سلیم : مجھول ، و قال النسائی فی الکبریٰ (1439) :'' ھذا حدیث منکر و یونس بن سلیم لا نعرفه '' و صححه الحاکم (1 / 535 ، 4 / 392) فتعقبه الذھبی

जामे दुआओं का बयान • بَاب جَامع الدُّعَاء

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٤٩٥ - (صَحِيح) عَن عثمانَ بنِ حُنَيفٍ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا ضَرِيرَ الْبَصَرِ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: ادْعُ اللَّهَ أَنْ يُعَافِيَنِي فَقَالَ: «إِنْ شِئْتَ دَعَوْتُ وَإِنْ شِئْتَ صَبَرْتَ [ص:٧٦ فَهُوَ خَيْرٌ لَكَ» . قَالَ: فَادْعُهُ قَالَ: فَأَمَرَهُ أَنْ يَتَوَضَّأَ فَيُحْسِنَ الْوُضُوءَ وَيَدْعُو بِهَذَا الدُّعَاءِ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ وَأَتَوَجَّهُ إِلَيْكَ بِنَبِيِّكَ مُحَمَّدٍ نَبِيِّ الرَّحْمَةِ إِنِّي تَوَجَّهْتُ بِكَ إِلَى رَبِّي لِيَقْضِيَ لِي فِي حَاجَتِي هَذِهِ اللهُمَّ فشفّعْه فِيَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب

2495. उस्मान बिन हनीफ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक नाबीना शख़्स नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह से दुआ करे के वह मुझे आफियत अता फरमाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अगर तुम चाहो

तो मैं दुआ करता हूँ और अगर तुम चाहो तो सब्र करो तो वह तुम्हारे लिए बेहतर है”, उस ने अर्ज़ किया, आप अल्लाह से दुआ फरमाइए, आप ﷺ ने इसे हुक्म फ़रमाया के खूब अच्छी तरह वुज़ू करे और उन अल्फाज़ के साथ दुआ करे: “ए अल्लाह! में तुझ से सवाल करता हूँ और तेरे नबी, नबी ए रहमत मुहम्मद ﷺ के ज़रिए तेरी तरफ मुतवज्जे होता हूँ, बेशक मेंने आप ﷺ के ज़रिए अपने रब की तरफ तवज्जो की, ताकि मेरी इस हाजत के बारे में मेरे हक़ में फैसला किया जाए, ऐ अल्लाह! मेरे बारे में आप ﷺ की शफाअत कबूल फरमा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3578) * هذا الحديث يدل على التوسل بدعاء الصالحين الاحياء و لا يدل على التوسل بالاموات فافهمه فانه مهم

٢٤٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ مِنْ دُعَاءِ دَاوُدَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ حُبَّكَ وَحُبَّ مَنْ يُحِبُّكَ وَالْعَمَلَ الَّذِي يُبَلِّغُنِي حُبَّكَ اللَّهُمَّ اجْعَلْ حُبَّكَ أَحَبَّ إِلَيَّ مِنْ نَفْسِي وَمَالِي وَأَهْلِي وَمِنَ الْمَاءِ الْبَارِدِ» . قَالَ: وَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا ذَكَرَ دَاوُدَ يُحَدِّثُ عَنْهُ يَقُولُ: «كَانَ أَعْبَدَ الْبَشَرِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2496. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ दाऊद (अ) की यह दुआ थी: “ए अल्लाह! मैं तुझ से तेरी मोहब्बत का, इस शख़्स की मोहब्बत का जो तुझ से मोहब्बत करता हो, और इस अमल का सवाल करता हूँ जो मुझे तेरी मुहब्बत तक पहुंचा दे, ऐ अल्लाह! तू अपने मुहब्बत, मुझे मेरी जान, मेरे अहल व अयाल, माल और ठंडे पानी से ज़्यादा महबूब बना दे”, अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब आप ﷺ दाउद (अ) का ज़िक्र करते तो उन के मुत्तल्लिक बयान करते हुए फरमाते: “वो तमाम इंसानों से ज़्यादा इबादत गुज़ार थे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3490)

٢٤٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَطَاءِ بْنِ السَّائِبِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: صَلَّى بِنَا عَمَّارُ بْنُ يَاسِرٍ صَلَاةً فَأَوْجَزَ فِيهَا فَقَالَ لَهُ بَعْضُ الْقَوْمِ: لَقَدْ خَفَّفْتَ وَأَوْجَزْتَ الصَّلَاةَ فَقَالَ أَمَا عَلَيَّ ذَلِكَ لَقَدْ دَعَوْتُ فِيهَا بِدَعَوَاتٍ سَمِعْتُهُنَّ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا قَامَ تَبِعَهُ رَجُلٌ مِنَ الْقَوْمِ هُوَ أَبِي غَيْرَ أَنَّهُ كَنَّى عَنْ نَفْسِهِ فَسَأَلَهُ عَنِ الدُّعَاءِ ثُمَّ جَاءَ فَأَخْبَرَ بِهِ الْقَوْمَ: «اللَّهُمَّ بِعِلْمِكَ الْغَيْبَ وقُدرتِكَ على الخَلقِ أَحْيِنِي مَا عَلِمْتَ الْحَيَاةَ خَيْرًا لِي وَتَوَفَّنِي إِذَا عَلِمْتَ الْوَفَاةَ خَيْرًا لِي اللَّهُمَّ وَأَسْأَلُكَ خَشْيَتَكَ فِي الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ وَأَسْأَلُكَ كَلِمَةَ الْحَقِّ فِي الرِّضَى وَالْغَضَبِ وَأَسْأَلُكَ الْقَصْدَ فِي الْفَقْرِ وَالْغِنَى وَأَسْأَلُكَ نَعِيمًا لَا يَنْفَدُ وَأَسْأَلُكَ قُرَّةَ عَيْنٍ لَا تَنْقَطِعُ وَأَسْأَلُكَ الرِّضَى بَعْدَ الْقَضَاءِ وَأَسْأَلُكَ بَرْدَ الْعَيْشِ بَعْدَ الْمَوْتِ وَأَسْأَلُكَ لَذَّةَ [ص:٧٧ النَّظَرِ إِلَى وَجْهِكَ وَالشَّوْقِ إِلَى لِقَائِكَ فِي غَيْرِ ضَرَّاءَ مُضِرَّةٍ وَلَا فِتْنَةٍ مُضِلَّةٍ اللَّهُمَّ زَيِّنَا بِزِينَةِ الْإِيمَانِ وَاجْعَلْنَا هُدَاةً مَهْدِيِّينَ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

2497. अता इब्ने साइब अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: अम्मार बिन यासिर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने हमें नमाज़ पढ़ाइ तो उस में इख्तिसार किया जो कुछ लोगो ने उन्हें कहा, आप ने नमाज़ में तखफिफ और इख्तिसार किया है ? उन्होंने ने फ़रमाया: उन से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा, मैंने उस में कुछ दुआए की है जो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुनी थी, जब वह (जाने के लिए) खड़े हुए तो उन लोगो में से एक आदमी, वह मेरे वालिद ही थे लेकिन उन्होंने अपना

नाम छुपाए रखा उन के पीछे पीछे गया और उन से दुआ के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया, फिर वापिस आ कर इसे लोगो को बताया: “ए अल्लाह! अपने इल्म ए गैब और मखलूक पर अपने कुदरत के ज़रिए इस वक़्त तक जिंदा रखना जब तक मेरा जिंदा रहना तेरे इल्म के मुताबिक मेरे लिए बेहतर हो, और जब तू समझे के मेरा फौत होना मेरे लिए बेहतर है तो मुझे फौत कर देना, ऐ अल्लाह! में गैब व हाज़िर में तुझ से कलिमा ए हक़ का सवाल करता हूँ, मैं फकर व गनी में तुझ से मियाने रिवाय (संयम) का सवाल करता हूँ, मैं ख़तम न होने वाली नेअमतो का तुझ से सवाल करता हूँ, मैं मुन्कतेअ न होने वाली आंखो की ठंडक का तुझ से सवाल करता हूँ, मैं कज़ा के बाद रज़ा का तुझ से सवाल करता हूँ, मैं मौत के बाद खुशगवार जिंदगी का तुझ से सवाल करता हूँ, मैं किसी शदीद तकलीफ और गुमराहकुन फितने के बगैर तेरी मुलाकात के शौक और तेरे चेहरे को देखने की लज्ज़त का तुझ से सवाल करता हूँ, ऐ अल्लाह! ज़ीनत ए ईमान से हमें सजावट फरमा और हमें हिदायत पर साबित रहने वाले हादी बना”| (हसन)

حسن ، رواہ النسائی (3 / 75 ح 1307) [و صححه ابن حبان : 509]

٢٤٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ فِي دُبُرِ صَلَاةِ الْفَجْرِ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ عِلْمًا نَافِعًا وَعَمَلًا مُتَقَبَّلًا وَرِزْقًا طَيِّبًا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيّ فِي الدَّعوات الْكَبِير

2498. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ फजर की नमाज़ के बाद यह दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! में तुझ से नफा बख्श इल्म, मकबूल अमल और हलाल रीज़्क का सवाल करता हूँ”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (6 / 294 ح 27056) و ابن ماجه (925) و البیھقی فی الدعوات الکبیر (1 / 76 ح 99)

٢٤٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هريرةَ قَالَ: دُعَاءٌ حَفِظْتُهُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا أَدَعُهُ: «اللَّهُمَّ اجْعَلْنِي أُعْظِمُ شُكْرَكَ وَأُكْثِرُ ذِكْرَكَ وَأَتَّبِعُ نُصْحَكَ وَأَحْفَظُ وصيتك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2499. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से एक दुआ याद की जिसे में छोड़ता नहीं, “ए अल्लाह! मुझे ऐसा बना दे की मैं तेरा बहोत ज़्यादा शुक्र करू, तेरा बहोत ज़्यादा ज़िक्र करू, तेरी नसीहत की बहोत इत्तेबा करू और तेरे अहकाम को बहोत ज़्यादा याद करू”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (3676 و قال : صحیح)

٢٥٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ الله بنِ عَمْرٍو قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الصِّحَّةَ وَالْعِفَّةَ والأمانةَ وحُسنَ الْخلق والرضى بِالْقدرِ»

2500. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दुआ करते थे: “ए अल्लाह! में तुझ से

सेहत, अफत, अमानत, हसन अख़लाक़ और तकदीर पर राज़ी रहने का सवाल करता हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (1 / 169 ح 228 229) * فيه عبد الرحمن بن زياد بن انعم و شيخه عبد الرحمن بن رافع : ضعيفان

٢٥٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أُمِّ مَعْبدٍ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ طَهِّرْ قَلْبِي مِنَ النِّفَاقِ وَعَمَلِي مِنَ الرِّيَاءِ وَلِسَانِي مِنَ الْكَذِبِ وَعَيْنِي مِنَ الْخِيَانَةِ فَإِنَّكَ تَعْلَمُ خَائِنَةَ الْأَعْيُنِ وَمَا تُخْفِي الصُّدُورُ» . رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ

2501. उम्म मअबद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को यह दुआ करते हुए सुना: “ए अल्लाह! मेरा दिल को निफ़ाक़ से, मेरे अमल को रिया से, मेरी ज़ुबान को झूठ से और मेरी आंखो को खयानत से पाक कर दे, क्योंकी तू खयानत करने वाली आंखो को जानता है और जो कुछ सीने (दिल) छुपाते है तो इसे भी जानता है”| इमाम बयहकी ने दोनों रिवायतों अल दअवात अल कुबरा में रिवायत की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى الدعوات (1 / 168 ح 227) * فيه فرج بن فضالة عب عبد الرحمن بن زياد بن انعم و هما ضعيفان

٢٥٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَادَ رَجُلًا مِنَ [ص:٧٧ الْمُسْلِمِينَ قَدْ خَفَتَ فَصَارَ مِثْلَ الْفَرْخِ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ كُنْتَ تَدْعُو اللَّهَ بِشَيْءٍ أَوْ تَسْأَلُهُ إِيَّاهُ؟» . قَالَ: نَعَمْ كُنْتُ أَقُولُ: اللَّهُمَّ مَا كُنْتَ مُعَاقِبِي بِهِ فِي الْآخِرَةِ فَعَجِّلْهُ لِي فِي الدُّنْيَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " سُبْحَانَ اللَّهِ لَا تُطِيقُهُ وَلَا تَسْتَطِيعُهُ أَفَلَا قُلْتَ: اللَّهُمَّ آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ ". قَالَ: فَدَعَا الله بِهِ فشفاه الله. رَوَاهُ مُسلم

2502. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक मुसलमान शख़्स की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) की वह परिंदे के बच्चे की तरह कमज़ोर हो चूका था, रसूलुल्लाह ﷺ ने (इस की यह हालत देख कर) इसे फ़रमाया: “क्या तुम अल्लाह से कोई दुआ या किसी खास चिज़ का सवाल करते हो ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! में कहा करता था, ऐ अल्लाह! तूने जो मुझे आखिरत में सज़ा देनी है वह तू मुझे दुनिया में दे ले तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ (سُبْحَانَ اللہِ) सुबहानल्लाह तुम (दुनिया में) ना उस की ताकत रखते हो न तुम (आखिरत में) उस की इस्तिताअत रखते हो, तुमने ऐसे क्यों न कहा: ऐ अल्लाह! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा और आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें जहन्नम के अज़ाब से बचा”, रावी बयान करते हैं, इस शख़्स ने उन कलिमात के ज़रिए दुआ की तो अल्लाह ने इसे शिफा अता कर दी| (मुस्लिम)

رواه مسلم 23 / 2688)، (6835)

٢٥٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْبَغِي لِلْمُؤْمِنِ أَنْ يُذِلَّ نَفْسَهُ» . قَالُوا: وَكَيْفَ يُذِلُّ نَفْسَهُ؟ قَالَ: «يَتَعَرَّضُ مِنَ الْبَلَاءِ لِمَا لَا يُطِيقُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

2503. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ किसी मोमिन की शान नहीं के वह अपने आप को ज़लील करे”, सहाबा ने अर्ज़ किया, वह अपने आप को कैसे ज़लील करता है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ ऐसे मसाइब (तकलीफ) को दुआ या आमाल के ज़रिए दावत देता है, जिन की वह ताकत नहीं रखता”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा बयहकी की शौबुल ईमान और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2254) و ابن ماجه (4016) رواه البیهقی فی شعب الایمان (10823) * علی بن زید بن جدعان ضعیف و الحسن البصری مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة

٢٥٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: عَلَّمَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " قُلْ: اللَّهُمَّ اجْعَلْ سَرِيرَتِي خَيْرًا مِنْ عَلَانِيَتِي وَاجْعَلْ عَلَانِيَتِي صَالِحَةً اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ مِنْ صَالِحِ مَا تُؤْتِي النَّاسَ مِنَ الْأَهْلِ وَالْمَالِ وَالْوَلَدِ غَيْرِ الضَّالِّ وَلَا الْمُضِلِّ " رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

2504. उमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे दुआ सिखाई तो फ़रमाया कहो: “ए अल्लाह! मेरा बातिन मेरे ज़ाहिर से बेहतर कर दे और मेरे ज़ाहिर को स्वालेह बना दे, ऐ अल्लाह! तूने जो लोगो को अहल व माल और औलाद दे रखी है मुझे उस से स्वालेह अता फरमा जो ना खुद गुमराह हो न गुमराहकुन”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3586 و قال : غریب ، لیس اسناده بالقوی) * عبد الرحمن بن اسحاق الکوفی ضعیف مشهور ، ضعفه الجمهور

अफआल ए हज का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٥٠٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ:: خَطَبَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ قَدْ فُرِضَ عَلَيْكُمُ الْحَجُّ فَحُجُّوا» فَقَالَ رَجُلٌ: أَكُلَّ عَامٍ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ فَسَكَتَ حَتَّى قَالَهَا ثَلَاثًا فَقَالَ: " لَوْ قُلْتُ: نَعَمْ لَوَجَبَتْ وَلَمَا اسْتَطَعْتُمْ " ثُمَّ قَالَ: ذَرُونِي مَا تَرَكْتُكُمْ فَإِنَّمَا هَلَكَ مَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ بِكَثْرَةِ سُؤَالِهِمْ وَاخْتِلَافِهِمْ عَلَى أَنْبِيَائِهِمْ فَإِذَا أَمَرْتُكُمْ بِشَيْءٍ فَأْتُوا مِنْهُ مَا اسْتَطَعْتُمْ وَإِذَا نَهَيْتُكُمْ عَنْ شَيْء فدَعُوه ." رَوَاهُ مُسلم

2505. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया: “लोगो! तुम पर हज फ़र्ज़ कर दिया गया है लिहाज़ा तुम हज करो”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हर साल ? आप ख़ामोश रहे हत्ता कि उस ने तीन मर्तबा कहा, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अगर में हाँ कह देता तो (फिर हर साल) वाजिब हो जाता और तुम इस्तिताअत न रखते”, फिर फ़रमाया: “जब तक में तुम्हें कोई मसअला न बताऊँ तो मुझे छोड़े रखो, तुम से पहले लोग अपने अंबिया से ज़्यादा सवाल करने और उन से इख्तिलाफ करने की वजह से हलाक हुए, जब में किसी चीज़ के बारे में तुम्हें हुक्म दू तो मक्दोर भर उस पर अमल करो और जब में किसी चीज़ से तुम्हें मना करू तो उसे छोड़ दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (471 / 1337)، (3257)

٢٥٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْعَمَلِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «إِيمَانٌ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ» قِيلَ: ثُمَّ مَاذَا؟ قَالَ: «الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» . قِيلَ: ثُمَّ مَاذَا؟ قَالَ: «حَجٌّ مبرورٌ»

2506. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौन सा अमल अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान लाना”, अर्ज़ किया गया, फिर कौन सा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अल्लाह की राह में जिहाद करना”, अर्ज़ किया गया, फिर कौन सा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” हज ए मकबूल”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاري (26) و مسلم (135 / 83)، (248)

٢٥٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَنْ حَجَّ فَلَمْ يَرْفُثْ وَلَمْ يَفْسُقْ رَجَعَ كَيَوْمِ وَلَدَتْهُ أمه»

2507. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जो शख़्स अल्लाह के लिए हज करे फिर वह ना गुनाह का काम करे न फहश गोई करे, तो वह (गुनाहों से पाक हो कर) इस रोज़ की तरह लौटता है जिस रोज़ उस की वालिदा ने इसे जन्म दिया था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاري (1521) و مسلم (438 / 1350)، (3291)

٢٥٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعُمْرَةُ إِلَى الْعُمْرَةِ كَفَّارَةٌ لِمَا بَيْنَهُمَا وَالْحَجُّ الْمَبْرُورُ لَيْسَ لَهُ جَزَاءٌ إِلا الجنَّةُ»

2508. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' उमरह दुसरे उमरह तक के दरमियानी वक्फा में होने वाले गुनाहों का कफ्फारा है, और हज ए मकबूल की जज़ा जन्नत है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1773) و مسلم (437 / 1349)، (3289)

٢٥٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن عمْرَة فِي رَمَضَان تعدل حجَّة»

2509. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' रमज़ान में उमरह करना (सवाब के लिहाज़ से) हज के बराबर है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1782) و مسلم (221 / 1256)، (3038)

٢٥١٠ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَقِيَ رَكْبًا بِالرَّوْحَاءِ فَقَالَ: «مَنِ الْقَوْمُ؟» قَالُوا: الْمُسْلِمُونَ. فَقَالُوا: مَنْ أَنْتَ؟ قَالَ: «رَسُولُ اللَّهِ» فَرَفَعَتْ إِلَيْهِ امْرَأَةٌ صَبِيًّا فَقَالَتْ: أَلِهَذَا حَجٌّ؟ قَالَ: «نَعَمْ وَلَكِ أَجْرٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2510. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं की नबी ﷺ रव्हा के मक़ाम पर एक काफले से मिले तो आप ने पूछा: "कौन हो ?" उन्होंने अर्ज़ किया, मुसलमान, फिर उन्होंने पूछा आप कौन है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अल्लाह का रसूल", एक औरत ने एक बच्चा उठाकर अर्ज़ किया, क्या उस का हज है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, और तुम्हारे लिए उस का अज़र है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (409 / 1336)، (3253)

٢٥١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ امْرَأَةً مِنْ خَثْعَمَ قَالَتْ: يَا رَسُول الله إِن فَرِيضَة الله عِبَادِهِ فِي الْحَجِّ أَدْرَكَتْ أَبِي شَيْخًا كَبِيرًا لَا يَثْبُتُ عَلَى الرَّاحِلَةِ أَفَأَحُجُّ عَنْهُ؟ قَالَ: «نعم» ذَلِك حجَّة الْوَدَاع

2511. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, खसअम कबिले की एक औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह का अपने बंदो पर जो हज का फ़रीज़े है, उस ने मेरे बूढ़े बाप को इस हाल में पाया के वह सवारी पर सहीह तरह बैठ नहीं सकते, तो क्या मैं उनकी तरफ से हज करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ", और यह हज्जतुल वदा के मौके पर हुवा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1513) و مسلم 407 / 1334)، (3251)

٢٥١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: أَتَى رَجُلٌ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ أُخْتِي نَذَرَتْ أَنْ تَحُجَّ وَإِنَّهَا مَاتَتْ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كَانَ عَلَيْهَا دَيْنٌ أَكُنْتَ قَاضِيَهُ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَاقْضِ دَيْنَ اللَّهِ فَهُوَ أَحَقُّ بِالْقَضَاءِ»

2512. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मेरी बहन ने हज करने की नज़र मानी थी, लेकिन वह फौत हो चुकी है, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: '' अगर उस पर क़र्ज़ होता तो किया तुम उसे अदा करते ?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! तो आप ﷺ ने फ़रमाया: '' फिर अल्लाह का क़र्ज़ भी अदा करो, वह तो अदाइगी का ज़्यादा हक़दार है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6699) و مسلم (155 / 1148)، (2694)

٢٥١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَخْلُوَنَّ رَجُلٌ بِامْرَأَةٍ وَلَا تُسَافِرَنَّ امْرَأَةٌ إِلَّا وَمَعَهَا مَحْرَمٌ» . فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ اكْتُتِبْتُ فِي غَزْوَةِ كَذَا وَكَذَا وَخَرَجَتِ امْرَأَتِي حَاجَّةً قَالَ: «اذهبْ فاحجُجْ مَعَ امرأتِكَ»

2513. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' कोई आदमी ना किसी औरत के साथ खलवत इख़्तियार करे ना कोई औरत महरम के बगैर सफ़र करे", एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! फलां फलां गज़वा में मेरा नाम लिख लिया गया है, जबकि मेरी अहलिया हज करने का इरादा रखती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' जाओ और अपने अहलिया के साथ हज करो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3006) و مسلم (424 / 1341)، (3272)

٢٥١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: اسْتَأْذَنْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْجِهَادِ. فَقَالَ: «جهادكن الْحَج»

2514. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेंने नबी ﷺ से जिहाद पर जाने की इजाज़त तलब की आप ﷺ ने फ़रमाया: '' तुम्हारा जिहाद हज है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2875) و مسلم (لم اجده)

٢٥١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُسَافِرُ امْرَأَةٌ مَسِيرَةَ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ إِلَّا وَمَعَهَا ذُو محرم»

2515. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' कोई औरत महरम के बगैर एक दिन और एक रात का सफ़र ना करे"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1088) و مسلم (421 / 1339)، (3268)

٢٥١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: وَقَّتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَهْلِ الْمَدِينَةِ: ذَا الْحُلَيْفَةِ وَلِأَهْلِ الشَّامِ: الْجُحْفَةَ وَلِأَهْلِ نَجْدٍ: قَرْنَ الْمَنَازِلِ وَلِأَهْلِ الْيَمَنِ: يَلَمْلَمَ فَهُنَّ لَهُنَّ وَلِمَنْ أَتَى عَلَيْهِنَّ مِنْ غَيْرِ أَهْلِهِنَّ لِمَنْ كَانَ يُرِيدُ الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ [ص:٧٧ فَمَنْ كَانَ دُونَهُنَّ فَمُهَلُّهُ مِنْ أَهْلِهِ وَكَذَاكَ وَكَذَاكَ حَتَّى أهل مَكَّة يهلون مِنْهَا

2516. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले मदीना के लिए ज़ुल हलिफा, अहले शाम के लिए जुह्फा, अहले नज़्द के लिए कर्न मनाज़िल और अहले यमन के लिए यलमलम को मिकात मुकर्रर किया, वह उन के लिए है, और उन के अलावा इन रास्तो से आने वालो के लिए है, जबके वह हज और उमरह अदा करने का इरादा रखते हो और जो उन मवाकित के अन्दर की जानिब रहता है तो वह अपने घर से इहराम बांधेगा और इस तरह और इस तरह हत्ता कि मक्का वाले मक्का से इहराम बांधेंगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1526) ومسلم (11 / 1181)، (2803)

٢٥١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مُهَلُّ أَهْلِ الْمَدِينَةِ مِنْ ذِي الْحُلَيْفَةِ وَالطَّرِيقُ الْآخَرُ الْجُحْفَةُ وَمُهَلُّ أَهْلِ الْعِرَاقِ مِنْ ذَاتِ عِرْقٍ وَمُهَلُّ أَهْلِ نَجْدٍ قَرْنٌ وَمُهَلُّ أَهْلِ الْيَمَنِ يَلَمْلَمُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2517. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: ” और अहले मदीना ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर इहराम बांधेंगे, जबके दुसरे रास्तो वाले जुह्फा से अहले इराक ज़ात अर्क से अहले नज़्द कर्न से और अहले यमन यलमलम से इहराम बांधेंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 183)، (2810)

٢٥١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: اعْتَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرْبَعٌ عُمَرٍ كُلُّهُنَّ فِي ذِي الْقَعْدَةِ إِلَّا الَّتِي كَانَتْ مَعَ حَجَّتِهِ: عُمْرَةً مِنَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مِنَ الْعَامِ الْمُقْبِلِ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مِنَ الْجِعْرَانَةِ حَيْثُ قَسَّمَ غَنَائِمَ حُنَيْنٍ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مَعَ حَجَّتِهِ "

2518. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने चार उमरे किए है, वह सब जुल कअदा में किए, सिवाय उस उमरह के जो आप ने हज के साथ किया, आप ﷺ ने एक उमरह हुदैबिया से जुल कअदा में किया, एक उमरह अगले साल जुल कअदा में किया, एक उमरह जीअरान से जहाँ आप ने हुनैन का माले गनीमत तकसीम किया, वोभी जुल कअदा में और एक उमरह अपने हज के साथ किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4148) و مسلم (217 / 1253)، (3033)

٢٥١٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: اعْتَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذِي الْقَعْدَةِ قَبْلَ أَنْ يَحُجَّ مَرَّتَيْنِ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2519. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज करने से पहले जुल कअदा में दो उमरे किए| (बुखारी)

رواه البخارى (1781)

अफआल ए हज का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٥٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَيْكُمُ الْحَجَّ» . فَقَامَ الْأَقْرَعُ بْنُ حَابِسٍ فَقَالَ: أَفِي كُلِّ عَامٍ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ [ص:٧٧ قَالَ: " لَوْ قُلْتُهَا: نَعَمْ لَوَجَبَتْ وَلَوْ وَجَبَتْ لَمْ تَعْمَلُوا بِهَا وَلَمْ تَسْتَطِيعُوا وَالْحَجُّ مَرَّةٌ فَمَنْ زَادَ فَتَطَوُّعٌ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

2520. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” लोगो! अल्लाह ने तुम पर हज करना फ़र्ज़ करार दिया है”, तो इकरा बिन हाबिस रदी अल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हर साल ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अगर में हाँ कह देता तो (हर साल हज करना) वाजिब हो जाता, और अगर वाजिब हो जाता तो तुम ना अमल करते ना तुम इस्तिताअत रखते, और हज करना एक मर्तबा फ़र्ज़ है, और जो शख़्स ज़्यादा मर्तबा करे तो वह नफ्ली है”| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (1 / 255 ح 2304) و النسائی (5 / 111 ح 2621) و الدارمی (2 / 29 ح 1795)

٢٥٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ مَلَكَ زَادًا وَرَاحِلَةً تُبَلِّغُهُ إِلَى بَيْتِ اللَّهِ وَلَمْ يَحُجَّ فَلَا عَلَيْهِ أَنْ يَمُوتَ يَهُودِيًّا أَوْ نَصْرَانِيًّا وَذَلِكَ أَنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى يَقُولُ: (وَلِلَّهِ عَلَى النَّاسِ حَجُّ الْبَيْتِ مَنِ اسْتَطَاعَ إِلَيهِ سَبِيلا)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ. وَفِي إِسْنَادِهِ مَقَالٌ وَهِلَالُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ مَجْهُولٌ والْحَارث يضعف فِي الحَدِيث

2521. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जिस शख़्स के पास बैतुल्लाह तक पहुँचने के लिए रसद (माल सामान) और सवारी हो, वह फिर भी हज न करे तो फिर उस पर कोई फर्क नहीं के वह यहूदी हो कर फौत हो या नसरानी, और यह इसलिए है के अल्लाह तबारक व तआला फरमाता है, “और जो शख़्स बैतुल्लाह तक पहुँचने की इस्तिताअत रखता हो तो उस पर बैतुल्लाह का हज करना वाजिब है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है उस की इसनाद पर कलाम किया गया है, जबके हिलाल बिन अब्दुल्लाह मजहूल है और हारिस को हदीस में जईफ करार दिया गया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (812) * الحارث الاعور ضعيف جدًا و للحديث شواهد ضعيفة عند البيهقى (4 / 334) و غيره

٢٥٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»« لَا صَرُورَةَ فِي الْإِسلامِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2522. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' इस्लाम में '' सरुरा '' (गौशा नशीनी इख़्तियार करना, शादी न करना, इस्तिताअत के बावजूद हज न करना वगैरा) नहीं है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1729) * و حقق الامام احمد و ابن معین و غیرهما بان فی السند عمر بن عطاء بن وراز هو ضعیف

٢٥٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَرَادَ الْحَجَّ فَلْيُعَجِّلْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي

2523. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जो शख़्स हज का इरादा रखता हो तो वह जल्दी करे”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1732) و الدارمی (2 / 28 ح 1791)

٢٥٢٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَابِعُوا بَيْنَ الْحَجِّ وَالْعُمْرَةِ فَإِنَّهُمَا يَنْفِيَانِ الْفَقْرَ وَالذُّنُوبَ كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيدِ وَالذَّهَبِ وَالْفِضَّةِ وَلَيْسَ لِلْحَجَّةِ الْمَبْرُورَةِ ثَوَابٌ إِلَّا الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ

2524. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' हज और उमरह पे दर पे (एक के बाद दूसरा) करो, क्योंकि वह फकीरी और गुनाहों को इस तरह ख़तम कर देते हैं जिस तरह भट्टी लोहे, सोने और चाँदी की मेल दूर कर देती है, और हज ए मकबूल की जज़ा सिर्फ जन्नत ही है”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (810 و قال : حسن صحیح غریب) و النسائی (5 / 115 116 ح 2632)

٢٥٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ عَنْ عُمَرَ إِلَى قَوْله: «خبث الْحَدِيد»

2525. इमाम अहमद और इब्ने माजा ने उमर रदी अल्लाहु अन्हु से (خبث الْحَدِيد) तक रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (1 / 25 ح 167) و ابن ماجه (2887)

٢٥٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا يُوجِبُ الْحَجَّ؟ قَالَ: «الزَّادُ وَالرَّاحِلَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2526. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, तो उस ने अर्ज़

किया, अल्लाह के रसूल! वुजुबे हज की शर्त क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' रसद (माल सामान) और सवारी"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (813 و قال : حسن) و ابن ماجه (2896) * ابراهيم يزيد الخوزی ضعيف و للحديث طرق ضعيفة عن انس و عائشة و غيرهما

٢٥٢٧ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: سَأَلَ رَجُلٌ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا الْحَاج؟ فَقَالَ: «الشعث النَّفْل» . فَقَامَ آخَرُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الْحَجِّ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «الْعَجُّ وَالثَّجُّ» . فَقَامَ آخَرُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا السَّبِيلُ؟ قَالَ: «زَادٌ وَرَاحِلَةٌ» رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ. وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ فِي سُنَنِهِ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يذكر الْفَصْل الْأَخير

2527. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया: हाजी की सिफत क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' परान्दा बिखरे हुए बाल और मेल कुचेल", फिर दूसरा आदमी खड़ा हुआ और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! कौन सा हज अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' बुलंद आवाज़ से तकबीर कहना और कुर्बानी का खून बहाना", फिर एक और खड़ा हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, रास्ते से क्या मुराद है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' रसद (माल सामान) और सवारी"| शरह सुन्ना और इमाम इब्ने माजा ने इसे अपने सुनन में रिवायत किया लेकिन उन्होंने आखरी बात (रास्ते से क्या मुराद है ?) ज़िक्र नहीं की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (7 / 14 ح 1847) و ابن ماجه (2896) * ابراهيم بن يزيد الخوزی ضعيف و انظر الحديظ السابق (2526)

٢٥٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي رَزِينٍ الْعُقَيْلِيِّ أَنَّهُ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَبِي شَيْخٌ كَبِيرٌ لَا يَسْتَطِيعُ الْحَجَّ وَلَا الْعُمْرَةَ وَلَا الظَّعْنَ قَالَ: «حُجَّ عَنْ أَبِيكَ وَاعْتَمِرْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2528. अबू रजीन उकय्ली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे वालिद बहोत बूढ़े हैं, वह हज उमरे की ना इस्तिताअत रखते है न सवारी कर सकते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अपने वालिद की तरफ से हज उमरह कर"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (930) و ابوداؤد (1810) و النسائی (5 / 111 ح 2622) [و صححه ابن خزيمة (3040) و ابن حبان (961) و ابن الجارود (500) و الحاكم (1 / 481) علی شرط الشيخين و وافقه الذهبی]

٢٥٢٩ - (صَحِيح) مَرْفُوع وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَمِعَ رَجُلًا يَقُولُ لَبَّيْكَ عَنْ شُبْرُمَةَ قَالَ: «مَنْ شُبْرُمَةُ» قَالَ: أَخٌ لِي أَوْ قَرِيبٌ لِي قَالَ: «أَحَجَجْتَ عَنْ نَفْسِكَ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «حُجَّ عَنْ نَفْسِكَ ثُمَّ حُجَّ عَنْ شُبْرُمَةَ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَأَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه

2529. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी आदमी को शुबरुमः की तरफ से

तल्बिहा (लब्बैक) कहते हुए सुना तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ” शुबरुमः कौन है ? “उस ने कहा मेरा भाई हैं या मेरा कोई करीबी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” क्या तुम ने खुद हज किया हुआ है ? “उस ने अर्ज़ किया, नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” पहले अपने तरफ से हज करो, फिर शुबरुमः की तरफ से हज करना”| (हसन)

حسن ، رواہ الشافعی فی الام (2 / 123) و ابوداؤد (1811) و ابن ماجه (2903)

٢٥٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: وَقَّتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَهْلِ الْمَشْرِقِ الْعَقِيقَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

2530. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अहल मशरिक के लिए अकिक को मिकात करार दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ الترمذی (832) و ابوداؤد (1740) * فیه یزید بن ابی زیاد ضعیف مدلس

٢٥٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَّتَ لِأَهْلِ الْعِرَاقِ ذَاتَ عِرْقٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

2531. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले इराक के लिए ज़ाते अर्क को मिकात करार दिया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواہ ابوداؤد (1739) و النسائی (5 / 125 ح 2657)

٢٥٣٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ أَهَلَّ بِحَجَّةٍ أَوْ عُمْرَةٍ مِنَ الْمَسْجِدِ الْأَقْصَى إِلَى الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ وَمَا تَأَخَّرَ أَوْ وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2532. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स मस्जिद ए अक्सा से मस्जिद ए हराम के लिए हज्ज या उमरह का इहराम बांधे तो उस के अगले पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं, या उस के लिए जन्नत वाजिब हो जाती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1741) و ابن ماجه (3001 3002) * حکیمة و ثقها ابن حبان و حده الحدیث ضعیفه البخاری (و یره وهو الراجح

अफआल ए हज का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٥٣٣ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ أَهْلُ الْيَمَنِ يَحُجُّونَ فَلَا يَتَزَوَّدُونَ وَيَقُولُونَ: نَحْنُ الْمُتَوَكِّلُونَ فَإِذَا قَدِمُوا مَكَّةَ سَأَلُوا النَّاسَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وتزَوَّدُوا فإِنَّ خيرَ الزَّادِ التَّقوى)»» رَوَاهُ البُخَارِيّ

2533. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अहले यमन हज करते तो वह रसद (माल सामान) साथ नहीं लेते थे और वह कहते थे हम तवक्कुल करने वाले हैं, लेकिन जब वह मक्का पहुँच जाते तो फिर लोगो से सवाल करते, तब अल्लाह तआला ने आयत नाज़िल फरमाई: "रसद (माल सामान) ले लिया करो और बेहतरीन रसद (माल सामान) तक़्वा है"| (बुखारी)

رواه البخاری (1523)

٢٥٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ عَلَى النِّسَاءِ جِهَادٌ؟ قَالَ: " نَعَمْ عَلَيْهِنَّ جِهَادٌ لَا قِتَالَ فِيهِ: الْحَجُّ وَالْعُمْرَةُ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

2534. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या औरतो पर जिहाद फ़र्ज़ है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, इन पर जिहाद फ़र्ज़ है लेकिन उन में किताल नहीं ? और वह जिहाद हज उमराह है"| (सहीह)

صحیح ، رواه ابن ماجه (2901)

٢٥٣٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَمْنَعْهُ مِنَ الْحَجِّ حَاجَةٌ ظَاهِرَةٌ أَوْ سُلْطَانٌ جَائِرٌ أَوْ مَرَضٌ حَابِسٌ فَمَاتَ وَلَمْ يَحُجَّ فَلْيَمُتْ إِنْ شَاءَ يَهُودِيًّا وَإِنْ شَاءَ نَصْرَانِيًّا» . رَوَاهُ الدَّارمِيّ

2535. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जिस शख़्स को कोई ज़ाहिरी हाजत (रसद (माल सामान) और सवारी की अदम दस्तियाबी) या ज़ालिम बादशाह या (सफ़र से) रोकने वाला मर्ज़ हज से न रोके और वह फिर भी हज किए बगैर फौत हो जाए तो फिर अगर वह चाहे तो यहूदी हो कर मरे और अगर चाहे तो नसरानी हो कर"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارمی (2 / 29 ح 1792 ، نسخة محققة : 1826) * لیث بن ابی سلیم ضعیف و شریک القاضی مدلس و عنعن

٢٥٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «الْحَاجُّ وَالْعُمَّارُ وَفْدُ اللَّهِ إِنْ دَعَوْهُ أجابَهمْ وإِن

استَغفروهُ غَفرَ لهمْ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2536. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ हज और उमरह करने वाले, अल्लाह के तकर्रुब का क़सद करने वाले हैं, अगर वह उस से दुआ करे तो वह उनकी दुआ कबूल फरमाए और अगर वह उस से मगफिरत तलब करे तो वह उन्हें बख्श दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (2892) * صالح بن عبدالله بن صالح منكر الحديث

٢٥٣٧ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «وَفْدُ اللَّهِ ثَلَاثَةٌ الْغَازِي وَالْحَاجُّ وَالْمُعْتَمِرُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

2537. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तीन किस्म के लोग मुजाहिद, हाजी और उमरह करने वाले, अल्लाह के तकर्रुब का क़सद करने वाले हैं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائی (6 / 16 ح 3123) و البيهقی فی شعب الايمان (4103) [و صححه ابن خزيمة (2511) و ابن حبان (965) و الحاكم على شرط مسلم (1 / 441) و وافقه الذهبی]

٢٥٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا لَقِيتَ الْحَاجَّ فَسَلِّمْ عَلَيْهِ وَصَافِحْهُ وَمُرْهُ أَنْ يَسْتَغْفِرَ لَكَ قَبْلَ أَنْ يَدْخُلَ بَيْتَهُ فَإِنَّهُ مَغْفُورٌ لَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

2538. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब तुम हाजी से मिलो तो उसे सलाम करो, उस से मुसाफा करो और उस से पहले के वह अपने घर में दाखिल हो, उस से दरख्वास्त करो के वह तुम्हारे लिए मगफिरत तलब करे, क्योंकि उस की मगफिरत हो चुकी है (और ऐसे शख़्स की दुआ कबूल होती है)”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (2 / 69 ح 5371) [و ابن حبان فی المجروحين (2 / 265)] * فيه محمد بن الحارث الحارثی (ضعيف) عن محمد بن عبد الرحمن بن البيلمانی (ضعيف وقد اتهمه ابن عدی و ابن حبان) عن ابيه (ضعيف) عن ابن عمر به

٢٥٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ خَرَجَ حَاجًّا أَوْ مُعْتَمِرًا أَوْ غَازِيًا ثُمَّ مَاتَ فِي طَرِيقِهِ كَتَبَ اللَّهُ لَهُ أَجْرَ الْغَازِي وَالْحَاجِّ والمعتمِرِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2539. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स हज्ज या उमरह या जिहाद करने के लिए रवाना हो, फिर वह उस के रास्ते में (अमल करने से पहले) फौत हो जाए तो अल्लाह उस के लिए जिहाद करने वाले, हज करने वाले और उमरह करने वाले का अज़्र अता फरमाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (4100 ، نسخة محققة : 3806) [و الطبرانی فی الوسط 6 / 155 ح 5317] * فيه محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و حميد : صوابه جميل (بن ابی ميمونة) و ثقه ابن حبان وحده و الحسين بن عبد الاول مجروح ، ضعفه الجمهور

इहराम और तलबिहा का बयान • بَاب الْإِحْرَام والتلبية

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٥٤٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كُنْتُ أَطَيِّبُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِإِحْرَامِهِ قَبْلَ أَنْ يُحْرِمَ وَلِحِلِّهِ قَبْلَ أَنْ يَطُوفَ بِالْبَيْتِ بِطِيبٍ فِيهِ مِسْكٌ كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى وَبِيصِ الطِّيبِ فِي مَفَارِقِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ

2540. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को आप के इहराम बांधने से पहले खुशबु लगाया करती थी, और इसी तरह जब तवाफ़ (इफादा) से पहले इहराम खोल देते तो आप ﷺ को कस्तूरी की खुशबु लगाया करती थी गोया मैं रसूलुल्लाह ﷺ की मांग में जबके आप हालत ए इहराम में थे खुशबु की चमक देख रही हूँ| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1539) و مسلم (33 / 1189)، (2826)

٢٥٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُهِلُّ مُلَبِّدًا يَقُولُ: «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ لَبَّيْكَ إِنَّ الْحَمْدَ وَالنِّعْمَةَ لَكَ وَالْمُلْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ» . لَا يَزِيدُ عَلَى هَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ

2541. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को तल्बिहा कहते हुए सुना, जबके आप बाल जमाए हुए थे, आप ﷺ फरमा रहे थे: “मैं हाज़िर हूँ, ऐ अल्लाह! में हाज़िर हूँ, आप का कोई शरीक नहीं, बेशक हर किस्म की तारीफ़, तमाम नेअमतें और बादशाहत तेरी ही लिए है और तेरा कोई शरीक नहीं, ‘‘ आप ﷺ उन कलिमात में कोई इज़ाफा नहीं करते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (5951) و مسلم (21 / 1184)، (2814)

٢٥٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَدْخَلَ رِجْلَهُ فِي الْغَرْزِ وَاسْتَوَتْ بِهِ نَاقَتُهُ قَائِمَةً أَهَلَّ من عندِ مسجدِ ذِي الحليفة

2542. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ अपना पाँव रकाब में रख लेते और आप की ऊंटनी आप को ले कर सीधी खड़ी हो जाती तो आप ज़ुल हलिफा की मस्जिद के पास तल्बिहा पुकारते| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2865) و مسلم (27 / 1187)، (2820)

٢٥٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَصْرُخُ بِالْحَجِّ صراخا. رَوَاهُ مُسلم

2543. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ (हज के लिए) रवाना हुए तो हम बुलंद आवाज़ से हज का तल्बिहा पुकारते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (211 / 1247)، (3023)

٢٥٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنْتُ رَدِيفَ أَبِي طَلْحَةَ وَإِنَّهُمْ لَيَصْرُخُونَ بهما جَمِيعًا: الْحَج وَالْعمْرَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2544. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु के पीछे सवारी पर सवार था और वह (सहाबा किराम) हज और उमरा का इकट्ठा तल्बिहा कह रहे थे| (बुखारी)

رواه البخاری (2986)

٢٥٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ حَجَّةِ الْوَدَاعِ فَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ وَعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِالْحَجِّ وَأَهَلَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْحَجِّ فَأَمَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ فَحَلَّ وَأَمَّا مَنْ أَهَلَّ بِالْحَجِّ أَوْ جَمَعَ الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ فَلَمْ يَحِلُّوا حَتَّى كَانَ يَوْمُ النَّحْرِ

2545. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम हज्जतुल वदा के साल रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए, हम में से किसी ने उमरह का तल्बिहा पुकारा, किसी ने हज और उमरह का और किसी ने हज का तल्बिहा पुकारा, जबके रसूलुल्लाह ﷺ ने हज का तल्बिहा पुकारा, जिस ने उमरे का तल्बिहा पुकारा था उस ने इहराम खोल दिया, और जिन्होंने हज्ज या हज और उमरह दोनों का इहराम बांधा थे तो उन्होंने दस ज़ुलहिज्जा तक इहराम न खोला| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1562) و مسلم (117 / 1211)، (2917)

٢٥٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: تَمَتَّعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ بدأَ فأهلَّ بالعمْرةِ ثمَّ أهلَّ بالحجّ

2546. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर हज के साथ उमरह मिलाया था, आप ﷺ ने पहले उमरे के लिए तल्बिहा कहा और फिर हज के लिए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1961) و مسلم (174 / 1227)، (2982)

इहराम और तलबिहा का बयान • بَاب الْإِحْرَام والتلبية

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٥٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَجَرَّدَ لِإِهْلَالِهِ وَاغْتَسَلَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

2547. ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को देखा के आप ने इहराम बांधने के लिए अपना लिबास उतारा और गुसल किया (फिर इहराम बांधा)| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (830 و قال : حسن غریب) و الدارمی (2 / 31 ح 1801)

٢٥٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَبَّدَ رَأْسَهُ بِالْغِسْلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2548. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने गुसल की चीजों (खत्मी और गोंद वगैरा) से अपने सिर के बालो को जलाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1748) * فیه محمد بن اسحاق مدلس و عنعن

٢٥٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ خَلَّادِ بْنِ السَّائِبِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «أَتَانِي جِبْرِيلُ فَأَمَرَنِي أَنْ آمُرَ أَصْحَابِي أَنْ يرفعوا أصواتهم بالإِهْلالِ أَو التَّلبيَةِ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2549. खल्लाद बिन साइब अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जिब्राइल अलैहिस्सलाम मेरे पास तशरीफ़ लाए तो उन्होंने मुझे फ़रमाया की मैं अपने सहाबा को बुलंद आवाज़ से तल्बिहा पुकारने का हुक्म दू”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (1 / 334 ح 751) و الترمذی (829 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (1814) و النسائی (5 / 162 ح 2754) و ابن ماجه (2922) و الدارمی (2 / 34 ح 1816)

٢٥٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ مُسْلِمٍ يُلَبِّي إِلَّا لَبَّى مَنْ عَنْ يَمِينِهِ وَشِمَالِهِ: مِنْ حَجَرٍ أَوْ شَجَرٍ أَوْ مَدَرٍ حَتَّى تنقطِعَ الأرضُ منْ ههُنا وههُنا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2550. सहल बिन साद बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जब कोई मुसलमान तल्बिहा पुकारता है तो उस के दाए और बाए ज़मीन के आखरी किनारों तक तमाम पथ्थर, तमाम दरख्त और मिट्टी के तमाम ढेले तल्बिहा पुकारते है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (828) و ابن ماجه (2921)

٢٥٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْكَعُ بِذِي الْحُلَيْفَةِ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ إِذَا اسْتَوَتْ بِهِ النَّاقَةُ قَائِمَةً عِنْدَ مَسْجِدِ ذِي الْحُلَيْفَةِ أَهَلَّ بِهَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ وَيَقُولُ: «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ وَسَعْدَيْكَ وَالْخَيْرُ فِي يَدَيْكَ لَبَّيْكَ وَالرَّغْبَاءُ إِلَيْكَ وَالْعَمَلُ» . مُتَّفق عَلَيْهِ وَلَفظه لمُسلم

2551. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर दो रकते पढ़ते, फिर ज़ुल हलिफा की मस्जिद के पास ऊंटनी आप को ले कर सीधी खड़ी हो जाती तो आप उन कलिमात के साथ तल्बिहा पुकारते: “मैं हाज़िर हूँ, ऐ अल्लाह! में हाज़िर हूँ, तमाम सआदते और भलाईयां तेरे हाथो में है, मैं हाज़िर हूँ, रगबत और तलबे खैर तेरी ही तरफ है और अमल तेरी ही लिए है”| बुखारी, मुस्लिम, और अल्फाज़ हदीस मुस्लिम के है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1553) و مسلم (21 / 1184)، (2814)

٢٥٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمَارَةَ بْنِ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ عَنْ أَبِيهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ إِذَا فَرَغَ مِنْ تَلْبِيَتِهِ سَأَلَ اللَّهَ رِضْوَانَهُ وَالْجَنَّةَ وَاسْتَعْفَاهُ بِرَحْمَتِهِ مِنَ النَّارِ. رَوَاهُ الشَّافِعِي

2552. उमारत बिन खुजैमा बिन साबित अपने वालिद से और वह नबी ﷺ से रिवायत करते हैं के जब आप तल्बिहा से फारिग़ होते तो अल्लाह से उस की रज़ामंदी और जन्नत का सवाल करते और उस की रहमत के ज़रिए जहन्नम से बचाव की दरख्वास्त करते थे| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الشافعی فی الام (2 / 157) [و البیھقی (5 / 46)] * فیہ صالح بن محمد بن زائدۃ : ضعیف

بَاب الْإِحْرَام والتلبية • इहराम और तलबिहा का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٥٥٣ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَرَادَ الْحَجَّ أَذَّنَ فِي النَّاسِ فَاجْتَمَعُوا فَلَمَّا أَتَى الْبَيْدَاءَ أَحْرَمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2553. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने हज करने का इरादा फ़रमाया तो लोगो में एलान किया, वह इकठ्ठे हो गए, जब आप ﷺ ’’ बयदाअ ‘‘ के मक़ाम पर तशरीफ़ लाए तो इहराम बांधा| (बुखारी)

صحیح ، رواہ البخاری (لم اجدہ) [و الترمذی (817) و اصلہ فی صحیح مسلم (1218)] * قال الشیخ عبداللہ المبارکفوری فی مرعاۃ المفاتیح :’’ ھذا لیس فی صحیح البخاری ، لا بلفظہ ولا بمعناہ ‘‘

٢٥٥٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ الْمُشْرِكُونَ يَقُولُونَ: لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ فَيَقُولُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلَكُمْ قَدْ قَدْ» إِلَّا شَرِيكًا هُوَ لَكَ تَمْلِكُهُ وَمَا مَلَكَ. يَقُولُونَ هَذَا وَهُمْ يَطُوفُونَ بِالْبَيْتِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2554. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुशरिक कहा करते थे: हम हाज़िर है, तेरा कोई शरीक नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ फरमाते: “तुम पर अफ़सोस है”, बस बस इतना ही कहो”, (फिर वह मुशरिक कहते) मगर तेरा वह शरीक है जिसका तू मालिक है और (इस चिज़ का भी तो मालिक है) जिस का वह मालिक है, और वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करते वक़्त यह कहा करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 1185)، (2815)

بَاب قصَّة حجَّة الْوَدَاع • किस्सा हज्जतुल वदा

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٥٥٥ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَكَثَ بِالْمَدِينَةِ تِسْعَ سِنِينَ لَمْ يَحُجَّ ثُمَّ أَذَّنَ فِي النَّاسِ بالحجِّ فِي الْعَاشِرَةِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَاجٌّ فَقَدِمَ الْمَدِينَةَ بَشَرٌ كَثِيرٌ فَخَرَجْنَا مَعَهُ حَتَّى إِذَا أَتَيْنَا ذَا الْحُلَيْفَةِ فَوَلَدَتْ أَسْمَاءُ بِنْتُ عُمَيْسٍ مُحَمَّدَ بْنَ أَبِي بَكْرٍ فَأَرْسَلَتْ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَيْفَ أصنعُ؟ قَالَ: «اغتسِلي واستثفري بِثَوْبٍ وَأَحْرِمِي» فَصَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ ثُمَّ رَكِبَ الْقَصْوَاءَ حَتَّى إِذَا اسْتَوَتْ بِهِ نَاقَتُهُ عَلَى الْبَيْدَاءِ أَهَلَّ بِالتَّوْحِيدِ «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ لَبَّيْكَ إِنَّ الْحَمْدَ وَالنِّعْمَةَ لَكَ وَالْمُلْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ» . قَالَ جَابِرٌ: لَسْنَا نَنْوِي إِلَّا الْحَجَّ لَسْنَا نَعْرِفُ الْعُمْرَةَ حَتَّى إِذَا أَتَيْنَا الْبَيْتَ مَعَهُ اسْتَلَمَ الرُّكْنَ فَطَافَ سَبْعًا فَرَمَلَ ثَلَاثًا وَمَشَى أَرْبَعًا ثُمَّ تَقَدَّمَ إِلَى مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ فَقَرَأَ: (وَاتَّخِذُوا مِنْ مَقَامِ إبراهيمَ مُصَلًّى)»» فَصَلَّى رَكْعَتَيْنِ فَجَعَلَ الْمَقَامَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْبَيْتِ وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَرَأَ فِي الرَّكْعَتَيْنِ: [ص:٧٨ (قُلْ هوَ اللَّهُ أَحَدٌ و (قُلْ يَا أَيُّها الكافِرونَ)»» ثُمَّ رَجَعَ إِلَى الرُّكْنِ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ خَرَجَ مِنَ الْبَابِ إِلَى الصَّفَا فَلَمَّا دَنَا مِنَ الصَّفَا قَرَأَ: (إِنَّ الصَّفَا وَالْمَرْوَةَ مِنْ شعائرِ اللَّهِ)»» أَبْدَأُ بِمَا بَدَأَ اللَّهُ بِهِ فَبَدَأَ بِالصَّفَا فَرَقِيَ عَلَيْهِ حَتَّى رَأَى الْبَيْتَ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَوَحَّدَ اللَّهَ وَكَبَّرَهُ وَقَالَ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ أَنْجَزَ وَعْدَهُ وَنَصَرَ عَبْدَهُ وَهَزَمَ الْأَحْزَابَ وَحْدَهُ» . ثُمَّ دَعَا بَيْنَ ذَلِكَ قَالَ مِثْلَ هَذَا ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ نَزَلَ وَمَشَى إِلَى الْمَرْوَةِ حَتَّى انْصَبَّتْ قَدَمَاهُ فِي بَطْنِ الْوَادِي ثُمَّ سَعَى حَتَّى إِذَا صَعِدْنَا مَشَى حَتَّى أَتَى الْمَرْوَةَ فَفَعَلَ عَلَى الْمَرْوَةِ كَمَا فَعَلَ عَلَى الصَّفَا حَتَّى إِذَا كَانَ آخِرُ طَوَافٍ عَلَى الْمَرْوَةِ نَادَى وَهُوَ عَلَى الْمَرْوَةِ وَالنَّاسُ تَحْتَهُ فَقَالَ: «لَوْ أَنِّي اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ لَمْ أسق الْهَدْيَ وجعلتُها عُمْرَةً فمنْ كانَ مِنْكُم لَيْسَ مَعَهُ هَدْيٌ فَلْيَحِلَّ وَلْيَجْعَلْهَا عُمْرَةً» . فَقَامَ سُرَاقَةُ بْنُ مَالِكِ بْنِ جُعْشُمٍ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلِعَامِنَا هَذَا أَمْ لِأَبَدٍ؟ فَشَبَّكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَصَابِعَهُ وَاحِدَةً فِي الْأُخْرَى وَقَالَ: «دَخَلَتِ الْعُمْرَةُ فِي الْحَجِّ مَرَّتَيْنِ لَا بَلْ لِأَبَدِ أَبَدٍ» . وَقَدِمَ عَلِيٌّ مِنَ الْيَمَنِ بِبُدْنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ: «مَاذَا قُلْتَ حِينَ فَرَضْتَ الْحَجَّ؟» قَالَ: قُلْتُ: اللهُمَّ إِنِّي أُهِلُّ بِمَا أهلَّ بِهِ [ص:٧٨ رسولُكَ قَالَ: «فَإِنَّ مَعِي الْهَدْيَ فَلَا تَحِلَّ» . قَالَ: فَكَانَ جَمَاعَةُ الْهَدْيِ الَّذِي قَدِمَ بِهِ عَلِيٌّ مِنَ الْيَمَنِ وَالَّذِي أَتَى بِهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِائَةً قَالَ: فَحَلَّ النَّاسُ كُلُّهُمْ وَقَصَّرُوا إِلَّا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم وَمن كَانَ مَعَه من هدي فَمَا كَانَ يَوْمُ التَّرْوِيَةِ تَوَجَّهُوا إِلَى مِنًى فَأَهَلُّوا بِالْحَجِّ وَرَكِبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّى بِهَا الظُّهْرَ وَالْعَصْرَ وَالْمَغْرِبَ وَالْعِشَاءَ وَالْفَجْرَ ثُمَّ مَكَثَ قَلِيلًا حَتَّى طَلَعَتِ الشَّمْسُ وَأَمَرَ بِقُبَّةٍ مِنْ شَعَرٍ تُضْرَبُ لَهُ بِنَمِرَةَ فَسَارَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا تَشُكُّ قُرَيْشٌ إِلَّا أَنَّهُ وَاقِفٌ عِنْدَ الْمَشْعَرِ الْحَرَامِ كَمَا كَانَتْ قُرَيْشٌ تَصْنَعُ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَأَجَازَ رَسُول الله صلى حَتَّى أَتَى عَرَفَةَ فَوَجَدَ الْقُبَّةَ قَدْ ضُرِبَتْ لَهُ بِنَمِرَةَ فَنَزَلَ بِهَا حَتَّى إِذَا زَاغَتِ الشَّمْسُ أَمَرَ بِالْقَصْوَاءِ فَرُحِلَتْ لَهُ فَأَتَى بَطْنَ الْوَادِي فَخَطَبَ النَّاسَ وَقَالَ: «إِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ حَرَامٌ عَلَيْكُمْ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي شَهْرِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَلَا كُلُّ شَيْءٍ مِنْ أَمْرِ الْجَاهِلِيَّةِ تَحْتَ قَدَمَيَّ مَوْضُوعٌ وَدِمَاءُ الْجَاهِلِيَّةِ مَوْضُوعَةٌ وَإِنَّ أَوَّلَ دَمٍ أَضَعُ مِنْ دِمَائِنَا دَمُ ابْنِ رَبِيعَةَ بْنِ الْحَارِثِ وَكَانَ مُسْتَرْضَعًا فِي بَنِي سَعْدٍ فَقَتَلَهُ هُذَيْلٌ وَرِبَا الْجَاهِلِيَّةِ مَوْضُوعٌ وَأَوَّلُ رِبًا أَضَعُ مِنْ رِبَانَا رِبَا عَبَّاسِ بْنِ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ فَإِنَّهُ مَوْضُوعٌ كُلُّهُ فَاتَّقُوا اللَّهَ فِي النِّسَاءِ

فَإِنَّكُمْ أَخَذْتُمُوهُنَّ بِأَمَانِ اللَّهِ وَاسْتَحْلَلْتُمْ فُرُوجَهُنَّ بِكَلِمَةِ اللَّهِ وَلَكُمْ عَلَيْهِنَّ أَنْ لَا يُوطِئْنَ فُرُشَكُمْ أَحَدًا تَكْرَهُونَهُ فَإِنْ فَعَلْنَ ذَلِكَ فَاضْرِبُوهُنَّ ضَرْبًا غَيْرَ مُبَرِّحٍ وَلَهُنَّ عَلَيْكُمْ رِزْقُهُنَّ وَكِسْوَتُهُنَّ بِالْمَعْرُوفِ وَقَدْ تَرَكْتُ فِيكُمْ مَا لَنْ تَضِلُّوا بَعْدَهُ إِنِ اعْتَصَمْتُمْ بِهِ كِتَابَ اللَّهِ وَأَنْتُمْ [ص:٧٨ تُسْأَلُونَ عَنِّي فَمَا أَنْتُمْ قَائِلُونَ؟» قَالُوا: نَشْهَدُ أَنَّكَ قَدْ بَلَّغْتَ وَأَدَّيْتَ وَنَصَحْتَ. فَقَالَ بِإِصْبَعِهِ السَّبَّابَةِ يَرْفَعُهَا إِلَى السَّمَاءِ وَيَنْكُتُهَا إِلَى النَّاسِ: «اللَّهُمَّ اشْهَدْ اللَّهُمَّ اشْهَدْ» ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ أَذَّنَ بِلَالٌ ثُمَّ أَقَامَ فَصَلَّى الظُّهْرَ ثُمَّ أَقَامَ فَصَلَّى الْعَصْرَ وَلَمْ يُصَلِّ بَيْنَهُمَا شَيْئًا ثُمَّ رَكِبَ حَتَّى أَتَى الْمَوْقِفَ فَجَعَلَ بَطْنَ نَاقَتِهِ الْقَصْوَاءِ إِلَى الصَّخَرَاتِ وَجَعَلَ حَبْلَ الْمُشَاةِ بَيْنَ يَدَيْهِ وَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَلَمْ يَزَلْ وَاقِفًا حَتَّى غَرَبَتِ الشَّمْسُ وَذَهَبَتِ الصُّفْرَةُ قَلِيلًا حَتَّى غَابَ الْقُرْصُ وَأَرْدَفَ أُسَامَةَ وَدَفَعَ حَتَّى أَتَى الْمُزْدَلِفَةَ فَصَلَّى بِهَا الْمَغْرِبَ وَالْعِشَاءَ بِأَذَانٍ وَاحِدٍ وَإِقَامَتَيْنِ وَلَمْ يُسَبِّحْ بَيْنَهُمَا شَيْئًا ثُمَّ اضْطَجَعَ حَتَّى طَلَعَ الْفَجْرُ فَصَلَّى الْفَجْرَ حِينَ تَبَيَّنَ لَهُ الصُّبْحُ بِأَذَانٍ وَإِقَامَةٍ ثُمَّ رَكِبَ الْقَصْوَاءَ حَتَّى أَتَى الْمَشْعَرَ الْحَرَامَ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَدَعَاهُ وَكَبَّرَهُ وَهَلَّلَهُ وَوَحَّدَهُ فَلَمْ يَزَلْ وَاقِفًا حَتَّى أَسْفَرَ جِدًّا فَدَفَعَ قَبْلَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ وَأَرْدَفَ الْفَضْلَ بْنَ عَبَّاسٍ حَتَّى أَتَى بَطْنَ مُحَسِّرٍ فَحَرَّكَ قَلِيلًا ثُمَّ سَلَكَ الطَّرِيقَ الْوُسْطَى الَّتِي»» تَخْرُجُ»» عَلَى الْجَمْرَةِ الْكُبْرَى حَتَّى أَتَى الْجَمْرَةَ الَّتِي عِنْدَ الشَّجَرَةِ فَرَمَاهَا بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ مِنْهَا مِثْلَ حَصَى الْخَذْفِ رَمَى مِنْ بَطْنِ الْوَادِي ثُمَّ انْصَرَفَ إِلَى الْمَنْحَرِ فَنَحَرَ ثَلَاثًا وَسِتِّينَ بَدَنَةً بِيَدِهِ ثُمَّ أَعْطَى عَلِيًّا فَنَحَرَ مَا غَبَرَ وَأَشْرَكَهُ فِي [ص:٧٨ هَدْيِهِ ثُمَّ أَمَرَ مِنْ كُلِّ بَدَنَةٍ بِبَضْعَةٍ فَجُعِلَتْ فِي قِدْرٍ فَطُبِخَتْ فَأَكَلَا مِنْ لَحْمِهَا وَشَرِبَا مِنْ مَرَقِهَا ثُمَّ رَكِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَفَاضَ إِلَى الْبَيْتِ فَصَلَّى بِمَكَّةَ الظُّهْرَ فَأَتَى عَلَى بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ يَسْقُونَ عَلَى زَمْزَمَ فَقَالَ: «انْزِعُوا بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ فَلَوْلَا أَنْ يَغْلِبَكُمُ النَّاسُ عَلَى سِقَايَتِكُمْ لَنَزَعْتُ مَعَكُمْ» . فَنَاوَلُوهُ دَلْوًا فَشَرِبَ مِنْهُ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2555. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने मदीने में नौ साल क़याम फ़रमाया और इस दौरान हज न किया, फिर दसवे साल आप ने लोगो में हज का एलान कराया की रसूलुल्लाह ﷺ हज का इरादा रखते है, बहोत से लोग मदीना पहुँच गए, हम आप के साथ रवाना हुए हत्ता कि हम जुल हलिफा पहुंचे तो अस्मा बीनते उमैस रदी अल्लाहु अन्हा ने मुहम्मद बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हुमा को जन्म दिया, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को पैगाम भेजा की मैं अब क्या करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: गुसल कर, कपड़े की लंगोट बांध कर इहराम बांध ले, रसूलुल्लाह ﷺ ने, (जुल हलिफा) मस्जिद में जमाज़ पढ़ी फिर (ऊंटनी) कुसवा पर सवार हुए हत्ता कि जब आप ﷺ की ऊंटनी आप लो ले कर बयदा पर सीधी खड़ी हो गई तो आप ﷺ ने तौहीदी तल्बिहा पुकारा: “मैं हाज़िर हूँ, हर किस्म की हम्द, तमाम नेअमते और बादशाहत तेरी है, तेरा कोई शरीक नहीं”, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम ने सिर्फ हज की नियत की थी, हमें उमरे का पता नहीं था, हत्ता कि हम आप के साथ बैतुल्लाह में पहुंचे, तो आप ने हजरे अस्वाद को चूमा, सात चक्कर लगाए, तीन में रमल किया (ज़रा अकड़ कर दोड़े) और चार में चले, फिर आप मकामे इब्राहीम पर आए तो यह आयत पढ़ी: “मकामे इब्राहीम को जाए नमाज़ बनाओ”, आप ने वहां दो रकाते पढ़ी और मकामे इब्राहीम अलैहिस्सलाम को अपने और बैतुल्लाह के दरमियाँन रखा, और एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने पहली रकात में सुरह काफिरून और दूसरी में सुरह इखलास पढ़ी, फिर आप हजरे असवद के पास आए और इसे चूम कर दरवाज़े से निकल कर सफा की तरफ तशरीफ़ ले गए, जब आप सफा के करीब पहुंचे तो यह आयत तिलावत फरमाई, ‘सफा और मरवा अल्लाह की निशानियो में से है”, मैं वहीं से शुरू करूँगा जहाँ से अल्लाह तआला ने शुरू किया, पस आप ﷺ ने सफा से शुरू किया और इस पर चढ़ गए हत्ता कि आप ने बैतुल्लाह देखा, आप ﷺ किबला रुख हुए तो अल्लाह की तौहीद और किब्रियाई बयान की और फ़रमाया: अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, इस का कोई शरीक नहीं, इसी की बादशाहत है और इसी के लिए हर किस्म की हम्द उसी के लिए है, और वह हर चीज़ पर कादिर है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, इस ने अपना वादा पूरा फ़रमाया, अपने बन्दे की नुसरत फरमाई, और इस अकेले ने लश्करो को शिकस्त दी, फिर आप ने इस के दौरान दुआ फरमाई, आप ने यह कलिमात तीन मर्तबा फरमाए, फिर आप निचे उतरे और मरवा की तरफ गए हत्ता कि जब आप वादी के निचे वाले हिस्से पर तेज़ी से उतरने लगे तो आप दोड़ ने लगे हत्ता कि जब आप चढने लगे तो आप मामूल के मुताबिक चलते गए हत्ता कि आप मरवा पर पहुँच गए और आप ने वहां भी वैसे ही किया जैसे सफा पर

किया था, हत्ता कि जब आप आखरी चक्कर में पहुंचे तो आप मरवा पर थे और सहाबा आप के निचे थे, आप ﷺ ने वहां से आवाज़ देते हुए फ़रमाया: जिस चीज़ का मुझे अब पता चला है अगर इस का मुझे पहले चल जाता तो में क़ुरबानी का जानवर साथ लता और मैं इस (हज) को उमरे में तब्दील कर लेता, जिस शख़्स के पास क़ुरबानी का जानवर नहीं वह इहराम खोल दे, और इसे उमरे में बदल दाले, सराफ बिन मालिक बिन जअशम रदी अल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या यह इस साल के लिए या हमेशा के लिए है ? रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने एक हाथ की उंगलिया दुसरे हाथ की उंगलियों में दाखिल की और दो मर्तबा फ़रमाया: उमरा हज में दाखिल हो गया, और यह सिर्फ हमारे इसी साल के लिए ही नहीं बलके हमेशा हमेशा के लिए है, अली रदी अल्लाहु अन्हु यमन से नबी ﷺ की क़ुरबानी के लिए ऊंट लेकर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने इन से पुचा: “जब तुम ने हज की नियत की थी तो क्या कहा था ? उन्होंने अर्ज़ किया, मेंने कहा था: अल्लाह! में इसी चीज़ का तल्बिहा पुकारता हूँ जैसा तेरे रसूल ﷺ ने तलिबिहा पुकारा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: क्यूंकि मेरे पास क़ुरबानी का जानवर है लिहाज़ा तुम इहराम न खोलो”, रावी बयान करते हैं, कुर्बानियों के जानवरों की वह जमात जो अली रदी अल्लाहु अन्हु यमन से लाए थे और वह जिन्हें नबी ﷺ साथ ले कर आए थे (ये सब) एक सौ थे, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ और उन सहाबी जिन के पास क़ुरबानी के जानवर थे, उन के सिवा सब ने इहराम खोल दिए और बाल कुतर लिए, जब तर्विहा (आठ ज़ुल्हिज्जा) का दिन हुआ तो उन्होंने मीना का इरादा किया और इहराम बांधा, नबी ﷺ अपनी ऊंटनि पर सवार हुए, आप ने वहां (मीना में) ज़ोहर, असर, मगरिब, ईशा और फजर की नमाज़े पढ़ी, फिर थोड़ी देर कयाम फ़रमाया हत्ता के सूरज तुलुअ हो गया, आप ने नमर में बालो का बनाया हुआ खैमा लगाने का हुक्म फ़रमाया, पस रसूलुल्लाह ﷺ रवाना हुए, कुरैश को इस बात में कोई शक नहीं था के आप कुरैश के दस्तुरे जहालियत के मुताबिक मशअरे हराम (मुज्द्ल्फा) में वक्फ़ फ़रमाएंगे ,लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ वहां से गुजर कर मैदाने अरफात में तशरीफ़ ले गए आप ने देखा की नमर में आप के लिए खैमा लगा दिया गया है, आप वहाँ हत्ता कि सूरज ढल गया तो आप ने (अपनी ऊँटनी) कस्वा के बारे में हुक्म फ़रमाया तो इस पर पालान रख दिया गया, आप ﷺ वादी के नशीब (वादी उरन) में तशरीफ़ लाए और लोगो को खिताब करते हुए फ़रमाया: बेशक तुम्हारा खून, तुम्हारा माल तूम (एक दुसरे) पर इस तरह हराम है जिस तरह तुम्हारे आज के दिन की, इस महीने की और तुम्हारे इस शहर की हुरमत है, सुन लो! जाहिलियत की हर चीज़ मेरे पैर तले रोंदी गई है, जाहिलियत के खून (यानि कतल) भी ख़तम कर दीए गए और हमरे खून में से पहला खून जिसे में खतम कर रहा हूँ, वह रबीअ बिन हरिस के बेटे का खून है, और वह बनू सईद के काबिले में दूध पि रहा था की काबिले हज़ल ने इसे कतल कर दिया, और जाहिलियत का सूद ख़त्म कर दिया गया, और हमारे सूद में से पहला सूद जिसे में ख़तम कर रहा हूँ वह अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदी अल्लाहु अन्हु का है, वह मुकम्मल तौर पर ख़त्म है, औरतो के बारे में अल्लाह से डरते रहो, तुम ने इन्हें अल्लाह की अमान और अहद के साथ हासिल किया है, और अल्लाह के कलमे के ज़रिए उन्हें हलाल किया है, इन पर तुम्हारा हक यह है कि वह तुम्हारे बिस्तर (रीहाइश) पर कीसी ऐसे शख़्स को न आने दे जिसे तुम नापसंद करते हो, लेकिन अगर वह ऐसे करे तो फिर तुम इन्हें हलकी सी जरब मार सकते हो, और मैं तुम में एक ऐसी चीज़ छोड़े जा रहा हूँ अगर तुम ने इसे मजबूती से थामे रखा तो फिर तुम गुमराह नहीं होंगे, और वह है अल्लाह की किताब, और तुम से मेरे मुतल्लिक पूछा जाएगा तो तुम क्या कहोगे ? उन्होंने अर्ज़ किया, हम गवाही देते ही की आप ने पहुंचा दिया, हक अदा कर दिया और खैर ख्वाही फरमाई, आप ﷺ शाहदत की ऊँगली को आसमान की तरफ उठाया और इसे लोगो की तरफ झुकाते हुए तीन मर्तबा फ़रमाया: ऐ अल्लाह! तू गवाह रहना, ऐ अल्लाह! तू गवाह रहना, फिर बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु ने आज़ान दी और फिर इकामत कही तो आप ﷺ ने जोहर पढ़ाई, फिर इकामत कही तो आप ने असर पढ़ाई, और आप ने इन दोनों (नामजो) के दरमियान कोई नमाज़ नहीं पढ़ी, फिर आप सवारी पर सवार हुए हत्ता कि वक़्फ की जगह पर तशरीफ़ ले गए, आप ने अपनी ऊँटनी कसवा का पेट चट्टानों की तरफ के जानिब किया, और जबल अल मशाक (पैदल

चलने वालो की रह में वाकेअ रेतीले टीले) को अपने सामने किया, और किबला रुख मुसलसल वकुफ़ फ़रमाया हत्ता कि सूरज गुरूब होने लगा, थोरी सी ज़र्दी रह गई हत्ता कि सूरज की टिकिया गायब हो गई, आप ﷺ ने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु को पीछे बिठाया और वहां से चले हत्ता कि मुज्दल्फा तशरीफ़ ले आए. आपने वहां एक अज़ान और दो इकामत से मगरिब और ईशा की नमाज़े पढ़ी और इन दोनों के दरमियाँन कोई नफ्ल नमाज़ नहीं पढ़ी, फिर आप लेट गए हत्ता कि फजर पढ़ी, फिर कस्वा पर सवार हुए और मशअर अल-हराम तशरीफ़ लाए, किबला रुख हो कर इस (अल्लाह) से दुआ की उस की तकबीर व तहलील और तौहीद बयान की, आप मुसलसल खड़े रहे हत्ता के खूब उजाला हो गया, आप तुलुए आफ़ताब से पहले वहां से चल दिए, आप ने फजल बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु को अपने पीछे सवार किया और आप वादी मुह्सर पहुंचे तो सवारी को थोड़ा सा तेज़ किया, फिर दरमियानी रस्ते पर हो लिये जो की अल-जमरत अल कुबरा की तरफ जा रहा था, यहाँ तक की वह जमरह पहुँचे जिस के पास दरख्त था, आप ने इसे सात कांकरिया मारी, आप हर कंकरिया के साथ (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे, इन में से हर कंकरी ऐसी थी जिसे चुटकी में लेकर चलाया जा सकता था, आप ने यह कंकरिया वादी के उतार से मारी, फिर आप क़ुरबानी गाह तशरीफ़ ले गए, आप ने तिरसठ (63) ऊंट अपने दस्ते मुबारक से जिबह किए, फिर आप ने यह फ़रीज़ा अली रदी अल्लाहु अन्हु को सोंप दिया तो बाकि ऊंट उन्होंने जिबह किए,और आप ने उन्हें भी अपनी क़ुरबानी मैं शरीक किया, फिर आप ने हुक्म फ़रमाया और हर ऊंट से एक एक टुकड़ा काट कर हंडिया में डाल कर पकाया गया, आप दोनों (रसूलुल्लाह ﷺ और हज़रत अली (र)) ने इस गोश्त में से कुछ खाया और इस का शोरबा पिया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ सवारी पर सवार हुए और तवाफ़ इफजा किया, नमाज़े जोहर मक्के में पढ़ी, फिर आप बनू अब्दुल मुत्तलिब के पास तशरीफ़ ले गए, जो ज़मज़म पिला रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्दुल मुत्लिब की औलाद, पानी निकालो अगर यह अंदेशा होता के तुम्हारे पानी पिलाने के इस काम पे लोग तुम पर ग़ालिब आजएंगे तो में भी तुम्हारे साथ पानी खिचता, उन्होंने आप को एक डोल में पानी दिया तो आप ﷺ ने इस में से नौश फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (147 / 1218)، (2950)

٢٥٥٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ فَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ فَلَمَّا قَدِمْنَا مَكَّةَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَلَمْ يُهْدِ فَلْيَحْلِلْ وَمَنْ أَحْرَمَ بِعُمْرَةٍ وَأَهْدَى فَلْيُهِلَّ بِالْحَجِّ مَعَ العُمرةِ ثمَّ لَا يحل حَتَّى يحل مِنْهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَلَا يَحِلُّ حَتَّى يَحِلَّ بِنَحْرِ هَدْيِهِ وَمَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ فَلْيُتِمَّ حَجَّهُ» . قَالَتْ: فَحِضْتُ وَلَمْ أَطُفْ بِالْبَيْتِ وَلَا بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ فَلَمْ أَزَلْ حَائِضًا حَتَّى كَانَ يَوْمُ عَرَفَةَ وَلَمْ أُهْلِلْ إِلَّا بِعُمْرَةٍ فَأَمَرَنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَنْقُضَ رَأْسِي وَأَمْتَشِطَ وَأُهِلَّ بِالْحَجِّ وَأَتْرُكَ الْعُمْرَةَ فَفَعَلْتُ حَتَّى قَضَيْتُ حَجِّي بَعَثَ مَعِي عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ أَبِي بَكْرٍ وَأَمَرَنِي أَنْ أَعْتَمِرَ مَكَانَ عُمْرَتِي مِنَ التَّنْعِيمِ قَالَتْ: فَطَافَ الَّذِينَ كَانُوا أَهَلُّوا بِالْعُمْرَةِ بِالْبَيْتِ وَبَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ ثُمَّ حَلُّوا ثمَّ طافوا بَعْدَ أَنْ رَجَعُوا مِنْ مِنًى وَأَمَّا الَّذِينَ جَمَعُوا الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ فَإِنَّمَا طَافُوا طَوَافًا وَاحِدًا

2556. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हज्जतुल वदा के मौके पर हम नबी ﷺ के साथ रवाना हुए, हम में ऐसे थे जिन्होंने उमरह के लिए इहराम बांधा, और हम में बाज़ ने हज के लिए इहराम बांधा, जब हम मक्का पहुंचे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जिस शख़्स ने उमरह के लिए इहराम बांधा और वह कुर्बानी का जानवर साथ नहीं लाया तो वह इहराम खोल दे और जिस शख़्स ने उमरह के लिए इहराम बांधा और वह कुर्बानी का जानवर साथ लाया है तो वह उमरे के साथ हज के इहराम की नियत कर ले फिर वह इहराम न खोले हत्ता के वह इन दोनों से फारिग़ हो जाए”, और एक दूसरी रिवायत में है: “वो इहराम न खोले हत्ता के अपने कुर्बानी से फारिग़ हो जाए और जिस शख़्स ने हज का इहराम बांधा था

तो वह अपना हज मुकम्मल करे”, वह फरमाती हैं मुझे हैज़ आ गया लिहाज़ा मेंने ना बैतुल्लाह का तवाफ़ किया न सफा मरवा की सई की और मैं अरफा के दिन (नौ ज़िल हिज्जा) तक हालत ए हैज़ में रही, मैंने तो उमरह के लिए इहराम बांधा था, लेकिन नबी ﷺ ने मुझे फ़रमाया की मैं अपने सर के बाल खोल कर कंगी करू और हज के लिए इहराम बांधू और मैं उमरह तर्क कर दूँ, मेंने ऐसे ही किया हत्ता कि मेंने अपना हज पूरा किया, फिर आप ने (मेरे भाई) अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु को मेरे साथ भेजा और मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं अपने उमरे की जगह तनइम से उमरह करू, आप रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जिन लोगो ने उमरह के लिए इहराम बांधा था उन्होंने बैतुल्लाह का तवाफ़ किया और सफा मरवा की सई की, फिर उन्होंने इहराम खोल दिया, फिर उन्होंने मीना से वापिस आने के बाद एक तवाफ़ किया, रहे वह लोग जिन्होंने हज और उमरह इकट्ठा किया तो उन्होंने एक ही तवाफ़ किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1556) و مسلم (112 / 1121)، (2911)

٢٥٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: تَمَتَّعَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٧٨ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَسَاقَ مَعَهُ الْهَدْيَ مِنْ ذِي الْحُلَيْفَةِ وَبَدَأَ فَأَهَلَّ بِالْعُمْرَةِ ثُمَّ أَهَلَّ بِالْحَجِّ فَتَمَتَّعَ النَّاسُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَكَانَ مِنَ النَّاسِ مَنْ أَهْدَى وَمِنْهُمْ مَنْ لَمْ يُهْدِ فَلَمَّا قَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَكَّةَ قَالَ لِلنَّاسِ: «مَنْ كَانَ مِنْكُمْ أَهْدَى فَإِنَّهُ لَا يَحِلُّ مِنْ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ حَتَّى يَقْضِيَ حَجَّهُ وَمَنْ لَمْ يَكُنْ مِنْكُمْ أَهْدَى فَلْيَطُفْ بِالْبَيْتِ وَبِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ وَلْيُقَصِّرْ وَلْيَحْلِلْ ثُمَّ لِيُهِلَّ بِالْحَجِّ وليُهد فمنْ لم يجدْ هَديا فيلصم ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فِي الْحَجِّ وَسَبْعَةً إِذَا رَجَعَ إِلَى أَهْلِهِ» فَطَافَ حِينَ قَدِمَ مَكَّةَ وَاسْتَلَمَ الرُّكْنَ أَوَّلَ شَيْءٍ ثُمَّ خَبَّ ثَلَاثَةَ أَطْوَافٍ وَمَشَى أَرْبَعًا فَرَكَعَ حِينَ قَضَى طَوَافَهُ بِالْبَيْتِ عِنْدَ الْمَقَامِ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ سَلَّمَ فَانْصَرَفَ فَأَتَى الصَّفَا فَطَافَ بِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ سَبْعَةَ أَطْوَافٍ ثُمَّ لَمْ يَحِلَّ مِنْ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ حَتَّى قَضَى حَجَّهُ وَنَحَرَ هَدْيَهُ يَوْمَ النَّحْرِ وَأَفَاضَ فَطَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ حَلَّ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ وَفَعَلَ مِثْلَ مَا فَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ سَاقَ الْهَدْيَ من النَّاس

2557. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर हज के साथ उमरह मिलाया था, आप ज़ुल हलिफा से कुर्बानी का जानवर अपने साथ ले गए थे, आप ने पहले उमरह का इहराम बांधा, फिर हज का इहराम बांधा, तो सहाबा किराम रदी अल्लाहु अन्हुम ने भी नबी ﷺ के साथ हज को उमरे के साथ मिला कर फ़ायदा हासिल किया, कुछ लोग ऐसे भी थे जो कुर्बानी के जानवर अपने साथ ले कर गए और उन में से कुछ ऐसे भी थे जो कुर्बानी के जानवर साथ नहीं लाए थे, जब नबी मक्का पहुंचे तो आप ﷺ ने लोगो से फ़रमाया: “तुम में से जो शख़्स कुर्बानी का जानवर साथ लाया है तो उस के लिए कोई चीज़ हलाल नहीं जो उस पर हराम थी हत्ता के वह अपना हज पूरा कर ले, और जो शख़्स कुर्बानी का जानवर साथ नहीं लाया तो वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करे, सफा मरवा की सई करे, बाल कटवा कर इहराम खोल दे, फिर (हज के मौके पर) हज के लिए इहराम बांधे, और कुर्बानी करे, तो जो शख़्स कुर्बानी का जानवर न पाए तो वह तीन रोज़े अय्याम हज में और सात रोज़े अपने घर पहुँच कर रखे”, जब आप ﷺ मक्का पहुंचे तो आप ने तवाफ़ किया और सबसे पहले हजरे असवद को चूमा, फिर आप ने तीन चक्कर दोड़ कर लगाए और चार चक्कर मामूल की चाल चल कर लगाए, जब आप तवाफ़ मुकम्मल कर चुके तो आप ने मकामे इब्राहीम के पास दो रकते पढ़ी, फिर आप ने सफा मरवा के दरमियान सई के सात चक्कर लगाए, फिर आप पर उन चीजों में से कोई भी चीज़ हलाल नहीं हुई थी जो आप पर हराम थी हत्ता के आप ने अपना हज मुकम्मल किया और कुर्बानी के दिन कुर्बानी की और बैतुल्लाह शरीफ पहुँच कर तावाफे इफादा किया, फिर आप के लिए वह तमाम चीज़े हलाल हो गई जो आप पर हराम हुई थी, और जो लोग कुर्बानी के जानवर साथ लाए थे उन्होंने भी वैसे ही किया जैसे रसूलुल्लाह ﷺ ने किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1691) و مسلم (174 / 1227)، (2982)

٢٥٥٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «هَذِهِ عُمْرَةٌ اسْتَمْتَعْنَا بِهَا فَمَنْ لَمْ يَكُنْ عِنْدَهُ الْهَدْيُ فَلْيَحِلَّ الْحِلَّ كُلَّهُ فَإِنَّ الْعُمْرَةَ قَدْ دَخَلَتْ فِي الْحَجِّ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّانِي

2558. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' यह उमरह है जिस से हमने फ़ायदा उठाया और जिस शख़्स के पास कुर्बानी का जानवर न हो तो उस के लिए तमाम चीज़े हलाल होगी. क्योंकि उमरह रोज़ ए क़यामत तक के लिए हज में दाखिल हो चूका है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (203 / 1241)، (3014)

وهذا الباب خال عن الفصل الثاني

यह बाब दूसरी फस्ल से खाली हैं|

किस्सा हज्जतुल वदा • بَاب قصَّة حجَّة الْوَدَاع

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٥٥٩ - (صَحِيح) عَنْ عَطَاءٍ قَالَ: سَمِعْتُ جَابِرَ بْنَ عَبْدِ اللَّهِ فِي نَاسٍ مَعِي قَالَ: أَهْلَلْنَا [ص:٧٨ أَصْحَاب مُحَمَّد بِالْحَجِّ خَالِصًا وَحْدَهُ قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ جَابِرٌ: فَقَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صُبْحَ رَابِعَةٍ مَضَتْ مِنْ ذِي الْحِجَّةِ فَأَمَرَنَا أَنْ نَحِلَّ قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ: «حِلُّوا وَأَصِيبُوا النِّسَاءَ» . قَالَ عَطَاءٌ: وَلَمْ يَعْزِمْ عَلَيْهِمْ وَلَكِنْ أَحَلَّهُنَّ لَهُمْ فَقُلْنَا لَمَّا لَمْ يَكُنْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ عَرَفَةَ إِلَّا خَمْسٌ أَمَرَنَا أَنْ نُفْضِيَ إِلَى نِسَائِنَا فَنَأْتِي عرَفَةَ تَقْطُرُ مَذَاكِيرُنَا الْمَنِيَّ. قَالَ: «قَدْ عَلِمْتُمْ أَنِّي أَتْقَاكُمْ لِلَّهِ وَأَصْدَقُكُمْ وَأَبَرُّكُمْ وَلَوْلَا هَدْيِي لَحَلَلْتُ كَمَا تَحِلُّونَ وَلَوِ اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ لَمْ أَسُقِ الْهَدْيَ فَحِلُّوا» فَحَلَلْنَا وَسَمِعْنَا وَأَطَعْنَا قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ جَابِرٌ: فَقَدِمَ عَلِيٌّ مِنْ سِعَايَتِهِ فَقَالَ: بِمَ أَهْلَلْتَ؟ قَالَ بِمَا أَهَلَّ بِهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَأَهْدِ وَامْكُثْ حَرَامًا» قَالَ: وَأَهْدَى لَهُ عَلِيٌّ هَدْيًا فَقَالَ سُرَاقَةُ بْنُ مَالِكِ بْنِ جُعْشُمٍ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ألعامنا هَذَا أم لأبد؟ قَالَ: «لأبد» . رَوَاهُ مُسلم

2559. अता रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु को अपने साथ बहोत से लोगों में सुना. उन्होंने ने फ़रमाया: हम मुहम्मद ﷺ के सहाबा ने सिर्फ अकेले एक ही का इहराम बांधा था. अता बयान करते हैं, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: नबी ﷺ चार ज़ुलहिज्जा को मक्का तशरीफ़ लाए तो आप ने हमें इहराम खोलने का हुक्म फ़रमाया. अता बयान करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इहराम खोल दो और अपने बीवियों के पास जाओ”, अता रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, आप ﷺ ने इस बात (औरतो के पास जाने) को इन पर वाजिब करार नहीं दिया था, बल्के उन (औरतो) को इन के लिए मुबाह करार दिया था, हमने अर्ज़ किया: हमारे मैदाने अरफात में जाने में सिर्फ पांच दिन बाकी रह गए, तो आप ने हमें अपने बीवियों के पास जाने (यानी जिमाअ करने) का हुक्म फ़रमाया और जब हम मैदाने

अरफात पहुंचे तो (गोया के) हमारी शरम गाहे मनी गिरा रही हो, अता रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु अपने हाथ से इरशाद कर रहे थे गोया में इन के हाथ के इशारे को देख रहा हूँ कि वह इसे हरकत दे रहे हैं, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ हम में खड़े हुए तो फ़रमाया: “तुम जानते हो की मैं तुम सबसे ज़्यादा अल्लाह से डरता हूँ, तुम सबसे ज़्यादा सच्चा और तुम सबसे ज़्यादा नेकोकार हूँ, अगर मेरे साथ मेरी कुर्बानी का जानवर न होता तो मैं भी तुम्हारी तरह इहराम खोल देता, अगर वह बात जो मुझे अब मालुम हुई है वह पहले मालुम हो जाती तो मैं कुर्बानी का जानवर साथ न लाता, तुम इहराम खोल दो”, तो हमने इहराम खोल दिया और हमने समाअ व इताअत इख़्तियार की, अता बयान करते हैं, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अली रदी अल्लाहु अन्हु सदकात की वुसुली के बाद वहां (मक्के) पहुंचे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने किसी नियत से इहराम बांधा था ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जिस नियत से नबी ﷺ ने इहराम बांधा था, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से फ़रमाया: “कुर्बानी करना और हालत ए इहराम में रहो”, रावी बयान करते हैं, अली रदी अल्लाहु अन्हु अपने लिए कुर्बानी का जानवर साथ लाए थे, सुराका बिन मालिक बिन जअशम रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या यह इसी साल के लिए है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हमेशा के लिए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (141 / 1216)، (2943)

٢٥٦٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّهَا قَالَتْ: قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَرْبَعٍ مَضَيْنَ مِنْ ذِي الْحِجَّةِ أَوْ خَمْسٍ فَدَخَلَ عَلَيَّ وَهُوَ غَضْبَانُ فَقُلْتُ: مَنْ أَغْضَبَكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَدْخَلَهُ اللَّهُ النَّارَ. قَالَ: «أَو مَا شَعَرْتِ أَنِّي أَمَرْتُ النَّاسَ بِأَمْرٍ فَإِذَا هُمْ يَتَرَدَّدُونَ وَلَوْ أَنِّي اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ مَا سُقْتُ الْهَدْيَ مَعِي حَتَّى أَشْتَرِيَهُ ثمَّ أُحلُّ كَمَا حلُّوا» . رَوَاهُ مُسلم

2560. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ चार या पांच ज़ुलहिज्जा को मक्का पहुंचे थे, आप मेरे पास तशरीफ़ लाए तो आप गुस्से की हालत में थे, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप को किस ने नाराज़ किया है ? अल्लाह इसे जहन्नम में दाखिल फरमाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हें मालुम नहीं के मैंने लोगो को एक काम का हुक्म दिया है जबकि वह तरदुद का शिकार हैं, जिस चिज़ का मुझे अब पता चला है अगर उस का मुझे पहले पता चल जाता तो मैं कुर्बानी का जानवर अपने साथ न लाता हत्ता के में उसे यहाँ से खरीद लेता, फिर मैं भी इहराम खोल देता जैसे उन्होंने इहराम खोला है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1211)، (2931)

मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف •

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول •

٢٥٦١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ لَا يَقْدَمُ مَكَّةَ إِلَّا بَاتَ بِذِي طُوًى حَتَّى يُصْبِحَ وَيَغْتَسِلَ وَيُصَلِّيَ فَيَدْخُلَ مَكَّةَ نَهَارًا وَإِذَا نَفَرَ مِنْهَا مَرَّ بِذِي طُوًى وَبَاتَ بِهَا حَتَّى يُصْبِحَ وَيَذْكُرُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَفْعَلُ ذَلِكَ

2561. नाफेअ बयान करते हैं, की इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा मक्का में दाखिल होने से पहले वादी जितवा में रात बसर करते, सुबह को गुसल करते और नमाज़ पढ़ कर दिन के वक़्त मक्का में दाखिल होते, और जब आप वहां से निकलते तो भी वादी जितवा के पास से गुज़रते, वहां रात बसर करते और बयान करते के नबी ﷺ इसी तरह किया करते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1573) و مسلم (227 / 1259)، (3045)

٢٥٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا جَاءَ إِلَى مَكَّةَ دَخَلَهَا مِنْ أَعْلَاهَا وخرجَ مِنْ أسفلِها

2562. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं की जब नबी ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप उस के ऊपरी हिस्से की तरफ से दाखिल हुए और उस के निचले हिस्से की तरफ से निकले थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1577) و مسلم (224 / 1258)، (3042)

٢٥٦٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عُروةَ بنِ الزُّبيرِ قَالَ: قَدْ حَجَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَتْنِي عَائِشَةُ أَنَّ أَوَّلَ شَيْءٍ بَدَأَ بِهِ حِينَ قَدِمَ مَكَّةَ أَنَّهُ تَوَضَّأَ ثُمَّ طَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ لَمْ تَكُنْ عُمْرَةً ثُمَّ حَجَّ أَبُو بكرٍ فكانَ أوَّلَ شيءٍ بدَأَ بِهِ الطوَّافَ بالبيتِ ثمَّ لَمْ تَكُنْ عُمْرَةً ثُمَّ عُمَرُ ثُمَّ عُثْمَانُ مثلُ ذَلِك

2563. उरवा बिन जुबैर बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हज किया तो आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने मुझे बताया की जब आप ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप ने सबसे पहले वुज़ू किया, फिर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया, फिर इसे उमरह (का तवाफ़) न बनाया, फिर अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने हज किया तो उन्होंने भी सबसे पहले तवाफ़ किया, फिर उन्होंने भी इसे उमरह न बनाया, फिर उमर और फिर उस्मान रदी अल्लाहु अन्हुमा ने भी इसी तरह किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1641) و مسلم (190 / 1235)، (3001)

٢٥٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا طَافَ فِي الْحَجِّ أَوِ الْعمرَة مَا يَقْدَمُ سَعَى ثَلَاثَةَ أَطْوَافٍ وَمَشَى [ص:٧٩ أَرْبَعَةً ثُمَّ سَجَدَ سَجْدَتَيْنِ ثُمَّ يَطُوفُ بَيْنَ الصَّفَا والمروة

2564. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ हज्ज या उमरह का तवाफ़ करते तो आप सबसे पहले तीन चक्कर दोड़ कर लगाते और चार चक्कर चल कर लगाते थे, फिर आप दो रकते पढ़ते और सफा और मरवा की सई फरमाते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1616) و مسلم (231 / 1261)، (3049)

٢٥٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: رَمَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ الْحَجَرِ ثَلَاثًا وَمَشَى أَرْبَعًا وَكَانَ يَسْعَى بِبَطْنِ الْمَسِيلِ إِذَا طَافَ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ. رَوَاهُ مُسلم

2565. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हजरे असवद से हजरे असवद तक तीन चक्कर तेज़ चल कर लगाए और चार चक्कर आम रफ़्तार से चल कर लगाए और जब आप ﷺ सफा मरवा के दरमियान सई करते तो आप सैलाब के बहाव वाली जगह पर तेज़ चलते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (233 / 1262)، (3051)

٢٥٦٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا قَدِمَ مَكَّةَ أَتَى الْحَجَرَ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ مَشَى عَلَى يَمِينِهِ فَرَمَلَ ثَلَاثًا وَمَشى أَرْبعا. رَوَاهُ مُسلم

2566. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप हजरे असवद के पास आए तो उसे बोसा दिया, फिर आप अपने दाए जानिब पर चला तो तीन चक्कर तेज़ चल कर चार चक्कर आम रफ़्तार से चल कर लगाए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (150 / 1218)، (2953)

٢٥٦٧ - (صَحِيح) وَعَنِ الزُّبَيْرِ بْنِ عَرَبِيٍّ قَالَ: سَأَلَ رَجُلٌ ابنَ عمرَ عَنِ اسْتِلَامِ الْحَجَرِ فَقَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَلِمُهُ وَيُقَبِّلُهُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2567. जुबैर बिन अरबी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, किसी आदमी ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से हजरे असवद को बोसा देने के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को इसे हाथ लगाते और बोसा देते हुए देखा है| (बुखारी)

رواه البخارى (1611)

٢٥٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: لَمْ أَرَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَلِمُ من الْبَيْت إِلَّا الرُّكْنَيْنِ اليمانيين

2568. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सिर्फ दो रुकने यमानी हजरे असवद और रुकने यमानी को छुते हुए देखा है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1609) و مسلم (242 / 1267)، (3061)

٢٥٦٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: طَافَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ عَلَى بعير يسْتَلم الرُّكْن بمحجن

2569. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर ऊंट पर सवार हो कर तवाफ़ किया, आप छड़ी के साथ हजरे असवद को छुते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1607) و مسلم (253 / 1272)، (3073)

٢٥٧٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَافَ بِالْبَيْتِ عَلَى بَعِيرٍ كُلَّمَا أَتَى عَلَى الرُّكْنِ أَشَارَ إِلَيْهِ بِشَيْءٍ فِي يدِه وكبَّرَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2570. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊंट पर सवार हो कर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया जब आप हजरे असवद के पास आते तो आप अपने हाथ में मौजूद किसी चीज़ के साथ इरशाद करते और (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते| (बुखारी)

رواہ البخاری (1632)

٢٥٧١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الطُّفَيْلِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَطُوفُ بِالْبَيْتِ وَيَسْتَلِمُ الرُّكْنَ بِمِحْجَنٍ مَعَهُ ويقبِّلُ المحجن. رَوَاهُ مُسلم

2571. अबू तुफैल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को बैतुल्लाह का तवाफ़ करते और आप के पास जो छड़ी थी उस के साथ हजरे असवद को छुते हुए देखा और आप छड़ी को बोसा देते थे| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (257 / 1275)، (3077)

٢٥٧٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا نَذْكُرُ إِلَّا الْحَجَّ فَلَمَّا كُنَّا بِسَرِفَ طَمِثْتُ فَدَخَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَبْكِي فَقَالَ: «لَعَلَّكِ نَفِسْتِ؟» قُلْتُ: نَعَمْ قَالَ: «فَإِنَّ ذَلِكِ شَيْءٌ كَتَبَهُ اللَّهُ عَلَى بَنَاتِ آدَمَ فَافْعَلِي مَا يَفْعَلُ الْحَاجُّ غَيْرَ أَنْ لَا تَطُوفِي بِالْبَيْتِ حَتَّى تَطْهُرِي»

2572. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम नबी ﷺ के साथ सिर्फ हज के इरादे से रवाना हुए, जब आप मक़ाम ए सरीफ पर पहुंचे तो मुझे हैज़ आ गया, नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैं रो रही थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुम्हें हैज़ गया है ?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये तो एक ऐसी चीज़ है जो अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम की बेटियों पर मुकद्दर कर दिया है, तुम जब तक हैज़ से पाक नहीं हो जाती, बैतुल्लाह के तवाफ़ के सिवा दीगर हाजियों की तरह उमूर बजा लाती रहो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (294) و مسلم (119 120 / 1211)، (2918 و 2919)

٢٥٧٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: بَعَثَنِي أَبُو بَكْرٍ فِي الْحَجَّةِ الَّتِي أَمَّرَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَيْهَا قَبْلَ حَجَّةِ الْوَدَاعِ يَوْمَ النَّحْرِ فِي رَهْطٍ أَمَرَهُ أَنْ يُؤَذِّنَ فِي النَّاسِ: «أَلَا لَا يَحُجُّ بَعْدَ العامِ مشرِكٌ وَلَا يطوفَنَّ بِالْبَيْتِ عُرْيَان»

2573. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने इस हज में, जिस में नबी ﷺ ने उन्हें हज्जतुल वदा से पहले अमीर ए हज बना कर भेजा था, मुझे एक जमात के साथ भेजा और हुक्म दिया के “ लोगों में ऐलान कर दिया जाए के सुन लो! इस साल के बाद कोई मुशरिक ना बैतुल्लाह का हज करे न कोई उरिया(नंगी) हालत में बैतुल्लाह का तवाफ़ करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (369) و مسلم (435 / 1347)، (3287)

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف • मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٥٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ الْمُهَاجِرِ الْمَكِّيِّ قَالَ: سُئِلَ جَابِرٌ عَنِ الرَّجُلِ يَرَى الْبَيْتَ يَرْفَعُ يَدَيْهِ فَقَالَ قَدْ حَجَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمْ نَكُنْ نَفْعَلُهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2574. मुहाजिर मक्की रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से इस आदमी के बारे में दरियाफ्त किया गया जो बैतुल्लाह को देख कर हाथ उठाता है, उन्होंने ने फ़रमाया: हमने नबी ﷺ के साथ हज किया तो हम इस तरह नहीं करते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (855) و ابوداؤد (1870) [و النسائی (5 / 212 ح 2898) و ابن خزیمة (2704) 2705)] * المهاجر المکی و ثقه ابن حبان و ابن خزیمة فهو حسن الحدیث فائدة : مراد رفع الیدین فی هذا الحدیث بعد انقضاء الصلوة و الطواف و عند الخروج من المسجد الحرام ، انظر صحیح ابن خزیمة (4 / 210 قبل ح 2705)

٢٥٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَقْبَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَخَلَ مَكَّةَ فَأَقْبَلَ إِلَى الْحَجَرِ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ طَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ أَتَى الصَّفَا فَعَلَاهُ حَتَّى يَنْظُرَ إِلَى الْبَيْتِ فَرَفَعَ يَدَيْهِ فَجَعَلَ يَذْكُرُ اللَّهَ مَا شَاءَ وَيَدْعُو. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2575. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ (मदीना से) रवाना हुए, जब आप मक्का में दाखिल हुए तो आप ﷺ हजरे असवद की तरफ आए इसे बोसा दिया, फिर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया, फिर सफा पर आए तो उस के ऊपर चढ़ गए हत्ता के बैतुल्लाह नज़र आने लगा तो आप हाथ उठाकर जिस क़दर चाहा, अल्लाह का ज़िक्र और दुआए करते रहे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1872)

٢٥٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الطَّوَافُ حَوْلَ الْبَيْتِ مِثْلُ الصَّلَاةِ إِلَّا أَنَّكُمْ تَتَكَلَّمُونَ فِيهِ فَمَنْ تَكَلَّمَ فِيهِ فَلَا يَتَكَلَّمَنَّ إِلَّا بِخَيْرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَذَكَرَ التِّرْمِذِيُّ جَمَاعَةً وَقَفُوهُ عَلَى ابْنِ عباسٍ

2576. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बैतुल्लाह का तवाफ़ नमाज़ की तरह है, अलबत्ता तुम उस में बात वगैरा कर लेते हो, जो शख़्स इस दौरान बात करे तो वह सिर्फ खैर व भलाई की बात करे”| तिरमिज़ी, निसाई, दारमी इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने मुहद्दीसिन की एक जमाअत का ज़िक्र किया है, जिन्होंने इसे इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा पर मौकूफ करार दिया है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (960) و النسائی (5 / 222 ح 2925) و الدارمی (2 / 44ح 1854)

٢٥٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَزَلَ الْحَجَرُ الْأَسْوَدُ مِنَ الْجَنَّةِ وَهُوَ أَشَدُّ بَيَاضًا مِنَ اللَّبَنِ فَسَوَّدَتْهُ خَطَايَا بَنِي آدَمَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح

2577. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हजरे असवद जन्नत से नाज़िल हुआ था तो वह दूध से भी ज़्यादा सफ़ेद था लेकिन औलादे आदम की खताओं ने इसे सियाह कर दिया”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 307 ح 2796 مختصرًا) و الترمذی (877)

٢٥٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْحَجَرِ: «وَاللَّهِ لَيَبْعَثَنَّهُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ لَهُ عَيْنَانِ يُبْصِرُ بِهِمَا وَلِسَانٌ يَنْطِقُ بِهِ يَشْهَدُ عَلَى مَنِ اسْتَلَمَهُ بِحَقٍّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

2578. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हजरे असवद के बारे में फ़रमाया: “अल्लाह रोज़ ए क़यामत इसे उठाएगा तो उस की दो आँखे होगी जिन से वह देखेगा और ज़ुबान होगी जिस से वह बोलेगा, और जिस ने हक़ के साथ उस को बोसा दिया होगा उस के हक़ में गवाही देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (961 و قال : حسن) و ابن ماجه (2944) و الدارمی (2 / 42 ح 1846)

٢٥٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ الرُّكْنَ وَالْمَقَامَ يَاقُوتَتَانِ مِنْ يَاقُوتِ الْجَنَّةِ طَمَسَ اللَّهُ نورَهما وَلَو لم يطمِسْ نورَهما لأضاءا مَا بينَ المشرقِ والمغربِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2579. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “हजरे असवद और मकामे इब्राहीम (वो पथ्थर जिस पर खड़े हो कर आप ने बैतुल्लाह की तामीर की) जन्नत के दो याकुत है, अल्लाह तआला ने उन के नूर को ख़तम कर दिया, और अगर वह उन के नूर को ख़तम न करता तो वह दोनों मशरिक व मगरिब के बिच में को रोशन कर देते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (878 و قال : غریب) * رجاء بن صبیح ابو یحیی : ضعیف ، ضعفه الجمهور و للحدیثشاهد ضعیف

٢٥٨٠ - (صَحِيح) وَعَن عُبيدِ بنِ عُمَيرٍ: أَنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ يُزَاحِمُ عَلَى الرُّكْنَيْنِ زِحَامًا مَا رَأَيْتُ أَحَدًا مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُزَاحِمُ عَلَيْهِ قَالَ: إِنْ أَفْعَلْ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ مَسْحَهُمَا كَفَّارَةٌ لِلْخَطَايَا» وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «مَنْ طَافَ بِهَذَا الْبَيْتِ أُسْبُوعًا فَأَحْصَاهُ كَانَ كَعِتْقِ رَقَبَةٍ» . وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «لَا يَضَعُ قَدَمًا وَلَا يَرْفَعُ أُخْرَى إِلا حطَّ اللَّهُ عنهُ بهَا خَطِيئَة وكتبَ لهُ بهَا حَسَنَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2580. उबैद बिन उमैर से रिवायत है के इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा हजरे असवद और रुकने यमानी पर बहोत ज़्यादा गलबा (रश) करते थे, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के किसी एक सहाबी को इन पर गलबा करते हुए नहीं देखा, उन्होंने ने फ़रमाया: में इसलिए ऐसे करता हूँ की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “इन दोनों को हाथ लगाना गुनाहों का कफ्फारा है”, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स हर हफ्ते बैतुल्लाह का तवाफ़ करे और उस की हिफाज़त करे तो वह ऐसे है जैसे उस ने गुलाम आज़ाद किया हो”, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब वह (तवाफ़ में) एक कदम रखता है और दूसरा उठाता है तो अल्लाह तआला उस के बदले में एक गुनाह मुआफ़ कर देता है और उस के लिए एक नेकी लिख देता है”| (हसन)

حسن ،رواه الترمذی (959 و قال : حسن)

٢٥٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن السَّائِب قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ مَا بَيْنَ الرُّكْنَيْنِ: (رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَاب النَّار)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2581. अब्दुल्लाह बिन साइब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हजरे असवद और रुकने यमानी के दरमियान यह दुआ करते हुए सुना: “हमारे परवरदिगार! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा और आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें आग के अज़ाब से बचा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1892)

٢٥٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن صفيةَ بنتِ شيبةَ قَالَتْ: أَخْبَرَتْنِي بِنْتُ أَبِي تُجْرَاةَ قَالَتْ: دَخَلْتُ مَعَ نِسْوَةٍ مِنْ قُرَيْشٍ دَارَ آلِ أَبِي حُسَيْنٍ

نَنْظُرُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَسْعَى بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ فَرَأَيْتُهُ يَسْعَى وَإِنَّ مِئْزَرَهُ لَيَدُورُ مِنْ شِدَّةِ السَّعْيِ وَسَمِعْتُهُ [ص:٧٩ يَقُولُ: «اسْعَوْا فَإِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَيْكُمُ السَّعْيَ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَرَوَاهُ أَحْمد مَعَ اخْتِلَاف

2582. सफ्फिया बिन्ते शैबा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, अबू तुजराह की बेटी (हबीबा (रअ)) ने मुझे बताया की मैं कुरैश की बाज़ औरतो के साथ खानदाने अबू हुसैन के घर गई ताकि हम रसूलुल्लाह ﷺ को सफा मरवा के बिच में सई करते हुए देखे, मैंने आप को सई करते हुए देखा और सई की शिद्दत की वजह से आप का आज़ार बिखर रहा था, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “सई करो क्योंकि अल्लाह तआला ने सई करना तुम पर फ़र्ज़ कर दिया है”| शरह सुन्ना और इमाम अहमद ने कुछ इख्तिलाफ के साथ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 140 141 ح 1921) و احمد (6 / 421) * سنده ضعيف عبدالله بن المومل ضعيف و له طريق آخر عند الدارقطنى (2 / 255) و البيهقى (5 / 97) بلفظ : دخلنا دار ابن ابى حسين فاطلعنا من باب مقطع فرأينا رسول الله صلى الله عليه وآله وسلم يشتد فى المسعى حتى اذا بلغ زقاق بنى فلان موضعًا قد سماه من المسعى ، استقبل الناس و قال :’’ يا ايها الناس اسعوا فإن المسعى قد كتبت عليكم ‘‘ و سنده حسن

٢٥٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ قُدَامَةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمَّارٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْعَى بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ عَلَى بَعِيرٍ لَا ضرب وَلَا طرد وَلَا إِلَيْك. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2583. कुदामा बिन अब्दुल्लाह बिन अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सफा मरवा के दरमियान ऊंट पर सई करते हुए देखा, आप ﷺ ना किसी को मारते न हटाते और न कहते के हट जाओ, रास्ता छोड़ दो| (हसन)

حسن ياتى : 2623 ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 142 ح 1922) [و الترمذى (903 و قال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3035) و النسائى (5 / 270 ح 3063) و صححه الحاكم (1 / 466) و وافقه الذهبى]

٢٥٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَافَ بِالْبَيْتِ مُضْطَجعا بِبُرْدٍ أَخْضَرَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2584. यअली बिन उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सब्ज़ रंग की चादर से अज्तियाब (यानी दायाँ कांधा नंगा) कर के बैतुल्लाह का तवाफ़ किया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (859 و قال : حسن صحيح) و ابوداؤد (1883) و ابن ماجه (2954) و الدارمى (2 / 43 ح 1850) * ابن جريج و سفيان الثورى مدلسان و عنعنا

٢٥٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم وأصحابَه اعتمروا من الجعْرانة فَرَمَلُوا بِالْبَيْتِ ثَلَاثًا وَجَعَلُوا أَرْدِيَتَهُمْ تَحْتَ آبَاطِهِمْ ثُمَّ قَذَفُوهَا عَلَى عَوَاتِقِهِمُ الْيُسْرَى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2585. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ और आप के सहाबा ने जीअरान से उमरह किया

तो उन्होंने तीन चक्कर तेज़ तेज़ चल कर पुरे किए और उन्होंने अपने (इहराम की) चादरों को दाहनी बगलों के निचे से निकाल कर अपने बाए कंधो के ऊपर डाल रखा था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1884)

मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف •

तीसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّالِث •

٢٥٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: مَا تَرَكْنَا اسْتِلَامَ هَذَيْنِ الرُّكْنَيْنِ: الْيَمَانِي وَالْحَجَرِ فِي شِدَّةٍ وَلَا رخاء مُنْذُ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يستلمهما

2586. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने जब से रसूलुल्लाह ﷺ को हजरे असवद और रुकने यमानी का इस्तिलाम (छुना) करते हुए देखा है उसे हमने तंगी या आसानी किसी भी हाल में इन का इस्तिलाम करना नहीं छोड़ा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1606) و مسلم (245 / 1268)، (3064)

٢٥٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: قَالَ نَافِعٌ: رَأَيْتُ ابْنَ عُمَرَ يَسْتَلِمُ الْحَجَرَ بِيَدِهِ ثُمَّ قَبَّلَ يَدَهُ وَقَالَ: مَا تَرَكْتُهُ مُنْذُ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَفْعَله

2587. सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है नाफेअ बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा को देखा के वह अपने हाथ से हजरे असवद को छुते फिर हाथ चुमते और उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने जब से रसूलुल्लाह ﷺ को ऐसे करते हुए देखा है उसे मैंने इसे तर्क नहीं किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1610) و مسلم (258 / 1276)، (3065)

٢٥٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: شَكَوْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنِّي أَشْتَكِي. فَقَالَ: «طُوفِي مِنْ وَرَاءِ النَّاسِ وَأَنْتِ رَاكِبَةٌ» فَطُفْتُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي إِلَى جَنْبِ الْبَيْتِ يَقْرَأُ ب (الطُّورِ وكِتَابٍ مسطور)

2588. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अपनी बीमारी के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से शिकायत की तो

आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम सवार हो कर लोगो के पीछे पीछे तवाफ़ करो”, मैंने तवाफ़ किया जबके रसूलुल्लाह ﷺ बैतुल्लाह की एक जानिब (बैतुल्लाह की दिवार के साथ) नमाज़ पढ़ रहे थे और आप सुरह तूर की तिलावत फरमा रहे थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1619) و مسلم (258 / 1276)، (3078)

٢٥٨٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَابِسِ بْنِ رَبِيعَةَ قَالَ: رَأَيْت عمر يقبل الْحجر وَيَقُول: وَإِنِّي لَأَعْلَمُ أَنَّكَ حَجَرٌ مَا تَنْفَعُ وَلَا تَضُرُّ وَلَوْلَا أَنِّي رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يقبل مَا قبلتك

2589. आबिस बिन रबिआ बयान करते हैं, मैंने उमर रदी अल्लाहु अन्हु को देखा के आप रदी अल्लाहु अन्हु हजरे असवद को बोसा दे रहे हैं और फरमा रहे हैं: में खूब जानता हूँ कि तो एक पथ्थर है, तू नफा नुक्सान का मालिक नहीं, अगर मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को तुझे बोसा देते हुए न देखा होता तो मैं तुझे कभी बोसा न देता| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1597) و مسلم (251 / 1270)، (3070)

٢٥٩٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «وُكِّلَ بِهِ سَبْعُونَ مَلَكًا» يَعْنِي الرُّكْنَ الْيَمَانِيَ " فَمَنْ قَالَ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ قَالُوا: آمين ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2590. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इस रुकने यमानी पर सत्तर फ़रिश्ते मामूर है, जो शख़्स कहता है, अल्लाह में तुझ से दुनिया व आखिरत में आफियत की दरख्वास्त करता हूँ, हमारे परवरदिगार! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा, हमें आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें आग के अज़ाब से बचा, तो वह फ़रिश्ते आमीन कहते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2957) * قال البوصيرى :’’ هذا اسناد ضعيف ، حميد ، قال فيه ابن عدى : أحاديثه غير محفوظة ، و قال الذهبى : مجهول ‘‘ قلت : حميد هو ابن ابى سوية

٢٥٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ طَافَ بِالْبَيْتِ سَبْعًا وَلَا يَتَكَلَّمُ إِلَّا بِ: سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ مُحِيَتْ عَنْهُ عَشْرُ سَيِّئَاتٍ وَكُتِبَ لَهُ عَشْرُ حَسَنَاتٍ وَرُفِعَ لَهُ عَشْرُ دَرَجَاتٍ. وَمَنْ طَافَ فَتَكَلَّمَ وَهُوَ فِي تِلْكَ الْحَالِ خَاضَ فِي الرَّحْمَةِ بِرِجْلَيْهِ كَخَائِضِ الماءِ برجليه ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2591. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बैतुल्लाह के सात चक्कर लगाए और इस दौरान (سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ) “ अल्लाह पाक है, हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, अल्लाह सबसे बड़ा है, गुनाह से बचना और नेक अमल

करना महज़ अल्लाह तआला की तौफिक के साथ है”, के सिवा कोई बात न करे तो उस के दस गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं, उस के लिए दस नेकियाँ लिखी जाती है और उस के दस दरजात बुलंद कर दिए जाते हैं, और जो शख़्स तवाफ़ करे और इस दौरान बाते करे तो वह इस हाल में ऐसे है के उस के पाऊ तो रहमत में है (लेकिन ऊपर का हिस्सा रहमत में नहीं) जैसे किसी ने अपने पाँव पानी में डुबो रखे हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2956)

بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة • वकुफ़ ए अरफात का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٥٩٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن محمدِ بن أبي بكرٍ الثَّقَفِيُّ أَنَّهُ سَأَلَ أَنَسَ بْنَ مَالِكٍ وَهُمَا غَادِيَانِ مِنْ مِنًى إِلَى عَرَفَةَ: كَيْفَ كُنْتُمْ تَصْنَعُونَ فِي هَذَا الْيَوْمِ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَ: كَانَ يُهِلُّ مِنَّا الْمُهِلُّ فَلَا يُنْكَرُ عَلَيْهِ وَيُكَبِّرُ الْمُكَبِّرُ مِنَّا فَلَا يُنكرُ عَلَيْهِ

2592. मुहम्मद बिन अबू बकर रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, की उन्होंने अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, जबके वह दोनों मीना से अरफात जा रहे थे, आप रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इस रोज़ (कैसे तकबीर व तहलील) किया करते थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: हम में से कोई तल्बिहा पढ़ता तो उस पर कोई एतराज़ नहीं था और हम में से कोई (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहता तो उस पर भी कोई एतराज़ नहीं था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1659) و مسلم (274 / 1285)، (3097)

٢٥٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «نحرتُ هَهُنَا وَمِنًى كُلُّهَا مَنْحَرٌ فَانْحَرُوا فِي رِحَالِكُمْ. وَوَقَفْتُ هَهُنَا وعرفةُ كلُّها موقفٌ. ووقفتُ هَهُنَا وجَمْعٌ كلُّها موقفٌ» . رَوَاهُ مُسلم

2593. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने (मीना में) इस जगह क़ुर्बानी जिबह की है जबकि मीना सारे का सारा कुरबान गाह है और मैंने यहाँ वुकुफ़ किया है जबके मैदाने अरफात सारे का सारा वुकुफ़ की जगह है और मैंने यहाँ वुकुफ़ किया है जबके मुज़दल्फा सारे का सारा वुकुफ़ की जगह है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (149 / 1218)، (2952)

٢٥٩٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَا مِنْ يَوْمٍ أَكْثَرَ مِنْ أَنْ يُعْتِقَ اللَّهُ فِيهِ عَبْدًا مِنَ النَّارِ مِنْ يَوْمِ عَرَفَةَ وَإِنَّهُ لَيَدْنُو ثُمَّ يُبَاهِي بِهِمُ الْمَلَائِكَةَ فَيَقُولُ: مَا أَرَادَ هَؤُلَاءِ ". رَوَاهُ مُسلم

2594. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह बाकी अय्याम की निस्बत, अरफा के दिन सबसे ज़्यादा अपने बंदो को जहन्नम से आज़ादी अता फरमाता है, और वह करीब होता है, फिर उनकी वजह से फरिश्तो पर फख्र करता है और फरमाता यह लोग क्या चाहते है ?”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (436 / 1348)، (3288)

वकुफ़ ए अरफात का बयान • بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٢٥٩٥ - (صَحِيح) عَنْ عَمْرِو بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ صَفْوَانَ عَنْ خَالٍ لَهُ يُقَالُ لَهُ يَزِيدُ بْنُ شَيْبَانَ قَالَ: كُنَّا فِي مَوْقِفٍ لَنَا بِعَرَفَةَ يُبَاعِدُهُ عَمْرٌو مِنْ مَوْقِفِ الْإِمَامِ جِدًّا فَأَتَانَا ابْنُ مِرْبَعٍ الْأَنْصَارِيُّ فَقَالَ: إِنِّي رَسُولُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْكُمْ يَقُولُ لَكُمْ: «قِفُوا عَلَى مَشَاعِرِكُمْ فَإِنَّكُمْ عَلَى إِرْثٍ من إِرْثِ أَبِيكُمْ إِبْرَاهِيمَ عَلَيْهِ السَّلَامُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

2595. अमर बिन अब्दुल्लाह बिन सफवान अपने मामू यज़ीद बिन शय्बान से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम ने मैदान ए अरफात में ऐसी जगह वुकुफ़ किया तो के बकौल उन के इमाम के वुकुफ़ की जगह से बहोत दूर था, इब्ने मिरबअ अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु हमारे पास आए तो उन्होंने कहा के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे तुम्हारी तरफ कासिद बना कर भेजा है, वह तुम्हें फरमाते हैं: “तुम अपने जगह पर ठहरे रहो, क्योंकि तुम अपने बाप इब्राहीम अलैहिस्सलाम की मीरास पर हो”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الترمذی (883 و قال : حسن) و ابوداؤد (1919) و النسائی (5 / 255 ح 3017) و ابن ماجہ (3011)

٢٥٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ عَرَفَةَ مَوْقِفٌ وَكُلُّ مِنًى مَنْحَرٌ وَكُلُّ الْمُزْدَلِفَةِ مَوْقِفٌ وَكُلُّ فِجَاجِ مَكَّةَ طَرِيقٌ وَمَنْحَرٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

2596. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैदान ए अरफात पुरे का पूरा वुकुफ़ की जगह है पूरा मीना कुरबान गाह है, पूरा मुज़दल्फा वुकुफ़ की जगह है, और मक्का के तमाम रास्ते, रास्ते और कुरबान गाह हैं”| (यानी मक्का आने वाले के लिए किसी भी रास्ते से मक्का में दाखिल होना जाईज़ है|) | (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداو7د (1937) و الدارمی (2 / 57 ح 1886)

٢٥٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خالدِ بنَ هَوْذَةَ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ النَّاسَ يَوْمَ عَرَفَةَ عَلَى بَعِيرٍ قَائِمًا فِي الركابين. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2597. खालिद बिन हवज़त रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को अरफा के दिन ऊंट की दोनों रुकाबो में पाँव रख कर खड़े हो कर लोगो से ख़िताब करते हुए देखा| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1917)

٢٥٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَيْرُ الدُّعَاءِ دُعَاءُ يَوْمِ عَرَفَةَ وَخَيْرُ مَا قُلْتُ أَنَا وَالنَّبِيُّونَ مِنْ قَبْلِي: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قدير ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2598. अम्र बिन शुऐब अपने बाप से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अरफा के दिन की दुआ बेहतरीन दुआ है और मैंने और मुझ से पहले अंबिया अलैहिस्सलाम ने जो बेहतरीन दुआ की है के यह है, “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, उस के लिए बादशाहत है और उस के लिए हर किस्म की तारीफ़ है, और वह हर चीज़ पर कादिर है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3585 و قال : حسن غريب) * حماد بن ابى حميد ضعيف و للحديث شاهد ضعيف (انظر الحديث الاتى : 2599)

٢٥٩٩ - (صَحِيح) وروى مالكٌ عَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ إِلَى قَوْلِهِ: «لَا شريك لَهُ»

2599. इमाम मालिक रहीमा उल्लाह ने तल्हा बिन उबैदुल्लाह से (لا شریک له) तक रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالك (1 / 214 215 ح 501 ، 1 / 422 423 ح 974) من حديث طلحة بن عبيد الله بن كريز رحمه الله فالسند مرسل

٢٦٠٠ - (ضَعِيف) لإرساله وَعَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ بْنِ كَرِيزٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا رُئِيَ الشَّيْطَانُ يَوْمًا هُوَ فِيهِ أَصْغَرُ وَلَا أَدْحَرُ وَلَا أَحْقَرُ وَلَا أَغْيَظُ مِنْهُ فِي يَوْمِ عَرَفَةَ وَمَا ذَاكَ إِلَّا لِمَا يَرَى مِنْ تَنَزُّلِ الرَّحْمَةِ وَتَجَاوُزِ اللَّهِ عَنِ الذُّنُوبِ الْعِظَامِ إِلَّا مَا رُئِيَ يَوْمَ بَدْرٍ» . فَقِيلَ: مَا رُئِيَ يَوْمَ بَدْرٍ؟ قَالَ: «فَإِنَّهُ قَدْ رَأَى جِبْرِيلَ يَزَعُ الْمَلَائِكَةَ» . رَوَاهُ مَالِكٌ مُرْسَلًا وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ بِلَفْظِ الْمَصَابِيحِ

2600. तल्हा बिन उबैदुल्लाह बिन करिज़ रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शैतान अरफा के दिन सबसे ज़्यादा हकीर, सबसे ज़्यादा रोंदा हुआ, सबसे ज़्यादा ज़लील और सबसे ज़्यादा गुस्से में होता है और वह ऐसी हालत में इसलिए होता है के वह नुज़ूले रहमत और कबिराह गुनाहों की मगफिरत होते हुए देख रहा होता है, अलबत्ता गज़वा ए बद्र के मौके पर भी इसे इस कैफियत में देखा गया”, कहा गया बद्र के दिन उस ने क्या देखा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि उस ने जिब्राइल अलैहिस्सलाम को फरिश्तो की सफ बंदी करते हुए देखा था”, इमाम मालिक ने मुरसल रिवायत किया है और शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ में मरवी है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالك (1 / 422 ح 973) و البغوى فى شرح السنة (7 / 158 ح 1930) من حديث طلحة بن عبيد الله بن كريز رحمه الله فالسند مرسل

٢٦٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا كَانَ يَوْمُ عَرَفَةَ إِنَّ اللَّهَ يَنْزِلُ إِلَى السَّمَاءِ الدُّنْيَا فَيُبَاهِي بِهِمُ الْمَلَائِكَةَ فَيَقُولُ: انْظُرُوا إِلَى عِبَادِي أَتَوْنِي شُعْثًا غُبْرًا ضَاجِّينَ مِنْ كُلِّ فَجٍّ عَمِيقٍ أُشْهِدُكُمْ أَنِّي قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ فَيَقُولُ الْمَلَائِكَةُ: يَا رَبِّ فُلَانٌ كَانَ يُرَهَّقُ وَفُلَانٌ وَفُلَانَةُ قَالَ: يَقُولُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ: قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ ". قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَمَا مِنْ يَوْمٍ أَكْثَرَ عَتِيقًا مِنَ النَّارِ مِنْ يَوْمِ عَرَفَةَ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2601. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अरफा का दिन होता है तो अल्लाह आसमाने दुनिया पर नुज़ूल फरमाता है और इन (अरफात में वुकुफ़ करने वालो) की वजह से फरिश्तो पर फख्र करता है और फरमाता है मेरे बंदो को देखो किस तरह बिखरे बालो, गुबार आलूद पाँव और बुलंद आवाज़ से पुकारते हुए दूर दराज़ से आए है, मैं तुम्हें गवाह बना कर कहता हूँ कि मैंने उन्हें बख्श दिया, तो फ़रिश्ते अर्ज़ करते हैं, रब जी! फलां बंदा तो बुरे काम किया करता था और फलां मर्द और फलां औरत भी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है “ मैंने उन्हें बख्श दिया है”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अरफा के दिन के सिवा कोई ऐसा दिन नहीं जिस में अरफा के दिन से ज़्यादा लोगो को जहन्नम से आज़ादी मिलती हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 159 ح 1931) [و ابن خزيمة (2840 و قال : انا ابرا من عهدة مرزوق) و ابن حبان (1006)] * ابو الزبير مدلس و عنعن و حديث مسلم (1348) يغنى عنه

वकुफ़ ए अरफात का बयान • بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٦٠٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عَائِشَة قَالَتْ: كَانَ قُرَيْشٌ وَمَنْ دَانَ دِينَهَا يَقِفُونَ بالمزْدَلِفَةِ وَكَانُوا يُسمَّوْنَ الحُمْسَ فكانَ سَائِرَ الْعَرَبِ يَقِفُونَ بِعَرَفَةَ فَلَمَّا جَاءَ الْإِسْلَامُ أَمَرَ اللَّهُ تَعَالَى نَبِيَّهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَأْتِيَ عَرَفَاتٍ فَيَقِفُ بِهَا ثُمَّ يَفِيضُ مِنْهَا فَذَلِكَ قَوْلُهُ عَزَّ وَجَلَّ: (ثُمَّ أَفِيضُوا من حَيْثُ أَفَاضَ النَّاس)

2602. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुरैश और उन के हम दीन लोग मुज़दल्फा में कयाम किया करते थे, और उन्हें हूम्स कहा जाता था, जबके बाकी सब अरब अरफा में वुकुफ़ किया करते थे, जब इस्लाम आया तो अल्लाह तआला ने अपने नबी ﷺ को हुक्म फ़रमाया के वह अरफात आए और वहां वुकुफ़ करे और फिर वहां से वापिस आए, इसी तरह अल्लाह अज्ज़वजल का फरमान है, “फिर तुम भी वहां से लौटो जहाँ से आम लोग लौटते है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4520) و مسلم (151 / 1219)، (2954)

٢٦٠٣ - (ضَعِيف) وَعَن عبَّاسِ بن مِرْداسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَعَا لِأُمَّتِهِ عَشِيَّةَ عَرَفَةَ بِالْمَغْفِرَةِ فَأُجِيبَ: «إِنِّي قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ مَا خَلَا الْمَظَالِمَ فَإِنِّي آخُذُ لِلْمَظْلُومِ مِنْهُ» . قَالَ: «أَيْ رَبِّ إِنْ شِئْتَ أَعْطَيْتَ الْمَظْلُومَ مِنَ الْجَنَّةِ وَغَفَرْتَ لِلظَّالِمِ» فَلَمْ يُجَبْ عَشِيَّتَهُ فَلَمَّا أَصْبَحَ بِالْمُزْدَلِفَةِ أَعَادَ الدُّعَاءَ فَأُجِيبَ إِلَى مَا سَأَلَ. قَالَ: فَضَحِكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَوِ قَالَ تبسَّمَ فَقَالَ لَهُ

أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي إِنَّ هَذِهِ لَسَاعَةٌ مَا كُنْتَ تَضْحَكُ فِيهَا فَمَا الَّذِي أَضْحَكَكَ أَضْحَكَ اللَّهُ سِنَّكَ؟ قَالَ: «إِنَّ عَدُوَّ اللَّهِ إِبْلِيسَ لَمَّا عَلِمَ أَنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ قَدِ اسْتَجَابَ [ص:٨٠ دُعَائِي وَغَفَرَ لِأُمَّتِي أخذَ الترابَ فَجعل يحشوه عَلَى رَأْسِهِ وَيَدْعُو بِالْوَيْلِ وَالثُّبُورِ فَأَضْحَكَنِي مَا رَأَيْتُ مِنْ جَزَعِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى البيهقيُّ فِي كتاب الْبَعْث والنشور نحوَه

2603. अब्बास बिन मिर्दास रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने वुक़ुफ़ अरफात में अपनी उम्मत की मगफिरत के लिए दुआ फरमाई क़बूलियत का जवाब आया की “ मैंने हुकुक अल इबाद के सिवा बाकी सब गुनाह मुआफ़ कर दिए, क्योंकि मैं उस से मज़लूम का हक़ लूँगा”, आप ﷺ ने अर्ज़ किया,: “रब जी! अगर आप चाहे तो मज़लूम को जन्नत अता कर दे और ज़ालिम को बख्श दें”, लेकिन इस कयाम में आप की दुआ कबूल न हुई, तो जब मुज़दल्फा में सुबह की तो आप ﷺ ने दुआ दोहराई तो आप की दुआ कबूल कर ली गई, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हँसे या तबस्सुम फ़रमाया तो अबू बकर और उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो यह तो ऐसा वक़्त है के इस वक़्त आप हंसा नहीं करते थे, आप को किस चीज़ ने हंसाया, अल्लाह तआला आप को खुश खुर्रम रखे, आप ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह के दुश्मन इब्लीस को जब पता चला के अल्लाह अज्ज़वजल ने मेरी दुआ कबूल फरमा कर मेरी उम्मत को बख्श दिया है तो वह अपने सर में मिट्टी डालने लगा और तबाही व हलाकत को पुकारने लगा जब मैंने उस की बे सबरी देखी तो मुझे हंसी गई”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (3013) و البیهقی فی البعث النشور (لم اجده ، و فی شعب الایمان : 346) * عبدالله بن کنانة و ابوه مجهولان و قال البخاری فی هذا الحدیث :'' لم یصح حدیثه ''

بَابُ الدَّفْعُ مِنْ عَرَفَةَ وَالْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजद्दल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٦٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ هِشَامِ بْنِ عُرْوَةَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: سُئِلَ أَسَامَةُ بْنُ زَيْدٍ: كَيْفَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسِيرُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ حِينَ دَفَعَ؟ قَالَ: كَانَ يَسِيرُ الْعُنُقَ فَإِذا وجد فجوة نَص

2604. हिश्शाम बिन उरवा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया गया के हज्जतुल वदा के मौके पर वापसी के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ किस तरह चलते थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: आप बिच रफ़्तार से चलते थे और जब कुशादा जगह जाती तो फिर तेज़ हो जाते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1666) و مسلم (283 / 1286)، (3106)

٢٦٠٥ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ عبَّاسٍ أَنَّهُ دَفَعَ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ عَرَفَةَ فَسَمِعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَاءَهُ زَجْرًا شَدِيدًا وَضَرْبًا لِلْإِبِلِ فَأَشَارَ بِسَوْطِهِ إِلَيْهِمْ وَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ عَلَيْكُمْ بِالسَّكِينَةِ فَإِنَّ الْبِرَّ لَيْسَ بِالْإِيضَاعِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2605. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के अरफा के दिन वह नबी ﷺ के साथ वापिस हो रहे थे की नबी ﷺ ने अपने पीछे ऊटों को बहोत मारने और डांटने की आवाज़े सुनी तो आप ने अपने कोड़े से उनकी तरफ इरशाद किया और फ़रमाया: "लोगो! सकिनत इख़्तियार करो क्योंकि सवारियों को तेज़ दोड़ाना कोई नेकी नहीं"| (बुखारी)

رواه البخارى (1671)

٢٦٠٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ أَسَامَةَ بْنَ زيدٍ كَانَ رِدْفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ عَرَفَةَ إِلَى الْمُزْدَلِفَةِ ثُمَّ أَرْدَفَ الْفَضْلَ مِنَ الْمُزْدَلِفَةِ إِلَى مِنًى فَكِلَاهُمَا قَالَ: لَمْ يَزَلِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُلَبِّي حَتَّى رَمَى جَمْرَةَ الْعقبَة

2606. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के अरफात से मुज़दल्फा तक उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ के पीछे बैठे थे, फिर आप ने मुज़दल्फा से मीना तक फ़ज़ल बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा को अपने पीछे बैठा लिया, इन दोनों ने बयान किया है की नबी ﷺ जमराह अक्बिह को कंकरिया मारने तक तल्बिहा पुकारते रहे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1686) و مسلم (266 / 1280 128)، (3087)

٢٦٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: جَمَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَغْرِبَ وَالْعِشَاءَ [ص:٨٠ بِجَمْعٍ كُلَّ وَاحِدَةٍ مِنْهُمَا بِإِقَامَةٍ وَلَمْ يُسَبِّحْ بَيْنَهُمَا وَلَا عَلَى إِثْرِ كُلِّ وَاحِدَةٍ مِنْهُمَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2607. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मगरिब व ईशा की नमाज़े मुज़दल्फा में इकट्ठी पढ़ी और हर नमाज़ के लिए इकामत कही, आप ने ना इन दोनों नमाज़ो के दरमियान कोई नफ्ल नमाज़ पढ़ी न उन में से किसी के बाद| (बुखारी)

رواه البخارى (1673)

٢٦٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدُ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: مَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى صَلَاةً إِلَّا لِمِيقَاتِهَا إِلَّا صَلَاتَيْنِ: صَلَاةَ الْمَغْرِبِ وَالْعِشَاءِ بِجَمْعٍ وَصَلَّى الْفَجْرَ يومئِذٍ قبلَ ميقاتها

2608. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मुज़दल्फा में दो नमाज़ो नमाज़े मग़रिब और ईशा को जमा करने और इसी रोज़ नमाज़े फज्र को उस के वक़्त से पहले पढ़ने के सिवा हमेशा नमाज़ो को उन के अवकात में पढ़ते हुए देखा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1683) و مسلم (292 / 1289)، (3116)

٢٦٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَنَا مِمَّنْ قَدَّمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةَ الْمزْدَلِفَة فِي ضعفة أَهله

2609. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं भी उन लोगो में से हूँ जिन्हें नबी ﷺ ने मुज़दल्फा की रात अपने अहले खाना के जईफ लोगों के साथ पहले (मीना) रवाना कर दिया था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1678) و مسلم (301 / 1293)، (3127)

٢٦١٠ - (صَحِيح) وَعَن الفضلِ بن عبَّاسٍ وَكَانَ رَدِيفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ فِي عَشِيَّةِ عَرَفَةَ وَغَدَاةِ جَمْعٍ لِلنَّاسِ حِينَ دَفَعُوا: «عَلَيْكُمْ بِالسَّكِينَةِ» وَهُوَ كَافٌّ نَاقَتَهُ حَتَّى دَخَلَ مُحَسِّرًا وَهُوَ مِنْ مِنًى قَالَ: «عَلَيْكُمْ بِحَصَى الْخَذْفِ الَّذِي يُرْمَى بِهِ الْجَمْرَةَ» . وَقَالَ: لَمْ يَزَلْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُلَبِّي حَتَّى رَمَى الْجَمْرَةَ. رَوَاهُ مُسلم

2610. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा फ़ज़्ल बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, के वह नबी ﷺ के पीछे सवारी पर सवार थे की आप ﷺ ने अरफा की शाम और मुज़दल्फा की सुबह लोगो से, जबके वह वापिस आ रहे थे फ़रमाया: “आराम से आओ”, जबके आप अपने ऊंटनी को (तेज़ चलने से) रोक रहे थे हत्ता के आप वादी मुहस्सिर में दाखिल हो गए जो के मीना के करीब है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जमरह की रमी करने के लिए छोटी छोटी कंकरिया ले लो”, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जमराह को कंकरिया मारने तक तल्बिहा पुकारते रहे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (268 / 1282)، (3089)

٢٦١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَفَاضَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ جَمْعٍ وَعَلَيْهِ السَّكِينَةُ وَأَمَرَهُمْ بِالسَّكِينَةِ وَأَوْضَعَ فِي وَادِي مُحَسِّرٍ وَأَمَرَهُمْ أَنْ يَرْمُوا بِمِثْلِ حَصَى الْخَذْفِ وَقَالَ: «لَعَلِّي لَا أَرَاكُمْ بَعْدَ عَامِي هَذَا» . لَمْ أَجِدْ هَذَا الْحَدِيثَ فِي الصَّحِيحَيْنِ إِلَّا فِي جَامِعِ التِّرْمِذِيِّ مَعَ تقديمٍ وَتَأْخِير

2611. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मुज़दल्फा से वापिस तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ पुरसुकून व इत्मीनान था, और आप ने सहाबा को भी आराम से चलने का हुक्म फ़रमाया, जबके वादी मुहस्सिर में आप तेज़ चले और उन्हें हुक्म फ़रमाया के ऊँगली पर रख कर मारी जाने वाली कंकरी के बराबर कंकरिया मारो, और फ़रमाया: “शायद इस साल के बाद में तुम्हें न देख सकू”, मैंने यह हदीस तकदिम ताखीर के साथ जामेअ तिरमिज़ी के अलावा सहीहैन में नहीं पाई| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (886 و قال : حسن صحیح) [و ابوداؤد (1944) و النسائی (5 / 258 ح 3024) و انظر ابن ماجه (3023)] * و للحدیث شواهد وهو بها صحیح

بَابٌ الدَّفْعُ مِنْ عَرَفَةَ وَالْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजदल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن محمّدِ بنِ قيسِ بن مَخْرمة قَالَ: خَطَبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «إِنَّ أَهْلَ الْجَاهِلِيَّةِ كَانُوا يَدْفَعُونَ مِنْ عَرَفَةَ حِينَ تَكُونُ الشَّمْسُ كَأَنَّهَا عَمَائِمُ الرِّجَالِ فِي وُجُوهِهِمْ قَبْلَ أَنْ تَغْرُبَ وَمِنَ الْمُزْدَلِفَةِ بَعْدَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ حِينَ تَكُونُ كَأَنَّهَا عَمَائِمُ الرِّجَالِ فِي وُجُوهِهِمْ. وَإِنَّا لَا نَدْفَعُ مِنْ عَرَفَةَ حَتَّى تَغْرُبَ الشَّمْسُ وَنَدْفَعُ مِنَ الْمُزْدَلِفَةِ قَبْلَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ هَدْيُنَا مُخَالِفٌ لِهَدْيِ عَبَدَةِ الْأَوْثَانِ وَالشِّرْكِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان وَقَالَ فِيهِ: خَطَبنَا وَسَاقه بِنَحْوِهِ

2612. मुहम्मद बिन कैस बिन मखरम बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो फ़रमाया: “अहल ए जाहिलियत अरफात से इस वक़्त लौटा करते थे जब सूरज गुरूब होने से पहले इस तरह हो जैसे आदमियों की पगढ़िया उन के चेहरो पर हो, और मुज़दल्फा से तुलुए आफ़ताब के बाद जैसे आदमियों की पगढ़िया उन के चेहरो पर हो, जबके हम गुरूब ए आफ़ताब के बाद अरफात से लौटते है और तुलुअ ए आफ़ताब से पहले मुज़दल्फा से वापिस आते है, हमारा तरीका बुतों के पुजारियों और मुशरिको के तरीके से मुख्तलिफ है”| बयहकी और फ़रमाया हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया और बाकी हदीस वैसे ही बयान की जईफ| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه [البيهقى فى السنن الكبرى 5 / 125) و الحاكم (3 / 523) و صححه و وافقه الذهبى] * السند مرسل و رواه شعبة عن ابن جريج عن محمد بن قيس بن مخرمة عن مسور بن مخرمة به نحو المعنى و سنده ضعيف ، ابن جريج مدلس و عنعن

٢٦١٣ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدَّمَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةَ الْمُزْدَلِفَةِ أُغَيْلِمَةَ بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ عَلَى حُمُرَاتٍ فَجَعَلَ يَلْطَحُ أَفْخَاذَنَا وَيَقُولُ: «أُبَيْنِيَّ لَا تَرْمُوا الْجَمْرَةَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

2613. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें मुज़दल्फा की रात बनूअब्दुल मूत्तलीब के बच्चो के हमराह गधो पर बिठाकर पहले ही रवाना कर दिया था, और आप ﷺ प्यार से हमारी रानो पर मार रहे थे और फरमा रहे थे: “मेरे प्यारे बच्चो जब तक सूरज तुलुअ न हो जाए जमराह को कंकरिया न मारना”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداو7د (1940) و النسائى (5 / 270 271 ح 3066) و ابن ماجه (3025) * الحسن العرنى ثقة ارسل عن ابن عباس و البعض الحديث شواهد ، بعضها حسنة عند الطحاوى (مشكل الآثار 9 / 119 ح 3494) و غيره

٢٦١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: أَرْسَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأُمِّ سَلَمَةَ ليلةَ النَّحْر فرمت [ص:٨٠ الجمرة قبل الْفَجْرِ ثُمَّ مَضَتْ فَأَفَاضَتْ وَكَانَ ذَلِكَ الْيَوْمُ الْيَوْمَ الَّذِي يَكُونَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2614. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा को कुर्बानी की रात

ही भेज दिया था, उन्होंने फज्र से पहले ही जमराह को कंकरिया मार ली थी, फिर वह (मीना से) चली गई और तवाफ़ ए इफादा किया और यह वह दिन था जिस दिन रसूलुल्लाह ﷺ उन के वहां थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1942)

٢٦١٥ - وَعَن ابنِ عبَّاسٍ، قَالَ: يُلَبِّي المقيمُ أَوِ المعتَمِرُ حَتَّى يستلمَ الْحَجَرَ) . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: وَرُوِيَ مَوْقُوفًا على ابنِ عبَّاس.

2615. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुकीम (मक्के का रहने वाला) या उमरह करने वाला हजरे असवद के इस्तिलाम तक तल्बिहा पुकारता रहता था| अबू दावुद, और फ़रमाया और यह अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु पर मौकूफ रिवायत की गई है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1817) [و الترمذی (919) و صححه] * فیه محمد بن عبد الرحمن بن ابی لیلی ، قال البیهقی :'' رفعه خطا وکان ابن ابی لیلی هذا کثیر الوهم و خاصة اذا روی عن عطا فیخطی کثیرًا ، ضعفه اهل النقل مع کبر محله ''

بَابُ الدَّفْعُ مِنْ عَرَفَةَ وَ الْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजदल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦١٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ يَعْقُوبَ بْنِ عَاصِمِ بْنِ عُرْوَةَ أَنَّهُ سمع الشَّرِيدَ يَقُولُ: أَفَضْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَا مَسَّتْ قَدَمَاهُ الْأَرْضَ حَتَّى أَتَى جمْعاً. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2616. याकूब बिन आसिम बिन उरवा से रिवायत है के उन्होंने शरीद रदी अल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना की मैं अरफात से मुज़दल्फा तक रसूलुल्लाह ﷺ के साथ वापिस आया तो मुज़दल्फा पहुँचने तक आप के कदम मुबारक ज़मीन पर नहीं लगे| (यानी आप ﷺ सवारी पर आए) | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1925 ب و تحفة الاشراف : 4842) و احمد (4 / 389 ح 19694)

٢٦١٧ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ شهابٍ قَالَ: أَخْبَرَنِي سَالِمٌ أَنَّ الْحَجَّاجَ بْنَ يُوسُفَ عَامَ نَزَلَ بِابْنِ الزُّبَيْرِ سَأَلَ عَبْدَ اللَّهِ: كَيْفَ نَصْنَعُ فِي الْمَوْقِفِ يَوْمَ عَرَفَةَ؟ فَقَالَ سَالِمٌ إِنْ كُنْتَ تُرِيدُ السُّنَّةَ فَهَجِّرْ بِالصَّلَاةِ يَوْمَ عَرَفَةَ فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ: صَدَقَ إِنَّهُمْ كَانُوا يَجْمَعُونَ بَيْنَ الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ فِي السُّنَّةِ فَقُلْتُ لِسَالِمٍ: أَفَعَلَ ذَلِكَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَ سَالِمٌ: وَهل يتَّبعونَ فِي ذلكَ إِلا سنَّتَه؟ رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2617. इब्ने शिहाब बयान करते हैं, सालिम ने मुझे बताया की जिस साल हज्जाज बिन युसुफ़, इब्ने जुबैर के मद्दे मुक़ाबिल आया तो उस ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मसअला दरियाफ्त किया, हम अरफा के दिन वुकुफ़ में (नमाज़ो का) क्या करूँ ? सालिम ने कहा: अगर तुम सुन्नत की इत्तेबा करना चाहते हो तो फिर अरफा के दिन नमाज़ को

जल्दी पढ़ो, अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया उस ने सच कहा है, वह ज़ुहर व असर को सुन्नत के मुताबिक़ ही जमा किया करते थे, मैंने सालिम से पूछा क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने ऐसे किया ? तो सालिम ने कहा, वह (सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम) आप ﷺ की सुन्नत ही की इत्तेबा करते हैं| (बुखारी)

رواه البخاری (1662)

बَاب رمي الْجمار • कंकरिया मारने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٦١٨ - (صَحِيح) عَن جَابر قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْمِي عَلَى رَاحِلَتِهِ يَوْمَ النَّحْرِ وَيَقُولُ: «لِتَأْخُذُوا مَنَاسِكَكُمْ فَإِنِّي لَا أَدْرِي لَعَلِّي لَا أَحُجُّ بعد حجتي هَذِه» . رَوَاهُ مُسلم

2518. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने कुर्बानी के दिन नबी ﷺ को अपनी सवारी पर बैठे हुए कंकरिया मारते देखा, आप ﷺ फरमा रहे थे: “तुम अपने हज के तरीके सिखा लु, क्योंकि मैं नहीं जानता के शायद में अपने इस हज के बाद हज न कर सकू”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (310 / 1297)، (3137)

٢٦١٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَمَى الْجَمْرَةَ بِمِثْلِ حَصَى الْخَذْفِ. رَوَاهُ مُسلم

2619. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को चुटकी में ले कर चलाई जाने वाली कंकरी के बराबर कंकरिया मारते हुए देखा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (313 / 1299)، (3140)

٢٦٢٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: رَمَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْجَمْرَةَ يَوْمَ النَّحْرِ ضُحًى وَأَمَّا بَعْدَ ذَلِكَ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ

2620. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन चाश्त के वक़्त कंकरिया मारी जबके उस के बाद सूरज ढल जाने के बाद मारी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (الحج باب 134 قبل ح 1746 تعلیقًا عن جابر رضی الله عنه) و مسلم (314 / 1300)، (3141)

٢٦٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ: أَنَّهُ انْتَهَى إِلَى الْجَمْرَةِ الْكُبْرَى فَجَعَلَ الْبَيْتَ عَنْ يَسَارِهِ وَمِنًى عَنْ يَمِينِهِ وَرَمَى بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ ثُمَّ قَالَ: هَكَذَا رَمَى الَّذِي أُنْزِلَتْ عَلَيْهِ سُورَةُ الْبَقَرَةِ

2621. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह जमराह कुबरा (बड़े शैतान) के पास पहुंचे, बैतुल्लाह को अपने दाए जानिब और मीना को अपने बाए जानिब रखा और सात कंकरिया मारी, वह हर कंकरी के साथ (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर उन्होंने ने फ़रमाया: जिस ज़ाते अकदस पर सुरह बकरह नाज़िल हुई थी उन्होंने भी इसी तरह कंकरिया मारी थी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1747) و مسلم (305 309 / 1296)، (3131 و 3136)

٢٦٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الِاسْتِجْمَارُ تَوٌّ وَرَمْيُ الْجِمَارِ تَوٌّ وَالسَّعْيُ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ تَوٌّ وَالطَّوَافُ تَوٌّ وَإِذَا اسْتَجْمَرَ أَحَدُكُمْ فَلْيَسْتَجْمِرْ بِتَوٍّ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2622. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्तेंजा के लिए ढेले इस्तेमाल करने की तादाद ताक है, कंकरिया मारना ताक है, सफा मरवा के दरमियान सई ताक है, और तवाफ़ ताक है, जब तुम में से कोई इस्तेंजा के लिए ढेले इस्तेमाल करे तो वह ताक अदद में ढेले इस्तेमाल करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (315 / 1300)، (3143)

बَاب رمي الْجمار • कंकरिया मारने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٢٣ - (صَحِيح) عَنْ قُدَامَةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمَّارٍ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْمِي الْجَمْرَةَ يَوْمَ النَّحْرِ عَلَى نَاقَةٍ صَهْبَاءَ لَيْسَ ضَرْبٌ وَلَا طَرْدٌ وَلَيْسَ قِيلُ: إِلَيْكَ إِلَيْك. رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2623. कुदामा बिन अब्दुल्लाह बिन अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को कुर्बानी के दिन अपने सुरखी माइल सफ़ेद ऊंटनी पर बैठ कर कंकरिया मारते हुए देखा, वहां ना किसी को रोका जा रहा था न हटाया जा रहा था और ना ही यह कहा जा रहा था के हट जाओ! हट जाओ!| (हसन)

حسن ، تقدم : 2583 ، رواه الشافعى فى الام (2 / 213) و الترمذى (903 و قال : حسن صحيح) و النسائى (5 / 270 ح 3063) و ابن ماجه (3035) و الدارمى (2 / 62 ح 1907)

٢٦٢٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا جُعِلَ رَمْيُ الْجِمَارِ وَالسَّعْيُ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ لِإِقَامَةِ ذِكْرِ

اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2624. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “कंकरिया मारना और सफा मरवा के दरमियान सई करना अल्लाह का ज़िक्र काइम करने के लिए मुकर्रर किया गया है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (902) و الدارمی (2 / 50 ح 1860)

٢٦٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا نَبْنِي لَكَ بِنَاءً يُظِلُّكَ بِمِنًى؟ قَالَ: «لَا مِنًى مُنَاخُ مَنْ سَبَقَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

2625. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या हम (सहाबा की जमात) आप के साया के लिए मीना में कोई कमरे (साइबान) न बना दे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ? मीना पहले पहुँच जाने वाले के लिए ऊंट बिठाने की जगह है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (881 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (2006) [و ابوداؤد (2019) و الدارمی (2 / 73 ح 1943) و صححه الحاکم (1 / 467) علی شرط مسلم و وافقه الذهبی]

• بَاب رمي الْجمار — कंकरिया मारने का बयान

• الْفَصْل الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٢٦٢٦ - (صَحِيح) عَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ يَقِفُ عِنْدَ الْجَمْرَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ وُقُوفًا طَوِيلًا يُكَبِّرُ اللَّهَ وَيُسَبِّحُهُ وَيَحْمَدُهُ وَيَدْعُو اللَّهَ وَلَا يَقِفُ عنْدَ جمرَةِ العقبةِ. رَوَاهُ مَالك

2626. नाफेअ रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, की अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा पहले दो जमरो के पास बहोत देर तक ठहरते, अल्लाह की किब्रियाई बयान करते, उस की तस्बीह व तहमिद बयान करते और अल्लाह से दुआए करते लेकिन वह जमराह अक्बिह (बड़े शैतान) के पास खड़े नहीं होते थे| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (1 / 407 ح 939)

कुर्बानी का बयान • بَاب الْحلق

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٢٧ - (صَحِيح) عَن ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِذِي الْحُلَيْفَةِ ثُمَّ دَعَا بِنَاقَتِهِ فَأَشْعَرَهَا فِي صَفْحَةِ سَنَامِهَا الْأَيْمَنِ وَسَلَّتَ الدَّمَ عَنْهَا وَقَلَّدَهَا نَعْلَيْنِ ثُمَّ رَكِبَ رَاحِلَتَهُ فَلَمَّا اسْتَوَتْ بِهِ على الْبَيْدَاء أهل بِالْحَجِّ. رَوَاهُ مُسلم

2627. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए ज़ुहर ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर अदा की, फिर आप ने अपनी ऊंटनी मंगवाई, आप ने उस की कोहान के दाए पहलु पर हल्का सा जख्म लगाया, वहां से खून बहने लगा, आप ने वह खून साफ़ कर दिया और उस की गर्दन में दो जूते डाल दिए, फिर आप अपने सवारी पर सवार हो गए, जब वह बैदा में आप को ले कर सीधी खड़ी हो गइ तो आप ने हज के लिए तल्बिहा पुकारा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (205 / 1243)، (3016)

٢٦٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: أَهْدَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مرّة إِلَى الْبَيْت غنما فقلدها

2628. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने एक मर्तबा चंद बकरिया बतौर कुर्बानी, बैतुल्लाह भिजवाई तो आप ﷺ ने उन्हें कलादह (हार वगैरा) पहनाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1701) و مسلم (367 / 1321)، (3203)

٢٦٢٩ - (صَحِيح) وَعَن جابر قَالَ: ذَبَحَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَائِشَةَ بَقَرَةً يَوْمَ النَّحْرِ. رَوَاهُ مُسلم

2629. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने आयशा रदी अल्लाहु अन्हा की तरफ से कुर्बानी के रोज़ एक गाय जिबह की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (356 / 1319)، (3191)

٢٦٣٠ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: نَحَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ نِسَائِهِ بَقَرَةً فِي حَجَّتِهِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2630. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अपने हज के मौके पर अपने अज़वाज ए मूतहरात की तरफ से एक गाय जिबह की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (357 / 1319)، (3192)

٢٦٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: فَتَلْتُ قَلَائِدَ بُدْنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِيَدَيَّ ثُمَّ قَلَّدَهَا وَأَشْعَرَهَا وَأَهْدَاهَا فَمَا حَرُم عَلَيْهِ كانَ أُحِلَّ لَهُ

2631. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने नबी ﷺ के कुर्बानी के ऊटों के कलादे खुद अपने हाथो से बूटे, फिर आप ने उन्हें कलादे पहनाए उनका शिआर किया और उन्हें कुर्बानी के लिए भेजा और जो चीज़ आप के लिए हलाल की गई वह आप ﷺ पर हराम नहीं हुई थी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1696) و مسلم (362 / 1321)، (3198)

٢٦٣٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: فَتَلْتُ قَلَائِدَهَا مِنْ عِهْنٍ كَانَ عِنْدِي ثُمَّ بَعَثَ بِهَا مَعَ أَبِي

2632. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने उन के कलादे, उन से तैयार किए जो के मेरे पास मौजूद थी, फिर आप ﷺ ने उन्हें मेरे वालिद के साथ बैतुल्लाह रवाना किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1705) و مسلم (364 / 1321)، (3200)

٢٦٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى رَجُلًا يَسُوقُ بَدَنَةً فَقَالَ: «ارْكَبْهَا» . فَقَالَ: إِنَّهَا بَدَنَةٌ. قَالَ: «ارْكَبْهَا» . فَقَالَ: إِنَّهَا بَدَنَةٌ. قَالَ: «ارْكَبْهَا وَيلك» فِي الثَّانِيَة أَو الثَّالِثَة

2633. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक आदमी को कुर्बानी का ऊंट हांकते हुए देखा तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस पर सवार हो जा”, उस ने अर्ज़ किया, यह तो कुर्बानी का ऊंट है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस पर सवार हो जा”, उस ने अर्ज़ किया, यह तो कुर्बानी का ऊंट है, आप ﷺ ने दूसरी या तीसरी मर्तबा फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस हो उस पर सवार हो जा ”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1689) و مسلم (371 / 1322)، (3208)

٢٦٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الزُّبَيْرِ قَالَ: سَمِعْتُ جَابِرَ بْنَ عبدِ اللَّه سُئِلَ عَنْ رُكُوبِ الْهَدْيِ فَقَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «ارْكَبْهَا بِالْمَعْرُوفِ إِذَا أُلْجِئْتَ إِلَيْهَا حَتَّى تَجِدَ ظَهْرًا» . رَوَاهُ مُسلم

2634. अबू जुबैर बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से सुना, उन से कुर्बानी के ऊंट पर सवारी के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब तू उस पर सवारी करने पर मजबूर हो जाए तो फिर सवारी मिलने तक भले तरीके से उस पर सवारी कर”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (375 / 1324)، (3214)

٢٦٣٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سِتَّةَ عَشَرَ بَدَنَةً مَعَ رَجُلٍ وَأَمَّرَهُ فِيهَا. فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ أَصْنَعُ بِمَا أُبْدِعَ عَلَيَّ مِنْهَا؟ قَالَ: «انْحَرْهَا ثُمَّ اصْبُغْ نَعْلَيْهَا فِي دَمِهَا ثُمَّ اجْعَلْهَا عَلَى صَفْحَتِهَا وَلَا تَأْكُلْ مِنْهَا أَنْتَ وَلَا أَحَدٌ مِنْ أهل رفقتك» . رَوَاهُ مُسلم

2635. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक आदमी के साथ कुर्बानी के सोलह ऊंट भेजे और इसे इन पर अमीर मुकर्रर किया, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगर उन में से कोई चलने से आजिज़ आजाए तो फिर मैं क्या करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे नहर कर देना और इस के कलादे के जूते उस के खून में रंग कर उस के पहलु पर निशान लगा देना और उस में से तुम और तुम्हारे साथी न खाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (377 / 1325)، (3216)

٢٦٣٦ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: نحَرْنا مَعَ رَسولِ اللَّهِ عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ الْبَدَنَةَ عَنْ سَبْعَةٍ وَالْبَقَرَةَ عَنْ سَبْعَة. رَوَاهُ مُسلم

2636. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने हुदैबिया के साल रसूलुल्लाह ﷺ के साथ ऊंट और गाय को सात सात आदमियों की तरफ से बतौर क़ुरबानी नहर किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (350 / 1317)، (3185)

٢٦٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابنِ عمَرَ: أَنَّهُ أَتَى عَلَى رَجُلٍ قَدْ أَنَاخَ بِدَنَتَهُ يَنْحَرُهَا قَالَ: ابْعَثْهَا قِيَامًا مُقَيَّدَةً سُنَّةَ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

2637. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के वह एक आदमी के पास आए जो अपने कुर्बानी के ऊंट को बिठाकर नहर कर रहा था तो उन्होंने इसे फ़रमाया: “मुहम्मद ﷺ की सुन्नत के मुताबिक इसे खड़ा करो और उस की टांग को बांधो (फिर नहर करो)| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1713) ، و مسلم (358 / 1320)، (3193)

٢٦٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: أَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَقُومَ عَلَى بُدْنِهِ وَأَنْ أَتَصَدَّقَ بِلَحْمِهَا وَجُلُودِهَا وَأَجِلَّتِهَا وَأَنْ لَا أُعْطِيَ الْجَزَّارَ مِنْهَا قَالَ: «نَحْنُ نُعْطِيهِ مِنْ عِنْدِنَا»

2638. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं आप ﷺ के कुर्बानी के ऊटों की निगरानी करू और उनकी लगामो, चमड़ो और पालानो को सदका कर दू और कसाब को उस में से कुछ न दू, फ़रमाया: “हम इसे अपने पास से देंगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1717) و مسلم (348 / 1317)، (3180)

٢٦٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن جابرٍ قَالَ: كُنَّا لَا نَأْكُلُ مِنْ لُحُومِ بُدْنِنَا فَوْقَ ثَلَاثٍ فَرَخَّصَ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «كُلُوا وَتَزَوَّدُوا» . فَأَكَلْنَا وتزودنا

2639. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम अपने कुर्बानी के ऊटों का गोश्त तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नहीं खाया करते थे, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें रुखसत दी तो फ़रमाया: “खाओ और रसद (माल सामान) के तौर पर साथ भी ले जाओ”, पस हमने खाया और रसद (माल सामान) के तौर पर साथ भी लाए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1719) و مسلم (30 / 1972)، (5105)

कुर्बानी का बयान • بَاب الْحلق

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٦٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَهْدَى عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي هَدَايَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَمَلًا كَانَ لِأَبِي جَهْلٍ فِي رَأْسِهِ بُرَةٌ مِنْ فِضَّةٍ وَفِي رِوَايَةٍ مِنْ ذَهَبٍ يَغِيظُ بِذَلِكَ الْمُشْرِكين. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2640. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने हुदैबिया के साल कुर्बानी के जानवर भेजे, रसूलुल्लाह ﷺ के कुर्बानी के जानवरों में अबू जहल का ऊंट भी था जिस की नाक में चाँदी का और एक दूसरी रिवायत में है की सोने का एक कड़ा था| आप ﷺ उस से मुशरिकीन को गुस्से दिलाना चाहते थे| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (1749) [و احمد 1 / 261]

٢٦٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نَاجِيَةَ الْخُزَاعِيِّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ أَصْنَعُ بِمَا عَطِبَ مِنَ الْبُدْنِ؟ قَالَ: «انْحَرْهَا ثُمَّ اغْمِسْ نَعْلَهَا فِي دَمِهَا ثُمَّ خَلِّ بَيْنَ النَّاسِ وَبَيْنَهَا فَيَأْكُلُونَهَا» . رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2641. नाजिय खुजाई रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! कुर्बानी के ऊटों में से कोई चलने से आजिज़ आजाए तो क्या करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे नहर कर देना फिर इस (के कलादे) के जूते उस के खून में डुबो देना (और उस के पहलु पर निशान लगा देना) फिर इसे लोगो के लिए छोड़ देना ताकि वह इसे खा लें”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ مالک (1 / 380 ح 873) و الترمذی (910 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (3106)

٢٦٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي عَن نَاجِية الْأَسْلَمِيّ

2642. अबू दावुद और दारमी ने इसे नाजिय असलमी से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1762) و الدارمی (2 / 65 ح 1915)

٢٦٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ قُرْطٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَعْظَمَ الْأَيَّامِ عِنْدَ اللَّهِ يَوْمُ النَّحْرِ ثُمَّ يَوْمُ الْقَرِّ» . قَالَ ثَوْرٌ: وَهُوَ الْيَوْمُ الثَّانِي. قَالَ: وَقُرِّبَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَدَنَاتٌ خَمْسٌ أَوْ سِتٌّ فطفِقْن يَزْدَلِفْنَ إِليه بأيتهِنَّ يبدأُ قَالَ: فَلَمَّا وَجَبَتْ جُنُوبُهَا. قَالَ فَتَكَلَّمَ بِكَلِمَةٍ خَفِيَّةٍ لَمْ أَفْهَمْهَا فَقُلْتُ: مَا قَالَ؟ قَالَ: «مَنْ شَاءَ اقْتَطَعَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَذَكَرَ حَدِيثَا ابنِ عبَّاسٍ وجابرٍ فِي بَاب الْأُضْحِية

2643. अब्दुल्लाह बिन कुरती रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के नज़दीक सबसे अज़ीम दिन कुर्बानी का दिन है, फिर (मीना में) करार पकड़ने (ग्यारह ज़िल हिज्जा) का दिन है”, सौरन रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: उस से कुर्बानी का दूसरा दिन मुराद है, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के पास पांच या छे कुर्बानी के ऊंट पेश किए गए, वह आप ﷺ के करीब होने लगे के आप किस से इब्तिदा फरमाइएगे, रावी बयान करते हैं, जब वह पहलु के बल गिर पड़ी तो आप ने कोई हलकी सी बात की जिसे में समझ न सका, तो मैंने (अपने पास वाले शख़्स से) कहा आप ने क्या फ़रमाया है ? उस ने कहा, आप ﷺ ने फ़रमाया है “ जो शख़्स चाहे उस से गोश्त काट कर ले जाए”| अबू दावुद, अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु और जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस बाब अल दहियत में ज़िक्र की गई है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1765) 0 حديث ابن عباس تقدم (1469) و حديث جابر تقدم (1458)

कुर्बानी का बयान • بَاب الْحلق

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٦٤٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «مَنْ ضَحَّى مِنْكُمْ فَلَا يُصْبِحَنَّ بَعْدَ ثَالِثَةٍ وَفِي بَيْتِهِ مِنْهُ شَيْءٌ» . فَلَمَّا كَانَ الْعَامُ الْمُقْبِلُ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ نَفْعَلُ كَمَا فَعَلْنَا الْعَامَ الْمَاضِي؟ قَالَ: «كُلُوا وَأَطْعِمُوا وَادَّخِرُوا فَإِنَّ ذَلِكَ الْعَامَ كَانَ بِالنَّاسِ جَهْدٌ فَأَرَدْتُ أَنْ تُعِينُوا فِيهِمْ»

2644. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से जिस ने कुर्बानी की है, तीसरे दिन के बाद (यानी चोथे रोज़) उस के घर में कुर्बानी का गोश्त नहीं होना चाहिए”, जब आइन्दा साल आया तो सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जिस तरह हमने पिछले साल किया था क्या इस साल भी हम वैसे ही करें ? आप ﷺ ने

फ़रमाया: “खाओ खिलाओ और ज़खीरा भी करो, क्योंकि गुज़िश्ता साल लोग कहत साली की वजह से तकलीफ में थे इसलिए मैंने इरादा किया के तुम उनकी इआनत करो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5569) و مسلم (34 / 1974)، (5109)

٢٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نُبَيْشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: [ص:٨١ «إن كُنَّا نهينَا عَنْ لُحُومِهَا أَنْ تَأْكُلُوهَا فَوْقَ ثَلَاثٍ لِكَيْ تسَعْكم. جاءَ اللَّهُ بالسَّعَةِ فكُلوا وادَّخِرُوا وأْتَجِروا. أَلَا وَإِنَّ هَذِهِ الْأَيَّامَ أَيَّامُ أَكْلٍ وَشُرْبٍ وذِكْرِ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2645. नुबैश रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हमने तुम्हें मना किया था के कुर्बानी का गोश्त तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नहीं खाना ताकि तुम्हें कशाईश और खुशहाली मिल जाए, अब अल्लाह तआला ने तुम्हें खुशहाली अता कर दी है तो खाओ ज़खीरा करो और (सदका कर के) अज़्र पाओ, और सुन लो! यह अय्याम खाने पीने और अल्लाह तआला का ज़िक्र करने के है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2813)

सर मुंडवाने का बयान

كتاب الْمَنَاسِك

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول

٢٦٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَلَقَ رَأْسَهُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ وَأُنَاسٌ مِنْ أَصْحَابِهِ وَقَصَّرَ بَعْضُهُمْ

2646. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर अपना सर मुंडाया, और आप ﷺ के बाज़ सहाबा ने भी सर मुंडाया और उन में से बाज़ ने बाल कतराए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1726) و مسلم (322 / 1304)، (3151)

٢٦٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ لِي مُعَاوِيَةُ: إِنِّي قَصَّرْتُ مِنْ رَأْسِ النَّبِيِّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم عِنْد الْمَرْوَة بمشقص

2647. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे बताया की मैंने मरवा के पास तीर के भाल से नबी ﷺ के सर के बाल कतरे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1730) و مسلم (209 / 1236)، (3021)

٢٦٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «اللَّهُمَّ ارْحَمِ الْمُحَلِّقِينَ» . قَالُوا: وَالْمُقَصِّرِينَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «اللَّهُمَّ ارْحَمِ الْمُحَلِّقِينَ» . قَالُوا: وَالْمُقَصِّرِينَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «وَالْمُقَصِّرِينَ»

2648. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर फ़रमाया: “ए अल्लाह! सर मुंडाने वालो पर रहम फरमा”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! और बाल कतराने वालो पर भी आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह सर मुंडाने वालो पर रहम फरमा”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बाल कतराने वालो पर भी आप ﷺ ने फ़रमाया: “बाल कतराने वालो पर भी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1727) و مسلم (317 / 1301)، (3145)

٢٦٤٩ - (صَحِيح) وَعَن يحيى بن الْحصين عَن جدته أَنَّهَا سَمِعَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ دَعَا لِلْمُحَلِّقِينَ ثَلَاثًا وَلِلْمُقَصِّرِينَ مرّة وَاحِدَة. رَوَاهُ مُسلم

2649. याह्या बिन हुसैन रहीमा उल्लाह अपनी दादी से रिवायत करते हैं की उन्होंने हज्जतुल वदा के मौके पर नबी ﷺ को सिर मुंडवाने वालो के लिए तीन बार और बाल कतराने वालो के लिए एक बार दुआ करते हुए सुना| (मुस्लिम)

رواه مسلم (321 / 1303)، (3150)

٢٦٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى مِنًى فَأَتَى الْجَمْرَةَ فَرَمَاهَا ثُمَّ أَتَى مَنْزِلَهُ بِمِنًى وَنَحَرَ نُسُكَهُ ثُمَّ دَعَا بِالْحَلَّاقِ وَنَاوَلَ الْحَالِقَ شِقَّهُ الْأَيْمَنَ ثُمَّ دَعَا أَبَا طَلْحَةَ الْأَنْصَارِيَّ فَأَعْطَاهُ إِيَّاهُ ثُمَّ نَاوَلَ الشِّقَّ الْأَيْسَرَ فَقَالَ «احْلِقْ» فَحَلَقَهُ فَأَعْطَاهُ طَلْحَةَ فَقَالَ: «اقْسِمْهُ بَيْنَ النَّاسِ»

2650. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मीना तशरीफ़ लाए तो जमराह पर आए और इसे कंकरिया मारी, फिर मीना में अपने रिहाइश गाह पर आए और कुर्बानी की फिर आप ने हजाम को मंगवाया और आप ने अपने सर की दाए तरफ हजाम की तरफ की तो उस ने इसे मुंड दिया फिर आप ने अबू तल्हा अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु को बुलाया और वह बाल उन्हें दे दिए, फिर आप ने बाए जानिब उस की तरफ की और फ़रमाया: “मुंडा दो”, तो उस ने इसे मुंड दिया तो आप ने वह बाल भी अबू तल्हा को दे दिए और फ़रमाया: “उन्हें लोगो में तकसीम कर दो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (171) و مسلم (323 / 1305)، (3152)

٢٦٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كُنْتُ أَطَيِّبُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قِبَلَ أَنْ يُحْرِمَ وَيَوْمَ النَّحْرِ قَبْلَ أَنْ يَطُوفَ بِالْبَيْتِ بِطِيبٍ فِيهِ مِسْكٌ

2651. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ को इहराम बांधने से पहले और कुर्बानी के दिन बैतुल्लाह का तवाफ़ करने से पहले कस्तूरी की मिलावट वाली खुशबु लगाया करती थी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1539) و مسلم (46 / 1191)، (2841)

٢٦٥٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَفَاضَ يَوْمَ النَّحْرِ ثُمَّ رجعَ فصلّى الظهْرَ بمنى. رَوَاهُ مُسلم

2652. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ए इफादा किया, फिर वापिस तशरीफ़ लाए और ज़ुहर की नमाज़ मीना में अदा की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (335 / 1308)، (3165)

सर मुंडवाने का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٦٥٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ وَعَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَا: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن تحلق الْمَرْأَة رَأسهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2653. अली रदी अल्लाहु अन्हु और आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने औरतो को सर मुंडाने से मना फ़रमाया| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (915)

٢٦٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ عَلَى النِّسَاءِ الْحَلْقُ إِنَّمَا عَلَى النِّسَاءِ التَّقْصِيرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالدَّارِمِيُّ»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ مِنَ الْفَصْلِ الثَّالِث

2654. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरतो पर सर मुंडाना वाजिब नहीं इन पर बाल कतराना वाजिब है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1984 / 1985) و الدارمی (2 / 64 ح 1911)

وهذا الباب خال من الفصل الثالث

इस बाब में तीसरी फस्ल नहीं है|

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान • بَاب فِي التَّحَلُّل

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَفَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِمِنًى لِلنَّاسِ يَسْأَلُونَهُ فَجَاءَهُ رَجُلٌ فَقَالَ: لَمْ أَشْعُرْ فَحَلَقْتُ قَبْلَ أَنْ أَذْبَحَ. فَقَالَ: «اذْبَحْ وَلَا حَرَجَ» فَجَاءَ آخَرُ فَقَالَ: لَمْ أَشْعُرْ فَنَحَرْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. فَقَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ» . فَمَا سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ شَيْءٍ قُدِّمَ وَلَا أُخِّرَ إِلَّا قَالَ: «افْعَلْ وَلَا حرج»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: أَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: حَلَقْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ» وأتاهُ آخرُ فَقَالَ: أفضتُ إِلى البيتِ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ»

2655. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हज्जतुल वदा के मौके पर रसूलुल्लाह ﷺ ने लोगो की खातिर मीना में वुकुफ़ फ़रमाया, लोग आप के पास आते और मसाइल दरियाफ्त करते, एक आदमी आप के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने ला इल्मी में कुर्बानी से पहले सर मुंडा लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कुर्बानी कर लो, कोई हरज नहीं”, फिर एक और आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहल ला इल्मी में कुर्बानी कर ली है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(अब) कंकरिया मार लो कोई हरज नहीं”, नबी ﷺ से जिस चीज़ की भी तकदिम ताखीर के बारे में सवाल किया गया तो आप ﷺ ने यही फ़रमाया: “अब कर लो, कोई हरज नहीं”| बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है एक आदमी आप ﷺ के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले सर मुंडा लिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो, कोई हरज नहीं” फिर एक और आदमी आया उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले तवाफ़ ए इफादा कर लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो कोई हरज नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (83) و مسلم (327 / 1306 ، 333 / 1306)، (3156 و 3163)

٢٦٥٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسْأَلُ يَوْمَ النَّحْرِ بِمِنًى فَيَقُولُ: «لَا حَرَجَ» فَسَأَلَهُ رجل فَقَالَ: رميت بعد مَا أمسَيتُ. فَقَالَ: «لَا حرَجَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2656. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कुर्बानी के दिन मीना में नबी ﷺ से मसाइल दरियाफ्त किए गए तो आप ﷺ यही फरमा रहे थे: “कोई हर्ज नहीं”. एक आदमी ने आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने गुरुबे आफ़ताब के बाद कंकरिया मारी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कोई हरज नहीं‘‘| (बुखारी)

رواه البخاری (1723)

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान • بَاب فِي التَّحَلُّل

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٦٥٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَليّ قَالَ: أَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَفَضْتُ قَبْلَ أَنْ أَحْلِقَ فَقَالَ: «احْلِقْ أَوْ قَصِّرْ وَلَا حَرَجَ» . وَجَاءَ آخَرُ فَقَالَ: ذَبَحْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حرج» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2657. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी आप ﷺ के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया,: “अल्लाह के रसूल! मैंने सर मुंडाने से पहले तवाफ़ ए इफादा कर लिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब सर मुंडा लो या बाल क़तर लो, कोई हरज नहीं”, फिर एक दूसरा आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले कुर्बानी कर ली, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो, कोई हरज नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (885 و قال : حسن صحیح) [و ابوداؤد (1922 ، 1935) و ابن ماجه (3010)] * سفیان الثوری مدلس و عنعن

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान • بَاب فِي التَّحَلُّل

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٦٥٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن أسامةَ بنِ شرِيكٍ قَالَ: خَرَجْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَاجًّا فَكَانَ النَّاسُ يَأْتُونَهُ فَمِنْ قَائِلٍ: يَا رَسُولَ اللَّهِ سَعَيْتُ قَبْلَ أَنْ أَطُوفَ أَوْ أَخَّرْتُ شَيْئًا أَوْ قَدَّمْتُ شَيْئًا فَكَانَ يَقُولُ: «لَا حَرَجَ إِلَّا عَلَى رَجُلٍ اقْتَرَضَ عِرْضَ مُسْلِمٍ وَهُوَ ظَالِمٌ فَذَلِكَ الَّذِي حَرِجَ وهَلِكَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2658. उसामा बिन शरीक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं हज करने के लिए रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुआ, लोग आप ﷺ के पास आते और मसाइल दरियाफ्त करते थे, किसी ने कहा अल्लाह के रसूल! मैंने तवाफ़ करने से पहले सई कर ली, या मैंने एक चीज़ को मोअख़्ख़र कर लिया या मैंने कोई चीज़ मुकद्दम कर ली, आप ﷺ फरमाते थे: “इस शख़्स के सिवा जिस ने किसी मुसलमान की इज्ज़त को ख़राब किया कोई हरज नहीं, ऐसा शख़्स ज़ालिम है और ऐसा शख़्स ही हरज, गुनाह और हलाकत का शिकार हुआ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2015)

कुर्बानी के दिन खुत्बा देने, अय्याम ए तशरीक में कंकरिया मारने और वदा का बयान

بَابٌ خُطْبَةُ يَوْمِ النَّحْرِ •

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول •

٢٦٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي بَكْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: خَطَبَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ النَّحْرِ قَالَ: «إِنَّ الزَّمَانَ قَدِ اسْتَدَارَ كَهَيْئَتِهِ يَوْمَ خَلَقَ اللَّهُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ السَّنَةُ اثْنَا عَشَرَ شَهْرًا مِنْهَا أَرْبَعَةٌ حُرُمٌ ثَلَاثٌ مُتَوَالِيَاتٌ ذُو الْقَعْدَةِ وَذُو الْحِجَّةِ وَالْمُحَرَّمُ وَرَجَبُ مُضَرَ الَّذِي بَيْنَ جُمَادَى وَشَعْبَانَ» وَقَالَ: «أَيُّ شَهْرٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ فَقَالَ: «أَلَيْسَ ذَا الْحِجَّةِ؟» قُلْنَا: بَلَى. قَالَ: «أَيُّ بَلَدٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ قَالَ: «أَلَيْسَ الْبَلْدَةَ؟» قُلْنَا: بَلَى قَالَ «فَأَيُّ يَوْمٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ. قَالَ: «أَلَيْسَ يَوْمَ النَّحْرِ؟» قُلْنَا: بَلَى. قَالَ: «فَإِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ وَأَعْرَاضَكُمْ عَلَيْكُمْ حَرَامٌ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا فِي شَهْرِكُمْ هَذَا وَسَتَلْقَوْنَ رَبَّكُمْ فَيَسْأَلُكُمْ عَنْ أَعْمَالِكُمْ أَلَا فَلَا تَرْجِعُوا بَعْدِي ضُلَّالًا يَضْرِبُ [ص:٨١ بَعْضُكُمْ رِقَابَ بَعْضٍ أَلَا هَلْ بَلَّغْتُ؟» قَالُوا: نَعَمْ. قَالَ: «اللَّهُمَّ اشْهَدْ فَلْيُبَلِّغِ الشَّاهِدُ الْغَائِبَ فَرُبَّ مُبَلَّغٍ أَوْعَى مِنْ سَامِعٍ»

2659. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने कुर्बानी के दिन हमें ख़िताब फ़रमाया तो फ़रमाया: "ज़माने (साल) घूम घुमा कर इसी सूरत पर गया है जैसे इस दिन था, जिस रोज़ अल्लाह तआला ने ज़मीन व आसमान तखलीक फरमाए थे, साल बारह माह का है, उन में से चार हुरमत वाले हैं, तीन जुल कअदा, ज़ुलहिज्जा और मुहर्रम तो मुतवातिर है, और रजब मुज़िर जो के जमादिउल सानी और शाबान के दरमियान है", आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये कौन सा महीने है" हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ने ख़ामोशी इख़्तियार कर ली हत्ता के हमने ख़याल किया आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या यह ज़ुलहिज्जा नहीं ?" हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये कौन सा शहर है" हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ख़ामोश रहे हत्ता के हमने ख़याल किया के आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या यह बलद (यानी मक्का) नहीं ?" हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! ऐसे ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये कौन सा दिन है ?" हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ख़ामोश रहे हत्ता के हमने गुमान किया के आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या यह कुर्बानी का दिन नहीं ?" हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! ऐसे ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम्हारे खून, तुम्हारे अमवाल और तुम्हारी इज्ज़त्ते तुम पर इस माह में इस शहर में और इस दीन की हुरमत की तरह तुम पर हराम है, तुम अनकरीब अपने रब से मुलाकात करने वाले हो, वह तुम्हारे आमाल के बारे में तुम से सवाल करेगा, सुन लो! तुम मेरे बाद गुमराह न हो जाना के एक दुसरे को क़त्ल करने लगो, सुन लो! क्या मैंने तुम तक दीन पहुंचा दिया ? उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह गवाह रहना जो यहाँ मौजूद है वह गैर मौजूद तक पहुंचा दें, बसा-अवक़ात जिस को बात पहुंचाई जाती है के सुनने वाले से ज़्यादा याद रखने वाला होता है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1741) و مسلم (29 31 / 1679)، (4383 و 4385)

٢٦٦٠ - (صَحِيح) وَعَن وَبرةَ قَالَ: سَأَلْتُ ابْنَ عُمَرَ: مَتَى أَرْمِي الْجِمَارَ؟ قَالَ: إِذَا رَمَى إِمَامُكَ فَارْمِهِ فَأَعَدْتُ عَلَيْهِ الْمَسْأَلَةَ. فَقَالَ: كُنَّا نَتَحَيَّنُ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ رمينَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2660. वबरत रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया में किस वक़्त कंकरिया मारू ? उन्होंने ने फ़रमाया: जब तुम्हारा इमाम कंकरिया मारे तो तुम भी कंकरिया मारो, मैंने दोबारा उन से दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: हम इंतज़ार करते रहते थे जब सूरज ढल जाता तो हम कंकरिया मारते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (1746)

٢٦٦١ - (صَحِيح) وَعَن سالمٍ عَن ابنِ عمر: أَنَّهُ كَانَ يَرْمِي جَمْرَةَ الدُّنْيَا بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكبِّرُ على إِثْرَ كُلِّ حَصَاةٍ ثُمَّ يَتَقَدَّمُ حَتَّى يُسْهِلَ فَيَقُومُ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ طَوِيلًا وَيَدْعُو وَيَرْفَعُ يَدَيْهِ ثُمَّ يَرْمِي الْوُسْطَى بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ كُلَّمَا رَمَى بِحَصَاةٍ ثُمَّ يَأْخُذُ بِذَاتِ الشِّمَالِ فَيُسْهِلُ وَيَقُومُ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ ثُمَّ يَدْعُو وَيَرْفَعُ يَدَيْهِ وَيَقُومُ طَوِيلًا ثُمَّ يَرْمِي جَمْرَةَ ذَاتِ الْعَقَبَةِ مِنْ بَطْنِ الْوَادِي بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ عِنْدَ كُلِّ حَصَاةٍ وَلَا يَقِفُ عِنْدَهَا ثُمَّ يَنْصَرِفُ فَيَقُولُ: هَكَذَا رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَفْعَله. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2661. सालिम रहीमा उल्लाह इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, के वह जमराह दुनिया (मस्जिद खफिफ के करीब वाले जमराह को) सात कंकरिया मारते और हर कंकरी के बाद (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर आगे बढ़ते हत्ता के नरम ज़मीन पर किबले रुख खड़े हो कर देर तक हाथ उठा कर दुआएं करते फिर बाए जानिब हो कर नरम ज़मीन पर किबले रुख खड़े हो कर हाथ उठा कर देर तक दुआए करते रहते फिर दरमियान वाले जमरे को सात कंकरिया मारते जब कंकरी मारते तो (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर वादी के उतार से जमराह अक्बिह को सात कंकरिया मारते आप हर कंकरी मारते वक़्त (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, आप उस के पास न ठहरते, फिर वापिस जाते और फरमाते मैंने नबी ﷺ को इसी तरह करते हुए देखा है ?| (बुखारी)

رواه البخارى (1751 1752)

٢٦٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: اسْتَأْذَنَ الْعَبَّاسُ بْنُ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَبِيت بِمَكَّةَ لَيَالِيَ منى من أجلِ سِقايتِهِ فَأذن لَهُ

2662. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदी अल्लाहु अन्हु ने पानी पिलाने की वजह से, मीना की राते मक्का में गुज़ार ने के लिए रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने उन्हें इजाज़त दे दि| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1634) و مسلم (346 / 1315)، (3177)

٢٦٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَاءَ إِلَى السِّقَايَةِ فَاسْتَسْقَى. فَقَالَ الْعَبَّاسُ: يَا فَضْلُ اذْهَبْ إِلَى أُمِّكَ فَأْتِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:٨١ بِشَرَابٍ مِنْ عِنْدِهَا فَقَالَ: «اسْقِنِي» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُمْ يَجْعَلُونَ أَيْدِيَهُمْ

فِيهِ قَالَ: «اسْقِنِي» . فَشرب مِنْهُ ثُمَّ أَتَى زَمْزَمَ وَهُمْ يَسْقُونَ وَيَعْمَلُونَ فِيهَا. فَقَالَ: «اعْمَلُوا فَإِنَّكُمْ عَلَى عَمَلٍ صَالِحٍ» . ثُمَّ قَالَ: «لَوْلَا أَنْ تُغْلَبُوا لَنَزَلْتُ حَتَّى أَضَعَ الْحَبْلَ عَلَى هَذِهِ» . وَأَشَارَ إِلَى عَاتِقِهِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2663. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ पानी पीने की जगह पर तशरीफ़ लाए तो आप ने पानी तलब किया तो अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: फ़ज़्ल! अपने वालिद के पास जाओ और उन के पास से रसूलुल्लाह ﷺ के लिए पानी ले कर आओ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे (यही से) पिलाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! लोग अपने हाथ उस में डालते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे (यही से) पिलाओ”, आप ने इसी में से नोश फ़रमाया, फिर आप ज़म ज़म पर तशरीफ़ लाए तो लोग वहां पानी पिला रहे थे और खूब मेहनत कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “काम करते रहो, क्योंकि तुम एक नेक काम में मशगुल हो”, फिर फ़रमाया: “अगर लोग तुम पर ग़ालिब न आजाए तो मैं भी अपने सवारी से उतर आता हत्ता कि मैं रस्सी उस पर रख लेता”, आप ने अपने कंधे की तरफ इरशाद फ़रमाया|(बुखारी)

رواه البخارى (1635)

٢٦٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى الظُّهْرَ وَالْعَصْرَ وَالْمَغْرِبَ وَالْعَشَاءَ ثُمَّ رَقَدَ رَقْدَةً بِالْمُحَصَّبِ ثُمَّ رَكِبَ إِلَى الْبَيْتِ فَطَافَ بِهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2664. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने ज़ुहर, असर, मग़रिब और ईशा की नमाज़े पढ़ी फिर आप वादी मुहस्सब में थोड़ी देर सोए, फिर आप सवारी पर बैतुल्लाह तशरीफ़ लाए और उस का तवाफ़ (वदा) किया| (बुखारी)

رواه البخارى (1756)

٢٦٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ الْعَزِيزِ بْنِ رُفَيْعٍ قَالَ: سألتُ أنسَ بنَ مالكٍ. قُلْتُ: أَخْبِرْنِي بِشَيْءٍ عَقَلْتَهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيْنَ صَلَّى الظُّهْرَ يومَ الترويةِ؟ قَالَ: بمنى. قلت: فَأَيْنَ صَلَّى الْعَصْرَ يَوْمَ النَّفْرِ؟ قَالَ: بِالْأَبْطَحِ. ثُمَّ قَالَ افْعَلْ كَمَا يَفْعَلُ أُمَرَاؤُكَ

2665. अब्दुल अज़ीज़ बिन रुफीअ बयान करते हैं, मैंने अनस रदी अल्लाहु अन्हु बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, मैंने कहा अगर आप ने रसूलुल्लाह ﷺ से कोई बात याद की हो तो मुझे बताइए के आप ने तरविया (आठ ज़िल हिज्जा) के दिन ज़ुहर की नमाज़ कहाँ पढ़ी थी ? उन्होंने ने फ़रमाया: मीना में, फिर पूछा: आप ﷺ ने मीना से वापिस आते हुए असर की नमाज़ कहाँ पढ़ी थी ? फ़रमाया वादी ए अब्तह में, फिर फ़रमाया जैसे तुम्हारे उमरा हुक्मरान करे वैसे तुम करो| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1653) و مسلم (336 / 1309)، (3166)

٢٦٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: نُزُولُ الْأَبْطَحِ لَيْسَ بِسُنَّةٍ إِنَّمَا نَزَلَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَنَّهُ كَانَ أسمح لِخُرُوجِهِ إِذا خرج

2666. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, अब्तह में कयाम करना सुन्नत नहीं ? रसूलुल्लाह ﷺ ने तो वहां इसलिए कयाम फ़रमाया था के वहां से मदीना के लिए रवाना होना ज़्यादा आसान था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1765) و مسلم (339 / 1311)، (3169)

٢٦٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: أَحْرَمْتُ مِنَ التَّنْعِيمِ بِعُمْرَةٍ فَدَخَلْتُ فَقَضَيْتُ عُمْرَتِي وَانْتَظَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم بالأبطحِ حَتَّى فَرَغْتُ فَأَمَرَ النَّاسَ بِالرَّحِيلِ فَخَرَجَ فَمَرَّ بِالْبَيْتِ فَطَافَ بِهِ قَبْلَ صَلَاةِ الصُّبْحِ ثُمَّ خَرَجَ إِلَى الْمَدِينَةِ. هَذَا [ص:٨١ الْحَدِيثُ مَا وَجَدْتُهُ بِرِوَايَةِ الشَّيْخَيْنِ بَلْ بِرِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ مَعَ اخْتِلَاف يسير فِي آخِره

2667. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने मक़ाम ए तनइम से उमरह के लिए इहराम बांधा मैं (मक्के में) दाखिल हुई और अपना उमरह अदा किया, जबके रसूलुल्लाह ﷺ ने अब्तह के मक़ाम पर मेरा इंतज़ार फ़रमाया हत्ता कि मैं उमरह से फारिग़ हो गए तो आप ने लोगो को कुच का हुक्म फ़रमाया, आप वहां से निकले और बैतुल्लाह का तवाफ़ सुबह की नमाज़ से पहले किया, फिर आप ﷺ मदीना के लिए रवाना हुए| मैंने सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत के हवाले से यह हदीस नहीं पाई बल्के आख़िर पर थोड़े से इख्तिलाफ के साथ अबू दावुद की रिवायत में पाया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2005 و سنده صحيح) [و انظر صحيح البخاری (1560) و مسلم (123 / 1211)، (2922)]

٢٦٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّاسُ يَنْصَرِفُونَ فِي كُلِّ وَجْهٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْفِرَنَّ أَحَدُكُمْ حَتَّى يَكُونَ آخِرُ عَهْدِهِ بِالْبَيْتِ إِلَّا أَنَّهُ خُفِّفَ عَنِ الْحَائِضِ»

2668. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, लोग (मीना से फारिग़ हो कर) किसी भी तरीक से वापिस चले जाते थे, (ये सूरते हाल देख कर) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम में से कोई शख़्स मक्का से न जाए हत्ता के उस का आखरी वक़्त बैतुल्लाह के पास हो (तवाफ़ वदा करे) अलबत्ता हैज़ वाली औरत को मुशतश्ना करार दिया"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1755) و مسلم (379 / 1327)، (3219)

٢٦٦٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عائشةَ قَالَتْ: حَاضَتْ صَفِيَّةُ لَيْلَةَ النَّفْرِ فَقَالَتْ: مَا أَرَانِي إِلَّا حَابِسَتَكُمْ. قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَقْرَى حَلْقَى أَطَافَتْ يَوْمَ النَّحْرِ؟» قيل: نعم. قَالَ: «فانفري»

2669. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुच (के दिन) की रात सफ्फिया रदी अल्लाहु अन्हु को हैज़ गया, तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरा ख़याल है के (अरब वदा की वजह से) मैंने तुम्हें रोक दिया है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "(अरब के मुहावरे के मुताबिक) बे औलाद सर मुंडी, या हलक में बीमारी वाली (इस से बद्दुआ मुराद नहीं, बल्के जैसे कहा जाता है, तेरे हाथ खाक आलूद हो वैसे ही यह अल्फाज़ है) क्या उस ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ए इफादा किया था ?" आप को बताया

गया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर मदीना की तरफ कुच करो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1771 1772) و مسلم 387 / 1211)، (3228)

بَابٌ خُطْبَةُ يَوْمِ النَّحْرِ • कुर्बानी के दिन खुत्बा देने, अय्याम ए तशरीक में कंकरिया मारने और वदा का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٧٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ الْأَحْوَصِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «أَيُّ يَوْمٍ هَذَا؟» قَالُوا: يَوْمُ النَّحْرِ الْأَكْبَرِ. قَالَ: «فَإِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ وَأَعْرَاضَكُمْ بَيْنَكُمْ حَرَامٌ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَلَا لَا يجني جَانٍ عَلَى نَفْسِهِ وَلَا يَجْنِي جَانٍ عَلَى وَلَدِهِ وَلَا مَوْلُودٌ عَلَى وَالِدِهِ أَلَا وَإِنَّ الشَّيْطَانَ قد أَيسَ أَنْ يُعْبَدَ فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَبَدًا وَلَكِنْ ستكونُ لهُ طاعةٌ فِيمَا تحتقرونَ مِنْ أَعْمَالِكُمْ فَسَيَرْضَى بِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالتِّرْمِذِيّ وَصَححهُ

2670. अमर बिन अह्वस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हज्जतुल वदा के मौके पर फरमाते हुए सुना: “आज कौन सा दिन है ?” सहाबा ने अर्ज़ किया, हज अकबर का दिन है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे अमवाल और तुम्हारी इज्ज़ते तुम्हारे दरमियान इस शहर में, तुम्हारे इस दीन की हुरमत की तरह हराम है, सुन लो! कोई ज़ालिम अपने जान पर ज़ुल्म न करे, सुन लो! कोई ज़ालिम अपने औलाद पर ज़ुल्म न करे न बच्चा अपने वालिद पर ज़ुल्म करे, सुन लो! शैतान इस बात से हमेशा के लिए मायूस हो चूका है के उस की तुम्हारे इस शहर में इबादत हो, लेकिन तुम्हारे ऐसे उमूर में जिन्हें तुम मामूली समझते हो, उस की इताअत होगी तो वह उस पर ही राज़ी हो जाएगा”| इब्ने माजा तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (3055) و الترمذی (2159)

٢٦٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رافعِ بنِ عمروٍ والمُزَني قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ النَّاسَ بِمِنًى حِينَ ارْتَفَعَ الضُّحَى عَلَى بَغْلَةٍ شَهْبَاءَ وَعَلِيٌّ يُعَبِّرُ عَنْهُ وَالنَّاسُ بَين قَائِم وقاعد. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2671. राफीअ बिन अम्र मुज़नी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मीना में चाश्त के बाद सियाह माइल सफ़ेद खच्चर पर लोगो से ख़िताब करते हुए सुना, जबके अली रदी अल्लाहु अन्हु आप की तरफ से लोगो तक बात पहुंचा रहे थे जबके लोग कुछ खड़े थे और कुछ बैठे हुए थे| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1956)

٢٦٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ وَابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَّرَ طَوَافَ الزِّيَارَةِ يَوْمَ النَّحْرِ إِلَى اللَّيْلِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2672. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ज़ियारत को रात तक मोअख़्ख़र फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (920 و قال : حسن) و ابوداؤد (2000) و ابن ماجه (3059) [و البخارى (قبل ح 1732 تعليقًا] * ابوالزبير مدلس و عنع و تابعه محمد بن طارق و لكنه عن طاؤس مرسل

٢٦٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمْ يَرْمُلْ فِي السَّبْعِ الَّذِي أَفَاضَ فِيهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2673. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने तवाफ़ ए इफादा के सातों चक्करों में रमल नहीं फरमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2001) و ابن ماجه (3060)

٢٦٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا رَمَى أَحَدُكُمْ جَمْرَةَ الْعَقَبَةِ فَقَدْ حَلَّ لَهُ كُلُّ شَيْءٍ إِلَّا النِّسَاءَ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة وَقَالَ: إِسْنَاده ضَعِيف

2674. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई जमराह अक्बिह को कंकरिया मार ले तो बीवियों के (साथ जिमाअ के) सिवा उस के लिए हर चीज़ हलाल हो जाती है”| शरह सुन्ना और उन्होंने ने फ़रमाया: उस की सनद जईफ है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 210 بعد ح 1962 بلا سند) [و ابوداؤد (1978)] * الحجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و انظر الحديث الآتى (2675)

٢٦٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةِ أَحْمَدَ وَالنَّسَائِيِّ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: «إِذَا رَمَى الْجَمْرَةَ فَقَدْ حَلَّ لَهُ كلُّ شيءٍ إِلا النساءَ»

2675. अहमद और निसाई की इब्ने अब्बास से मरवी रिवायत में है फ़रमाया: “जब वह कंकरिया मार ले तो बीवियों के अलावा हर चीज़ उस पर हलाल हो जाती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (1 / 234 ح 2090) و النسائى (6 / 277 ح 3086) [و ابن ماجه (3041)] * الحسن العرنى ثقه ارسل عن ابن عباس رضى الله عنه (تقدم : 2613) و لبعض الحديث شاهد عند مسلم (1179)

٢٦٧٦ - وَعَنْهَا قَالَتْ : أَفَاضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ آخِرِ يَوْمِهِ حِينَ صَلَّى الظُّهْرَ ثُمَّ رَجَعَ إِلَى مِنًى فَمَكَثَ بِهَا لَيَالِيَ أَيَّامِ

التَّشْرِيقِ يَرْمِي الْجَمْرَةَ إِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ كُلَّ جَمْرَةٍ بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ وَيَقِفُ عِنْدَ الْأُولَى وَالثَّانِيَةِ فَيُطِيلُ الْقِيَامَ وَيَتَضَرَّعُ وَيَرْمِي الثَّالِثَةَ فَلَا يَقِفُ عِنْدَهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2676. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दिन के पिछले पहर जब आप ने नमाज़ ए ज़ुहर अदा की तो तवाफ़ ए इफादा किया, फिर आप मीना वापिस तशरीफ़ ले आए, आप ने अय्याम तशरिक की राते वहां गुज़ारी, जब सूरज ढल जाता तो आप हर जमराह को सात सात कंकरिया मारते, हर कंकरी के साथ (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, पहले और दुसरे जमरे के पास खड़े होते, लम्बा कयाम फरमाते और तजरीअ व आजिज़ी के साथ दुआए करते और आप तीसरे को कंकरिया मारते और उस के पास खड़े नहीं होते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1973)

٢٦٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْبَدَّاحِ بْنِ عَاصِمِ بْنِ عَدِيٍّ عَن أَبِيه قَالَ: رَخَّصَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم لرعاء الْإِبِل فِي البيتوتة: أَن يرملوا يَوْمَ النَّحْرِ ثُمَّ يَجْمَعُوا رَمْيَ يَوْمَيْنِ بَعْدَ يَوْمِ النَّحْرِ فَيَرْمُوهُ فِي أَحَدِهِمَا. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيحٌ

2677. अबू अल बद्दाह बिन आसिम बिन अदि अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊटों के चरवाहों को रात बसर करने की रुखसत दे दिया के वह यौम ए उल नहर को कंकरिया मारी फिर यौम ए नहर के बाद वह दो दीन की रमी को जमा कर ले और एक दिन मैं ही कंकरिया मार लें| मालिक, तिरमिज़ी निसाई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (1 / 408 ح 946) و الترمذی (955) و النسائی (5 / 273 ح 3071)

وهذا الباب خال من الفصل الثالث

इस बाब में तीसरी फस्ल नहीं है|

इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे • بَاب مَا يجتنبه الْمحرم

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٧٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَا يلبس مِنَ الثِّيَابِ؟ فَقَالَ: «لَا تَلْبَسُوا الْقُمُصَ وَلَا الْعَمَائِمَ وَلَا السَّرَاوِيلَاتِ وَلَا الْبَرَانِسَ وَلَا الْخِفَافَ إِلَّا أَحَدٌ لَا يَجِدُ نَعْلَيْنِ فَيَلْبَسُ خُفَّيْنِ وليقطعهما أَسْفَلَ الْكَعْبَيْنِ وَلَا تَلْبَسُوا مِنَ الثِّيَابِ شَيْئًا مَسَّهُ زَعْفَرَانٌ وَلَا وَرْسٌ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ وَزَادَ الْبُخَارِيُّ فِي رِوَايَةٍ: «وَلَا تَنْتَقِبُ الْمَرْأَةُ الْمُحْرِمَةُ وَلَا تلبس القفازين»

2678. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के किसी आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया के इहराम वाला कौन से कपड़े पहन सकता है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “कमीज़, इमामे, सलवारे, जुब्बे और मोज़े न पहनो, अलबत्ता अगर कोई शख़्स जूते न पाए तो वह मोज़े पहन ले और उन्हें टखनो के निचे तक काट ले और ऐसा कोई कपड़ा न पहनो जिसे ज़ाफ़रान और वरस की खुशबु लगी हो”| और इमाम बुखारी ने एक दूसरी रिवायत में यह इज़ाफा नकल किया है: “इहराम वाली औरत ना नकाब पहने न दस्ताने”, (मुत्तफ़िक़_अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (1542 ، 1838) و مسلم (1 / 1177)، (2791)

٢٦٧٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ وَهُوَ يَقُولُ: «إِذَا لَمْ يَجِدِ الْمُحْرِمُ نَعْلَيْنِ لَبَسَ خُفَّيْنِ وَإِذَا لَمْ يَجِدْ إِزَارًا لَبَسَ سَرَاوِيل»

2679. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को ख़िताब करते हुए सुना, आप ﷺ फरमा रहे थे: “जब मुहर्रिम जूते न पाए तो वह मोज़े पहन ले और जब वह तह्मंद न पाए तो सलवार पहन ले”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1841) و مسلم (4 / 1178)، (2794)

٢٦٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: كُنَّا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بالجعرانة إِذْ [ص:٨٢ جَاءَ رَجُلٌ أَعْرَابِيٌّ عَلَيْهِ جُبَّةٌ وَهُوَ مُتَضَمِّخٌ بِالْخَلُوقِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَحْرَمْتُ بِالْعُمْرَةِ وَهَذِهِ عَلَيَّ. فَقَالَ: «أَمَا الطِّيبُ الَّذِي بِكَ فَاغْسِلْهُ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ وَأَمَّا الْجُبَّةُ فَانْزِعْهَا ثُمَّ اصْنَعْ فِي عُمْرَتِكَ كَمَا تَصْنَعُ فِي حَجِّكَ»

2680. यअली बिन उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जीअरान में नबी ﷺ के पास थे जब एक आराबी आप के पास आया उस ने जुब्बा पहन रखा था और उस ने ज़ाफ़रान की बनी हुई खुशबु भी खूब लगा रखी थी, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने उमरह का इहराम बांधा है और मैंने यह (जुब्बा) पहन रखा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रही खुशबु जो तुमने लगा रखी है उसे तीन मर्तबा धो दो, और रहा जुब्बा तो उसे उतार दो और फिर अपने उमरे में वैसे ही करो जैस तू अपने हज में करता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1536) و مسلم (6 8 / 1180)، (2798 و 2800)

٢٦٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْكِحُ الْمُحْرِمُ وَلَا يُنكِحُ وَلَا يَخْطُبُ» . رَوَاهُ مُسلم

2681. उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: " मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) ना अपना निकाह करे न किसी का निकाह कराए और ना ही पैगामे निकाह भेजे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 1409)، (3446)

٢٦٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَزَوَّجَ مَيْمُونَةَ وَهُوَ محرم

2682. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने हालत ए इहराम में मैमुना रदी अल्लाहु अन्हा से निकाह किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1837) و مسلم (46 / 1410)، (3451)

٢٦٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ الْأَصَمِّ ابْنِ أُخْتِ مَيْمُونَةَ عَنْ مَيْمُونَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَزَوَّجَهَا وَهُوَ حَلَالٌ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» قَالَ الشيخُ الإمَام يحيى السّنة C: وَالْأَكْثَرُونَ عَلَى أَنَّهُ تَزَوَّجَهَا حَلَالًا وَظَهَرَ أَمْرُ تَزْوِيجِهَا وَهُوَ مُحْرِمٌ ثُمَّ بَنَى بِهَا وَهُوَ حَلَال بسرف فِي طَرِيق مَكَّة

2683. मय्मुना रदी अल्लाहु अन्हा के भांजे यज़ीद बिन अल असम्म, मैमुना रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से शादी की तो आप मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) नहीं थे, अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, अक्सर मुहद्दीसिन का यह मुअक्किफ है के आप ﷺ ने उन से शादी की तो आप मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) नहीं थे जबके आप ने हालत ए इहराम में इस मुआमले को ज़ाहिर फ़रमाया, फिर आप ने मक्का के रास्ते में मक़ाम ए सरीफ पर उन से खलवत इख़्तियार की जबके आप हालत ए इहराम में नहीं थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (48 / 1411)، (3453)

٢٦٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَبِي أَيُّوب: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَغْسِلُ رَأْسَهُ وَهُوَ مُحْرِمٌ

2684. अबू अय्यूब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ हालत ए इहराम में अपना सर धो लिया करते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1840) و مسلم (91 / 1205)، (2889)

٢٦٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: احْتَجَمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ محرم

2685. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, की नबी ﷺ ने हालत ए इहराम में पछने (हिजामा) लगवाए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1835) و مسلم (87 / 1202)، (2885)

٢٦٨٦ - (صَحِيح) وَعَن عُثْمَان حَدَّثَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الرَّجُلِ إِذَا اشْتَكَى عَيْنَيْهِ وَهُوَ محرمٌ ضمدهما بِالصبرِ. رَوَاهُ مُسلم

2686. उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने इस आदमी के बारे में जिस की हालत ए इहराम में आँखे दूखती हो रसूलुल्लाह ﷺ से हदीस बयान की के वह अपनी आंखो पर मसबीर का लेप कर सकता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (89 / 1204)، (2887)

٢٦٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْحُصَيْنِ قَالَتْ: رَأَيْتُ أَسَامَةَ وَبِلَالًا وَأَحَدُهُمَا آخِذٌ بِخِطَامِ نَاقَةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْآخَرُ رَافِعٌ ثَوْبَهُ يَسْتُرُهُ من الْحَرِّ حَتَّى رَمَى جَمْرَةَ الْعَقَبَةِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2687. उम्मुल हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु और बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु को देखा के उन में से एक रसूलुल्लाह ﷺ की ऊंटनी की महार थामे हुए था जबके दूसरा (छतरी की तरह) अपना कपड़ा बुलंद किए आप को गर्मी से बचाने के लिए आप पर साया किए हुए था हत्ता के आप ने जमराह अक्बिह को कंकरिया मार ली| (मुस्लिम)

رواه مسلم (312 / 1298)، (3139)

٢٦٨٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ بِهِ وَهُوَ بِالْحُدَيْبِيَةِ قَبْلَ أَنْ يَدْخُلَ مَكَّةَ وَهُوَ مُحْرِمٌ وَهُوَ يُوقِدُ تَحْتَ قِدْرٍ وَالْقَمْلُ تهافت عَلَى وَجْهِهِ فَقَالَ: «أَتُؤْذِيكَ هَوَامُّكَ؟» . قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: «فَاحْلِقْ رَأْسَكَ وَأَطْعِمْ فَرَقًا بَيْنَ سِتَّةِ مَسَاكِينَ» . وَالْفَرَقُ: ثَلَاثَةُ آصُعٍ: «أَوْ صُمْ ثَلَاثَةَ أَيَّام أوانسك نسيكة»

2688. काब बिन उजरत रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि मैं हुदैबिया के मक़ाम पर था के नबी ﷺ मेरे पास से गुज़रे, मैंने इहराम बांध रखा था और हंडिया के निचे आग जला रहा था जबके जुएँ मेरे चेहरे पर गिर रही थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारी जुएँ तुम्हें तकलीफ देती हैं?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपना सर मुंडा लो और छे मसाकिन को एक फर्क (तकरीबन सात किलो) अनाज दो या तीन रोज़े रखो या एक बकरी जिबह करो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1814) و مسلم (83 / 1201)، (2881)

इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे • بَاب مَا يجتنبه الْمحرم

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٦٨٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْهَى النِّسَاءَ فِي إِحْرَامِهِنَّ عَنِ الْقُفَّازَيْنِ وَالنِّقَابِ وَمَا مَسَّ الْوَرْسُ وَالزَّعْفَرَانُ مِنَ الثِّيَابِ وَلْتَلْبَسْ بَعْدَ ذَلِكَ مَا أَحبَّتْ من ألوانِ الثيابِ معصفر أوخز أَو حلي أَو سراويل أَو قميصٍ أَو خُفٍّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2689. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को औरतो को हालत ए इहराम में दस्ताने पहनने, नकाब करने और वरस ज़ाफ़रान से रंग किए हुए कपड़े पहन ने से मना फरमाते हुए सुना, उस के अलावा, वह ज़र्द रंग के या या रेशम के बने हुए, जो कपड़े चाहे पहन लें, या ज़ेवर सलवार कमीज़ और मोज़े पहन सकती हैं| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1827)

٢٦٩٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ الرُّكْبَانُ يَمُرُّونَ بِنَا وَنَحْنُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُحْرِمَاتٌ فَإِذَا جَاوَزُوا بِنَا سَدَلَتْ إِحْدَانَا جِلْبَابَهَا مِنْ رَأْسِهَا عَلَى وجهها فإِذا جاوزونا كشفناهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَلابْنِ مَاجه مَعْنَاهُ

2690. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इहराम बांधे हुए थे, सवार हमारे पास से गुज़रते तो हम अपने चादरे सर से चेहरे पर लटका लेती और जब वह हमारे पास से गुज़र जाता तो हम चेहरो से चादरे उठा लेती थी| अबू दावुद, और इब्ने माजा में इस मानी की रिवायत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1833) و ابن ماجه (2935) * يزيد بن ابی زياد ضعيف

٢٦٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَدَّهِنُ بالزيت وَهُوَ محرمٌ غيرَ المقتّتِ يَعني غيرَ المطيَّبِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2691. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ हालत ए इहराम में अपने सर पर ऐसा तेल लगा लिया करते थे जिस में खुशबु नहीं होती थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (962 و قال : غريب لا نعرفه الا من حديث فرقد السبخی الخ) [و ابن ماجه (3083)] * فرقد بن يعقوب السبخی : ضعيف ضعفه الجمهور و اخطا من و ثقه

इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे • بَاب مَا يجتنبه الْمحرم

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٦٩٢ - عَنْ نَافِعٍ أَنَّ ابْنَ عُمَرَ وَجَدَ الْقُرَّ فَقَالَ: ألق عَليّ ثوبا نَافِعُ فَأَلْقَيْتُ عَلَيْهِ بُرْنُسًا فَقَالَ: تُلْقِي عَلَيَّ هَذَا وَقَدْ نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَلْبَسَهُ الْمُحْرِمُ؟ . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد؟

2692. नाफेअ से रिवायत है के इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने ठंडक महसूस की तो फ़रमाया, नाफेअ! मुझ पर कोई कपड़ा डालो मैंने एक जुब्बा इन पर डाल दिया तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम मुझ पर यह डाल रहे हो, हालाँकि रसूलुल्लाह ﷺ ने मुहर्रिम को इसे पहन ने से मना फ़रमाया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1828)

٢٦٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَالِكٍ بن بُحَيْنَةَ قَالَ: احْتَجَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ بِلَحْيِ جَمَلٍ مِنْ طريقِ مكةَ فِي وسط رَأسه

2693. अब्दुल्लाह बिन मालिक बिन बुहैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हालत ए इहराम में लह्यी जमल के मक़ाम (मक्के और मदीना के दरमियान एक मकाम) पर अपने सर के बिच में पछने (हिजामा) लगवाए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5698) و مسلم (88 / 1203)، (2886)

٢٦٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: احْتَجَمَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ عَلَى ظَهْرِ الْقَدَمِ مِنْ وَجَعٍ كَانَ بِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ

2694. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हालत ए इहराम में पाँव की पुश्त पर तकलीफ की वजह से पछने (हिजामा) लगवाए| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (1837) و النسائی (5 / 194 ح 2852) * قتادۃ مدلس و عنعن

٢٦٩٥ - وَعَن أبي رافعٍ قَالَ: تَزَوَّجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَيْمُونَةَ وَهُوَ حَلَالٌ وَبَنَى بِهَا وَهُوَ حَلَالٌ وَكُنْتُ أَنَا الرَّسُول بَيْنَهُمَا. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

2695. अबी राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मैमुना रदी अल्लाहु अन्हा से शादी की तो आप हालत ए इहराम में नहीं थे, और जब आप ने उन से खलवत की तब भी आप हालत ए इहराम में नहीं थे, और मैं दोनों के दरमियान कासिद व वासित था| अहमद तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (6 / 392 393 ح 27739) و الترمذى (841)

मुहरिम शिकार ना करे • بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن الصعب بن جثامة أنه أهْدى رَسُول اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِمَارًا وَحْشِيًّا وَهُوَ بِالْأَبْوَاءِ أَوْ بِوَدَّانَ فَرَدَّ عَلَيْهِ فَلَمَّا رأى مَا فِي وَجْهَهُ قَالَ: «إِنَّا لَمْ نَرُدَّهُ عَلَيْكَ إِلَّا أَنَّا حُرُمٌ»

2696. सअबी बिन जस्सामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने मक़ाम ए अबवाअ या मक़ाम विदान पर एक जंगली गधा रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया आप ने इसे कबूल न फ़रमाया, जब आप ﷺ ने उस के चेहरे पर उदासी के आसार देखा तो फ़रमाया: “हमने इसलिए तुम्हें वापिस किया है की हम हालत ए इहराम में हैं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1825) و مسلم (50 / 1193)، (2845)

٢٦٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ أَنَّهُ خَرَجَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَخَلَّفَ مَعَ بَعْضِ أَصْحَابِهِ وَهُمْ مُحْرِمُونَ وَهُوَ غَيْرُ مُحْرِمٍ فَرَأَوْا حِمَارًا وَحْشِيًّا قَبْلَ أَنْ يَرَاهُ فَلَمَّا رَأَوْهُ تَرَكُوهُ حَتَّى رَآهُ أَبُو قَتَادَةَ فَرَكِبَ فَرَسًا لَهُ فَسَأَلَهُمْ أَنْ يُنَاوِلُوهُ سَوْطَهُ فَأَبَوْا فَتَنَاوَلَهُ فَحَمَلَ عَلَيْهِ فَعَقَرَهُ ثُمَّ أَكَلَ فَأَكَلُوا فَنَدِمُوا فَلَمَّا أَدْرَكُوا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَأَلُوهُ. قَالَ: «هَلْ مَعَكُمْ مِنْهُ شَيْءٌ؟» قَالُوا: مَعَنَا رِجْلُهُ فَأَخَذَهَا النَّبِيُّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم فَأَكلهَا»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: فَلَمَّا أَتَوْا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَمِنْكُمْ أَحَدٌ أَمَرَهُ أَنْ يَحْمِلَ عَلَيْهَا؟ أَوْ أَشَارَ إِلَيْهَا؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «فَكُلُوا مَا بَقِيَ مِنْ لَحمهَا»

2697. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह (हुदेबिया के साल) रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए तो वह अपने बाज़ साथियो के साथ पीछे रह गए, वह हालत ए इहराम में थे जबके वह खुद हालत ए इहराम में नहीं थे, उन्होंने मेरे देखने से पहले एक जंगली गधा देखा, जब उन्होंने इसे देखा तो उन्होंने इसे छोड़ दिया हत्ता के अबू क़तादा ने इसे देख लिया, वह अपने घोड़े पर सवार हुआ और उन (अपने साथियो) से मुतालबा किया के वह इसे उस का कोड़ा पकड़ा दें लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया, उन्होंने खुद इसे लिया और उस पर हमला कर दिया और इसे ज़ख़्मी कर दिया, फिर उन्होंने और उन के साथियो ने इसे खाया, लेकिन उन्हें नदामत व परेशानी हुई, जब वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास पहुंचे तो उन्होंने आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: क्या उस का कोई हिस्सा तुम्हारे पास है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, उस का एक पाँव हमारे पास है, नबी ﷺ ने इसे लिया और इसे खाया, और सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की दूसरी रिवायत

में है जब वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास आए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम में से किसी ने इसे कहा था के उस पर हमला करो ? या उस की तरफ इशारा किया हो ?” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का जो गोश्त बाकी बचा है उसे खाओ”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2854) و مسلم (57 58 / 1196)، (2852 و 2853)

٢٦٩٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَمْسٌ لَا جُنَاحَ عَلَى من قتلَهُنَّ [ص:٨٢ فِي الْحل وَالْإِحْرَامِ: الْفَأْرَةُ وَالْغُرَابُ وَالْحِدَأَةُ وَالْعَقْرَبُ وَالْكَلْبُ الْعَقُورُ "

2698. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “पांच चीज़े ऐसी है जिन्हें हरम में हालत ए इहराम में क़त्ल कर देने पर कोई गुनाह नहीं: चुहिया, कव्वा, चिल, बिच्छु और काटने वाला कुत्ता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3315) و مسلم (72 / 1199)، (2868)

٢٦٩٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَمْسٌ فَوَاسِقُ يُقْتَلْنَ فِي الْحِلِّ وَالْحَرَمِ: الْحَيَّةُ وَالْغُرَابُ الْأَبْقَعُ وَالْفَأْرَةُ وَالْكَلْبُ الْعَقُورُ وَالْحُدَيَّا "

2699. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “पांच किस्म के जानवर फासिक़ (नुक्सान देह) हैं, उन्हें हल व हरम हर हालत में क़त्ल किया जाएगा, सांप, कव्वा जो सिया सफ़ेद हो, चुहिया काटने वाला कुत्ता और चिल”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3314) و مسلم (67 / 1198)، (2863)

मुहरिम शिकार ना करे • بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٧٠٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَحْمُ الصَّيْدِ لَكُمْ فِي الْإِحْرَامِ حَلَالٌ مَا لَمْ تَصِيدُوهُ أَوْ يُصَادُ لَكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2700. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस शिकार का गोश्त तुम्हारे लिए हालत ए इहराम में हलाल है जिसे ना तुमने शिकार किया हो न वह तुम्हारी खातिर शिकार किया गया हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1851) و الترمذی (846) و النسائی (5 / 187 ح 2830) * المطلب : لم یسمع من جابر رضی الله عنه کما قال ابو حاتم الرازی (المراسیل ص 210)

٢٧٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَرَادُ مِنْ صَيْدِ الْبَحْرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

2701. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “टिड्डी (मकड़ी) समुंदरी शिकार के ज़िमरे में है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1853 و سنده حسن ، 1854 و سنده ضعيف جدًا ، فيه ابو المهزم : متروك) و الترمذی (850 و قال : غريب ، و سنده ضعيف جدًا ، فيه ابو المهزم)

٢٧٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَقْتُلُ الْمُحْرِمُ السَّبُعَ الْعَادِيَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2702. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुहरिम चिड़फाड़ करने वाले दरिन्दे को मार सकता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (838 و قال : حسن) و ابوداؤد (1848) و ابن ماجه (3089) * يزيد بن ابی زياد : ضعيف

٢٧٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي عَمَّارٍ قَالَ: سَأَلت جابرَ بنَ عبدِ اللَّهِ عَنِ الضَّبُعِ أَصَيْدٌ هِيَ؟ فَقَالَ: نَعَمْ فَقُلْتُ: أَيُؤْكَلُ؟ فَقَالَ: نَعَمْ فَقُلْتُ: سَمِعْتُهُ [ص:٨٢ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: نَعَمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالشَّافِعِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حديثٌ حسنٌ صَحِيح

2703. अब्दुल रहमान बिन अबी अम्मार बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से बिज्जू (लकड़बग्घा) के बारे में सवाल क्या यह शिकार है ? उन्होंने कहा: हाँ, मैंने कहा क्या यह खाया जाता है ? उन्होंने कहा: हाँ, मैंने कहा आप ने इसे रसूलुल्लाह ﷺ से सुना है ? उन्होंने कहा: हाँ| तिरमिज़ी, निसाई, शाफ़ई और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (851) و النسائی (5 / 191 ح 2839 ، 7 / 200 ح 4328) و الشافعی فی الام (2 / 193)

٢٧٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الضَّبُعِ؟ قَالَ: «هُوَ صَيْدٌ وَيُجْعَلُ فِيهِ كَبْشًا إِذَا أَصَابَهُ الْمُحْرِمُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه والدارمي

2704. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने बिज्जू (लकड़बग्धा) खाने के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो शिकार है, और जब मुहरिम उस का शिकार करे तो उस के बदले उस पर एक मेंढा है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3801) و ابن ماجه (3085) و الدارمی (2 / 74 ، 75 ح 1948)

٢٧٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خُزَيمةَ بنَ جَزَيّ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَكْلِ الضَّبُعِ. قَالَ: " أَوَ يَأْكُلُ الضَّبُعَ أَحَدٌ؟ . وَسَأَلْتُهُ عَنْ أَكْلِ الذِّئْبِ. قَالَ: «أَوَ يَأْكُلُ الذِّئْبَ أَحَدٌ فِيهِ خَيْرٌ؟» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: لَيْسَ إِسْنَاده بِالْقَوِيِّ

2705. खुजैमा बिन जज़िय्यी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने बिज्जू (लकड़बग्धा) खाने के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या कोई बिज्जू (लकड़बग्धा) भी खाता है ?” मैंने आप से भेड़िया खाने के बारे में सवाल किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या कोई साहबे ईमान भेड़िया भी खाता है ?” तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: उस की इसनाद क़वी नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1792) * فیه عبد الکریم بن ابی المخارق : ضعیف

بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد • मुहरिम शिकार ना करे

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٧٠٦ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عُثْمَانَ التَّيْمِيِّ قَالَ: كُنَّا مَعَ طَلْحَة بنِ عُبيدِ اللَّهِ وَنَحْنُ حُرُمٌ فَأَهْدِيَ لَهُ طَيْرٌ وَطَلْحَةُ رَاقِدٌ فَمِنَّا مَنْ أَكَلَ وَمِنَّا مَنْ تَوَرَّعَ فَلَمَّا اسْتَيْقَظَ طَلْحَةُ وَافق مَنْ أَكَلَهُ قَالَ: فَأَكَلْنَاهُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم

2706. अब्दुल रहमान बिन उस्मान तय्मी बयान करते हैं, हम तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु के साथ थे और हम हालत ए इहराम में थे, उन (तल्हा (र)) को एक (भुना हुवा) परिंदा बतौर हदिया भेजा गया जबके तल्हा सो रहे थे, हम में से कुछ ने खा लिया और कुछ ने परहेज़ किया, तो जब तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु बेदार हुए तो उन्होंने इसे खाने वालो की मुवाफिकत की और फ़रमाया: हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ खाया था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (65 / 1197)، (2860)

हज से मना किये जाने और हज के फौत हो जाने का बयान

بَاب الْإِحْصَار وفوت الْحَج •

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول •

٢٧٠٧ - (صَحِيح) عَن ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدْ أُحْصِرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَحَلَقَ رَأْسَهُ وَجَامَعَ نِسَاءَهُ وَنَحَرَ هَدْيَهُ حَتَّى اعْتَمَرَ عَامًا قَابلا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2707. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, (सुलह हुदैबिया के साल) रसूलुल्लाह ﷺ को (उमरा करने से) रोक दिया गया तो आप ﷺ ने अपना सर मुंडाया, अपने अज़्वाज ए मूतहरात से जिमाअ किया और कुर्बानी की, और फिर अगले साल उमरह किया| (बुखारी)

رواه البخاری (1809)

٢٧٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَال كفَّارُ قُرَيْشٍ دُونَ الْبَيْتِ فَنَحَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَدَايَاهُ وَحَلَقَ وَقَصَّرَ أَصْحَابه. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2708. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ (अमरे करने के लिए) रवाना हुए तो कुरैश बैतुल्लाह पहुँचने से पहले हाइल हो गए तो नबी ﷺ ने अपने कुर्बानियां जिबह की, और आप ने अपना सर मुंडाया जबके आप के बाज़ सहाबा ने सर के बाल कतराए| (बुखारी)

رواه البخاری (1807)

٢٧٠٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَحَرَ قَبْلَ أَنْ يَحْلِقَ وَأَمَرَ أَصْحَابَهُ بِذَلِكَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2709. मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ ने सर मुंडाने से पहले कुर्बानी की और आप ने अपने सहाबा को भी इस का हुक्म फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخاری (1811)

٢٧١٠ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ عمَرَ أَنَّهُ قَالَ: أَلَيْسَ حَسْبُكُمْ سُنَّةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ إِنْ حُبِسَ أَحَدُكُمْ عَنِ الْحَجِّ طَاف

بِالْبَيْتِ وَبِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ ثُمَّ حَلَّ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ حَتَّى يَحُجَّ عَامًا قَابِلًا فَيَهْدِيَ أَوْ يَصُومَ إِنْ لَمْ يَجِدْ هَديا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2710. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने कहा: क्या तुम्हारे लिए रसूलुल्लाह ﷺ की सुन्नत काफी नहीं! अगर तुम में से किसी को हज से रोक दिया जाए तो वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करे और सफा मरवा की सई करे, फिर हर चीज़ से हलाल हो जाए (इहराम की पाबन्दी ख़तम हो जाए) हत्ता के अगले साल हज करे और कुर्बानी करे अगर कुर्बानी मयस्सर न हो तो फिर रोज़े रखे| (बुखारी)

رواه البخارى (1810)

٢٧١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ. قَالَتْ: دَخَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى ضُبَاعَةَ بِنْتِ الزُّبَيْرِ فَقَالَ لَهَا: «لَعَلَّكِ أَرَدْتِ الْحَجَّ؟» قَالَتْ: وَاللَّهِ مَا أَجِدُنِي إِلَّا وَجِعَةً. فَقَالَ لَهَا: " حُجِّي وَاشْتَرِطِي وَقُولِي: اللَّهُمَّ مَحِلِّي حَيْثُ حبستني "

2711. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ज़ुबाअत बिन्ते ज़ुबैर रदी अल्लाहु अन्हु के पास गए तो उन से फ़रमाया: "शायद के आप ने हज का इरादा किया है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! मुझे कुछ तकलीफ है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "हज करे और शर्त काइम कर ले, इस तरह कहे: ऐ अल्लाह! मेरे हलाल होने की जगह वही होगी जहाँ तू मुझे (तकलीफ की वजह से आगे जाने से) रोक लेगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5089) و مسلم (104 / 1207)، (2902)

بَاب الْإِحْصَار وفوت الْحَج • हज से मना किये जाने और हज के फौत हो जाने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧١٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ أَصْحَابَهُ أَنْ يُبَدِّلُوا الْهَدْيَ الَّذِي نَحَرُوا عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي عُمْرَةِ الْقَضَاءِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِيهِ قِصَّةٌ وَفِي سَنَدِهِ مُحَمَّدُ بْنُ إِسْحَاقَ

2712. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा को हुक्म फ़रमाया के उन्होंने हुदैबिया के साल जो कुर्बानी की थी उस के बदले में अब उमरतुल कज़ा में कुर्बानी करे| अबू दावुद, उस में किस्सा है और उस की सनद में मुहम्मद बिन इसहाक मुदल्लिस है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1864) * محمد بن اسحاق بن يسار : صرح بالسماع عند البيهقى فى دلائل النبوة (4 / 320) و للحديث شاهد قوى عند الحاكم (1 / 485)

٢٧١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْحَجَّاجِ بْنِ عَمْرٍو الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من كُسِرَ أَوْ عَرِجَ فَقَدْ حَلَّ وَعَلَيْهِ الْحَجُّ من قَابل» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دواد وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ فِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: «أَوْ مَرِضَ» . وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن. وَفِي المصابيح: ضَعِيف

2713. हज्जाज बिन अम्र अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स की हड्डी टूट जाए या वह लंगड़ा हो जाए तो वह हलाल हो गया और वह अगले साल हज करे"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, इब्ने माजा दारमी और अबू दावुद ने एक दूसरी रिवायत में इज़ाफा नकल किया है : ' या वह बीमार हो जाए", और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है और मसाबिह में जईफ है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (940) و ابوداؤد (1862 ، 1863 ، الرواية الثانية)و النسائى (5 / 198 ح 2863) و ابن ماجه (3077) و الدارمى (2 / 61 ح 1901) [و صححه الحاكم على شرط البخارى 1 / 470 ، 483 و وافقه الذهبى و اعل بما لا يقدح]

٢٧١٤ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الرَّحمنِ بنِ يَعمُرَ الدِّيْلي قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْحَجُّ عَرَفَةُ مَنْ أَدْرَكَ عَرَفَةَ لَيْلَةَ جَمْعٍ قَبْلَ طُلُوعِ الْفَجْرِ فَقَدْ أَدْرَكَ الْحَجَّ أَيَّامُ مِنىً ثلاثةَ أيَّامٍ فَمَنْ تَعَجَّلَ فِي يَوْمَيْنِ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ وَمَنْ تَأَخَّرَ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ»» هَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّالِثِ

2714. अब्दुल रहमान बिन यअमुर अल द्दय्ली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: "हज वुकुफ़ अरफात ही है, जो शख़्स मुज़दल्फा की रात तुलुअ ए फज्र से पहले अरफा में कयाम कर ले तो उस ने हज पा लिया, और मीना के अय्याम तीन है, जो शख़्स दो दिन में जल्दी कर के फारिग़ हो जाए तो उस पर कोई गुनाह नहीं और जो शख़्स ताखीर करे उस पर भी कोई गुनाह नहीं"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (889) و ابوداؤد (1949) و النسائى (5 / 264 ح 3047) و ابن ماجه (3015) و الدارمى (2 / 59 ح 1894)

هذا الباب خال عن الفصل الثالث

इस बाब में तीसरी फस्ल नहीं है|

बَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى • हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٧١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ: «لَا هِجرة وَلَكِنْ جِهَادٌ وَنِيَّةٌ وَإِذَا اسْتُنْفِرْتُمْ فَانْفِرُوا» . وَقَالَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ: «إِنَّ هَذَا الْبَلَدَ حَرَّمَهُ اللَّهُ يَوْمَ خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ فَهُوَ حَرَامٌ بِحُرْمَةِ اللَّهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَإِنَّهُ لَمْ يحِلَّ القتالُ فيهِ لأحدٍ قبْلي وَلم يحِلَّ لِي إِلَّا سَاعَةً مِنْ نَهَارٍ فَهُوَ حَرَامٌ بِحُرْمَةِ اللَّهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ لَا يُعْضَدُ شَوْكُهُ وَلَا يُنَفَّرُ صَيْدُهُ وَلَا يَلْتَقِطُ لُقَطَتُهُ إِلَّا مَنْ عَرَّفَهَا وَلَا يُخْتَلَى خَلَاهَا» . فَقَالَ الْعَبَّاسُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا الْإِذْخِرَ فَإِنَّهُ لِقَيْنِهِمْ وَلِبُيُوتِهِمْ؟ فَقَالَ: «إِلَّا الْإِذْخِرَ»

2715. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के दिन फ़रमाया: “(अब) हिजरत बाकी नहीं रही, लेकिन जिहाद और नियत बाकी है, जब तुम्हें जिहाद के लिए निकलने का हुक्म दिया जाए तो निकलो”, और आप ﷺ ने फतह मक्का के दिन फ़रमाया: “अल्लाह ने इस शहर को ज़मीन व आसमान की तखलीक के रोज़ ही हराम करार दे दिया था, वह अल्लाह की हुरमत की वजह से रोज़ ए क़यामत तक हराम है और मुहम्मद ﷺ से पहले उस में किताल करना हलाल नहीं किया गया, और मेरे लिए भी दिन के कुछ वक़्त के लिए हलाल किया गया, वह अल्लाह की हुरमत के बाईस रोज़ ए क़यामत तक के लिए हराम है, उस का कांटा ना काटा जाए न उस का शिकार भगाया जाए, और ना ही उस की गिरी पड़ी चीज़ उठाई जाए सिवाय इस शख़्स के जो उस का एलान करे, और ना ही उस की घास काटी जाए”, अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बजुज़ इज़खीर घास के क्योंकि वह लोहारों और उन के घरो के इस्तेमाल की चीज़ है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “बजुज़ इज़खीर घास के”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1834) و مسلم (445 / 1353)، (3302)

٢٧١٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَة لأبي هريرةَ: «لَا يُعضدُ شجرُها وَلَا يلتَقطُ ساقطتَها إلاَّ مُنشِدٌ»

2716. और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत में है: “ना उस का दरख्त काटा जाए न उस की गिरी पड़ी चीज़ उठाई जाए सिवाय इस शख़्स के जो इस चिज़ का एलान करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (112) مسلم (448 / 1355)، (3306)

٢٧١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَحِلُّ لِأَحَدِكُمْ أَنْ يَحْمِلَ بمكةَ السِّلَاح» . رَوَاهُ مُسلم

2717. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मक्का में असलहा उठाकर चलना किसी के लिए भी हलाल नहीं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (449 / 1356)، (3307)

٢٧١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ مَكَّةَ يَوْمَ الْفَتْحِ وَعَلَى رَأْسِهِ الْمِغْفَرُ فَلَمَّا نَزَعَهُ جَاءَ رَجُلٌ وَقَالَ: إِنَّ ابْنَ خَطَلٍ مُتَعَلِّقٌ بِأَسْتَارِ الْكَعْبَةِ. فَقَالَ: «اقتله»

2718. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ फतह मक्का के रोज़ मक्का में दाखिल हुए तो आप के सर पर खुद था, जब आप ने इसे उतारा तो किसी आदमी ने आ कर बताया की इब्ने खटल गिलाफे काबा के साथ चिमटा हुआ है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे क़त्ल कर दो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1846) و مسلم (450 / 1357)، (3308)

٢٧١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ وَعَلَيْهِ عمامةٌ سوْداءُ بِغَيْرِ إِحْرَام. رَوَاهُ مُسلم

2719. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ फतह मक्का के रोज़ (मक्के में) दाखिल हुए तो आप के सर पर सियाह इमामा था और आप हालत ए इहराम में नहीं थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (451 / 1358)، (3309)

٢٧٢٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَغْزُو جَيْشٌ الْكَعْبَةَ فَإِذَا كَانُوا بِبَيْدَاءَ مِنَ الْأَرْضِ يُخْسَفُ بِأَوَّلِهِمْ وَآخِرِهِمْ» . قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَكَيْفَ يُخْسَفُ بِأَوَّلِهِمْ وَآخِرِهِمْ وَفِيهِمْ أسواقُهم وَمن لَيْسَ مِنْهُم؟ قَالَ: «يخسف بِأَوَّلِهِمْ وَآخِرِهِمْ ثُمَّ يُبْعَثُونَ عَلَى نِيَّاتِهِمْ»

2720. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "एक लश्कर काबा पर हमला करने का क़सद करेगा, जब वह बैदा के मक़ाम पर होंगे तो उन के अव्वल व आख़िर तमाम फौजियो को ज़मीन में धंसा दीया जाएगा", मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उन के अव्वल व आख़िर को कैसे धंसा दीया जाएगा, जबके उन मैं इन की रिआया भी होगी, और ऐसे लोग भी होंगे जो उन में से नहीं होंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उन के अव्वल व आख़िर सब को धंसा दीया जाएगा और फिर उन्हें उनकी नियतो के मुताबिक उठाया जाएगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2118) و مسلم (8 / 2884)، (7244)

٢٧٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «يُخَرِّبُ الْكَعْبَة ذُو السويقتين من الْحَبَشَة»

2721. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बारीक़ पिंडलियों वाला एक हब्शी शख़्स काबा को बर्बाद करेगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1596) و مسلم (57 58 / 2909)، (7305 و 7306)

٢٧٢٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَأَنِّي بِهِ أَسْوَدَ أَفْحَجَ يقْلعُها حجَراً حجَراً» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2722. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गोया में इस सियाह फाम शख़्स को देख रहा हूँ जो काबा का एक एक पथ्थर उखाड़ फ़ेकेगा”| (बुखारी)

رواہ البخاری (1595)

بَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى • हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧٢٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن يَعْلَى بْنِ أُمَيَّةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «احْتِكَارُ الطَّعَامِ فِي الْحَرَمِ إِلْحَادٌ فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2723. यअली बिन उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरम में ज़खीरा अन्दोज़ी करना इल्हाद है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2020) * فیہ موسی بن باذان : مجھول ، و جعفر و عمارۃ : مستوران

٢٧٢٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَكَّةَ: «مَا أَطْيَبَكِ مِنْ بَلَدٍ وَأَحَبَّكِ إِلَيَّ وَلَوْلَا أَنَّ قَوْمِي أَخْرَجُونِي مِنْكِ مَا سَكَنْتُ غَيْرَكِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب إِسْنَادًا

2724. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मक्का से फ़रमाया: “मेरे नज़दीक, तो सबसे अच्छा और सबसे पसंदीदा शहर है, अगर मेरी कौम मुझे तुझ से न निकालती तो मैं तेरे सिवा कहीं और न रहता”| तिरमिज़ी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है और उस की इसनाद ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (3926) * فیہ فضیل بن سلیمان : ضعیف و لہ شواھد عند ابی یعلی (5 / 69 ح 2662) و غیرہ وھو بھا حسن

٢٧٢٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَدِيِّ بْنِ حَمْرَاءَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاقِفًا عَلَى الْحَزْوَرَةِ فَقَالَ: «وَاللَّهِ إِنَّكِ لَخَيْرُ أَرْضِ اللَّهِ وَأَحَبُّ اللَّهِ إِلَى اللَّهِ وَلَوْلَا أَنِّي أُخْرِجْتُ مِنْكِ مَا خرجْتُ» . رَوَاهُ الترمذيُّ وَابْن مَاجَه

2725. अब्दुल्लाह बिन अदि बिन हमराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हजवरत के मक़ाम पर खड़े हुए देखा और आप ﷺ फरमा रहे थे: "अल्लाह की क़सम! तू अल्लाह की ज़मीन का सबसे बेहतरीन टुकड़ा और अल्लाह की सारी ज़मीन से अल्लाह को सबसे ज़्यादा महबूब है, अगर मुझे तुझ से निकाला न जाता तो मैं कभी न निकलता"| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3925 و قال : حسن غريب صحيح) و ابن ماجه (3108) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 3700) و الحاكم (3 / 7) و وافقه الذهبی]

بَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى • हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٧٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي شُرَيْحٍ العَدَوِيِّ أَنَّهُ قَالَ لِعَمْرِو بْنِ سَعِيدٍ وَهُوَ يَبْعَثُ الْبُعُوثَ إِلَى مَكَّةَ: ائْذَنْ لِي أَيُّهَا الْأَمِيرُ أُحَدِّثْكَ قَوْلًا قَامَ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٨٣ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الغدَ مِنْ يَوْمِ الْفَتْحِ سَمِعَتْهُ أُذُنَايَ وَوَعَاهُ قَلْبِي وَأَبْصَرَتْهُ عَيْنَايَ حِينَ تَكَلَّمَ بِهِ: حَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: " إِنَّ مَكَّةَ حَرَّمَهَا اللَّهُ وَلَمْ يُحَرِّمْهَا النَّاسُ فَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَسْفِكَ بِهَا دَمًا وَلَا يَعْضِدَ بِهَا شَجَرَةً فَإِنْ أَحَدٌ تَرَخَّصَ بِقِتَالِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهَا فَقُولُوا لَهُ: إِنَّ اللَّهَ قَدْ أَذِنَ لرَسُوله وَلم يَأْذَن لِرَسُولِهِ وَلَمْ يَأْذَنْ لَكُمْ وَإِنَّمَا أُذِنَ لِي فِيهَا سَاعَةَ نَهَارٍ وَقَدْ عَادَتْ حُرْمَتُهَا الْيَوْمَ كَحُرْمَتِهَا بِالْأَمْسِ وَلْيُبْلِغِ الشَّاهِدُ الْغَائِبَ ". فَقِيلَ لِأَبِي شُرَيْحٍ: مَا قَالَ لَكَ عَمْرٌو؟ قَالَ: قَالَ: أَنَا أَعْلَمُ بِذَلِكَ مِنْكَ يَا أَبَا شُرَيْحٍ أَنَّ الْحَرَمَ لَا يُعِيذُ عَاصِيًا وَلَا فَارًّا بِدَمٍ وَلَا فَارًّا بِخَرْبَةٍ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي الْبُخَارِيِّ: الْخَرْبَةُ: الْجِنَايَةَ

2726. अबू शरीह अदवी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि उन्होंने अम्र बिन सईद से, जब के वह मक्का की तरफ लश्कर रवाना कर रहा था, कहा जनाब अमिर! अगर तुम मुझे इजाज़त दो तो मैं तुम्हें एक हदीस बयान करता हूँ जो रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के अगले रोज़ बयान फरमाई थी, जिसे मेरे कानो ने सुना, मेरा दिल ने इसे याद किया और मेरी आंखो ने इसे देखा, जब आप ने वह हदीस बयान की तो आप ﷺ ने अल्लाह की हम्द व सना बयान की, फिर फ़रमाया: "बेशक मक्का ऐसी जगह है जिसे अल्लाह ने हराम करार दिया है, और इसे कोई लोगो ने हराम करार नहीं दिया, जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह उस में खून रेज़ी करे और उस के दरख्त काटे, हाँ अगर कोई शख़्स इस मैं रसूलुल्लाह ﷺ के किताल करने से किताल की इज़ाज़त रुखसत ले तो उसे कहो: बेशक अल्लाह ने अपने रसूल को उस की इजाज़त दी थी और तुम्हें इजाज़त नहीं की और मुझे भी एक दिन के कुछ हिस्से के लिए इजाज़त दी गई थी और उस की हुरमत आज भी वैसे यही जैसे कल थी, और चाहिए की जो यहाँ मौजूद है के गैर मौजूद तकिया बाते पहुंचा दे"| अबू शरीह रदी अल्लाहु अन्हु से पूछा गया के अम्र ने तुम्हें क्या जवाब दिया ? उन्होंने कहा: उसने मुझे कहा अबू शरीह! में उसे तुम से ज़्यादा जानता हूँ बेशक हरम किसी गुनाहगार को पनाह देता है न किसी मफरुर कातिल को और ना ही किसी

मफरुर चोरी को पनाह देता है"| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह बुखारी में है की الخربة का मानी الجنايه कसूर है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4295) و مسلم (446 / 1354)، (3304)

٢٧٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عيَّاشِ بنِ أبي ربيعةَ المَخْزُومِي قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَزَالُ هَذِهِ الْأُمَّةُ بِخَيْرٍ مَا عَظَّمُوا هَذِهِ الْحُرْمَةَ حَقَّ تَعْظِيمِهَا فَإِذَا ضَيَّعُوا ذلكَ هلَكُوا» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2727. अब्बास बिन अबी रबिआ अल माख्ज़ुमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ये उम्मत खैर व भलाई पर काइम रहेगी जब तक यह इस हुरमत (मक्का मुकर्रमा) की उस की ताज़ीम के मुताबिक उस की ताज़ीम करती रहेगी, जब वह उस को ज़ाए करेगा तो हलाक हो जाएँगे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (3110) * یزید بن ابی زیاد : ضعیف ، ضعفه الجمهور

हुरमत ए मदीना का बयान,अल्लाहताला इस की हिफाज़त फरमाए

بَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللهُ تَعَالَى

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول

٢٧٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَا كَتَبْنَا عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَّا الْقُرْآنَ وَمَا فِي هَذِهِ الصَّحِيفَةِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الْمَدِينَةُ حَرَامٌ مَا بَيْنَ عَيْرٍ إِلَى ثَوْرٍ فمنْ أحدَثَ فِيهَا حَدَثًا أَوْ آوَى مُحْدِثًا فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ ذِمَّةُ المسلمينَ واحدةٌ يَسْعَى بِهَا أَدْنَاهُمْ فَمَنْ أَخْفَرَ مُسْلِمًا فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ وَمَنْ وَالَى قَوْمًا بِغَيْرِ إِذْنِ مَوَالِيهِ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عدل»»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: «مَنِ ادَّعَى إِلَى غَيْرِ أَبِيهِ أَوْ تَوَلَّى غَيْرَ مَوَالِيهِ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صرف وَلَا عدل»

2728. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ से सिर्फ कुरान और जो कुछ इस सहिफे में है वह लिखा है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मदीना अयर से सौरन तक हरम है, जो शख़्स उस में कोई बिदअत इजाद करे या किसी बिदअत इजाद करने वाले को पनाह दे तो उस पर अल्लाह तआला, तमाम फरिश्तो और तमाम लोगो की लानत है, ना उस की नफ्ल इबादत कबूल होगी न फ़र्ज़, मुसलमानों की अमान एक ही है, और उस में अदना मुसलमान की अमान की भी बराबर हैसियत है, जो शख़्स किसी मुसलमान के अहद को तोड़ा तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगो की लानत है, ना उस का नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़, और जो शख़्स अपने मालिको की इजाज़त के बगैर किसी कौम से मुआयदा

कर ले तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगो की लानत है, और ना उस का नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़”| और सहीहैन ही की रिवायत में है: “जो शख़्स अपने आप को बाप के सिवा किसी और की तरफ मंसूब कर ले या अपने मालिको के अलावा किसी और से मुआयदा कर ले तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगो की लानत है, ना उस से नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1870) و مسلم (467 / 1370)، (3327)

٢٧٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِّي أُحَرِّمُ مَا بَيْنَ لَابَتَيِ [ص:٨٣ الْمَدِينَةِ: أَنْ يُقْطَعَ عِضَاهُهَا أَوْ يُقْتَلَ صَيْدُهَا " وَقَالَ: «الْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يعلَمونَ لَا يَدَعُهَا أَحَدٌ رَغْبَةً عَنْهَا إِلَّا أَبْدَلَ اللَّهُ فِيهَا مَنْ هُوَ خَيْرٌ مِنْهُ وَلَا يَثْبُتُ أَحَدٌ عَلَى لَأْوَائِهَا وَجَهْدِهَا إِلَّا كُنْتُ لَهُ شَفِيعًا أَو شَهِيدا يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ مُسلم

2729. साअद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं मदीना के दोनों पथरिले मकामो के दरमियानी हिस्से को हरम करार देता हूँ, और इस इलाके का दरख्त कांट दे या उस का शिकार क़त्ल करना हराम है”, और फ़रमाया: “मदीना इन के लिए बेहतर है काश के वह जानते, अगर कोई शख़्स उस से अदम रगबत की वजह से इसे छोड़ जाएगा तो अल्लाह उस में उस के बदले में ऐसे शख़्स को आबाद करेगा जो उस से बेहतर होगा और जो शख़्स उस की भूख और तकलीफ पर सब्र करेगा तो रोज़ ए क़यामत में उस की सिफारिश करूँगा या में उस के हक़ में गवाही दूंगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (459 / 1363)، (3318)

٢٧٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَصْبِرُ عَلَى لَأْوَاءِ الْمَدِينَةِ وَشِدَّتِهَا أَحَدٌ مِنْ أُمَّتِي إِلَّا كُنْتُ لَهُ شَفِيعًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2730. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत में से जो शख़्स मदीना की भूख और उस की तकलीफ पर सब्र करेगा तो रोज़ ए क़यामत में उस की सिफारिश करूँगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (484 / 1378)، (3347)

٢٧٣١ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّاسُ إِذَا رَأَوْا أَوَّلَ الثَّمَرَةِ جَاءُوا بِهِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِذَا أَخَذَهُ قَالَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لَنَا فِي ثَمَرِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي مَدِينَتِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي صَاعِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي مُدِّنَا اللَّهُمَّ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ عَبْدُكَ وَخَلِيلُكَ وَنَبِيُّكَ وَإِنِّي عَبْدُكَ وَنَبِيُّكَ وَإِنَّهُ دَعَاكَ لِمَكَّةَ وَأَنَا أدعوكَ للمدينةِ بمثلِ مَا دعَاكَ لمكةَ ومثْلِهِ مَعَهُ» . ثُمَّ قَالَ: يَدْعُو أَصْغَرَ وَلِيدٍ لَهُ فيعطيهِ ذَلِك الثَّمر. رَوَاهُ مُسلم

2731. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब लोग पहला पहला फल देखते तो उसे नबी ﷺ की खिदमत में पेश करते, जब आप ﷺ इसे पकड़ लेते तो दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! हमारे लिए फलों में बरकत फरमा, ऐ अल्लाह! हमारे लिए हमारे मदीना में बरकत फरमा, हमारे साअ और हमारे मुद (नापतोल के पैमाने) में बरकत फरमा, ऐ अल्लाह! बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम तेरे बन्दे, तेरे खलील और तेरे नबी थे, और मैं भी तेरा बंदा और तेरा नबी हूँ, बेशक उन्होंने तुझ से

मक्का के लिए दुआ फरमाई और मैं तुझ से इसी मिसल मदीना के लिए दुआ करता हूँ और उस की मिस्ल उस के साथ मज़ीद दुआ करता हूँ"| रावी बयान करते हैं, फिर आप ﷺ अपने किसी सबसे छोटे बच्चे को बुलाते और वह फल इसे दे देते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (473 / 1373)، (3334)

٢٧٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ إِبْرَاهِيمَ حَرَّمَ مَكَّةَ فَجَعَلَهَا حَرَامًا وَإِنِّي حَرَّمْتُ الْمَدِينَةَ حَرَامًا مَا بَيْنَ مَأْزِمَيْهَا أَنْ لَا يُهْرَاقَ فِيهَا دَمٌ وَلَا يُحْمَلَ فِيهَا سلاحٌ لقتالٍ وَلَا تُخبَطَ فِيهَا شجرةٌ إِلَّا لعلف» . رَوَاهُ مُسلم

2732. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने मक्का को हराम करार दिया और उस की हुरमत को साबित किया और मैं मदीना को उस के दो पहाड़ो के दरमियानी इलाके को हराम करार देता हूँ कि ना उस में खून रेज़ी की जाए न किताल के लिए उस में अस्लिहा उठाया जाए और ना ही चारे के अलावा उस के दरख्तों के पत्ते झाड़े जाए"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (475 / 1374)، (3336)

٢٧٣٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ سَعْدٍ: أَنَّ سَعْدًا رَكِبَ إِلَى قَصْرِهِ بِالْعَقِيقِ فَوَجَدَ عَبْدًا يَقْطَعُ شَجَرًا أَوْ يَخْبِطُهُ فَسَلَبَهُ فَلَمَّا رَجَعَ سَعْدٌ جَاءَهُ أَهْلُ الْعَبْدِ [ص:٨٣ فَكَلَّمُوهُ أَنْ يَرُدَّ عَلَى غُلَامِهِمْ أَوْ عَلَيْهِمْ مَا أَخَذَ مِنْ غُلَامِهِمْ فَقَالَ: مَعَاذَ اللَّهِ أَنْ أَرُدَّ شَيْئًا نَفَّلَنِيهِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبِي أَنْ يرد عَلَيْهِم. رَوَاهُ مُسلم

2733. आमिर बिन साद रहीमा उल्लाह से रिवायत है के साद (बिन अबी वकास (र)) मौज़ु अकिक में वाकेअ अपने महल की तरफ जा रहे थे की उन्होंने किसी गुलाम को दरख्त काटते हुए या उस के पत्ते झाड़ते हुए पाया तो उन्होंने उस का कपड़ा सलब कर लिया, जब साद रदी अल्लाहु अन्हु वापिस (मदीना) आए तो गुलाम के मालिक उन के पास आए और उन से बात की के उन्होंने गुलाम से जो कुछ लिया है के इसे उन के गुलाम को या हमें वापिस लेटा दें, उस पर उन्होंने (साअद (र)) ने फ़रमाया: अल्लाह की पनाह की मैं इस चीज़ को वापिस कर दू जो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे बतौर ए गनीमत दी है, और उन्होंने उन्हें वह कपड़ा वापिस करने से इन्कार कर दिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (461 / 1364)، (3320)

٢٧٣٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ وُعِكَ أَبُو بَكْرٍ وَبِلَالٌ فَجِئْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ حَبِّبْ إِلَيْنَا الْمَدِينَةَ كَحُبِّنَا مَكَّةَ أَوْ أَشَدَّ وَصَحِّحْهَا وَبَارِكْ لَنَا فِي صاعها ومدها وانقل حماها فاجعلها بِالْجُحْفَةِ»

2734. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु और बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु बुखार में मुब्तिला हो गए, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के पास आई और आप को बताया तो

आप ﷺ ने फ़रमाया: “ए अल्लाह! जिस तरह हमें मक्का महबूब है उस तरह या इसे भी ज़्यादा मदीना हमें महबूब बना दे और इसे सेहते आफ्ज़ा बना दे, उस के सा मुद में हमारे लिए बरकत फरमा दें और उस के बुखार को मुन्तकिल फरमा और इसे जुह्फा भेज दे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1889) و مسلم (480 / 1376)، (3342)

٢٧٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ فِي رُؤْيَا النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَدِينَةِ: " رَأَيْتُ امْرَأَةً سَوْدَاءَ ثَائِرَةَ الرَّأْسِ خَرَجَتْ مِنَ الْمَدِينَةِ حَتَّى نَزَلَتْ مَهْيَعَةَ فَتَأَوَّلْتُهَا: أَنَّ وَبَاءَ الْمَدِينَةِ نُقِلَ إِلَى مَهْيَعَةَ وَهِيَ الْجُحْفَةُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2735. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से नबी ﷺ के मदीना के बारे में ख्वाब के मुत्तल्लिक रिवायत है, (आप ﷺ ने फ़रमाया): “मैंने एक सियाह फाम परान्दा बालो वाली औरत को मदीना से निकल कर “ महयअम” पर कयाम करते हुए देखा, मैंने उस की तावील की के मदीना की वबा “ महयअम” मुन्तकिल कर दी गई है और “ महयअम” जुह्फा का ही नाम है”| (बुखारी)

رواه البخارى (7039)

٢٧٣٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سُفْيَانَ بْنِ أَبِي زُهَيْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يُفْتَحُ الْيَمَنُ فَيَأْتِي قومٌ يبُسُّونَ فيَتَحمَّلونَ بأهليهم وَمن أطاعهم وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يَعْلَمُونَ وَيُفْتَحُ الشَّامُ فَيَأْتِي قَوْمٌ يَبُسُّونَ فَيَتَحَمَّلُونَ بِأَهْلِيهِمْ وَمَنْ أَطَاعَهُمْ وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يَعْلَمُونَ وَيُفْتَحُ الْعِرَاقُ فَيَأْتِي قَوْمٌ يَبُسُّونَ فَيَتَحَمَّلُونَ بِأَهْلِيهِمْ وَمَنْ أَطَاعَهُمْ وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يعلمُونَ»

2736. सुफियान बिन अबी ज़हीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “यमन फतह हो जाएगा तो कुछ लोग अपने ऊटों को तेज़ चलाते हुए आएँगे तो वह अपने अहल व अयाल और अपने इताअत गुज़ार लोगो को सवार कर के ले जाएंगे हालाँकि मदीना इन के लिए बेहतर था काश के वह जानते, और शाम फतह हो जाएगा तो कुछ लोग ऊटों को तेज़ चलाते हुए आएँगे तो वह अपने अहले खाना और जो उनकी इताअत इख़्तियार कर लेंगे उन को सवार कर के ले जाएंगे, हालाँकि मदीना इन के लिए बेहतर था काश वह जान लेते, और इराक फतह हो जाएगा तो कुछ लोग ऊटों को तेज़ दोड़ाते हुए आएँगे और वह अपने अहल व अयाल और अपने इताअत गुज़ार लोगो को सवार कर के ले जाएंगे, जबके मदीना इन के लिए बेहतर था काश के वह जान लेते”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1875) و مسلم (498 / 1388)، (3365)

٢٧٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أُمِرْتُ بِقَرْيَةٍ تَأْكُلُ الْقُرَى. يَقُولُونَ: يَثْرِبَ وَهِيَ الْمَدِينَةُ تَنْفِي النَّاسَ كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيدِ "

2737. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे एक ऐसी बस्ती में कयाम करने का

हुक्म दिया गया जो दूसरी बस्तियों पर ग़ालिब आ जाएगी, वह इसे यसरिब कहते हैं जबके वह मदीना है, वह लोगो को ऐसे निकाल बाहर करती हैं जैसे भट्टी लोहे की मेल कुचेल निकाल बाहर करती है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1871) و مسلم (488 / 1382)، (3353)

٢٧٣٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَقُولُ: «إِنَّ الله سمى الْمَدِينَة طابة» . رَوَاهُ مُسلم

2738. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बेशक अल्लाह तआला ने मदीना का नाम ताबत रखा है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (491 / 1385)، (3357)

٢٧٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ: أَنَّ أَعْرَابِيًّا بَايَعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَصَابَ الْأَعْرَابِيَّ وَعَكٌ بِالْمَدِينَةِ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم ثُمَّ جَاءَهُ فَقَالَ: أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى ثُمَّ جَاءَهُ فَقَالَ: أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى فَخَرَجَ الْأَعْرَابِيُّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا الْمَدِينَةُ كَالْكِيرِ تَنْفِي خبثها وتنصع طيبها»

2739. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आराबी ने रसूलुल्लाह ﷺ की बैत की तो इस आराबी को मदीना में बुखार हो गया, वह नबी ﷺ के पास आया तो उस ने कहा: मुहम्मद! ﷺ मेरी बैत वापिस कर दे, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने इन्कार कर दिया, वह फिर आया और कहा: मेरी बैत वापिस कर दे, लेकिन आप ने इन्कार फ़रमाया, वह फिर आप के पास आया तो उस ने कहा मेरी बैत तोड़ दें, लेकिन आप ने इन्कार फ़रमाया, वह आराबी (मदीना) से चला गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मदीना भट्टी की तरह है के वह बुरी चीज़ को निकाल देता है जबकि अच्छी चीज़ को वह खालिस बना देता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1883) و مسلم (489 / 1383)، (3355)

٢٧٤٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تَنْفِيَ الْمَدِينَةُ شِرَارَهَا كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيد» . رَوَاهُ مُسلم

2740. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता के मदीना बुरे लोगो को निकाल बाहर करेगा जैसे भट्टी लोहे की मेल कुचेल निकाल बाहर करती है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (487 / 1381)، (3352)

٢٧٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَى أَنْقَابِ الْمَدِينَةِ مَلَائِكَةٌ لَا يَدْخُلُهَا الطَّاعُونُ وَلَا الدَّجَّالُ»

2741. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मदीना के दाखिली रास्तो पर फ़रिश्ते पहरा देते हैं ना उस में ताऊन दाखिल होगा न दज्जाल”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1880) و مسلم (485 / 1379)، (3350)

٢٧٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ مِنْ بلدٍ إلا سَيَطَؤهُ الدَّجَّالُ إِلَّا مَكَّةَ وَالْمَدِينَةَ لَيْسَ نَقْبٌ مِنْ أَنِقَابِهَا إِلَّا عَلَيْهِ الْمَلَائِكَةُ صَافِّينَ [ص:٨٣ يَحْرُسُونَهَا فَيَنْزِلُ السَّبِخَةَ فَتَرْجُفُ الْمَدِينَةُ بِأَهْلِهَا ثَلَاثَ رَجَفَاتٍ فَيَخْرُجُ إِلَيْهِ كُلُّ كَافِرٍ وَمُنَافِقٍ»

2742. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मक्का और मदीना के अलावा दज्जाल हर शहर को ख़राब कर डालेगा, इन दोनों शहरो के तमाम दाखिली रास्तो पर फ़रिश्ते सफे बांधे उनकी हिफाज़त कर रहे हैं, वह (दज्जाल) शोर वाली ज़मीन पर उतरेगा, फिर मदीना अपने रहने वालो को तीन बार खूब झटका देगा तो हर काफिर मुनाफ़िक़ इस (दज्जाल) की तरफ निकल जाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1881) و مسلم (123 / 2943)، (7390)

٢٧٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَكِيدُ أَهْلَ الْمَدِينَةِ أَحَدٌ إِلَّا انْمَاعَ كَمَا يَنْمَاعُ الْملح فِي المَاء»

2743. साअद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अहले मदीना से धोका करेगा तो वह इस तरह पिघल जाएगा जैसे नमक पानी में घुल जाता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1877) و مسلم (494 / 1387)، (3361)

٢٧٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا قَدِمَ مِنْ سَفَرٍ فَنَظَرَ إِلى جُدُراتِ الْمَدِينَةِ أَوْضَعَ رَاحِلَتَهُ وَإِنْ كَانَ عَلَى دَابَّةٍ حركها من حبها. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2744. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ सफ़र से वापिस तशरीफ़ लाते और मदीना की दीवारों पर नज़र पड़ती तो आप मदीना से मुहब्बत की वजह से अपने ऊंटनी को, और अगर किसी और सवारी पर होते तो उसे तेज़ दोड़ाते”| (बुखारी)

رواه البخارى (1886)

٢٧٤٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَلَعَ لَهُ أُحُدٌ فَقَالَ: «هَذَا جَبَلٌ يُحِبُّنَا وَنُحِبُّهُ اللَّهُمَّ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ حَرَّمَ مَكَّةَ وَإِنِّي أحرم مَا بَين لابتيها»

2745. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ को उहद पहाड़ नज़र आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये वह पहाड़ है जो हम से मुहब्बत करता है और हम उस से मुहब्बत करते हैं, ऐ अल्लाह! बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने मक्का को हराम करार दिया, और मैं मदीना के दोनों पथरीली जगह के दरमियानी इलाके को हराम करार देता हूँ”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2889) و مسلم (4620 / 1365)، (3321)

٢٧٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أُحُدٌ جَبَلٌ يُحِبُّنَا ونحبُّه» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2746. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उहद ऐसा पहाड़ है जो हम से मुहब्बत करता है और हम उस से मुहब्बत करते हैं”| (बुखारी)

رواه البخاری (1482)

बَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللَّهُ تَعَالَى • हुरमत ए मदीना का बयान,अल्लाहताला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ أَبِي عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: رَأَيْتُ سَعْدَ بْنَ أَبِي وَقَّاصٍ أَخَذَ رَجُلًا يَصِيدُ فِي حَرَمِ الْمَدِينَةِ الَّذِي حَرَّمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَلَبَهُ ثِيَابَهُ فَجَاءَهُ مَوَالِيهِ فَكَلَّمُوهُ فِيهِ فَقَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَرَّمَ هَذَا الْحَرَمَ وَقَالَ: «مَنْ أَخَذَ أَحَدًا [ص:٨٣ يَصِيدُ فِيهِ فَلْيَسْلُبْهُ» . فَلَا أَرُدُّ عَلَيْكُمْ طُعْمَةً أَطْعَمَنِيهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَكِنْ إِنْ شِئْتُمْ دفعتُ إِليكم ثمنَه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2747. सुलेमान बिन अबी अब्दुल्लाह बयान करते हैं, मैंने साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु को देखा के उन्होंने एक आदमी को पकड़ा जो हरम मदीना में, जिस को रसूलुल्लाह ﷺ ने हरम करार दिया है, शिकार कर रहा था, उन्होंने उस का कपड़ा सलब कर लिया, तो उस के मालिक आप के पास आए और आप से इस बारे में बात चित की तो उन्होंने फ़रमाया के रसूलुल्लाह ﷺ ने इस हरम को हराम करार दिया है और उन्होंने ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी को उस में शिकार करता हुआ पाए तो वह उस का कपड़ा सलब कर ले”, लिहाज़ा में यह रीज़्क तुम्हें वापिस नहीं दूँगा जो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे अता किया है, लेकिन अगर तुम चाहो तो मैं उस की कीमत तुम्हें अदा कर देता हूँ| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2037) * سلیمان بن ابی عبدالله مجهول الحال لم یو ثقه غیر ابن حبان

٢٧٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ صَالِحٍ مَوْلًى لِسَعْدٍ أَنَّ سَعْدًا وَجَدَ عَبِيدًا مِنْ عَبِيدِ الْمَدِينَةِ يَقْطَعُونَ مِنْ شَجَرِ الْمَدِينَةِ فَأَخَذَ مَتَاعَهُمْ وَقَالَ يَعْنِي لِمَوَالِيهِمْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ينْهَى أَنْ يُقْطَعَ مِنْ شَجَرِ الْمَدِينَةِ شَيْءٌ وَقَالَ: «مَنْ قَطَعَ مِنْهُ شَيْئًا فَلِمَنْ أَخَذَهُ سَلَبُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2748. साअद रदी अल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा गुलाम स्वालेह से रिवायत है के साद रदी अल्लाहु अन्हु ने मदीना के कुछ गुलामो को मदीना के दरख्त काटते हुए पाया तो उन्होंने उनका सामान ले लिया, और उन के मालिको से फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मदीना के दरख्त से कोई चीज़ कांट इसे मना करते हुए सुना, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स उस की कोई चीज़ काटे तो जो शख़्स इसे पकड़े तो उस का सामान इसी (पकड़ने वाले) को मिलेगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2038) * مولى سعد مجهول

٢٧٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الزُّبَيْرِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ صَيْدَ وَجٍّ وَعِضَاهَهُ حِرْمٌ مُحَرَّمٌ لِلَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ مُحْيِي السُّنَّةِ: «وَجٌّ» ذَكَرُوا أَنَّهَا مِنْ نَاحِيَةِ الطَّائِف وَقَالَ الْخطابِيّ: «إِنَّه» بدل «إِنَّهَا»

2749. जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वज्ज (ताईफ़ या ताईफ का कुछ इलाका) का शिकार करना और उस के खारदार दरख्तों का काटना हराम है, अल्लाह के लिए हराम किया गया है”| अबू दावुद, और इमाम मुह्यी अल सुन्नी ने बयान किया “वज्ज” के बारे में उलेमा ने फ़रमाया है के वह ताईफ का एक इलाका है, और खत्ताबी रहीमा उल्लाह ने اَنَّھَا की जगह اَنَّه कहा है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2032) * عبدالله بن انسان : لين الحديث

٢٧٥٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اسْتَطَاعَ أَنْ يَمُوت بالمدية فليمت لَهَا فَإِنِّي أَشْفَعُ لِمَنْ يَمُوتُ بِهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح غَرِيب إِسْنَادًا

2750. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मदीना में फौत हो सकता हो तो इसे इसी में फौत होना चाहिए, क्योंकि जो शख़्स इसे ही में फौत होगा में उस की शफाअत करूँगा”| अहमद तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है और उस की इसनाद ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 74 ح 5437) و الترمذی (3917) [و ابن ماجه (3112)]

٢٧٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «آخِرُ قَرْيَةٍ مِنْ قُرَى الْإِسْلَامِ خَرَابًا الْمَدِينَةُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2751. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्लामी बस्तियों में से मदीना ऐसी

बस्ती है जो सबसे आख़िर में वीरान होगी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3919) * جنادة بن سلم و ثقه جماعة و ضعفه جماعة و قال الساجی :’’ حدث عن هشام بن عروة حديثا منكرًا ‘‘ و هذا الحديث رواه جنادة عن هشام بن عروة عن ابی هريرة به

٢٧٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ أَوْحَى إِلَيَّ: أَيَّ هَؤُلَاءِ الثَّلَاثَةِ نَزَلْتَ فَهِيَ دَارُ هِجْرَتِكَ الْمَدِينَةِ أَوِ الْبَحْرَيْنِ أَوْ قِنَّسْرِينَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2752. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला ने मेरी तरफ वही फरमाई के आप उन तीनो, मदीना या बहरीन या किन्नसिरिन, मैं से जहाँ भी कयाम फरमाए, वह आप का दार हिजरत है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3923 و قال : غريب) * فيه غيلان : لين / ای ضعيف

• بَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللهُ تَعَالَى — हुरमत ए मदीना का बयान,अल्लाहताला इस की हिफाज़त फरमाए

• الْفَصْلُ الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٢٧٥٣ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي بَكْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَدْخُلُ الْمَدِينَةَ رُعْبُ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ لَهَا يَوْمَئِذٍ سَبْعَةُ أَبْوَابٍ عَلَى كُلِّ بَابٍ مَلَكَانِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2753. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मसीह दज्जाल का रुअब मदीना में दाखिल नहीं होगा, इस रोज़ उस के सात दरवाज़े होंगे, और हर दरवाज़े पर दो फ़रिश्ते होंगे”| (बुखारी)

رواه البخاری (1879)

٢٧٥٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اللَّهُمَّ اجْعَلْ بِالْمَدِينَةِ ضِعْفَيْ مَا جعلت بِمَكَّة من الْبركَة»

2754. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने दुआ फरमाई: “अल्लाह तूने जितनी बरकत मक्का को दिया है उस से दुगनी मदीना को अता फरमा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1885) و مسلم (466 / 1369)، (3326)

٢٧٥٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ رَجُلٍ مِنْ آلِ الْخَطَّابِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ زَارَنِي مُتَعَمِّدًا كَانَ فِي جِوَارِي يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنْ سَكَنَ الْمَدِينَةَ وَصَبَرَ عَلَى بَلَائِهَا كُنْتُ لَهُ شَهِيدًا وَشَفِيعًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنْ مَاتَ فِي أَحَدِ الْحَرَمَيْنِ بَعَثَهُ اللَّهُ مِنَ الْآمِنِينَ يَوْمَ الْقِيَامَة»

2755. आले ख़िताब में से एक आदमी ने नबी ﷺ से रिवायत किया आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स जान बुझकर मेरी ज़ियारत के लिए आए तो रोज़ ए क़यामत वह मेरे पड़ोस में होगा, जो शख़्स मदीना में सुकूनत इख़्तियार करे और उस की मुश्किलात पर सब्र करे तो रोज़ ए क़यामत में उस के लिए गवाह बनूँगा या सिफारिशी होऊँगा और जो हरमैन (मक्का मदीना) में किसी जगह फौत हुआ तो रोज़ ए क़यामत वह अमन वालो में से होगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4152 ، نسخة محققة : 3856) * فيه رجل من آل الخطاب : مجهول

٢٧٥٦ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ مَرْفُوعًا: «مَنْ حَجَّ فَزَارَ قَبْرِي بَعْدَ مَوْتِي كَانَ كَمَنْ زَارَنِي فِي حَيَاتِي» . رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

2756. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा मरफुअ रिवायत बयान करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स हज करे और मेरी मौत के बाद मेरी कब्र की ज़ियारत करे तो वह इस शख़्स की तरह है जिस ने मेरी जिंदगी में मेरी ज़ियारत की"| इमाम बयहकी ने दोनों रिवायतों शौबुल ईमान में रिवायत की है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4154 ، نسخة محققة : 3858) * ليث بن ابى سليم : ضعيف و حفص بن ابى داود : ضعيف جدًا

٢٧٥٧ - (ضَعِيف) لإرساله وَعَنْ يَحْيَى بْنِ سَعِيدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ جَالِسًا وَقَبْرٌ يُحْفَرُ بِالْمَدِينَةِ فَاطَّلَعَ رَجُلٌ فِي الْقَبْرِ فَقَالَ: بِئْسَ مَضْجَعِ الْمُؤْمِنِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بئس مَا قُلْتَ» قَالَ الرَّجُلُ إِنِّي لَمْ أُرِدْ هَذَا إِنَّمَا أَرَدْتُ الْقَتْلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا مِثْلَ الْقَتْلِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَا عَلَى [ص:٨٤ الْأَرْضِ بُقْعَةٌ أَحَبُّ إِلَيَّ أَنْ يَكُونَ قَبْرِي بِهَا مِنْهَا» ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. رَوَاهُ مَالِكٌ مُرْسَلًا

2757. याह्या बिन सईद से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ बैठे हुए थे जबके मदीना में एक कब्र खोदी जा रही थी, एक आदमी ने कब्र में झाँका तो कहा, मोमिन की बहोत बुरी जगह है, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुमने बहोत बुरी बात की है", इस आदमी ने अर्ज़ किया, मेरा यह इरादा नहीं था मैंने तो यह इरादा किया के अल्लाह की राह में शहादत (बिस्तर पर मरने से) अफज़ल है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की राह में शहादत जैसी तो कोई चीज़ ही नहीं और मुझे अपने कब्र के लिए यह खत्ता ज़मीन पूरी ज़मीन में सबसे ज़्यादा पसंदीदा है", आप ने यह बात तीन मर्तबा फरमाई| इमाम मालिक ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالك (2 / 462 ح 1020) * السند ضعيف لا رساله ، رواه مالك عن يحيى بن سعيد به مرفوعًا وهو مرسل ،

٢٧٥٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ بِوَادِي الْعَقِيقِ يَقُولُ: أَتَانِي اللَّيْلَةَ آتٍ مِنْ رَبِّي فَقَالَ: صَلِّ فِي هَذَا الْوَادِي الْمُبَارَكِ وَقُلْ: عُمْرَةٌ فِي حَجَّةٍ ". وَفِي رِوَايَة: «قل عُمرةٌ وحِجّةٌ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2758. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने बयान फ़रमाया, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को वादी ए अकिक में फरमाते हुए सुना: “आज रात मेरे रब की तरफ से एक आने वाला मेरे पास आया तो उस ने कहा: इस मुबारक वादी में नमाज़ पढ़े और कहे उमरह हज में दाखिल हो गया”, एक दूसरी रिवायत में है: “आप ﷺ ने फ़रमाइए: उमरह और हज की एक साथ नियत की”| (बुखारी)

رواه البخاری (1534 ، 7343)

खरीद व बेच का बयान • بَاب الْكسْب وَطلب الْحَلَال

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٧٥٩ - (صَحِيح) عَن الْمِقْدَاد بْنِ مَعْدِي كَرِبَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَكَلَ أَحَدٌ طَعَامًا قَطُّ خَيْرًا مِنْ أَنْ يَأْكُلَ مِنْ عَمَلِ يَدَيْهِ وَإِنَّ نَبِيَّ اللَّهِ دَاوُدَ عَلَيْهِ السَّلَامُ كَانَ يَأْكُلُ مِنْ عمل يَدَيْهِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2759. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी शख़्स ने अपने हाथ की कमाई से ज़्यादा बेहतर खाना कभी नहीं खाया, और अल्लाह के नबी दाउद (अ) अपने हाथो की कमाई से खाया करते थे”। (बुखारी)

رواه البخاري (2072)

٢٧٦٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ طَيِّبٌ لَا يَقْبَلُ إِلَّا طَيِّبًا وَأَنَّ اللَّهَ أَمَرَ المؤْمنينَ بِمَا أمرَ بِهِ المرسَلينَ فَقَالَ: (يَا أَيُّهَا الرُّسُلُ كُلُوا مِنَ الطَّيِّبَاتِ واعْمَلوا صَالحا)»» وَقَالَ: (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا كُلُوا مِنْ طَيِّبَاتِ مَا رَزَقْنَاكُمْ)»» ثُمَّ ذَكَرَ الرَّجُلَ يُطِيلُ السَّفَرَ أَشْعَثَ أَغْبَرَ يَمُدُّ يَدَيْهِ إِلَى السَّمَاءِ: يَا رَبِّ يَا رَبِّ وَمَطْعَمُهُ حَرَامٌ وَمَشْرَبُهُ حَرَامٌ وَمَلْبَسُهُ حَرَامٌ وَغُذِّيَ بِالْحَرَامِ فَأَنَّى يُسْتَجَابُ لِذَلِكَ؟ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2760. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह पाक है और वह सिर्फ पाक चीज़ ही कबूल फरमाता है, और अल्लाह तआला ने जिस चीज़ के मुत्तल्लिक रसूलो को हुक्म फ़रमाया, इसी चीज़ के मुत्तल्लिक मोमिनो को हुक्म फ़रमाया तो फ़रमाया: “रसूलो की जमाअत! पाकिज़ा चीज़े खाओ और नेक अमल करो”, और अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “ईमान वालो! हमने जो पाकिज़ा चीज़े तुम्हें अता की है उन में से खाओ”, फिर आप ने इस आदमी का ज़िक्र फ़रमाया जो दूर दराज़ का सफ़र तेअ करता है परान्दा बाल और खाक आलूद है, आसमान की तरफ अपने हाथ फेलाए दुआ करता है, रब जी! रब जी! हालाँकि उस का खाना हराम, उस का पीना हराम, उस का लिबास हराम और इसे हराम की गिज़ा दी गई तो ऐसे शख़्स की दुआ कैसे कबूल हो ?” (मुस्लिम)

رواه مسلم (65 / 1015)، (2346)

٢٧٦١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَأْتِي عَلَى النَّاسِ زَمَانٌ لَا يُبَالِي الْمَرْءُ مَا أَخَذَ مِنْهُ أَمِنَ الْحَلَالِ أم من الْحَرَام» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2761. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो पर एक ऐसा ज़माने आएगा

के आदमी इस बात की परवाह नहीं करेगा के वह हलाल तरीके से कमा रहा है या हराम तरीके से"। (बुखारी)

رواه البخارى (2059)

٢٧٦٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْحَلَالُ بَيِّنٌ وَالْحَرَامُ بَيِّنٌ وَبَيْنَهُمَا مُشْتَبِهَاتٌ لَا يَعْلَمُهُنَّ كَثِيرٌ مِنَ النَّاسِ فَمَنِ اتَّقَى الشبهاب استبرأ لِدِينِهِ وعِرْضِهِ ومَنْ وقَعَ فِي الشبُهَاتِ وَقَعَ فِي الْحَرَامِ كَالرَّاعِي يَرْعَى حَوْلَ الْحِمَى يُوشِكُ أَنْ يَرْتَعَ فِيهِ أَلَا وَإِنَّ لِكُلِّ مَلِكٍ حِمًى أَلَا وَإِنَّ حِمَى اللَّهِ مَحَارِمُهُ أَلَا وَإِنَّ فِي الْجَسَدِ مُضْغَةً إِذَا صَلَحَتْ صَلَحَ الْجَسَدُ كُلُّهُ وَإِذَا فَسَدَتْ فَسَدَ الْجَسَدُ كُله أَلا وَهِي الْقلب»

2762. नौमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हलाल वाज़ेह है और हराम भी वाज़ेह है, जबके इन दोनों के दरमियान कुछ चीज़े मुश्तबाह है, बहोत से लोग उन्हें नहीं जानते, पस जो शख़्स शुबहात से बच गया तो उस ने अपने दीन और अपने इज्ज़त को बचा लिया, और जो शख़्स शुबहात में मुब्तिला हो गया तो वह हराम में मुब्तिला हो गया, जैसे वह चरवाहा जो चराहगाह के आस पास चराता है, तो करीब है के वह इस (चराहगाह) में चराएगा, सुन लो! बेशक हर बादशाह की एक चराहगाह होती है, सुन लो! बेशक अल्लाह की चराहगाह उस की हराम करदा चीज़े है, सुन लो! जिस्म में एक लोथड़ा है, जब वह दुरुस्त हो जाता है तो सारा जिस्म दुरुस्त हो जाता है, और जब वह ख़राब हो जाता है तो सारा जिस्म ख़राब हो जाता है, याद रखो वह दील है"। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (52) و مسلم (107 / 1599)، (4094)

٢٧٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَمَنُ الْكَلْبِ خَبِيثٌ وَمَهْرُ الْبَغِيِّ خَبِيثٌ وَكَسْبُ الْحَجَّامِ خَبِيثٌ» . رَوَاهُ مُسلم

2763. राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कुत्ते की कीमत, ज़ानिया की उजरत और पछने (हिजामा) लगाने वाले की कमाई खबीस है"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 1568)، (4012)

٢٧٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ ثَمَنِ الْكَلْبِ وَمَهْرِ الْبَغِيِّ وَحُلْوَانِ الْكَاهِنِ

2764. अबू मसउद अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कुत्ते की कीमत, ज़ानिया की उजरत और काहिन की मीठा (यानी नियाज़) से मना फ़रमाया है। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2237) و مسلم (39 / 1567)، (4009)

٢٧٦٥ - (صَحِيح) وَعَن أبي حجيفة أَنَّ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ ثَمَنِ الدَّمِ وَثَمَنِ الْكَلْبِ وَكَسْبِ الْبَغِيِّ وَلَعَنَ آكِلَ الرِّبَا وَمُوكِلَهُ وَالْوَاشِمَةَ وَالْمُسْتَوْشِمَةَ وَالْمُصَوِّرَ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2765. अबू जुहैफा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने खून की कीमत, कुत्ते की कीमत और ज़ानिया की कमाई से मना फ़रमाया, और सूद खाने वाले, खिलाने वाले, जिस्म गुन्दने वाली और गुन्द्वाने वाली और मुस्वर पर लानत फरमाई| (बुखारी)

رواه البخاری (5962)

٢٧٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ عَامَ الْفَتْحِ وَهُوَ بِمَكَّةَ: «إِنَّ اللَّهَ وَرَسُولَهُ حَرَّمَ بَيْعَ الْخَمْرِ وَالْمَيْتَةِ وَالْخِنْزِيرِ وَالْأَصْنَامِ» . فَقِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ شُحُومَ الْمَيْتَةِ؟ فَإِنَّهُ تُطْلَى بِهَا السُّفُنُ وَيُدْهَنُ بِهَا الْجُلُودُ وَيَسْتَصْبِحُ بِهَا النَّاسُ؟ فَقَالَ: «لَا هُوَ حَرَامٌ» . ثُمَّ قَالَ عِنْدَ ذَلِكَ: «قَاتَلَ اللَّهُ [ص:٨٤ الْيَهُودَ إِنَّ اللَّهَ لَمَّا حَرَّمَ شُحُومَهَا أَجْمَلُوهُ ثُمَّ بَاعُوهُ فَأَكَلُوا ثَمَنَهُ»

2766. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने फतह मक्का के साल रसूलुल्लाह ﷺ को मक्का में फरमाते हुए सुना: “बेशक अल्लाह और उस के रसूल ने शराब, मुरदार, खिंजिर और बुतों की बेअ को हराम करार दिया है”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! मुरदार की चरबी के बारे में बताइए, क्योंकि उस के ज़रिए कश्तियों को रोगन किया जाता है, खाले चिकनी की जाती है, और लोगो से चिरागो में जला कर रोशनी हासिल करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, वह हराम है” फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह यहूद को गारत करे क्योंकि अल्लाह ने जब उस की चरबी हराम करार दी तो उन्होंने पिघला कर बेचा और फिर उस की कीमत खाई”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2236) و مسلم (71 / 1581)، (4048)

٢٧٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «قَاتَلَ اللَّهُ الْيَهُودَ حُرِّمَتْ عَلَيْهِمُ الشُّحُومُ فجملوها فَبَاعُوهَا»

2767. उमर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह यहूद को गारत करे इन पर (मुर्दार की) चरबी हराम की गई तो उन्होंने इसे पिघला कर फरोख्त किया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2223) و مسلم (72 / 1582)، (4050)

٢٧٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ ثَمَنِ الْكَلْبِ وَالسِّنَّوْرِ. رَوَاهُ مُسلم

2768. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कुत्ते और बिल्ली की कीमत से मना फ़रमाया है| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (42 / 1569)، (4015)

٢٧٦٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: حَجَمَ أَبُو طَيْبَةَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ لَهُ بِصَاعٍ مِنْ تَمْرٍ وَأَمَرَ أَهْلَهُ أَنْ يُخَفِّفُوا عَنْهُ مِنْ خراجه

2769. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू तैबा ने रसूलुल्लाह ﷺ को पछने (हिजामा) लगाए तो आप ने इसे एक साअ (तकरीबन अढ़ाई किलो) खजूरे देने और उस के मालिको को उस के खज़ाज में तखफिफ करने का हुक्म फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2102) و مسلم (62 / 1577)، (4038)

باب الْكسْب وَطلب الْحَلَال • खरीद व बेच का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧٧٠ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَطْيَبَ مَا أَكَلْتُمْ مِنْ كَسْبِكُمْ وَإِنَّ أَوْلَادَكُمْ مِنْ كَسْبِكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ وَالدَّارِمِيِّ: «إِنَّ أَطْيَبَ مَا أَكَلَ الرَّجُلُ مِنْ كَسْبِهِ وَإِنَّ وَلَده من كَسبه»

2770. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अपने कमाई से खाना सबसे पाकिज़ा खाना है, और तुम्हारी औलाद भी तुम्हारी कमाई में से है”| अबू दावुद और दारमी की रिवायत में है: “आदमी का अपने कमाई से खाना सबसे पाकिज़ा खाना है, और बेशक उस की औलाद भी उस की कमाई है‘‘ (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1358 وقال : حسن غریب) و النسائی (7 / 240 241 ح 4454 4457) و ابن ماجہ (2290) و ابوداؤد (3528) و الدارمی (2 / 247 ح 2540)

٢٧٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا [ص:٨٤] يكْسب عبد مَال حرَام فتيصدق مِنْهُ فَيُقْبَلُ مِنْهُ وَلَا يُنْفِقُ مِنْهُ فَيُبَارَكُ لَهُ فِيهِ وَلَا يَتْرُكُهُ خَلْفَ ظَهْرِهِ إِلَّا كَانَ زَادَهُ إِلَى النَّارِ. إِنَّ اللَّهَ لَا يَمْحُو السَّيِّئَ بِالسَّيِّئِ وَلَكِنْ يَمْحُو السَّيِّئَ بِالْحَسَنِ إِنَّ الْخَبِيثَ لَا يَمْحُو الْخَبِيثَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَكَذَا فِي شرح السّنة

2771. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर कोई शख़्स हराम माल खाता है और फिर उस से सदका करता है तो वह उस की तरफ से कबूल नहीं होता, और

वह उस में से जो खर्च करता है तो उस में बरकत नहीं की जाती, और अगर वह इसे तर्क में छोड़ जाता है तो वह उस के लिए आग में इज़ाफे का बाईस बनता है, क्योंकि अल्लाह बुराई के ज़रिए बुराई ख़तम नहीं करता बल्के वह नेकी के ज़रिए बुराई ख़तम करता है और खबीस, खबीस को ख़तम नहीं करता”| अहमद शरह सुन्ना मैं भी इसी तरह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 387 ح 3672 مطولاً) و البغوی فی شرح السنة (8 / 10 ح 2030) * فيه الصباح بن محمد : ضعيف و لبعضه شاهد ضعيف عند الحاكم (1 / 334 ، 335) و صححه و وافقه الذهبی !

٢٨٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيع الثِّمَارِ حَتَّى تَزْهَى قِيلَ: وَمَا تَزْهَى؟ قَالَ:»» حَتَّى تخمر " وَقَالَ: «أَرَأَيْتَ إِذَا مَنَعَ اللَّهُ الثَّمَرَةَ بِمَ يَأْخُذ أحدكُم مَال أَخِيه؟»

2840. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फलों की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के “जहव” (पुख्ता) हो जाए”, अर्ज़ किया गया, “ जहव से क्या मुराद है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, और फ़रमाया: “मुझे बताओ अगर अल्लाह फल रोक ले तो फिर तुम में से कोई अपने मुसलमान भाई का माल किस चीज़ के अवज़ हासिल करोगा ?” (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2198) و مسلم (15 / 1555)، (3977)

٢٨٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ السِّنِينَ وَأَمَرَ بوضْعِ الجوائحِ. رَوَاهُ مُسلم

2841. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कई सालों की बैअ से मना फ़रमाया और आफत से होने वाले नुक्सान को मन्हा करने का हुक्म फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (101 / 1536)، (3930)

٢٨٤٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ بِعْتَ مِنْ أَخِيكَ ثَمَرًا فَأَصَابَتْهُ جَائِحَةٌ فَلَا يَحِلُّ لَكَ أَنْ تَأْخُذَ مِنْهُ شَيْئًا بِمَ تَأْخُذُ مَالَ أَخِيكَ بِغَيْرِ حقٍ؟» . رَوَاهُ مُسلم

2842. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम अपने (किसी मुसलमान) भाई का फल फरोख्त करो और फिर उस पर कोई आफत आजाए तो तुम्हारे लिए उस से कुछ लेना हलाल नहीं, तुम अपने भाई का माल नाहक किसी चीज़ के बदले हासिल करोगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (14 / 1554)، (3975)

٢٨٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانُوا يَبْتَاعُونَ الطَّعَامَ فِي أَعلَى السُّوقِ فيبيعُونَه فِي مكانهِ فَنَهَاهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِهِ فِي مَكَانِهِ حَتَّى يَنْقِلُوهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَلم أَجِدهُ فِي الصَّحِيحَيْنِ

2843. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, लोग बाज़ार के ऊपरी हिस्से से अनाज खरीदते और इसे वहीँ फरोख्त कर दिया करते थे, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे इसी जगह पर फरोख्त करने से मना फरमा दीया हत्ता के वह इसे मुन्तकिल करे| अबू दावुद, मैंने इसे सहीहैन में नहीं पाया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3494) [و البخارى (2167) و مسلم (1527)، (3843)]

٢٨٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ابْتَاعَ طَعَامًا فَلَا يَبِيعهُ حَتَّى يَسْتَوْفِيه»

2844. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स गल्ला खरीद ले तो वह इसे कब्ज़े में लेने से पहले फरोख्त न करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2126) و مسلم (32 / 1526)، (3840)

٢٨٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِى رِوَايَةِ ابْنِ عَبَّاسٍ: «حَتَّى يكْتالَه»

2845. और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है: “हत्ता के वह इसे नाप ले”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2135) و مسلم (31 / 1525، (3839) و اللفظ له)

٢٨٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَمَّا الَّذِي نَهَى عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَهُوَ الطَّعَامُ أَنْ يُبَاعَ حَتَّى يُقْبَضَ. قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: وَلَا أَحْسِبُ كُلَّ شَيْءٍ إِلاَّ مثلَه

2846. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रही वह चीज़ जिस से नबी ﷺ ने मना फ़रमाया है के इसे फरोख्त न किया जाए हत्ता के उस पर कब्ज़े कर लिया जाए तो वह अनाज है, और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: जबके मेरा हर चीज़ के बारे में यही ख़याल है। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2135) و مسلم 29 / 1525)، (3836)

٢٨٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا تَلَقَّوُا الرُّكْبَانَ لِبَيْعٍ وَلَا يَبِعْ بَعْضُكُمْ عَلَى بَيْعِ بَعْضٍ وَلَا تَنَاجَشُوا وَلَا يَبِعْ حَاضِرٌ لِبَادٍ وَلَا تُصَرُّوا الْإِبِلَ وَالْغَنَمَ فَمِنِ ابْتَاعَهَا بَعْدَ ذَلِكَ فَهُوَ بِخَيْرِ النَّظَرَيْنِ بَعْدَ أَنْ يحلبَها: إِنْ رَضِيَهَا أَمْسَكَهَا وَإِنْ سَخِطَهَا رَدَّهَا وَصَاعًا مِنْ تمر "»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: " مَنِ اشْتَرَى شَاةً مُصَرَّاةً فَهُوَ بِالْخِيَارِ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ: فَإِنْ رَدَّهَا رَدَّ مَعهَا صَاعا من طَعَام لَا سمراء "

2847. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेअ के लिए तिजारती काफले को (शहर से बाहर जा कर) न मिलो, कोई किसी की बेअ पर बेअ न करे, बिला इरादा खरीद, महज़ कीमत बढ़ाने के लिए बोली न दो, कोई शहरी, देहाती के लिए कोई माल फरोख्त न करे, ऊंटनी और बकरी का दूध न रोको, अगर कोई ऐसा जानवर खरीद लेता है तो दूध धोने के बाद इसे दोनों इख़्तियार हासिल हैं, अगर वह उस पर राज़ी हो तो इसे रख ले और अगर राज़ी न हो तो इसे वापिस कर दे और एक साअ खजूर भी उस के साथ दे”। बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है: “जो शख़्स ऐसी बकरी ख़रीदे जिस का दूध रोका गया हो तो इसे तीन दिन तक इख़्तियार है, अगर वह इसे वापिस करे तो उस के साथ एक साअ खाने का भी वापिस करे लेकिन वह गंदुम न हो”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2150) و مسلم (11 / 1412)، (3832) [و الرواية الثانية (25 / 1524) و ذكرها البغوى فى مصابيح السنة (2080)]

٢٨٤٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَلَقَّوُا الْجَلَبَ فَمَنْ تَلَقَّاهُ فَاشْتَرَى مِنْهُ فَإِذَا أَتَى سَيِّدُهُ السُّوقَ فَهُوَ بالخَيارِ» . رَوَاهُ مُسلم

2848. अबू हुरैरा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अनाज लाने वालो को रास्ते में जा कर न मिलो, जो शख़्स इसे मिले और उस से गल्ला खरीद ले, फिर उस का मालिक बाज़ार जाए तो उसे इख़्तियार हासिल है”। (चाहे तो सौदा रहने दे और चाहे तो फुसुख कर दे)। (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 1519)، (3823)

٢٨٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَلَقَّوُا السِّلَعَ حَتَّى يُهْبَطَ بهَا إِلى السُّوق»

2849. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम समाने तिजारत को शहर से

बाहर जा कर न मिलो हत्ता के इसे बाज़ार में उतार दिया जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2165) و مسلم 14 / 1517)، (3819)

٢٨٥٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَبِعِ الرَّجُلُ عَلَى بَيْعِ أَخِيهِ وَلَا يَخْطِبْ عَلَى خِطْبَةِ أَخِيهِ إِلَّا أَنْ يأْذَنَ لَهُ» . رَوَاهُ مُسلم

2850. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी ना अपने भाई की बेअ पर बेअ करे न अपने भाई के पैगामे निकाह पर पैगामे निकाह भेजे मगर यह कि वह इसे इजाज़त दे दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (50 / 1412)، (3455)

٢٨٥١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَسُمِ الرَّجُلُ على سَوْمِ أخيهِ الْمُسلم» . رَوَاهُ مُسلم

2851. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी अपने मुसलमान भाई की बेअ तेअ होने तक भाव न करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 1515)، (3813)

٢٨٥٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يبِعْ حَاضِرٌ لِبَادٍ دَعُوا النَّاسَ يَرْزُقُ اللَّهُ بَعْضَهُمْ من بعض» . رَوَاهُ مُسلم

2852. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई शहरी, किसी देहाती का माल फरोख्त न करे, लोगो को (अपने हाल पर) छोड़ दो, अल्लाह तआला बाज़ के ज़रिए बाज़ को रीज़्क फराहम करता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (20 / 1522)، (3826)

٢٨٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ لِبْسَتَيْنِ وَعَنْ بَيْعَتَيْنِ: نَهَى عَنِ الْمُلَامَسَةِ والمُنابذَةِ فِي البيعِ وَالْمُلَامَسَةُ: لَمْسُ الرَّجُلِ ثَوْبَ الْآخَرِ بِيَدِهِ بِاللَّيْلِ أَو بالنَّهارِ وَلَا يقْلِبُه إِلَّا بِذَلِكَ وَالْمُنَابَذَةُ: أَنْ يَنْبِذَ الرَّجُلُ إِلَى الرَّجُلِ بِثَوْبِهِ وَيَنْبِذَ الْآخَرُ ثَوْبَهُ وَيَكُونُ ذَلِكَ بَيْعَهُمَا عَنْ غَيْرِ نَظَرٍ وَلَا تَرَاضٍ وَاللِّبْسَتَيْنِ: اشْتِمَالُ الصَّمَّاءِ وَالصَّمَّاءُ: أَنْ يَجْعَلَ ثَوْبَهُ عَلَى أَحَدِ عَاتِقَيْهِ فَيَبْدُوَ أَحَدُ شِقَّيْهِ لَيْسَ عَلَيْهِ ثَوْبٌ وَاللِّبْسَةُ الْأُخْرَى: احْتِبَاؤُهُ بِثَوْبِهِ وَهُوَ جَالِسٌ ليسَ على فرجه مِنْهُ شَيْء

2853. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दो तरह के पहनावों और दो तरह की

तिजारत से मना फ़रमाया है, आप ﷺ ने बेअ मलामस और मुनाज़ब से मना फ़रमाया, मलामस यह है कि आदमी दिन या रात के वक़्त किसी दुसरे शख़्स के कपड़े को हाथ से छुता है और इसे उलट पलट कर के नहीं देखता और पस इस तरह बेअ हो जाती है, जबके मनाबज़ाह यह है कि आदमी अपना कपड़ा दुसरे शख़्स की तरफ और वह अपना कपड़ा इस पहले शख़्स की तरफ फेकता है और बस इसी तरह बिन देखे और बगैर रज़ामंदी के बेअ हो जाती है, और दो पहनावे यह है उन में से एक “ اشْتِمَالُ الصَّمَّاءِ (इश्तेमाल अल अस्माअ)” है और वह यह है कि वह अपना कपड़ा अपने किसी एक कंधे पर रखे और उस का एक पहलु ज़ाहिर रहे जिस पर कोई कपड़ा न हो, और दूसरा पहनावा यह है कि गोठ मार कर इस तरह बेठना के इस कपड़े का कुछ भी हिस्सा उस की शर्मगाह पर न हो। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (5820) و مسلم (3 / 1512)، (3806)

٢٨٥٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عنْ بيعِ الحصاةِ وعنْ بيعِ الغَرَرِ. رَوَاهُ مُسلم

2854. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कंकरी फेंक कर बेअ करने और धोके की बेअ करने से मना फ़रमाया। (मुस्लिम)

رواہ مسلم (4 / 1513)، (3808)

٢٨٥٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بَيْعِ حَبَلِ الْحَبَلَةِ وَكَانَ بَيْعًا يَتَبَايَعُهُ أَهْلُ الْجَاهِلِيَّةِ كَانَ الرَّجُلُ يَبْتَاعُ الْجَزُورَ إِلَى أَنْ تُنتَجَ النَّاقةُ ثمَّ تُنتَجُ الَّتِي فِي بطنِها

2855. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने “ حَبَلِ الْحَبَلَةِ (हबल इल हबला)” की बैअ से मना फ़रमाया, और अहल ए जाहिलियत इस तरह की बेअ किया करते थे, और वह इस तरह के आदमी इस इकरार पर ऊंटनी खरीदता के यह ऊंटनी बच्चा जनेगी और फिर जब वह बच्चा, बच्चा जनेगा तब उस की कीमत अदा करूँगा”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2143) و مسلم (5 6 / 1514)، (3809 و 3810)

٢٨٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَسْبِ الْفَحْلِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2856. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नरसे जफ्ती कराने पर उजरत लेने से मना फ़रमाया। (बुखारी)

رواہ البخاری (2284)

٢٨٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ ضِرَابِ الْجَمَلِ وَعَنْ بَيْعِ الْمَاءِ وَالْأَرْضِ لِتُحْرَثَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2857. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊंट से ऊंटनी पर जफ्ती कराने पर उजरत लेने और खेती बाड़ी के लिए दी जाने वाली ज़मीन और पानी पर उजरत लेने से मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 1565)، (4005)

٢٨٥٨ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: نهى رَسُول الله عَن بيع فضل المَاء. رَوَاهُ مُسلم

2858. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी फरोख्त करने से मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 1565)، (4004)

٢٨٥٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُبَاع فضل المَاء ليباع بِهِ الْكلأ»

2859. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी फरोख्त न किया जाए ताकि उस के ज़रिए घास फरोख्त की जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2353) و مسلم (38 / 1566)، (4008)

٢٨٦٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ عَلَى صُبْرَةِ طَعَامٍ فَأَدْخَلَ يَدَهُ فِيهَا فَنَالَتْ أَصَابِعُهُ بَلَلًا فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا صَاحِبَ الطَّعَامِ؟» قَالَ: أَصَابَتْهُ السَّمَاءُ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَفَلَا جَعَلْتَهُ فَوْقَ الطَّعَامِ حَتَّى يَرَاهُ النَّاسُ؟ مَنْ غَشَّ فَلَيْسَ مني» . رَوَاهُ مُسلم

2860. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ अनाज के एक ढेर के पास से गुज़रे तो आप ने अपना हाथ उस में दाखिल किया तो आप की उंगलिया नम हो गई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अनाज वाले यह क्या है ?” उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस पर बारिश हो गई थी आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने इसे अनाज के ऊपर क्यों न किया ताकि लोग जान लेते (जान लो) जिस शख़्स ने धोका दिया वह मुझ से नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (164 / 102)، (284)

بَابُ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا مِنَ الْبُيُوعِ • ममनू बै(तिजारत) का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٨٦١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الثُّنْيَا إِلَّا أَنْ يُعلمَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2861. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गैर (मुईन अशियाअ में) इस्तसना करने से मना फ़रमायाm अलबत्ता अगर वह (मुस्तसना चीज़) मालुम हो तो जाईज़ है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1290 وقال : حسن صحيح غريب)

٢٨٦٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الْعِنَبِ حَتَّى يَسْوَدَّ وَعَنْ بَيْعِ الْحَبِّ حَتَّى يَشْتَدَّ هَكَذَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ عَنْ أَنَسٍ. وَالزِّيَادَة الَّتِي فِي المصابيح وَهُوَ قولُه: نهى عَن بيْعِ التَمْرِ حَتَّى تزهوَ إِنَّما ثبتَ فِي رِوَايَتِهِمَا: عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى عَنْ بَيْعِ النَّخْلِ حَتَّى تَزْهُوَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

2862. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अंगूरों की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह (पक कर) सियाह हो जाए और दानो (गल्ला अनाज वगैरा) की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह (पक कर) सख्त हो जाए"| इमाम तिरमिज़ी और अबू दावुद ने इसे इसी तरह रिवायत किया है इन दोनों के यहाँ (अनस (र)) से मरवी रिवायत में यह अल्फाज़ नहीं है, आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, अलबत्ता इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरवी रिवायत में यह अल्फाज़ है आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, और यह इज़ाफा जो मसाबिह में है वह यह अल्फाज़ है की आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, अलबत्ता इन दोनों की इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरवी रिवायत में मज्कुरह अल्फाज़ मौजूद है: "आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए", और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (सहीह)

سنده صحيح ، رواه الترمذی (1228) و ابوداؤد (3371) [و ابن ماجه : 2217] * و ذکره البغوی فی مصابیح السنة (الزيادة الاولى 2 / 330 ح 2095) [و رواه البخاری (2195) و مسلم (15 / 1555)، (3977) الرواية الثانية عن ابن عمر] و رواه البخاری (2247 ، 2248) و مسلم (50 / 1535)

٢٨٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم نهى عَن بيع الكالئ بالكالئ. رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

2863. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हा से मरवी है के नबी ﷺ ने क़र्ज़ के साथ क़र्ज़ की बेअ को ममनूअ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنی (3 / 71 71) [و البیهقی 5 / 290] * فيه موسى بن عقبة (!) وهو خطاو الصواب ابو عبدالعزيز موسى بن عبيدة الربذی (وهو ضعيف)

٢٨٦٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الْعُرْبَانِ. رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2864. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बयाना ले कर बेअ करने से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 609 ح 1331) و ابوداؤد (3502) و ابن ماجه (2192 2193)

٢٨٦٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيْعِ المضطرِّ وعنْ بيْعِ الغَرَرِ وَعَنْ بَيْعِ الثَّمَرَةِ قَبْلَ أَنْ تُدْرِكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2865. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मजबूरो बे बस शख़्स की बेअ से, धोके की बेअ से और फलों की बेअ से उस से पहले के वह पक जाए मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداو7د (3382) * شیخ من بنی تمیم : مجهول ، کما قال الخطابی و غیره الحدیث ضعفه البغوی

٢٨٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ كِلَابٍ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَسْبِ الْفَحْلِ فَنَهَاهُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نُطْرِقُ الْفَحْلَ فَنُكْرَمُ فَرَخَّصَ لَهُ فِي الْكَرَامَةِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2866. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कलाब कबिले के एक आदमी ने नर से जफ्ती कराने की उजरत के बारे में नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने इसे मना किया, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम तो जफ्ती कराते है लेकिन (बिन मांगे) हदिया के तौर पर हमें नवाज़ा जाता है, आप ﷺ ने इसे हदियतन रखने की इजाज़त दे दि| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1274 وقال : حسن غریب)

٢٨٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْ حَكِيمِ بْنِ حِزَامٍ قَالَ: نَهَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَبِيعَ مَا ليسَ عندِي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ فِي رِوَايَةٍ لَهُ وَلِأَبِي دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ: قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ يَأْتِينِي الرَّجُلُ فَيُرِيدُ مِنِّي الْبَيْعَ وَلَيْسَ عِنْدِي فَأَبْتَاعُ لَهُ مِنَ السُّوقِ قَالَ: «لَا تبِعْ مَا ليسَ عندَكَ»

2867. हकिम बिन हिज़ाम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ऐसी चीज़ बेचने से मुझे मना फ़रमाया जो मेरे पास मौजूद न हो| तिरमिज़ी, तिरमिज़ी की एक दूसरी रिवायत और अबू दावुद और निसाई की एक रिवायत में है, वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! कोई आदमी मेरे पास आता है और मुझ से कोई चीज़

खरीदना चाहता है, लेकिन वह मेरे पास नहीं होती तो में उसे बाज़ार से खरीद देता हूँ, (तो क्या यह जाईज़ है ?) आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो चीज़ तेरे पास न हो इसे न बेच”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1232 1233 وقال : حسن) و ابوداؤد (3503) و النسائی (7 / 289 ح 4717) و الرواية الثانية فی مصابيح السنة (2101)

٢٨٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعَتَيْنِ فِي بيعةٍ. رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2868. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक बेअ में दो बैअ से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 663 ح 1404) و الترمذی (1231 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3461) و النسائی (7 / 296 297 ح 4636)

٢٨٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعَتَيْنِ فِي صَفْقَةٍ وَاحِدَةٍ. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2869. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक ही मर्तबा दो बैअ से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 144 ح 2112) [و البیهقی 5 / 343] و انظر الحدیث الآتی :2870

٢٨٧٠ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ سَلَفٌ وَبَيْعٌ وَلَا شَرْطَانِ فِي بَيْعٍ وَلَا رِبْحُ مَا لَمْ يضمن وَلَا بيع مَا لَيْسَ عِنْدَكَ» . [ص:٨٦ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا صَحِيح

2870. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ना क़र्ज़ और बेअ (एक साथ) जाईज़ है न एक बेअ में दो शर्ते, और ना ही इस चिज़ का मुनाफा जाईज़ है जिस का ज़ामिन नहीं और इस चीज़ की बेअ भी जाईज़ नहीं जो तेरे पास नहीं”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1234) و ابوداؤد (3504) و النسائی (7 / 288 ح 4615)

٢٨٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كُنْتُ أَبِيعُ الْإِبِلَ بالنقيع بِالدَّنَانِيرِ فآخذ مَكَانهَا الدراهم وأبيع بِالدَّرَاهِمِ فَآخُذُ مَكَانَهَا الدَّنَانِيرَ فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «لَا بَأْسَ أَنْ تَأْخُذَهَا بِسِعْرِ يَوْمِهَا مَا لَمْ تَفْتَرِقَا وَبَيْنَكُمَا شَيْءٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

2871. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं मक़ाम नकीअ पर ऊटों को दिनारो के बदले बेचा करता था

और उनकी जगह दिरहम वुसुल करता था, और कभी दिरहमो में बेचता और उनकी जगह दीनार वुसुल करता था, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम इसी रोज़ की कीमत वुसुल करो, और जब तुम दोनों जुदा हो तो तुम्हारे दरमियान लेन देन बाकी न हो तो उस में कोई हरज नहीं”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1242) و ابوداؤد (3354) و النسائی (7 / 281 282 ح 4586) و الدارمی (2 / 259 ح 2584)

٢٨٧٢ - (حسن) وَعَنِ الْعَدَّاءِ بْنِ خَالِدِ بْنِ هَوْذَةَ أَخْرَجَ كِتَابًا: هَذَا مَا اشْتَرَى الْعَدَّاءُ بْنُ خَالِدِ بْنِ هَوْذَةَ مِنْ مُحَمَّدٍ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اشْترى مِنْهُ عبدا أَو أمة لَا دَاءَ وَلَا غَائِلَةَ وَلَا خِبْثَةَ بَيْعَ الْمُسْلِمِ الْمُسْلِمَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

2872. अद्दाअ बिन खालिद बिन हवज़त रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने एक तहरीर निकाली (जिस की इबारत यूँ थी) यह तहरीर इस चीज़ से मुत्तल्लिक है जो अद्दाअ बिन खालिद बिन हवज़त ने अल्लाह के रसूल मुहम्मद ﷺ से गुलाम या लौंडी खरीदी, उस में कोई बीमारी है ना इसे कोई बुरी आदत है और कोई अख्लाकी बुराई, और यह मुसलमान की मुसलमान से बेअ है”। तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है। (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1216)

٢٨٧٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَاعَ حِلْسًا وَقَدَحًا فَقَالَ: «مَنْ يَشْتَرِي هَذَا الحلس والقدح؟» فَقَالَ رجل: آخذهما بِدِرْهَمٍ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَزِيدُ عَلَى دِرْهَمٍ؟» فَأَعْطَاهُ رَجُلٌ دِرْهَمَيْنِ فَبَاعَهُمَا مِنْهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2873. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक कम्बल और प्याला बेचने का इरादा किया तो फ़रमाया: “इस कम्बल और प्याले को कौन खरीदता है ?” एक आदमी ने अर्ज़ किया, मैं इन दोनों को एक दिरहम में खरीदता हूँ, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “एक दिरहम से ज़्यादा कौन देता है ?” चुनांचे एक आदमी ने दो दिरहम के अवज़ उन्हें आप ﷺ से खरीद लिया। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1218 وقال : حسن) و ابوداؤد (1641) و ابن ماجه (2198)

بَابُ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا مِنَ الْبُيُوعِ • ममनू बै(तिजारत) का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ وَاثِلَةَ بْنِ الْأَسْقَعِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من بَاعَ عَيْبا لَمْ يُنَبِّهْ لَمْ يَزَلْ فِي مَقْتِ اللَّهِ أَوْ لَمْ تَزَلِ الْمَلَائِكَةُ تَلْعَنُهُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

2874. वासिला बिन अस्कअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स कोई ऐब नुक्स वाली चीज़ बेचता है और उस के मुत्तल्लिक बताता नहीं तो वह अल्लाह की नाराज़ी में रहता है या फ़रिश्ते उस पर लानत भेजते रहते है”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابن ماجه (2247) * بقية مدلس و عنعن و له علة أخرى

بَابُ [في البيع المشروط] • मशुरत तिजारत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٨٧٥ - (صَحِيحٌ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ابْتَاعَ نَخْلًا بَعْدَ أَنْ تُؤَبَّرَ فَثَمَرَتُهَا لِلْبَائِعِ إِلَّا أَنْ يَشْتَرِطَ الْمُبْتَاعُ وَمَنِ ابْتَاعَ عَبْدًا وَلَهُ مَالٌ فَمَالُهُ لِلْبَائِعِ إِلَّا أَنْ يَشْتَرِطَ الْمُبْتَاعُ» . رَوَاهُ مُسلم وروى الْبُخَارِيّ الْمَعْنى الأول وَحده

2875. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स ताबीर (पेवंद) के बाद खजूर का दरख्त ख़रीदा तो अगर खरीदार शर्त काइम न करे तो उस का फल बेचने वाले का है, और जो शख़्स कोई गुलाम बेचे और उस का कुछ माल हो तो वह माल बेचने वाले का है, इल्ला यह कि खरीदार उस की शर्त काइम कर ले”। मुस्लिम, और इमाम बुखारी रहीमा उल्लाह ने सिर्फ पहला हिस्सा ही बयान किया है। (मुस्लिम)

رواه مسلم (80 / 1543)، (3905) و البخاری (2379)

٢٨٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّهُ كَانَ يَسِيرُ عَلَى جَمَلٍ لَهُ قد أعيي فَمَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِهِ فَضَرَبَهُ فَسَارَ سَيْرًا لَيْسَ يَسِيرُ مِثْلَهُ ثُمَّ قَالَ: «بِعْنِيهِ بِوُقِيَّةٍ» قَالَ: فَبِعْتُهُ فَاسْتَثْنَيْتُ حُمْلَانَهُ إِلَى أَهْلِي فَلَمَّا قَدِمْتُ الْمَدِينَةَ أَتَيْتُهُ بِالْجَمَلِ وَنَقَدَنِي ثَمَنَهُ وَفِي رِوَايَةٍ فَأَعْطَانِي ثَمَنَهُ وَرَدَّهُ عَلَيَّ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ أَنَّهُ قَالَ لِبِلَالٍ: «اقْضِهِ وَزِدْهُ» فَأَعْطَاهُ وَزَادَهُ قِيرَاطًا

2876. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह एक ज़ाती ऊंट पर सफ़र कर रहे थे जो के थक चूका था, इसी

असना में नबी ﷺ उस के पास से गुज़रे तो आप ने इसे मारा तो वह यूँ चलने लगा के वह पहले कभी ऐसे नहीं चलता था, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे एक उकिय्यह के बदले में मुझे बेच दो”, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैंने इसे बेच दिया अलबत्ता मैंने अपने अहल व अयाल तक पहुँचने की मुहलत ले ली, जब में मदीना पहुंचा तो मैं ऊंट ले कर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ने उस की कीमत मुझे अदा कर दी, और एक दूसरी रिवायत में है में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने उस की कीमत भी अदा कर दी और वह ऊंट भी वापिस कर दिया| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह बुखारी की दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु को फ़रमाया: “इसे कीमत अदा कर दो और ज़्यादा भी दो”, उन्होंने मुझे कीमत भी अदा की और एक किरात मज़ीद अता किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2718 ، 2967) و مسلم (109 111 / 715)، (4098 و 4101)

٢٨٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: جَاءَتْ بَرِيرَةُ فَقَالَتْ: إِنِّي كَاتَبْتُ عَلَى تِسْعِ أَوَاقٍ فِي كُلِّ عَامٍ وُقِيَّةٌ فَأَعِينِينِي فَقَالَتْ عَائِشَةُ: إِنْ أَحَبَّ أَهْلُكِ أَنْ أَعُدَّهَا لَهُمْ عُدَّةً وَاحِدَةً وَأُعْتِقَكِ فَعَلْتُ وَيَكُونُ وَلَاؤُكِ لِي فَذَهَبَتْ إِلَى أَهْلِهَا فَأَبَوْا إِلَّا أَنْ يَكُونَ الْوَلَاءُ لَهُمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خُذِيهَا وَأَعْتِقِيهَا» ثُمَّ قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي النَّاسِ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «أَمَّا أبعد [ص:٨٧ فَمَا بَالُ رِجَالٍ يَشْتَرِطُونَ شُرُوطًا لَيْسَتَ فِي كِتَابِ اللَّهِ مَا كَانَ مِنْ شَرْطٍ لَيْسَ فِي كِتَابِ اللَّهِ فَهُوَ بَاطِلٌ وَإِنْ كَانَ مِائَةَ شَرْطٍ فَقَضَاءُ اللَّهِ أَحَقُّ وَشَرْطُ اللَّهِ أَوْثَقُ وَإِنَّمَا الْوَلَاءُ لِمَنْ أَعْتَقَ»

2877. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, बरिरा रदी अल्लाहु अन्हुमा आई तो उन्होंने कहा: मैंने नौ अवाक् पर (आज़ादी हासिल करने के लिए) किताबत की है, और हर साल एक अवाक् देना है, लिहाज़ा आप रदी अल्लाहु अन्हु मेरी मदद फरमाइए, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: अगर तुम्हारे मालिक पसंद करे तो मैं यह रकम एक ही मर्तबा अदा कर देती हूँ, और तुम्हें आज़ाद करा देती हूँ लेकिन तुम्हार वीला (विरासत) मेरी होगी, वह अपने मालिको के पास गई तो उन्होंने इन्कार कर दिया और कहा बोला इन के लिए होगी, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे खरीद कर आज़ाद कर दो”, फिर आप लोगो से ख़िताब करने के लिए खड़े हुए, आप ﷺ ने अल्लाह तआला की हम्द व सना बयान की फिर फ़रमाया: “अम्मा बाद! लोगो को किया हुआ की वह ऐसी शर्ते लगाते है जो अल्लाह की किताब में नहीं है, और जो शर्त अल्लाह की किताब में न हो ख्वाह वह सौ शर्ते हो, तो वह बातिल है, अल्लाह की कज़ा ज़्यादा हक़ रखती है, और अल्लाह की शर्त ज़्यादा मोतबर है, विला आज़ाद करने वाले का हक़ है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه رواه البخارى (2168) و مسلم (6 / 1504)، (3777)

٢٨٧٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيع الْوَلَاء وَعَن هِبته

2878. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ वीला को फरोख्त करने और इसे हिब्बा करने से मना फ़रमाया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2535) ومسلم (16 / 1506)، (3788)

मशुरत तिजारत का बयान

بَابُ [في البيع المشروط] •

दूसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّانِي •

٢٨٧٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مَخْلَدِ بْنِ خُفَافٍ قَالَ: ابْتَعْتُ غُلَامًا فَاسْتَغْلَلْتُهُ ثُمَّ ظَهَرْتُ مِنْهُ عَلَى عَيْبٍ فَخَاصَمْتُ فِيهِ إِلَى عُمَرَ بْنِ عَبْدِ الْعَزِيزِ فَقَضَى لِي بِرَدِّهِ وَقَضَى عَلَيَّ بِرَدِّ غَلَّتِهِ فَأَتَيْتُ عُرْوَةَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: أَرُوحُ إِلَيْهِ الْعَشِيَّةَ فَأُخْبِرُهُ أَنَّ عَائِشَةَ أَخْبَرَتْنِي أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي مِثْلِ هَذَا: أَنَّ الْخَرَاجَ بِالضَّمَانِ فَرَاحَ إِلَيْهِ عُرْوَةُ فَقَضَى لِي أَنْ آخُذَ الْخَرَاجَ مِنَ الَّذِي قَضَى بِهِ عَلَيَّ لَهُ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

2879. मखलद बिन खुफ्फाफ बयान करते हैं, मैंने एक गुलाम ख़रीदा तो मैंने उस से आमदनी हासिल की फिर मुझे उस के एक नुक्स का पता चला तो मैं उस का मुकदमा उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहीमा उल्लाह के पास ले गया तो उन्होंने इसे वापिस करने का फैसला मेरे हक़ में किया और उस से हासिल होने वाली आमदनी वापिस लौटाने का फैसला मेरे खिलाफ किया, मैं उरवा रहीमा उल्लाह के पास गया, और उन्हें सारा वाकिया बयान किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: में पिछले पहर उन के पास जाऊंगा और उन्हें बताऊंगा के आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने मुझे बताया की रसूलुल्लाह ﷺ ने इस तरह के मुआमले का फैसला किया के खराज, ज़मान के बदले में है, उरवा रहीमा उल्लाह पिछले पहर उन के पास गए (और उन्हें बताया) तो उन्होंने मेरे हक़ में फैसला किया की मैं इस शख़्स से वह खराज की रकम वापिस ले लूँ जो उन्होंने मुझ से ले कर इसे दिलवाई थी| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 164 بعد ح 2119) [و ابوداؤد (3508) و الترمذی (1285 1286) و ابن ماجه (2242)]

٢٨٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اخْتَلَفَ الْبَيِّعَانِ فَالْقَوْلُ قَوْلُ الْبَائِعِ وَالْمُبْتَاعُ بِالْخِيَارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيِّ قَالَ: «الْبَيِّعَانِ إِذَا اخْتَلَفَا وَالْمَبِيعُ قَائِمٌ بِعَيْنِهِ وَلَيْسَ بَيْنَهُمَا بَيِّنَةٌ فَالْقَوْلُ مَا قَالَ الْبَائِعُ أَو يترادان البيع»

2880. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब खरीदो फरोख्त करने वालो के दरमियान इख्तिलाफ हो जाए तो बेचने वाले की बात मोतबर होगी, जबके खरीदार को इख़्तियार हासिल होगा| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और दारमी की रिवायत में है, फ़रमाया: “जब खरीदो फरोख्त करने वालो के दरमियान इख्तिलाफ हो जाए जबके फरोख्त शुदा चीज़ वैसे ही मौजूद हो और इन दोनों के पास कोई सबूत न हो तो बेचने वाले की बात मोतबर हो, या फिर वह बेअ वापिस कर देंगे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1270) و ابن ماجه (2186) و الدارمی (2 / 250 ح 2552)

٢٨٨١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَقَالَ مُسْلِمًا [ص:٨٧ أقاله اللَّهُ عَثْرَتَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَفِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» بِلَفْظِ «الْمَصَابِيحِ» عَن شُرَيْح الشَّامي مُرْسلا

2881. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी मुसलमान की बेअ वापिस कर दे तो रोज़ ए क़यामत अल्लाह तआला उस की लग्ज़िश मुआफ़ फरमादेगा”। अबू दावुद, इब्ने माजा जबके शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ के साथ शरीह शामी रहीमा उल्लाह से मुरसल रिवायत है। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3460) و ابن ماجه (2199) و البغوى فى شرح السنة (8 / 161 ح 2117) * الاعمش مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

بَابُ [في البيع المشروط] • मशुरत तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: " اشْترى رَجُلٌ مِمَّنْ كَانَ قَبْلَكُمْ عَقَارًا مِنْ رَجُلٍ فَوَجَدَ الَّذِي اشْتَرَى الْعَقَارَ فِي عَقَارِهِ جَرَّةً فِيهَا ذَهَبٌ فَقَالَ لَهُ الَّذِي اشْتَرَى الْعَقَارَ: خُذْ ذَهَبَكَ عَنِّي إِنَّمَا اشْتَرَيْتُ الْعَقَارَ وَلَمْ أَبْتَعْ مِنْكَ الذَّهَبَ. فَقَالَ بَائِعُ الْأَرْضِ: إِنَّمَا بِعْتُكَ الْأَرْضَ وَمَا فِيهَا فَتَحَاكَمَا إِلَى رَجُلٍ فَقَالَ الَّذِي تَحَاكَمَا إِلَيْهِ: أَلَكُمَا وَلَدٌ؟ فَقَالَ أَحَدُهُمَا: لِي غُلَامٌ وَقَالَ الآخر: لِي جَارِيَة. فَقَالَ: أَنْكِحُوا الْغُلَامَ الْجَارِيَةَ وَأَنْفِقُوا عَلَيْهِمَا مِنْهُ وَتَصَدَّقُوا "

2882. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पहले ज़माने में एक आदमी ने दुसरे आदमी से ज़मीन ख़रीदी तो जिस शख़्स ने ज़मीन खरीदी थी उस ने ज़मीन में एक घड़ा पाया जिस में सोना था, जिस शख़्स ने ज़मीन खरीदी थी उस ने इसे कहा तुम अपना सोना मुझ से ले लो क्योंकि मैंने तो तुम से सिर्फ ज़मीन खरीदी थी, सोना नहीं ख़रीदा था, ज़मीन बेचने वाले ने कहा: मैंने ज़मीन और जो कुछ इस में है सब तुम्हें बेच दिया था, वह दोनों अपना मुकदमा एक आदमी के पास ले गए तो, जिस आदमी के पास वह मुकदमा ले कर गए थे, उस ने कहा क्या तुम्हारी औलाद है ? उन में से एक ने कहा मेरा एक लड़का है और दुसरे ने कहा मेरी एक लड़की है, तो इस आदमी ने कहा लड़के की लड़की से शादी कर दो, और इस (माल) को इन दोनों पर खर्च कर दो और उस में से कुछ सदका कर दो”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2472) و مسلم (21 / 1721)، (4497)

सुलमी सोदा और रहन का बयान
بَاب السّلم وَالرَّهْن •

पहली फस्ल
الْفَصْل الأول •

٢٨٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ وَهُمْ يُسْلِفُونَ فِي الثِّمَارِ السَّنَةَ وَالسَّنَتَيْنِ وَالثَّلَاثِ فَقَالَ: «مَنْ سلف فِي شَيْءٍ فَلْيُسْلِفْ فِي كَيْلٍ مَعْلُومٍ وَوَزْنٍ مَعْلُوم إِلَى أجل مَعْلُوم»

2883. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो वह लोग फलों के बारे में, साल, दो साल और तीन साल के लिए बेअ सलम किया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी चीज़ में बेअ सलम करे तो वह तै शुदा नाप वज़न और तै शुदा मुद्दत के लिए बेअ सलम (किसी चीज़ की पेशगी रकम दे कर) करे| (मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2239) و مسلم (127 / 1604)، (4118)

٢٨٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتِ: اشْتَرَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَعَامًا من يَهُودِيٍّ إِلَى أَجَلٍ وَرَهَنَهُ دِرْعًا لَهُ مِنْ حَدِيد

2884. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक यहूदी से एक मुद्दत के लिए गल्ला लिया और आप ﷺ ने अपने लोहे की ज़िराह उस के पास गिरवी रखी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2068) و مسلم (126 / 1603)، (4116)

٢٨٨٥ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: تُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَدِرْعُهُ مَرْهُونَةٌ عِنْدَ يَهُودِيٍّ بِثَلَاثِينَ صَاعا من شعير. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2885. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने वफात पाई तो आप की ज़िराह तीस साअ जौ के अवज़ एक यहूदी के पास गिरवी थी| (बुखारी)

رواہ البخاری (2916)

٢٨٨٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الظَّهْرُ يُرْكَبُ بِنَفَقَتِهِ إِذَا كَانَ مَرْهُونًا وَلَبَنُ الدَّرِّ يُشْرَبُ بِنَفَقَتِهِ إِذَا كَانَ مَرْهُونًا وَعَلَى الَّذِي يركب وَيشْرب النَّفَقَة» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2886. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब सवारी का जानवर गिरवी हो

तो बकदर खर्च उस पर सवारी की जा सकती है, और अगर दूध वाला जानवर गिरवी हो तो बकदर खर्च उस का दूध पिया जा सकता है, और जो शख़्स सवारी करता है और दूध पीता है, इसी के ज़िम्मा खर्च है"। (बुखारी)

رواه البخاری (2512)

सुलमी सोदा और रहन का बयान • بَاب السّلم وَالرَّهْن

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٨٨٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَغْلَقُ الرَّهْنُ الرَّهْنَ مِنْ صَاحِبِهِ الَّذِي رَهَنَهُ لَهُ غنمه وَعَلِيهِ غرمه» . رَوَاهُ الشَّافِعِي مُرْسلا

2887. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "गिरवी मर्हुना चीज़ को उस के मालिक से, जिस ने इसे गिरवी रखा है, नहीं रोक सकता उस का फ़ायदा भी इसी (मालिक) को होगा और उस का नुक्सान भी इसी को होगा"। इमाम शाफ़ई रहीमा उल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है इसनाद जईफ। (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الشافعی فی الام (3 / 186 167) * السند مرسل و انظر الحدیث الآتی (2888)

٢٨٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ مثله أَو مثل مَعْنَاهُ لَا يُخَالف عَنهُ عَن أبي هُرَيْرَة مُتَّصِلا

2888. इस रिवायत की मिस्ल या उस के मानी का मिसल जो उस के मुखालिफ नहीं, हज़रत अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मुतस्सिल रिवायत भी है। (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابن ماجه (2441) * الزهری مدلس و عنعن فالسند غیر متصل و انظر الحدیث السابق (2887)

٢٨٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمِكْيَالُ مِكْيَالُ أَهْلِ الْمَدِينَةِ وَالْمِيزَانُ مِيزَانُ أَهْلِ مَكَّةَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

2889. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "नाप अहले मदीना का मोतबर है, जबकि वज़न अहले मक्का का मोतबर है"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3340) و النسائی (5 / 54 ح 2521 ، 4598) * سفیان الثوری مدلس و عنعن و تابعه المدلس الولید بن مسلم و عنعن

٢٨٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَصْحَابِ الْكَيْلِ وَالْمِيزَانِ: «إِنَّكُمْ قَدْ وُلِّيتُمْ أَمْرَيْنِ هَلَكَتْ فِيهِمَا الْأُمَمُ السَّابِقَة قبلكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2890. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नापतोल वालो को फ़रमाया: "बिलाशुबा दो काम तुम्हारे ज़िम्मा ऐसे लगाए गए है जिन (में कमी बेशी) की वजह से तुम से पहली कौमे हलाकत का शिकार हुई"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (1217) * فيه حسين بن قيس الواسطى : متروک

باب السّلم وَالرَّهْن • सुलमी सोदा और रहन का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٩١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَسْلَفَ فِي شَيْءٍ فَلَا يَصْرِفْهُ إِلَى غَيْرِهِ قَبْلَ أَنْ يَقْبِضَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2891. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी चीज़ के बारे में बेअ सलम करे तो वह उस पर कब्ज़े करने से पहले इसे किसी और को न दे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3468) و ابن ماجه (2283) * عطية العوفى ضعيف و مدلس

ज़खीरा अन्देज़ी का बयान • بَاب الاحتكار

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٢٨٩٢ - (صَحِيح) عَن معمر قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَكَرَ فَهُوَ خَاطِئٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ «كَانَتْ أَمْوَالُ بَنِي النَّضِيرِ» فِي بَابِ الْفَيْءِ إِنْ شَاءَ الله تَعَالَى

2892. मअमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स ज़खीरा अन्दोज़ी करता है वह गुनाहगार है", और हम उमर रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: "बनू नज़ीर के अमवाल" को इंशाअल्लाह तआला बाब अल्फी में ज़िक्र करेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (129 / 1605)، (4122) 0 حديث عمر ياتى (4056)

ज़खीरा अन्देज़ी का बयान • بَاب الاحتكار

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٢٨٩٣ - (ضَعِيف) عَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَالِبُ مَرْزُوقٌ والمحتكر مَلْعُون» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه والدارمي

2893. उमर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "(बाज़ार में) गल्ला लाने वालो को रीज़्क दिया जाता है, जबके ज़खीरा अन्दोज़ मलउन है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2153) و الدارمى (2 / 249 ح 2548) * على بن سالم : ضعيف و على بن زيد بن جدعان ضعيف مشهور

٢٨٩٤ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: غَلَا السِّعْرُ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ سَعِّرْ لَنَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ هُوَ الْمُسَعِّرُ الْقَابِضُ الْبَاسِطُ الرَّازِقُ وَإِنِّي لَأَرْجُو أَنْ أَلْقَى رَبِّي وَلَيْسَ أحد مِنْكُم يطلبني بمظلة بِدَمٍ وَلَا مَالٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه وَالدَّارِمِيُّ

2894. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के ज़माने में कीमते चढ़ गई तो सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप हमारे लिए कीमते मुकर्रर फरमादे, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "बेशक अल्लाह ही कीमते मुकर्रर करने वाला है, वही तंगी व कुशादगी का मालिक और रीज़्क देने वाला है, और मैं उम्मीद करता हूँ की मैं इस हाल में अपने रब से मुलाकात करू के तुम में से कोई खून और माल के मुत्तल्लिक मुझ से मुतालबा न करता हो"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1314 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (3451) و ابن ماجه (2200) و الدارمى (2 / 249 ح 2548)

ज़खीरा अन्देज़ी का बयान • بَاب الاحتكار

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٢٨٩٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنِ احْتَكَرَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ طَعَامَهُمْ ضَرَبَهُ اللَّهُ بِالْجُذَامِ وَالْإِفْلَاسِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَرَزِينٌ فِي كِتَابِهِ

2895. उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स मुसलमानों पर गल्ला रोक दे (ज़खीरा अन्दोज़ी करे) तो अल्लाह उस पर जज़ाम का मर्ज़ और अफ्लास मुसल्लत कर देता है"। इब्ने माजा बयहकी की शौबुल ईमान और रजिन ने इसे अपने किताब में रिवायत किया है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2155) و البيهقى فى شعب الايمان (11218) و رزين (لم اجده) * و صححه البوصيرى و المنذرى :'' هذا اسناد جيد متصل و رواته ثقات '' و حسنه ابن حجر فى الفتح (4 / 348)

٢٨٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَكَرَ طَعَامًا أَرْبَعِينَ يَوْمًا يُرِيدُ بِهِ الْغَلَاءَ فَقَدْ بَرِئَ مِنَ اللَّهِ وَبَرِئَ اللَّهُ مِنْهُ» . رَوَاهُ رَزِينٌ

2896. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स कीमत बढ़ाने के लिए चालीस रोज़ तक ज़खीरा अन्दोज़ी करता है तो वह अल्लाह से ला ताअल्लूक हुआ, और अल्लाह तआला उस से ला ताअल्लूक हुआ"। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه رزين (لم اجده) [و احمد 2 / 33 بلفظ مختلف نحوا المعنى] * فيه ابو بشر (الاملوكى) صاحب ابى الزاهرية : ضعيف

٢٨٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاذٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " بِئْسَ الْعَبْدُ الْمُحْتَكِرُ: إِنْ أَرْخَصَ اللَّهُ الْأَسْعَارَ حَزِنَ وَإِنْ أَغْلَاهَا فَرِحَ ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَرَزِينٌ فِي كِتَابِهِ

2897. मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "ज़खीरा अन्दोज़ शख़्स बहोत बुरा है, अगर अल्लाह कीमते कम कर देता है तो वह ग़मगीन हो जाता है, और अगर वह उन्हें बढ़ा देता है तो खुश हो जाता है"। बयहकी की शौबुल ईमान, और रजिन ने इसे अपने किताब में बयान किया है। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (11215) و رزين (لم اجده) * السند منقطع و فيه بن بقية عن ابيه عن ثور بن يزيد به و بقية لم يصرح بالسماع

٢٨٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ احْتَكَرَ طَعَامًا أَرْبَعِينَ يَوْمًا ثمَّ تَصَدَّقَ بِهِ لَمْ يَكُنْ لَهُ كَفَّارَةً» . رَوَاهُ رزين

2898. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स चालीस रोज़ तक गल्ला ज़खीरा करे और फिर वह इसे सदका भी कर दे तो वह उस का कफ्फारा नहीं हो सकता"| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * و للحديث طريق موضوع لا يستشهد به ، فيه محمد بن مروان السدى كذاب ، انما ذكرته لا رد عليه (انظر الضعيفة للشيخ الالبانى رحمه الله : 859)

بَاب الإفلاس والانظار • दिवालापन और मुहलत देने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٨٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ أَفْلَسَ فَأَدْرَكَ رَجُلٌ مَالَهُ بِعَيْنِهِ فَهُوَ أَحَق بِهِ من غَيره»

2899. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स मुफलिस हो जाए और कोई आदमी अपना माल बिलकुल इसी सूरत में पा ले तो यह (माल वाला) शख़्स दुसरो की निस्बत इस माल का ज़्यादा हक़दार है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2402) و مسلم (22 / 1559)، (3987)

٢٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد قَالَ: أُصِيبَ رَجُلٌ فِي عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ثِمَارٍ ابْتَاعَهَا فَكَثُرَ دينه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَصَدَّقُوا عَلَيْهِ» فَتَصَدَّقَ النَّاسُ عَلَيْهِ فَلَمْ يَبْلُغْ ذَلِك وَفَاء دينه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِغُرَمَائِهِ «خُذُوا مَا وَجَدْتُمْ وَلَيْسَ لَكُمْ إِلَّا ذَلِك» . رَوَاهُ مُسلم

2900. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के दौर में एक आदमी को फलों की तिजारत में खसारा हुआ तो उस का क़र्ज़ बहोत ज़्यादा हो गया, इस सूरत में रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उस पर सदका करो", लोगो ने उस पर सदका किया लेकिन वह उस के क़र्ज़ की अदाइगी के बराबर न हुआ, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के क़र्ज़ ख्वाहों से फ़रमाया: "जो मिलता है ले लो तुम्हारे लिए पस यही कुछ है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1556)، (3981)

٢٩٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " كَانَ رجل يدائن النَّاسَ فَكَانَ يَقُولُ لِفَتَاهُ: إِذَا أَتَيْتَ مُعْسِرًا تجَاوز عَنهُ لَعَلَّ الله أَن يَتَجَاوَزُ عَنَّا قَالَ: فَلَقِيَ اللَّهَ فَتَجَاوَزَ عَنْهُ "

2901. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "एक आदमी क़र्ज़ दिया करता था, वह अपने मुलाज़िम से कहा करता था, जब तुम किसी तंगदस्त के पास जाओ तो उस को (क़र्ज़) मुआफ़ कर दिया करो, शायद के अल्लाह हमें मुआफ़ फरमादे, फ़रमाया उस ने अल्लाह से मुलाकात की तो उस ने इसे मुआफ़ फरमा दीया"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2078) و مسلم (31 / 1562)، (3998)

٢٩٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَرَّهُ أَنْ يُنْجِيَهُ اللَّهُ مِنْ كُرَبِ يَوْمِ الْقِيَامَةِ فَلْيُنَفِّسْ عَنْ مُعْسِرٍ أَوْ يَضَعْ عَنْهُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2902. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स को यह पसंद हो के अल्लाह इसे रोज़ ए क़यामत की तकलीफों से निजात दे दे तो वह तंगदस्त को मुहलत दे या इसे (क़र्ज़) मुआफ़ कर दे"| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (32 / 1563)، (4000)

٢٩٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَنْظَرَ مُعْسِرًا أَوْ وَضَعَ عَنْهُ أَنْجَاهُ اللَّهُ مِنْ كُرَبِ يَوْمِ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ مُسلم

2903. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स किसी तंगदस्त को मुहलत दे या इसे क़र्ज़ मुआफ़ कर दे तो अल्लाह इसे रोज़ ए क़यामत की तकलीफों से निजात दे देगा"| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (32 / 1563)، (4000)

٢٩٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الْيَسَرِ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَنْظَرَ مُعْسِرًا أَوْ وَضَعَ عَنْهُ أَظَلَّهُ اللَّهُ فِي ظِلِّهِ» . رَوَاهُ مُسلم

2904. अबू अल यसिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: जो शख़्स किसी तंगदस्त

को मुहलत दे या इस के क़र्ज़ मुआफ़ कर दे तो अल्लाह इसे अपने (अर्श के) साया में साया अता फरमाएगा"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (74 / 3006)، (7512)

٢٩٠٥ - (صَحِيح) وَعَن أبي رَافع قَالَ: اسْتَسْلَفَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَكْرًا فَجَاءَتْهُ إِبِلٌ مِنَ الصَّدَقَةِ قَالَ: أَبُو رَافِعٍ فَأَمَرَنِي أَنْ أَقْضِيَ الرَّجُلَ بَكْرَهُ فَقُلْتُ: لَا أَجِدُ إِلَّا جَمَلًا خِيَارًا رَبَاعِيًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْطِهِ إِيَّاهُ فَإِنَّ خَيْرَ النَّاسِ أَحْسَنُهُمْ قَضَاءً» . رَوَاهُ مُسلم

2905. अबी राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक नौ उमर ऊंट क़र्ज़ लिया, आप ﷺ के पास सदका के ऊंट आए तो अबी राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं इस आदमी को उस के नौ उमर ऊंट का क़र्ज़ उतार दो, मैंने अर्ज़ किया: तमाम ऊंट बेहतरीन किस्म के सात साल की उमर के है, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इसे यही दे दो क्योंकि बेहतरीन शख़्स वह है जो क़र्ज़ अदा करने में अच्छा हो"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (118 / 1600)، (4108)

٢٩٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا تَقَاضَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَغْلَظَ لَهُ فَهَمَّ أَصْحَابُهُ فَقَالَ: «دَعُوهُ فَإِنَّ لِصَاحِبِ الْحَقِّ مَقَالًا وَاشْتَرُوا لَهُ بَعِيرًا فَأَعْطُوهُ إِيَّاهُ» قَالُوا: لَا نَجِدُ إِلَّا أَفْضَلَ مِنْ سِنِّهِ قَالَ: «اشْتَرُوهُ فَأَعْطُوهُ إِيَّاهُ فَإِنَّ خَيْرَكُمْ أحسنكم قَضَاء»

2906. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से क़र्ज़ की वापसी का तकाज़ा किया तो उस ने आप ﷺ पर सख्ती की तो आप के सहाबा ने इसे मारने का इरादा किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे छोड़ दो क्योंकि साहबे हक़ (क़र्ज़ ख्वाह) बाते करने का हक़ रखता है, तुम एक ऊंट खरीद कर इसे दे दो", सहाबा ने अर्ज़ किया, उस से बड़ी उमर का ऊंट मिलता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे ही खरीद कर इसे दे दो, क्योंकि तुम में से बेहतरीन वह है जो तुम में से क़र्ज़ अदा करने में बेहतर है"। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2306) و مسلم (120 / 1601)، (4110)

٢٩٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَطْلُ الْغَنِيِّ ظُلْمٌ فَإِذَا أُتْبِعَ أحدكُم على مَلِيء فَليتبعْ»

2907. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "माल दार शख़्स का (क़र्ज़ की अदाइगी में) टाल मटोल करना जुल्म है, अगर तुम में से किसी को किसी माल दार शख़्स (यानी ज़ामिन) के पीछे

लगा दिया जाए (के उस से क़र्ज़ वुसुल कर लो) तो लग जाना चाहिए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2287) و مسلم (33 / 1564)، (4002)

٢٩٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّهُ تَقَاضَى ابْنَ أَبِي حَدْرَدٍ دَيْنًا لَهُ عَلَيْهِ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ فَارْتَفَعَتْ أَصْوَاتُهُمَا حَتَّى سَمِعَهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي بَيْتِهِ فَخَرَجَ إِلَيْهِمَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَشَفَ سِجْفَ حُجْرَتِهِ وَنَادَى كَعْبَ بْنَ مَالِكٍ قَالَ: «يَا كَعْبُ» قَالَ: لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَأَشَارَ بِيَدِهِ [ص:٨٧ أَنْ ضَعِ الشَّطْرَ مِنْ دَيْنِكَ قَالَ كَعْبٌ: قَدْ فَعَلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «قُمْ فاقضه»

2908. काब बिन मालिक से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में इब्ने अबी ह्दरद रदी अल्लाहु अन्हु से मस्जिद में अपने क़र्ज़ का मुतालबा किया तो इन दोनों की आवाज़े बुलंद हो गई हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें अपने घर में सुन लिया, रसूलुल्लाह ﷺ इन दोनों की तरफ आए हत्ता के आप ने अपने हुजरे का परदा उठाकर काब बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु को आवाज़ दी, फ़रमाया: “काब! ‘‘ उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हाज़िर हूँ, आप ने अपने हाथ से इरशाद किया के उस का आधा क़र्ज़ मुआफ़ कर दो, काब रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने कर दिया, आप ﷺ ने इब्ने अबी ह्दरद रदी अल्लाहु अन्हु से) फ़रमाया: “खड़ा हो और उस का क़र्ज़ अदा कर”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (457) و مسلم (20 / 1558)، (3984)

٢٩٠٩ - (صَحِيح) وَعَن سَلمَة بن الْأَكْوَع قَالَ: كُنَّا جُلُوسًا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ أَتِيَ بِجِنَازَةٍ فَقَالُوا: صَلِّ عَلَيْهَا فَقَالَ: «هَلْ عَلَيْهِ دَيْنٌ؟» قَالُوا: لَا فَصَلَّى عَلَيْهَا ثُمَّ أُتِيَ بِجِنَازَةٍ أُخْرَى فَقَالَ: «هَل عَلَيْهِ دين؟» قَالُوا: نعم فَقَالَ: «فَهَلْ تَرَكَ شَيْئًا؟» قَالُوا: ثَلَاثَةَ دَنَانِيرَ فَصَلَّى عَلَيْهَا ثمَّ أُتِي بالثالثة فَقَالَ: «هَلْ عَلَيْهِ دَيْنٌ؟» قَالُوا: ثَلَاثَةُ دَنَانِيرَ قَالَ: «هَلْ تَرَكَ شَيْئًا؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «صلوا على صَاحبكُم» قَالَ أَبُو قَتَادَة: صلى الله عَلَيْهِ وَسلم عَلَيْهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَعَلَيَّ دَيْنُهُ فَصَلَّى عَلَيْهِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2909. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के पास बैठे हुए थे की एक जनाज़ा लाया गया, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाइये, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, तो आप ने उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई, फिर आप के पास एक और जनाज़ा लाया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है” अर्ज़ किया गया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने कोई चीज़ तर्क छोड़ी है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, तीन दीनार, आप ने उस की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी फिर तीसरा जनाज़ा लाया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, तीन दीनार, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने कोई तर्क छोड़ा है” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, फ़रमाया: “अपने साथी की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ो”, अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाइये और उस का क़र्ज़ मेरे ज़िम्मा रहा (में अदा करूंगा) तब आप ﷺ ने उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई| (बुखारी)

رواه البخاری (2289)

٢٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَخَذَ أَمْوَالَ النَّاسِ يُرِيدُ أَدَاءَهَا أَدَّى اللَّهُ عَنْهُ وَمَنْ أَخَذَ يُرِيدُ إِتْلَافَهَا أَتْلَفَهُ اللَّهُ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2910. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बतौर क़र्ज़ लोगो का माल हासिल करता है और वह इसे अदा करना चाहता है तो अल्लाह तआला इसे अदा करने की तौफिक से नवाज़ता है, और जो शख़्स इसे तल्फ़ करने के लिए हासिल करता है तो अल्लाह तआला इसे तल्फ़ फरमादेगा”। (बुखारी)

رواه البخاری (2387)

٢٩١١ - (صَحِيح) وَعَن أبي قَتَادَة قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ صَابِرًا مُحْتَسِبًا مُقبلا غير مُدبر يكفر اللَّهُ عَنِّي خَطَايَايَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» . فَلَمَّا أَدْبَرَ نَادَاهُ فَقَالَ: «نَعَمْ إِلَّا الدَّيْنَ كَذَلِكَ قَالَ جِبْرِيلُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2911. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर में साबित कदमी से, सवाब की उम्मीद से अल्लाह की राह में दुश्मन का मुक़ाबला करते हुए शहीद हो जाऊ, तो क्या अल्लाह मेरे गुनाह मुआफ़ फरमादेगा ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ”, जब वह वापिस चला गया तो आप ﷺ ने इसे आवाज़ दी, फ़रमाया: “हां, अलबत्ता क़र्ज़ मुआफ़ नहीं होगा, जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने इसी तरह कहा है”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (117 / 1885)، (4880)

٢٩١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يُغْفَرُ لِلشَّهِيدِ كل ذَنْب إِلَّا الدّين» . رَوَاهُ مُسلم

2912. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़र्ज़ के सिवा शहीद के तमाम गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (119 / 1886)، (4883)

٢٩١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُؤْتَى بِالرَّجُلِ [ص:٨٨ الْمُتَوَفَّى عَلَيْهِ الدِّينُ فَيَسْأَلُ: «هَلْ تَرَكَ لِدَيْنِهِ قَضَاءً؟» فَإِنْ حُدِّثَ أَنَّهُ تَرَكَ وَفَاءً صَلَّى وَإِلَّا قَالَ لِلْمُسْلِمِينَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» . فَلَمَّا فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْهِ الْفُتُوحَ قَامَ فَقَالَ: «أَنَا أَوْلَى بِالْمُؤْمِنِينَ مِنْ أَنْفُسِهِمْ فَمَنْ تُوُفِّيَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ فَتَرَكَ دينا فعلي قَضَاؤُهُ وَمن ترك فَهُوَ لوَرثته»

2913. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी मकरूज़ का जनाज़ा, रसूलुल्लाह ﷺ के पास लाया जाता तो आप ﷺ फरमाते: “क्या उस ने अपने क़र्ज़ की अदाइगी के लिए कुछ छोड़ा है ?” अगर आप को बताया जाता के

उस ने जो कुछ छोड़ा है उस से क़र्ज़ अदा हो जाएगा तो आप नमाज़े जनाज़ा पढ़ाते, वरना (न पढ़ाते) मुसलमानों से कहते: “अपने साथी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ो”, जब अल्लाह तआला ने आप को फ़ुतुहात नसीब फरमाई तो आप ﷺ ने ख़िताब करते हुए फ़रमाया: “मैं मोमिनो का उनकी जानो से भी ज़्यादा हक़दार हूँ, जो मोमिन फौत हो जाए और वह मकरूज़ हो तो उस का क़र्ज़ मेरे ज़िम्मा है, और जो शख़्स माल छोड़ जाए तो वह उस के वुरसा के लिए है”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2298) و مسلم (14 / 1619)، (4157)

باب الإفلاس والانظار • दिवालापन और मुहलत देने का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩١٤ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي خَلْدَةَ الزُّرَقِيِّ قَالَ: جِئْنَا أَبَا هُرَيْرَةَ فِي صَاحِبٍ لَنَا قَدْ أَفْلَسَ فَقَالَ: هَذَا الَّذِي قَضَى فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ مَاتَ أَوْ أَفْلَسَ فَصَاحِبُ الْمَتَاعِ أَحَقُّ بِمَتَاعِهِ إِذَا وَجَدَهُ بِعَيْنِهِ» . رَوَاهُ الشَّافِعِي وَابْن مَاجَه

2914. अबू खल्दत ज़ुर्क़ी बयान करते हैं, हम अपने एक साथी जो के मुफलिस हो गया था, के बारे में अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु के पास आए तो उन्होंने ने फ़रमाया: यह इस तरह का मुआमला है जिस के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला किया “ जो शख़्स फौत हो जाए या मुफलिस हो जाए तो माल का मालिक इस माल का ज़्यादा हक़दार है जबकि वह इस माल को बिलकुल इसी हालत में पाए”। (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الشافعی فی الام (3 / 199) و ابن ماجہ (2360)

٢٩١٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وسلم: «نَفْسُ الْمُؤْمِنِ مُعَلَّقَةٌ بِدَيْنِهِ حَتَّى يُقْضَى عَنْهُ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَأَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2915. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन की रूह अपने क़र्ज़ की वजह से मुअल्लक रहती है हत्ता के वह (क़र्ज़) उस की तरफ से अदा कर दिया जाए”। (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الشافعی فی الام (1 / 279 ، 3 / 212) و احمد (2 / 440 ح 9677 ، 2 / 476 ح 10159) و الترمذی (1078 1079) و ابن ماجہ (2413) و الدارمی (2 / 262 ح2594)

٢٩١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَاحِبُ الدَّيْنِ مَأْسُورٌ بِدَيْنِهِ يَشْكُو إِلَى رَبِّهِ الْوَحْدَةَ يَوْمَ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2916. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मकरूज़ शख़्स अपने क़र्ज़ की वजह से महबूस है, वह रोज़ ए क़यामत अपने रब से तन्हाई की शिकायत करेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 203 ح 2148) * مبارک بن فضالة مدلس و عنعن و له شاهد عند ابی داود (3341) و سنده ضعیف

٢٩١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ أَنَّ مُعَاذًا كَانَ يَدَّانُ فَأَتَى غُرَمَاؤُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَاعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَالَهُ كُلَّهُ فِي دَيْنِهِ حَتَّى قَامَ مُعَاذٌ بِغَيْرِ شَيْءٍ. مُرْسَلٌ هَذَا لَفْظُ الْمَصَابِيحِ. وَلَمْ أَجِدْهُ فِي الْأُصُولِ إِلَّا فِي الْمُنْتَقى

2917. मरवी है के मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु क़र्ज़ लिया करते थे, उन के क़र्ज़ ख्वाह नबी ﷺ की खिदमत में आए (और क़र्ज़ का मुतालबा किया) तो नबी ﷺ ने उन के क़र्ज़ की अदाइगी में उनका सारा माल फरोख्त कर दिया हत्ता के मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु के पास कोई चीज़ बाकी न रही| रिवायत मुरसल है, यह अल्फाज़ मसाबिह के हैं, मैंने मुन्तका के सिवा इसे उसूल की किताबो में नहीं पाया| (ज़ईफ़)

ضعیف ، انظر الحدیث الآتی ، ذکره فی مصابیح السنة (2 / 345 ح 2145) و منتقی الاخبار (2 / 365 ح 2996)

٢٩١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ مُعَاذُ بْنُ جَبَلٍ شَابًّا سَخِيًّا وَكَانَ لَا يُمْسِكُ شَيْئًا فَلَمْ يَزَلْ يُدَانُ حَتَّى أَغْرَقَ مَالَهُ كُلَّهُ فِي الدَّيْنِ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَلَّمَهُ لِيُكَلِّمَ غُرَمَاءَهُ فَلَوْ تَرَكُوا لِأَحَدٍ لَتَرَكُوا لِمُعَاذٍ لِأَجْلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَاعَ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم مَالَهُ حَتَّى قَامَ مُعَاذٌ بِغَيْرِ شَيْءٍ. رَوَاهُ سعيد فِي سنَنه مُرْسلا

2918. अब्दुल रहमान बिन काब बिन मालिक बयान करते हैं, मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु बड़े साबिर और सखी इन्सान थे, वह कोई चीज़ पास नहीं रखते थे और हमेशा मकरूज़ रहते थे हत्ता के उनका सारा माल क़र्ज़ की अदाइगी में जाता रहा, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप से अर्ज़ किया के आप उस के क़र्ज़ ख्वाहों से सिफारिश करे, अगर वह (क़र्ज़ ख्वाह) किसी को छोड़ते तो वह रसूलुल्लाह ﷺ की खातिर मुआज़ को छोड़ते, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन (क़र्ज़ ख्वाहों) की खातिर मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु का सारा माल बेच दीया, हत्ता के मुआज़ के पास कोई चीज़ न बची| सुनन सईद बिन मनसुर यह रिवायत मुरसल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، ذکره فی منتقی الاخبار (2996) * السند مرسل و رواه الحاکم (2 / 58 ح 2348 ، 3 / 273 ح 5192) من حدیث الزهری عن عبد الرحمن بن کعب عن ابیه و صححه علی شرط الشیخین و وافقه الذهبی ، قلت : فیه الزهری مدلس و عنعن و الصواب فیه انه مرسل

٢٩١٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الشَّرِيدِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيُّ الْوَاجِدِ يُحِلُّ عِرْضَهُ وَعُقُوبَتَهُ» قَالَ ابْنُ الْمُبَارَكِ: يُحِلُّ عِرْضَهُ: يُغَلَّظُ لَهُ. وَعُقُوبَتَهُ: يُحْبَسُ لَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

2919. शरीद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(क़र्ज़ की अदाइगी में) टाल मटोल करने वाले माल दार शख़्स की बेईज्ज़ती करना और इसे सज़ा देना जाईज़ है”| इब्ने मुबारक रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया:

उस की बेईज्ज़ती करने से यह मुराद है के उस से सख्त कलाम करना जाईज़ है, और उस को सज़ा देने से मुराद है के इसे क़ैद करना जाईज़ है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3628) و النسائی (7 / 316 317 ح 4693 4694)

٢٩٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِجِنَازَةٍ لِيُصَلِّيَ عَلَيْهَا فَقَالَ: «هَلْ عَلَى صَاحِبِكُمْ دَيْنٌ؟» قَالُوا: نَعَمْ قَالَ: «هَلْ تَرَكَ لَهُ مِنْ وَفَاءٍ؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» قَالَ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ: عَلَيَّ دَيْنُهُ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَتَقَدَّمَ فَصَلَّى عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ مَعْنَاهُ وَقَالَ: «فَكَّ اللَّهُ رِهَانَكَ مِنَ النَّارِ كَمَا فَكَكْتَ رِهَانَ أَخِيكَ الْمُسْلِمِ لَيْسَ مِنْ عَبْدٍ مُسْلِمٍ يَقْضِي عَنْ أَخِيهِ دَيْنَهُ إِلَّا فَكَّ اللَّهُ رِهَانَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

2920. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के पास एक जनाज़ा लाया गया ताकि आप उस की नमाज़े जनाज़ा पढ़े, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम्हारे साथी पर क़र्ज़ है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने पूछा: "क्या उस ने उस की अदाइगी के लिए कोई माल छोड़ा है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, फ़रमाया: "तुम अपने साथी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ो", अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस का क़र्ज़ मेरे जिम्मे रहा, तो फिर आप आगे बढ़े और उस की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी| और एक दूसरी रिवायत में इसी का हम मानी मफ्हुम रिवायत किया गया है, और फ़रमाया: "अल्लाह ने तुम्हारी गर्दन को आग से आज़ाद कर दिया जैसे तुमने अपने मुसलमान भाई की गर्दन को आज़ाद करा दीया, जो कोई मुसलमान बंदा अपने भाई की तरफ से उस का क़र्ज़ अदा करता है तो रोज़ ए क़यामत अल्लाह उस की गर्दन को (आग से) आज़ाद फरमाएगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 213 214 ح 2155) [و الدارقطنی (3 / 78 ح 3063) و البیھقی (6 / 73)] * فیه عبیدالله بن الولید الوصافی (ضعیف) عن عطیة بن سعد العوفی (ضعیف مدلس) عن ابی سعید به و قال البیھقی فی عبید الله :'' ھو ضعیف جدًا ''

٢٩٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ [ص:٨٨ مَاتَ وَهُوَ بَرِيءٌ مِنَ الْكِبْرِ وَالْغُلُولِ وَالدَّيْنِ دَخَلَ الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

2921. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स इस हाल में फौत हो के वह कबरो खयानत और क़र्ज़ से बरी हो तो वह जन्नत में दाखिल होगा"| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1572) و ابن ماجه (2412) و الدارمی (2 / 262 ح 2595) * و للحدیث شواھد

٢٩٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَعْظَمَ الذُّنُوبِ عِنْدَ اللَّهِ أَنْ يَلْقَاهُ بِهَا عَبْدٌ بَعْدَ الْكَبَائِرِ الَّتِي نَهَى اللَّهُ عَنْهَا أَنْ يَمُوتَ رَجُلٌ وَعَلَيْهِ دَيْنٌ لَا يَدَعُ لَهُ قَضَاءً» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

2922. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "कबिराह गुनाहों के बाद,

अल्लाह के यहाँ सबसे बड़ा गुनाह जिस से अल्लाह ने मना फ़रमाया है के यह है कि बंदा मरने के बाद अपने रब से इस हाल में मुलाकात करे के उस के ज़िम्मा क़र्ज़ हो और वह उस की अदाइगी के लिए कोई चीज़ न छोड़े”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 392 ح 19724) و ابوداؤد (2342)

٢٩٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَمْرو بن عَوْف الْمُزَنِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الصُّلْحُ جَائِزٌ بَيْنَ الْمُسْلِمِينَ إِلَّا صُلْحًا حَرَّمَ حَلَالًا أَوْ أَحَلَّ حَرَامًا وَالْمُسْلِمُونَ عَلَى شُرُوطِهِمْ إِلَّا شَرْطًا حَرَّمَ حَلَالًا أَوْ أَحَلَّ حَرَامًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَأَبُو دَاوُدَ وَانْتَهَتْ رِوَايَته عِنْد قَوْله «شروطهم»

2923. अमर बिन ऑफ मुज़नी रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुसलमानों के दरमियान सुलह जाईज़ है, ऐसी सुलह के सिवा जो किसी हलाल को हराम कर दे या किसी हराम को हलाल कर दे, और इस शर्त के सिवा जो हलाल को हराम कर दे या हराम को हलाल कर दे, मुसलमान अपने शर्तो पर साबित है”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा अबू दावुद और उनकी रिवायत ((عَلٰى شُرُوْطِهِمْ)) तक है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1352 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (2353) [و ابوداؤد (3594) من حديث ابى هريرة رضى الله عنه و سنده حسن] * سنده ضعيف جدًا و للحديث شواهد عند ابى داود و غيره وهو بها صحيح

दिवालापन और मुहलत देने का बयान • بَاب الإفلاس والانظار

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٩٢٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن سُوَيْد بن قيس قَالَ: جَلَبْتُ أَنَا وَمَخْرَفَةُ الْعَبْدِيُّ بَزًّا مِنْ هَجَرٍ فَأَتَيْنَا بِهِ مَكَّةَ فَجَاءَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَمْشِي فَسَاوَمَنَا بِسَرَاوِيلَ فَبِعْنَاهُ وَثمّ رجل يزن بِالْأَجْرِ فَقَالَ لَهُ رَسُول الله: «زِنْ وَأَرْجِحْ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2924. सुवैद बिन कैस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और मखरफ अब्दी तिजारत के लिए हजर से कपड़ा ले कर मक्का आए तो रसूलुल्लाह ﷺ पैदल चलते हुए हमारे पास तशरीफ़ लाए और आप ने एक सलवार के कपड़े की हम से कीमत तेअ की तो हमने आप को फरोख्त कर दिया, वहां एक आदमी था जो उजरत पर वज़न किया करता था, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “वज़न कर और झुकता वज़न कर”| (यानी पुरे से कुछ ज़्यादा)| अहमद अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 352 ح 19308) و ابوداؤد (3336) و الترمذى (1305) و ابن ماجه (2220) و الدارمى (2 / 240 ح 2588)

٢٩٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ لِي عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَيْنٌ فَقَضَانِي وَزَادَنِي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2925. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरा नबी ﷺ पर कुछ क़र्ज़ था, आप ﷺ ने वह मुझे अदा किया और मुझे मज़ीद अता किया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3347) [و البخارى (443 ، 2394) و مسلم (715)]

٢٩٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن أبي ربيعَة قَالَ: اسْتَقْرَضَ مِنِّي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرْبَعِينَ أَلْفًا فَجَاءَهُ مَالٌ فَدَفَعَهُ إِلَيَّ وَقَالَ: «بَارَكَ اللَّهُ تَعَالَى فِي أَهْلِكَ وَمَالِكَ إِنَّمَا جَزَاءُ السَّلَفِ الْحَمْدُ وَالْأَدَاءُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

2926. अब्दुल्लाह बिन अबी रबिआ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझ से चालीस हज़ार दिरहम क़र्ज़ लिया, आप ﷺ के पास माल आया तो आप ने वह मुझे वापिस कर दिया, और फ़रमाया: “अल्लाह तआला तुम्हारे अहल व माल में बरकत फरमाए, क़र्ज़ की जज़ा ही शुक्रिया अदा करना और क़र्ज़ अदा करना है”| (हसन)

حسن ، رواه النسائى (7 / 314 ح 46ئ87) و ابن ماجه (2424)

٢٩٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ لَهُ عَلَى رَجُلٍ حَقٌّ فَمَنْ أَخَّرَهُ كَانَ لَهُ بِكُلِّ يَوْمٍ صَدَقَةٌ» . رَوَاهُ أَحْمد

2927. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी का किसी शख़्स पर कोई हक़ हो, और वह (हक़ लेने वाला) इसे मुहलत दे तो हर रोज़ के बदले इसे सदका का सवाब मिलेगा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (4 / 443 ح 20219) * فيه الاعمش (ثقة مدلس) عن ابى داود (الاعمى : كذاب) عن عمران به ، و حديث بريدة :’’ من انظر معسرًا فله بكل يوم مثله صدقة ‘‘ يغنى عنه ، رواه احمد (5 / 360 ح 23434) و سنده صحيح و صححه الحاكم على شرط الشيخين (2 / 29) و وافقه الذهبى

٢٩٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعد بن الأطول قَالَ: مَاتَ أَخِي وَتَرَكَ ثَلَاثَمِائَةِ دِينَارٍ وَتَرَكَ وَلَدًا صِغَارًا فَأَرَدْتُ أَنْ أُنْفِقَ عَلَيْهِمْ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إن أخلك مَحْبُوسٌ بِدَيْنِهِ فَاقْضِ عَنْهُ» . قَالَ: فَذَهَبْتُ فَقَضَيْتُ عَنهُ وَلم تبْق إِلَّا امْرَأَةٌ تَدَّعِي دِينَارَيْنِ وَلَيْسَتْ لَهَا بَيِّنَةٌ قَالَ: «أَعْطِهَا فَإِنَّهَا صَادِقَة» . رَوَاهُ أَحْمد

2928. सईद बिन अतवल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरा भाई फौत हो गया और उस ने तीन सौ दीनार और छोटे छोटे बच्चे छोड़े, मैंने इरादा किया की मैं (ये रकम) इन पर खर्च करू, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “तेरा भाई अपने क़र्ज़ की वजह से महबूस है, (पहले) उस की तरफ से क़र्ज़ अदा करो”, वह बयान करते हैं, मैं गया और उस की तरफ से क़र्ज़ अदा किया, फिर मैं वापिस आया तो अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने उस की तरफ से

सारा क़र्ज़ अदा कर दिया है, सिर्फ एक औरत बाकी रह गई है जो दो दीनार का मुतालबा करती है, जबके उस के पास कोई दलील नहीं ?, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे दे दो क्योंकि वह सच्ची है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 7 ح 20336 20337 ، 4 / 136 ح 17359 و اللفظ له) [و ابن ماجه : 2433] * عبد المك ابو جعفر مجهول الحال و للحديث شاهد صحيح عند احمد (5 / 7) و غيره دون قوله :'' و ترک ثلاثمائة ''

٢٩٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ جَحْشٍ قَالَ: كُنَّا جُلُوسًا بِفِنَاءِ الْمَسْجِدِ حَيْثُ يُوضَعُ الْجَنَائِزِ وَرَسُول الله جَالِسٌ بَيْنَ ظَهْرَيْنَا فَرَفَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَصَره قبل السَّمَاء فنظر ثُمَّ طَأْطَأَ بَصَرَهُ وَوَضَعَ يَدَهُ عَلَى جَبْهَتِهِ قَالَ: «سُبْحَانَ الله سُبْحَانَ الله مَا نَزَلَ مِنَ التَّشْدِيدِ؟» قَالَ: فَسَكَتْنَا يَوْمَنَا وَلَيْلَتَنَا فَلَمْ نَرَ إِلَّا خَيْرًا حَتَّى أَصْبَحْنَا قَالَ مُحَمَّدٌ: فَسَأَلْتُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَا التَّشْدِيدُ الَّذِي نَزَلَ؟ قَالَ: «فِي الدَّيْنِ وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَوْ أَنَّ رَجُلًا قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ ثُمَّ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ ثُمَّ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ وَعَلَيْهِ دَيْنٌ مَا دَخَلَ الْجَنَّةَ حَتَّى يُقْضَى دَيْنُهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ نَحْوَهُ

2929. मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह बिन जहश रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम मस्जिद के सहन में बैठे हुए थे जहाँ जनाज़े रखे जाते थे, जबके रसूलुल्लाह ﷺ हमारे दरमियान बैठे हुए थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने आसमान की तरफ नज़र उठाकर देखा फिर नज़र को झुकाया और अपना हाथ अपने पेशानी पर रख कर (ताज्जुब से) फ़रमाया: “(سُبْحَانَ الله) सुबहानल्लाह (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह केसी सख्ती नाज़िल हुई”, रावी बयान करते हैं, हम दिन भर और पूरी रात ख़ामोश रहे और हमने खैर ही खैर देखी हत्ता के सुबह हो गई, मुहम्मद (रावी) बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सवाल किया, वह कौन सा अज़ाब है जो नाज़िल हुआ ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क़र्ज़ के बारे में, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद (ﷺ) की जान है! अगर कोई आदमी अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए वह फिर जिंदा हो फिर अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए फिर जिंदा हो फिर अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए, फिर जिंदा हो, और उस के नामे क़र्ज़ हो तो वह जन्नत में नहीं जाएगा, हत्ता के उस का क़र्ज़ अदा कर दिया जाए”| अहमद और शरह सुन्ना में उस की मिस्ल है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 289 290 ح 22860) و البغوى فى شرح السنة (8 / 201 ح 2145) [و النسائی (7 / 314 ، 315 ح 4688]

शिरकत और वकालत का बयान — بَاب الشّركَة وَالْوكَالَة

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول

٢٩٣٠ - (صَحِيح) عَن زهرَة بن معبد: أَنَّهُ كَانَ يَخْرُجُ بِهِ جَدُّهُ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ هِشَامٍ إِلَى السُّوقِ فَيَشْتَرِي الطَّعَامَ فَيَلْقَاهُ ابْنُ عُمَرَ وَابْنُ الزُّبَيْرِ فَيَقُولَانِ لَهُ: أَشْرِكْنَا فَإِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ دَعَا لَكَ بِالْبَرَكَةِ فَيُشْرِكُهُمْ فَرُبَّمَا أَصَابَ الرَّاحِلَةَ كَمَا هِيَ فَيَبْعَثُ بِهَا إِلَى الْمَنْزِلِ وَكَانَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ هِشَامٍ ذَهَبَتْ بِهِ أُمُّهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَسَحَ رَأسه ودعا لَهُ بِالْبركَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2930. जुहरा बिन मअबद से रिवायत है के उन के दादा अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदी अल्लाहु अन्हु उन्हें बाज़ार ले जाते और गल्ला खरीदते, फिर इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा और इब्ने जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु उन्हें मिलते तो वह उन्हें (अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदी अल्लाहु अन्हु से) कहते हमें भी शरीक कर लो, क्योंकि नबी ﷺ ने आप के लिए बरकत की दुआ फरमाई है, वह उन्हें शरीक कर लेते, बसा-अवक़ात उन्हें पुरे ऊंट के सामान का नफा हो जाता तो वह इसे अपने घर की तरफ भेज देते, और अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदी अल्लाहु अन्हु को उनकी वालिदा नबी ﷺ के पास ले कर गई थी तो आप ने उस के सर पर प्यार से हाथ फेरा और उस के लिए बरकत की दुआ की थी। (बुखारी)

رواه البخارى (2501)

٢٩٣١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَتِ الْأَنْصَارُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: اقْسِمْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ إِخْوَاننَا النخيل قَالَ: «لَا تكفوننا المؤونة وَنَشْرَكْكُمْ فِي الثَّمَرَةِ» . قَالُوا: سَمِعْنَا وَأَطَعْنَا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2931. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अंसार ने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, आप हमारे और हमारे (मुहाजिर) भाइयो के दरमियान खजूरो के दरख्त तकसीम फरमादे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "नहीं,(इन्होंने मुहाजरिन से कहा) तुम मेहनत करो, हम तुम्हें पैदावार में शरीक कर लेंगे, उन्होंने (मुहाजरिन) ने कहा, हम ने सुन लिया और हमने मान लिया। (बुखारी)

رواه البخارى (2325)

٢٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَن عُرْوَة بن أبي الْجَعْد الْبَارِقِي: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْطَاهُ دِينَارًا لِيَشْتَرِيَ بِهِ شَاةً فَاشْتَرَى لَهُ شَاتين فَبَاعَ إِحْدَاهمَا بِدِينَار وَأَتَاهُ بِشَاة ودينار فَدَعَا لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَيْعِهِ بِالْبَرَكَةِ فَكَانَ لَوِ اشْتَرَى تُرَابا لربح فِيهِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2932. उरवा बिन अबी जअद अल बारकी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें एक दीनार दीया ताकि वह आप ﷺ के लिए एक बकरी ख़रीदे, उस ने आप ﷺ के लिए दो बकरिया खरीदी, और फिर उन में से एक बकरी एक दीनार में फरोख्त कर दी, और एक बकरी और एक दीनार आप की खिदमत में पेश कर दिया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उस की बेअ में बरकत की दुआ फरमाई, पस अगर वह मिट्टी भी खरीद लेते तो उस में नफा कमाते थे। (बुखारी)

رواه البخارى (3642)

शिरकत और वकालत का बयान • بَاب الشّرْكَة وَالْوكَالَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي هُرَيْرَة رَفَعَهُ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ يَقُولُ: أَنا ثَالِث الشَّرِيكَيْنِ مَا لم يخن صَاحِبَهُ فَإِذَا خَانَهُ خَرَجْتُ مِنْ بَيْنِهِمَا ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَزَاد رزين: «وَجَاء الشَّيْطَان»

2933. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु मरफुअ रिवायत बयान करते हैं, की अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है " जब दो शराकत दारो में से कोई एक अपने साथी से खयानत नहीं करता तो मैं उनका तीसरा होता हूँ, जब वह उस से खयानत करता है तो मैं इन दोनों में से निकल जाता हूँ"| अबू दावुद, और रजिन ने यह इज़ाफा नकल किया है: "और शैतान जाता है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3383) و رزین (لم اجده ، و زیادته '' و جاء الشیطان '' : لم اجده)

٢٩٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَدِّ الْأَمَانَةَ إِلَى مَنِ ائْتَمَنَكَ وَلَا تَخُنْ مَنْ خَانَكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

2934. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स तुम्हारे पास अमानत रखे तो तुम अमानत वापिस कर दो, और जो शख़्स तुम से खयानत करे तो तुम उस से खयानत न करो"| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (1264 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3535) و الدارمی (2 / 264 ح 2600) * شریک القاضی مدلس و عنعن و قیس بن الربیع ضعیف ضعفه الجمهور و للحدیث شواھد ضعیفة

٢٩٣٥ - وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَرَدْتُ الْخُرُوجَ إِلَى خَيْبَرَ فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَلَّمْتُ عَلَيْهِ وَقُلْتُ: إِنِّي أَرَدْتُ الْخُرُوجَ إِلَى خَيْبَرَ فَقَالَ: «إِذَا أَتَيْتَ وَكِيلِي فَخُذْ مِنْهُ خَمْسَةَ عَشَرَ وَسْقًا فَإِنِ ابْتَغَى مِنْكَ آيَةً فَضَعْ يدك على ترقوته» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2935. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने खैबर जाने का इरादा किया तो मैंने नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर सलाम किया और अर्ज़ किया, मैं खैबर जाने का इरादा रखता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब तुम मेर वकील के पास जाओ तो उस से पन्द्रह वुसक खजूरे ले लेना, और अगर वह तुझ से कोई निशानिया तलब करे तो अपना हाथ उस के हलक पर रख देना"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3632) * محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و لم اجد تصریح سماعه

शिरकत और वकालत का बयान • بَاب الشّرِكَة وَالْوكَالَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٩٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن صُهَيْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثٌ فِيهِنَّ الْبَرَكَةُ: [ص:٨٨ الْبَيْعُ إِلَى أَجَلٍ والمقارضة واخلاط الْبُرِّ بِالشَّعِيرِ لِلْبَيْتِ لَا لِلْبَيْعِ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

2936. सहियब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन चीजों में बरकत है, एक मुद्दत तक (उधार) बेअ करना, मुज़ारबत करना और गंदुम में जौ मिलाना घर में इस्तेमाल के लिए तिजारत के लिए नहीं”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه ابن ماجه (2289) * فیه نصر بن القاسم : مجهول و صالح : مجهول الحال و قال العقيلى فى عبد الرحيم :'' مجهول بالنقل ، حديثه غير محفوظ '' فالسند مظلم و قال الذهبى :'' اسناد مظلم و المتن باطل '' و اورده ابن الجوزى فى الموضوعات (2 / 248 249)

٢٩٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حَكِيم بن حزَام أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ مَعَهُ بِدِينَارٍ لِيَشْتَرِيَ لَهُ بِهِ أُضْحِيَّةً فَاشْتَرَى كَبْشًا بِدِينَارٍ وَبَاعَهُ بِدِينَارَيْنِ فَرَجَعَ فَاشْتَرَى أُضْحِيَّةً بِدِينَارٍ فَجَاءَ بِهَا وَبِالدِّينَارِ الَّذِي اسْتَفْضَلَ من الْأُخْرَى فتصدق رَسُول الله صلى بِالدِّينَارِ فَدَعَا لَهُ أَنْ يُبَارَكَ لَهُ فِي تِجَارَته. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2937. हकिम बिन हिज़ाम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे एक दीनार दे कर भेजा ताकि वह उस से आप के लिए कुर्बानी ख़रीदे, उस ने एक दीनार का मेंढा खरीदा और दो दीनार में बेच दिया, वह फिर वापिस गया और एक दीनार की कुर्बानी खरीदी, और वह कुर्बानी का जानवर और वह दीनार जो मुनाफा हुआ था ले कर हाज़िर हुआ, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने वह दीनार सदका कर दिया और उस के लिए दुआ फरमाई के उस की तिजारत में बरकत डाल दी जाए। (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذى (1257) [و ابوداؤد :3386] * حبيب بن ابى ثابت مدلس و عنعن وهو '' شيخ من اهل المدينة '' فى رواية ابى داود (3386)

गसब करने और मुस्तारी लेने का बयान • بَاب الْغَصْب وَالْعَارِية •

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول •

٢٩٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن سعيد بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَخَذَ شِبْرًا مِنَ الْأَرْضِ ظُلْمًا فَإِنَّهُ يُطَوَّقُهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مِنْ سبع أَرضين»

2938. सईद बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जुल्म से बालिश्त बराबर ज़मीन हासिल करता है तो रोज़ ए क़यामत सात ज़मीनों का तोक उस के गले में डाला जाएगा”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

رواه البخاری (3198) و مسلم (140 / 1610)، (4135)

٢٩٣٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحْلُبَنَّ أَحَدٌ مَاشِيَةَ امْرِئٍ بِغَيْرِ إِذْنِهِ أَيُحِبُّ أَحَدُكُمْ أَنْ يُؤْتَى مشْربَته فتكسر خزانته فينْتَقل طَعَامُهُ وَإِنَّمَا يَخْزُنُ لَهُمْ ضُرُوعُ مَوَاشِيهِمْ أَطَعِمَاتِهِمْ» . رَوَاهُ مُسلم

2939. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई शख़्स किसी आदमी की इजाज़त के बगैर उस के जानवर का दूध न धोए, क्या तुम में से कोई शख़्स पसंद करता है की उस के कमरे में जा कर गोदाम का ताला तोड़ दिया जाए और उस का अनाज वगैरा निकाल लिया जाए, इसी तरह उन के जानवरों के थन उन के खाने को जमा व महफूज़ रखते है”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 1726)، (4511)

٢٩٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدَ بَعْضِ نِسَائِهِ فَأَرْسَلَتْ إِحْدَى أُمَّهَاتِ الْمُؤْمِنِينَ بِصَحْفَةٍ فِيهَا طَعَامٌ فَضَرَبَتِ الَّتِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَيْتِهَا يَدَ الْخَادِمِ فَسَقَطَتِ الصَّحْفَةُ فَانْفَلَقَتْ فَجَمَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِلَقَ الصَّحْفَةِ ثُمَّ جَعَلَ يَجْمَعُ فِيهَا الطَّعَامَ الَّذِي كَانَ فِي الصَّحْفَةِ وَيَقُولُ: «غَارَتْ أُمُّكُمْ» ثُمَّ حَبَسَ الْخَادِمَ حَتَّى أُتِيَ بِصَحْفَةٍ مِنْ عِنْدِ الَّتِي هُوَ فِي بَيْتِهَا فَدَفَعَ الصَّحْفَةَ [ص:٨٨ الصَّحِيحَةَ إِلَى الَّتِي كُسِرَتْ صَحْفَتُهَا وَأَمْسَكَ الْمَكْسُورَةَ فِي بَيْتِ الَّتِي كَسَرَتْ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2940. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ अपने किसी ज़ौजा ए मोहतरमा के पास थे तो आप की किसी ज़ौजा ए मोहतरमा ने पलेट में खाना भेजा तो जिन के घर नबी ﷺ तशरीफ़ फरमा थे उन्होंने खादिम के हाथ पर मारा तो वह पलेट गिर कर टूट गई, नबी ﷺ ने पलेट के टुकड़े इकठ्ठे किए, और बिखरे हुए खाने को उठाया, साथ में कहने लगे: “तुम्हारी माँ ने गैरत खाई”, फिर आप ने खादिम को रोका हत्ता के इसे ज़ौजा ए मोहतरमा के घर से, जिन के घर

आप तशरीफ़ फरमा थे सहीह पलेट दी और वह टूटी हुई पलेट इस ज़ौजा ए मोहतरमा के घर रख दी जिन्होंने तोड़ी थी। (बुखारी)

رواه البخاری (5225)

٢٩٤١ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن يزِيد عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ نهى عَن النهبة والمثلة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2941. अब्दुल्लाह बिन यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने डाका डालने और मुसला करने (मय्यत के आज़ा काटने) से मना फ़रमाया। (बुखारी)

رواه البخاری (2474)

٢٩٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: انْكَسَفَتِ الشَّمْسُ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ مَاتَ إِبْرَاهِيمُ بْنُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّى بِالنَّاسِ سِتَّ رَكَعَاتٍ بِأَرْبَعِ سَجَدَاتٍ فَانْصَرَفَ وَقَدْ آضَتِ الشَّمْسُ وَقَالَ: " مَا مِنْ شَيْءٍ تُوعَدُونَهُ إِلَّا قَدْ رَأَيْتُهُ فِي صَلَاتِي هَذِهِ لَقَدْ جِيءَ بِالنَّارِ وَذَلِكَ حِينَ رَأَيْتُمُونِي تَأَخَّرْتُ مَخَافَةَ أَنْ يُصِيبَنِي مِنْ لَفْحِهَا وَحَتَّى رَأَيْتُ فِيهَا صَاحِبَ الْمِحْجَنِ يَجُرُّ قُصْبَهُ فِي النَّارِ وَكَانَ يسرق الْحَاج بمحجته فَإِن فطن لَهُ قَالَ: إِنَّمَا تعلق بمحجتي وَإِنْ غُفِلَ عَنْهُ ذَهَبَ بِهِ وَحَتَّى رَأَيْتُ فِيهَا صَاحِبَةَ الْهِرَّةِ الَّتِي رَبَطَتْهَا فَلَمْ تُطْعِمْهَا وَلَمْ تَدَعْهَا تَأْكُلُ مِنْ خَشَاشِ الْأَرْضِ حَتَّى مَاتَتْ جُوعًا ثُمَّ جِيءَ بِالْجَنَّةِ وَذَلِكَ حِينَ رَأَيْتُمُونِي تَقَدَّمْتُ حَتَّى قُمْتُ فِي مَقَامِي وَلَقَدْ مَدَدْتُ يَدِي وَأَنَا أُرِيدُ أَنْ أَتَنَاوَلَ مِنْ ثَمَرَتِهَا لِتَنْظُرُوا إِلَيْهِ ثُمَّ بَدَا لِي أَنْ لَا أفعل ". رَوَاهُ مُسلم

2942. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के दौर मैं रसूलुल्लाह ﷺ के बेटे इब्राहीम की वफात के दिन सूरज ग्रहन हुआ तो आप ने छे रुकूओ और चार सजदो से सहाबा को (दो रकअत) नमाज़ पढ़ाई, आप नमाज़ से फारिग़ हुए तो सूरज अपने असल की (चमकदार) हालत पर आ चूका था, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस जिस चिज़ का तुम से वादा किया गया मैंने अपनी इस नमाज़ में उसे देख लिया, जहन्नम मेरे सामने लाइ गई और यह इस वक़्त थी जब तुम ने मुझे देखा की मैं, इस अंदेशे के पेशे नज़र के कहे उस की हरारत मुझे अपने लपेट में ले ले, पीछे हट गया, हत्ता के मैंने खुन्दी वाले शख़्स को आग में अपने अंतड़ियाँ घसीटते हुए देखा, वह अपने खुन्दी से हाजियों की चीज़े चुराया करता था अगर पता चल जाता तो कहता यह चीज़े खुन्दी से लटक गई थी, और अगर पता न चलता तो वह इसे ले जाता, और हत्ता के मैंने उस में बिल्ली वाली खातून भी देखी जिस ने इसे बांध रखा था, वह इसे खुद खिलाती न इसे छोड़ देती के वह ज़मीन के कीड़े मकोड़े खा लेती, हत्ता के वह भूख से मर गई, फिर जन्नत पेश की गई, और यह इस वक़्त था जब तुम ने मुझे आगे बढ़ते हुए देखा हत्ता कि मैं अपने जगह पर खड़ा हो गया और मैंने अपना हाथ बढ़ाया और मैं उस का फल लेना चाहता था के तुम उसे देख लो लेकिन फिर मुझे ज़ाहिर हुआ की में (ऐसे) न करू”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 904)، (2102)

٢٩٤٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن قَتَادَة قَالَ: سَمِعْتُ أَنَسًا يَقُولُ: كَانَ فَزَعٌ بِالْمَدِينَةِ فَاسْتَعَارَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَسًا مِنْ أَبِي طَلْحَةَ

يُقَالُ لَهُ: الْمَنْدُوبُ فَرَكِبَ فَلَمَّا رَجَعَ قَالَ: «مَا رَأَيْنَا مِنْ شَيْءٍ وَإِن وَجَدْنَاهُ لبحرا»

2943. क़तादाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अनस रदी अल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना: मदीना में (दुश्मन की आमद का) शोर सा उठा तो नबी ﷺ ने अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु से मंदुब नामी घोड़ा उधार लिया और उस पर सवार हो गए, जब आप ﷺ वापिस तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “हमने कोई चीज़ नहीं देखी, अलबत्ता हमने (तेज़ रफ़्तार में) इसे समुन्दर पाया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2627) و مسلم (49 / 2307)، (6007)

गसब करने और मुस्तारी लेने का बयान • بَاب الْغَصْب وَالْعَارِية

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٩٤٤ - (صَحِيح) عَن سعيد بْنِ زَيْدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «من أحيى أَرْضًا مَيْتَةً فَهِيَ لَهُ وَلَيْسَ لِعِرْقٍ ظَالِمٍ حق» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

2944. सईद बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बंजर ज़मीन को आबाद करे तो वह इसी की है जबकि रग ज़ालिम का कोई हक़ नहीं”| (गैर की ज़मीन में काश्तकारि का कोई हक़ नहीं)| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 356 ح 14900) و الترمذی (1378) و ابوداؤد (3073)

٢٩٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ مَالِكٌ عَنْ عُرْوَةَ مُرْسَلًا. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2945. इमाम मालिक ने उरवा से मुरसल रिवायत किया है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه مالک (2 / 743 ح 1495) [و الحديث السابق (2944) شاهد له]

٢٩٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي حرَّة الرقاشِي عَن عَمه قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَلا تَظْلِمُوا أَلَا لَا يَحِلُّ مَالُ امْرِئٍ إِلَّا بِطِيبِ نَفْسٍ مِنْهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان وَالدَّارَقُطْنِيّ فِي الْمُجْتَبى

2946. अबू हुर्रतुल र्रक्काशी अपने चचा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो!

ज़ुल्म न करो, किसी मुसलमान का माल उस की ख़ुशी के बगैर हलाल नहीं"| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (5492 ، نسخة محققة : 5105 و السنن الكبرى 8 / 182) و الدارقطنى (3 / 26) [و احمد (5 / 72 73 ح 20695)]
* فيه على بن زيد بن جدعان : ضعيف مشهور و للحديث شواهد عند ابن حبان (1166) و غيره وهو بها حسن

٢٩٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمرَان ابْن حُصَيْنٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ وَلَا شِغَارَ فِي الْإِسْلَامِ وَمَنِ انْتَهَبَ نُهْبَةً فَلَيْسَ مِنَّا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2947. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस्लाम में जलब, जनब और शिगार नहीं और जो शख़्स कोई लूट मार करे तो वह हम में से नहीं"| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1123 وقال : حسن صحيح)

٢٩٤٨ - وَعَن السَّائِب بن يزِيد عَنْ أَبِيهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا [ص:٨٩ يَأْخُذُ أَحَدُكُمْ عَصَا أَخِيهِ لَاعِبًا جَادًّا فَمَنْ أَخَذَ عَصَا أَخِيهِ فَلْيَرُدَّهَا إِلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَرِوَايَتُهُ إِلَى قَوْله: «جادا»

2948. साइब बिन यज़ीद अपने वालिद से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम में से कोई शख़्स अपने भाई की लाठी हंसी मज़ाक के तौर पर इसे गुस्से दिलाने के लिए न ले, जो शख़्स अपने भाई की लाठी ले ले तो वह इसे वापिस कर दे"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और अबू दावुद की रिवायत (جادًا) तक है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (2160 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (5003)

٢٩٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَمُرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ وَجَدَ عَيْنَ مَالِهِ عِنْدَ رَجُلٍ فَهُوَ أَحَقُّ بِهِ وَيَتَّبِعُ الْبَيِّعُ مَنْ بَاعَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

2949. समुरह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स अपना माल मसरुक बिलकुल इसी हालत में किसी शख़्स के पास पाए तो वह शख़्स इस (को हासिल करने) का ज़्यादा हक़दार है और खरीदार इस बेचने वाले का पीछा करेगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 13 ح 20410) و ابوداؤد (3531) و النسائى (7 / 314 ح 4685) * قتادة مدلس و عنعن و للحديث طريق آخر ضعيف عند احمد (20408) فيه حجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و عنعن و حديث النسائى (7 / 313 ح 4684) يخالفه و سنده صحيح

٢٩٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عَلَى الْيَدِ مَا أَخَذَتْ حَتَّى تُؤَدِّيَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2950. समुरह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हाथ पर वाजिब है के उस ने जो लिया है के वापिस करे”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1266 وقال : حسن صحیح) رواه ابوداؤد (3541) و ابن ماجه (2400) * قتادة مدلس و عنعن

٢٩٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حَرَامِ بْنِ سَعْدِ بْنِ مُحَيِّصَةَ: أَنَّ نَاقَةً لِلْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ دَخَلَتْ حَائِطًا فَأَفْسَدَتْ فَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن أَهْلِ الْحَوَائِطِ حِفْظَهَا بِالنَّهَارِ وَأَنَّ مَا أَفْسَدَتِ الْمَوَاشِي بِاللَّيْلِ ضَامِنٌ عَلَى أَهْلِهَا. رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2951. हराम बिन साद मुहय्यिस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु की ऊंटनी एक बाग़ में दाखिल हो गए तो उस ने वहां नुक्सान किया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला करते हुए फ़रमाया: “बाग़बानो की ज़िम्मेदारी है के वह दिन के वक़्त उनकी हिफाज़त करे, अलबत्ता जो जानवर रात के वक़्त (नुक्सान) कर दे तो फिर इस नुक्सान के ज़िम्मेदार उस के मालिक हैं”। (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالک (2 / 747 748 ح 1505) و ابوداؤد (3570) و ابن ماجه (2332) * الزهری مدلس و عنعن

٢٩٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الرجل جَبَّار وَالنَّار جَبَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2952. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: ’’ (जानवर के) पाँव से होने वाला नुक्सान ज़ाए है (इस का कोई मुआवज़ा नहीं)”, और फ़रमाया: “आग (किसी ने अपने जगह में आग जलाई और फिर आंधी इस आग को उड़ा कर किसी और जगह ले गई और वहां आग लग गई तो इस) का नुक्सान है”। (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4594) و اعل بما لا يقدح

٢٩٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الْحسن عَن سَمُرَة أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَتَى أَحَدُكُمْ عَلَى مَاشِيَةٍ فَإِنْ كَانَ فِيهَا صَاحِبُهَا فَلْيَسْتَأْذِنْهُ وَإِنْ لَمْ يَكُنْ فِيهَا فَلْيُصَوِّتْ ثَلَاثًا فَإِنْ أَجَابَهُ أَحَدٌ فَلْيَسْتَأْذِنْهُ وَإِنْ لَمْ يُجِبْهُ أَحَدٌ فَلْيَحْتَلِبْ وَلْيَشْرَبْ وَلَا يَحْمِلْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2953. हसन, समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई जानवरों के पास आए और अगर वहां उन के मालिक को पाए तो उस से इजाज़त तलब करे और अगर वह वहां न हो तो तीन दफा आवाज़ दे अगर कोई शख़्स इसे जवाब दे तो उस से इजाज़त तलब करे और अगर कोई उसे जवाब न दे तो वह खुद दूध दोह कर पि ले लेकिन वह अपने साथ न लाए”। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2619) [و الترمذی (1296)] * قتادة مدلس و عنعن و اما الحسن البصری فروايته عن سمرة صحيحة لانه کان يروی عن کتاب سمرة و الرواية عن الکتاب صحيحة ما لم الجرح القادح فيه

٢٩٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ دَخَلَ حَائِطًا فَلْيَأْكُلْ [ص:٨٩ وَلَا يَتَّخِذْ خُبْنَةً» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيث غَرِيب

2954. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी बाग़ में जाए तो ज़रूरत के तहत वहां से खा ले लेकिन कपड़े में डाल कर साथ न लाए”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है | (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1287) و ابن ماجه (2301) * يحيى بن سليم الطائفی صدوق ، ضعيف عن عبيد الله و صحيح الحديث عن غيره

٢٩٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أُميَّة بن صَفْوَان عَنْ أَبِيهِ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اسْتَعَارَ مِنْهُ أَدْرَاعَهُ يَوْمَ حُنَيْنٍ فَقَالَ: أَغَصْبًا يَا مُحَمَّدَ؟ قَالَ: «بَلْ عَارِيَةً مَضْمُونَةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2955. उमय्या बिन सफवान अपने वालिद से रिवायत करते हैं, के नबी ﷺ ने गज़वा ए हुनैन के मौके पर उस से कुछ ज़री उधार लिया तो उस ने कहा मुहम्मद (ﷺ)! गसब के तौर पर लेना चाहते हो ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ? बल्कि काबिल वापसी उधार के तौर पर”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3562) * شريک القاضی عنعن و للحديث شواهد ضعيفة ، و حديث الحاکم (2 / 47) يخالفه و سنده حسن

٢٩٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْعَارِيَةُ مُؤَدَّاةٌ وَالْمِنْحَةُ مَرْدُودَةٌ وَالدَّيْنُ مَقْضِيٌّ وَالزَّعِيمُ غَارِمٌ» . رَوَاهُ النرمذي وَأَبُو دَاوُد

2956. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आरियत” ली हुई चीज़ वापिस की जाए, अता के तौर पर मिली हुई चीज़ (दूध देने वाला जानवर) वापिस लौटा दिया जाए, क़र्ज़ अदा किया जाए और ज़ामिन तावुन भरने वाला है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1265) و ابوداؤد (3565)

٢٩٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رَافِع بن عَمْرو الْغِفَارِيّ قَالَ: كُنْتُ غُلَامًا أَرْمِي نَخْلَ الْأَنْصَارِ فَأُتِيَ بِي النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا غُلَامُ لِمَ تَرْمِي النَّخْلَ؟» قُلْتُ: آكُلُ قَالَ: «فَلَا تَرْمِ وَكُلْ مِمَّا سَقَطَ فِي أَسْفَلِهَا» ثُمَّ مَسَحَ رَأْسَهُ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ أَشْبِعْ بَطْنَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ فِي «بَابِ اللّقطَة» إِن شَاءَ الله تَعَالَى

2957. राफीअ बिन अम्र गफ्फारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं छोटा सा लड़का था और मैं अंसार के खजूरो के दरख्तों पर पथ्थर फेंक रहा था, तो मुझे (पकड़ कर) नबी ﷺ के पास लाया गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “लड़के! तुमने खजूर के दरख्तों पर पथ्थर क्यों फेंके ?” मैंने अर्ज़ किया: खजूरे खाने के लिए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “पथ्थर न मारो, जो निचे गिरी हो उन में से खाओ”, फिर आप ﷺ ने मेरे सर पर हमदर्दी से हाथ फेरा और दुआ की: “अल्लाह

उस के पेट को भर दे"| और अम्र बिन शुऐब की हदीस को हम इंशाअल्लाह " (بَابِ اللّقطَة) बाबुल कटत" में ज़िक्र करेंगे. (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1288 وقال : حسن صحیح غریب) و ابوداؤد (2622) و ابن ماجه (2299) * فیه ابن ابی الحکم : لم یوثقه غیر الترمذی فهو '' مستور '' کما قال صاحب التقریب 0 حدیث عمرو بن شعیب یاتی (3036)

بَاب الْغَصْب وَالْعَارِية • गसब करने और मुस्तारी लेने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٩٥٨ - (صَحِيح) عَن سَالم عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَخَذَ مِنَ الْأَرْضِ شَيْئًا بِغَيْرِ حَقِّهِ خُسِفَ بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِلَى سبع أَرضين» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2958. सालिम अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स ठोड़ी सी भी ज़मीन नाहक वुसुल करेगा तो रोज़ ए क़यामत इसे सात ज़मीनों तक धंसा दीया जाएगा"| (बुखारी)

رواه البخاری (3196)

٢٩٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن يعلى بن مرّة قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَخَذَ أَرْضًا بِغَيْرِ حَقِّهَا كُلِّفَ أَنْ يَحْمِلَ تُرَابَهَا الْمَحْشَرَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ

2959. यअली बिन मुर्र्त रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स नाहक कुछ ज़मीन हासिल करता है तो उसे हुक्म दिया जाएगा के वह हशर के मैदान में उस की मिट्टी उठाए रखे"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد 4 / 172 ، 173 ح 17701) [و عبد بن حمید : 406]

٢٩٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَيُّمَا رَجُلٍ ظَلَمَ شِبْرًا مِنَ الْأَرْضِ كَلَّفَهُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ أَنْ يَحْفِرَهُ حَتَّى يَبْلُغَ آخِرَ سَبْعِ أَرَضِينَ ثُمَّ يُطَوَّقَهُ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ حَتَّى يُقْضَى بَيْنَ النَّاس» . رَوَاهُ أَحْمد

2960. यअली बिन मुर्र्त रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स ने

नाहक बालिश्त बराबर ज़मीन पर कब्ज़े किया तो अल्लाह अज्ज़वजल इसे हुक्म देगा के सातों ज़मीनों तक इसे खोदे, फिर रोज़ ए क़यामत तक, हत्ता के लोगो के दरमियान फैसला हो जाने तक, इसे उस का तोक पहना दीया जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 173 ح 17714) [و عبد بن حمید (407) و ابن حبان (الموارد : 1167)] * فیه الربیع بن عبدالله : و ثقه ابن حبان (6 / 299) وحده ، انظر تعجیل المنفعة (1 / 125 وقال ابن حبان :’’ یشبه ان یکون هذا هو ابن خطاف الا حدب ‘‘ و ابن خطاف : صدوق و لکن صنیع الحافظ ابن حجر یدل علی ان الربیع بن عبدالله غیر ابن خطاف و الله اعلم و للحدیث شاهد عند الطبرانی فی الکبیر (22 / 271 ح 693) و الصغیر (2 / 103) ولم یذکر ’’ ان یحقره ‘‘ الخ و سنده ضعیف ، فیه اسماعیل بن ابی خالد : مدلس و عنعن

بَاب الشُّفْعَة • शफात का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٩٦١ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَضَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالشُّفْعَةِ فِي كُلِّ مَا لَمْ يُقْسَمْ فَإِذَا وَقَعَتِ الْحُدُودُ وَصُرِفَتِ الطُّرُقُ فَلَا شُفْعَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2961. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने गैर मुनकसिम चीज़ के मुत्तल्लिक शिफ़ाअ का फैसला फ़रमाया, और जब हद बंदी हो जाए और रास्ते मुख्तलिफ हो जाए तो फिर कोई शिफ़ाअ नहीं‘‘| (बुखारी)

رواه البخاری (2213)

٢٩٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالشُّفْعَةِ فِي كُلِّ شَرِكَةٍ لَمْ تُقْسَمْ رَبْعَةٍ أَوْ حَائِطٍ: «لَا يَحِلُّ لَهُ أَن يَبِيع حَتَّى يُؤذن شَرِيكه فَإِن شَاءَ أَخَذَ وَإِنْ شَاءَ تَرَكَ فَإِذَا بَاعَ وَلَمْ يُؤْذِنْهُ فَهُوَ أَحَقُّ بِهِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2962. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गैर मुनकसिम हर मुशतरका चीज़ में शिफ़ाअ का फैसला दिया, वह मकान हो या बाग़: “इस शख़्स के लिए जाईज़ नहीं के वह अपने शराकत दार को इत्तिला किए बगैर इसे फरोख्त कर दे, फिर अगर वह चाहे तो ले ले और अगर चाहे तो छोड़ दे, फिर अगर वह फरोख्त करते वक़्त इसे इत्तिला न करे तो वह (दूसरा शराकतदार) उस का ज़्यादा हक़दार है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (134 / 1608)، (4128)

٢٩٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي رَافِعٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْجَارُ أَحَقُّ بِسَقَبِهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2963. अबी राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पड़ोसी अपने कुर्ब की वजह से (शफ़ा का) ज़्यादा हक़दार है”। (बुखारी)

رواه البخاری (2258)

٢٩٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَمْنَعْ جَارٌ جَارَهُ أَنْ يَغْرِزَ خَشَبَةً فِي جِدَاره»

2964. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पड़ोसी अपने पड़ोसी को अपने दिवार पर शेहतर रखने से मना न करे”। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2463) و مسلم (136 / 1609)، (4130)

٢٩٦٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اخْتَلَفْتُمْ فِي الطَّرِيقِ جُعِلَ عرضه سَبْعَة أَذْرع» . رَوَاهُ مُسلم

2965. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब रास्ते (के अर्ज़) के बारे में तुम्हारा इख्तिलाफ हो जाए तो फिर उस का अर्ज़ सात हाथ रखा जाएगा”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (143 / 1613)، (4139)

بَاب الشُّفْعَة • शफात का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩٦٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن سعيد بن حُرَيْث قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ بَاعَ مِنْكُمْ دَارًا أَوْ عَقَارًا قَمِنٌ أَنْ لَا يُبَارَكُ لَهُ إِلَّا أَنْ يَجْعَلَهُ فِي مِثْلِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ والدارمي

2966. सईद बिन हुरैस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तुम में से जो शख़्स कोई घर या कोई ज़मीन फरोख्त करे तो मुमकिन है के इस (की बेअ) के लिए बरकत न रखी जाए इल्ला यह कि वह (रकम) को इसी तरह की चीज़ में लगाए”। (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (3490) و الدارمی (2 / 273 ح 2628)

٢٩٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْجَارُ أَحَقُّ بِشُفْعَتِهِ يُنْتَظَرُ لَهَا وَإِنْ كَانَ غَائِبًا إِذَا كَانَ طَرِيقُهُمَا وَاحِدًا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ. والدارمي

2967. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पड़ोसी अपने शिफ़ाअ का ज़्यादा हक़दार है, अगर वह कहे गया हुआ है तो उस का इंतज़ार किया जाएगा जबके इन दोनों का रास्ता एक ही हो”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 303 ح 14303) و الترمذی (1369 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3518) و ابن ماجه (2494) و الدارمی (2 / 273 ح 2630)

٢٩٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الشَّرِيكُ شَفِيعٌ وَالشُّفْعَةُ فِي كل شَيْء» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ قَالَ:

2968. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शराकत दार शिफ़ाअ कर सकता है और शिफ़ाअ हर चीज़ में हो सकता है”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1371)

٢٩٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَقَدْ رُوِيَ عَنِ ابْنِ أَبِي مُلَيْكَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُرْسَلًا وَهُوَ أَصح

2969. इब्ने अबी मुलयका की सनद से नबी ﷺ से मुरसल मरवी है और वह ज़्यादा सहीह है। (हसन)

حسن ، انظر الحدیث السابق (2968)

٢٩٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن حجش قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَطَعَ سِدْرَةً صَوَّبَ اللَّهُ رَأْسَهُ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: هَذَا الْحَدِيثُ مُخْتَصَرٌ يَعْنِي: مَنْ قَطَعَ سِدْرَةً فِي فَلَاةٍ يَسْتَظِلُّ بِهَا ابْنُ السَّبِيلِ وَالْبَهَائِمُ غَشْمًا وَظُلْمًا بِغَيْرِ حَقٍّ يَكُونُ لَهُ فِيهَا صَوَّبَ الله رَأسه فِي النَّار

2970. अब्दुल्लाह बिन हुबैश रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स बैरी का दरख्त काट डाले तो अल्लाह तआला इसे सर के बल जहन्नम में डालेगा”। अबू दावुद, और फ़रमाया यह हदीस मुख़्तसर है, यानी: “जिस ने नाहक तौर पर किसी जंगल से बैरी का दरख्त काट डाला जिस के निचे मुसाफ़िर और जानवर साया हासिल करते हो, तो अल्लाह तआला इसे सर के बल जहन्नम में डालेगा”। (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (5239)

शफात का बयान • بَاب الشُّفْعَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٩٧١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إِذَا وَقَعَتِ الْحُدُودُ فِي الْأَرْضِ فَلَا شُفْعَةَ فِيهَا. وَلَا شُفْعَةَ فِي بِئْرٍ وَلَا فحل النّخل. رَوَاهُ مَالك

2971. उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब ज़मीन की हुदूद मुतय्यीन हो जाए तो फिर उस में शिफ़ाअ नहीं, और इसी तरह कुंवे और पैबंद लगी खजूर में शिफ़ाअ नहीं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالك (2 / 717 ح 1459) * ابوبكر بن محمد بن عمرو بن حزم و لد بعد شهادة سيدنا عثمان رضى الله عنه فالسند منقطع و فى الباب عن عمر رضى الله عنه (انظر السنن الكبرى للبيهقى 6 / 105)

मसकत और मुज़ारात का बयान • بَاب الْمُسَاقَاة والمزارعة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٩٧٢ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَفَعَ إِلَى يَهُودِ خَيْبَرَ نَخْلَ خَيْبَرَ وَأَرْضَهَا عَلَى أَنْ يَعْتَمِلُوهَا مِنْ أَمْوَالِهِمْ وَلِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَطْرُ ثَمَرِهَا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَفِي رِوَايَةِ الْبُخَارِيِّ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْطَى خَيْبَرَ الْيَهُودَ أَنْ يَعْمَلُوهَا ويزرعوها وَلَهُم شطر مَا يخرج مِنْهَا

2972. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने खैबर के यहूद को खैबर के नखलिस्तान और उस की ज़मीन इस शर्त पर दी के वह अपने अमवाल से उन में काम करे, और उस की पैदावार का आधा रसूलुल्लाह ﷺ के लिए होगा, और सहीह बुखारी की रिवायत में है की रसूलुल्लाह ﷺ ने खैबर यहूदियों को दीया के वह काम करे और काश्त कारी करे और उस की पैदावार का आधा उन्हें मिलेगा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (5 / 1551)، (3966) و البخارى (2285)

٢٩٧٣ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: كُنَّا نخبر وَلَا نَرَى بِذَلِكَ بَأْسًا حَتَّى زَعَمَ رَافِعُ ابْن خَدِيجٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْهَا فَتَرَكْنَاهَا مِنْ أَجْلِ ذَلِكَ. رَوَاهُ مُسلم

2973. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम मुखाबरत किया करते थे और हम उस में कोई

हरज महसूस नहीं करते थे, हत्ता के राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा के नबी ﷺ ने इसे मना फ़रमाया है, लिहाज़ा हमने इस वजह से तर्क कर दिया। (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 1548)، (3935)

٢٩٧٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ حَنْظَلَةَ بْنِ قَيْسٍ عَنْ رَافِعِ بْنِ خديج قَالَ: أَخْبَرَنِي عَمَّايَ أَنَّهُمْ كَانُوا يُكْرُونَ الْأَرْضَ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَا يَنْبُتُ عَلَى الْأَرْبَعَاءِ أَوْ شَيْءٍ يَسْتَثْنِيهِ صَاحِبُ الْأَرْضِ فَنَهَانَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَلِكَ فَقُلْتُ لِرَافِعٍ: فَكَيْفَ هِيَ بِالدَّرَاهِمِ وَالدَّنَانِيرِ؟ فَقَالَ: لَيْسَ بِهَا بَأْسٌ وَكَأَنَّ الَّذِي نُهِيَ عَنْ ذَلِكَ مَا لَوْ نَظَرَ فِيهِ ذَوُو الْفَهْمِ بِالْحَلَالِ وَالْحَرَامِ لَمْ يُجِيزُوهُ لِمَا فِيهِ مِنَ الْمُخَاطَرَةِ

2974. हंजाल बिन कैस, राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, मेरे दो चचा नबी ﷺ के दौर में ज़मीन कराए पर दिया करते थे, लेकिन वह बरसाती नाले के आस पास उगने वाली खेती या कोई और चीज़ मुश्तश्ना कर लिया करते थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें उस से मना फरमा दिया, मैंने राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु से कहा: वह दिरहम व दीनार के बदले देने में क्या हुक्म रखती है ? उन्होंने कहा: उस में कोई हरज नहीं, और जिस वजह से ऐसा करने से मना किया गया है अगर हलाल व हराम के मुत्तल्लिक जानने वाला साहबे फहम तो फरासत उस का जाइज़ा ले तो वह भी उस में मौजूद धोके के पेशे नज़र इसे जाईज़ करार न दे। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2346) و مسلم (115 / 1547)، (3951)

٢٩٧٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ قَالَ: كُنَّا أَكْثَرَ أَهْلِ الْمَدِينَةِ حَقْلًا وَكَانَ أَحَدُنَا يُكْرِي أَرْضَهُ فَيَقُولُ: هَذِهِ الْقِطْعَةُ لِي وَهَذِهِ لَكَ فَرُبَّمَا أَخْرَجَتْ ذِهِ وَلَمْ تُخْرِجْ ذِهِ فَنَهَاهُمُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

2975. राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम अहले मदीना ज़्यादातर काश्तकार थे, हम में से कोई अपने ज़मीन कराए पर देता तो यूँ कहता: यह हिस्सा ज़मीन मेरा है और यह तेरा, बसा-अवक़ात यह हिस्सा ज़मीन पैदावार देता और यह न देता, लिहाज़ा नबी ﷺ ने उन्हें मना फरमा दिया। (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2332) و مسلم (117 / 1547)، (3953)

٢٩٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَمْرو قَالَ: قلت لطاووس: لَوْ تُرِكَتِ الْمُخَابَرَةُ فَإِنَّهُمْ يَزْعُمُونَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْهُ قَالَ: أَيْ عَمْرُو إِنِّي أُعْطِيهِمْ وَأُعِينُهُمْ وَإِنَّ أَعْلَمَهُمْ أَخْبَرَنِي يَعْنِي ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمْ ينه عنهُ وَلَكِن قَالَ: «أَلا يَمْنَحْ أَحَدُكُمْ أَخَاهُ خَيْرٌ لَهُ مِنْ أَنْ يَأْخُذَ عَلَيْهِ خَرْجًا مَعْلُومًا»

2976. अमरो बयान करते हैं, मैंने तावुस से कहा: काश के आप मुखाबरा छोड़ दे, क्योंकि आम गुमान यह है कि नबी ﷺ ने उस से मना फ़रमाया है, उन्होंने ने फ़रमाया: अमरो! में उन्हें ज़मीन देता हूँ और उनकी मदद भी करता हूँ, और बेशक उन में बड़े आलम यानी इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने मुझे बताया की नबी ﷺ ने उस से मना नहीं

फरमाया: लेकिन आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम में से कोई अपने भाई को बतौर इहसान मुफ्त ज़मीन दे दे तो वह उस के लिए मुईन मिकदार में उजरत लेने से बेहतर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2230) و مسلم (120 121 / 1550)، (3957 و 3958)

٢٩٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَتْ لَهُ أَرْضٌ فَلْيَزْرَعْهَا أَوْ لِيَمْنَحْهَا أَخَاهُ فَإِنْ أَبَى فَلْيُمْسِكْ أرضه»

2977. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स की ज़मीन हो तो वह इसे काश्त करे या बतौर इहसान इसे अपने भाई को दे दे, अगर ऐसा नहीं कर सकता तो वह अपने ज़मीन अपने पास रखे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2340) و مسلم (96 / 1536)، (3925)

٢٩٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ وَرَأَى سِكَّةً وَشَيْئًا مِنْ آلَةِ الْحَرْثِ فَقَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَدْخُلُ هَذَا بَيْتَ قوم إِلَّا أدخله الذل» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2978. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने हल या कोई आले ज़राअत देखा तो कहा: मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “किसी कौम के जिस घर में यह चीज़े घुस आती हैं, तो अल्लाह उन्हें ज़िल्लत से दो चार कर देता है‘‘| (बुखारी)

رواه البخاری (2321)

मसकत और मुज़ारात का बयान • بَاب الْمُسَاقَاة والمزارعة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٩٧٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ زَرَعَ فِي أَرْضِ قَوْمٍ بِغَيْرِ إِذْنِهِمْ فَلَيْسَ لَهُ مِنَ الزَّرْعِ شَيْءٌ وَلَهُ نَفَقَتُهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

2979. राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी की ज़मीन मैं इन की इजाज़त के बगैर काश्त करे तो खेती की पैदावार से इसे कुछ नहीं मीलेगा, वह सिर्फ खर्चे का हकदार है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1366) و ابوداؤد (3403) [و ابن ماجه : 2466] * ابو اسحاق عنعن و عطاء لم يسمع من رافع بن خديج رضی الله عنه

بَاب الْمُسَاقَاة و المزارعة • मसकत और मुज़ारात का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٩٨٠ - (صَحِيح) عَنْ قَيْسِ بْنِ مُسْلِمٍ عَنْ أَبِي جَعْفَرٍ قَالَ: مَا بِالْمَدِينَةِ أَهْلُ بَيْتِ هِجْرَةٍ إِلَّا يَزْرَعُونَ عَلَى الثُّلُثِ وَالرُّبُعِ وَزَارَعَ عَلِيٌّ وَسَعْدُ بْنُ مَالِكٍ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ مَسْعُودٍ وَعُمَرُ ابْن عبد الْعَزِيز وَالقَاسِم وَعُرْوَة وَآل أبي بَكْرٍ وَآلُ عُمَرَ وَآلُ عَلِيٍّ وَابْنُ سِيرِينَ وَقَالَ عَبْدُ الرَّحْمَن بْنُ الْأَسْوَدِ: كُنْتُ أُشَارِكُ عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ يَزِيدَ فِي الزَّرْعِ وَعَامَلَ عُمَرُ النَّاسَ عَلَى: إِنْ جَاءَ عُمَرُ بِالْبَذْرِ من عِنْده فَلهُ الشّطْر. وَإِن جاؤوا بالبذر فَلهم كَذَا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2980. कैस बिन मुस्लिम, अबू जाफर से बयान करते हैं, तमाम मुहाजिर मदीना में तिहाई या चोथाई हिस्से पर ज़राअत करते थे, अली सईद बिन मालिक, अब्दुल्लाह बिन मसूद, उमर बिन अब्दुल अज़ीज़, कासिम, उरवा, आले अबू बकर, आले उमर और आले अली और इब्ने सिरिन ने ज़राअत की और अब्दुल रहमान बिन असवद बयान करते हैं, मैं ज़राअत में अब्दुल रहमान बिन यज़ीद के साथ शराकत किया करता था, और उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने लोगो से मुआमला किया के अगर उमर बैज मुहय्या करेगा तो आधी पैदावार वह लेगा और अगर वह बैज मुहय्या करेगा तो इन के लिए इतना हिस्सा होगा। (बुखारी)

رواه البخارى (كتاب الحرث و المزارعة باب : 8 قبل ح 2328 تعليقًا) [و عبد الرزاق فى المصنف (8 / 100 ح 14476) و ابن حجر فى تغليق التعليق (3 / 300)]

بَاب الْإِجَارَة • इजारह का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٩٨١ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ قَالَ: زَعَمَ ثَابِتُ بْنُ الضَّحَّاكِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الْمُزَارَعَةِ وَأَمَرَ بِالْمُؤَاجَرَةِ وَقَالَ: «لَا بَأْسَ بِهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2981. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, साबित बिन ज़िहाक ने कहा के रसूलुल्लाह ﷺ ने मज़ारित से मना फ़रमाया और मुवाजरत (ठेके) पर काम करने का हुक्म फ़रमाया, और फ़रमाया: "उस में कोई हरज नहीं"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (119 / 1549)، (3956)

٢٩٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ احْتَجَمَ فَأَعْطَى الْحَجَّامَ أجره واستعط

2982. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने पछने (हिजामा) लगवाए तो पछने (हिजामा) लगाने वाले को उस की उजरत दी और नाक में दवाई दलवाई| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5691) و مسلم (65 / 1202)، (4041)

٢٩٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا بَعَثَ اللَّهُ نَبِيًّا إِلَّا رَعَى الْغَنَمَ» . فَقَالَ أَصْحَابُهُ: وَأَنْتَ؟ فَقَالَ: «نَعَمْ كُنْتُ أَرْعَى عَلَى قَرَارِيطَ لِأَهْلِ مَكَّةَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2983. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ ने से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के हर नबी ने बकरिया चराई है”, आप के सहाबा ने अर्ज़ किया, आप ने भी ? फ़रमाया: “हाँ! मैं भी चंद किरात पर मक्का वालो की बकरियां चराया करता था”| (बुखारी)

رواه البخاری (2262)

٢٩٨٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: ثَلَاثَةٌ أَنَا خَصْمُهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ: رَجُلٌ أَعْطَى بِي ثُمَّ غَدَرَ وَرَجُلٌ بَاعَ حُرًّا فَأَكَلَ ثَمَنَهُ وَرَجُلٌ اسْتَأْجَرَ أَجِيرًا فَاسْتَوْفَى مِنْهُ وَلَمْ يُعْطِهِ أَجْرَهُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2984. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला फरमाता है, तीन किस्म के लोग ऐसे है की रोज़ ए क़यामत में खुद उन से झगड़ुगा: एक वह आदमी जो मेरा नाम ले कर अहद करे फिर इसे तोड़ डाले, वह शख़्स जो किसी आज़ाद आदमी को बेच कर उस की कीमत खा जाए और एक वह आदमी जो किसी मज़दूर को उजरत पर रखा तो उन से पूरा काम ले लेकिन इसे उजरत न दे”| (बुखारी)

رواه البخاری (2227)

٢٩٨٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ نَفَرًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرُّوا بِمَاءٍ [ص:٩٠ فبهم لَدِيغٌ أَوْ سَلِيمٌ فَعَرَضَ لَهُمْ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ الْمَاءِ فَقَالَ: هَلْ فِيكُمْ مِنْ رَاقٍ؟ إِن فِي المَاء لَدِيغًا أَوْ سَلِيمًا فَانْطَلَقَ رَجُلٌ مِنْهُمْ فَقَرَأَ بِفَاتِحَة الْكتاب على شَاءَ فبرئ فَجَاءَ بِالشَّاءِ إِلَى أَصْحَابِهِ فَكَرِهُوا ذَلِكَ وَقَالُوا: أَخَذْتَ عَلَى كِتَابِ اللَّهِ أَجْرًا حَتَّى قَدِمُوا الْمَدِينَةَ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَخَذَ عَلَى كِتَابِ اللَّهِ أَجْرًا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَحَقَّ مَا أَخَذْتُمْ عَلَيْهِ أَجْرًا كِتَابُ اللَّهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ: «أَصَبْتُمُ اقْسِمُوا وَاضْرِبُوا لِي مَعَكُمْ سَهْمًا»

2985. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ के चंद सहाबा का पानी (के घाट) के पास से गुज़र हुआ तो वहां एक आदमी था जिसे बिच्छु या सांप ने दस लिया था, इस पानी पर आबाद लोगो में से एक आदमी आया तो उस ने कहा: क्या तुम में कोई दम झाड़ करने वाला है ? क्योंकि हमारी आबादी में एक आदमी है जिसे बिच्छु या

सांप ने दस लिया है, उन (सहाबा किराम) में से एक आदमी गया और कुछ बकरियों के अवज़ उस पर सुरह फातिहा पढ़ी और बकरिया ले कर अपने साथियो के पास आया तो उन्होंने इसे नापसंद किया, और कहा, क्या तुम ने अल्लाह की किताब पर उजरत ले ली हत्ता के वह मदीना पहुँच गए, तो उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस ने अल्लाह की किताब पर उजरत ली है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस चीज़ पर तुम उजरत लेने के सबसे ज़्यादा हक़दार हो, वह अल्लाह की किताब है”, और एक दूसरी हदीस में है : “तुमने ठीक किया, तकसीम करो और अपने साथ मेरा भी हिस्सा मुकर्रर करो”| (बुखारी)

رواه البخاری (5737)

बَاب الْإِجَارَة • इजारह का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩٨٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ خَارِجَةَ بْنِ الصَّلْتِ عَنْ عَمِّهِ قَالَ: أَقْبَلْنَا مِنْ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَتَيْنَا عَلَى حَيٍّ مِنَ الْعَرَبِ فَقَالُوا: إِنَّا أُنْبِئْنَا أَنَّكُمْ قَدْ جِئْتُمْ مِنْ عِنْدِ هَذَا الرَّجُلِ بِخَيْرٍ فَهَلْ عِنْدَكُمْ مِنْ دَوَاءٍ أَوْ رُقْيَةٍ؟ فَإِنَّ عِنْدَنَا مَعْتُوهًا فِي الْقُيُود فَقُلْنَا: نعم فجاؤوا بِمَعْتُوهٍ فِي الْقُيُودِ فَقَرَأْتُ عَلَيْهِ بِفَاتِحَةِ الْكِتَابِ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ غُدْوَةً وَعَشِيَّةً أَجْمَعُ بُزَاقِي ثُمَّ أَتْفُلُ قَالَ: فَكَأَنَّمَا أُنْشِطَ مِنْ عِقَالٍ فَأَعْطَوْنِي جُعْلًا فَقُلْتُ: لَا حَتَّى أَسْأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «كُلْ فَلَعَمْرِي لَمَنْ أَكَلَ بِرُقْيَةِ بَاطِلٍ لَقَدْ أَكَلْتَ بِرُقْيَةِ حَقٍّ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

2986. ख़ारिजा बिन स्वलय्त अपने चचा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम रसूलुल्लाह ﷺ के पास से वापिस आ रहे थे, तो हम एक अरब कबिले के पास आए तो उन्होंने कहा: हमें पता चला के तुम इस आदमी से खैर (यानी कुरान) ले कर आ रहे हो, क्या तुम्हारे पास कोई दवाइ या दम है क्यूंकि हमारे पास एक मजनून शख़्स जकड़ा हुआ है, हमने कहा: हाँ, वह इस जकड़े हुए दीवाने को ले आए तो मैंने तीन रोज़ सुबह व शाम सुरह फातिहा का दम किया, मैं अपने थूक (मुहं में) जमा कर लेता फिर इसे (इस मजनून पर) थूक देता, रावी बयान करते हैं, उस की बीमारी और दीवानगी जाती रही तो उन्होंने मुझे उजरत दी तो मैंने कहा : नहीं (में इसे नहीं लूँगा) हत्ता कि मैं नबी ﷺ से पूछलूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी अम्र की क़सम! खाओ, कुछ ऐसे है जो झूठे दम के ज़रिए खाते है, जबके तुमने अच्छे दम से खाया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 210 211 ح 22179 22180) و ابوداؤد (3420)

٢٩٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «أَعْطُوا الْأَجِيرَ أَجْرَهُ قَبْلَ أَنْ يَجِفَّ عَرَقُهُ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2987. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मज़दूर को उस की उजरत, उस का पसीना खुश्क होने से पहले अदा कर दो”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (2443)

٢٩٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْحُسَيْنِ بْنِ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لِلسَّائِلِ حَقٌّ وَإِنْ جَاءَ عَلَى فَرَسٍ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد وَفِي المصابيح: مُرْسل

2988. हुसैन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “साइल का हक़ है ख्वाँ वह घोड़े पर आए”| अहमद अबू दावुद, और मसाबिह में मुरसल रिवायत है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 201 ح 1730) و ابوداؤد (1665) [و ابن خزيمه : 2468] * و للحديث شواهد وهو بها حسن ، انظر تلخيص نيل المقصود (ص 334 ح 1665)

باب الْإِجَارَة • इजारह का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٩٨٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُتْبَةَ بْنِ الْمُنْذِرِ قَالَ: كُنَّا عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَرَأَ: (طسم)»» حَتَّى بَلَّغَ قِصَّةَ مُوسَى قَالَ: «إِنَّ مُوسَى عَلَيْهِ السَّلَامُ آجَرَ نَفْسَهُ ثَمَانِ سِنِينَ أَوْ عَشْرًا عَلَى عِفَّةِ فَرْجِهِ وَطَعَامِ بَطْنِهِ» . رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجه

2989. उत्बा बिन मुन्ज़िर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की आप ने “ (طسم) सुरह ता सिन मीम” तिलावत फरमाई हत्ता के आप मूसा अलैहिस्सलाम के किस्सा पर पहुंचे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मूसा अलैहिस्सलाम ने अपने शर्मगाह की हिफाज़त और शक्म सीरी की खातिर अपने आप को आठ या दस साल मज़दूरी पर लगाए रखा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (لم اجده) و ابن ماجه (2444) * فيه مسلمة بن على : متروک و الحديث ضعفه البوصيرى

٢٩٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ رَجُلٌ أَهْدَى إِلَيَّ قَوْسًا مِمَّنْ كُنْتُ أَعَلِّمُهُ الْكِتَابَ وَالْقُرْآنَ وَلَيْسَتْ بِمَالٍ فَأَرْمِي عَلَيْهَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ قَالَ: «إِنْ كُنْتَ تُحِبُّ أَنْ تُطَوَّقَ طَوْقًا مِنْ نَارٍ فَاقْبَلْهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2990. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! एक आदमी ने एक कमान मुझे बतौर हदिया दि है और यह इसलिए है के में उसे किताब और कुरान की तालीम दिया करता था, और वह कोई माल नहीं, मैं उस से अल्लाह की राह में तीर अन्दाज़ी करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तू पसंद करता

है की तुझे आग का तोक डाल दिया जाए तो फिर इसे कबूल कर ले”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3416) و ابن ماجه (2157)

بَاب إِحْيَاء الْموَات وَالشرب • बंजर ज़मीन को आबाद करने और पानी की बरी का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٩٩١ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ عَمَرَ أَرْضًا لَيْسَتْ لِأَحَدٍ فَهُوَ أَحَقُّ» . قَالَ عُرْوَةُ: قَضَى بِهِ عُمَرُ فِي خِلَافَتِهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2991. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी बंजर (बे आबाद) ज़मीन को जो के किसी की मिलकियत न हो, आबाद करे तो वह (इस का) ज़्यादा हक़दार है”। उरवा बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अपने खिलाफत में इसी के मुताबिक फैसला किया। (बुखारी)

رواه البخاری (2335)

٢٩٩٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ الصَّعْبَ بْنَ جَثَّامَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا حِمَى إِلَّا لِلَّهِ وَرَسُولِهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2992. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के सअबी बिन जस्सामा रदी अल्लाहु अन्हु ने बयान किया मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “चराहगाह सिर्फ अल्लाह और उस के रसूल के लिए है‘‘। (बुखारी)

رواه البخاری (2370)

٢٩٩٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ عُرْوَةَ قَالَ: خَاصَمَ الزُّبَيْرُ رَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ فِي شِرَاجٍ مِنَ الْحَرَّةِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْقِ يَا زُبَيْرُ ثُمَّ أَرْسِلِ الْمَاءَ إِلَى جَارِكَ» . فَقَالَ الْأَنْصَارِيُّ: أَنْ كَانَ ابْنَ عَمَّتِكَ؟ فَتَلَوَّنَ وَجْهُهُ ثُمَّ قَالَ: «اسْقِ يَا زُبَيْرُ ثُمَّ احْبِسِ الْمَاءَ حَتَّى يَرْجِعَ إِلَى الْجَدْرِ ثُمَّ أَرْسِلِ الْمَاءَ إِلَى جَارِكَ» فَاسْتَوْعَى [ص:٩٠ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلزُّبَيْرِ حَقَّهُ فِي صَرِيحِ الْحُكْمِ حِينَ أحفظه الْأَنْصَارِيّ وَكَانَ أَشَارَ عَلَيْهِمَا بِأَمْرٍ لَهُمَا فِيهِ سَعَةٌ

2993. उरवा बयान करते हैं, जुबैर का हर्राह के बरसात नाले में एक अंसारी आदमी से झगड़ा हो गया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जुबैर! पहले तुम सेराब कर लो फिर अपने पड़ोसी के लिए छोड़ दो”, अंसारी बोलने लगा क्योंकि वह आप की फूफी का बेटा है! आप ﷺ के चेहरे का रंग तब्दील हो गया, फिर फ़रमाया: “जुबैर! पहले तुम सेराब करो फिर पानी रोक रखो हत्ता के वह मुंडेर तक पहुँच जाए, फिर अपने पड़ोसी की तरफ छोड़ दे”, यूँ नबी ﷺ ने वाज़ेह हुक्म में (फिल हकीकत) जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु को पूरा हक़ दे दिया जबके अंसारी ने (कौल फैसल पर मोतराज़ हो कर) आप ﷺ को गुस्सा दिलाया हालाँकि आप ने पहले ऐसा हुक्म दिया था जिस में दोनों के लिए वुसअत थी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2359) و مسلم (139 / 2357)، (6112)

٢٩٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تمنعوا فضل المَاء لتمنعوا بِهِ فضل الْكلأ»

2994. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़ईदाज़ ज़रूरत घास रोकने के लिए ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी मत रोको”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2354) و مسلم (37 / 1566)، (4007)

٢٩٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَا يُكَلِّمُهُمُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا يَنْظُرُ إِلَيْهِمْ رَجُلٌ حَلَفَ عَلَى سِلْعَةٍ لَقَدْ أُعْطِيَ بِهَا أَكْثَرَ مِمَّا أُعْطِيَ وَهُوَ كَاذِبٌ وَرَجُلٌ حَلَفَ عَلَى يَمِينٍ كَاذِبَةٍ بَعْدَ الْعَصْرِ لِيَقْتَطِعَ بِهَا مَالَ رَجُلٍ مُسْلِمٍ وَرَجُلٌ مَنَعَ فَضْلَ مَاءٍ فَيَقُولُ اللَّهُ: الْيَوْمَ أَمْنَعُكَ فَضْلِي كَمَا مَنَعْتَ فَضْلَ مَاء لم تعْمل يداك «»» وَذُكِرَ حَدِيثُ جَابِرٍ فِي» بَابِ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا من الْبيُوع "

2995. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन शख़्स ऐसे है, जिन से अल्लाह रोज़ ए क़यामत ना कलाम करेगा न नज़रे रहमत से उनकी तरफ देखेगा, वह आदमी जिस ने माल पर क़सम उठाई हो के इसे तो उस से, जितनी तुम दे रहे हो, ज़्यादा कीमत मिलती है, हालाँकि वह झूठा है, दूसरा वह शख़्स जो असर के बाद झूठी क़सम उठाए ताकि उस के ज़रिए किसी मुसलमान शख़्स का माल हड़प कर जाए, और तीसरा वह शख़्स जिस ने ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी रोक रखा हो, अल्लाह फरमाएगा: आज में तुझे अपने फ़ज़ल से महरूम रखूँगा जैसे के तूने ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी रोक लिया था हालाँकि इसे तेरे हाथो ने नहीं बनाया था”| और जाबिर (र) की रिवायत बाब ममनूअ बुयुअ (तिजारत) का बयान में ज़िक्र की जा चुकी है? (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2369) و مسلم (173 / 108)، (297) 0 حديث جابر تقدم : 2858

بَاب إِحْيَاء الْموَات وَالشرب • बंजर ज़मीन को आबाद करने और पानी की बरी का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩٩٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ الْحَسَنِ عَنْ سَمُرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَحَاطَ حَائِطًا عَلَى الْأَرْضِ فَهُوَ لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2996. हसन रहीमा उल्लाह समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से और वह नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी (बंजर) ज़मीन पर चार दिवारी कर ले तो वह हिस्सा ज़मीन उस का है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3077) * قتادة مدلس و عنعن

٢٩٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ أَبِي بَكْرٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْطَعَ لِلزُّبَيْرِ نخيلا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2997. अस्मा बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु को जागीर में कुछ खजूरो के दरख्त अता फरमाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3069)

٢٩٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْطَعَ لِلزُّبَيْرِ حُضْرَ فَرَسِهِ فَأَجْرَى فَرَسَهُ حَتَّى قَامَ ثُمَّ رَمَى بِسَوْطِهِ فَقَالَ: «أَعْطُوهُ مِنْ حَيْثُ بَلَغَ السَّوْطُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2998. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु के लिए उन के घोड़े की दोड़ तक मुसाफ़त का रकबा जागीर में अता किया, उन्होंने अपना घोड़ा दोड़ाया हत्ता के वह खड़ा हो गया, फिर उन्होंने अपना कोड़ा फेका आप ﷺ ने फ़रमाया: “जहाँ तक कोड़ा पहुंचा है वहां तक रकबा इसे अता कर दो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3072) * عبدالله العمرى حسن الحديث عن نافع و ضعيف الحديث عن غيره

٢٩٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلْقَمَةَ بْنِ وَائِلٍ عَنْ أَبِيهِ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْطَعَهُ أَرْضًا بِحَضْرَمَوْتَ قَالَ: فَأَرْسَلَ مَعِي مُعَاوِيَةَ قَالَ: «أَعْطِهَا إِيَّاه» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

2999. अल्कमा बिन वाइल अपने वालिद से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने ह्ज़्र मव्त (यमन) के इलाके में उन्हें जागीर दी, वह बयान करते हैं, आप ﷺ ने मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु को मेरे साथ भेजा और फ़रमाया: “वो उन्हें दे आओ”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1381 وقال : حسن صحيح) و الدارمی (2 / 269 ح 2612)

٣٠٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبْيَضَ بْنِ حَمَّالٍ الْمَأْرِبِيِّ: أَنَّهُ وَفَدَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَسْتَقْطَعَهُ الْمِلْحَ الَّذِي بِمَأْرِبَ فَأَقْطَعُهُ إِيَّاهُ فَلَمَّا وَلَّى قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا أَقْطَعْتَ لَهُ الْمَاءَ الْعِدَّ قَالَ: فَرَجَّعَهُ مِنْهُ قَالَ: وَسَأَلَهُ مَاذَا يحمى من الْأَرَاك؟ قَالَ: «مَا لَمْ تَنَلْهُ أَخْفَافُ الْإِبِلِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

3000. अबिज़ बिन हम्माल अल मउरबी से रिवायत है के वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए तो आप से मारब की नमक की खान बतौर जागीर तलब की तो आप ने वह इसे अता कर दी, जब वह आदमी वापिस मुड़ा तो एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने तो उसे दाइमी चीज़ अता फरमा दी, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने इसे उस से वापिस ले लिया, रावी बयान करते हैं, के इस ने रसूलुल्लाह ﷺ से पूछा फलो के दरख्तों की ज़मीन किस कदर दूर जा कर घेर ली जाए फ़रमाया: “जहाँ ऊंट न पहुँच पाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1380 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (2475) و الدارمی (2 / 269 ح 2611)

٣٠٠١ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الْمُسْلِمُونَ شُرَكَاءُ فِي ثَلَاث: الْمَاءِ وَالْكَلَأِ وَالنَّارِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه

3001. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान तीन चीजों: पानी, घास और आग में हिस्सा दार है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3477 و سنده صحيح) و ابن ماجه (2472 و سنده ضعيف جدًا)

٣٠٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسْمَرَ بْنِ مُضَرِّسٍ قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَايَعْتُهُ فَقَالَ: «مَنْ سَبَقَ إِلَى مَاءٍ لَمْ يَسْبِقْهُ إِلَيْهِ مُسْلِمٌ فَهُوَ لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3002. असमर बिन मुदर्रिस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप की बैत की, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी ऐसे पानी (चश्मे) पर, जहाँ कोई मुसलमान न पहुंचा हो, वह पहले पहुँच जाए तो वह पानी इसी का है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3071)

٣٠٠٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ طَاوُسٍ مُرْسَلًا: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «من أحيى مَوَاتًا مِنَ الْأَرْضِ فَهُوَ لَهُ وَعَادِيُّ الْأَرْضِ لِلَّهِ وَرَسُولِهِ ثُمَّ هِيَ لَكُمْ [ص:٩٠] مِنِّي» . رَوَاهُ الشَّافِعِي

3003. ताउस से मुरसल रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स बंजर ज़मीन को आबाद कर ले तो वह इसी की है, और क़दीम बंजर ज़मीन अल्लाह और उस के रसूल की है, फिर वह मेरी तरफ से तुम्हारे लिए है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الشافعی فی الام (4 / 45) عن سفيان (بن عيينة) عن طاؤس رحمه الله به * السند مرسل

٣٠٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» : أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَقْطَعَ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ الدُّورَ بِالْمَدِينَةِ وَهِيَ بَيْنَ ظَهْرَانَيْ عِمَارَةِ الْأَنْصَارِ مِنَ الْمَنَازِلِ وَالنَّخْلِ فَقَالَ بَنُو عَبْدِ بن زهرَة: نكتب عَنَّا ابْنَ أُمِّ عَبْدٍ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ الله: «فَلِمَ ابْتَعَثَنِي اللَّهُ إِذًا؟ إِنَّ اللَّهَ لَا يُقَدِّسُ أُمَّةً لَا يُؤْخَذُ لِلضَّعِيفِ فِيهِمْ حَقُّهُ»

3004. शरह अल सुनना में मरवी है के नबी ﷺ ने अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु को मदीना में कुछ घर बतौर जागीर अता किए, वह अंसार के घरो और नखलिस्तान के दरमियान थे, बनू अब्द बिन जुहरा ने कहा: इब्ने उम्म अब्द (अब्दुल्लाह बिन मसउद (र)) को हम से दूर कर दे, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “तब अल्लाह ने मुझे मबउस ही क्यों किया है, बेशक अल्लाह इस उम्मत को पाक नहीं करता जिस में उन के जईफ शख़्स को उस का हक़ न दिलाया जाए”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 271 بعد ح 2189) [و الشافعی فی الام 4 / 45 ، 50 و سنده مرسل ای ضعيف لا رساله] * وله شاهد ضعيف عند الطبرانی فی المعجم الکبير ، فيه عبد الرحمن بن سلام عن سفيان عن يحيی بن جعدة عن هبيرة بن يريم عن ابن مسعود ، و شاهد آخر ضعيف عند الخطيب (4 / 188)

٣٠٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي السَّيْلِ الْمَهْزُورِ أَنْ يُمْسَكَ حَتَّى يَبْلُغَ الْكَعْبَيْنِ ثُمَّ يُرْسَلَ الْأَعْلَى عَلَى الْأَسْفَل. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3005. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सिल महज़ुर के बारे में फैसला फ़रमाया के उस को रोका जाए हत्ता के वह (पानी) टखनो तक पहुँच जाए, फिर ऊपरी हिस्से से निचले हिस्से को पानी छोड़ा जाए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3639) و ابن ماجه (2482)

٣٠٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ: أَنَّهُ كَانَتْ لَهُ عضد من نخل فِي حَائِطِ رَجُلٍ مِنَ الْأَنْصَارِ وَمَعَ الرَّجُلِ أَهْلُهُ فَكَانَ سَمُرَةُ يَدْخُلُ عَلَيْهِ فَيَتَأَذَّى بِهِ فَأتى النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فذكرذلك لَهُ فَطَلَبَ إِلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم ليَبِيعهُ فَأبى فَطلب أَن يناقله فَأَبَى قَالَ: «فَهَبْهُ لَهُ وَلَكَ كَذَا» أَمْرًا رَغْبَةً فِيهِ فَأَبَى فَقَالَ: «أَنْتَ مُضَارٌّ» فَقَالَ لِلْأَنْصَارِيِّ: «اذْهَبْ فَاقْطَعْ نَخْلَهُ» . رَوَاهُ أَبُو

دَاوُدَ»» وَذكر حَدِيث جَابر: «من أحيي أَرضًا» فِي «بَاب الْغَصْب» بِرِوَايَةِ سَعِيدِ بْنِ زَيْدٍ. وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أَبِي صِرْمَةَ: «مَنْ ضَارَّ أَضَرَّ اللَّهُ بِهِ» فِي «بَاب مَا يُنْهِي من التهاجر»

3006. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन के खजूरो के कुछ दरख्त एक अंसारी शख़्स के बाग़ में थे, और उस के बच्चे भी इस शख़्स के साथ (बाग़ में) थे, समुरह रदी अल्लाहु अन्हु जब इस शख़्स के पास जाते तो वह उन से तकलीफ महसूस करता, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और आप को सारी बात बताई तो नबी ﷺ ने समुरह रदी अल्लाहु अन्हु को अपने पास बुलाया ताकि वह इसे फरोख्त कर दे लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया, आप ने मुतालबा किया के उन दरख्तों के बदले में किसी और जगह ले लो, लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया, फ़रमाया: “इसे हिब्बा कर दो”, और आप ﷺ ने तरगीब के अंदाज़ में फ़रमाया के: “तुम्हें (जन्नत में) यह कुछ मिलेगा”, उन्होंने फिर भी इन्कार कर दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम तकलीफ पहुँचाने वाले हो”, आप ﷺ ने अंसारी शख़्स से फ़रमाया: “जाओ और उस के खजूरो के दरख्त काट दो”, और जाबिर से मरवी हदीस: “जिस ने बंजर ज़मीन को आबाद किया” सईद बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत से “ (بَاب الْغَصْب) बाब अल गसब” में ज़िक्र की गई है और हम अबू सिरमा रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: “जिस ने किसी को तकलीफ पहुँचाई तो अल्लाह इसे तकलीफ पहुंचाएगा”, “ (بَاب مَا يُنْهِي من التهاجر) बाब मा उन्हा अन अल तिहाजिर” में ज़िक्र करेंगे। (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3636) * قال ابن التركمانى :'' ذكر ابن حزم انه منقطع لان محمد بن على لا سماع له من سمرة '' (الجوهر النقى 6 / 157)
0 حديث جابر تقدم (1916) و حديث سعيد بن زيد تقدم (2944) و حديث ابى صرمة ياتى (5042)

بَاب إحْيَاء الْموَات وَالشرب • बंजर ज़मीन को आबाद करने और पानी की बरी का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٠٠٧ - (ضَعِيف) عَن عَائِشَة أَنَّهَا قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا الشَّيْءُ الَّذِي لَا يَحِلُّ مَنْعُهُ؟ قَالَ: «الْمَاءُ وَالْمِلْحُ وَالنَّار» قَالَت: قلت: يَا رَسُول الله هَذَا الْمَاءُ قَدْ عَرَفْنَاهُ فَمَا بَالُ الْمِلْحِ وَالنَّارِ؟ قَالَ: «يَا حميراء أَمن أَعْطَى نَارًا فَكَأَنَّمَا تَصَدَّقَ بِجَمِيعِ مَا أَنْضَجَتْ تِلْكَ النَّارُ وَمَنْ أَعْطَى مِلْحًا فَكَأَنَّمَا تَصَدَّقَ بِجَمِيعِ مَا طَيَّبَتْ تِلْكَ الْمِلْحُ وَمَنْ سَقَى مُسْلِمًا شَرْبَةً مِنْ مَاءٍ حَيْثُ يُوجَدُ الْمَاءُ فَكَأَنَّمَا أَعْتَقَ رَقَبَةً وَمَنْ سَقَى مُسْلِمًا شَرْبَةً مِنْ مَاءٍ حَيْثُ لَا يُوجَدُ الْمَاءُ فَكَأَنَّمَا أَحْيَاهَا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3007. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह कौन सी चीज़ है जिस का रोकना हलाल नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “पानी, नमक और आग”, वह बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह

के रसूल! पानी की अहमियत व ज़रूरत का तो हमें पता है, लेकिन नमक और आग की तो वह सूरत नहीं है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "हुमेरा! जिस शख़्स ने आग दी तो गोया उस ने इस आग से पकने वाली तमाम चीज़े, सदका की, और जिस ने नमक दिया तो गोया इस नमक ने जिन चीजों को लज़ीज़ बनाया वह तमाम चीज़े उस ने सदका की, जिस शख़्स ने पानी के होते हुए किसी मुसलमान को एक घूंट पानी पिलाया तो गोया उस ने एक गुलाम आज़ाद किया, और जिस ने पानी की अदम दस्तियाबी की सूरत में किसी मुसलमान को पानी का घूंट पिला दिया तो गोया उस ने इसे जिंदगी अता कर दी"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2474) * على بن زيد بن جدعان : ضعيف و زهير بن مرزوق : مجهول ، وعلى بن غراب : مدلس ، و للحديث شاهدان ضعيفان

بَاب العطايا • तोहफा देने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٠٠٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ عُمَرَ أَصَابَ أَرْضًا بِخَيْبَرَ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَصَبْتُ أَرْضًا بِخَيْبَرَ لَمْ أُصِبْ مَالًا قَطُّ أَنْفَس عِنْدِي مِنْهُ فَمَا تَأْمُرُنِي بِهِ؟ قَالَ: «إِنْ شِئْتَ حَبَسْتَ أَصْلَهَا وَتَصَدَّقْتَ بِهَا» . فَتَصَدَّقَ بِهَا عُمَرُ: إِنَّهُ لَا يُبَاعُ أَصْلُهَا وَلَا يوهب وَلَا يُورث وَتصدق بهَا فِي الْفُقَرَاءِ وَفِي الْقُرْبَى وَفِي الرِّقَابِ وَفِي سَبِيلِ اللَّهِ وَابْنِ السَّبِيلِ وَالضَّيْفِ لَا جُنَاحَ عَلَى مَنْ وَلِيَهَا أَنْ يَأْكُلَ مِنْهَا بِالْمَعْرُوفِ أَوْ يُطْعِمَ غَيْرَ مُتَمَوِّلٍ قَالَ ابْنُ سِيرِينَ: غير متأثل مَالا

3008. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के खैबर की कुछ ज़मीन उमर रदी अल्लाहु अन्हु के हिस्से में आइ तो उन्होंने नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे खैबर की जो ज़मीन मिली है उस से पहले इतना नफ्सी माल मुझे कभी नहीं मिला, आप उस के मुत्तल्लिक मुझे किया हुक्म फरमाते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर तुम चाहो तो उस का असल माल तुम रख लो और उस की पैदावार सदका कर दो", उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने इस शर्त पर इसे सदका किया के ना उस के असल को बेचा जाएगा न हिब्बा किया जाएगा और ना ही विरासत में तकसीम होगा और उस की पैदावार को फुकराअ, रिश्तेदारों, गुलामो को आज़ाद कराने, अल्लाह की राह में मुसाफ़िर पर और मेहमानों पर खर्च किया जाएगा, और उस की सरपरस्ती व निगरानी करने वाले पर इस बात में कोई गुनाह नहीं के वह उस में से भले तरीके से खाए, ज़खीरा न करते हुए दुसरो (अहले खाना वगैरा) को भी खिलाए", इब्ने सिरिन रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: माल जमा करने वाला न हो| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2737) و مسلم (15 / 1632)، (4224)

٣٠٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْعُمْرَى جَائِزَةٌ»

3009. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उमरय (उमर भर का अतिया) जाईज़ है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2626) و مسلم (32 / 1626)، (4202)

٣٠١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْعُمْرَى مِيرَاثٌ لِأَهْلِهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3010. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उमरय, उमरय लेने वाले वारिसो की मीरास है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (31 / 1625)، (4201)

٣٠١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ أَعْمِرَ عمرى لَهُ ولعقبه فَإِنَّهَا الَّذِي أعطيها لَا ترجع إِلَى الَّذِي أَعْطَاهَا لِأَنَّهُ أَعْطَى عَطَاءً وَقَعَتْ فِيهِ الْمَوَارِيث»

3011. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स और उस की औलाद को उमरय दिया गया तो वह इन्ही का है जिन को दिया गया, वह देने वाले को वापिस नहीं होगा, क्योंकि उस ने एक ऐसा अतिय्या दिया है जिस में मीरास वाकेअ हो गई है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2625) و مسلم (20 / 1625)، (4188)

٣٠١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّمَا الْعُمْرَى الَّتِي أَجَازَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِن يَقُول: هِيَ لعقبك فَأَمَّا إِذَا قَالَ: هِيَ لَكَ مَا عِشْتَ فَإِنَّهَا ترجع إِلَى صَاحبهَا

3012. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमरय जिसे रसूलुल्लाह ﷺ ने नाफ़िज़ किया है वह यह है कि कोई शख़्स कहे यह (उमरय) तुम्हारे और तुम्हारी औलाद के लिए है, और अगर वह कहे की जब तक तू जिंदा रहे यह चीज़ तेरी है, तो फिर इस की (वफात के बाद) यह उस के मालिक को वापिस मिल जाएगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2625) و مسلم (23 / 1625)، (4191)

तोहफा देने का बयान • بَاب العطايا

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٠١٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا ترقبوا أَو لَا تُعْمِرُوا فَمَنْ أَرْقِبَ شَيْئًا أَوْ أَعْمِرَ فَهِيَ لوَرَثَته» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3013. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ना तुम रकबा के तौर पर कोई चीज़ दो न उमरय के तौर पर, जिस शख़्स को रकबा के तौर पर कोई चीज़ दी गई या उमरय के तौर पर तो वह उस के वारिसो की है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3556)

٣٠١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْعُمْرَى جَائِزَةٌ لِأَهْلِهَا وَالرُّقْبَى جَائِزَةٌ لِأَهْلِهَا» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3014. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उमरय, जिस शख़्स को उमरय दिया जाए उस के अहले खाना के लिए नाफ़िज़ होगा और रकबा, जिस शख़्स को रकबा दिया जाए वह उस के अहले खाना के लिए नाफ़िज़ होगा”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (3 / 303 ح 14304) و الترمذى (1351 وقال : حسن) و ابوداؤد (3558)

तोहफा देने का बयान • بَاب العطايا

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٠١٥ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمْسِكُوا أَمْوَالَكُمْ عَلَيْكُمْ لَا تُفْسِدُوهَا فَإِنَّهُ مَنْ أَعْمَرَ عُمْرَى فَهِيَ لِلَّذِي أعمر حَيا وَمَيتًا ولعقبه» . رَوَاهُ مُسلم

3015. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने अमवाल की हिफाज़त करो और उन्हें ख़राब न करो, क्योंकि जिस शख़्स ने उमरय दिया तो वह इसी शख़्स का है जिस को उमरय दिया गया उस की जिंदगी मैं भी, उस के मरने के बाद भी और उस के वुरसा का है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (26 / 1625)، (4196)

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान — بَاب •

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول •

٣٠١٦ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ عُرِضَ عَلَيْهِ رَيْحَانٌ فَلَا يَرُدُّهُ فَإِنَّهُ خَفِيفُ الْمَحْمَلِ طَيِّبُ الرّيح» . رَوَاهُ مُسلم

3016. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स को खुशबु पेश की जाए तो वह इसे वापिस न करे क्योंकि वह हल्का सा इहसान और अच्छी खुशबू है"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (20 / 2253)، (5883)

٣٠١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ لَا يَرُدُّ الطّيب. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3017. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल करीम ﷺ खुशबु (के तोहफे) को वापिस नहीं किया करते थे। (बुखारी)

رواه البخارى (5929)

٣٠١٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَائِدُ فِي هِبَتِهِ كَالْكَلْبِ يَعُودُ فِي قَيْئِهِ لَيْسَ لَنَا مَثَلُ السوء» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3018. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हिब्बा वापिस लेने वाला, कै कर के इसे चाटने वाले कुत्ते की तरह है, हमारे लिए बुरी मिसाल नहीं ?" (बुखारी)

رواه البخارى (2622)

٣٠١٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ أَنَّ أَبَاهُ أَتَى بِهِ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنِّي نَحَلْتُ ابْنِي هَذَا غُلَامًا فَقَالَ: «أَكُلَّ وَلَدِكَ نَحَلْتَ مِثْلَهُ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَأَرْجِعْهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ: «أَيَسُرُّكَ أَنْ يَكُونُوا إِلَيْكَ فِي الْبِرِّ سَوَاءً؟» قَالَ: بَلَى قَالَ: «فَلَا إِذن» . وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ: أَعْطَانِي أَبِي عَطِيَّةً فَقَالَتْ عَمْرَةُ بِنْتُ رَوَاحَةَ: لَا أَرْضَى حَتَّى تشهد رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَتَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنِّي أَعْطَيْتُ ابْنِي مِنْ عَمْرَةَ بِنْتِ رَوَاحَةَ عَطِيَّةً [ص:٩١ فَأَمَرَتْنِي أَنْ أُشْهِدَكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَعْطَيْتَ سَائِرَ وَلَدِكَ مِثْلَ هَذَا؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْدِلُوا بَيْنَ أَوْلَادِكُمْ» . قَالَ: فَرَجَعَ فَرَدَّ عَطِيَّتَهُ. وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ: «لَا أشهد على جور»

3019. नौमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के मेरे वालिद मुझे ले कर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो अर्ज़ किया, मैंने अपने बेटे को एक गुलाम हिब्बा किया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने अपने सारी औलाद को (बराबर) इस तरह का हिब्बा किया है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे वापिस ले लो", एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम पसंद करते हो के वह सारे तेरे साथ मसावी हुस्ने सुलूक करे ?" उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "तो फिर तुम ऐसे क्यों नहीं करते ?" एक रिवायत में है उन्होंने कहा: मेरे वालिद ने मुझे एक अतिय्या दिया तो उमरह बिन्ते रवाहा रदी अल्लाहु अन्हु (मेरी वालिदा) ने कहा: में राज़ी नहीं हत्ता कि तुम रसूलुल्लाह ﷺ को गवाह बना लो, वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास आए तो अर्ज़ किया, मैंने उमरह बिन्ते रवाहा रदी अल्लाहु अन्हु से अपने बेटे को एक अतिय्या दिया है और अल्लाह के रसूल! उस ने कहा है की मैं आप को गवाह बनाऊ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने अपने बाकी औलाद को भी इसी तरह का अतिय्या दिया है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह से डरो और अपने औलाद के दरमियान इंसाफ करो", रावी बयान करते हैं, वह वापिस आए और अपना अतिय्या वापिस ले लिया और एक दूसरी रिवायत में है के आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं ज़ुल्म पर गवाह नहीं बनता"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2586) و مسلم (13 / 1623)، (4181 و 4182)

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान • بَاب

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٣٠٢٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَرْجِعُ أَحَدٌ فِي هِبَتِهِ إِلَّا الْوَالِدُ مِنْ وَلَده» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

3020. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कोई शख़्स हिब्बा कर के वापिस नहीं ले सकता, अलबत्ता वालिदेन अपने औलाद को कोई चीज़ हिब्बा कर के वापिस ले सकते है"| (सहीह)

صحیح ، رواه النسائی (6 / 264 ح 3719) و ابن ماجه (2378)

٣٠٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ وَابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَحِلُّ لِلرَّجُلِ أَنْ يُعْطِيَ عَطِيَّةً ثُمَّ يَرْجِعَ فِيهَا إِلَّا الْوَالِدَ فِيمَا يُعْطِي وَلَدَهُ وَمَثَلُ الَّذِي يُعْطِي الْعَطِيَّةَ ثُمَّ يَرْجِعُ فِيهَا كَمَثَلِ الْكَلْبِ أَكَلَ حَتَّى إِذَا شَبِعَ قَاءَ ثُمَّ عَادَ فِي قَيْئِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَصَححهُ التِّرْمِذِيّ

3021. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "किसी आदमी के लिए हलाल नहीं के वह अतिय्या दे कर वापिस ले, मगर वालिद जो अपने औलाद को अतिय्या देता

है, और इस शख़्स की मिसाल जो अतिय्या दे कर वापिस ले कुत्ते की तरह है जो खाता रहता है, हत्ता के शक्म सैर हो जाता है तो कै कर देता है, फिर इसे खाने लगता है"| अबू दावुद, तिरमिज़ी, निसाई, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने इसे सहीह करार दिया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3539) و الترمذی (2132) و النسائی (6 / 265 ح 3720) و ابن ماجه (2277)

٣٠٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ أَعْرَابِيًّا أَهْدِيَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَكْرَةً فَعَوَّضَهُ مِنْهَا سِتَّ بَكَرَاتٍ فَتَسَخَّطَ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «إِنَّ فَلَانًا أَهْدَى إِلَيَّ نَاقَةً فَعَوَّضْتُهُ مِنْهَا سِتَّ بَكَرَاتٍ فَظَلَّ سَاخِطًا لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ لَا أَقْبَلَ هَدِيَّةً إِلَّا مِنْ قُرَشِيٍّ أَوْ أَنْصَارِيٍّ أَوْ ثَقَفِيٍّ أَوْ دوسي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3022. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आराबी ने एक कम उमर ऊंट रसूलुल्लाह ﷺ को बतौर हदिया पेश किया तो आप ने उस के अवज़ इसे छे कम उमर ऊंटनिया दी, लेकिन वह राज़ी न हुआ, जब नबी ﷺ को उस का पता चला तो आप ﷺ ने अल्लाह की हम्द व सना बयान की, फिर फ़रमाया: "फलां शख़्स ने मुझे एक ऊंट बतौर हदिया पेश किया तो मैंने उस के अवज़ इसे छे ऊंटनिया दी लेकिन वह फिर भी राज़ी नहीं हुआ, अब मैंने अज़म कर लिया है की मैं सिर्फ किसी कुरैश, अंसारी, सक्फी या दौसी शख़्स का हदिया ही कबूल करूँगा"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3945 وقال : حسن صحیح ، و سنده حسن و للفظ له) و ابوداؤد (3537) و النسائی (6 / 280 ح 3790)

٣٠٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَعْطِيَ عَطَاءً [ص:٩١ فَوَجَدَ فَلْيُجْزِ بِهِ وَمَنْ لَمْ يَجِدْ فَلْيُثْنِ فَإِنَّ مَنْ أَثْنَى فَقَدْ شَكَرَ وَمَنْ كَتَمَ فَقَدْ كَفَرَ وَمَنْ تَحَلَّى بِمَا لَمْ يُعْطَ كَانَ كَلَابِسِ ثوبي زور» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3023. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स को कोई अतिय्या दिया जाए और वह कशाईश पाए तो उस का बदला दे और जो शख़्स कशाईश न पाए तो वह उस की तारीफ़ करे, क्योंकि जिस ने तारीफ़ की तो उस ने कर यह अदा किया और जिस ने (इहसान को) छुपाया तो उस ने नाशुक्री की, और जो शख़्स ऐसी चीज़ ज़ाहिर करने की कोशिश करे जो इसे नहीं दी गई तो वह झूठ के दो जोड़ा पहनने वाले की तरह है (दोहरा झूठ बोलने वाले की तरह है)"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2034 بلون آخر و قال : حسن غريب ، و سنده ضعيف) و ابوداؤد (4813 و سنده ضعيف) * فيه شرجيل بن سعد الانصاری ، شيخ عمارة :'' و ثقه ابن حبان و ضعفه جمهور الائمة '' (مجمع الزوائد 4 / 115)

٣٠٢٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ صُنِعَ إِلَيْهِ مَعْرُوفٌ فَقَالَ لِفَاعِلِهِ: جَزَاكَ اللَّهُ خَيْرًا فَقَدْ أَبْلَغَ فِي الثَّنَاءِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3024. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस के साथ कोई भलाई की गई और उस ने भलाई करने वाले से कहा (جَزَاكَ اللَّهُ خَيْرًا) "अल्लाह तुम्हें बेहतर बदला दे", तो उस ने उस की

बहोत अच्छी तारीफ़ की”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2035) * سليمان التيمى مدلس و عنعن و لبعض الحديث شواهد

٣٠٢٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَشْكُرِ النَّاسَ لَمْ يَشْكُرِ اللَّهَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ

3025. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने लोगो का शुक्रिया अदा न किया उस ने अल्लाह का भी शुक्रिया अदा न किया”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (3 / 32 ح 11300) و الترمذی (1955 وقال : حسن)

٣٠٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: لَمَّا قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ أَتَاهُ الْمُهَاجِرُونَ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا رَأَيْنَا قَوْمًا أَبْذَلَ مِنْ كَثِيرٍ وَلَا أَحْسَنَ مُوَاسَاةً مِنْ قَلِيلٍ مِنْ قَوْمٍ نَزَلْنَا بَيْنَ أَظْهُرِهِمْ: لَقَدْ كَفَوْنَا المؤونة وَأَشْرَكُونَا فِي الْمَهْنَأِ حَتَّى لَقَدْ خِفْنَا أَنْ يَذْهَبُوا بِالْأَجْرِ كُلِّهِ فَقَالَ: «لَا مَا دَعَوْتُمُ اللَّهَ لَهُمْ وَأَثْنَيْتُمْ عَلَيْهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَصَحَّحَهُ

3026. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो मुहाजिर सहाबा किराम आप के पास आए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम जिस कौम के यहाँ कयाम पज़ीर है वह माल ए कसीर होने की सूरत में बहोत ज़्यादा खर्च करने वाले और माल मुख़्तसर होने की सूरत में बेहतरीन गमख्वार होने में अपने मिसाल नहीं रखते, उन्होंने हमें काम करने से रोक रखा है और मनफीअत में बराबर शरीक कर रखा है, हत्ता के हमे, तो अंदेशा है के सारा अज़र वही ले जाएंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तक तुम इन के लिए अल्लाह से दुआए करते रहोगे और उनकी तारीफ़ करते रहोगे तो ऐसे नहीं होगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2487)

٣٠٢٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «تَهَادُوا فَإِنَّ الْهَدِيَّةَ [ص:٩١ تُذْهِبُ الضَّغَائِنَ» . رَوَاهُ

3027. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बाहम तहाईफ दिया करो, क्योंकि तोहफे अदावत दूर कर देता है”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، [رواه القضاعى فى مسند الشهاب (1 / 383 ح 660) و فيه ابو يوسف يعقوب بن محمد بن عبدالكوفى الاعشى : كذاب رجل سوء و فى علل أخرى]

٣٠٢٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «تهادوا فَإِنَّ الْهَدِيَّةَ تُذْهِبُ وَحَرَ الصَّدْرِ وَلَا

تَحْقِرَنَّ جَارَةٌ لجارتها وَلَا شقّ فرسن شَاة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3028. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बाहम तहाईफ दिया करो, क्योंकि तोहफ़ा सीने का किना दूर कर देता है, और पड़ोसन अपने पड़ोसन के हदिया को मामूली न समझे ख्वाह बकरी के खुर का एक हिस्सा ही हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2130 وقال : غريب) * فيه ابو معشر نجيح السندى : ضعيف

٣٠٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاثٌ لَا تُرَدُّ الْوَسَائِدُ وَالدُّهْنُ وَاللَّبَنُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ قِيلَ: أَرَادَ بالدهن الطّيب

3029. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तीन चीज़े वापिस नहीं की जानी चाहिए, तकिया, तेल और दूध| तिरमिज़ी और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है, कहा गया के तेल से खुशबु मुराद है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2790)

٣٠٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبِي عُثْمَانَ النَّهْدَيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا أعْطى أحدكُم الرَّيْحَانَ فَلَا يَرُدُّهُ فَإِنَّهُ خَرَجَ مِنَ الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ مُرْسلا

3030. अबू उस्मान नह्दी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी शख़्स को खुशबु पेश की जाए तो वह इसे वापिस न करे, क्योंकि वह जन्नत से आई है"| तिरमिज़ी, रिवायत मुरसल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2791) * السند مرسل و فيه علل أخرى

गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान • بَاب

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٣٠٣١ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَتِ امْرَأَةُ بَشِيرٍ: انْحَلِ ابْنِي غُلَامَكَ وَأَشْهِدْ لِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ ابْنَةَ فُلَانٍ سَأَلَتْنِي أَنْ أَنْحَلَ ابْنَهَا غُلَامِي وَقَالَتْ: أَشْهِدْ لِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَلَهُ إِخْوَةٌ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «أَفَكُلَّهُمْ أَعْطَيْتَهُمْ مِثْلَ مَا أَعْطَيْتَهُ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَلَيْسَ يَصْلُحُ هَذَا وَإِنِّي لَا أَشْهَدُ إِلَّا على حق» . رَوَاهُ مُسلم

3031. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बशीर रदी अल्लाहु अन्हु की अहलिया ने कहा: मेरे बेटे को अपना गुलाम हिब्बा कर दो और रसूलुल्लाह ﷺ को उस पर गवाह बनाओ, वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए तो अर्ज़ किया, फलां की बेटी (यानी मेरी अहलिया) ने मुझ से मुतालबा किया है की मैं उस के बेटे को अपना गुलाम हिब्बा करू और उस ने यह भी कहा है के इस पर रसूलुल्लाह ﷺ को गवाह बनाऊ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस के और भी भाई हैं ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने जो इस लड़के को दिया है के इन सब को भी दिया है” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये तो मुनासिब नहीं, मैं तो सिर्फ हक़ बात की ही गवाही देता हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1624)، (4187)

٣٠٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُتِيَ بِبَاكُورَةِ الْفَاكِهَةِ وَضَعَهَا عَلَى عَيْنَيْهِ وَعَلَى شَفَتَيْهِ وَقَالَ: «اللَّهُمَّ كَمَا أَرَيْتَنَا أَوَّلَهُ فَأَرِنَا آخِرَهُ» ثُمَّ يُعْطِيهَا مَنْ يَكُونُ عِنْدَهُ مِنَ الصِّبْيَانِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيِّ فِي الدَّعْوَات الْكَبِير

3032. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा की जब पहला पहला फल आप की खिदमत में पेश किया जाता तो आप ﷺ इसे अपने आंखो और होठों पर लगाते और दुआ फरमाते: “अल्लाह जिस तरह तूने हमें उस का आगाज़ दिखाया है किस तरह हमें उस का इख्तिताम भी दिखाना”, फिर आप इसे अपने पास बैठे हुए किसी बच्चे को दे देते| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (2 / 234 ح 463) * فيه عبد الرحمن بن يحيى بن سعيد العذرى : متروك فالسند ضعيف جدًا ، و خالفه عبدالله بن وهب فرواه عن يونس بن يزيد الايلى عن الزهرى مرسلاً وهو الصواب

• بَاب اللّقطَة — लुक्त का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

लुकत:- ऐसी चीज़ को कहते है जो ऐसी जगह से मिले जो किसी शख्सी मिलकियत में न हो| मसलन रास्ते में पैसे वगैरा मिल जाए और इन के ज़ाए होने का खतरा हो तो इसे उठा लेना|

٣٠٣٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلَهُ عَنِ اللُّقَطَةِ فَقَالَ: «اعْرِفْ عِفَاصَهَا وَوِكَاءَهَا ثُمَّ عَرِّفْهَا سَنَةً فَإِنْ جَاءَ صَاحِبُهَا وَإِلَّا فَشَأْنُكَ بِهَا» . قَالَ: فَضَالَّةُ الْغَنَمِ؟ قَالَ: «هِيَ لَكَ أَوْ لِأَخِيكَ أَوْ لِلذِّئْبِ» قَالَ: فَضَالَّةُ الْإِبِلِ؟ قَالَ: «مَالك وَلَهَا؟ مَعَهَا سِقَاؤُهَا وَحِذَاؤُهَا تَرِدُ الْمَاءَ وَتَأْكُلُ الشَّجَرَ حَتَّى يَلْقَاهَا رَبُّهَا» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: فَقَالَ:

«عَرِّفْهَا سَنَةً ثُمَّ اعْرِفْ وِكَاءَهَا وَعِفَاصَهَا ثُمَّ اسْتَنْفِقَ بِهَا فَإِنْ جَاءَ رَبهَا فأدها إِلَيْهِ»

3033. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने आप से लुफ्ता के बारे में दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस (मिलने वाली चीज़) की थेली और इसे बांधने वाली रस्सी की पहचान रख, फिर एक साल तक उस का एलान कर, अगर उस का मालिक आजाए तो ठीक वरना तो उसे अपने इस्तेमाल में ले आ", उस ने गुमशुदा बकरी के बारे में मसअला दरियाफ्त किया तो फ़रमाया: "(इसे पकड़ ले) वह तेरे लिए है या तेरे किसी भाई के लिए या फिर भेड़िये के लिए", उस ने गुमशुदा ऊंट के बारे में सवाल किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुझे उस से किया सारोकार ? (पानी का) मश्किज़ा उस के पास और पाँव उस के मज़बूत है (प्यास लगने पर) घाट पर आएगा और दरख्त के पत्ते खाएगा हत्ता के उस का मालिक उस तक पहुँच जाएगा"| और मुस्लिम की रिवायत में है: "आप ﷺ ने फ़रमाया: "एक साल तक उस का एलान कर फिर इस चीज़ को बांधने वाली रस्सी और उस की थेली की पहचान रख फिर इसे इस्तेमाल मे मिला अलबत्ता अगर उस का मालिक आजाए तो फिर इसे इतनी कीमत अदा कर"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2429) و مسلم (142 / 1722)، (4498)

٣٠٣٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ آوَى ضَالَّةً فَهُوَ ضَالٌّ مَا لم يعرفهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3034. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी गुमशुदा चीज़ को पनाह दे और उस का एलान न करे तो वह खुद गुमराह है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1725)، (4510)

٣٠٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عُثْمَانَ التَّيْمِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَن لقطَة الْحَاج. رَوَاهُ مُسلم

3035. अब्दुल रहमान बिन उस्मान तय्मी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हाजियों की गिरी पड़ी चीज़ उठाने से मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 1724)، (4509)

लुक्त का बयान
بَاب اللّقطَة •

दूसरी फस्ल
الْفَصْل الثَّانِي •

٣٠٣٦ - (حسن) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ سُئِلَ عَنِ الثَّمَرِ الْمُعَلَّقِ فَقَالَ: «مَنْ أَصَابَ مِنْهُ مِنْ ذِي حَاجَةٍ غَيْرَ مُتَّخِذٍ خُبْنَةً فَلَا شَيْءَ عَلَيْهِ وَمَنْ خَرَجَ بِشَيْءٍ مِنْهُ فَعَلَيْهِ غَرَامَةُ مِثْلَيْهِ وَالْعُقُوبَةُ وَمَنْ سَرَقَ مِنْهُ شَيْئًا بَعْدَ أَنْ يُؤْوِيَهُ الْجَرِينَ فَبَلَغَ ثَمَنَ الْمِجَنِّ فَعَلَيْهِ الْقَطْعُ» وَذَكَرَ فِي ضَالَّةِ الْإِبِلِ وَالْغنم كَمَا ذكر غَيْرُهُ قَالَ: وَسُئِلَ عَنِ اللُّقَطَةِ فَقَالَ: «مَا كَانَ مِنْهَا فِي الطَّرِيقِ الْمِيتَاءِ وَالْقَرْيَةِ الْجَامِعَةِ فَعَرِّفْهَا سَنَةً فَإِنْ جَاءَ صَاحِبُهَا فَادْفَعْهَا إِلَيْهِ وَإِنْ لَمْ يَأْتِ فَهُوَ لَكَ وَمَا كَانَ فِي الْخَرَابِ الْعَادِيِّ فَفِيهِ وَفِي الرِّكَازِ الْخُمُسُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ عَنْهُ مِنْ قَوْله: وَسُئِلَ عَن اللّقطَة إِلَى آخِره

3036. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, और उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत किया के आप से दरख्त पर लटके हुए फल के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर कोई ज़रूरत मंद शख्स, जो के कपड़े में डाल कर ले जाने वाला न हो, वहां से खा ले तो उस पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं, और जो शख़्स वहां से कुछ साथ ले आए तो उस पर दो गुनाह तावुन और सज़ा है, और जो शख़्स जिन्स के ढेर लग जाने के बाद वहां से ढाल की कीमत के बराबर चोरी करे तो उस का हाथ काटा जाएगा”, और गुमशुदा ऊंट और गुमशुदा बकरी के बारे में भी दूसरी चीजों की तरफ ही ज़िक्र किया गया है| रावी बयान करते हैं, आप से लुक्ता के बारे में सवाल किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर वह शरेआम और बड़ी बस्ती से मिले तो फिर तो एक साल तक उस का एलान कर, अगर उस का मालिक, जाए तो वह उस के हवाले कर, और अगर कोई मालिक न आए तो फिर वह तेरी है, और अगर वह किसी बे आबाद क़दीम जगह से मिले तो फिर उस में और मद्फुन खज़ाने में पांचवा हिस्सा है”| निसाई, अबू दावुद रहीमा उल्लाह ने भी इन्ही से रिवायत किया है और वह हदीस سُئِلَ عَنِ اللُّقْطَةِ से आख़िर तक मरवी है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائی (8 / 85 ح 4961) و ابوداؤد (1710)

٣١٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِيَّاكُمْ وَالدُّخُولَ عَلَى النِّسَاءِ فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ الْحَمْوَ؟ قَالَ: «الْحَمْوُ الْمَوْتُ»

3102. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरतो के पास जाने से बचो”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! देवर के बारे में बताइए आप ﷺ ने फ़रमाया: “देवर वह तो मौत है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5232) و مسلم (20 / 2172)، (5674)

٣١٠٣ - (صَحِيح) وَعَن جَابِرٍ: أَنَّ أُمَّ سَلَمَةَ اسْتَأْذَنَتْ رَسُولَ اللَّهِ فِي الْحِجَامَةِ فَأَمَرَ أَبَا طَيْبَةَ أَنْ يَحْجُمَهَا قَالَ: حَسِبْتُ أَنَّهُ كَانَ أَخَاهَا مِنَ الرَّضَاعَةِ أَو غُلَاما لم يَحْتَلِم. رَوَاهُ مُسلم

3103. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा ने पछने (हिजामा) लगवाने के मुत्तल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने अबू तैबा को हुक्म फ़रमाया के वह उन्हें पछने (हिजामा) लगाए रावी बयान करते हैं, मेरा ख़याल है के वह (अबू तैबा) उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा के रिज़ाई भाई थे या नाबालिग़ लड़के थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (72 / 2206)، (5744)

٣١٠٤ - (صَحِيح) وَعَن جرير بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ نَظَرِ الْفُجَاءَةِ فَأَمرنِي أَن أصرف بَصرِي. رَوَاهُ مُسلم

3104. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अचानक उठ जाने वाली नज़र के मुत्तल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं अपने नज़र हटालूँ| (मुस्लिम)

رواه مسلم (45 / 2159)، (5644)

٣١٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْمَرْأَةَ تُقْبِلُ فِي صُورَةِ شَيْطَانٍ وَتُدْبِرُ فِي صُورَةِ شَيْطَانٍ إِذَا أَحَدَكُمْ أَعْجَبَتْهُ الْمَرْأَةُ فَوَقَعَتْ فِي قَلْبِهِ فَلْيَعْمِدْ إِلَى امْرَأَتِهِ فَلْيُوَاقِعْهَا فَإِنَّ ذَلِكَ يَرُدُّ مَا فِي نَفسه» . رَوَاهُ مُسلم

3105. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक औरत शैतान की सूरत में सामने आती है और शैतान की सूरत में मरती है, जब कोई औरत तुम में से किसी को भली लगे और वह उस का दिल में घर कर जाए तो वह आदमी अपने बीवी के पास आए और उस से जिमाअ करे, क्योंकि यह चीज़ (जिमाअ) इस (गुनाह के ख़याल) को दूर कर देगी जो उस का दिल में है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 1403)، (3407)

بَاب النّظر إِلَى المخطوبة وَبَيَان العورات • जिस को पैगाम ए निकाह दिया जाए इसे देखने और पर्दे की चीजों का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣١٠٦ - (حسن) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا خَطَبَ أَحَدُكُمُ الْمَرْأَةَ فَإِنِ اسْتَطَاعَ أَنْ يَنْظُرَ إِلَى مَا يَدْعُوهُ إِلَى نِكَاحِهَا فَلْيَفْعَل» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3106. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई औरत को पैगामे निकाह भेजे तो फिर अगर वह उस से दाइए निकाह (औरत की शक्ल व सूरत वगैरा) को देख सके तो देख ले”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2082)

٣١٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ قَالَ خَطَبْتُ امْرَأَةً فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ [ص:٩٣ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ نَظَرْتَ إِلَيْهَا؟» قُلْتُ: لَا قَالَ: «فَانْظُرْ إِلَيْهَا فَإِنَّهُ أَحْرَى أَنْ يُؤْدَمَ بَيْنَكُمَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3107. मुगिरा बिन शैबा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने एक औरत को पैगामे निकाह भेजा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “क्या तुम ने इसे देखा है ?” मैंने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे देख लो, क्योंकि वह ज़्यादा मुनासिब है के तुम दोनों के दरमियान मुहब्बत डाल दी जाए”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 246 ح 18335 18336) و الترمذی (1087 وقال : حسن) و النسائی (6 / 69 70 ح 3237) و ابن ماجه (1865) و الدارمی (2 / 134 ح 2178)

٣١٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ امْرَأَةً فَأَعْجَبَتْهُ فَأَتَى سَوْدَةَ وَهِيَ تَصْنَعُ طِيبًا وَعِنْدَهَا نِسَاءٌ فَأَخْلَيْنَهُ فَقَضَى حَاجَتَهُ ثُمَّ قَالَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ رَأَى امْرَأَةً تُعْجِبُهُ فَلْيَقُمْ إِلَى أَهْلِهِ فَإِنَّ مَعَهَا مثل الَّذِي مَعهَا» . رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3108. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी औरत को देखा तो वह आप को अच्छी लगी, आप सवदा रदी अल्लाहु अन्हा के पास तशरीफ़ लाए, वह इस वक़्त खुशबु तैयार कर रही थी और उन के पास कुछ औरते थी, आप ﷺ ने उन्हें अलैदा किया और अपनी हाजत पूरी की फिर फ़रमाया: “कोई आदमी किसी औरत को देखे और वह इसे खुश लगे तो वह आदमी अपने अहलिया के पास आए क्योंकि उस के पास भी वही कुछ है जो उस औरत के पास है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (2 / 146 ح 2221 ، نسخة محققة : 2261) * و ابو اسحاق عنعن و عبدالله بن حلام : لا يعرف ، مجهول الحال و ثقه ابن حبان وحده و حديث مسلم (1403) يغنی عنه و فيه ’’ انی زينب ‘‘ بدل ’’ سودة ‘‘ وهو الصحيح

٣١٠٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمَرْأَةُ عَوْرَةٌ فَإِذَا خَرَجَتِ اسْتَشْرَفَهَا الشَّيْطَانُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3109. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैंं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “औरत परदा है, जब वह (बेपर्दा) निकलती है तो शैतान इसे खुबसूरत कर के दिखाता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1173 وقال : حسن صحیح غریب) * قتادۃ مدلس و عنعن

٣١١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِعَلِيٍّ: «يَا عَلِيُّ لَا تُتْبِعِ النَّظْرَةَ النَّظْرَةَ فَإِنَّ لَكَ الْأُولَى وَلَيْسَتْ لَكَ الْآخِرَةُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ والدارمي

3110. बुरैदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “अली! (किसी अजनबी औरत को) लगातार न देख, क्योंकि तुम (गैर इरादी तौर पर) पहली बार देख सकते हो जबके दूसरी मर्तबा देखने का तुम्हें हक़ हासिल नहीं|” (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، و احمد (5 / 351 ، 353 ح 23379 ، 23362) و الترمذی (2777 وقال : حسن غریب و ابوداؤد (2149) و الدارمی (لم اجده) و روی الدارمی (2 / 298 ح 2712) من حدیث علی رضی اللہ عنه نحوا المعنی ، * شریک القاضی و عنعن و للحدیث شاھد عند الحاکم (3 / 123) * شریک القاضی و عنعن و للحدیث شاھد الحاکم (3 / 123)

٣١١١ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا زَوَّجَ أَحَدُكُمْ عَبْدَهُ أَمَتَهُ فَلَا يَنْظُرَنَّ إِلَى عَوْرَتِهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَلَا يَنْظُرَنَّ إِلَى مَا دُونُ السُّرَّةِ وَفَوْقَ الرُّكْبَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3111. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैंं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई अपने गुलाम की शादी, अपनी लौंडी से कर दे तो फिर वह इसे (लोंदी) के परदा की जगह को न देखे”, और एक दूसरी रिवायत में है: “वो ज़ेरे नाफ़ और घुटनों के ऊपर के हिस्से को न देखे”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (4114)

٣١١٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَرْهَدٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَمَا عَلِمْتَ أَنَّ الْفَخِذَ عَوْرَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3112. जरहद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हें मालुम नहीं के रान परदा (यानी सतर) है”| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (2795) و ابوداؤد (4014)

٣١١٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لَهُ: «يَا عَلِيُّ لَا تُبْرِزْ فَخِذَكَ وَلَا تَنْظُرْ إِلَى فَخِذِ

حَيٍّ وَلَا مَيِّتٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3113. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अली! ना तुम अपने रान ज़ाहिर करो न किसी जिंदा व मुर्दा की रान को देखो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه ابوداؤد (3140) و ابن ماجه (1460) * حبيب بن ابى ثابت مدلس و عنعن و الواسطة بينه و بين شيخه : عمرو بن خالد الواسطى وهو متروک متهم بالكذب

٣١١٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ جَحْشٍ قَالَ: مَرَّ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى مَعْمَرٍ وَفخذه مَكْشُوفَتَانِ قَالَ: «يَا مَعْمَرُ غَطِّ فَخِذَيْكَ فَإِنَّ الفخذين عَورَة» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3114. मुहम्मद बिन जहश रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मअमर रदी अल्लाहु अन्हु के पास से गुज़रे तो उनकी दोनों राने नंगी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मअमर! अपने राने धांपो, क्योंकि राने सतर है”| (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 21 ح 2251) [و احمد (5 / 290 و سنده حسن لذاته) و الحاكم (4 / 180)] * و للحديث شواهد كثيرة عند الترمذى (2798) و غيره وهوبها حسن

٣١١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِيَّاكُمْ وَالتَّعَرِّيَ فَإِنَّ مَعَكُمْ مَنْ لَا يُفَارِقُكُمْ إِلَّا عِنْدَ الْغَائِطِ وَحِينَ يُفْضِي الرَّجُلُ إِلَى أَهْلِهِ فَاسْتَحْيُوهُمْ وَأَكْرِمُوهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3115. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नंगे होने से बचो, क्योंकि तुम्हारे साथ वह (फ़रिश्ते) है जो तुम्हारे साथ ही रहते है, और वह सिर्फ इस वक़्त जुदा होते हैं जब आदमी बैतूलखला जाता है और जब अपनी अहलिया से हमबिस्तरी करता है, तुम उन से हया करो और उनकी तकरीम करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2800 وقال : غريب) * ليث بن ابى سليم : ضعيف

٣١١٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ: أَنَّهَا كَانَتْ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَيْمُونَةُ إِذْ أقبل ابْن مَكْتُومٍ فَدَخَلَ عَلَيْهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «احْتَجِبَا مِنْهُ» فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَيْسَ هُوَ أَعْمَى لَا يُبْصِرُنَا؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفَعَمْيَاوَانِ أَنْتُمَا؟ أَلَسْتُمَا تُبْصِرَانِهِ؟» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3116. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के वह और मैमुना रदी अल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ के पास थी के इतने में इब्ने उम्म मक्तूम रदी अल्लाहु अन्हु आए और आप की खिदमत में हाज़िर हुए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम दोनों उस से परदा करो”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या वह नाबीना नहीं ? वह हमें देख नहीं सकता, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम दोनों नाबीना हो! तुम उसे नहीं देख रही हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 296 ح 27072) و الترمذى (2778 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (4112) * نبهان : و ثقه الذهبى فى الكاشف و الترمذى و ابن حبان و الحاكم بتصحيح حديثه فحديثه لا ينزل عن درجة الحسن

٣١١٧ - (حسن) وَعَنْ بَهْزِ بْنِ حَكِيمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «احْفَظْ عَوْرَتَكَ إِلَّا مِنْ زَوْجَتِكَ أَو مَا ملكت يَمِينك» فَقلت: يَا رَسُول الله أَفَرَأَيْت إِن كَانَ الرَّجُلُ خَالِيًا؟ قَالَ: «فَاللَّهُ أَحَقُّ أَنْ يستحيى مِنْهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3117. बहज़ बिन हकिम अपने वालिद से और वह उस के दादा (मुआविया बिन हय्यु) से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने अहलिया या अपने लौंडी के अलावा अपने सतर की हिफाज़त कर”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए कि जब आदमी तन्हाई में हो (फिर भी) ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह उस का ज़्यादा हक़दार है के उस से हया की जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2794 وقال : حسن) و ابوداؤد (4017) و ابن ماجه (1920) * و علقه البخاری فی کتاب الغسل باب من اغتسل عریانًا وحده فی خلوة قبل ح 278

٣١١٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَخْلُوَنَّ رَجُلٌ بِامْرَأَةٍ إِلَّا كَانَ ثالثهما الشَّيْطَان» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3118. उमर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब कोई आदमी किसी (अजनबी) औरत के साथ अलायेदगी में होता है तो इन दोनों का तीसरा शैतान होता है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1171 ، 2169 وقال : حسن صحیح)

٣١١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَلِجُوا عَلَى الْمُغَيَّبَاتِ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَجْرِي مِنْ أَحَدِكُمْ مَجْرَى الدَّمِ» قُلْنَا: وَمِنْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «وَمِنِّي وَلَكِنَّ الله أعانني عَلَيْهِ فَأسلم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3119. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिन (अजनबी) औरतो के खाविंद मौजूद न हो तुम उन के पास न जाओ, क्योंकि शैतान तुम में दोरान खून की तरह गर्दिश करता है”, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप मैं भी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “(हाँ) और मुझ मैं भी लेकिन अल्लाह ने उस के खिलाफ मेरी मदद फरमाई तो वह मुतीअ हो गया में महफ़ूज़ रहता हूँ”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1172 وقال : غریب) [و للحدیث شواهد]

٣١٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى فَاطِمَةَ بِعَبْدٍ قَدْ وَهَبَهُ لَهَا وَعَلَى فَاطِمَةَ ثَوْبٌ إِذَا قَنَّعَتْ بِهِ رَأْسَهَا لَمْ يَبْلُغْ رِجْلَيْهَا وَإِذَا غَطَّتْ بِهِ رِجْلَيْهَا لَمْ يَبْلُغْ رَأْسَهَا فَلَمَّا رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا تَلْقَى قَالَ: «إِنَّهُ لَيْسَ عَلَيْكِ بَأْسٌ إِنَّمَا هُوَ أَبُوكِ وغلامك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3120. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ एक गुलाम ले कर फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा के पास तशरीफ़ लाए जिसे आप ने उन्हें हिब्बा कर दिया था, फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा पर एक कपड़ा था, जब फ़ातिमा रदी अल्लाहु

अन्हा उस से अपना सर ढांपती तो वह आप के पाँव तक न पहुँचता, और जब वह उस से अपने पाँव ढांपती तो वह उन के सर तक न पहुँचता, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उनकी इस परेशानी और तकलीफ को देखा तो फ़रमाया: “तुम पर कोई हरज नहीं, उन में से एक तुम्हारे वालिद हैं और दूसरा तुम्हारा गुलाम है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4106)

जिस को पैगाम ए निकाह दिया जाए इसे देखने और पर्दे की चीजों का बयान

بَاب النّظر إِلَى المخطوبة وَبَيَان العورات

तीसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّالِث

٣١٢١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أُمِّ سَلَمَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عِنْدَهَا وَفِي الْبَيْتِ مُخَنَّثٌ فَقَالَ: لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أُمَيَّةَ أَخِي أُمِّ سَلَمَةَ: يَا عَبْدَ اللَّهِ إِنْ فَتَحَ اللَّهُ لَكُمْ غَدًا الطَّائِفَ فَإِنِّي أَدُلُّكَ عَلَى ابْنَةِ غَيْلَانَ فَإِنَّهَا تُقْبِلُ بِأَرْبَعٍ وَتُدْبِرُ [ص:٩٣ بِثَمَانٍ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يدخلن هَؤُلَاءِ عَلَيْكُم»

3121. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ उन के पास तशरीफ़ फरमा थे जबके घर में एक मुखन्नस था, उस ने उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा के भाई अब्दुल्लाह बिन अबी उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु से कहा अब्दुल्लाह! अगर अल्लाह ने कल तुम्हें ताईफ में फतह अता की तो में तुम्हें गिलान की एक लड़की बताऊंगा, वह जब सामने आती है तो उस के पेट पर चार बल पड़ते है और जब मुड़ती है तो उस पर आठ बल पड़ते हैं, उस पर नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये (मुखन्नस) लोग तुम्हारे पास न आया करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4324) و مسلم (2180)، (5690)

٣١٢٢ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ قَالَ حَمَلْتُ حَجَرًا ثقيلاً فبينا أَنَا أَمْشِي سَقَطَ عَنِّي ثَوْبِي فَلَمْ أَسْتَطِعْ أَخْذَهُ فَرَآنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لِي: «خُذْ عَلَيْكَ ثَوْبَكَ وَلَا تَمْشُوا عُرَاة» . رَوَاهُ مُسلم

3122. मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने एक भारी पथ्थर उठाया हुआ था और इसी हालत में मैं चल रहा था के मेरा कपड़ा गिर गया (जिस से सतर खुल गया), मैं उसे उठा न सका, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे देखा तो फ़रमाया: “अपने ऊपर कपड़ा लो और उरिया हालत में न चलो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 341)، (773)

٣١٢٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: مَا نَظَرْتُ أَوْ مَا رَأَيْتُ فَرْجَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قطّ. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3123. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की शर्मगाह कभी नहीं देखी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (662 ، 1922) * قال البوصیری :'' هذا اسناد ضعیف ، مولی عائشة لم یسم '' و لم اجد من و ثقه

٣١٢٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَنْظُرُ إِلَى مَحَاسِنِ امْرَأَةٍ أَوَّلَ مَرَّةٍ ثُمَّ يَغُضُّ بَصَرَهُ إِلَّا أَحْدَثَ اللَّهُ لَهُ عِبَادَةً يَجِدُ حلاوتها» . رَوَاهُ أَحْمد

3124. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैंं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो मुसलमान पहली मर्तबा किसी औरत के हुस्न व जमाल पर नज़र डालता है और फिर वह अपने नज़र झुका लेता है तो अल्लाह इसे एक ऐसी इबादत की तौफिक अता फरमाता है जिस की वह हलावत महसूस करता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه احمد (5 / 264 ح 22634) * فیه علی بن یزید ضعیف جدًا و عنه عبیدالله بن زحر : ضعیف

٣١٢٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ الْحَسَنِ مُرْسَلًا قَالَ: بَلَغَنِي أَنَّ رَسُولَ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَعَنَ اللَّهُ النَّاظِرَ وَالْمَنْظُورَ إِلَيْهِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

3125. हसन बसरी रहीमा उल्लाह मुर्सल रिवायत करते हैं की मुझे रिवायत पहुंची है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह सतर देखने वाले और सतर खाने वाले पर लानत फरमाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (7788 ، نسخة محققة : 7399 ، و السنن الکبری 7 / 99) * السند مع ضعیفه مرسل ، رواه عبد الرحمن بن سلمان الرعینی المصری (ضعیف) عن عمرو مولی المطلب عن الحسن به

निकाह में वली होने और औरत से इजाज़त तलब करने का बयान

بَابُ الْوَلِيِّ فِي النِّكَاحِ وَاسْتِئْذَانِ الْمَرْأَةِ

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول

٣١٢٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُنْكَحُ الْأَيِّمُ حَتَّى تُسْتَأْمَرَ وَلَا تُنْكَحُ الْبِكْرُ حَتَّى تُسْتَأْذَنَ» . قَالُوا: يَا رَسُول الله وَكَيف إِذْنهَا؟ قَالَ: «أَن تسكت»

3126. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेवा औरत का निकाह न किया जाए

जब तक उस से मशावरत न कर ली जाए, और कुंवारी औरत का निकाह न किया जाए जब तक उस से इजाज़त न ली जाए”, सहाबा किराम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! और उस की इजाज़त किस तरह है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का ख़ामोश रहना इजाज़त है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6968) و مسلم 64 / 1419)، (3473)

٣١٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْأَيِّمُ أَحَقُّ بِنَفْسِهَا مِنْ وَلِيِّهَا وَالْبِكْرُ تَسْتَأْذِنُ فِي نَفْسِهَا وَإِذْنُهَا صِمَاتُهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «الثَّيِّبُ أَحَقُّ بِنَفْسِهَا مِنْ وَلِيِّهَا وَالْبِكْرُ تُسْتَأْمَرُ وَإِذْنُهَا سُكُوتُهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «الثَّيِّبُ أَحَقُّ بِنَفْسِهَا مِنْ وَلِيِّهَا وَالْبِكْرُ يَسْتَأْذِنُهَا أَبُوهَا فِي نَفْسِهَا وَإِذْنُهَا صِمَاتُهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3127. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेवा अपने ज़ात के बारे में अपने वली से ज़्यादा हक़दार है, जबके कुंवारी से उस की ज़ात के बारे में इजाज़त तलब की जाएगी, और उस का ख़ामोश रहना उस की इजाज़त है” एक रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेवा अपने ज़ात के बारे में अपने वली से ज़्यादा हक़दार है जबकि कुंवारी से इजाज़त तलब की जाएगी और उस का ख़ामोश रहना उस की इजाज़त है”, एक दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेवा अपने ज़ात के बारे में अपने वली से ज़्यादा हक़दार है, जबके कुंवारी के मुत्तल्लिक उस का वालिद उस से इजाज़त तलब करेगा और उस का ख़ामोश रहना उस की इजाज़त है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (66 / 1421)، (3476)

٣١٢٨ - (صَحِيح) وَعَن خنساء بنت خذام: أَنْ أَبَاهَا زَوَّجَهَا وَهِيَ ثَيِّبٌ فَكَرِهَتْ ذَلِكَ فَأَتَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَدَّ نِكَاحَهَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ مَاجَه: نِكَاح أَبِيهَا

3128. खंशाअ बिन्ते खज़ाम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह बेवा थी और उन के वालिद ने उनकी शादी कर दी, खंशाअ ने इसे नापसंद किया तो वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आई तो आप ﷺ ने उनका निकाह फ़ुसुख कर दिया| (बुखारी)

رواه البخاری (5138) و ابن ماجه (1873)

٣١٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَزَوَّجَهَا وَهِيَ بِنْتُ سَبْعِ سِنِينَ وَزُفَّتْ إِلَيْهِ وَهِيَ بِنْتُ تِسْعِ سِنِينَ وَلُعَبُهَا مَعَهَا وَمَاتَ عَنْهَا وَهِيَ بِنْتُ ثَمَانِيَ عَشْرَةَ. رَوَاهُ مُسلم

3129. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने उन से शादी की तो उनकी उम्र सात बरस थी, आप ﷺ के घर उनकी रुखसती हुई तब उनकी उम्र नौ बरस थी और उन के खिलौने उनके साथ थे, और जब आप ﷺ ने वफात पाई तो उनकी उमर अठठारा बरस थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (71 / 1423)، (3481)

بَابُ الْوَلِيِّ فِي النِّكَاحِ وَاسْتِئْذَانِ الْمَرْأَةِ • निकाह में वली होने और औरत से इजाज़त तलब करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣١٣٠ - (صَحِيح) عَن أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا نِكَاحَ إِلَّا بِوَلِيٍّ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3130. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया " वली के बगैर निकाह नहीं"| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 394 ح 19747) و الترمذى (1101) و ابوداؤد (2085) و ابن ماجه (1881) و الدارمى (1 / 137 ح 2188 2189)

٣١٣١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ نَكَحَتْ بِغَيْرِ إِذْنِ وَلِيِّهَا فَنِكَاحُهَا بَاطِلٌ فَنِكَاحُهَا بَاطِلٌ فَنِكَاحُهَا بَاطِلٌ فَإِنْ دَخَلَ بِهَا فَلَهَا الْمَهْرُ بِمَا اسْتَحَلَّ مِنْ فَرْجِهَا فَإِنِ اشْتَجَرُوا فَالسُّلْطَانُ وَلِيُّ من لَا ولي لَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

3131. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो औरत अपने वली की इजाज़त के बगैर अपना निकाह करे तो उस का निकाह बातिल है, उस का निकाह बातिल है, उस का निकाह बातिल है, अगर इस (मर्द) ने उस से जिमाअ किया है तो वह महर की हक़दार है क्यूंकि उस ने उस से मुबाशरत की है, अगर वह (वली) इख़्तिलाफ करे तो जिस का वली न हो तो सुलतान (बादशाह) उस का वली ही"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 66 ح 24876) و الترمذى (1102 وقال : حسن) و ابوداؤد (2083) و ابن ماجه (1879) و الدارمى (1 / 137 ح 2190)

٣١٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْبَغَايَا اللَّاتِي يُنْكِحْنَ أَنْفُسَهُنَّ بِغَيْرِ بَيِّنَةٍ» . وَالْأَصَحُّ أَنَّهُ مَوْقُوفٌ عَلَى ابْنِ عَبَّاس. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3132. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "ज़ानिया वह हैं जो गवाह के बगैर अपना निकाह करे"| दुरुस्त बात यह है कि यह इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा का कौल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، روای الترمذى (1103) * سعيد بن ابى عروبة و قتادة مدلسان و عنعنا

٣١٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْيَتِيمَةُ تُسْتَأْمَرُ فِي نَفْسِهَا فَإِنْ صَمَتَتْ فَهُوَ إِذْنُهَا وَإِنْ أَبَتْ فَلَا جَوَازَ عَلَيْهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3133. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “यतीम लड़की से उस की ज़ात के बारे में इजाज़त ली जाएगी, अगर वह ख़ामोश रहे तो फिर यही उस की इजाज़त है, और अगर वह इन्कार कर दे तो फिर उस पर ज़्यादती न की जाए”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1109 ، وقال : حسن) و ابوداؤد (2093) و النسائی (6 / 87 ح 3272 و سنده حسن) وله شواهد صحيحة

٣١٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيّ عَن أبي مُوسَى

3134. इमाम दारमी ने इसे अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الدارمی (2 / 138 ح 2191 ، نسخة محققة : 2231) [و احمد 4 / 394 ح 19745 ، 4 / 411 ح 19924 و سنده صحیح) و صححه ابن حبان (الموارد : 1238)]

٣١٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَيُّمَا عَبْدٍ تَزَوَّجَ بِغَيْرِ إِذْنِ سَيِّدِهِ فَهُوَ عَاهِرٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ والدرامي

3135. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो गुलाम अपने आका की इजाज़त के बग़ैर शादी करे तो वह ज़ानि है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، ، رواه الترمذی (1111 ، وقال : حسن) وابوداؤد (2078) و الدارمی (1 / 152 ح 2239) * فيه عبدالله بن محمد بن عقيل : ضعيف ، ضعفه الجمهور

بَابُ الْوَلِيِّ فِي النِّكَاحِ وَاسْتِئْذَانِ الْمَرْأَةِ • निकाह में वली होने और औरत से इजाज़त तलब करने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣١٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ جَارِيَةً بِكْرًا أَتَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذكرت أَن أَبَاهَا زَوجهَا وَهِي كَارِهًا فَخَيَّرَهَا النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3136. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, की एक नाबालिग़ लड़की रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और उस ने अर्ज़ किया के उस के वालिद ने उस की शादी कर दी है जब के वह इसे नापसंद करती है, नबी ﷺ ने इसे

(शादी बरक़रार रखने या फुसुख करने का) इख़्तियार दिया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداو7د (2096)

٣١٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «لَا تزوج الْمَرْأَة الْمَرْأَةَ وَلَا تُزَوِّجُ الْمَرْأَةُ نَفْسَهَا فَإِنَّ الزَّانِيَةَ هِيَ الَّتِي تُزَوِّجُ نَفْسَهَا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3137. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई औरत दूसरी औरत का निकाह न कराए और ना कोई औरत खुद अपना निकाह कराए क्योंकि वह ज़ानिया है जो अपना निकाह खुद करती है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (1882)

٣١٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ وَابْنِ عَبَّاسٍ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «من وُلِدَ لَهُ وَلَدٌ فَلْيُحْسِنِ اسْمَهُ وَأَدَبَهُ فَإِذَا بَلَغَ فَلْيُزَوِّجْهُ فَإِنْ بَلَغَ وَلَمْ يُزَوِّجْهُ فَأَصَابَ إِثْمًا فَإِنَّمَا إِثمه على أَبِيه»

3138. अबू सईद और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुम बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस के वहां बच्चा पैदा हो तो इसे चाहिए के वह उस का अच्छा नाम रखे, इसे अदब सिखाए और जब वह बालिग़ हो जाए तो उस की शादी कर दे, अगर वह बालिग़ हो जाए और वह (वालिद) उस की शादी न करे और वह किसी गुनाह (जीना वगैरा) का इर्तिकाब कर ले तो उस का गुनाह उस के वालिद पर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8666 ، نسخة محققة : 8299) * سعيد بن اياس الجريرى اختلط و لم يعلم سماع شداد بن سعيد منه ، هل قبل اختلاطه ام بعد ؟ و باقى السند صحيح

٣١٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ وَأَنَسِ بْنِ مَالِكٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " فِي التَّوْرَاةِ مَكْتُوبٌ: مَنْ بَلَغَتِ ابْنَتُهُ اثْنَتَيْ عَشْرَةَ سَنَةً وَلَمْ يُزَوِّجْهَا فَأَصَابَتْ إِثْمًا فَإِثْمُ ذَلِكَ عَلَيْهِ «. رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي» شُعَبِ الْإِيمَانِ "

3139. उमर बिन खत्ताब और अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तौरात में लिखा हुआ है, जिस शख़्स की बेटी बारह बरस की हो जाए और वह उस की शादी न करे और वह (लड़की) किसी गुनाह का इर्तिकाब कर ले तो उस का गुनाह उस के वालिद पर है”| बयहकी ने यह दोनों रिवायतों शौबुल ईमान में बयान की है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8669 ، ابوبكر بن ابى مريم [ضعيف] عن [ابى] المجاشع الازدى [!] عن عمر ، و : 8670 عن انس ، فيه احمد بن بشير بن سعد المرثدى محمق يعنى احمق فهو علة الخيبر و خبره شاذ مرة)

एलान ए निकाह, खुत्बा, मंगनी और शर्त का बयान

• بَابُ إِعْلَانِ النِّكَاحِ وَالْخِطْبَةِ وَالشَّرْطِ

पहली फस्ल

• الْفَصْلُ الأول

٣١٤٠ - (صَحِيح) عَن الرّبيع بنت معوذ بن عَفْرَاءَ قَالَتْ: جَاءَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَخَلَ حِينَ بُنِيَ عَلَيَّ فَجَلَسَ عَلَى فِرَاشِي كمجلسك مني فَجعلت جويرات لَنَا يَضْرِبْنَ بِالدُّفِّ وَيَنْدُبْنَ مَنْ قُتِلَ مِنْ آبَائِي يَوْمَ بَدْرٍ إِذْ قَالَتْ إِحْدَاهُنَّ: وَفِينَا نَبِيٌّ يَعْلَمُ مَا فِي غَدٍ فَقَالَ: «دَعِي هَذِهِ وَقُولِي بِالَّذِي كُنْتِ تَقُولِينَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3140. रुबय्या बिन्ते मुअव्वीज़ बिन इफराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, जब मुझे शादी के बाद मेरे खाविंद के घर लाया गया तो नबी ﷺ तशरीफ़ लाए और मेरे बिस्तर पर इस तरह बैठ गए जिस तरह आप (हदीस के रावी खालिद बिन ज़क्वान) मुझ से (दूर) बैठे है, पस अंसार की छोटी छोटी बच्चिया दफ बजा कर मेरे उन आबाअ, जो गज़वा ए उहद में शहीद हो गए थे के मुहसिन बयान करने लगी, के अचानक उन में से एक ने कह दिया हम में एक नबी है जो मुस्तकबिल के वाकिअत जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे छोड़ो, और जो तुम पहले कह रही थी वही कहो”| (बुखारी)

رواه البخاری (5147)

٣١٤١ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة رَضِي الله عَنهُ قَالَتْ: زُفَّتِ امْرَأَةٌ إِلَى رَجُلٍ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا كَانَ مَعَكُمْ لَهْوٌ؟ فَإِنَّ الْأَنْصَارَ يُعْجِبُهُمُ اللَّهْو» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3141. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक औरत की एक अंसारी सहाबी के साथ रुखसती हुई तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास खेल कूद का सामान नहीं था ? क्योंकि अंसार को दफ और अशआर कहना अच्छा लगता है‘’| (बुखारी)

رواه البخاری (5162)

٣١٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: تَزَوَّجَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي شَوَّالٍ وَبَنَى بِي فِي شَوَّالٍ فَأَيُّ نِسَاءِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ أَحْظَى عِنْدَهُ مِنِّي؟ . رَوَاهُ مُسلم

3142. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने शव्वाल में मुझ से शादी की और शव्वाल में मुझे अपने घर लाए और रसूलुल्लाह ﷺ की अज़वाज ए मूतहरात में से कौन सी वह बीवी है जिसे आप के यहाँ मुझ से हम मक़ाम हासिल था ? (मुस्लिम)

رواه مسلم (73 / 1423)، (3483)

٣١٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَحَقُّ الشُّرُوطِ أَنْ تُوفُوا بِهِ مَا اسْتَحْلَلْتُمْ بِهِ الْفروج»

3143. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिन शरुत के साथ तुमने शर्मगाहो को हलाल बनाया है, वह (शरुत) ज़्यादा हक़ रखती है की उन्हें पूरा किया जाए"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5151) و مسلم (63 / 1418)، (3472)

٣١٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَخْطُبُ الرَّجُلُ عَلَى خِطْبَةِ أَخِيهِ حَتَّى يَنْكِحَ أَو يتْرك»

3144. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आदमी अपने (मुसलमान) भाई के पैगामे निकाह पर पैगामे निकाह न भेजे हत्ता के वह निकाह कर ले दे या छोड़ दे"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5144) و مسلم (52 / 1413)، (3459)

٣١٤٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسْأَلِ الْمَرْأَةُ طَلَاقَ أُخْتِهَا لِتَسْتَفْرِغَ صَحْفَتَهَا وَلِتَنْكِحَ فَإِنَّ لَهَا مَا قُدِّرَ لَهَا»

3145. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "औरत अपने (मुसलमान) बहन की तलाक का मुतालबा न करे ताकि इसे उस का रीज़्क भी मिल जाए इसे चाहिए के वह इस मर्द से खुद शादी कर ले, हालाँकि जो उस के मुकद्दर में है वह इसे मिल जाएगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6601) و مسلم (52 / 1413)، (3459)

٣١٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ الشِّغَارِ وَالشِّغَارُ: أَنْ يُزَوِّجَ الرَّجُلُ ابْنَتَهُ عَلَى أَنْ يُزَوِّجَهُ الْآخَرُ ابْنَتَهُ وَلَيْسَ بَيْنَهُمَا صَدَاقٌ

3146. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने " निकाह ए शिगार ' से मना फ़रमाया है, और शिगार यह है कि आदमी अपने बेटी की शादी इस शर्त पर करे के दूसरा आदमी अपने बेटी की शादी उस से कर दे और इन दोनों के दरमियान महर न हो"| और मुस्लिम की रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस्लाम में शिगार (बेटे का निकाह) नहीं"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5112) و مسلم (57 / 1415 و 60 / 1415)، (3465 و 3468) و ذكره البغوى فى مصابيح السنة (2337)

٣١٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ مُتْعَةِ النِّسَاءِ يَوْمَ خَيْبَرَ وَعَنْ أكل لُحُوم الْحمر الإنسية

3147. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने गजवा ए खैबर के मौके पर औरतो से मुताअ करने और पालतू गधो का गोश्त खाने से मना फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4216) و مسلم (29 / 1407)، (3431)

٣١٤٨ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: رَخَّصَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ أَوْطَاسٍ فِي الْمُتْعَةِ ثَلَاثًا ثُمَّ نَهَى عَنْهَا. رَوَاهُ مُسلم

3148. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए अवतास के मौके पर तीन रोज़ के लिए मुताअ की इजाज़त दी फिर उस से मना फरमा दिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1405)، (3418)

• بَابُ إِعْلَانِ النِّكَاحِ وَالْخِطْبَةِ وَالشَّرْطِ

एलान ए निकाह, खुत्बा, मंगनी और शर्त का बयान

• الْفَصْلُ الثَّانِي

दूसरी फस्ल

٣١٤٩ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: عَلَّمَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ التَّشَهُّدَ فِي الصَّلَاةِ وَالتَّشَهُّدَ فِي الْحَاجَةِ قَالَ: التَّشَهُّدُ فِي الصَّلَاةِ: «التَّحِيَّاتُ لِلَّهِ وَالصَّلَوَاتُ وَالطَّيِّبَاتُ السَّلَامُ عَلَيْكَ أَيُّهَا النَّبِيُّ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ السَّلَامُ عَلَيْنَا وَعَلَى عِبَادِ اللَّهِ الصَّالِحِينَ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ» . [ص:٩٤] وَالتَّشَهُّدُ فِي الْحَاجَةِ: «إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَسْتَعِينُهُ وَنَسْتَغْفِرُهُ وَنَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ شُرُورِ أَنْفُسنَا من يهد اللَّهُ فَلَا مُضِلَّ لَهُ وَمَنْ يُضْلِلْ فَلَا هَادِيَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ» . وَيَقْرَأُ ثَلَاثَ آيَاتٍ (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ حَقَّ تُقَاتِهِ وَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنْتُمْ مُسلمُونَ)»» (يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ وَخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيرًا وَنِسَاءً وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي تساءلون وَالْأَرْحَامَ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيبًا)»» (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ وَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا يُصْلِحْ لَكُمْ أَعْمَالَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوبَكُمْ وَمَنْ يُطِعِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَقَدْ فَازَ فَوْزًا عَظِيما)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي جَامِعِ التِّرْمِذِيِّ فَسَّرَ الْآيَاتِ الثَّلَاثَ سُفْيَانُ الثَّوْرِيُّ وَزَادَ ابْنُ مَاجَهْ بَعْدَ قَوْلِهِ: «إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَحْمَدُهُ» وَبَعْدَ قَوْلِهِ: «من شرور أَنْفُسنَا وَمن سيئات أعمالنَا» وَالدَّارِمِيُّ بَعْدَ قَوْلِهِ «عَظِيمًا» ثُمَّ يَتَكَلَّمُ بِحَاجَتِهِ وَرَوَى فِي شَرْحِ السُّنَّةِ عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ فِي خطْبَة الْحَاجة من النِّكَاح وَغَيره

3149. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ में तशहहुद पढ़ना सिखाई और हाजत (निकाह वगैरा) में तशहहुद सिखाई रावी बयान करते हैं, नमाज़ में तशहहुद के अल्फाज़ यह है ((التَّحِيَّاتُ لِلَّهِ

وَالصَّلَوَاتُ وَالطَّيِّبَاتُ السَّلَامُ عَلَيْكَ أَيُّهَا النَّبِيُّ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ السَّلَامُ عَلَيْنَا وَعَلَى عِبَادِ اللَّهِ الصَّالِحِينَ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ (أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ) “कौली, बदनी और माली इबादते अल्लाह के लिए है, ए नबी! आप पर सलामती, अल्लाह की रहमत और उस की बरकात हो, हम पर और अल्लाह के नेक बंदो पर सलामती हो, मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बन्दे और उस के रसूल हैं”, और किसी हाजत व ज़रूरत के वक़्त पढ़ा जाने वाला तशह्हुद यह है (إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَسْتَعِينُهُ وَنَسْتَغْفِرُهُ وَنَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ شُرُورِ أَنْفُسنَا من يهد اللَّهُ فَلَا مُضِلَّ لَهُ وَمَنْ يُضْلِلْ فَلَا هَادِيَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُول) “बेशक हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है, हम इसी से मदद चाहते और इसी से मगफिरत तलब करते हैं, हम अपने नफ्स की बुराइओ से अल्लाह की पनाह चाहते है, जिस को अल्लाह हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिसे वह गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत देने वाला नहीं, और मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बन्दे और उस के रसूल हैं”, और आप ﷺ यह तीन आयात तिलावत फरमाते (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ حَقَّ تُقَاتِهِ وَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنْتُمْ مُسلمُونَ) “ए ईमान वालो अल्लाह से डर जाओ जिस तरह उस से डरने का हक़ है और तुम इस हाल में मरो की तुम मुसलमान हो”, (يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ وَخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيرًا وَنِسَاءً وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي تساءلون وَالْأَرْحَامَ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيبًا) ”ए लोगो! अपने रब से डरो जिस ने तुम्हें एक शख़्स हज़रत आदम अलैहिस्सलाम से पैदा किया और इसी से उस का जोड़ा बनाया फिर इन दोनों से बड़ी तादाद में मर्द और औरते पैदा कर के उन्हें रुए ज़मीन पर फैला दे या और डरो अल्लाह से जिस के ज़रिए तुम अपने ज़ुरुरियात जिंदगी पूरी करते हो और कतअ रहमी से बचो अल्लाह तआला यक़ीनन तुम्हें देख रहा है” (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ وَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا يُصْلِحْ لَكُمْ أَعْمَالَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوبَكُمْ وَمَنْ يُطِعِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَقَدْ فَازَ فَوْزًا عَظِيما) “ए ईमान वालो अल्लाह से डरो और दुरुस्त बात करो वह तुम्हारे आमाल दुरुस्त कर देगा और तुम्हारे गुनाह बख्श देगा और जो शख़्स अल्लाह और उस के रसूल (ﷺ की इताअत करे वह बहोत बड़ी कामियाबी हासिल कर लेगा”, और जामेअ तिरमिज़ी में है सुफियान सौरी ने तीनो आयात की वज़ाहत की और इब्ने माजा ने ((إِنَّ الْحَمْدَ لِلهِ)) के बाद ((نَحْمَدُهُ)) और ((مِنْ شُرُوْرِ اَنْفُسِنَا)) के बाद ((وَمِنْ سَيِّئَاتِ اَعْمَالِنَا)) का इज़ाफा नकल किया और दारमी ने (عَظِيْمًا) के बाद इज़ाफा नकल किया है की फिर अपने हाजत व ज़रूरत का तज़किरह करे और शरह सुन्ना में इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से मन्कुल है के इस तशह्हुद को निकाह के खुत्बा हाजत या किसी दुसरे खुत्बा में पढ़े| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه احمد (1 / 392 393 ح 3720 3721) و الترمذی (1105) و ابوداؤد (2118) و النسائی (6 / 89 ح 3279) و ابن ماجه (1892) و الدارمی (2 / 142 ح 2208) و البغوی فی شرح السنة (9 / 49 50 ح 2268) * ابو عبیدة عن ابیه منقطع و ابو اسحاق السبیعی مدلس و عنعن و رواه عن ابی اسحاق عن ابی الاحوص عند احمد مبترًا فسنده معلول

٣١٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ خُطْبَةٍ لَيْسَ فِيهَا تَشَهُّدٌ فَهِيَ كَالْيَدِ الْجَذْمَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3150. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर वह खुतबा जिस में तशहूद (हम्द व सना) न हो तो वह कटे हुए हाथ की तरह है | तिरमिज़ी, और उन्होंने फ़रमाया यह हदीस हसन गरीब है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1106)

٣١٥١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ أَمْرٍ ذِي بَالٍ لَا يُبْدَأُ فِيهِ [ص:٩٤ بِالْحَمْدِ لِلَّهِ فَهُوَ أَقْطَعُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3151. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर अहम काम जिस का आगाज़ अल्लाह की हम्द से न किया जाए वह काम बरकत से खाली है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1894) [و ابوداؤد (4840)] * الزهری مدلس و عنعن و قرة متكلم فيه و خالفه الثقات الجبال الحفاظ فالقول قولهم

٣١٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْلِنُوا هَذَا النِّكَاحَ وَاجْعَلُوهُ فِي الْمَسَاجِدِ وَاضْرِبُوا عَلَيْهِ بِالدُّفُوفِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3152. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “निकाह का एलान करो और इसे मस्जिद में करो, और इस मौके पर दफ बजाओ”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1089) * فيه عيسى بن ميمون : ضعيف و للحديث طريق عند ابن ماجه (1895) فيه متروک

٣١٥٣ - (حسن) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ حَاطِبٍ الْجُمَحِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " فَصَلَ مَا بَيْنَ الْحَلَالِ وَالْحَرَامِ: الصَّوْتُ وَالدُّفُّ فِي النِّكَاحِ ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

3153. मुहम्मद बिन हातिब जमही रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैंं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “निकाह के मौके पर (निकाह की) तश्हीर और दफ बजाना (निकाह) हलाल और हराम में फर्क करता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 418 ح 15530) و الترمذی (1088) و النسائی (6 / 172 ح 3371 3372) و ابن ماجه (1896)

٣١٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَتْ عِنْدِي جَارِيَةٌ مِنَ الْأَنْصَارِ زَوَّجْتُهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَائِشَةُ أَلَا تُغَنِّينَ؟ فَإِنَّ هَذَا الْحَيَّ مِنَ الْأَنْصَارِ يُحِبُّونَ الْغِنَاءَ» . رَوَاهُ ابْن حبَان فِي صَحِيحه

3154. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेरे पास अंसार की एक लड़की थी, मैंने उस की शादी कर दी, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आयशा! तुम अशआर का इंतेज़ाम क्यों नहीं करती, क्योंकि अंसार का यह कबिले अशआर पसंद करता है”| (सहीह,हसन)

حسن ، [رواه ابن حبان (الموارد : 2016 و الاحسان : 5845 فيه اسحاق بن سهل بن ابى حثمه) و للحديث شواهد عند البخارى (5162) و ابن ماجه (1900) و غيرهما]

٣١٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: أنكحت عَائِشَة ذَات قَرَابَةٍ لَهَا مِنَ الْأَنْصَارِ فَجَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَهَدَيْتُمُ الْفَتَاةَ؟» قَالُوا: نعم قَالَ: «أرسلتم مَعهَا من تغني؟» قَالَتْ: لَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الْأَنْصَارَ قَوْمٌ فِيهِمْ غَزَلٌ فَلَوْ بَعَثْتُمْ مَعَهَا مَنْ يَقُولُ:»» أَتَيْنَاكُمْ أَتَيْنَاكُمْ فحيانا وحياكم ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3155. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अंसार में से अपने एक अज़ीज़ाह की शादी की तो रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “क्या तुम ने लड़की को भेज दिया ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने अशआर पढ़ने वालो को उस के साथ भेजा है ?” आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंसार ऐसे लोग है जो गाने का रुजहान रखते है, अगर तुम उस के साथ किसी ऐसे शख़्स को भेजती जो कहता اَتَيْنا كُمْ اَتَيْنَا كُمْ فَحَيَّانَا وَ حَيَّاكُمْ “हम तुम्हारे पास आए हम तुम्हारे पास आए, हमें भी मुबारक हो और तुम्हें भी मुबारक हो”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (1900) * ابو الزبیر عنعن و اصل الحدیث عند البخاری فی صحیحہ (5162)

٣١٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ زَوَّجَهَا وَلِيَّانِ فَهِيَ لِلْأَوَّلِ مِنْهُمَا وَمَنْ بَاعَ بَيْعًا مِنْ رَجُلَيْنِ فَهُوَ لِلْأَوَّلِ مِنْهُمَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3156. समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस औरत की शादी दो वली कर दे तो वह इन दोनों में से पहले वाले के निकाह में होगी और जो शख़्स दो आदमियों से बेअ करे तो वह उन में से पहले के लिए है”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الترمذی (1110 وقال : حسن) و ابوداؤد (2088) و النسائی (7 / 314 ح 4686) و الدارمی (2 / 139 ح 2200)

एलान ए निकाह, खुत्बा, मंगनी और शर्त का बयान

بَابُ إِعْلَانِ النِّكَاحِ وَالْخِطْبَةِ وَالشَّرْطِ

तीसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّالِث

٣١٥٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نَغْزُو مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَعَنَا نِسَاءٌ فَقُلْنَا: أَلَا نَخْتَصِي؟ فَنَهَانَا عَنْ ذَلِكَ ثُمَّ رَخَّصَ لَنَا أَنْ نَسْتَمْتِعَ فَكَانَ أَحَدُنَا يَنْكِحُ الْمَرْأَةَ بِالثَّوْبِ إِلَى أَجَلٍ ثُمَّ قَرَأَ عَبْدُ اللَّهِ: (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تُحَرِّمُوا طَيِّبَاتِ مَا أَحَلَّ اللَّهُ لَكُمْ)

3157. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जिहाद में शरीक होते थे और हमारे साथ औरते नहीं होती थी, हमने अर्ज़ किया: क्या हम खस्सी न हो जाए ? आप ﷺ ने हमें उस से मना फ़रमाया, फिर आप ﷺ ने

हमें मुताअ करने की रुखसत अता फरमाई, हम में से कोई शख़्स कपड़े के अवज़ एक मुद्दत तक किसी औरत से निकाह करता, फिर अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु ने यह आयत तिलावत फरमाई: “ए मोमिनो! पाकिज़ा चीजों को, जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए हलाल की है, हराम करार न दो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4615) و مسلم (11 / 1404)، (3410)

٣١٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّمَا كَانَتِ الْمُتْعَةُ فِي أول الْإِسْلَام كَانَ الرجل يقدم الْبَلدة لَيْسَ لَهُ بِهَا مَعْرِفَةٌ فَيَتَزَوَّجُ الْمَرْأَةَ بِقَدْرِ مَا يرى أَنَّهُ يُقِيمُ فَتَحْفَظُ لَهُ مَتَاعَهُ وَتُصْلِحُ لَهُ شَيَّهُ حَتَّى إِذَا نَزَلَتِ الْآيَةُ (إِلَّا عَلَى أَزْوَاجهم أَو مَا ملكت أَيْمَانهم)»» قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَكُلُّ فَرْجٍ سِوَاهُمَا فَهُوَ حرَام. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3158. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुताअ इस्लाम के इब्तिदाई दौर मैं था वह इस तरह के आदमी शहर में जाता, उस की वहां जान पहचान न होती तो वह वहां अपने कयाम के अंदाज़े के मुताबिक औरत से शादी कर लेता तो वह उस के सामान की हिफाज़त करती और उस के लिए खाना तैयार करती हत्ता कि जब यह आयत नाज़िल हुई: “मगर अपने बीवियों पर या अपने लोंदियो पर”, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: “इन दोनों (बीवी और लोंदी) की शर्मगाह के सिवा हर शर्मगाह हराम है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1122) * موسی بن عبیدة : ضعیف

٣١٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى قَرَظَةَ بْنِ كَعْبٍ وَأَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ فِي عُرْسٍ وَإِذَا جِوَارٍ يُغَنِّينَ فَقُلْتُ: أَيْ صَاحِبَيْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَهْلَ بَدْرٍ يُفْعَلُ هَذَا عِنْدَكُمْ؟ فَقَالَا: اجْلِسْ إِنْ شِئْتَ فَاسْمَعْ مَعَنَا وَإِنْ شِئْتَ فَاذْهَبْ فَإِنَّهُ قَدْ رَخَّصَ لَنَا فِي اللَّهْوِ عِنْدَ الْعُرْسِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3159. आमिर बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक शादी के मौके पर क़र्ज़त बिन काब और अबू मसउद अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु के पास गया तो देखा के छोटी बच्चिया गा रही थी, मैंने कहा रसूलुल्लाह ﷺ के साथियों और बद्र के गाज़ियो! तुम्हारे पास यह हो रहा है ? इन दोनों ने फ़रमाया: अगर तुम चाहो तो हमारे पास बैठ कर सुनो और अगर तुम चाहो तो जाओ, क्योंकि शादी के मौके पर गाने के मुत्तल्लिक हमें इजाज़त दी गई है| (सहीह)

صحیح ، رواه النسائی (7 / 135 ح 3385)

मुहर्रिमात का बयान باب الْمُحرمَات

पहली फस्ल الْفَصْل الأول

٣١٦٠ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُجْمَعُ بَيْنَ الْمَرْأَةِ وعمتها وَلَا بَين الْمَرْأَة وخالتها»

3160. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरत और उस की फूफी निज़ औरत और उस की खाला को निकाह में इकट्ठा न किया जाए”| (यानी फूफी भतीजी, और खाला भांजी, एक वक़्त में एक आदमी की बीवियां नहीं हो सकती) | (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5109) و مسلم (33 / 1408)، (3436)

٣١٦١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَحْرُمُ مِنَ الرَّضَاعَةِ مَا يحرم من الْولادَة» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3161. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दूध पीने से वह रिश्ते हराम हो जाते हैं, जो नसब से हराम होते हैं”| (बुखारी)

رواه البخاری (5239)

٣١٦٢ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: جاءَ عَمِّي مِنَ الرَّضَاعَةِ فَاسْتَأْذَنَ عَلَيَّ فَأَبَيْتُ أَنْ آذَنَ لَهُ حَتَّى أَسْأَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَاءَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلْتُهُ فَقَالَ: «أَنَّهُ عَمُّكِ فَأْذَنِي لَهُ» قَالَت: فَقلت: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا أَرْضَعَتْنِي الْمَرْأَةُ وَلَمْ يرضعني الرَّجُلُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّه عمك فليلج عَلَيْك» وَذَلِكَ بَعْدَمَا ضرب علينا الْحجاب

3162. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेरे रिज़ाई चचा आए, उन्होंने मेरे पास आने की इजाज़त तलब की तो मैंने उन्हें इजाज़त देने से इन्कार कर दिया हत्ता के मैं रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त कर लूँ, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए मैंने आप से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “बिलाशुबा वह तुम्हारा चचा है लिहाज़ा इसे इजाज़त दे दो”, वह बयान करती हैं, मैंने आप से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे तो औरत ने दूध पिलाया है, मर्द ने तो मुझे दूध नहीं पिलाया! रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बिलाशुबा वह तुम्हारा चचा है, लिहाज़ा वह तुम्हारे पास आ सकता है”, और यह हम पर परदा के अहकाम नाज़िल होने से बाद का वाकिया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5239) و مسلم (7 / 1445)، (3575)

٣١٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ لَكَ فِي بِنْتِ عَمِّكَ حَمْزَةَ؟ فَإِنَّهَا أَجْمَلُ فَتَاةٍ فِي قُرَيْشٍ فَقَالَ لَهُ:

«أَمَا عَلِمْتَ أَنَّ حَمْزَةَ أَخِي مَنِ الرَّضَاعَةِ؟ وَأَنَّ اللَّهَ حَرَّمَ مِنَ الرَّضَاعَةِ مَا حرم من النّسَب؟» . رَوَاهُ مُسلم

3163. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप अपने चचा हम्ज़ा रदी अल्लाहु अन्हु की बेटी के बारे में रगबत रखते हैं ? वह कुरैश की सबसे ज़्यादा हसीन व जमील लड़की है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “क्या तुम्हें मालुम नहीं के हम्ज़ा मेरे रिज़ाई भाई है, और अल्लाह ने रिज़ाअत की वजह से वह रिश्ते हराम किए है, जो उस ने नसब की वजह से हराम किए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 1446)، (3581)

٣١٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْفَضْلِ قَالَتْ: أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الرضعة أَو الرضعتان»

3164. उम्म फ़ज़ल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “एक मर्तबा या दो मर्तबा दूध पीना हुरमत साबित नहीं करता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (21 / 1451)، (3594)

٣١٦٥ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ عَائِشَةَ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الْمَصَّةُ والمصتان»

3165. और आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से मरवी हदीस में है: “एक मर्तबा और दो मर्तबा दूध चूसने से हुरमत वाकेअ नहीं होती”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 1450)، (3590)

٣١٦٦ - (صَحِيح) وَفِي أُخْرَى لِأُمِّ الْفَضْلِ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الإملاجة والإملاجتان» . هَذِه رِوَايَات لمُسلم

3166. और उम्म फ़ज़ल रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी दूसरी हदीस में है: “एक या दो मर्तबा दूध पीने से हुरमत वाकेअ नहीं होती”| तीनो रिवायत सहीह मुस्लिम की हैं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1451)، (3591)

٣١٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ فِيمَا أُنْزِلَ مِنَ الْقُرْآنِ: «عَشْرُ رَضَعَاتٍ مَعْلُومَاتٍ يُحَرِّمْنَ» . ثُمَّ نُسِخْنَ بِخَمْسٍ مَعْلُومَاتٍ فَتُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهِيَ فِيمَا يُقْرَأُ مِنَ الْقُرْآنِ. رَوَاهُ مُسلم

3167. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुरान में यह हुक्म नाज़िल हुआ था के दस मर्तबा दूध पीने से हुरमत

वाकेअ होती है, फिर वह हुक्म पांच मर्तबा पीने की क़ैद के साथ मंसूख कर दिया गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने जिस वक़्त वफात पाई तो इस वक़्त तक (पांच मर्तबा दूध पीने वाली आयत) कुरान में पढ़ी जाती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (24 / 1452)، (3597)

٣١٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم دَخَلَ عَلَيْهَا وَعِنْدَهَا رَجُلٌ فَكَأَنَّهُ كَرِهَ ذَلِكَ فَقَالَت: إِنَّه أخي فَقَالَ: «انظرن من إخوانكن؟ فَإِنَّمَا الرضَاعَة من المجاعة»

3168. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मेरे पास एक आदमी था, गोया आप ने इसे नापसंद फ़रमाया, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, यह तो मेरा भाई है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “देखो के तुम्हारे भाई कौन हैं, रिज़ाअत तो सिर्फ वह दूध है जिसे भूख दूर करने के लिए पिया गया हो”, (बच्चे को सुगर सुनी की उमर में भूख लगी हो और वह किसी औरत का दूध पि ले) | (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5102) و مسلم (22 / 1455)، (3606)

٣١٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ الْحَارِثِ: أَنَّهُ تَزَوَّجَ ابْنَةً لِأَبِي إِهَابِ بْنِ عَزِيزٍ فَأَتَتِ امْرَأَةٌ فَقَالَتْ: قَدْ أَرْضَعْتُ عُقْبَةَ وَالَّتِي تَزَوَّجَ بِهَا فَقَالَ لَهَا عُقْبَةُ: مَا أَعْلَمُ أَنَّكِ قَدْ أَرْضَعْتِنِي وَلَا أَخْبَرْتِنِي فَأَرْسَلَ إِلَى آلِ أَبِي إِهَابٍ فَسَأَلَهُمْ فَقَالُوا: مَا عَلِمْنَا أَرْضَعْتَ صَاحِبَتُنَا فَرَكِبَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِالْمَدِينَةِ فَسَأَلَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ وَقَدْ قِيلَ؟» فَفَارَقَهَا عُقْبَةُ وَنَكَحَتْ زوجا غَيره. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3169. उक्बा बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अबू इहाब बिन अज़ीज़ की बेटी से शादी कर ली तो एक औरत आई, उस ने कहा मैंने उक्बा और उस की बीवी को दूध पिलाया है, (यानी यह आपस में रिज़ाई बहन भाई हैं) उक्बा ने इस औरत से कहा: मुझे तो मालुम नहीं के तुमने मुझे दूध पिलाया है और ना ही तुमने मुझे बताया है, उन्होंने अबू इहाब के घरवालो के पास किसी आदमी को भेजा तो उस ने उन से पूछा तो उन्होंने कहा: हमे, तो मालुम नहीं है इस ने हमारी इस लड़की को दूध पिलाया है, वह मदीना में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(तुम उस के साथ) किस तरह (ताल्लुक व शव काइम कर सकते हो) हालाँकि यह कह दिया गया (के तुम उस के रिज़ाई भाई हो)”| उक्बा रदी अल्लाहु अन्हु ने इसे अलग कर दिया और उस ने उन के अलावा किसी और से निकाह किया| (बुखारी)

رواه البخارى (2640)

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٢٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُنْتَزِعَاتُ وَالْمُخْتَلِعَاتُ هُنَّ الْمُنَافِقَاتُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3290. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “नाफ़रमानी करने वालियां और खुला तलब करने वालियां मुनाफ़िक़ हैं”| (सहीह)

رواہ النسائی (6 / 168 ح 3491)

٣٢٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نَافِعٍ عَنْ مَوْلَاةٍ لِصَفِيَّةَ بِنْتِ أَبِي عُبَيْدٍ أَنَّهَا اخْتَلَعَتْ مِنْ زَوْجِهَا بِكُلِّ شَيْءٍ لَهَا فَلَمْ يُنْكِرْ ذَلِكَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عمر. رَوَاهُ مَالك

3291. नाफेअ, सफ्फिया बिन्ते अबी उबैद की आज़ाद करदा लौंडी से रिवायत करते हैं की उस ने अपने हर चीज़ के बदले अपने खाविंद (इब्ने उमर (र अ)) से खुला लिया तो अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने उस का इन्कार न किया| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ مالک (2 / 565 ح 1229) * مولاۃ صفیة لاتعرف ، و قول نافع : عن ، بمعنی ان فلا رلاقة لهذہ المولاۃ بالسند والله اعلم

٣٢٩٢ - (ضَعِيف) حَدِيث رِجَاله ثِقَات وَعَن مَحْمُود بن لبيد قل: أَخْبَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ رَجُلٍ طَلَّقَ امْرَأَتَهُ ثَلَاثَ تَطْلِيقَاتٍ جَمِيعًا فَقَامَ غَضْبَانَ ثُمَّ قَالَ: «أَيُلْعَبُ بِكِتَابِ اللَّهِ [ص:٩٨ عَزَّ وَجَلَّ وَأَنَا بَيْنَ أَظْهُرِكُمْ؟» حَتَّى قَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا أَقْتُلُهُ؟ . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3292. महमूद बिन लबीद बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को एक आदमी के मुत्तल्लिक बताया गया के उस ने अपनी बीवी को तीन तलाके एक साथ दे दि है, तो आप ﷺ गुस्से की हालत में खड़े हुए फिर फ़रमाया: “क्या अल्लाह अज्ज़वजल की किताब से खेला जा रहा है जबकि में तुम्हारे दरमियान मौजूद हूँ”, उस पर एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मैं उसे क़त्ल न कर दूँ| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه النسائی (6 / 142 143 ح 3430) و اعل بما لا یقدح

٣٢٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مَالك بلغه رَجُلًا قَالَ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ: إِنِّي طَلَّقْتُ امْرَأَتِي مِائَةَ تَطْلِيقَةٍ فَمَاذَا تَرَى عَلَيَّ؟ فَقَالَ ابْن عَبَّاس: طلقت مِنْك ثَلَاث وَسَبْعٌ وَتِسْعُونَ اتَّخَذْتَ بِهَا آيَاتِ اللَّهِ هُزُوًا. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ

3293. इमाम मालिक से रिवायत है के उन्हें यह बात पहुंची के एक आदमी ने अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु से कहामैंने अपनी बीवी को सौ तलाके दि हैं, आप की इस बारे में क्या राय है ? इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: “इसे तेरी तरफ से तीन तलाके तो वाकेअ हो गई, जबके सत्तानवे के ज़रिए तुमने अल्लाह की आयात के साथ मज़ाक किया| (हसन)

حسن ، رواه مالک (2 / 550 ح 1195) * سنده ضعیف وله شواهد عند البیهقی (7 / 337) و ابی داود (2197) و غیرهما

٣٢٩٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا مُعَاذُ مَا خَلَقَ اللَّهُ شَيْئًا عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِنَ الْعَتَاقِ وَلَا خَلَقَ اللَّهُ شَيْئًا عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ أَبْغَضَ إِلَيْهِ مِنَ الطَّلَاقِ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

3294. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया: “मुआज़! अल्लाह ने रुए ज़मीन पर जो कुछ पैदा फ़रमाया है उस में किसी (गुलाम) को आज़ाद करना इसे सबसे ज़्यादा महबूब है, और उस ने रुए ज़मीन पर जो कुछ पैदा फ़रमाया है उस में से तलाक इसे इन्तिहाई नापसंद है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الداقطنی (4 / 35 ح 3939) و البیهقی (7 / 361) * السند منقطع و حمید بن مالک : ضعیف ، و حدیث ابی داود (2178 ، تقدم : 3280) یغنی عن بعضه

जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

بَاب الْمُطلقَة ثَلَاثًا •

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول •

٣٢٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: جَاءَتِ امْرَأَةُ رِفَاعَةَ الْقُرَظِيِّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: إِنِّي كُنْتُ عِنْدَ رِفَاعَةَ فَطَلَّقَنِي فَبَتَّ طَلَاقِي فَتَزَوَّجْتُ بَعْدَهُ عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ الزُّبَيْرِ وَمَا مَعَهُ إِلَّا مِثْلُ هُدْبَةِ الثَّوْبِ فَقَالَ: «أَتُرِيدِينَ أَنْ تَرْجِعِي إِلَى رِفَاعَةَ؟» قَالَتْ: نَعَمْ قَالَ: «لَا حَتَّى تَذُوقِي عُسَيْلَتَهُ وَيَذُوق عُسَيْلَتَكِ»

3295. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रफाअ कुरज़ियी की बीवी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया: में रफाअ के निकाह में थी तो उस ने मुझे तीन तलाके दे दी, उस के बाद मैंने अब्दुल रहमान बिन जुबैर से शादी कर ली, लेकिन उस के पास तो कपड़े के पल्लू की तरह है (यानी वह जिमाअ के काबिल नहीं) आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम रफाअ की तरफ वापिस जाना चाहती हो ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ? हत्ता कि तुम उस से लुत्फ़ अन्दोज़ हो जाओ और वह तुम से लुत्फ़ अन्दोज़ हो जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2639) و مسلم (111 / 1433)، (3526)

जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

بَاب الْمُطلقَة ثَلَاثًا •

दूसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّانِي •

٣٢٩٦ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: لَعَنَ رسولُ الله المحلّلَ والمُحلَّلَ لَهُ. رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3296. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हलाला करने वाले और जिस के लिए हलाला किया या रहा है दोनों पर लानत फ़रमाई| (सहीह)

صحیح ، رواه الدارمی (2 / 158 ح 2263) و انظر الحدیث الآتی (3297)

٣٢٩٧ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ عَلِيٍّ وَابْنِ عَبَّاسٍ وَعقبَة بن عَامر

3297. इब्ने माजा ने इसे अली रदी अल्लाहु अन्हु इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा और उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (1934 ، عن على ، 1935 عن ابن عباس و سنده ضعيف ، 1936 عن عقبة بن عامر)

٣٢٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: أَدْرَكْتُ بِضْعَةَ عَشَرَ مِنْ أَصْحَابِ [ص:٩٨ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كُلُّهُمْ يَقُولُ: يُوقَفُ الْمُؤْلِي. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3298. सुलेमान बिन यस्सार रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के तकरीबन दस सहाबा से मुलाकात की वह सब कहते थे की इयला करने वाले को पाबंद सलासिल किया जाएगा| (सहीह)

سنده صحيح ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 237 ح 2363) [و الشافعى فى الام 5 / 265] * و للحديث شواهد عند الدارقطنى (2 / 61) و غيره

٣٢٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سلمةَ: أَنَّ سَلْمَانَ بْنَ صَخْرٍ وَيُقَالُ لَهُ: سَلَمَةُ بْنُ صَخْرٍ الْبَيَاضِيُّ جَعَلَ امْرَأَتَهُ عَلَيْهِ كَظَهْرِ أُمِّهِ حَتَّى يَمْضِيَ رَمَضَانُ فَلَمَّا مَضَى نِصْفٌ مِنْ رَمَضَانَ وَقَعَ عَلَيْهَا لَيْلًا فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ لَهُ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْتِقْ رَقَبَةً» قَالَ: لَا أَجِدُهَا قَالَ: «فَصُمْ شَهْرَيْنِ مُتَتَابِعَيْنِ» قَالَ: لَا أَسْتَطِيعُ قَالَ: «أَطْعِمْ سِتِّينَ مِسْكِينًا» قَالَ: لَا أَجِدُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِفَرْوَةَ بْنِ عَمْرٍو: «أَعْطِهِ ذَلِكَ الْعَرَقَ» وَهُوَ مِكْتَلٌ يَأْخُذُ خَمْسَةَ عَشَرَ صَاعًا أَوْ سِتَّةَ عَشَرَ صَاعا «ليُطعِمَ سِتِّينَ مِسْكينا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3299. अबू सलमा से रिवायत है के सलमान बिन सखर उन्हें सलमा बिन सखर बयाज़ी भी कहा जाता है, ने अपने बीवी को पूरा रमज़ान अपने ऊपर अपने माँ की पुश्त की तरह करार दे लिया, जब आधा रमज़ान गुज़र गया तो एक रात उस ने उस से जिमाअ कर लिया, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस के मुत्तल्लिक आप से ज़िक्र किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “एक गुलाम आज़ाद करो”, उस ने अर्ज़ किया, मेरे पास कोई गुलाम नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दो माह के मुसलसल रोज़े रखो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं इस्तिताअत नहीं रखता आप ﷺ ने फ़रमाया: “साठ मिस्कीनो को खाना खिलाओ”, उस ने अर्ज़ किया, मैं ताकत नहीं रखता तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरवत बिन अम्र से फ़रमाया: “इसे पन्द्रह साअ या सोलह (तकरीबन चालीस किलो) वाला खजूरो का टोकरा दे दो ताकि वह साठ मिस्कीनो को खीला दे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1200 وقال : حسن)

٣٣٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وروى أَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه والدارمي عَن سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ عَنْ سَلَمَةَ بْنِ صَخْرٍ نحوَه قَالَ: كنتُ امْرأ أُصِيبُ مِنَ النِّسَاءِ مَا لَا يُصِيبُ غَيْرِي وَفِي روايتهما أَعنِي أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيِّ: «فَأَطْعِمْ وَسْقًا مِنْ تَمْرٍ بَيْنَ سِتِّينَ مِسْكينا»

3300. अबू दावुद इब्ने माजा और दारमी ने सुलेमान बिन यस्सार के तरीक से सलमा बिन सखर से इसी तरह रिवायत किया है, उन्होंने कहा: मुझे जिस क़दर औरतो से लगाव था इतना लगाव मेरे सिवा किसी को न था, और इन दोनों यानी

अबू दावुद और दारमी की रिवायत में है: “एक वुसक (साठ साअ) खजूरे साठ मिस्कीनो को खिलाओ”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2213) و ابن ماجه (2062) و الدارمی (2 / 162 163 ح 2278) * ابن اسحاق مدلس و عنعن

٣٣٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ عَنْ سَلَمَةَ بْنِ صَخْرٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمُظَاهِرِ يُوَاقِعُ قَبْلَ أَنْ يُكَفِّرَ قَالَ: «كَفَّارَةٌ وَاحِدَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3301. सुलेमान बिन यस्सार सलमा बिन सखर की सनद से नबी ﷺ से, जिहार करने वाले के मुत्तल्लिक जो कफ्फारा देने से पहले जिमाअ कर ले, रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक ही कफ्फारा है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1198 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (2064) * سليمان بن يسار لم يسمع من سلمة بن صخر رضی الله عنه

باب الْمُطلقَة ثَلَاثًا • जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٣٠٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عِكْرِمَةَ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَجُلًا ظَاهَرَ مِنِ امْرَأَتِهِ فَغَشِيَهَا قَبْلَ أَنْ يُكَفِّرَ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «مَا حَمَلَكَ عَلَى ذَلِكَ؟» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ رَأَيْتُ بَيَاضَ حِجْلَيْهَا فِي الْقَمَرِ فَلَمْ أَمْلِكْ نَفْسِي أَنْ وَقَعْتُ عَلَيْهَا فَضَحِكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَهُ أَنْ لَا يَقْرَبَهَا حَتَّى يُكَفِّرَ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ. وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ نَحْوَهُ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ»» وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ نَحْوَهُ مُسْنَدًا وَمُرْسَلًا وَقَالَ النَّسَائِيُّ: المُرسل أوْلى بالصَّوابِ من المسْندِ

3302. इकरिमा इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की एक आदमी ने अपने बीवी से जिहार किया तो उस ने कफ्फारा अदा करने से पहले उस से जिमाअ कर लिया, फिर वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने उस के मुत्तल्लिक आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें किस चीज़ ने उस पर अमादा किया ?” उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने चांदनी रात में उस की पायजेब की सफेदी देखी तो मुझ से रहा न गया और मैं उस से हम बिस्तर हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ मुस्कुरा दिए और इसे हुक्म फ़रमाया के वह कफ्फारा अदा करने से पहले उस के करीब न जाए, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने भी इसी तरह रिवायत किया है, और फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है, और इमाम अबू दावुद और इमाम निसाई ने इसी मिसल मुसनद और मुरसल रिवायत किया है, और इमाम निसाई ने फ़रमाया: मुरसल दुरुस्त होने में मुसनद से औला है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2065) و الترمذی (1199) و ابوداؤد (2221) و النسائی (6 / 167 ح 3487 مسندًا و ح 3488 مرسلاً)

गुज़िश्ता बाब (जिस औरत को तीन तलाक दी जाए) उसका बयान

بَاب الْوَصَايَا

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول

٣٣٠٣ - (صَحِيح) عَن مُعَاوِيَة بن الحكم قَالَ: أَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ جَارِيَةً كَانَتْ لِي تَرْعَى غَنَمًا لِي فَجِئْتُهَا وَقَدْ فَقَدَتْ شَاةً مِنَ الْغَنَمِ فَسَأَلْتُهَا عَنْهَا فَقَالَتْ: أَكَلَهَا الذِّئْبُ فَأَسِفْتُ عَلَيْهَا وَكُنْتُ مَنْ بَنِي آدَمَ فَلَطَمْتُ وَجْهَهَا وَعَلَيَّ رَقَبَةٌ أَفَأُعْتِقُهَا؟ فَقَالَ لَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيْنَ اللَّهُ؟» فَقَالَتْ: فِي السَّمَاءِ فَقَالَ: «مَنْ أَنَا؟» فَقَالَتْ: أَنْتَ رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْتِقْهَا» . رَوَاهُ مَالِكٌ»» وَفِي رِوَايَةِ مُسْلِمٍ قَالَ: كَانَتْ لِي جَارِيَةٌ تَرْعَى غَنَمًا لِي قِبَلَ أُحُدٍ وَالْجَوَّانِيَّةِ فَاطَّلَعْتُ ذَاتَ يَوْمٍ فَإِذَا الذِّئْبُ قَدْ ذَهَبَ بِشَاةٍ مِنْ غَنَمِنَا وَأَنَا رَجُلٌ مِنْ بَنِي آدَمَ آسَفُ كَمَا يَأْسَفُونَ لَكِنْ صَكَكْتُهَا صَكَّةً فَأَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَعَظَّمَ ذَلِكَ عَلَيَّ قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلا أُعتِقُها؟ قَالَ: «ائتِني بهَا؟» فأتيتُه بِهَا فَقَالَ لَهَا: «أَيْنَ اللَّهُ؟» قَالَتْ: فِي السَّمَاءِ قَالَ: «مَنْ أَنَا؟» قَالَتْ: أَنْتَ رَسُولُ الله قَالَ: «أعتِقْها فإنَّها مؤمنةٌ»

3303. मुआविया बिन हकम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरी एक लौंडी मेरी बकरिया चराती थी में उस के पास आया तो मैंने एक बकरी न पाई, मैंने उस के मुत्तल्लिक उस से पूछा तो उस ने कहा: इसे भेड़िये ने खा लिया है, मैं उस से नाराज़ हुआ, चूँकि में औलादे आदम से हूँ, मैंने उस के चेहरे पर थप्पड़ मार दिया, (और किसी वजह से) गुलाम आज़ाद करना मुझ पर वाजिब है, क्या मैं उसे आज़ाद कर दूँ ? रसूलुल्लाह ﷺ ने इस लौंडी से पूछा: “अल्लाह कहाँ है ?” उस ने कहा आसमान में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं कौन हूँ ?” उस ने अर्ज़ किया, आप अल्लाह के रसूल हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे आज़ाद कर दो”, यह मालिक की रिवायत है, और मुस्लिम की रिवायत में है: उन्होंने (मुआविया बिन हकम (र)) ने कहा मेरी एक लौंडी थी जो उहद और जौवानिया की तरफ मेरी बकरिया चराया करती थी, एक रोज़ मैंने देखा के भेड़िया हमारी बकरियों में से एक बकरी ले गया, चूँकि में आदम की औलाद से हूँ, मैं भी नाराज़ होता हूँ जैसे वह नाराज़ होते हैं, इसलिए मैंने इसे एक थप्पड़ मार दिया फिर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ (और सारा वाकिए सुनाया) आप ने मेरी इस हरकत को बड़ा जुर्म करार दिया, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या मैं उसे आज़ाद न कर दूँ ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे मेरे पास लाओ”, मैं उसे आप के पास ले आया तो आप ﷺ ने उस से पूछा: “अल्लाह कहाँ है ?” उस ने अर्ज़ किया, आसमान में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं कौन हूँ ?” उस ने कहा: आप अल्लाह के रसूल हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे आज़ाद कर दो क्योंकि यह मुसलमान है”| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه مالك (2 / 776 777 ح 1550 ببعض الاختلاف) و مسلم (33 / 537)

लिआन का बयान — بَاب اللّعان •

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول •

٣٣٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ السَّاعِدِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ قَالَ: إن عُوَيْمِر الْعَجْلَانِيَّ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْت رَجُلًا وجدَ مَعَ امرأتِهِ رجُلاً أيقْتُلُه فيَقْتُلُونه؟ أمْ كَيفَ أفعل؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قدْ أُنْزِلُ فِيكَ وَفِي صَاحِبَتِكَ فَاذْهَبْ فَأْتِ بِهَا» قَالَ سَهْلٌ: فَتَلَاعَنَا فِي الْمَسْجِدِ وَأَنَا مَعَ النَّاسِ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا فَرَغَا قَالَ عُوَيْمِرٌ: كَذَبْتُ عَلَيْهَا يَا رسول اللَّهِ إن أَمْسَكْتُها فطلقتها ثَلَاثًا ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " انْظُرُوا فَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أَسْحَمَ أَدْعَجَ الْعَيْنَيْنِ عَظِيمَ الْأَلْيَتَيْنِ خَدَلَّجَ السَّاقَيْنِ فَلَا أَحسب عُوَيْمِر إِلَّا قَدْ صَدَقَ عَلَيْهَا وَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أُحَيْمِرَ كَأَنَّهُ وَحَرَةٌ فَلَا أَحْسِبُ عُوَيْمِرًا إِلَّا قَدْ [ص:٩٨ كَذَبَ عَلَيْهَا فَجَاءَتْ بِهِ عَلَى النَّعْتِ الَّذِي نَعْتُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ تَصْدِيقِ عُوَيْمِرٍ فَكَانَ بَعْدُ يُنْسَبُ إِلَى أمه

3304. सहल बिन साद साअदि रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की उवयमिर अज्लानी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स के बारे में बताइए जो अपने बीवी के साथ किसी मर्द को पाए, क्या यह इसे क़त्ल कर दे, इस सूरत में वह (मकतुल के वुरसा) उस को क़त्ल कर देंगे या इसे क्या करना चाहिए ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तेरे और तेरी बीवी के बारे में हुक्म नाज़िल हो चूका है, तुम उसे ले कर आओ”, सहल बयान करते हैं, इन दोनों ने मस्जिद में लिआन किया, और मैं लोगो के साथ रसूलुल्लाह ﷺ के पास था, जब वह दोनों फारिग़ हुए तो उवयमिर ने कहा: अल्लाह के रसूल! अगर में उसे रख लु तो उस का मतलब होगा मैंने उस पर झूठ बांधा, उस ने इसे तीन तलाके दे दी, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इंतज़ार करो और देखो अगर वह सियाह रंग मोटी मोटी और खूब सियाह आंखो वाले सुरिन बड़े बड़े और मोटी मोटी पिंडलियों वाले, बच्चे को जन्म दे तो फिर मैं समझूंगा के उवयमिर ने उस के मुत्तल्लिक सच कहा है, और अगर वह सुर्ख रंग का हुआ गोया के वह ज़हरीली छिपकली है तो में समझूंगा के उवयमिर ने इस औरत पर झूठ बांधा है”, इस औरत ने इस तरह के बच्चे को जन्म दीया जिस तरह की सिफात रसूलुल्लाह ﷺ ने उवयमिर की तस्दीक के मुत्तल्लिक बयान फरमाई थी, उस के बाद इस बच्चे को उस की माँ की तरफ मंसूब किया जाता था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاري (4745) و مسلم (1 / 1492)، (3743)

٣٣٠٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَاعن بَين رجل وَامْرَأَته فانتفى مِنْ وَلَدِهَا فَفَرَّقَ بَيْنَهُمَا وَأَلْحَقَ الْوَلَدَ بِالْمَرْأَةِ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي حَدِيثِهِ لَهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَظَهُ وَذَكَّرَهُ وَأَخْبَرَهُ أَنَّ عَذَابَ الدُّنْيَا أَهْوَنُ مِنْ عَذَابِ الْآخِرَةِ ثُمَّ دَعَاهَا فَوَعَظَهَا وَذَكَّرَهَا وَأَخْبَرَهَا أَنَّ عَذَاب الدُّنْيَا أَهْوَن من عَذَاب الْآخِرَة

3305. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने शोहर और उस की बीवी के दरमियान लिआन कराया, इस (आदमी) ने उस के बच्चे को कबूल करने से इन्कार कर दिया तो आप ने इन दोनों के दरमियान तफरीक करा दी और बच्चे को औरत के हवाले कर दिया| और इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा की सहीहैन की हदीस में है की रसूलुल्लाह ﷺ ने पहले शोहर को वाज़ व नसीहत की और इसे बताया की दुनिया का अज़ाब आखिरत के अज़ाब से बहोत हल्का है, फिर आप ﷺ ने इस औरत को बुलाया और इसे भी वाज़ व नसीहत की और इसे भी बताया की दुनिया का अज़ाब आखिरत के

अज़ाब से बहोत हल्का है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5315) و مسلم (8 / 1494 ، 4 / 1493)، (3746 و 3752)

٣٣٠٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِلْمُتَلَاعِنَيْنِ: «حِسَابُكُمَا عَلَى اللَّهِ أَحَدُكُمَا كَاذِبٌ لَا سَبِيلَ لَكَ عَلَيْهَا» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَالِي قَالَ: «لَا مَالَ لَكَ إِنْ كُنْتَ صَدَقْتَ عَلَيْهَا فَهُوَ بِمَا اسْتَحْلَلْتَ مِنْ فَرْجِهَا وَإِنْ كُنْتَ كَذَبْتَ عَلَيْهَا فَذَاكَ أَبْعَدُ وَأَبْعد لَك مِنْهَا»

3306. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने लिआन करने वालो से फ़रमाया: “तुम्हारा हिसाब अल्लाह के जिम्मे है, तुम दोनों में से एक झूठा है, अब तुम्हारा इस (औरत) पर कोई हक़ नहीं”, इस (आदमी) ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरा माल (जो महर में दिया था) ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें माल का कोई हक़ नहीं, अगर तुमने उस के मुत्तल्लिक सच्ची बात कही तो वह (माल) उस का बदल है जो तुमने उस से हम बिस्तरी की है, और अगर तुमने उस के मुत्तल्लिक झूठी बात कही तो फिर इस (महेर) का लौटना तुम्हारे लिए बईद है और तेरा उस से मुतालबा करना बईद है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5350) و مسلم (5 / 1493)، (3748)

٣٣٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ هِلَالَ بْنَ أُمَيَّةَ قَذَفَ امْرَأَتَهُ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَرِيكِ بْنِ سَحْمَاءَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْبَيِّنَةَ أَوْ حَدًّا فِي ظَهْرِكَ» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِذَا رَأَى أَحَدُنَا عَلَى امْرَأَتِهِ رَجُلًا يَنْطَلِقُ يَلْتَمِسُ الْبَيِّنَةَ؟ فَجَعَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْبَيِّنَةَ وَإِلَّا حَدٌّ فِي ظَهْرِكَ» فَقَالَ هِلَالٌ: وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ إِنِّي لَصَادِقٌ فَلَيُنْزِلَنَّ اللَّهُ مَا يُبَرِّئُ ظَهْرِي مِنَ الْحَدِّ فَنَزَلَ جِبْرِيلُ وَأنزل عَلَيْهِ: (وَالَّذين يرمونَ أَزْوَاجهم)»» فَقَرَأَ حَتَّى بَلَغَ (إِنْ كَانَ مِنَ الصَّادِقِينَ)»» فَجَاءَ هِلَالٌ [ص:٩٨ فَشَهِدَ وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ يَعْلَمُ أَنَّ أَحَدَكُمَا كَاذِبٌ فَهَلْ مِنْكُمَا تَائِبٌ؟» ثُمَّ قَامَتْ فَشَهِدَتْ فَلَمَّا كَانَتْ عِنْدَ الْخَامِسَةِ وَقَفُوهَا وَقَالُوا: إِنَّهَا مُوجِبَةٌ فَقَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَتَلَكَّأَتْ وَنَكَصَتْ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهَا تَرْجِعُ ثُمَّ قَالَتْ: لَا أَفْضَحُ قَوْمِي سَائِرَ الْيَوْمِ فَمَضَتْ وَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبْصِرُوهَا فَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أَكْحَلَ الْعَيْنَيْنِ سَابِغَ الْأَلْيَتَيْنِ خَدَلَّجَ السَّاقِينَ فَهُوَ لِشَرِيكِ بْنِ سَحْمَاءَ» فَجَاءَتْ بِهِ كَذَلِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْلَا مَا مَضَى مِنْ كِتَابِ اللَّهِ لَكَانَ لِي وَلَهَا شَأْن» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3307. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के हिलाल बिन उमय्य ने नबी ﷺ के पास अपने बीवी पर शरीक बिन सहमाअ के साथ ज़िना की तोहमत लगाइ तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “सबूत पेश करो, वरना तेरी पुश्त पर हद काइम होगी”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जब हम में से कोई अपने बीवी को हालत ज़िना में देखे तो क्या यह गवाह तलाश करने चला जाए ? नबी ﷺ ने फ़रमाया: “गवाह पेश करो वरना तुम्हारी पुश्त पर हद काइम की जाएगी”, हिलाल रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया है! मैं यक़ीनन सच्चा हूँ, अल्लाह ऐसा हुक्म ज़रूर नाज़िल फरमाएगा जो मुझे हद से बचा लेगा, पस जिब्राइल अलैहिस्सलाम तशरीफ़ लाए और आप ﷺ पर यह आयात नाज़िल फरमाइ: “जो लोग अपने बीवियों पर तोहमत लगाते हैं .... अगर वह सच्चो में से है”, हिलाल आए तो उन्होंने गवाही दी (यानी लीआन किया) जबके नबी ﷺ फरमा रहे थे: “यक़ीनन तुम में से एक झूठा है तो क्या यह तौबा करने के लिए तैयार है ?” फिर औरत खड़ी हुई तो उस ने गवाही दी (लीआन किया) जब वह पांचवी गवाही पर पहुंचे तो उन्होंने इसे रोका और उन्होंने कहा के यह (पांचवी गवाही) वाजिब करने वाली है ? इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु

अन्हुमा ने फ़रमाया: उस ने तवक्क़ुफ़ किया और ख़ामोशी इख़्तियार की हत्ता के हमने समझा के वह (अपने मुअक़्क़िफ से) रुजू कर लेगी, फिर उस ने कहा: में हमेशा के लिए अपने कौम को रुसवा नहीं करुँगी, चुनांचे उस ने पांचवी गवाही भी दे दी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे देखो अगर यह सरमिली आंखो वाले, बड़े सुरिन वाले और मोटी पिंडलियों वाले बच्चे को जन्म दे तो फिर वह शरीक बिन सहमाअ का है”, उस ने इसी तरह के बच्चे को जन्म दिया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अगर अल्लाह का हुक्म (के लिआन के बाद हद जारी नहीं की जाएगी) पहले से न आया होता तो मैं उसे ज़रूर सज़ा देता”| (बुखारी)

رواه البخارى (4747)

٣٣٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ: لَوْ وَجَدْتُ مَعَ أَهْلِي رَجُلًا لَمْ أَمَسَّهُ حَتَّى آتِيَ بِأَرْبَعَةِ شُهَدَاءَ؟ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» قَالَ: كَلَّا وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ إِنْ كُنْتُ لَأُعَاجِلُهُ بِالسَّيْفِ قَبْلَ ذَلِكَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْمَعُوا إِلَى مَا يَقُولُ سَيِّدُكُمْ إِنَّهُ لَغَيُورٌ وَأَنَا أَغْيَرُ مِنْهُ وَالله أغير مني» . رَوَاهُ مُسلم

3308. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सईद बिन अब्बाद रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अगर में किसी आदमी को अपने बीवी के साथ काबिल ए एतराज़ हालत में पाऊ तो क्या मैं इस (आदमी) को हाथ न लगाऊ हत्ता कि मैं चार गवाह लाऊं ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ !“ उन्होंने अर्ज़ किया, हरगिज़ नहीं, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया अगर मेरे साथ ऐसा हुआ तो में इस (गवाही) से पहले ही तलवार के ज़रिए उस का काम तमाम करूँगा | रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सरदार की बात गौर से सुनो क्योंकि वह गैरतमंद शख़्स है और मैं उस से ज़्यादा गैरतमंद हूँ जबके अल्लाह मुझ से ज़्यादा गैरतमंद है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 1498)، (3763)

٣٣٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمُغِيرَةَ قَالَ: قَالَ سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ: لَوْ رَأَيْتُ رَجُلًا مَعَ امْرَأَتِي لَضَرَبْتُهُ بِالسَّيْفِ غَيْرَ مُصْفِحٍ فَبَلَغَ ذَلِكَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَتَعْجَبُونَ مِنْ غَيْرَةِ سَعْدٍ؟ وَاللَّهِ لَأَنَا أَغْيَرُ مِنْهُ وَاللَّهُ أَغْيَرُ مِنِّي وَمِنْ أَجْلِ غَيْرَةِ اللَّهِ حَرَّمَ اللَّهُ الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ وَلَا أَحَدَ أَحَبُّ إِلَيْهِ الْعُذْرُ مِنَ اللَّهِ مِنْ أَجْلِ ذَلِكَ بَعَثَ الْمُنْذِرِينَ وَالْمُبَشِّرِينَ وَلَا أَحَدَ أَحَبُّ إِلَيْهِ الْمِدْحَةُ مِنَ اللَّهِ وَمِنْ أَجْلِ ذَلِكَ وَعَدَ اللَّهُ الْجَنَّةَ»

3309. मुगिरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सईद बिन अब्बाद रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा अगर में अपने बीवी के साथ किसी आदमी को (हालते ज़िना में) देखलूँ तो मैं तलवार की धार के साथ इसे क़त्ल कर दूँ, यह बात रसूलुल्लाह ﷺ तक पहुंची तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम साद की गैरत से ताज्जुब करते हो ? अल्लाह की क़सम! मैं उस से ज़्यादा गैरत मंद हो और अल्लाह मुझ से ज़्यादा गैरत मंद है, और अल्लाह ने अपने गैरत ही के बाईस ज़ाहिरी और बातिनी बेहयाई को हराम करार दिया है, और अल्लाह से ज़्यादा कोई शख़्स उज़्र पसंद नहीं करता इसीलिए तो उस ने आगाह करने वाले और खुशखबरी सुनाने वाले (अंबिया (अस)) मबउस फरमाए और अल्लाह से बढ़कर कोई शख़्स मुदह को पसंद नहीं करता, इसीलिए तो अल्लाह ने जन्नत का वादा किया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7416) و مسلم (17 / 1499)، (3764)

٣٣١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «إِن اللَّهَ تَعَالَى يَغَارُ وَإِنَّ الْمُؤْمِنَ يَغَارُ وَغَيْرَةُ اللَّهِ أَنْ لَا يَأْتِيَ الْمُؤْمِنُ مَا حَرَّمَ الله»

3310. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला गैरत मंद है और बेशक मोमिन भी गैरत मंद है, और अल्लाह की गैरत यह है कि मोमिन अल्लाह की हराम करदा चिज़ का इर्तिकाब न करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5223) و مسلم (36 / 2761)، (6995)

٣٣١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ أَعْرَابِيًّا أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ امْرَأَتِي ولدَتْ غُلَاما أسودَ وَإِنِّي نكرته فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ لَكَ مِنْ إِبِلٍ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَمَا أَلْوَانُهَا؟» قَالَ: حُمْرٌ قَالَ: «هَلْ فِيهَا مِنْ أَوْرَقَ؟» قَالَ: إِنَّ فِيهَا لَوُرْقًا قَالَ: «فَأَنَّى تُرَى ذَلِكَ جاءَهَا؟» قَالَ: عِرْقٌ نَزَعَهَا. قَالَ: «فَلَعَلَّ هَذَا عِرْقٌ نَزَعَهُ» وَلَمْ يُرَخِّصْ لَهُ فِي الِانْتِفَاءِ مِنْهُ

3311. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आराबी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मेरी बीवी ने एक सियाह बच्चे को जन्म दिया है, मैंने इसे कबूल करने से इन्कार कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तेरे पास कुछ ऊंट हैं?” उस ने अर्ज़ किया, हाँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन के रंग कैसे है ?‘‘ उस ने अर्ज़ किया, सुर्ख, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उन में कोई खाकी रंग का भी है”, उस ने अर्ज़ किया, उन में खाकी रंग का भी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे ख़याल में यह कहाँ से आ गया ?” उस ने अर्ज़ किया, (पुरानी) रग इसे ले आई होगी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुमकिन है यह भी रग हो जो इसे ले आई हो”, और आप ने इसे इस बच्चे से इन्कार की इजाज़त नहीं दी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7314) و مسلم (1500)، (3766)

٣٣١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ عُتْبَةُ بْنُ أَبِي وَقَّاصٍ عَهِدَ إِلَى أَخِيهِ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ: أَنَّ ابْنَ وَلِيدَةِ زَمْعَةَ مِنِّي فَاقْبِضْهُ إِلَيْكَ فَلَمَّا كَانَ عَامُ الْفَتْحِ أَخَذَهُ سَعْدٌ فَقَالَ: إِنَّهُ ابْنُ أَخِي وَقَالَ عَبْدُ بْنُ زَمْعَةَ: أَخِي فَتَسَاوَقَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ سَعْدٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَخِي كَانَ عَهِدَ إِلَيَّ فِيهِ وَقَالَ عَبْدُ بْنُ زَمْعَةَ: أَخِي وَابْن وليدة أبي وُلِدَ على فرَاشه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هُوَ لَكَ يَا عَبْدُ بْنَ زَمْعَةَ الْوَلَدُ لِلْفِرَاشِ وَلِلْعَاهِرِ الْحَجَرُ» ثُمَّ قَالَ لِسَوْدَةَ بِنْتِ زَمْعَةَ: «احْتَجِبِي مِنْهُ» لِمَا رَأَى مِنْ شَبَهِهِ بِعُتْبَةَ فَمَا رَآهَا حَتَّى لَقِيَ اللَّهَ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «هُوَ أَخُوكَ يَا عَبْدُ بْنَ زَمْعَةَ مِنْ أَجْلِ أَنَّهُ وُلِدَ عَلَى فِرَاشِ أَبِيهِ»

3312. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, उत्बा बिन अबी वकास ने अपने भाई सअद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु को वसीयत की के जमअत की लौंडी का लड़का मेरा है, तुम उसे अपने कब्ज़े में ले लेना, चुनांचे जब फतह मक्का का साल हुआ तो साद रदी अल्लाहु अन्हु ने इसे ले लिया और कहा: यह मेरा भतीजा है, और अब्द बिन जमअत ने कहा: यह मेरा भाई है, वह दोनों रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, सअद रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे भाई ने इस (बच्चे) के बारे में मुझे वसीयत की थी, और अब्द बिन जमअत ने अर्ज़ किया, यह मेरा भाई हैं और मेरे वालिद की लौंडी का बेटा है, उस के बिस्तर पर पैदा हुआ है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अब्द बिन जमअत बच्चा तुम्हें मिलेगा क्योंकि बच्चा इसी का होता है जिस के बिस्तर पर पैदा हुआ हो, जबके ज़ानि के लिए पथ्थर (यानी रजम) है”, फिर

आप ﷺ ने सवदा बिन्ते जमअत रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “उस से परदा किया करो”, आप ﷺ ने यह तब फ़रमाया जब आप ने इस लड़के की उत्बा से मुशाबिहत देखी, उस के बाद उस ने सवदा रदी अल्लाहु अन्हा को ता दम ज़ईष्ट नहीं देखा, और एक रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्द बिन जमअत वह तुम्हारा भाई है, इसलिए के वह उस के वालिद के बिस्तर पर पैदा हुआ है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2745 ، 4303) و مسلم (36 / 1457)، (3613)

٣٣١٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ وَهُوَ مَسْرُورٌ فَقَالَ: " أَيْ عَائِشَةُ أَلَمْ تَرَيْ أَنَّ مُجَزِّزًا الْمُدْلِجِيَّ دَخَلَ فَلَمَّا رَأَى أُسَامَةَ وَزَيْدًا وَعَلَيْهِمَا قطيفةٌ قد غطيَّا رؤوسَهُما وَبَدَتْ أَقْدَامُهُمَا فَقَالَ: إِنَّ هَذِهِ الْأَقْدَامَ بَعْضُهَا من بعضٍ

3313. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ बड़े खुश खुश मेरे पास तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “आयशा क्या तुझे मालुम नहीं के मुजज्जिज़ा मुदि्लजा आया हुआ है जब उस ने उसामा और ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा को इस हाल में देखा की इन दोनों पर एक चादर थी और उन्होंने अपने सरो को उस से ढांप रखा था और उन के पाँव नंगे थे उस ने कहा यह पाँव एक दुसरे से है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6771) و مسلم (38 / 1459)، (3617)

٣٣١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ وَأَبِي بَكْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ادَّعَى إِلَى غَيْرِ أَبِيهِ وَهُوَ يَعْلَمُ أَنَّهُ غَيْرُ أَبِيهِ فَالْجَنَّةُ عَلَيْهِ حرَام»

3314. सअद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु और अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने जानते बुजते अपने आप को अपने बाप के अलावा किसी और की तरफ मंसूब किया तो ऐसे शख़्स पर जन्नत हराम है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6766) و مسلم (115 / 63)، (220)

٣٣١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَرْغَبُوا عَنْ آبَائِكُمْ فَمَنْ رَغِبَ عَنْ أَبِيهِ فقد كفر»»» وَذُكِرَ حَدِيثُ عَائِشَةَ «مَا مِنْ أَحَدٍ أَغْيَرُ من الله» فِي «بَاب صَلَاة الخسوف»

3315. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने आबाअ से बे रगबत व एअराज़ न करो, क्योंकि जिस शख़्स ने अपने बाप से एअराज़ किया (और अपने आप को किसी और की तरफ मंसूब किया) उस ने कुफ्र किया”| # आयशा (रअ) से मरवी हदीस: “अल्लाह से बढ़कर कोई गैरत मंद नहीं” सलात अल खलस के बाब में ज़िक्र की गई है (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6768) و مسلم (113 / 62)، (218) 0 حديث عائشة : ما من احد اغير من الله ، تقدم (1483)

बَاب اللّعان • लिआन का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣١٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَة أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ لَمَّا نَزَلَتْ آيَةُ الْمُلَاعَنَةِ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ أَدْخَلَتْ عَلَى قَوْمٍ مَنْ لَيْسَ مِنْهُمْ فَلَيْسَتْ مِنَ اللَّهِ فِي شَيْءٍ وَلَنْ يُدْخِلَهَا اللَّهُ جَنَّتَهُ وَأَيُّمَا رَجُلٍ جَحَدَ وَلَدَهُ وَهُوَ يَنْظُرُ إِلَيْهِ احْتَجَبَ اللَّهُ مِنْهُ وفضَحَهُ على رؤوسِ الْخَلَائِقِ فِي الْأَوَّلِينَ وَالْآخِرِينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3316. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब लिआन के मुत्तल्लिक आयत नाज़िल हुई तो उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो औरत बच्चे को ऐसी कौम में दाखिल कर दे जिस से उनका नाता नहीं अल्लाह के नज़दीक इस औरत की कोई इज्ज़त नहीं और वह इसे जन्नत में दाखिल नहीं फरमाएगा, और जो शख़्स अपने बच्चे का इन्कार कर दे हालाँकि इसे मालुम है के यह बच्चा इसी का है, अल्लाह उस से हिजाब फरमा लेगा और उस को तमाम अव्वल व आख़िर पूरी मखलूक के सामने रुसवा कर देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2263) و النسائی (6 / 179 ح 3511) و الدارمی (2 / 153 ح 2244)

٣٣١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِن لِي امْرَأَةً لَا تَرُدُّ يَدَ لَامِسٍ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «طَلِّقْهَا» قَالَ: إِنِّي أُحِبُّهَا قَالَ: «فأمسِكْهَا إِذا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ النَّسَائِيُّ: رَفَعَهُ أَحَدُ الرُّوَاةِ إِلَى ابْنِ عَبَّاسٍ وَأَحَدُهُمْ لَمْ يرفعهُ قَالَ: وَهَذَا الحَدِيث لَيْسَ بِثَابِت

3317. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया: मेरी बीवी है जो किसी छुने वाले का हाथ नहीं रोकती, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे तलाक दे दो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं उस से मुहब्बत करता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर इसे अपने निकाह में रख”, और इमाम निसाई रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: किसी रावी ने इसे इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरफुअ नकल किया है और किसी ने मर्फुअन ज़िक्र नहीं किया, चुनांचे इमाम निसाई कहते हैं यह हदीस साबित नहीं| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2049) و النسائی (6 / 169 170 ح 3494 3495) * سند المرفوع صحیح و اعل بما لا یقدح

٣٣١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قضى أَن كل مستحلق استحلق بَعْدَ أَبِيهِ الَّذِي يُدْعَى لَهُ ادَّعَاهُ وَرَثَتُهُ فَقَضَى أَنَّ كُلَّ مَنْ كَانَ مِنْ أَمَةٍ يملكهَا يَوْمَ أَصَابَهَا فقد لحق بِمن استحلقه وَلَيْسَ لَهُ مِمَّا قُسِمَ قَبْلَهُ مِنَ الْمِيرَاثِ شَيْءٌ وَمَا أَدْرَكَ مِنْ مِيرَاثٍ لَمْ يُقْسَمْ فَلَهُ نَصِيبُهُ وَلَا يَلْحَقُ إِذَا كَانَ أَبُوهُ الَّذِي يُدْعَى لَهُ أَنْكَرَهُ فَإِنْ كَانَ مِنْ أَمَةٍ لم يَملِكْهَا أَو من حُرَّةٍ عَاهَرَ بِهَا فَإِنَّهُ لَا يَلْحَقُ بِهِ وَلَا يَرِثُ وَإِنْ كَانَ الَّذِي يُدْعَى لَهُ هُوَ الَّذِي ادَّعَاهُ فَهُوَ وَلَدُ زِنْيَةٍ مِنْ حُرَّةٍ كَانَ أَوْ أَمَةٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3318. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से नकल करते हैं की नबी ए करीम ﷺ ने इस बच्चे की बाबत

फैसला सादिर फ़रमाया जिसे उस के बाप के मरने के बाद उस के वारिसो में शामिल किया गया हो, अगर वह बच्चा ऐसी लौंडी का है के मरने वाले शख़्स ने इस लौंडी से इस वक़्त हम बिस्तरी की थी जब वह इस लौंडी का मालिक था तो वह बच्चा उस के वुरसा में शामिल है उस के पैदा होने से पहले जो विरासत तकसीम हो चुकी उस से वह महरूम रहेगा अलबत्ता पैदा होने के वक़्त जो तर्के मौजूद था उस में से इसे हिस्सा मिलेगा (जिस बच्चे को शामिल किया जा रहा है) अगर उस के वालिद ने मरने से कबल इसे कबूल करने से इन्कार कर दिया था तो फिर इस बच्चे को वुरसा में शामिल नहीं किया जाएगा, अगर वह बच्चा ऐसी लौंडी से है जिस का वह मय्यत मालिक नहीं था या वह ऐसी आज़ाद औरत से जो उस के निकाह में न थी तो इस बच्चे को मय्यत की नसब में शामिल नहीं किया जाएगा लिहाज़ा वह बच्चा मय्यत का वारिस नहीं बनेगा, अगरचे इस बच्चे को खुद मय्यत ने अपना बेटा ही क्यों न करार दिया हो क्योंकि वह ज़िना की पैदावार है ख्वाँ लौंडी से हो या आज़ाद औरत से हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2265)

٣٣١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جابرِ بنِ عتيكٍ أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ الْغَيْرَةِ مَا يُحِبُّ اللَّهُ وَمِنْهَا مَا يُبْغِضُ اللَّهُ فَأَمَّا الَّتِي يُحِبُّهَا اللَّهُ فَالْغَيْرَةُ فِي الرِّيبَةِ وَأَمَّا الَّتِي يُبْغِضُهَا اللَّهُ فَالْغَيْرَةُ فِي غَيْرِ رِيبَةٍ وَإِنَّ مِنَ الْخُيَلَاءِ مَا يُبْغِضُ اللَّهُ وَمِنْهَا مَا يُحِبُّ اللَّهُ فَأَمَّا الْخُيَلَاءُ الَّتِي يُحِبُّ اللَّهُ فَاخْتِيَالُ الرَّجُلِ عِنْدَ الْقِتَالِ وَاخْتِيَالُهُ عِنْدَ الصَّدَقَةِ وَأَمَّا الَّتِي يُبْغِضُ اللَّهُ فَاخْتِيَالُهُ فِي الْفَخْرِ» وَفِي رِوَايَةٍ: «فِي الْبَغْيِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3319. जाबिर बिन अतीक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “गैरत की एक किस्म ऐसी है जिसे अल्लाह पसंद करता है और एक किस्म ऐसी है जिसे अल्लाह पसंद नहीं फरमाता, रही वह जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है, वह है जो मक़ाम शक में हो, और रही वह जिसे अल्लाह नापसंद फरमाता है वह गैरत है जो गैर शक (गुमान) में हो और फख्र की एक ऐसी किस्म है जिसे अल्लाह नापसंद करता है, और एक ऐसी किस्म है जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है, रहा वह फख्र जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है के आदमी का किताल, जिहाद और सदका के वक़्त फख्र करना है और रहा वह जिसे अल्लाह नापसंद फरमाता है तो वह नसब में फख्र करना है” और दूसरी रिवायत में है: “ज़ुल्म में फख्र करना”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 445 ، 446 ح 24148 ، 24149 ، 24153) و ابوداؤد (2659) و النسائی (5 / 78 79 ح 2559)

लिआन का बयान — بَاب اللّعان •

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث •

٣٣٢٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ فَلَانًا ابْنِي عَاهَرْتُ بِأُمِّهِ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٩٩ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا دِعْوَةَ فِي الْإِسْلَامِ ذَهَبَ أَمْرُ الْجَاهِلِيَّةِ الْوَلَدُ لِلْفِرَاشِ وَلِلْعَاهِرِ الْحَجَرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3320. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, के एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! फलां मेरा बेटा है, मैंने दौरे जाहिलियत में उस की माँ से ज़िना किया था, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्लाम में (बच्चे का) दावा नहीं, जाहिलियत का मुआमला ख़तम हो गया, बच्चा साहबे बिस्तर के लिए है और ज़ानि के लिए पथ्थर (रजम या महरूमी) है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2274)

٣٣٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَرْبَعٌ مِنَ النِّسَاءِ لَا مُلَاعَنَةَ بَيْنَهُنَّ: النَّصْرَانِيَّةُ تَحْتَ الْمُسْلِمِ وَالْيَهُودِيَّةُ تَحْتَ الْمُسْلِمِ وَالْحُرَّةُ تَحْتَ الْمَمْلُوكِ وَالْمَمْلُوكَةُ تَحْتَ الْحُرِّ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

3321. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “चार किस्म की औरतो के दरमियान कोई लिआन नहीं, नसरानी औरत मुसलमान के निकाह में हो, यहूदी औरत मुसलमान के निकाह में हो, आज़ाद औरत ममलुक के निकाह में हो, और ममलुक औरत आज़ाद के निकाह में हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدًا ، رواه ابن ماجه (2071) * فيه عثمان بن عطاء الخراسانی قال فيه الدارقطنی :’’ هو ضعيف الحديث جدًا ‘‘ (3 / 163 164) وله متابعة مردودة

٣٣٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ رَجُلًا حِينَ أَمَرَ الْمُتَلَاعِنَيْنِ أَنْ يَتَلَاعَنَا أَنْ يَضَعَ يَدَهُ عِنْدَ الْخَامِسَةِ عَلَى فِيهِ وَقَالَ: «إِنَّهَا مُوجِبَةٌ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3322. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी को इस वक़्त हुक्म फ़रमाया, जब आप ने दो लिआन करने वालो को लिआन करने का हुक्म दिया था के वह (आदमी) पांचवी शहादत के वक़्त इस (लिआन करने वाले) के मुंह पर हाथ रख दे, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि वह (पांचवी गवाही) वाजिब करने वाली है”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (6 / 175 ح 3502)

٣٣٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ مِنْ عِنْدِهَا لَيْلًا قَالَتْ: فَغِرْتُ عَلَيْهِ فَجَاءَ فَرَأَى مَا أَصْنَعُ فَقَالَ: «مَا لَكِ يَا عَائِشَةُ أَغِرْتِ؟» فَقُلْتُ: وَمَا لِي؟ لَا يَغَارُ مِثْلِي عَلَى مِثْلِكَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ جَاءَكِ شَيْطَانُكِ» قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمْعِي شَيْطَانٌ؟ قَالَ: «نَعَمْ» قُلْتُ: وَمَعَكَ يَا رَسُولَ الله؟ قَالَ: «نعم وَلَكِن أعانني علَيهِ حَتَّى أسلَمَ» . رَوَاهُ مُسلم

3323. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ एक रात मेरे पास से तशरीफ़ ले गए आप के तशरीफ़ ले जाने पर में जज़्बाती हुई, चुनांचे आप थोड़ी देर बाद तशरीफ़ लाए और आप ﷺ ने मेरी हालत देखी तो फ़रमाया: “आयशा क्या हुआ, क्या तुम जज़्बाती हो गई हो ?” मैंने अर्ज़ किया: मुझे क्या है की मुझ जैसी को आप जैसे की अदम मौजूदगी जज़्बाती न करे ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे पास तुम्हारा शैतान आया है”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह

के रसूल! क्या मेरे साथ शैतान है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ !'' मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या आप के साथ भी है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, लेकिन अल्लाह ने उस के खिलाफ मेरी इआनत फरमाई हत्ता कि मैं उस से महफ़ूज़ रहता हो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (70 / 2815)، (7110)

इद्दत का बयान • بَاب الْعدة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٣٢٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ فَاطِمَةَ بِنْتِ قَيْسٍ: أَنَّ أَبَا عَمْرِو بْنَ حَفْصٍ طَلَّقَهَا الْبَتَّةَ وَهُوَ غَائِبٌ فَأَرْسَلَ إِلَيْهَا وَكِيلُهُ الشَّعِيرَ فَسَخِطَتْهُ فَقَالَ: وَاللَّهِ مَا لَكِ عَلَيْنَا مِنْ شَيْءٍ فَجَاءَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَتْ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «لَيْسَ لَكِ نَفَقَةٌ» فَأَمَرَهَا أَنْ تَعْتَدَّ فِي بَيْتِ أُمِّ شَرِيكٍ ثُمَّ قَالَ: «تِلْكِ امْرَأَةٌ يَغْشَاهَا أَصْحَابِي اعْتَدِّي عِنْدَ ابْنِ أُمِّ مَكْتُومٍ فَإِنَّهُ رَجُلٌ أَعْمَى تَضَعِينَ ثِيَابَكِ فَإِذَا حَلَلْتِ فَآذِنِينِي» . قَالَتْ: فَلَمَّا حَلَلْتُ ذَكَرْتُ لَهُ أَنَّ مُعَاوِيَةَ بْنَ أَبِي سُفْيَانَ وَأَبَا جَهْمٍ خَطَبَانِي فَقَالَ: «أَمَّا أَبُو الْجَهْمِ فَلَا يَضَعُ عَصَاهُ عَنْ عَاتِقِهِ وَأَمَّا مُعَاوِيَةُ فَصُعْلُوكٌ لَا مَالَ لَهُ انْكِحِي أُسَامَةَ بْنَ زَيْدٍ» فَكَرِهْتُهُ ثُمَّ قَالَ: «انْكِحِي أُسَامَةَ» فَنَكَحْتُهُ فَجَعَلَ اللَّهُ فِيهِ خَيْرًا وَاغْتَبَطْتُ وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهَا: «فَأَمَّا أَبُو جَهْمٍ [ص:٩٩ فَرَجُلٌ ضَرَّابٌ لِلنِّسَاءِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّ زَوْجَهَا طَلَّقَهَا ثَلَاثًا فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَا نَفَقَةَ لَكِ إِلَّا أَنْ تَكُونِي حَامِلا»

3324. अबू सलमा, फ़ातिमा बिन्ते कैस से रिवायत करते हैं की अबू अम्र बिन हफ्स ने उन्हें आखरी तलाक इस वक़्त दी जब वह मदीना मुनव्वरा से बाहर थे, चुनांचे अबू अम्र बिन हफ्स के वकील ने वह "जौ'' फ़ातिमा के सुपुर्द कर दिए जो अबू अम्र ने इन के लिए भेजे थे वह उस से नाराज़ हो गई, उस पर (ऊस के वकील) ने कहा अल्लाह की क़सम! तुम्हारा हम पर कोई हक़ नहीं, चुनान्चे वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम्हारे लिए कोई नफ्का नहीं, आप ﷺ ने उन्हें उम्म शरीक के घर इद्दत गुज़ार ने का हुक्म फ़रमाया, फिर फ़रमाया: "वो ऐसी खातून है, के मेरे सहाबा उस के पास आते जाते हैं, लिहाज़ा तुम इब्ने उम्म मक्तूम रदी अल्लाहु अन्हु के यहाँ इद्दत गुज़ार , क्योंकि वह नाबीना शख़्स है, तुम अपने मामूल के कपडे पहन कर रह सकती हो, जब तुम इद्दत गुज़ार लो तो मुझे मुत्तिला करना", फ़ातिमा बिन्ते कैस रदी अल्लाहु अन्हा कहती है जब मैंने इद्दत गुज़ार ली तो मैंने आप को बताया की मुआविया बिन अबी सुफियान रदी अल्लाहु अन्हुमा और अबू जहम रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे पैग़ामे निकाह भेजा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अबू जहम वह तो अपने लाठी अपने कंधे से नहीं उतारता (सख्त मिज़ाज है) , और रहा मुआविया वह तो फ़क़ीर आदमी है, उस के पास कोई माल नहीं, तुम उसामा बिन ज़ैद से निकाह कर लो", मैंने इसे नापसंद किया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "उसामा से निकाह कर लो", मैंने उस से निकाह कर लिया अल्लाह ने उस में खैर फरमा दी, और मैं काबिले रश्क बन गई, और इन्ही से एक रिवायत में है: "अबू जहम! वह तो औरतो को बहोत मारने वाला है"| और एक रिवायत में है की उस के खाविंद ने जब इसे तीन तलाके दे दी तो वह नबी ﷺ की खिदमत में आइ तो आप ﷺ ने

उन्हें फ़रमाया: “तुम्हारे लिए सिर्फ हामिला होने की सूरत में नफ्का है वैसे कोई नफ्का नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (36 / 1480)، (3697)

٣٣٢٥ - (صَحِيح) وَعَن عائشةَ قَالَتْ: إِنَّ فَاطِمَةَ كَانَتْ فِي مَكَانٍ وَحِشٍ فَخِيفَ عَلَى نَاحِيَتِهَا فَلِذَلِكَ رَخَّصَ لَهَا النَّبِيُّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم تَعْنِي النُّقْلَةِ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَتْ: مَا لِفَاطِمَةَ؟ أَلَا تَتَّقِي اللَّهَ؟ تَعْنِي فِي قَوْلِهَا: لَا سُكْنَى وَلَا نَفَقَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3325. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, की फ़ातिमा एक बे आबाद घर में थी, उन के मुत्तल्लिक अंदेशा महसूस किया गया इसीलिए नबी ﷺ ने उन्हें रुखसत इनायत फरमाई, यानी आयशा रदी अल्लाहु अन्हा की मुराद यह है कि इसलिए आप ﷺ ने उन्हें (अपने घर से) मुन्तकिल होने की इजाज़त दी, और एक दूसरी रिवायत में है, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने कहा फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा को क्या हो गया वह अल्लाह से क्यों नहीं डरती जब वह यह कहती है के मुतल्का सलासा के लिए, सुकूनत है और न खर्च| (बुखारी)

رواه البخارى (5325)

٣٣٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعيدِ بنِ المسيِّبِ قَالَ: إِنَّمَا نُقِلَتْ فَاطِمَةُ لِطُولِ لِسَانِهَا عَلَى أحمائِها. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3326. सईद बिन मुसय्यिब बयान करते हैं, फ़ातिमा (बिन्ते कैस (रअ)) को महज़ इसलिए मुन्तकिल किया गया के वह अपने (खाविंद के) अकारिब पर ज़ुबान दराज़ी करती थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 294 بعد ح 2384 بلا سند) [و ابوداؤد (2296 و سنده ضعيف) و الشافعى فى الام (7 / 474)] * سعيد بن المسيب لم يذكر من حدثه بهذا فقوله هاهنا مردود

٣٣٢٧ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: طُلِّقَتْ خَالَتِي ثَلَاثًا فَأَرَادَتْ أَنْ تَجُدَّ نَخْلَهَا فَزَجَرَهَا رَجُلٌ أَنْ تَخْرُجَ فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «بَلَى فَجُدِّي نَخْلَكِ فَإِنَّهُ عَسَى أَنْ تَصَّدَّقِي أَوْ تَفْعَلِي مَعْرُوفا» . رَوَاهُ مُسلم

3327. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरी खाला को तीन तलाके दी गई, उन्होंने अपने खजूरे तोड़ने का इरादा किया तो एक आदमी ने उन्हें घर से निकलने से मना किया तो वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और वाकिया बयान किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्यों नहीं तुम अपने खजूरे तोड़ो क्योंकि उम्मीद है के तुम सदका करोगी या कोई भलाई व नेकी का काम करोगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (55 / 1483)، (3721)

٣٣٢٨ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ: أَنَّ سُبَيْعَةَ الْأَسْلَمِيَّةَ نُفِسَتْ بَعْدَ وَفَاةِ زَوْجِهَا بِلَيَالٍ فَجَاءَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

فَاسْتَأْذَنَتْهُ أَنْ تَنْكِحَ فأذِنَ لَهَا فنكحت. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3328. मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के सुबयअत अल सल्मियत ने अपने खाविंद की वफात के चंद दिन बाद बच्चे को जन्म दिया, फिर वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई ताकि आप से निकाह करने की इजाज़त तलब करे, आप ने उन्हें इजाज़त अता फरमा दि और उन्होंने निकाह कर लिया| (बुखारी)

رواه البخاری (4909)

٣٣٢٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أمِّ سلمةَ قَالَتْ: جَاءَتِ امْرَأَةٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ ابْنَتِي تُوُفِّيَ عَنْهَا زَوْجُهَا وَقَدِ اشْتَكَتْ عَيْنُهَا أَفَنَكْحُلُهَا؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا» مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا كُلُّ ذَلِكَ يَقُولُ: «لَا» قَالَ: «إِنَّمَا هِيَ أَرْبَعَةُ أَشْهُرٍ وعشرٌ وَقد كَانَت إِحْدَاهُنَّ فِي الجاهليَّةِ تَرْمِي [ص:٩٩ بِالْبَعْرَةِ عَلَى رَأْسِ الْحَوْلِ»

3329. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक औरत नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरी बेटी का खाविंद फौत हो गया है, और उस की आँख में तकलीफ है, क्या मैं उस की आँख में सुरमा लगा दू ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नहीं ?” दो बार या तीन बार, आप ﷺ हर बार यही फरमाते: “नहीं ?” फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो (इद्दत) चार माह दस दिन है ? जबके दौरे जाहिलियत में तुम में से हर कोई साल के इख्तिताम पर ऊंट की मेंदगी फेंकती थी”(एक साल बाद इद्दत ख़तम होती थी) | (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5336) و مسلم (1488)، (3727)

٣٣٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَمِّ حَبِيبَةَ وَزَيْنَبَ بِنْتِ جحش عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَحِلُّ لِامْرَأَةٍ تُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ تُحِدَّ عَلَى مَيِّتٍ فَوْقَ ثَلَاثِ لَيَالٍ إِلَّا عَلَى زَوْجٍ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا»

3330. उम्मे हबीबा, और जैनब बिन जहश रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखने वाली औरत के लिए हलाल नहीं के वह खाविंद की वफात पर चार माह दस दिन के सोग के अलावा किसी और मय्यत पर तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सोग करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5334 5335) و مسلم (58 / 1486)، (3725)

٣٣٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أمِّ عطيَّةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تُحِدُّ امْرَأَةٌ عَلَى مَيِّتٍ فَوْقَ ثَلَاثٍ إِلَّا عَلَى زَوْجٍ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا وَلَا تَلْبَسُ ثَوْبًا مَصْبُوغًا إِلَّا ثَوْبَ عَصْبٍ وَلَا تكتحِلُ وَلَا تَمَسُّ طِيبًا إِلَّا إِذَا طَهُرَتْ نُبْذَةً مِنْ قُسْطٍ أَوْ أَظْفَارٍ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ: «وَلَا تختضب»

3331. उम्म अतिया रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई औरत किसी मय्यत पर तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सोग न करे, अलबत्ता खाविंद पर चार माह दस दिन का सोग करे, और वह यमनी लकीर दार

चादर के सिवा रंगे हुए कपड़े भी न पहने, न सुरमा डाले और न खुशबु लगाए अलबत्ता जब वह हैज़ से पाक हो जाए तो फिर कुस्त या इज़्फ़ार की मामूली सी खुशबु लगा ले”| बुखारी, मुस्लिम| और अबू दावुद ने यह इज़ाफा नकल किया है: “वो महंदी न लगाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5342) ومسلم (66 / 938)، (3740) و ابوداؤد (2302)

बَاب الْعدة • इद्दत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣٣٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن زَيْنَب بنت كَعْب: أَنَّ الْفُرَيْعَةَ بِنْتَ مَالِكِ بْنِ سِنَانٍ وَهِيَ أُخْتُ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَخْبَرَتْهَا أَنَّهَا جَاءَتْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَسْأَلُهُ أَنْ تَرْجِعَ إِلَى أَهْلِهَا فِي بَنِي خُدْرَةَ فَإِنَّ زَوْجَهَا خَرَجَ فِي طَلَبِ أَعْبُدٍ لَهُ أَبَقُوا فَقَتَلُوهُ قَالَتْ: فَسَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَرْجِعَ إِلَى أَهْلِي فَإِنَّ زَوْجِي لَمْ يَتْرُكْنِي فِي مَنْزِلٍ يَمْلِكُهُ وَلَا نَفَقَةٍ فَقَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» . فَانْصَرَفْتُ حَتَّى إِذَا كُنْتُ فِي الْحُجْرَةِ أَوْ فِي الْمَسْجِدِ دَعَانِي فَقَالَ: «امْكُثِي فِي بَيْتِكِ حَتَّى يَبْلُغَ الْكِتَابُ أَجَلَهُ» . قَالَتْ: فَأَعْتَدَدْتُ فِيهِ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3332. ज़ैनब बिन्ते काब से रिवायत है के अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु की बहन फुरीअत बिन्ते मालिक बिन सुनान ने उन्हें बताया की वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई ताकि वह अपने कबिले बनू खुदरी में अपने घर चली जाए, क्योंकि उस का शोहर अपने मफरुर गुलामो की तलाश में निकला था जिसे उन गुलामो ने क़त्ल कर दिया था, वह बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया की मैं अपने घरवालो के पास चली जाऊ क्योंकि मेरे शोहर ने ने तो अपना ज़ाती घर छोड़ा है और न नफ्का, वह बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ”, मैं वापिस मुड़ी हत्ता कि जब हुजरे में थी या मस्जिद में थी तो आप ﷺ ने मुझे बुलाया और फ़रमाया: “अपने घर में रहो हत्ता के इद्दत्त पूरी हो जाए”, वह बयान करती हैं, मैंने वहां चार माह दस दिन इद्दत्त गुज़ारी| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (2 / 591 ح 1290) و الترمذی (1204 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2300) و النسائی (6 / 199 200 ح 3558 3560) و ابن ماجه (2031) و الدارمی (2 / 168 ح 2292) [و اخطا من ضعفه]

٣٣٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أُمِّ سلمةَ قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ تُوُفِّيَ أَبُو سَلَمَةَ وَقَدْ جعلتُ عليَّ صَبِراً فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا أُمَّ سَلَمَةَ؟» . قُلْتُ: إِنَّمَا هُوَ صَبِرٌ لَيْسَ فِيهِ طِيبٌ فَقَالَ: «إِنَّهُ يَشُبُّ الْوَجْهَ فَلَا تَجْعَلِيهِ إِلَّا بِاللَّيْلِ وَتَنْزِعِيهِ بِالنَّهَارِ وَلَا تَمْتَشِطِي بِالطِّيبِ وَلَا بِالْحِنَّاءِ فَإِنَّهُ خضاب» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3333. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब अबू सलमा रदी अल्लाहु अन्हु फौत हुए तो रसूलुल्लाह ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैंने एयलिया का अर्क लगाया हुआ था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्म सलमा यह क्या है ?” मैंने अर्ज़ किया: यह तो एयलिया का अर्क है! उस में कोई खुशबु नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये चेहरे को चमका देता है,इसे रात

के वक़्त लगा लिया करो और दिन के वक़्त साफ़ कर दिया करो, खुशबु लगा कर कंगी भी न करो और न महंदी लगा कर कंगी करो, क्योंकि वह रंग है" मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं किसी चीज़ के साथ कंगी करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "बैरी (के पत्तो) के साथ तुम अपने सर पर उनकी लेप कर लिया करो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2305) و النسائی (6 / 204 ح 3567) * ام حکیم : لا یعرف حالھا و المغیرة بن الضحاک : مستور

٣٣٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «المُتوَفّى عَنْهَا زوجُها لَا تَلبسُ المُعَصفرَ مِنَ الثِّيَابِ وَلَا الْمُمَشَّقَةَ وَلَا الْحُلِيَّ وَلَا تَخْتَضِبُ وَلَا تَكْتَحِلُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ

3334. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस औरत का खाविंद फौत हो जाए तो वह न तो ज़र्द रंग के कपड़े पहने और न सुर्ख रंग के और न वह ज़ेवर पहने और ना रंग लगाए और ना ही सुरमा लगाए"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2304) و النسائی (6 / 203 ح 3565)

इद्दत का बयान — بَاب الْعدة

तीसरी फस्ल — الْفَصْلُ الثَّالِث

٣٣٣٥ - (لم تتمّ دراسته) عَن سُليمانَ بنِ يَسارٍ: أَنَّ الْأَحْوَصَ هَلَكَ بِالشَّامِ حِينَ دَخَلَتِ امْرَأَتُهُ فِي الدَّمِ مِنَ الْحَيْضَةِ الثَّالِثَةِ وَقَدْ كَانَ طَلَّقَهَا فَكَتَبَ مُعَاوِيَةُ بْنُ أَبِي سُفْيَانَ إِلَى زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ يَسْأَلُهُ عَنْ ذَلِكَ فَكَتَبَ إِلَيْهِ زِيدٌ: إِنَّهَا إِذَا دَخَلَتْ فِي الدَّمِ مِنَ الْحَيْضَةِ الثَّالِثَةِ فَقَدْ بَرِئَتْ مِنْهُ وَبَرِئَ مِنْهَا لَا يرِثُها وَلَا ترِثُه. رَوَاهُ مَالك

3335. सुलेमान बिन यस्सार से रिवायत है के अह्वस ने शाम में इस वक़्त वफात पाई जब उस की बीवी को (तलाक के बाद) तीसरा हैज़ शुरू हो चूका था, वह इसे तलाक दे चूका था, मुआविया बिन अबी सुफियान ने इस बारे में मसअला दरियाफ्त करने के लिए ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु के नाम ख़त लिखा, तो ज़ैद ने उन्हें जवाब दीया के वह तीसरे हैज़ में दाखिल हो चुकी है, वह (औरत) उस से बरी उल ज़िम्मा है, और वह उस से बरी उल ज़िम्मा है, वह उस का वारिस नहीं यह उस की वारिस नहीं| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 577 ح 1256)

٣٣٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ قَالَ: قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَيُّمَا امْرَأَةٍ طُلِّقَتْ فَحَاضَتْ حَيْضَةً أَوْ حَيْضَتَيْنِ ثُمَّ رُفِعَتْهَا حيضتُها فإنَّها تنتظِرُ تسعةَ أشهرٍ فإِنْ بانَ لَهَا حَمْلٌ فَذَلِكَ وَإِلَّا اعْتَدَّتْ بَعْدَ التِّسْعَةِ الْأَشْهَرِ ثلاثةَ أشهرٍ ثمَّ حلَّتْ. رَوَاهُ مَالك

3336. सईद बिन मुसय्यिब बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जिस औरत को तलाक दी गई और इसे एक या दो हैज़ आ गए और फिर उस का हैज़ मौकूफ हो गया तो वह नौ माह इंतज़ार करेगी, अगर उस का हमल ज़ाहिर हो गया तो फिर यही (वज़एं हमल) है वरना वह नौ माह के बाद तीन माह इद्दत गुज़ारेगी और फिर हलाल हो जाएगी| (और वह दूसरी जगह निकाह कर सकेगी)| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (2 / 582 ح 1270)

बَاب الِاسْتِبْرَاء • इस्तिब्रा का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٣٣٧ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِامْرَأَةٍ مُجِحٍّ فَسَأَلَ عَنْهَا فَقَالُوا: أَمَةٌ لِفُلَانٍ قَالَ: «أَيُلِمُّ بِهَا؟» قَالُوا: نَعَمْ. قَالَ: «لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ أَلْعَنَهُ لَعْنًا يَدْخُلُ مَعَهُ فِي قَبْرِهِ كَيْفَ يَسْتَخْدِمُهُ وَهُوَ لَا يَحِلُّ لَهُ؟ أَمْ كَيْفَ يُوَرِّثُهُ وَهُوَ لَا يحلُّ لَهُ؟» . رَوَاهُ مُسلم

3337. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ एक ऐसी औरत के पास से गुज़रे जो बच्चा जनने के करीब थी तो आप ने उस के मुत्तल्लिक सवाल किया तो उन्होंने बताया के यह फलां शख़्स की लौंडी है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या वह उस से जिमाअ करता है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने इरादा किया की मैं उस पर ऐसी लानत करू जो कब्र तक उस के साथ जाए, वह उस से कैसे खिदमत का तकाज़ा कर सकता है जबकि वह उस के लिए हलाल नहीं, या वह इसे कैसे वारिस बना सकता है जबकि वह उस के लिए हलाल नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 1441)، (3562)

इस्तिब्रा का बयान
بَاب الِاسْتِبْرَاء •

दूसरी फस्ल
الْفَصْل الثَّانِي •

٣٣٣٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي سعيدٍ الخدريِّ رَفَعَهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي سَبَايَا أَوْطَاسٍ: «لَا تُوطَأُ حَامِلٌ حَتَّى تَضَعَ وَلَا غَيْرُ ذَاتِ حَمْلٍ حَتَّى تَحِيضَ حَيْضَةً» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

3338. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने गज़वा ए अवतास में हासिल होने वाली लोंदियो के बारे में फ़रमाया: “वज़ा हमल से पहले हामिला (लोंदी) से जिमाअ न किया जाए और जो हामिला नहीं उस से भी जिमाअ न किया जाए हत्ता के इसे एक हैज़ जाए”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (3 / 62 ح 11618) و ابوداؤد (2157) و الدارمی (2 / 171 ح 2300) * شریک القاضی عنعن و حدیث ابی داود الطیالسی (1687) یغنی عنه

٣٣٣٩ - وَعَنْ رُوَيْفِعِ بْنِ ثَابِتٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم [ص:٩٩ يَوْم حُنَيْنٍ: «لَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يسْقِي مَاء زَرْعَ غَيْرِه» يَعْنِي إِتْيَانَ الْحُبَالَى «وَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَقَعَ عَلَى امْرَأَةٍ مِنَ السَّبْيِ حَتَّى يَسْتَبْرِئَهَا وَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَبِيعَ مَغْنَمًا حَتَى يُقَسَّمَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيّ إِلَى قَوْله «زرع غيره»

3339. रावय्फी बिन साबित अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हुनैन के रोज़ फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता हो, उस के लिए हलाल नहीं के वह अपना पानी किसी और की खेती को दे, यानी हामिला से जिमाअ करे जो शख़्स अल्लाह और रोज़ आखिरत पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह किसी लौंडी से जिमाअ करे हत्ता के उस का रहम खाली हो जाए, और जो शख़्स अल्लाह और रोज़ आखिरत पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह माले गनीमत को उस की तकसीम से पहले फरोख्त करे”| अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने इसे (زَرْعَ غَيْرِه) तक रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2158) و الترمذی (1131 وقال : غریب)

इस्तिब्रा का बयान • بَاب الِاسْتِبْرَاء

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٣٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن مَالِكٍ قَالَ: بَلَغَنِي أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَأْمُرُ بِاسْتِبْرَاءِ الْإِمَاءِ بِحَيْضَةٍ إِنْ كَانَتْ مِمَّنْ تَحِيضُ وَثَلَاثَةِ أَشْهُرٍ إِنْ كَانَت مِمَّن تحيض وَينْهى عَن سقِي مَاء الْغَيْر

3340. इमाम मालिक रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मुझे यह खबर पहुंची के रसूलुल्लाह ﷺ उन लोंदियो को जिन्हें हैज़ आता था एक हैज़ के ज़रिए और जिन्हें हैज़ नहीं आता था तीन माह के ज़रिए इस्तबराए रहम का हुक्म फ़रमाया करते थे और आप ﷺ किसी गैर की खेती को पानी देने से मना फ़रमाया करते थे| (रज़ीन(मझे नहीं मिली).)

لم اجده ، فائدة : كل حديث ، قلت فيه : لم اجده ، فهو ضعيف باطل مردود ، الا ان يثبت بسند آخر او صرحت بخلافه

٣٣٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّهُ قَالَ: إِذَا وُهِبَتْ الْوَلِيدَةُ الَّتِي تُوطَأُ أَوْ بِيعَتْ أَوْ أُعْتِقَتْ فَلْتَسْتَبْرِئْ رَحِمَهَا بِحَيْضَةٍ وَلَا تُسْتَبْرَئُ الْعَذْرَاءُ. رَوَاهُمَا رزين

3341. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब ऐसी लौंडी जिस से जिमाअ किया जाता हो हिब्बा की जाए या बेअ की जाए या आज़ाद की जाए तो वह एक हैज़ के ज़रिए अपने रहम के खाली होने का यकीन कर ले और कुंवारी से इस्तबराए रहम का नहीं कहा जाएगा", दोनों रिवायतों रजिन ने रिवायत की है| (सहीह)

صحيح ، رزين (لم اجده) * و علقه البخارى (قبل ح 2235 ، البيوع باب : 111) و انظر تغليق التعليق (3 / 272 273) و تنقيح الرواية (2 / 51)

नान नफ्के और हक महर का बयान • بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٣٤٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: إِنَّ هندا بنت عتبَة قَالَت: يَا رَسُول الله إِن أَبَا سُفْيَان رجل شحيح وَلَيْسَ يعطيني مَا يَكْفِينِي وَوَلَدي إِلَّا مَا أخذت مِنْهُ وَهُوَ يعلم فَقَالَ: «خذي مَا يَكْفِيك وولدك بِالْمَعْرُوفِ»

3342. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हिन्द बिन उत्बा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अबू सुफियान एक बखील आदमी है, वह मुझे इस क़दर नहीं देता जो मेरे और मेरी औलाद के लिए काफी हो, मगर में उस से इस तरह ले लेती हूँ कि इसे पता नहीं होता, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस क़दर ले लिया करो जो दस्तूर के मुताबिक तेरे और तेरी औलाद के लिए काफी हो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5364) ومسلم (7 / 1714)، (4477)

٣٣٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا أعْطى الله أحدكُم خيرا فليبدأ بِنَفسِهِ وَأهل بَيته» . رَوَاهُ مُسلم

3343. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह तुम में से किसी को माल अता करे तो उसे चाहिए के वह पहले अपने ज़ात और अपने घरवालो पर खर्च करे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 1822)، (4711)

٣٣٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «للمملوك طَعَامه وَكسوته وَلَا يُكَلف من الْعَمَل إِلَّا مَا يُطيق» . رَوَاهُ مُسلم

3344. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ममलुक का खाना और लिबास (दस्तूर के मुताबिक मालिक पर वाजिब) है और उस से काम सिर्फ उस की ताकत के मुताबिक़ ही लिया जाए"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 1662)، (4316)

٣٣٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِخْوَانُكُمْ جَعَلَهُمُ اللَّهُ تَحْتَ أَيْدِيكُمْ فَمَنْ جَعَلَ اللَّهُ أَخَاهُ تَحْتَ يَدَيْهِ فَلْيُطْعِمْهُ مِمَّا يَأْكُلُ وَلْيُلْبِسْهُ مِمَّا يَلْبَسُ وَلَا يُكَلِّفْهُ مِنَ الْعَمَلِ مَا يَغْلِبُهُ فَإِنْ كَلَّفَهُ مَا يَغْلِبُهُ فَلْيُعِنْهُ عَلَيْهِ»

3345. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "(गुलाम) तुम्हारे भाई है, अल्लाह ने उन्हें तुम्हारे ज़ेर तसरीफ कर दिया है, अल्लाह जिस के भाई को उस के ज़ेर तसरीफ कर दे तो वह इसे वैसे ही खिलाए जैसे खुद

खाए, और वैसे ही पहनाए जैसे खुद पहने और उस से कोई ऐसा काम न ले जो उस की ताकत से ज़्यादा हो, और अगर वह उस के जिम्मे कोई ऐसा काम लगा दे जो उस की ताकत से बढ़कर हो तो फिर वह उस में उस की इआनत करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6050) و مسلم (38 / 1661)، (4313)

٣٣٤٦ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو جَاءَهُ قَهْرَمَانٌ لَهُ فَقَالَ لَهُ: أَعْطَيْتَ الرَّقِيقَ قُوتَهُمْ؟ قَالَ: لَا قَالَ: فَانْطَلِقْ فَأَعْطِهِمْ فَإِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: [ص:١٠٠] «كَفَى بِالرَّجُلِ إِثْمًا أَنْ يَحْبِسَ عَمَّنْ يَمْلِكُ قُوتَهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «كَفَى بِالْمَرْءِ إِثْمًا أَنْ يُضَيِّعَ مَنْ يَقُوتُ» . رَوَاهُ مُسلم

3346. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मन्कुल है के उनका मुंशी उन के पास आया तो उन्होंने इसे फ़रमाया क्या तुम ने गुलामो को उन के खाने का सामान दे दिया है ? उस ने कहा नहीं, उन्होंने ने फ़रमाया: जाओ और उन्हें (खाने का सामान) दो, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बन्दे के लिए यही गुनाह काफी है के वह अपने ममलुक के खाने का सामान रोक ले”, और एक रिवायत में है: “आदमी के लिए यही गुनाह काफी है के जिन की खुराक उस के जिम्मे है के उस की रोज़ी ज़ाए कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (م4 / 996)، (2312)

٣٣٤٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَنَعَ لِأَحَدِكُمْ خَادِمُهُ طَعَامَهُ ثُمَّ جَاءَهُ بِهِ وَقَدْ وَلِيَ حره ودخانه فليقعده مَعَه فَلْيَأْكُل وَإِن كَانَ الطَّعَامُ مَشْفُوهًا قَلِيلًا فَلْيَضَعْ فِي يَدِهِ مِنْهُ أَكلَة أَو أكلتين» . رَوَاهُ مُسلم

3347. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम्हारा खादिम तुम्हारे लिए खाना तैयार कर के लाए तो वह (मालिक) इसे अपने साथ बिठाए ताकि वह खाए, क्योंकि उस ने आग की हरारत और धुवा बर्दाश्त किया है, अगर खाना, खाने वालो के हिसाब से कम हो तो वह उस में एक या दो लुक़्मे उस के हाथ पर रख दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (42 / 1663)، (4317)

٣٣٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْعَبْدَ إِذَا نَصَحَ لِسَيِّدِهِ وَأَحْسَنَ عِبَادَةَ اللَّهِ فَلَهُ أَجْرُهُ مرَّتَيْنِ»

3348. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गुलाम अपने आका के लिए मुखलिस व खैर ख्वाह हो और वह अल्लाह की इबादत भी अहसन(सबसे अच्छा) अंदाज़ में करता हो तो उस के लिए दो अज़र हैं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2546) و مسلم (43 / 1664)، (4318)

٣٣٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعِمَّا لِلْمَمْلُوكِ أَنْ يَتَوَفَّاهُ اللَّهُ بِحُسْنِ عِبَادَةِ رَبِّهِ وَطَاعَة سَيِّده نعما لَهُ»

3349. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ममलुक के लिए क्या खूब है के अल्लाह इसे इस हाल में फौत करे के वह अपने रब की इबादत भी अच्छे अंदाज़ में करता हो और अपने आका की इताअत भी अच्छे अंदाज़ में करता हो, क्या खूब है उस के लिए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2549) ومسلم (46 / 1667)، (4324)

٣٣٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَرِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَبَقَ الْعَبْدُ لَمْ تُقْبَلْ لَهُ صَلَاةٌ» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ قَالَ: «أَيّمَا عبد أبق فقد بَرِئت مِنْهُ الذِّمَّةُ» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ قَالَ: «أَيُّمَا عَبْدٍ أَبَقَ مِنْ مَوَالِيهِ فَقَدْ كَفَرَ حَتَّى يَرْجِعَ إِلَيْهِم» . رَوَاهُ مُسلم

3350. जरीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गुलाम फरार हो जाता है तो उस की नमाज़ कबूल नहीं की जाती”, और इन्ही से एक रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो गुलाम फरार हो जाता है तो उस से ज़िम्मा ख़तम हो जाता है”, और इन्ही से एक और रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो गुलाम अपने मालिको से फरार हो जाए तो उस ने कुफ्र किया हत्ता कि वह उन के पासलौट आए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (124 / 70 ، 122 / 69)، (228)

٣٣٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ أَبَا الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قَذَفَ مَمْلُوكَهُ وَهُوَ بَرِيءٌ مِمَّا قَالَ جُلِدَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِلَّا أَنْ يَكُونَ كَمَا قَالَ»

3351. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अबुल कासिम ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने अपने ममलुक पर बोहतान बांधा जबके वह उस से बरी हो जो उस ने कहे तो रोज़ ए क़यामत इसे कोड़े मारी जाएँगे मगर यह कि वह वैसे ही हो जैसे उस ने कहा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6858) و مسلم (37 / 1660)، (4311)

٣٣٥٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ ضَرَبَ غُلَامًا لَهُ حَدًّا لَمْ يَأْتِهِ أَوْ لَطَمَهُ فَإِن كَفَّارَته أَن يعتقهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3352. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अपने गुलाम पर उस के नाकर्दाह जुर्म पर हद काइम की या उस को थप्पड़ रसीद किया तो उस का कफ्फारा यह है कि वह इसे आज़ाद कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (30 / 657)، (4299)

٣٣٥٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: كُنْتُ أَضْرِبُ غُلَامًا لِي فَسَمِعْتُ مِنْ خَلْفِي صَوْتًا: «اعْلَمْ أَبَا مَسْعُودٍ لَلَّهُ أَقْدَرُ عَلَيْكَ مِنْكَ عَلَيْهِ» فَالْتَفَتُّ فَإِذَا هُوَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هُوَ حُرٌّ لِوَجْهِ اللَّهِ فَقَالَ: «أَمَا لَوْ لَمْ تَفْعَلْ لَلَفَحَتْكَ النَّارُ أَوْ لَمَسَّتْكَ النَّارُ» . رَوَاهُ مُسلم

3353. अबू मसउद अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने गुलाम को मार रहा था इसी दौरानमैंने अपनी पीछे से एक आवाज़ सुनी: "अबू मसउद! जान लो अल्लाह तुम पर उस से कही ज़्यादा कुदरत रखता है जितनी तुम उस पर कुदरत रखते हो", मैंने पीछे मुड़ कर देखा तो वह रसूलुल्लाह ﷺ थे, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह अल्लाह की रज़ा की खातिर आज़ाद है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "सुन लो! अगर तुम ऐसा न करते तो तुम्हें जहन्नम की आग जलाती या फ़रमाया: "तुम्हें आग छुती"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 1659)، (4308)

بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك • नान नफ्के और हक महर का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣٥٤ - (صَحِيح) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ لِي مَالًا وَإِنَّ وَالِدِي يَحْتَاجُ إِلَى مَالِي قَالَ: «أَنْتَ وَمَالُكَ لِوَالِدِكَ إِنَّ أَوْلَادَكُمْ مِنْ أَطْيَبِ كَسْبِكُمْ كُلُوا مِنْ كَسْبِ أَوْلَادِكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ ماجة

3354. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मेरे पास माल है, और मेरे वालिद को मेरे माल की ज़रूरत है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम और तुम्हारा माल तेरे वालिद का है, क्योंकि तुम्हारी औलाद तुम्हारी बेहतरीन कमाई है, तुम अपने औलाद की कमाई खाओ"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3530) و ابن ماجه (2292)

٣٣٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ وَعَن أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنِّي فَقِيرٌ لَيْسَ لِي شَيْءٌ وَلِي يَتِيمٌ فَقَالَ: «كُلْ مِنْ مَالِ يَتِيمِكَ غَيْرَ مُسْرِفٍ وَلَا مُبَادِرٍ وَلَا مُتَأَثِّلٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

3355. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मैं फ़क़ीर आदमी हूँ, मेरे पास कुछ भी नहीं, और मेरी ज़ेर निगरानी एक यतीम है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "यतीम के माल से इस तरह खाओ के उस में फिजूलखर्ची न हो, न जल्द बाज़ी हो (के यतीम के बड़ा होने से पहले वह माल ख़तम हो जाए) और न उस से जाएदाद बनानी चाहिए"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2872) و النسائی (6 / 256 ح 3698) و ابن ماجه (2718)

٣٣٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ فِي مَرَضِهِ: «الصَّلَاةَ وَمَا مَلَكَتْ أَيْمَانُكُمْ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

3356. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं की आप ﷺ अपने मर्जुल मौत में फरमा रहे थे: “नमाज़ और अपने गुलामो का ख़याल रखना”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه البیھقی فی شعب الایمان (8553 ، نسخة محققة : 8193 و فی دلائل النبوۃ 7 / 205) [و ابن ماجه (1625)] * قتادة عنعن و انظر الحدیث الآتی (3357)

٣٣٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَى أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ عَنْ عَلِيٍّ نَحْوَهُ

3357. इमाम अहमद और अबू दावुद ने अली रदी अल्लाहु अन्हु से इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

سنده حسن ، رواه احمد (6 / 290 ح 27016) و ابوداؤد (5156) [و ابن ماجه (2698)]

٣٣٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١٠٠] قَالَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ سَيِّئُ الْمَلَكَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

3358. अबू बक्र सिद्दीक रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैंः, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गुलामो के साथ बुरा सुलूक करने वाला जन्नत में दाखिल नहीं होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1946 وقال : غریب) و ابن ماجه (3691) * فرقد السبخی : ضعیف مشھور

٣٣٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ رَافِعِ بْنِ مَكِيثٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «حُسْنُ الْمَلَكَةِ يُمْنٌ وَسُوءُ الْخُلُقِ شُؤْمٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَلَمْ أَرَ فِي غَيْرِ الْمَصَابِيحِ مَا زَادَ عَلَيْهِ فيهِ منْ قولِهِ: «والصَّدَقةُ تمنَعُ مِيتةَ السُّوءِ والبِرُّ زيادةٌ فِي العُمُرِ»

3359. राफीअ बिन मकिस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “(गुलामो, रिआया से) अच्छा सुलूक करने वाला बाईस ए बरकत है जबकि बुरे अख़लाक़ वाला बाईस नहूसत है”| और मैं (साहब ए मिश्कात) ने मसाबिह के अलावा किसी और नुस्खे में यह इज़ाफा नहीं देखा जो साहबे मसाबिह ने नकल किया है: “सदका बुरी मौत से बचाता है और नेकी उमर में इज़ाफा का बाईस है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5162) * عثمان بن زفر الدمشقی مجھول لم یوثقه غیر ابن حبان

٣٣٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا ضَرَبَ أَحَدُكُمْ خَادِمَهُ فَذَكَرَ اللَّهَ فَارْفَعُوا

أَيْدِيَكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ لَكِنْ عِنْدَهُ «فَلْيُمْسِكْ» بدل «فارفعوا أَيْدِيكُم»

3360. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई अपने खादिम को मारे और वह अल्लाह का वास्ता दे तो तुम अपना हाथ उठा लो (न मारो)”| तिरमिज़ी, बयहकी की शुऐब अल ईमान, लेकिन उस में “ अपना हाथ उठा लो” के बजाए “ रोक लो” के अल्फाज़ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذی (1950) و البیهقی فی شعب الایمان (8584) * ابو هارون العبدی متروک و متهم من کذبه ، شیعی

٣٣٦١ - (حسن) وَعَن أبي أيوبَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ فَرَّقَ بَيْنَ وَالِدَةٍ وَوَلَدِهَا فَرَّقَ اللَّهُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ أَحِبَّتِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

3361. अबू अय्यूब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने वालिदा और उस के बच्चे के दरमियान जुदाई डाल दी तो रोज़ ए क़यामत अल्लाह उस के और उस के चहितो (वालेदीन और औलाद वगैरा) के दरमियान जुदाई डाल देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1283 وقال : حسن غریب) و الدارمی (2 / 227 228 ح 2482)

٣٣٦٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: وَهَبَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غلامين أَخَوَيْنِ فَبعث أَحدهمَا فَقَالَ لي رَسُول صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَلِيُّ مَا فَعَلَ غُلَامُكَ؟» فَأَخْبَرْتُهُ. فَقَالَ: «رُدُّهُ رُدُّهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3362. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दो गुलाम भाई मुझे हिब्बा कीए तो मैंने उन में से एक बेच दीया ,रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझ से दरियाफ्त फ़रमाया: “तेरा गुलाम कहाँ गया ?” मैंने आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे वापिस लाओ इसे वापिस लाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1284 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (2249) * فیه میمون بن ابی شبیب : لم یدرک علیًا رضی الله عنه

٣٣٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّهُ فَرَّقَ بَيْنَ جَارِيَةٍ وَوَلَدِهَا فَنَهَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَلِكَ فردَّ البَيعَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد مُنْقَطِعًا

3363. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक लौंडी और उस के बच्चे के दरमियान जुदाई डाल दी तो नबी ﷺ ने उन्हें उस से मना फ़रमाया और बेअ को फुसुख कर दिया अबू दावुद ने इसे मुन्कतेअ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2696) * سنده منقطع کما بینه الامام ابوداود رحمه الله و حدیث الترمذی (1283 ، 1566) یغنی عنه

٣٣٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثٌ مَنْ كُنَّ فِيهِ يَسَّرَ اللَّهُ حَتْفَهُ وَأَدْخَلَهُ جَنَّتَهُ: رِفْقٌ

بِالضَّعِيفِ وَشَفَقَةٌ عَلَى الْوَالِدَيْنِ [ص:١٠٠ وَإِحْسَانٌ إِلَى الْمَمْلُوكِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3364. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैंं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स में तीन सिफात होगी अल्लाह उस की मौत आसान फरमादेगा और इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा: कमज़ोर से नरमी करना, वालिदेन पर हमदर्दी करना और ममलुक से इहसान करना"| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2494) * فيه عبدالله بن ابراهيم الغفارى متروک و نسبه ابن حبان الى الوضع و ابوه : مجهول

٣٣٦٥ - وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم وَهَبَ لِعَلِيٍّ غُلَامًا فَقَالَ: «لَا تَضْرِبْهُ فَإِنِّي نُهِيتُ عَنْ ضَرْبِ أَهْلِ الصَّلَاةِ وَقَدْ رَأَيْتُهُ يُصَلِّي» . هَذَا لفظ المصابيح

3365. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु को एक गुलाम हिब्बा किया तो फ़रमाया: "इसे मारना नहीं क्योंकि नमाज़ियो को मारने से मना किया गया है और मैंने इसे नमाज़ पढ़ते हुए देखा है"| यह मसाबिह के अल्फाज़ हैं| (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى المصابيح (2 / 480 ح 2520) و احمد (5 / 250 ، 258) و الطبرانى (8 / 330 ح 8057)

٣٣٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي «الْمُجْتَبَى» لِلدَّارَقُطْنِيِّ: أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَانَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ضَرْبِ الْمُصَلِّينَ

3366. और इमाम दार कुतनी की रिवायत अल मुजतबा में है की उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया के रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ियो को मारने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه الدارقطنى (2 / 54 ح 1739 و سنده ضعيف وهو حسن بالشواهد منها الحديث السابق (3365)

٣٣٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كم نَعْفُو عَنِ الْخَادِمِ؟ فَسَكَتَ ثُمَّ أَعَادَ عَلَيْهِ الْكَلَامَ فصمت فلمَّا كانتِ الثَّالثةُ قَالَ: «اعفُوا عَنْهُ كُلَّ يَوْمٍ سَبْعِينَ مَرَّةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3367. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम खादिम को कितनी बार मुआफ़ करे ? आप ﷺ ख़ामोश रहे, इस शख़्स ने फिर यही कहा, आप फिर ख़ामोश रहे, जब तीसरी बार दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस से दिन में सत्तर बार दरगुज़र करो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5164)

٣٣٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو

3368. इमाम तिरमिज़ी ने इसे अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1949)

٣٣٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَاءَمَكُمْ مِنْ مَمْلُوكِيكُمْ فَأَطْعِمُوهُ مِمَّا تَأْكُلُونَ وَاكْسُوهُ مِمَّا تَكْسُونَ وَمَنْ لَا يُلَائِمُكُمْ مِنْهُمْ فَبِيعُوهُ وَلَا تُعَذِّبُوا خَلَقَ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3369. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे गुलामो में से जो गुलाम तुम्हारी मदद करे तो जो तुम खाते हो इसे भी वही खिलाओ और जो तुम पहनते हो इसे भी वही पहनाओ और उन में से जो तुम्हारी मदद न करे इसे बेच दो और अल्लाह की मखलूक को सज़ा दो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (5 / 168 ح 21815) و ابوداؤد (5157)

٣٣٧٠ - (صَحِيح) وَعَن سهلِ بنِ الحَنظَلِيَّةِ قَالَ: مَرَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِبَعِيرٍ قَدْ لَحِقَ ظَهْرُهُ بِبَطْنِهِ فَقَالَ: «اتَّقُوا اللَّهَ فِي هَذِهِ الْبَهَائِمِ الْمُعْجَمَةِ فَارْكَبُوهَا صَالِحَة واتركوها صَالِحَة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3370. सहल बिन हंजलीय्या रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ एक लागीर ऊंट के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “उन बे ज़ुबान जानवरों के बारे में अल्लाह से डरो, इन पर इस हाल में सवारी करो के वह सवारी के काबिल हो, और उन्हें इस हाल में छोड़ो के वह अच्छे हो (अभी थके न हो)”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2548)

नान नफ्के और हक महर का बयान • بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٣٧١ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا نَزَلَ قَوْلُهُ تَعَالَى (وَلَا تَقْرَبُوا مَالَ الْيَتِيمِ إِلَّا بِالَّتِي هِيَ أحسن)»» وَقَوْلُهُ تَعَالَى: (إِنَّ الَّذِينَ يَأْكُلُونَ أَمْوَالَ الْيَتَامَى ظُلْمًا)»» الْآيَةَ انْطَلَقَ مَنْ كَانَ عِنْدَهُ يَتِيمٌ فَعَزَلَ طَعَامه من طَعَامَهُ وَشَرَابَهُ مِنْ شَرَابِهِ فَإِذَا فَضَلَ مِنْ طَعَامِ الْيَتِيمِ وَشَرَابِهِ شَيْءٌ حُبِسَ لَهُ حَتَّى يَأْكُلَهُ أَوْ يَفْسُدَ فَاشْتَدَّ ذَلِكَ عَلَيْهِمْ فَذَكَرُوا ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وَيَسْأَلُونَكَ عَنِ الْيَتَامَى قُلْ: إِصْلَاح لَهُم خير وَإِن تخالطوهم فإخوانكم)»» فَخَلَطُوا طَعَامَهُمْ بِطَعَامِهِمْ وَشَرَابَهُمْ بِشَرَابِهِمْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3371. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब अल्लाह तआला का फरमान: “तुम यतीम के माल के करीब न जाओ मगर इसी के साथ के वह अहसन(सबसे अच्छा) हो”, उस का फरमान: “बेशक जो लोग यतीमो का माल इज़राहे ज़ुल्म खाते है”, नाज़िल हुआ तो फिर जिस शख़्स के पास यतीम था उस ने उस का खाना अपने खाने से, उस का पीना अपने पीने से अलग कर दिया, और जब यतीम के खाने पीने से कुछ बच जाता तो वह इसी के लिए रख देते हत्ता के वह इसे खा लेता या वह ख़राब हो जाता, यह चीज़ इन पर बहोत दुश्वार गुज़री तो उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से उस का तज़किरह किया उस पर अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “वो आप से यतीमो के बारे में दरियाफ्त करते हैं, फरमा दिया जाए इन के लिए इस्लाह करना बेहतर है, और अगर तुम इनको अपने साथ मिला लो तो वह तुम्हारे भाई है”, उन्होंने उनका खाना अपने खाने के साथ और पीना अपने पीने के साथ मीला लिया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2871) و النسائی (6 / 256 ح 3699) * عطاء بن السائب اختلط

٣٣٧٢ - (ضَعِيف) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ: لَعَنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ فَرَّقَ بَيْنَ الْوَالِدِ وَوَلَدِهِ وَبَيْنَ الْأَخِ وَبَيْنَ أَخِيهِ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارَقُطْنِيُّ

3372. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने वालिद और उस के बच्चे के दरमियान, निज़ भाइयो के दरमियान जुदाई डालने वाले पर लानत फरमाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2250) و الدارقطنی (3 / 67) * ابراهيم بن اسماعيل بن مجمع الانصاری : ضعيف

٣٣٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُتِيَ بِالسَّبْيِ أَعْطَى أَهْلَ الْبَيْتِ جَمِيعًا كَرَاهِيَةَ أَنْ يفرق بَينهم. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3373. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ के पास कैदी लाए जाता तो आप एक घर के तमाम लोग किसी एक को अता फरमा देंते क्योंकि आप को उन में जुदाई डालना नापसंद था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (2248) * فيه جابر الجعفی ضعيف رافضی مدلس اتهمه بعضهم ، و فی السند علة أخری

٣٣٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِشِرَارِكُمْ؟ الَّذِي يَأْكُلُ وَحْدَهُ وَيَجْلِدُ عَبْدَهُ وَيَمْنَعُ رِفْدَهُ» . رَوَاهُ رزين

3374. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें तुम्हारे बुरे लोगों के मुताल्लिक न बताऊँ! वह शख़्स है जो (बुखल व तकब्बुर की वजह से) अकेला खाता है, अपने गुलाम को मारता है और अपना अतिय्या उस के मुस्तहक को नहीं देता”| (मुझे नहीं मिली)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * قوله ’’ و يجلد عبده و يمنع رفده ‘‘ له شاهد عند الطبرانی فی الكبير (10 / 387 ح 10775) فيه ابن ميمون متروک ، انظر مجمع الزوائد (8 / 183) فلا يستشهد به

٣٣٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ سَيِّئُ الْمَلَكَةِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَيْسَ أَخْبَرْتَنَا أَنَّ هَذِهِ الْأُمَّةَ أَكْثَرُ الْأُمَمِ مَمْلُوكِينَ وَيَتَامَى؟ قَالَ: «نَعَمْ فَأَكْرِمُوهُمْ كَكَرَامَةِ أَوْلَادِكُمْ وَأَطْعِمُوهُمْ مِمَّا تَأْكُلُونَ» . قَالُوا: فَمَا تنفعنا الدُّنْيَا؟ قَالَ: «فَرَسٌ تَرْتَبِطُهُ تُقَاتِلُ عَلَيْهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَمَمْلُوكٌ يَكْفِيكَ فَإِذَا صَلَّى فَهُوَ أَخُوكَ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3375. अबू बक्र सिद्दीक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(मम्लुको से) बुरा सुलूक करने वाला जन्नत में नहीं जाएगा”, सहाबा किराम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप ने हमें नहीं बताया के इस उम्मत में तमाम उम्मतो से ज़्यादा ममलुक और यतीम होंगे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, तुम उनकी अपने औलाद की तरह तकरीम करो और जो खुद खाओ वही उन्हें खिलाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, हमें दुनिया में कौन सी चीज़ फ़ायदा देगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “घोड़ा जिसे तू तैयार रखे ताकी तू उस पर अल्लाह की राह में जिहाद करे, और ममलुक जो तुझे किफ़ायत करे, जब वह नमाज़ पढ़े तो वह तुम्हारा भाई है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3691) [و الترمذی :1946] * فيه فرقد ضعيف و تقدم طرفه (3358)

بَابُ بُلُوغِ الصَّغِيرِ وَحَضَانَتِهِ فِي الصِّغَرِ • छोटे लडके की उम्र ए बुलुगियत और कमसिनी मैं इसकी तरबियतका बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٣٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: عُرِضْتُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ أُحُدٍ وَأَنَا ابْنُ أَرْبَعَ عَشْرَةَ سَنَةً فَرَدَّنِي ثُمَّ عُرِضْتُ عَلَيْهِ عَامَ الْخَنْدَقِ وَأَنَا ابْنُ خَمْسَ عَشْرَةَ سَنَةً فَأَجَازَنِي فَقَالَ عُمَرُ بْنُ عَبْدِ الْعَزِيزِ: هَذَا فَرْقُ مَا بَين الْمُقَاتلَة والذرية

3376. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, गज़वा ए उहद के मौके पर चौदाह साल की उमर में मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया गया तो आप ने मुझे वापिस कर दिया, फिर गज़वा ए खंदक के मौके पर पन्द्रह साल की उमर में मुझे पेश किया गया तो आप ने मुझे (जिहाद करने की) इजाज़त मरहमत फरमा दी, उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: यही उमर (पन्द्रह साल) लड़ने वाले जवानों और लड़को (नाबालिग़) में फर्क करने वाली है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2664) و مسلم (91 / 1868)، (4837)

٣٣٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: صَالَحَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْحُدَيْبِيَةِ عَلَى ثَلَاثَةِ أَشْيَاءَ: عَلَى أَنَّ مَنْ أَتَاهُ مِنَ الْمُشْرِكِينَ رَدَّهُ إِلَيْهِمْ وَمَنْ أَتَاهُمْ مِنَ الْمُسْلِمِينَ لَمْ يَرُدُّوهُ وَعَلَى أَنْ يَدْخُلَهَا مِنْ قَابِلٍ وَيُقِيمَ بِهَا ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَلَمَّا دَخَلَهَا وَمَضَى الْأَجَلُ

خَرَجَ فَتَبِعَتْهُ ابْنَةُ حَمْزَةَ تُنَادِي: يَا عَمِّ يَا عَمِّ فَتَنَاوَلَهَا عَلِيٌّ فَأَخَذَ بِيَدِهَا فَاخْتَصَمَ فِيهَا عَلِيٌّ وَزَيْدٌ وَجَعْفَرٌ قَالَ عَلِيٌّ: أَنَا أَخَذْتُهَا وَهِيَ بِنْتُ عَمِّي. وَقَالَ جَعْفَرٌ: بِنْتُ عَمِّي وَخَالَتُهَا تَحْتِي وَقَالَ زَيْدٌ: بِنْتُ أَخِي فَقَضَى بِهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِخَالَتِهَا وَقَالَ: «الْخَالَةُ بِمَنْزِلَةِ الْأُمِّ» . وَقَالَ لَعَلِيٍّ: «أَنْتَ مِنِّي وَأَنَا مِنْكَ» وَقَالَ لِجَعْفَرٍ: «أَشْبَهْتَ خَلْقِي وَخُلُقِي» . وَقَالَ لزيد: «أَنْت أخونا ومولانا»

3377. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हुदैबिया के मौके पर तीन अशियाअ पर सुलह फरमाई, के मुशरिकीन में से जो शख़्स उनकी तरफ आएगा इसे उन (मुशरिकिन) की तरफ वापिस किया जाएगा, और जो मुसलमानों की तरफ से उन के पास चला जाए तो उसे वापिस नहीं किया जाएगा, और आप ﷺ आइन्दा साल मक्का में दाखिल होंगे, और वहां तीन रोज़ कयाम करेंगे, जब आप इस (मक्के) में दाखिल हुए और मुद्दत पूरी हो गई और आप ने वापसी का इरादा फ़रमाया तो हम्ज़ा रदी अल्लाहु अन्हु की बेटी आप ﷺ के पीछे चचा जान! चचा जान! कह कर आवाज़े देने लगी तो अली रदी अल्लाहु अन्हु ने उस का हाथ पकड़ कर अपने साथ कर लिया उस के साथ ही हज़रत अली (र), हज़रत जाफर (र), और हज़रत ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु के दरमियान हम्ज़ा की बेटी के बारे में तनाज़ा शुरू हो गया: अली रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने इसे पकड़ा है और वह मेरे चचा की बेटी है, जाफर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: वह मेरे चचा की बेटी है और उस की खाला मेरी बीवी है, और ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मेरे भाई की बेटी है, नबी ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक उस की खाला के हक़ में फैसला किया और फ़रमाया: “खाला माँ की जगह पर है”, और अली रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “तुम मुझ से हो और मैं तुझ से हूँ” जाफर रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “तुम खल्क व खुल्क (सीरत व सूरत) में मुझ से मुशाबह (अनुरूप) हो”, और ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “तुम हमारे भाई और हमारे चहिते हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4251) و مسلم (90 / 1783)، (4629)

छोटे लडके की उम्र ए बुलुगियत और कमसिनी मैं इसकी तरबियतका बयान

بَابُ بُلُوغِ الصَّغِيرِ وَحَضَانَتِهِ فِي الصِّغَرِ

दूसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّانِي

٣٣٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو: أَنَّ امْرَأَةً قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ ابْنِي هَذَا كَانَ بَطْنِي لَهُ وِعَاءً وَثَدْيِي لَهُ سِقَاءً وَحِجْرِي لَهُ حِوَاءً وَإِنَّ أَبَاهُ طَلَّقَنِي وَأَرَادَ أَنْ يَنْزِعَهُ مِنِّي فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْتِ أَحَقُّ بِهِ مَا لم تنكحي» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3378. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की एक औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरा यह बेटा (के दौरान हमल) मेरा पेट उस के लिए ज़र्फ़ था, (दोरान रिज़ाअत) मेरी छाती उस के लिए मश्किज़ा (दूध पीने की जगह) थी और मेरी गोद उस के लिए ठिकाना थी, और (अब) उस के वालिद ने मुझे तलाक दे दि है और वह इसे मुझ से छिनना चाहता है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तक तू (नए

खाविंद से) निकाह न करे इस वक़्त तक तुम उस की ज़्यादा हक़दार हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 182 ح 6707) و ابوداؤد (2276)

٣٣٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَيَّرَ غُلَامًا بَيْنَ أَبِيهِ وَأمه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3379. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने बालिग़ लड़के को उस के वालिद और उस की वालिदा के दरमियान इख़्तियार दिया| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1357 وقال : حسن صحيح)

٣٣٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ قَالَ: جَاءَتِ امْرَأَةٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: إِنَّ زَوْجِي يُرِيدُ أَنْ يَذْهَبَ بِابْنِي وَقَدْ سَقَانِي وَنَفَعَنِي فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَذَا أَبُوكَ وَهَذِهِ أُمُّكَ فَخُذْ بِيَدِ أَيِّهِمَا شِئْتَ» . فَأَخَذَ بِيَدِ أُمِّهِ فَانْطَلَقَتْ بِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3380. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक औरत रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, मेरा खाविंद मेरे इस बेटे को ले जाना चाहता है, जबके वह मेरे लिए पानी लाता है और मुझे फ़ायदा पहुंचाता है, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये तुम्हारा वालिद है और यह तुम्हारी वालिदा है, तुम इन दोनों में से जिस का चाहो हाथ थाम लो”, उस ने अपने वालिदा का हाथ थाम लिया तो वह इसे ले कर चली गई| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2277) و النسائی (6 / 185 ح 3526) و الدارمی (2 / 170 ح 2298)

بَابُ بُلُوغِ الصَّغِيرِ وَحَضَانَتِهِ فِي الصِّغَرِ • छोटे लडके की उम्र ए बुलुगियत और कमसिनी मैं इसकी तरबियतका बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٣٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ هِلَالِ بْنِ أَسَامَةَ عَنْ أَبِي مَيْمُونَةَ سُلَيْمَانَ مَوْلًى لِأَهْلِ الْمَدِينَةِ قَالَ: بَيْنَمَا أَنَا جَالِسٌ مَعَ أَبِي هُرَيْرَةَ جَاءَتْهُ امْرَأَةٌ فَارِسِيَّةٌ مَعَهَا ابْنٌ لَهَا وَقَدْ طَلَّقَهَا [ص:١٠٠ زَوْجُهَا فَادَّعَيَاهُ فَرَطَنَتْ لَهُ تَقُولُ: يَا أَبَا هُرَيْرَةَ زَوْجِي يُرِيدُ أَنْ يَذْهَبَ بِابْنِي. فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: اسْتهمَا رَطَنَ لَهَا بِذَلِكَ. فَجَاءَ زَوْجُهَا وَقَالَ: مَنْ يُحَاقُّنِي فِي ابْنِي؟ فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: اللَّهُمَّ إِنِّي لَا أَقُولُ هَذَا إِلَّا أَنِّي كُنْتُ قَاعِدًا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَتَتْهُ امْرَأَةٌ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ زَوْجِي يُرِيدُ أَنْ يَذْهَبَ بِابْنِي وَقَدْ نَفَعَنِي وَسَقَانِي مِنْ بِئْرِ أَبِي عِنَبَةَ وَعِنْدَ النَّسَائِيِّ: مِنْ عَذْبِ الْمَاءِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَهِمَا عَلَيْهِ» . فَقَالَ زَوْجُهَا مَنْ يُحَاقُّنِي فِي وَلَدِي؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَذَا أَبُوكَ وَهَذِهِ أُمُّكَ فَخُذْ بِيَدِ أَيِّهِمَا شِئْتَ» فَأَخَذَ بيد أمه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد. وَالنَّسَائِيّ لكنه ذكر الْمسند. وَرَوَاهُ الدَّارمِيّ عَن هِلَال بن أُسَامَة

3381. हिलाल बिन उसामा अहले मदीना के आज़ाद करदा गुलाम अबू मय्मुना सुलेमान से रिवायत करते हैंं, उन्होंने कहा: इस दौरान की मैं अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु के पास बैठा हुआ था के एक फारसी (अजमी) औरत जिस को उस के खाविंद ने तलाक दे दि थी, अपने बेटे को ले कर अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु के पास आई और वह दोनों (वालिद और वालिदा) उस का दावा करते थे, इस औरत ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से फारसी में बात करते हुए कहा: अबू हुरैरा मेरा खाविंद मेरे इस बेटे को ले जाना चाहता है, अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: तुम दोनों उस के मुत्तल्लिक कुरा अन्दाज़ी करो, अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने भी उस के मुत्तल्लिक इसे फारसी में बताया, जब उस का खाविंद आया तो उस ने कहा मेरे बेटे के मुत्तल्लिक कौन मुझ से झगड़ता है ? अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: ऐ अल्लाह! मैं यह फैसला इसलिए दे रहा हूँ कि मैं रसूलुल्लाह ﷺ के पास बैठा हुआ था के एक औरत आप की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरा खाविंद मेरे इस बेटे को ले जाना चाहता है, जबके वह मुझे फ़ायदा पहुंचाता है और अबू इनबा के कुंवो से पानी लाकर मुझे पिलाता है, और निसाई की रिवायत में है मीठा पानी, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस के मुत्तल्लिक कुरा अन्दाज़ी करो”, तो उस के खाविंद ने कहा मेरे बच्चे के बारे में मुझ से कौन झगड़ता है ? तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये तेरा वालिद है और यह तेरी वालिदा है, लिहाज़ा तुम उन में से जिस का चाहो हाथ पकड़ लो, “उस ने अपने वालिदा का हाथ पकड़ लिया| अबू दावुद, निसाई, लेकिन उन्होंने इसे मुसनद रिवायत किया है, और दारमी ने इसे हिलाल बिन उसामा से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2277) و النسائی (6 / 185 ح 3526 مختصرًا) و الدارمی (2 / 170 ح 2298) و تقدم (3380) و الحدیث السابق

गुलाम को आज़ाद करने का बयान • كتاب الْعتْق

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٣٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَعْتَقَ رَقَبَةً مُسْلِمَةً أَعْتَقَ اللَّهُ بِكُلِّ عُضْوٍ مِنْهُ عُضْوًا مِنَ النَّارِ حَتَّى فَرْجَهُ بِفَرْجِهِ»

3382. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी मुसलमान को आज़ाद करता है, अल्लाह उस के एक एक आज़ा के बदले में इस (आज़ाद करने वाले) के एक एक आज़ा को जहन्नम की आग से आज़ाद कर देता है, हत्ता के उस की शर्मगाह को उस की शर्मगाह के बदले में (आज़ाद कर देता है)"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

رواه البخاری (6715) و مسلم (23 / 1509)، (3797)

٣٣٨٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: سَأَلْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْعَمَلِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «إِيمَانٌ بِاللَّهِ وَجِهَادٌ فِي سَبِيلِهِ» قَالَ: قُلْتُ: فَأَيُّ الرِّقَابِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «أَغْلَاهَا ثَمَنًا وَأَنْفَسُهَا عِنْدَ أَهْلِهَا» . قُلْتُ: فَإِنْ لَمْ أَفْعَلْ؟ قَالَ: «تُعِينُ صَانِعًا أَوْ تَصْنَعُ لِأَخْرَقَ» . قُلْتُ: فَإِنْ لَمْ أَفْعَلْ؟ قَالَ: «تَدَعُ النَّاسَ مِنَ الشَّرِّ فَإِنَّهَا صَدَقَةٌ تَصَدَّقُ بهَا على نَفسك»

3383. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ से दरियाफ्त किया कौन सा अमल अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह पर ईमान लाना और उस की राह में जिहाद करना", वह (रावी) बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: कौन सा गुलाम आज़ाद करना अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस की कीमत ज़्यादा हो और वह अपने अहल के यहाँ बहोत पसंदीदा हो", मैंने अर्ज़ किया: अगर में ऐसा न कर सकू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "किसी भी काम करने वाले की मदद कर, या जो शख़्स कोई चीज़ बनाना नहीं जानता तो उस के लिए वह चीज़ बना दे", मैंने अर्ज़ किया: अगर में यह भी न कर सकू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "लोगो को अपने शर से महफूज़ रख यह ऐसा सदका है जिस के ज़रिए तू अपने जान पर सदका करता है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2518) و مسلم (136 / 84)، (250)

गुलाम को आज़ाद करने का बयान • كتاب الْعتْق

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٣٨٤ - (صَحِيح) عَن الْبَراء بن عَازِب قَالَ: جَاءَ أَعْرَابِيٌّ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: عَلِّمْنِي عَمَلًا يُدْخِلُنِي الْجَنَّةَ قَالَ: «لَئِنْ كُنْتَ أَقْصَرْتَ الْخُطْبَةَ لَقَدْ أَعْرَضْتَ [ص:١٠١ الْمَسْأَلَةَ أَعْتِقِ النَّسَمَةَ وَفك الرَّقَبَة» . قَالَ: أَو ليسَا وَاحِدًا؟ قَالَ: " لَا عِتْقُ النَّسَمَةِ: أَنْ تَفَرَّدَ بِعِتْقِهَا وَفَكُّ الرَّقَبَةِ: أَنْ تُعِينَ فِي ثَمَنِهَا وَالْمِنْحَةَ: الْوَكُوفَ وَالْفَيْءَ عَلَى ذِي الرَّحِمِ الظَّالِمِ فَإِنْ لَمْ تُطِقْ ذَلِكَ فَأَطْعِمِ الْجَائِعَ وَاسْقِ الظَّمْآنَ وَأْمُرْ بِالْمَعْرُوفِ وَانْهَ عَنِ الْمُنْكَرِ فَإِنْ لم تطق فَكُفَّ لِسَانَكَ إِلَّا مِنْ خَيْرٍ ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

3384. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आराबी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मुझे कोई ऐसा अमल सिखाईए जो मुझे जन्नत में दाखिल कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगरचे तुमने बात मुख़्तसर की है लेकिन बात बहोत अहम दरियाफ्त की है, इत्क (रूह) को आज़ाद कर, और गर्दन (फक्कु रुकबा) को गुलामी से आज़ाद कर”, उस ने अर्ज़ किया, क्या इन दोनों का एक ही मानी नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, इत्क से मुराद है की तो अकेला इसे आज़ाद करे जबके “ फक्कु रुकबा” यह है कि तो उस की कीमत अदा करने में मदद कर, ज़्यादा दूध वाला जानवर बतौर अतिय्या दे और ज़ालिम रिश्तेदार पर मेहरबानी व इहसान कर, अगर तुम उस की ताकत न रखो तो फिर भूके को खाना खिलाओ, प्यासे को पानी पिलाओ, नेकी का हुक्म करो और बुराई से मना करो, अगर तुम उस की ताकत न रखो तो फिर खैर व भलाई की बात के अलावा अपने ज़ुबान को रोको”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4335 ، نسخة محققة : 4026 و الكبرى 10 / 272 273) و ابوداؤد الطيالسى (739) و احمد (4 / 299 و سنده صحيح) و صححه ابن حبان (1209) و الحاكم (2 / 217) و وافقه الذهبى] * فيه عيسى بن عبد الرحمن السلمى ثقة ، انظر تهذيب الكمال (14 / 558) و ذكر هذا الحديث

٣٣٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَمْرو بن عبسة أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ بَنَى مَسْجِدًا لِيُذْكَرَ اللَّهُ فِيهِ بُنِيَ لَهُ بَيْتٌ فِي الْجَنَّةِ وَمَنْ أَعْتَقَ نَفْسًا مُسْلِمَةً كَانَتْ فِدْيَتَهُ مِنْ جَهَنَّمَ. وَمَنْ شَابَ شَيْبَةً فِي سَبِيلِ اللَّهِ كَانَتْ لَهُ نُورًا يَوْمَ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3385. अमर बिन अबसत रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स मस्जिद बनाता है ताकि उस में अल्लाह का ज़िक्र किया जाए तो उस के लिए जन्नत में घर बना दिया जाता है, जो शख़्स किसी मुसलमान को आज़ाद करता है तो यह उस का जहन्नम से फिदिया बन जाता है, और जो शख़्स अल्लाह की राह में (तहसील इल्म या जिहाद करते हुए) बुढा हो गया तो रोज़ ए क़यामत (जब अंधेरे होंगे) उस के लिए नूर होगा”| (सहीह)

صحيح ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 355 ح 2420) [و احمد (4 / 113) و ابن حبان (الموارد : 1208) و النسائى (2 / 31 ح 689)] * و للحديث شواهد عند البخارى و مسلم و الترمذى (1635) و ابى داود (4202) و ابن حبان (1477 ، 1479 الموارد) و غيرهم

गुलाम को आज़ाद करने का बयान • كتاب الْعتْق
तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٣٨٦ - (ضَعِيف) عَن الغريف بن عَيَّاش الديلمي قَالَ: أَتَيْنَا وَاثِلَة بن الْأَسْقَع فَقُلْنَا: حَدِّثْنَا حَدِيثًا لَيْسَ فِيهِ زِيَادَةٌ وَلَا نُقْصَانٌ فَغَضِبَ وَقَالَ: إِنَّ أَحَدَكُمْ لَيَقْرَأُ وَمُصْحَفُهُ مُعَلَّقٌ فِي بَيْتِهِ فَيَزِيدُ وَيَنْقُصُ فَقُلْنَا: إِنَّمَا أَرَدْنَا حَدِيثًا سَمِعْتَهُ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: أَتَيْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي صَاحِبٍ لَنَا أَوْجَبَ يَعْنِي النَّارَ بِالْقَتْلِ فَقَالَ: [ص:١٠١ «أعتقوا عَنهُ بِعِتْق الله بِكُل عُضْو مِنْهُ عُضْو أمنه من النَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3386. गरिफ बिन अय्याश दयलमी बयान करते हैं, हम वासिला बिन अस्कअ रदी अल्लाहु अन्हु के पास आए तो हमने कहा हमें कोई ऐसी हदीस सुनाइए जिस में कोई कमी बेसी न हो, वह (इस बात से) नाराज़ हो गए और कहा तुम कुरान की तिलावत करते हो, जबके उस का मुसहफ़ उस के घर में मौजूद होता है उस के बावजूद वह कमी बेसी कर लेता है, हमने कहा: हम ने तो सिर्फ ऐसी हदीस का इरादा किया था जो आप ने नबी ﷺ से सुनी हो, उन्होंने कहा, हम अपने एक साथी के बारे में, जिस ने क़त्ल की वजह से जहन्नम को वाजिब कर लिया था, रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस की तरफ से गुलाम आज़ाद करो, अल्लाह उस के हर आज़ा के बदले उस के हर आज़ा को जहन्नम की आग से आज़ाद कर देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3964) و النسائی (فی الکبری : 4891) [و صححه ابن حبان (1206) و الحاکم علی شرط الشیخین (2 / 212) و وافقه الذهبی]
* (عبدالله) الغریف بن الدیلمی : حسن الحدیث ، وثقه الحاکم وغیره

٣٣٨٧ - وَعَن سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الصَّدَقَةِ الشَّفَاعَةُ بِهَا تُفَكُّ الرَّقَبَة» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

3387. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अफज़ल सदका किसी के लिए ऐसी सिफारिश करना है जिस की वजह से किसी की गर्दन आज़ाद कर दी जाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (7683 ، نسخة محققة : 7279 نحو المعنی) [و الطبرانی فی الکبیر (7 / 230 ح 6962)] * فیه ابوبکر الهذلی : متروک

بَابُ إِعْتَاقِ الْعَبْدِ الْمُشْتَرَكِ وَشِرَاءِ الْقَرِيبِ وَالْعِتْقِ فِي الْمَرَضِ • मश्तर की गुलाम को आज़ाद करने ,करीबी शख्स को खरदने और मर्ज़ में आज़ाद करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٣٨٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم: «مَنْ أَعْتَقَ شِرْكًا لَهُ فِي عَبْدٍ وَكَانَ لَهُ مَالٌ يَبْلُغُ ثَمَنَ الْعَبْدِ قُوِّمَ الْعَبْدُ قِيمَةَ عَدْلٍ فَأُعْطِيَ شُرَكَاؤُهُ حِصَصَهُمْ وَعَتَقَ عَلَيْهِ الْعَبْدُ وَإِلَّا فَقَدْ عَتَقَ مِنْهُ مَا عَتَقَ»

3388. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने गुलाम में अपना हिस्सा आज़ाद कर दिया और उस के पास इतना माल है जो गुलाम की कीमत को पहुँचता है, तो गुलाम की मंसुफात कीमत मुकर्रर की जाएगी और वह उस के शरीको को उन के हिस्सों के मुताबिक दी जाएगी और गुलाम आज़ाद हो जाएगा, वरना जितना आज़ाद हो गया सो हो गया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2532) و مسلم (1 / 1501)، (3770)

٣٣٨٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَعْتَقَ شِقْصًا فِي عَبْدٍ أُعْتِقَ كُلُّهُ إِنْ كَانَ لَهُ مَالٌ فَإِنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ مَالٌ اسْتَسْعَى الْبعد غير مشقوق عَلَيْهِ»

3389. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस ने किसी गुलाम में मौजूद अपना हिस्सा आज़ाद कर दिया और अगर वह शख़्स माल दार है तो गुलाम को मुकम्मल तौर पर आज़ाद कर दिया जाएगा, और अगर इस शख़्स के पास माल नहीं तो गुलाम से माल कमाने के लिए कहा जाएगा लेकिन उस पर मशक्क़त नहीं डाली जाएगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2504) و مسلم (3 / 1503)، (3773)

٣٣٩٠ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حُصَيْن: أَنَّ رَجُلًا أَعْتَقَ سِتَّةَ مَمْلُوكِينَ لَهُ عِنْدَ مَوْتِهِ لَمْ يَكُنْ لَهُ مَالٌ غَيْرُهُمْ فَدَعَا بهم رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَزَّأَهُمْ أَثْلَاثًا ثُمَّ أَقْرَعَ بَيْنَهُمْ فَأَعْتَقَ اثْنَيْنِ وَأَرَقَّ أَرْبَعَةً وَقَالَ لَهُ قَوْلًا شَدِيدًا. رَوَاهُ [ص:١٠١ مُسْلِمٌ وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْهُ وَذَكَرَ: «لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ لَا أُصَلِّيَ عَلَيْهِ» بَدَلَ: وَقَالَ لَهُ قَوْلًا شَدِيدًا وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «لَوْ شَهِدْتُهُ قَبْلَ أَنْ يُدْفَنَ لَمْ يُدْفَنْ فِي مَقَابِرِ الْمُسلمين»

3390. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने अपने मौत के करीब अपने छे गुलाम आज़ाद कर दिए, और उस के पास उन के अलावा और कोई माल नहीं था, चुनांचे रसूलुल्लाह ﷺ ने गुलामो को बुलाया और उन्हें तीन हिस्सों में तकसीम कर दिया, फिर उन के मबिन कुरा अन्दाज़ी की तो दो को आज़ाद कर दिया और चार को गुलाम रखा, और आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक सख्त अल्फाज़ फरमाए| इन्ही से मरवी निसाई की एक रिवायत में “उस के

मुत्तल्लिक सख्त अल्फाज़ फरमाए” की बजाए यह है कि आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने इरादा कर लिया था के उस की नमाज़े जनाज़ा न पढ़ू”| और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “अगर में उस की तद्फिन से पहले मौजूद होता तो उसे मुसलमानों के कब्रिस्तान में दफन न किया जाता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (56 / 1668)، (4335) و النسائی (4 / 64 ح 1960) و ابوداؤد (3960)

٣٣٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَجْزِي وَلَدٌ وَالِده إِلَّا أَن يجده مَمْلُوكا فيشتر بِهِ فيعتقه» . رَوَاهُ مُسلم

3391. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेटा अपने वालिद के इहसानात का बदला सिर्फ इस सूरत में अदा कर सकता है के अगर वह बाप को ममलुक पाए तो उसे खरीद कर आज़ाद कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (25 / 1510)، (3799)

٣٣٩٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ دَبَّرَ مَمْلُوكًا وَلَمْ يَكُنْ لَهُ مَالٌ غَيْرُهُ فَبَلَغَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَنْ يَشْتَرِيهِ مني؟» فَاشْتَرَاهُ نعيم بن النَّحَّامِ بِثَمَانِمِائَةِ دِرْهَمٍ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: فَاشْتَرَاهُ نُعَيْمُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ الْعَدَوِيُّ بثمانمائة دِرْهَم فجاء بِهَا إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَفَعَهَا إِلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «ابْدَأْ بِنَفْسِكَ فَتَصَدَّقْ عَلَيْهَا فَإِنْ فَضَلَ شَيْءٌ فَلِأَهْلِكَ فَإِنْ فَضَلَ عَنْ أَهْلِكَ شَيْءٌ فَلِذِي قَرَابَتِكَ فَإِنْ فَضَلَ عَنْ ذِي قَرَابَتِكَ شَيْءٌ فَهَكَذَا وَهَكَذَا» يَقُولُ: فَبين يَدَيك وَعَن يَمِينك وَعَن شمالك

3392. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अंसार में से एक आदमी ने एक गुलाम मुदि्ब्बर किया (यूँ कहा के मेरी मौत के बाद यह गुलाम आज़ाद होगा), और उस के अलावा उस के पास कोई और माल नहीं था, नबी ﷺ को यह खबर पहुंची तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझ से इसे कौन खरीदता है ?” तो नुअयम बिन नहाम रदी अल्लाहु अन्हु ने आठ सौ दिरहम के बदले में उसे खरीद लिया| और मुस्लिम की रिवायत में है की नुअयम बिन अब्दुल्लाह अदवी ने आठ सौ दिरहम के अवज़ इसे खरीद लिया, और इस आदमी ने यह रकम नबी ﷺ की खिदमत में पेश की तो आप ﷺ ने वह इसे दे दी, फिर फ़रमाया: “पहले अपने जान से शुरू करो और उस पर सदका करो, अगर कुछ बच जाए तो फिर तेरे घरवालो के लिए, अगर तेरे घरवालो से बच जाए तो तेरे रिश्तेदारों के लिए, अगर तेरे रिश्तेदारों से बच जाए तो फिर इस तरह और इस तरह”| रावी बयान करते हैं, अपने सामने और अपने दाए बाए तकसीम कर| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6716) و مسلم (58 / 997 بعد ح 1668 و قبل ح 1669)، (2313) [و الشافعی فی الام (8 / 15)]

بَابُ إِعْتَاقِ الْعَبْدِ الْمُشْتَرَكِ وَشِرَاءِ الْقَرِيبِ وَالْعِتْقِ فِي الْمَرَضِ
मश्तर की गुलाम को आज़ाद करने ,करीबी शख्स को खरदने और मर्ज़ में आज़ाद करने का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي
दूसरी फस्ल

٣٣٩٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن الْحسن عَن سَمُرَة عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «من ملك ذَا رحم محرم فَهُوَ حُرٌّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه

3393. हसन समुरह की सनद से रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स कराबतदार मुहर्रम का मालिक हो जाए तो वह (गुलाम) आज़ाद है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1365) و ابوداؤد (3949) و ابن ماجه (2524)

٣٣٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا وَلَدَتْ أَمَةُ الرَّجُلِ مِنْهُ فَهِيَ مُعْتَقَةٌ عَنْ دُبُرٍ مِنْهُ أَوْ بَعْدَهُ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

3394. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी की लौंडी उस के बच्चे को जन्म दे तो वह उस की मौत के बाद आज़ाद हो जाएगी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارمی (2 / 257 ح 2577) [و ابن ماجه (2515)] * فیه حسین بن عبدالله : ضعیف و شریک القاضی مدلس و عنعن

٣٣٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: بِعْنَا أُمَّهَاتِ الْأَوْلَادِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبِي بَكْرٍ فَلَمَّا كَانَ عُمَرُ نَهَانَا عَنْهُ فَانْتَهَيْنَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3395. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ और अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु के दौर में अम वलद (वो लौंडी जिस के साथ उसका मालिक हमबिस्तर हुआ और उस से औलाद पैदा हो गई) की बेअ किया करते थे, जब उमर रदी अल्लाहु अन्हु का दौर आया तो उन्होंने हमें उस से मना किया तो हम रुक गए| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (3954)

٣٣٩٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَعْتَقَ عَبْدًا وَلَهُ مَالٌ فَمَالُ الْعَبْدِ لَهُ إِلَّا أَنْ يَشْتَرِطَ السَّيِّدُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3396. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स गुलाम आज़ाद करे और इस (गुलाम) का माल हो तो गुलाम का माल गुलाम ही का है मगर यह कि आका कोई शर्त तेअ कर ले”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3962) و ابن ماجه (2529)

٣٣٩٧ - (صَحِيح) وَعَن الْمَلِيحِ عَنْ أَبِيهِ: أَنَّ رَجُلًا أَعْتَقَ شِقْصًا مِنْ غُلَامٍ فَذَكَرَ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَيْسَ لِلَّهِ شَرِيكٌ» فَأَجَازَ عتقه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3397. अबू मुलैह अपने वालिद से रिवायत करते हैं, के किसी आदमी ने गुलाम में मौजूद अपने हिस्से को आज़ाद किया तो नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के लिए कोई शरीक नहीं”, आप ﷺ ने इसे मुकम्मल तौर पर आज़ाद करने की तरगीब दिलाई| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3944)

٣٣٩٨ - (جيد) وَعَن سفينة قَالَ: كُنْتُ مَمْلُوكًا لِأُمِّ سَلَمَةَ فَقَالَتْ: أَعْتِقُكَ وَأَشْتَرِطُ عَلَيْكَ أَنْ تَخْدُمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا عِشْتَ فَقُلْتُ: إِنْ لَمْ تَشْتَرِطِي عَلَيَّ مَا فَارَقْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا عِشْتُ فَأَعْتَقَتْنِي وَاشْتَرَطَتْ عَلَيَّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3398. सफीना बयान करते हैं, मैं उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा का गुलाम था, उन्होंने ने फ़रमाया: में तुम्हें आज़ाद करती हो और तुम पर शर्त लगाती हूँ कि तुम जिंदगी भर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत करोगे, मैंने कहा अगर आप मुझ पर शर्त न भी लगाती तब भी में जिंदगी भर रसूलुल्लाह ﷺ से अलग न होता, उन्होंने मुझे आज़ाद कर दिया और मुझ पर शर्त लगा दी| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3932) و مسلم (2526)

٣٣٩٩ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُكَاتَبُ عَبْدٌ مَا بَقِيَ عَلَيْهِ مِنْ مُكَاتبَته دِرْهَم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3399. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने नबी ﷺ से रिवायत किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मकातब पर जब तक मकातबत का एक दिरहम भी बाकी रहता है तो वह गुलाम है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3926)

٣٤٠٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَانَ عِنْدَ [ص:١٠١ مكَاتب إحداكن وَفَاء فلنحتجب

مِنْهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3400. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम्हारे किसी मकातब के पास इस क़दर रकम हो के वह अदा कर सके तो वह (मालिक) उस से परदा करे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1261 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3928) وابن ماجه (2520)

٣٤٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ كَاتَبَ عَبْدَهُ عَلَى مِائَةِ أُوقِيَّةٍ فَأَدَّاهَا إِلَّا عَشْرَ أَوَاقٍ أَوْ قَالَ: عَشَرَةَ دَنَانِيرَ ثُمَّ عَجَزَ فَهُوَ رَقِيقٌ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3401. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अपने गुलाम से सौ उकिय्यह पर मकातबत की, उस के जिम्मे सिर्फ दस उकिय्यह या फ़रमाया दस दीनार बाकी रह गए और वह उन्हें अदा न कर सका तो वह गुलाम है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1260 وقال : غریب) و ابوداؤد (3927) وابن ماجه (2519)

٣٤٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَصَابَ الْمُكَاتَبُ حَدًّا أَوْ مِيرَاثًا وَرِثَ بِحِسَابِ مَا عَتَقَ مِنْهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ قَالَ: «يُودَى الْمُكَاتَبُ بِحِصَّةِ مَا أَدَّى دِيَةَ حر وَمَا بَقِي دِيَة عبد» . وَضَعفه»»
الفص الثَّالِث

3402. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब मकातब दियत या मीरास का मुस्तहक बनता है तो वह अपने आज़ादी के हिसाब से वारिस बनेगा”, और तिरमिज़ी की रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “मकातब को इस हिस्से के मुताबिक दियत दी जाएगी जो उस ने दियते हर अदा की है और जो बच जाए वह या अब्द है”| और इमाम तिरमिज़ी ने इसे जईफ करार दिया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (4582) و الترمذی (1259 وقال : حسن) [و النسائی (8 / 46 ح 4815 ب] * قوله ’’ وضعفه ‘‘ ای : ضعفه البغوی فی مصابیح السنة (2 / 490 ح 2547) و هذا التضعیف مردود

٣٤٠٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي عَمْرَةَ الْأَنْصَارِيِّ: أَنَّ أُمَّهُ أَرَادَتْ أَنْ تَعْتِقَ فَأَخَّرَتْ ذَلِكَ إِلَى أَنْ تُصْبِحَ فَمَاتَتْ قَالَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ: فَقُلْتُ لِلْقَاسِمِ بْنِ مُحَمَّدٍ: أَيَنْفَعُهَا أَنْ أَعْتِقَ عَنْهَا؟ فَقَالَ الْقَاسِمُ: أَتَى سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: " إِنَّ أُمِّي هَلَكَتْ فَهَلْ يَنْفَعُهَا أَنْ أَعْتِقَ عَنْهَا؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نعم» . رَوَاهُ مَالك

3403. अब्दुल रहमान बिन अबी उमरह अंसारी से रिवायत है के उनकी वालिदा ने गुलाम आज़ाद करने का इरादा किया तो उन्होंने इसे सुबह तक मोअख़्ख़र कर दिया, सो वह फौत हो गई, अब्दुल रहमान बयान करते हैं, मैंने कासिम बिन मुहम्मद से कहा: अगर मैं इन की तरफ से गुलाम आज़ाद कर दूँ तो किया इन्हें फ़ायदा होगा ? कासिम ने कहा सईद बिन

अब्बाद (र), रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने अर्ज़ किया, मेरी वालिदा फौत हो गई है, अगर मैं इन की तरफ से गुलाम आज़ाद करूँ तो किया इन्हें फ़ायदा होगा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ"| (हसन)

حسن ، رواہ مالک (2 / 779 ح 1555) * قاسم بن محمد لم یدرک عبادۃ و للحدیث شواھد عند البخاری (2761) و مسلم (1638) و النسائی (3689 3694) و غیرھم بالفاظ أخری غیر ذکر العتیق ، وله شاھد تقدم (3077)

٣٤٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَحْيَى بْنِ سَعِيدٍ قَالَ: تُوُفِّيَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ أَبِي بَكْرٍ فِي نَوْمٍ نَامَهُ فَأَعْتَقَتْ عَنْهُ عَائِشَةُ أُخْتُهُ رِقَابًا كَثِيرَةً. رَوَاهُ مَالك

3404. याह्या बिन सईद बयान करते हैं, अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु हालते नींद ही में वफात पा गए तो उनकी बहन आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने उनकी तरफ से बहोत से गुलाम आज़ाद किए| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ مالک (2 / 779 ح 1556) * السند منقطع

٣٤٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اشْتَرَى عَبْدًا فَلَمْ يَشْتَرِطْ مَاله فَلَا شَيْء لَهُ» . رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3405. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने कोई गुलाम खरीदा इस (गुलाम) के माल की शर्त काइम न की तो इस (खरीदने वाले) के लिए (इस के माल से) कुछ भी नहीं मिलेगा"| (सहीह)

صحیح ، رواہ البخاری (2 / 253 ح 2564) * الزھری مدلس و عنعن و للحدیث شواھد عند عبداللہ بن احمد (3 / 309) و ابی داود (3962 ، 3947) و البخاری و مسلم و غیرھم ، وبھا صح الحدیث

कसमों और नज़रों का बयान — كتاب الْإِيمَان وَالنُّذُور

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول

٣٤٠٦ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَكْثَرُ مَا كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يحلف: «لَا ومقلب الْقُلُوب» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3406. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ज़्यादातर उन अल्फाज़ के साथ क़सम उठाया करते थे: "दिलों के फेरने वाले की क़सम!"| (बुखारी)

رواہ البخاری (7391)

٣٤٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ يَنْهَاكُمْ أَنْ تَحْلِفُوا بِآبَائِكُمْ مَنْ كَانَ حَالِفًا فَلْيَحْلِفْ بِاللَّهِ أَوْ ليصمت»

3407. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह तुम्हें अपने बाप दादा की कस्मे उठाने से मना फरमाता है, जिस ने क़सम उठानी हो वह अल्लाह की क़सम! उठाए या फिर ख़ामोश रहे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6646) و مسلم (3 / 1646)، (4257)

٣٤٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَحْلِفُوا بِالطَّوَاغِي وَلَا بِآبَائِكُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

3408. अब्दुल रहमान बिन समुरह रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बुतों और अपने बाप दादा के नामों की कस्मे मत उठाओ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (6 / 1648)، (4262)

٣٤٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ حَلَفَ فَقَالَ فِي حَلِفِهِ: بِاللَّاتِ وَالْعُزَّى فَلْيَقُلْ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ. وَمَنْ قَالَ لِصَاحِبِهِ: تَعَالَ أقامرك فليتصدق "

3409. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस ने लात व उज्ज़ा (बुतों) की क़सम उठाई तो उसे “لَا اِلٰهَ اِلَّا اللهُ” पढ़ना चाहिए और जिस ने अपने साथी से कहा आओ में तुम्हारे साथ जुआ खेलूं तो उसे सदका करना चाहिए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6650) و مسلم (5 / 1647)، (4260)

٣٤١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ ثَابِتِ بْنِ الضَّحَّاكِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَلَفَ عَلَى مِلَّةٍ غَيْرِ الْإِسْلَامِ كَاذِبًا فَهُوَ كَمَا قَالَ وَلَيْسَ عَلَى ابْنِ آدَمَ فِيمَا لَا يَمْلِكُ [ص:١٠١ وَمَنْ قَتَلَ نَفْسَهُ بِشَيْءٍ فِي الدُّنْيَا عُذِّبَ بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنْ لَعَنَ مُؤْمِنًا فَهُوَ كَقَتْلِهِ وَمَنْ قَذَفَ مُؤْمِنًا بِكُفْرٍ فَهُوَ كَقَتْلِهِ وَمَنِ ادَّعَى دَعْوَى كَاذِبَةً لِيَتَكَثَّرَ بِهَا لَمْ يَزِدْهُ اللَّهُ إِلَّا قِلَّةً»

3410. साबित बिन ज़िहाक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने इस्लाम के अलावा किसी और मिल्लत पर झूठी क़सम उठाई तो वह वैसा ही है जैसा उस ने कहा, और इब्ने आदम पर ऐसी चीज़ की नज़र पूरी करना वाजिब नहीं जिस का वह मालिक नहीं, जिस ने किसी चीज़ के साथ अपने आप को दुनिया में क़त्ल किया तो रोज़ ए क़यामत इसे इसी के साथ अज़ाब दीया जाएगा, किसी मोमिन पर लानत करना इसे क़त्ल करने के बराबर है, जिस ने किसी मोमिन शख़्स पर कुफ्र का बोहतान लगाया तो वह ऐसे है जैसे उस ने इसे क़त्ल कर दिया और जिस ने माल बढ़ाने

की खातिर झूठा दावा किया तो अल्लाह उस की तंग दस्ती में इज़ाफा फरमाता है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6047) و مسلم (176 / 110)، (302)

٣٤١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنِّي وَاللَّهِ إِنْ شَاءَ اللَّهُ لَا أَحْلِفُ عَلَى يَمِينٍ فَأَرَى غَيْرَهَا خَيْرًا مِنْهَا إِلَّا كَفَّرْتُ عَنْ يَمِينِي وَأَتَيْتُ الَّذِي هُوَ خَيْرٌ»

3411. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की क़सम! अगर में किसी बात पर क़सम उठालूँ और फिर उस का गैर उस से बेहतर जानू तो इंशाअल्लाह में अपनी कसम का कफ्फारा दूंगा और उस से बेहतर को इख़्तियार कर लूँगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6718) و مسلم (7 / 1649)، (4263)

٣٤١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ سَمُرَةَ لَا تَسْأَلِ الْإِمَارَةَ فَإِنَّكَ إِنْ أُوتِيتَهَا عَنْ مَسْأَلَةٍ وُكِلْتَ إِلَيْهَا وَإِنْ أُوتِيتَهَا عَنْ غَيْرِ مَسْأَلَةٍ أُعِنْتَ عَلَيْهَا وَإِذَا حَلَفْتَ عَلَى يَمِينٍ فَرَأَيْتَ غَيْرَهَا خَيْرًا مِنْهَا فَكَفِّرْ عَنْ يَمِينِكَ وَأْتِ الَّذِي هُوَ خَيْرٌ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَأْتِ الَّذِي هُوَ خير وَكفر عَن يَمِينك»

3412. अब्दुल रहमान बिन समुरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अब्दुल रहमान बिन समुरह! अमारत मत तलब करना, अगर वह तुम्हें तुम्हारी तलब पर दे दी गई तो तुम उस के सुपुर्द कर दिए जाओगे और अगर वह तलब किए बगैर तुम्हें दे दी गई तो उस पर तुम्हारी मदद की जाएगी, और जब तुम किसी चीज़ पर क़सम उठा लो और फिर तुम उस के गैर को बेहतर जानो तो अपनी कसम का कफ्फारा अदा कर दो और जो बेहतर हो इसे इख़्तियार कर लो"| और एक दूसरी रिवायत में है: "जो बेहतर है उसे इख़्तियार कर लो और अपने कसम का कफ्फारा अदा करो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7146 7147) و مسلم (19 / 1652)، (4281)

٣٤١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ حَلَفَ عَلَى يَمِينٍ فَرَأَى خَيْرًا مِنْهَا فَلْيُكَفِّرْ عَنْ يَمِينِهِ وليفعل» . رَوَاهُ مُسلم

3413. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी चीज़ पर क़सम उठाए और वह उस से बेहतर चीज़ जान ले तो वह अपनी कसम का कफ्फारा अदा करे और जो बेहतर चीज़ है वह करे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1650)، (4272)

٣٤١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَاللَّهِ لَأَنْ يَلَجَّ أَحَدُكُمْ بِيَمِينِهِ فِي أَهْلِهِ آثَمُ لَهُ عِنْدَ الله نم أَنْ

يُعْطِيَ كَفَّارَتَهُ الَّتِي افْتَرَضَ اللَّهُ عَلَيْهِ»

3414. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की क़सम! तुम्हारा अपने इस क़सम पर इसरार करना जो अपने घरवालो के मुत्तल्लिक हो, अल्लाह के नज़दीक क़सम तोड़ने से ज़्यादा गुनाह रखता है जिस का कफ्फारा अदा करना अल्लाह ने उस पर फ़र्ज़ किया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6625) و مسلم (26 / 1655)، (4291)

٣٤١٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَمِينُكَ عَلَى مَا يُصَدِّقُكَ عَلَيْهِ صَاحبك» . رَوَاهُ مُسلم

3415. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारी कसम का वही मफ्हूम मोतबर होगा जिस पर तेरा साथी (कसम तलब करने वाला) तुम्हें सच्चा जाने”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (20 / 1653)، (4283)

٣٤١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْيَمِينُ عَلَى نِيَّةِ الْمُسْتَحْلِفِ» . رَوَاهُ مُسلم

3416. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़सम, क़सम तलब करने वाले की नियत पर मोतबर होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (21 / 1653)، (4284)

٣٤١٧ - (صَحِيح) عَن عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: أُنْزِلَتْ هَذِهِ الْآيَةُ: (لَا يُؤَاخِذُكُمُ اللَّهُ بِاللَّغْوِ فِي أَيْمَانِكُمْ)»» فِي قَوْلِ الرَّجُلِ: لَا وَاللَّهِ وَبَلَى وَاللَّهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ لَفْظُ الْمَصَابِيحِ وَقَالَ: رَفَعَهُ بَعْضُهُمْ عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ

3417. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, यह आयत “अल्लाह तुम से लग्व कसम का मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं करेगा इस आदमी के बारे में नाज़िल हुई जो (आदत के तौर पर) कहता है (لا والله)! और (بلیٰ والله)! (“नहीं, नहीं, अल्लाह की क़सम” हाँ हां अल्लाह की क़सम”) | और शरह सुन्ना में मसाबिह के यही अल्फाज़ है और इमाम बगवी ने फ़रमाया: बाज़ मुहद्दीसिन ने इसे आयशा (रअ) से मरफुअ बयान किया है| (बुखारी)

رواه البخاری (6663) و البغوی فی شرح السنة (10 / 11 ح 2434)

कसमों और नज़रों का बयान • كتاب الْإِيمَان وَالنُّذُور

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٤١٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَحْلِفُوا بِآبَائِكُمْ وَلَا بِأُمَّهَاتِكُمْ وَلَا بِالْأَنْدَادِ وَلَا تَحْلِفُوا بِاللَّهِ إِلَّا وَأَنْتُمْ صَادِقُونَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ

3418. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने बाप दादा और अपने माओ की कस्मे मत उठाओ और ना ही अपने बुतों की, और अल्लाह की क़सम! भी सिर्फ इस सूरत में उठाओ जब तुम सच्चे हो”| (सहीह)

صحيح ، رواہ ابوداؤد (3248) و النسائی (7 / 5 ح 3800)

٣٤١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ حَلَفَ بِغَيْرِ اللَّهِ فَقَدْ أَشْرَكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3419. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना: “जिस ने अल्लाह के अलावा किसी की क़सम उठाई, उस ने शिर्क किया”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الترمذی (1535 وقال : حسن)

٣٤٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَلَفَ بِالْأَمَانَةِ فَلَيْسَ منا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3420. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने अमानत की क़सम उठाई तो वह हम में से नहीं”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (3253)

٣٤٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَالَ: إِنِّي بَرِيءٌ مِنَ الْإِسْلَامِ فَإِنْ كَانَ كَاذِبًا فَهُوَ كَمَا قَالَ وَإِنْ كَانَ صَادِقًا فَلَنْ يَرْجِعَ إِلَى الْإِسْلَامِ سَالِمًا ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

3421. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स क़सम उठाते वक़्त यह कहता है के मुआमला ऐसा हुआ तो में इस्लाम से बेज़ार व ला ताअल्लूक हूँ अगर वह झूठा है तो वह वैसा ही है जैसा उस ने कहा,

और अगर वह सच्चा है तो वह सालिम तौर पर इस्लाम की तरफ नहीं लौटेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3258) و النسائی (7 / 6 ح 3803) و ابن ماجه (2100)

٣٤٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا اجْتَهَدَ فِي الْيَمِينِ قَالَ: «لَا وَالَّذِي نفس أَبُو الْقَاسِم بِيَدِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3422. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ताकीद के साथ क़सम उठाते तो यूँ फरमाते: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में अबुल कासिम की जान है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3264) * عکرمة بن عمار عنعن و عاصم بن شمیخ حسن الحدیث و ثقه الامام المعتدل العجلی و ابن حبان

٣٤٢٣ - (ضَعِيف) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: كَانَتْ يَمِينُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا حَلَفَ: «لَا وَأَسْتَغْفِرُ اللَّهَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3423. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ क़सम उठाते तो यूँ फरमाते: “नहीं! और मैं अल्लाह से मगफिरत तलब करता हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3265) و ابن ماجه (2093) * هلال بن ابی هلال المدنی : مستور و ثقه ابن حبان وحده و قال الذهبی :’’ لا یعرف ‘‘

٣٤٢٤ - (صَحِيح) مَرْفُوع وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله ليه وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ حَلَفَ عَلَى يَمِينٍ فَقَالَ: إِنْ شَاءَ اللَّهُ فَلَا حِنْثَ عَلَيْهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَذَكَرَ التِّرْمِذِيُّ جَمَاعَةً وَقَفُوهُ عَلَى ابْنِ عُمَرَ

3424. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स क़सम उठाए और इंशाअल्लाह कहे तो उस पर कोई गुनाह नहीं”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, इब्ने माजा दारमी| और इमाम तिरमिज़ी ने मुहद्दीसिन की एक जमाअत का ज़िक्र किया जिस ने इसे इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा पर मौक़ूफ करार दिया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1531 وقال :: حسن) و ابوداؤد (3261) و النسائی (7 / 25 ح 3859) و ابن ماجه (2105) و الدارمی (2 / 185 ح 2347 (2348

कसमों और नज़रों का बयान • كتاب الْإِيمَان وَالنُّذُور
तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٤٢٥ - عَن أَبِي الْأَحْوَصِ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ ابْنَ عَم لي آتيه فَلَا يُعْطِينِي وَلَا يَصِلُنِي ثُمَّ يَحْتَاجُ إِلَيَّ فَيَأْتِينِي فَيَسْأَلُنِي وَقَدْ حَلَفْتُ أَنْ لَا أُعْطِيَهُ وَلَا أَصِلَهُ فَأَمَرَنِي أَنْ آتِيَ الَّذِي هُوَ خَيْرٌ وَأُكَفِّرَ عَنْ يَمِينِي. رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ يَأْتِينِي ابْنُ عَمِّي فَأَحْلِفُ أَنْ لَا أُعْطِيَهُ وَلَا أَصِلَهُ قَالَ: «كَفِّرْ عَنْ يَمِينِكَ»

3425. अबू अल अह्वस ऑफ बिन मालिक अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के मेरा चचाज़ाद है, मैं उस के पास जाता हूँ और उस से कोई चीज़ मांगता हूँ तो वह मुझे न तो चीज़ देता है और न मुझ से ताल्लुक जोड़ता है, फिर इसे मेरी ज़रूरत पड़ती है तो वह मेरे पास आता है और मुझ से कोई चीज़ मांगता है जबकि में क़सम उठा चूका हूँ कि में उसे कोई चीज़ नहीं दूंगा और न उस से सिलह रहमी करूँगा, आप ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया के “मैं इस चीज़ को इख़्तियार करू जो बेहतर है और अपने कसम का कफ्फारा अदा करू”| और एक रिवायत में है रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरा चचाज़ाद मेरे पास आता है, और मैं हलफ उठाता हूँ की मैं उस को कुछ नहीं दूंगा और ना ही उस से सिलह रहमी करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपनी कसम का कफ्फारा अदा करो”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائی (7 / 11 ح 3819) و ابن ماجه (2109)

नज़रों का बयान • بَاب فِي النذور
पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٤٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ وَابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَنْذُرُوا فَإِنَّ النَّذْرَ لَا يُغْنِي مِنَ الْقَدَرِ شَيْئًا وَإِنَّمَا يُسْتَخْرَجُ بِهِ من الْبَخِيل»

3426. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु और इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नज़र न मानो क्योंकि नज़र तकदीर के मुआमला में कोई फ़ायदा नहीं देती, अलबत्ता उस के ज़रिए बखील से (इस का माल) निकाला जाता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6609) و مسلم (5 / 1640)، (4241)

٣٤٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ نَذَرَ أَنْ يُطِيعَ اللَّهَ فَلْيُطِعْهُ وَمَنْ نَذَرَ أَنْ يَعْصِيَهُ فَلَا يَعْصِهِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3427. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की इताअत की नज़र मानता है तो वह इसे पूरा करे और जो शख़्स उस की नाफ़रमानी की नज़र मानता है तो वह इसे पूरा न करे”| (बुखारी)

رواه البخارى (6696)

٣٤٢٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا وَفَاءَ لِنَذْرٍ فِي مَعْصِيَةٍ وَلَا فِيمَا لَا يَمْلِكُ الْعَبْدُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي رِوَايَةٍ: «لَا نَذْرَ فِي مَعْصِيّة الله»

3428. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नाफ़रमानी की नज़र पूरी नहीं करनी चाहिए और न इस चीज़ की जो इन्सान के बस में नहीं”| और एक रिवायत में है: “अल्लाह की नाफ़रमानी में कोई नज़र नहीं‘‘| (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 1641)، (4245)

٣٤٢٩ - (صَحِيح) وَعَن عقبَة بن عَامر عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَفَّارَةُ النَّذْرِ كَفَّارَةُ الْيَمِينِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3429. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नज़र का कफ्फारा कसम के कफ्फारे की तरह है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 1645)، (4253)

٣٤٣٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: بَيْنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ إِذا هُوَ بِرَجُل قَائِم فَسَأَلَهُ عَنْهُ فَقَالُوا: أَبُو إِسْرَائِيلَ نَذَرَ أَنْ يَقُومَ وَلَا يَقْعُدَ وَلَا يَسْتَظِلَّ وَلَا يَتَكَلَّمَ وَيَصُومَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مُرُوهُ فَلْيَتَكَلَّمْ وَلْيَسْتَظِلَّ وَلْيَقْعُدْ وَلْيُتِمَّ صَوْمَهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3430. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, इस दौरान के रसूलुल्लाह ﷺ खुत्बा इरशाद फरमा रहे थे एक आदमी खड़ा दिखाई दिया, आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया तो सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अबू इसराइल है उस ने नज़र मानी है के वह खड़ा रहेगा, बैठेगा नहीं, वह ना साये में बैठेगा न कलाम करेगा और वह रोज़ा रखेगा, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे हुक्म दो की वह कलाम करे, साये में बैठे और अपना रोज़ा पूरा करे”| (बुखारी)

رواه البخارى (6704)

٣٤٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى شَيْخًا يُهَادَى بَيْنَ ابْنَيْهِ فَقَالَ: «مَا بَالُ هَذَا؟» قَالُوا: نَذَرَ أَنْ يَمْشِيَ إِلَى بَيت الله قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى عَنْ تَعْذِيبِ هَذَا نَفسه لَغَنِيٌّ» . وَأمره أَن يركب

3431. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक बुढ़ा शख़्स को देखा के इसे अपने दो बेटो के सहारे चलाया जा रहा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस को क्या हुआ ?” उन्होंने बताया की उस ने पैदल चल कर बैतुल्लाह जाने की नज़र मानी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तआला उस से बेनियाज़ है के यह अपने जान को मशक्कत में डाले”, और आप ने इसे सवार होने का हुक्म फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1865) و مسلم (9 / 1642)، (4247)

٣٤٣٢ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: «ارْكَبْ أَيُّهَا الشَّيْخُ فَإِنَّ اللَّهَ غَنِيٌّ عَنْكَ وَعَن نذرك»

3432. और मुस्लिम की रिवायत में है अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बुजुर्गवार सवार हो जाओ क्योंकि अल्लाह तुम से और तुम्हारी नज़र से बेनियाज़ है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 1643)، (4248)

٣٤٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ سَعْدَ بن عبَادَة رَضِي الله عَنْهُم اسْتَفْتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي نَذْرٍ كَانَ عَلَى أُمِّهِ فَتُوُفِّيَتْ قَبْلَ أَنْ تَقْضِيَهُ فَأَفْتَاهُ أَنْ يَقْضِيَهُ عَنْهَا

3433. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के सईद बिन अब्बाद रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से इस नज़र के मुत्तल्लिक जो उनकी वालिदा के ज़िम्मा थी लेकिन वह इसे पूरा करने से पहले वफात पा गई, मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने उन्हें उन (की वालिदा) की तरफ से इसे अदा करने का फतवा दीया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6698) و مسلم (1 / 1638)، (4235)

٣٤٣٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ مِنْ تَوْبَتِي أَنْ أَنْخَلِعَ مِنْ مَالِي صَدَقَةً إِلَى اللَّهِ وَإِلَى رَسُولِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمْسِكْ بَعْضَ مَالِكَ فَهُوَ خَيْرٌ لَكَ» . قُلْتُ: فَإِنِّي أُمْسِكُ سَهْمِي الَّذِي بِخَيْبَر. وَهَذَا طرف من حَدِيث مطول

3434. काब बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरी तौबा का यह तकाज़ा है की मैं अपना सारा माल अल्लाह और उस के रसूल के लिए सदका कर दूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपना कुछ माल रख लो वह तुम्हारे लिए बेहतर है”, मैंने अर्ज़ किया: में अपना खैबर वाला हिस्सा रोक लेता हूँ”| बुखारी, मुस्लिम, और यह एक लम्बी हदीस का कुछ हिस्सा है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6690) و مسلم (53 / 2769)، (7016)

باب فِي النذور • नज़रों का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٤٣٥ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا نَذْرَ فِي مَعْصِيَةٍ وَكَفَّارَتُهُ كَفَّارَةُ الْيَمِينِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

3435. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "नाफ़रमानी में कोई नज़र नहीं और उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारा की तरह है"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3292) و الترمذی (1524 وقال : لا یصح) و النسائی (7 / 26 ح 3865) * و للحدیث شواھد وھو بھا صحیح

٣٤٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ نَذَرَ نَذْرًا لم يسمه فَكَفَّارَتُهُ كَفَّارَةُ يَمِينٍ. وَمَنْ نَذَرَ نَذْرًا لَا يُطِيقُهُ فَكَفَّارَتُهُ كَفَّارَةُ يَمِينٍ. وَمَنْ نَذَرَ نَذْرًا أَطَاقَهُ فَلْيَفِ بِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه وَوَقفه بَعضهم على ابْن عَبَّاس

3436. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने किसी चिज़ का नाम लिए बगैर नज़र मानी तो उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारे की तरह है, जिस ने नाफ़रमानी की नज़र मानी तो उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारे की तरह है, जिस ने किसी ऐसी चीज़ की नज़र मानी जिस की वह ताकत नहीं रखता तो उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारे की तरह है, और जिस ने कोई ऐसी नज़र मानी जिस की वह ताकत रखता है तो वह इसे पूरा करे"| अबू दावुद, इब्ने माजा और बाज़ ने इसे इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा पर मौकूफ करार दिया है| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (3322) و ابن ماجہ (2128)

٣٤٣٧ - (صَحِيح) وَعَن ثَابت بن الضَّحَّاك قَالَ: نَذَرَ رَجُلٌ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَنْحَرَ إِبِلًا بِبُوَانَةَ فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ كَانَ فِيهَا وَثَنٌ مِنْ أَوْثَانِ الْجَاهِلِيَّةِ يُعْبَدُ؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «فَهَلْ كَانَ فِيهِ عِيدٌ مِنْ أَعْيَادِهِمْ؟» قَالُوا: لَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أوف بِنَذْرِك فَإِنَّهُ لَا وَفَاءَ لِنَذْرٍ فِي مَعْصِيَةِ اللَّهِ وَلَا فِيمَا لَا يَمْلِكُ ابْنُ آدَمَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3437. साबित बिन ज़िहाक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में बवाना के मक़ाम पर ऊंट जिबह करने की नज़र मानी तो वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप ﷺ को (इस के मुत्तल्लिक) बताया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क्या वहां दौरे जाहिलियत का कोई बुत था जिस की पूजा की जाती हो ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या वहां उनकी इदो में से कोई ईद थी ?" उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं ?, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अपनी नज़र पूरी करो क्योंकि अल्लाह की नाफ़रमानी में नज़र पूरी करना ज़रूरी नहीं

और न उस में जिस का इन्सान मालिक नहीं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3313)

٣٤٣٨ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جده رَضِي الله عَنهُ أَنَّ امْرَأَةً قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي نَذَرْتُ أَنْ أَضْرِبَ عَلَى رَأْسِكَ بِالدُّفِّ قَالَ: «أَوْفِي بِنَذْرِكِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَزَادَ رَزِينٌ: قَالَتْ: وَنَذَرْتُ أَنْ أَذْبَحَ بِمَكَانِ كَذَا وَكَذَا مَكَانٌ يَذْبَحُ فِيهِ أَهْلُ الْجَاهِلِيَّةِ فَقَالَ: «هَلْ كَانَ بِذَلِكِ الْمَكَانِ وَثَنٌ مِنْ أَوْثَانِ الْجَاهِلِيَّةِ يُعْبَدُ؟» قَالَتْ: لَا قَالَ: «هَلْ كَانَ فِيهِ عِيدٌ مِنْ أَعْيَادِهِمْ؟» قَالَتْ: لَا قَالَ: « أَوْفِي بِنَذْرِك»

3438. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की एक औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने नज़र मानी है की मैं आप की मौजूदगी में दफ बजाऊँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने नज़र पूरी करो”| और रजिन ने यह इज़ाफा नकल किया, इस (औरत) ने अर्ज़ किया, मैंने फलां फलां जगह जहाँ अहल ए जाहिलियत जिबह करते थे, जिबह करने की नज़र मानी है तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या इस जगह जाहिलियत का कोई बुत था जिस की पूजा की जाती थी ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या इस जगह उनकी कोई ईद थी ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने नज़र पूरी करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3312) و رزين (لم اجده) * و اصله عند ابى داود بالاختصار و رواه ابوداؤد (3313) قريبًا من لفظ المصنف عن ثابت بن الضحاک رضی الله عنه ، انظر الحديث السابق

٣٤٣٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي لبَابَة: أَنَّهُ قَالَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: إِنَّ مِنْ تَوْبَتِي أَنْ أَهْجُرَ دَارَ قَوْمِي الَّتِي أَصَبْتُ فِيهَا الذَّنْبَ وَأَنْ أَنْخَلِعَ مِنْ مَالِي كُلِّهِ صَدَقَةً قَالَ: «يُجْزِئُ عَنْكَ الثُّلُثُ» . رَوَاهُ رزين

3439. अबू लुबाब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, मेरी तौबा (के इत्माम में) से है की मैं अपनी आबाई जगह से हिजरत कर जाऊ जहाँ मैंने गुनाह किया था और मैं अपना सारा माल सदका कर दूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारी तरफ से एक तिहाई काफी है”| (हसन)

حسن ، رواه رزين (لم اجده) * وله شواهد عند ابى داود (3319) وغيره

٣٤٤٠ - (صَحِيح) وَعَن جَابر بن عبد الله: أَنَّ رَجُلًا قَامَ يَوْمَ الْفَتْحِ فَقَالَ: يَا رَسُول الله لِلَّهِ عَزَّ وَجَلَّ إِنْ فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْكَ مَكَّةَ أَنْ أُصَلِّيَ فِي بَيْتِ الْمَقْدِسِ رَكْعَتَيْنِ قَالَ: «صلى الله عَلَيْهِ وَسلم هَهُنَا» ثمَّ عَاد فَقَالَ: «صل هَهُنَا» ثُمَّ أَعَادَ عَلَيْهِ فَقَالَ: «شَأْنَكَ إِذًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي

3440. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के फतह मक्का के रोज़ एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने अल्लाह अज्ज़वजल के लिए नज़र मानी थी के अगर अल्लाह आप ﷺ को मक्का में फतह

अता फरमाए तो मैं बैतूल मकदस में दो रकते पढ़ूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: यहीं (बैतुल्लाह में) पढ़ लो”, उस ने फिर यही बात दोहराई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: यहीं पढ़ लो”, उस ने फिर यही बात दोहराई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तब तेरी मर्ज़ी है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3305) و الدارمى (2 / 184 185 ح 2344)

٣٤٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ أُخْتَ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ نَذَرَتْ أَنْ تَحُجَّ مَاشِيَةً وَأَنَّهَا لَا تطِيق ذَلِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لَغَنِيٌّ عَنْ مَشْيِ أُخْتِكَ فَلْتَرْكَبْ وَلْتُهْدِ بَدَنَةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لِأَبِي دَاوُدَ: فَأَمَرَهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ تَرْكَبَ وَتُهْدِيَ هَدْيًا وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لَا يَصْنَعُ بِشَقَاءِ أُخْتِكَ شَيْئًا فَلْتَرْكَبْ ولتحج وتكفر يَمِينهَا»

3441. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु की बहन ने पैदल हज करने की नज़र मानी जबके वह उस की ताकत नहीं रखती थी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तेरी बहन के पैदल चलने से बेनियाज़ है, वह सवार हो और कुर्बानी करे”| और अबू दावुद की एक रिवायत में है नबी ﷺ ने उस को हुक्म फ़रमाया के वह सवारी करे और कुर्बानी करे| और इन्ही की एक रिवायत में है नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तेरी बहन को मशक्कत व थकावट में डाल कर किया करेगा, वह सवारी करे, हज करे और अपनी कसम का कफ्फारा अदा करे”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2297) و الرواية الثانية له : 3292 الرواية الثانية :3295) و الدارمى (2 / 183 ح 2340)

٣٤٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَالِكٍ أَنَّ عُقْبَةَ بن عَامر سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أُخْتٍ لَهُ نَذَرَتْ أَنْ تَحُجَّ حَافِيَةً غَيْرَ مُخْتَمِرَةٍ فَقَالَ: «مُرُوهَا فَلْتَخْتَمِرْ [ص:١٠٢ وَلْتَرْكَبْ وَلْتَصُمْ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

3442. अब्दुल्लाह बिन मालिक से रिवायत है के उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु ने अपनी बहन के मुत्तल्लिक नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया के उस ने नंगे पाँव नंगे सर हज करने की नज़र मानी है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे हुक्म दो की वह सर पर कपड़ा ले, सवारी करे और तीन रोज़े रखे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3293) و الترمذى (1544 وقال : حسن) و النسائى (7 / 20 ح 3846) و ابن ماجه (2134) و الدارمى (2 / 183 ح 2339) * عبيد الله بن زحر : ضعفه الجمهور و تابعه بكر بن سوادة عند احمد (4 / 147) و فى السند اليه ابن لهيعة وهو ضعيف لسوء حفظه بعد اختلاطه

٣٤٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعيد بن الْمسيب: أَنَّ أَخَوَيْنِ مِنَ الْأَنْصَارِ كَانَ بَيْنَهُمَا مِيرَاثٌ فَسَأَلَ أَحَدُهُمَا صَاحِبَهُ الْقِسْمَةَ فَقَالَ: إِنْ عُدْتَ تَسْأَلُنِي الْقِسْمَةَ فَكُلُّ مَالِي فِي رِتَاجِ الْكَعْبَةِ فَقَالَ لَهُ عُمَرُ: إِنَّ الْكَعْبَةَ غَنِيَّةٌ عَنْ مَالِكَ كَفِّرْ عَنْ يَمِينِكَ وَكَلِّمْ أَخَاكَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَمِينَ عَلَيْكَ وَلَا نَذْرَ فِي مَعْصِيَةِ الرَّبِّ وَلَا فِي قَطِيعَةِ الرَّحِمِ وَلَا فِيمَا لَا يملك » . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3443. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के अंसार के दो भाइयो के दरमियान मीरास थी, उन में से एक ने अपने साथी से तकसीम का मुतालबा किया तो उस ने कहा: अगर तुमने दोबारा मुझ से तकसीम का मुतालबा किया तो मेरा सारा माल

काबा के इखराजात के लिए वक्फ़ है, तो उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने इसे फ़रमाया काबा को तेरे माल की ज़रूरत नहीं, अपनी कसम का कफ्फारा अदा कर और अपने भाई से कलाम कर, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना है “रब की नाफ़रमानी, कतअ रहमी और इस चीज़ के बारे में जिसका तू मालिक नहीं तुझ पर न तो कोई नज़र है और न क़सम”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3272) [و صححه الحاکم (4 / 300) و وافقه الذھبی]

بَاب فِي النذور • नज़रों का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٤٤٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " النَّذْرُ نَذْرَانِ: فَمَنْ كَانَ نَذَرَ فِي طَاعَةٍ فَذَلِكَ لِلَّهِ فِيهِ الْوَفَاءُ وَمَنْ كَانَ نَذَرَ فِي مَعْصِيَةٍ فَذَلِكَ لِلشَّيْطَانِ وَلَا وَفَاء فِيهِ وَيُكَفِّرُهُ مَا يُكَفِّرُ الْيَمِينَ ". رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3444. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “नज़र की दो किस्मे है, जो शख़्स इताअत में नज़र मानी तो नज़र अल्लाह के लिए है और इसे पूरा करना है, और जिस ने नाफ़रमानी में नज़र मानी तो वह शैतान के लिए है के पूरी नहीं करनी चाहिए, और वह उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारा की मिस्ल अदा करे”| (सहीह)

صحیح ، رواه النسائی (7 / 28 29 ح 3876)

٣٤٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ الْمُنْتَشِرِ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا نَذَرَ أَنْ يَنْحَرَ نَفْسَهُ إِنْ نَجَّاهُ اللَّهُ مِنْ عَدُوِّهِ فَسَأَلَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ لَهُ: سَلْ مَسْرُوقًا فَسَأَلَهُ فَقَالَ لَهُ: لَا تَنْحَرْ نَفْسَكَ فَإِنَّكَ إِنْ كُنْتَ مُؤْمِنًا قَتَلْتَ نَفْسًا مُؤْمِنَةً وَإِنْ كُنْتَ كَافِرًا تَعَجَّلْتَ إِلَى النَّارِ وَاشْتَرِ كَبْشًا فَاذْبَحْهُ لِلْمَسَاكِينِ فَإِنَّ إِسْحَاقَ خَيْرٌ مِنْكَ وَفُدِيَ بِكَبْشٍ فَأَخْبَرَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ: هَكَذَا كُنْتُ أَرَدْتُ أَنْ أُفْتِيَكَ. رَوَاهُ رَزِينٌ

3445. मुहम्मद बिन मुन्तशर बयान करते हैं, की एक आदमी ने नज़र मानी के अगर अल्लाह ने इसे उस के दुश्मन से निजात दी तो वह अपने आप को जिबह करेगा, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से इस बारे में दरियाफ्त किया गया तो उन्होंने इसे फ़रमाया, मसरुक से पूछो, उस ने उन से पूछा तो उन्होंने ने फ़रमाया: अपने आप को जिबह न करो, क्योंकि अगर तुम मोमिन हो तो तुमने एक मोमिन की जान को क़त्ल किया, और अगर तुम काफ़िर हो तो तुमने आग में जाने की जल्दी की, एक मेंढा खरीदो और इसे मसाकिन के लिए जिबह करो, क्योंकि इसहाक अलैहिस्सलाम तुम से बेहतर थे और उन के फिदिया में एक मेंढा दिया गया, जब इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा को बताया गया तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैं भी तुम्हें इसी तरह का फतवा देने का इरादा रखता था| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزین (لم اجده) * ولاصل الحدیث شواھد ضعیفة عند الطبرانی فی الکبیر (11 / 354 ح 11995) و عبدالرزاق (11 / 186 ح 11443 ، 15905) وغیرھما عن ابن عباس بغیر ھذا اللفظ مختصرًا

किसास का बयान • كتاب الْقصاص

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٤٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ إِلَّا بِإِحْدَى ثَلَاثٍ: النَّفْسُ بِالنَّفْسِ وَالثَّيِّبُ الزَّانِي وَالْمَارِقُ لدينِهِ التَّارِكُ للجماعةِ "

3446. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान शख़्स यह गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं अल्लाह का रसूल हूँ तो उस का खून (यानी क़त्ल करना) फ़क़त तीन सूरतो की वजह से हलाल है, जान के बदले जान (कातिल को क़त्ल करना) शादी शुदा ज़ानि और दीन से मुरतद हो कर जमाअत छोड़ने वाला”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6878) و مسلم (25 / 1676)، (4375)

٣٤٤٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يَزَالَ الْمُؤْمِنُ فِي فُسْحَةٍ مِنْ دِينِهِ مَا لَمْ يُصِبْ دَمًا حَرَامًا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3447. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन अपने दीन में बढ़ता रहता है जब तक के किसी हराम खून का इर्तिकाब न करे”| (बुखारी)

رواه البخاری (6862)

٣٤٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوَّلُ مَا يُقْضَى بَيْنَ النَّاسِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِي الدِّمَاءِ»

3448. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत लोगो के दरमियान सबसे पहले खुनो (क़त्ल) के बारे में फैसला किया जाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6864) و مسلم (28 / 1678)، (4381)

٣٤٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمِقْدَادِ بْنِ الْأَسْوَدِ أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْت إِنْ لَقِيتُ رَجُلًا مِنَ الْكُفَّارِ فَاقْتَتَلْنَا فَضَرَبَ إِحْدَى يَدَيَّ بِالسَّيْفِ فقطعهما ثُمَّ لَاذَ مِنِّي بِشَجَرَةٍ فَقَالَ: أَسْلَمْتُ لِلَّهِ وَفِي رِوَايَةٍ: فَلَمَّا أَهْوَيْتُ لِأَقْتُلَهُ قَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ أَأَقْتُلُهُ بَعْدَ أَنْ قَالَهَا؟ قَالَ: «لَا تَقْتُلْهُ» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ قَطَعَ إِحْدَى يَدَيَّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقْتُلْهُ فَإِنْ قَتَلْتَهُ فَإِنَّهُ بِمَنْزِلَتِكَ قَبْلَ

أَنْ تَقْتُلَهُ وَإِنَّكَ بِمَنْزِلَتِهِ قَبْلَ أَنْ يَقُولَ كَلِمَتَهُ الَّتِي قَالَ»

3449. मिक्दाम बिन असवद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर मेरा किसी काफ़िर शख़्स से मुक़ाबला हो जाए और हम दोनों एक दुसरे पर हमलावर हो जाए और वह तलवार के ज़रिए मुझ पर वार करे और मेरे एक हाथ को काट डाले, फिर वह मुझ से बचने के लिए एक दरख्त के पीछे छुप जाए और कहे में अल्लाह के हुक्म के सामने सरे तस्लीम ख़म करता हूँ, और एक रिवायत में है जब मैंने इसे क़त्ल करने का इरादा किया तो उस ने कहा : ' لا اله الا الله", तो किया उस के कलिमा पढ़ने के बाद में उसे क़त्ल कर दूँ ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे क़त्ल न करो", उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस ने मेरा एक हाथ काट डाला, (इस का क्या बनेगा) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इसे क़त्ल न करो अगर तुमने इसे क़त्ल किया तो वह तेरे मक़ाम व मर्तबा पर आ जाएगा जो के क़त्ल करने से पहले तेरा था और तुम उस के मक़ाम व मर्तबा पर हो जाओगे जो कलिमा पढ़ने से पहले उस का था"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6865) و مسلم (155 / 95)، (274)

٣٤٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى أُنَاسٍ مِنْ جُهَيْنَةَ فَأَتَيْتُ عَلَى رَجُلٍ مِنْهُمْ فَذَهَبْتُ أَطْعَنُهُ فَقَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ فَطَعَنْتُهُ فَقَتَلْتُهُ فَجِئْتُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: «أقتلته وقدْ شَهِدَ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ؟» قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا فَعَلَ ذَلِكَ تَعَوُّذًا قَالَ: «فهَلاَّ شقَقت عَن قلبه؟»

3450. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें जुहय्न कबिले की तरफ रवाना फ़रमाया, मैं उन के एक आदमी के मुकाबिल आया तो मैंने उस पर नेज़े का वार करना चाहा तो उस ने कलिमा पढ़ लिया, लेकिन मैंने उस पर वार कर के इसे क़त्ल कर दिया, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप ﷺ को बताया, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने इसे क़त्ल कर दिया हालाँकि उस ने गवाही दे दि के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं", मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इस ने तो महज़ जान बचाने के लिए कलिमा पढ़ा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुमने किया उस का दिल चिर कर देख लिया था ?"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6872) و مسلم (158 / 96)، (277)

٣٤٥١ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ جُنْدُبِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ الْبَجَلِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَيْفَ تَصْنَعُ بِلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ إِذَا جَاءَتْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ؟» . قَالَهُ مِرَارًا. رَوَاهُ مُسلم

3451. और जुन्दुब बिन अब्दुल्लाह बजलिय्यी रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब वह क़यामत के रोज़ 'لا اله الا الله" के साथ आएगा तो तुम उस का सामना किस तरह करोगे ? आप ﷺ ने यह बात कई बार फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (160 / 97)، (279)

٣٤٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَتَلَ مُعَاهِدًا لَمْ يَرَحْ رَائِحَةَ الْجَنَّةِ وَإِنَّ رِيحَهَا تُوجَدُ مِنْ مَسِيرَةِ أربعينَ خَرِيفًا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3452. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने किसी मआहिद (जिम्मी) को क़त्ल किया तो वह जन्नत की खुशबु भी नहीं पाएगा हालाँकि उस की खुशबु चालीस साल की मुसाफ़त से महसूस की जाएगी”| (बुखारी)

رواه البخاری (3166)

٣٤٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَرَدَّى مِنْ جَبَلٍ فَقَتَلَ نَفْسَهُ فَهُوَ فِي نَارِ جَهَنَّمَ يَتَرَدَّى فِيهَا خَالِدًا مُخَلَّدًا فِيهَا أَبَدًا وَمَنْ تَحَسَّى سُمًّا فَقَتَلَ نَفْسَهُ فَسُمُّهُ فِي يَدِهِ يَتَحَسَّاهُ فِي نَارِ جَهَنَّمَ خَالِدًا مُخَلَّدًا فِيهَا أَبَدًا وَمَنْ قَتَلَ نَفْسَهُ بِحَدِيدَةٍ فَحَدِيدَتُهُ فِي يَدِهِ يَتَوَجَّأُ بِهَا فِي بَطْنِهِ فِي نَارِ جهنَّمَ خَالِدا مخلَّداً فِيهَا أبدا»

3453. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अपने आप को पहाड़ से गिरा कर मार लिया तो वह जहन्नम में गिरता रहेगा और उस में हमेशा हम्मेश रहेगा, और जिस ने हर के ज़रिए खुदकुशी की तो उस का ज़हर उस के हाथ में होगा जिसे वह जहन्नम की आग में पीता रहेगा, और उस में हमेशा हम्मेश रहेगा, और जिस ने लोहे (के किसी आले) के ज़रिए खुदकुशी की तो उस का हथियार उस के हाथ में होगा और वह जहन्नम की आग में इसे अपने पेट में खोंपता रहेगा और वह उस में हमेशा हम्मेश रहेगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5778) و مسلم (175 / 109)، (300)

٣٤٥٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الَّذِي يَخْنُقُ نَفْسَهُ يَخْنُقُهَا فِي النَّارِ وَالَّذِي يَطْعَنُهَا يَطْعَنُهَا فِي النَّارِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3454. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने अपना गला घूंट कर खुदकुशी की तो वह जहन्नम में भी गला घोंटेगा और जो नैज़ा मार कर खुदकुशी करेगा तो वह जहन्नम में भी अपने आप को नैज़ा मारता रहेगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (1365)

٣٤٥٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جُنْدُبِ بْنِ عَبْدُ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: "كَانَ فِيمَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ رَجُلٌ بِهِ جُرْحٌ فجزِعَ فأخذَ سكيّناً فحزَّ بِهَا يَدَهُ فَمَا رَقَأَ الدَّمُ حَتَّى مَاتَ قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: بَادَرَنِي عَبْدِي بِنَفْسِهِ فَحَرَّمْتُ عَلَيْهِ الْجنَّة "

3455. जुन्दुब बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से पहले लोगो में एक आदमी था जो ज़ख़्मी हो गया तो उस ने बे सबरी का मुज़ाहिरा किया, उस ने छुरी पकड़ी और अपना (ज़ख्मी) हाथ काट

डाला, उस का खून बहता रहा हत्ता के वह फौत हो गया, अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “मेरे बन्दे ने खुद को क़त्ल करने में मुझ से जल्दी की इसलिए मैंने उस पर जन्नत हराम कर दी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3463) و مسلم (181 / 113)، (308)

٣٤٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ الطُّفَيْلَ بْنَ عَمْرٍو الدَّوْسِيَّ لَمَّا هَاجَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْمَدِينَةِ هَاجَرَ إِلَيْهِ وَهَاجَرَ مَعَهُ رَجُلٌ مِنْ قَوْمِهِ فَمَرِضَ فَجَزِعَ فَأَخَذَ مَشَاقِصَ لَهُ فَقَطَعَ بِهَا بَرَاجِمَهُ فَشَخَبَتْ يَدَاهُ حَتَّى مَاتَ فَرَآهُ الطُّفَيْلُ بْنُ عَمْرٍو فِي مَنَامِهِ وَهَيْئَتُهُ حسنةٌ ورآهُ مغطيّاً يدَيْهِ فَقَالَ لَهُ: مَا صنع بِكُل رَبُّكَ؟ فَقَالَ: غَفَرَ لِي بِهِجْرَتِي إِلَى نَبِيِّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا لِي أَرَاكَ مُغَطِّيًا يَدَيْكَ؟ قَالَ: قِيلَ لِي: لَنْ تصلح مِنْكَ مَا أَفْسَدْتَ فَقَصَّهَا الطُّفَيْلُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ وَلِيَدَيْهِ فَاغْفِر» . رَوَاهُ مُسلم

3456. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ ने मदीना की तरफ हिजरत फरमाई तुफैल बिन अम्र दौसी रदी अल्लाहु अन्हु ने आप की तरफ हिजरत की और उन के साथ उनकी कौम के एक आदमी ने भी हिजरत की, वह शख़्स बीमार हो गया और उस ने बे सबरी का मुज़ाहिरा किया और उस ने अपनी छुरी ली और उस से अपना हाथ काट डाला जिस से खून बहने लगा हत्ता के वह फौत हो गया, तुफैल बिन अम्र रदी अल्लाहु अन्हु ने इसे ख्वाब में देखा के उस की हय्यत अच्छी है और उस ने अपने हाथ ढांप रखे हैं, उन्होंने उस से पूछा: तेरे रब ने तेरे साथ क्या मुआमला किया ? तो उस ने कहा: उस ने अपने नबी ﷺ की तरफ मेरी हिजरत की वजह से मुझे मुआफ़ फरमा दिया, तुफैल बिन अम्र रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में आप को हाथ ढांपे हुए क्यों देख रहा हूँ ? उस ने कहा: मुझे कहा गया के हम तुम्हारे इस हिस्से को दुरुस्त नहीं करेंगे जिसे तुमने खुद ख़राब किया है, तुफैल रदी अल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में यह किस्सा अर्ज़ किया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह और उस के दोनों हाथो को भी मुआफ़ फरमा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (184 / 116)، (311)

٣٤٥٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي شُرَيحٍ الكعبيِّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثُمَّ أَنْتُمْ يَا خُزَاعَةُ قَدْ قَتَلْتُمْ هَذَا الْقَتِيلَ مِنْ هُذَيْلٍ وَأَنَا وَاللَّهِ عَاقِلُهُ مَنْ قَتَلَ بَعْدَهُ قَتِيلًا فَأَهْلُهُ بَيْنَ خِيرَتَيْنِ: عَن أَحبُّوا قتلوا وَإِن أَحبُّوا أخذا العقلَ ". رَوَاهُ الترمذيُّ وَالشَّافِعِيّ. وَفِي شرح السنَّة بِإِسنادِهِ وَصَرَّحَ: بِأَنَّهُ لَيْسَ فِي الصَّحِيحَيْنِ عَنْ أَبِي شُرَيْح وَقَالَ:

3457. अबू शरीह अल काबी रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खुज़ाअत (क़बीले वालो) तुमने हुज़िल के इस मकतुल को क़त्ल किया, और अल्लाह की क़सम! मैं उस की दियत अदा कर देता हूँ, जिस ने उस के बाद किसी को क़त्ल किया तो उस के वारिसो को दो चीजों के दरमियान इख़्तियार है, अगर वह पसंद करे तो उसे क़त्ल करे और अगर चाहे तो दियत ले लें”| इसे तिरमिज़ी और इमाम शाफ़ई ने रिवायत किया है और इमाम बगवी ने शरह सुन्ना में अपने सनद से रिवायत किया है और उन्होंने सराहत की के अबू शरीह की सनद से यह हदीस सहीहैन में नहीं है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1406) و الشافعى فى الام (6 / 9) [و ابوداؤد (4504) و اصله متفق عليه ، و البخارى (104) و مسلم (1354) مختصرًا و لم يذكرا هذا اللفظ] * و رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 301 ح 2004 وقال : متفق على صحته ، اخرجاه جميعًا ‘‘ الخ

٣٤٥٨ - (صَحِيح) وَأَخْرَجَاهُ مِنْ رِوَايَةِ أَبِي هُرَيْرَةَ يَعْنِي بِمَعْنَاهُ

3458. और उन्होंने (बगवी (रह)) ने फ़रमाया: इन दोनों (इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम) ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से इसी मफ्हुम की रिवायत नकल की है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (112) و مسلم (447 / 1355)، (3305)

٣٤٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ يَهُودِيًّا رَضَّ رَأْسَ جَارِيَةٍ بَيْنَ حَجَرَيْنِ فَقِيلَ لَهَا: مَنْ فَعَلَ بِكِ هَذَا؟ أَفُلَانٌ؟ حَتَّى سُمِّيَ الْيَهُودِيُّ فَأَوْمَأَتْ بِرَأْسِهَا فَجِيءَ بِالْيَهُودِيِّ فَاعْتَرَفَ فَأَمَرَ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرُضَّ رَأْسُهُ بِالْحِجَارَةِ

3459. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक यहूदी ने एक लौंडी का सर दो हथोड़ो के दरमियान कुचल दीया, उस से पूछा गया तुम्हारे साथ यह सुलूक किस ने किया ? क्या फलां ने ? क्या फलां ने ? हत्ता के इस यहूदी का नाम लिया गया तो उस ने सर के इशारे से कहा: हाँ, इस यहूदी को पेश किया गया तो उस ने एतराफ़ कर लिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उस के सर को पथ्थर के साथ कुचल दिया गया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6884) و مسلم (15 / 1672)، (4361)

٣٤٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَسَرَتِ الرُّبَيِّعُ وَهِيَ عَمَّةُ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ ثَنِيَّةَ جَارِيَةٍ مِنَ الْأَنْصَارِ فَأَتَوُا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ بِالْقِصَاصِ فَقَالَ أَنَسُ بْنُ النَّضْرِ عَمُّ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ لَا وَاللَّهِ لَا تُكْسَرُ ثَنِيَّتُهَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَنَسُ كِتَابُ اللَّهِ الْقِصَاصُ» فَرَضِيَ الْقَوْمُ وَقَبِلُوا الْأَرْشَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ عِبَادِ اللَّهِ مَنْ لَوْ أَقْسَمَ عَلَى الله لَأَبَره»

3460. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उनकी फूफी रुबय्याअ रदी अल्लाहु अन्हु ने अंसार की एक लौंडी के सामने के दांत तोड़ दिए तो वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने किसास का हुक्म फ़रमाया तो अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु के फूफा अनस बिन नज़र रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! अल्लाह के रसूल! उस के दांत नहीं तोड़े जाएँगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अनस! अल्लाह की किताब में किसास का हुक्म है”, वह लोग दियत लेने पर राज़ी हो गए, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के कुछ बन्दे ऐसे भी है की अगर वह अल्लाह पर क़सम उठा ले तो अल्लाह उन की क़सम को सच्चा कर देता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4611) و مسلم (24 / 1675)، (4374)

٣٤٦١ - (صَحِيح) وَعَن أبي جُحيفةَ قَالَ: سَأَلْتُ عَلِيًّا رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ هَلْ عِنْدَكُمْ شَيْءٌ لَيْسَ فِي الْقُرْآنِ؟ فَقَالَ: وَالَّذِي فَلَقَ الْحَبَّةَ وَبَرَأَ النَّسَمَةَ مَا عِنْدَنَا إِلَّا مَا فِي الْقُرْآنِ إِلَّا فَهْمًا يُعْطَى رَجُلٌ فِي كِتَابِهِ وَمَا فِي الصَّحِيفَةِ قُلْتُ: وَمَا فِي الصَّحِيفَةِ؟ قَالَ: الْعَقْلُ وَفِكَاكُ الْأَسِيرِ وَأَنْ لَا يُقْتَلَ مُسْلِمٌ بِكَافِرٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ ابْنِ مَسْعُودٍ: «لَا تُقْتَلُ نَفْسٌ ظُلْمًا» فِي «كتاب الْعلم»

3461. अबू जुहैफा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अली रदी अल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, क्या तुम्हारे पास कोई ऐसी चीज़ है जो कुरान में न हो ? उन्होंने ने फ़रमाया: उस ज़ात की क़सम! जिस ने दाने को फोड़ा और रूह को पैदा फ़रमाया! हमारे पास सिर्फ वही कुछ है जो कुरान में है, अलबत्ता दीन का वह फहम है जो बन्दे को अल्लाह की किताब से अता किया जाता है और जो कुछ सहिफा में लिखा हुआ है (वोह हमारे पास है), मैंने अर्ज़ किया: सहिफा में किया है ? उन्होंने ने फ़रमाया: "दियत, कैदी छुड़ाने और यह कि किसी मुसलमान को काफ़िर के बदले में क़त्ल न किया जाए, के मुत्तल्लिक अहकामात| # और इब्ने मसउद (र) से मरवी हदीस के " किसी जान को नाहक क़त्ल न किया जाए", किताब अल इल्म में ज़िक्र की गई है. (बुखारी)

رواه البخارى (6903) 0 حديث ابن مسعود تقدم (211)

كتاب الْقصاص • किसास का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٤٦٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَزَوَالُ الدُّنْيَا أَهْوَنُ عَلَى اللَّهِ مِنْ قَتْلِ رَجُلٍ مُسْلِمٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ ووقفَه بعضُهم وَهُوَ الْأَصَح

3462. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तआला के यहाँ पूरी दुनिया का तबाह व बर्बाद हो जाना एक मुसलमान आदमी के क़त्ल के मुकाबले में ज़्यादा आसान है"| तिरमिज़ी, निसाई, और बाज़ ने इसे मौकूफ करार दिया है और हमें ज़्यादा सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1395) و النسائى (7 / 82 ح 3991 3994)

٣٤٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ

3463. इब्ने माजा ने इसे बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3619) * سفيان الثورى عنعن و الحديث ضعيف من جميع طرقه ولم يصب من صححه

٣٤٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سعيدٍ وَأبي هريرةَ عَن رسولِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْ أَنَّ أَهْلَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ اشْتَرَكُوا فِي دَمِ مُؤْمِنٍ لَأَكَبَّهُمُ اللَّهُ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3464. अबू सईद और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर

ज़मीन व आसमान के तमाम बासी एक मोमिन के क़त्ल करने में शरीक पाए जाए तो अल्लाह इन सब को चेहरे के बल जहन्नम में फेंक देगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (1398) * یزید الرقاشی ضعیف وله شواهد ضعیفة عند البیهقی (8 / 22) وغیره

٣٤٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَجِيءُ الْمَقْتُولُ بِالْقَاتِلِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ نَاصِيَتُهُ وَرَأْسُهُ بِيَدِهِ وَأَوْدَاجُهُ تَشْخُبُ دَمًا يَقُولُ: يَا رَبِّ قَتَلَنِي حَتَّى يُدْنِيَهُ مِنَ العرشِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

3465. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए क़यामत मकतुल कातिल को ले कर आएगा इस (कातिल) की पेशानी और उस का सर मकतुल के हाथ में होगा और उस की रगों से खून बह रहा होगा और वह कहेगा रब जी! उस ने मुझे क्यों क़त्ल किया हत्ता के वह इसे अर्श के करीब ले जाएगा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (3029 وقال : حسن) و النسائی (7 / 87 ح 4010) و ابن ماجه (2621)

٣٤٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ بْنِ سَهْلِ بْنِ حُنَيْفٍ أَنَّ عُثْمَانَ بْنَ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَشْرَفَ يَوْمَ الدَّارِ فَقَالَ: أَنْشُدُكُمْ بِاللَّهِ أَتَعْلَمُونَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ إِلَّا بِإِحْدَى ثلاثٍ: زِنىً بَعْدَ إِحْصَانٍ أَوْ كُفْرٌ بَعْدَ إِسْلَامٍ أَوْ قتْلِ نفْسٍ بِغَيْر حق فَقتل بِهِ "؟ فو الله مَا زَنَيْتُ فِي جَاهِلِيَّةٍ وَلَا إِسْلَامٍ وَلَا ارْتَدَدْتُ مُنْذُ بَايَعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا قَتَلْتُ النَّفْسَ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ [ص:١٠٣] فَبِمَ تَقْتُلُونَنِي؟ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه وللدارمي لفظ الحَدِيث

3466. अबू उमामा बिन सहल बिन हनीफ से रिवायत है के उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु ने “यौमु दार” (जिन दिनों बागियों ने उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु को महसूर कर रखा था) लोगो को देख कर फ़रमाया की मैं तुम्हें अल्लाह की क़सम! दे कर पूछता हूं क्या तुम अल्लाह के रसूल! ﷺ के इस फरमान से आगाह नहीं हो ? के “किसी मुसलमान शख़्स का खून तीन में से किसी एक वजह पर दुरुस्त है: शादी शुदा होने के बाद ज़िना करने या इस्लाम के बाद कुफ्र करना या किसी जान को नाहक क़त्ल करना, और वह उस के बाईस क़त्ल किया जाएगा”, अल्लाह की क़सम! मैंने ने तो दौरे जाहिलियत में ज़िना किया और न ज़माने इस्लाम में, मैंने जब से रसूलुल्लाह ﷺ की बैत की इस वक़्त से आज तक कभी मुरतद नहीं हुआ, और मैंने किसी ऐसी जान को क़त्ल नहीं किया जिसे अल्लाह ने हराम करार दिया है, तो फिर तुम मुझे क्यों क़त्ल करते हो ? तिरमिज़ी, निसाई, इब्ने माजा और दारमी में सिर्फ हदीस के अल्फाज़ हैं| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2158 وقال : حسن) و النسائی (7 / 91 92 ح 4024) و ابن ماجه (2533) و الدارمی (2 / 171 172 ح 2302 مختصرًا)

٣٤٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَزَالُ الْمُؤْمِنُ مُعْنِقًا صَالِحًا مَا لَمْ يُصِبْ دَمًا حَرَامًا فَإِذَا أَصَابَ دَمًا حَرَامًا بَلَّحَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3467. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तक मोमिन किसी

खूने हराम का इर्तिकाब नहीं करता तो वह इताअत गुज़ार और आमाले स्वालेह की बजा आवरी में मुस्तअद रहता है और जब वह किसी खूने हराम का इर्तिकाब कर लेता है तो वह सुस्ती थकावट का शिकार हो जाता है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (4270)

٣٤٦٨ - وَعَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ ذَنْبٍ عَسَى اللَّهُ أَنْ يَغْفِرَهُ إِلَّا مَنْ مَاتَ مُشْرِكًا أَوْ مَنْ يقتُلُ مُؤمنا مُتَعَمدا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3468. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्मीद है के अल्लाह हर गुनाह मुआफ़ फरमादे सिवाय उस शख़्स के जो हालत ए शिर्क में फौत हो और जिस ने जान बुझकर किसी मोमिन को क़त्ल किया हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (4270)

٣٤٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيّ عَن مُعَاوِيَة

3469. इमाम निसाई ने इसे मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 81 ح 3989)

٣٤٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقَامُ الْحُدُودُ فِي الْمَسَاجِدِ وَلَا يُقَادُ بِالْوَلَدِ الْوَالِدُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

3470. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ना मसाजिद में हुदूद काइम की जाए और न औलाद का वालिद से किसास लिया जाए”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (1401) و الدارمی (2 / 190 ح 2362) [و ابن ماجه (2661)] * اسماعیل بن مسلم ضعیف و للحدیث شواهد ضعیفة

٣٤٧١ - (جيد) وَعَن أبي رِمْثَةَ قَالَ: أَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَعَ أبي فقال: «مَنْ هَذَا الَّذِي مَعَكَ؟» قَالَ: ابْنِي أَشْهَدُ بِهِ قَالَ: «أَمَا إِنَّهُ لَا يَجْنِي عَلَيْكَ وَلَا تَجْنِي عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَزَادَ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» فِي أَوَّلِهِ قَالَ: دَخَلْتُ مَعَ أَبِي عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَأَى أَبِي الَّذِي بِظَهْرِ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: دَعْنِي أُعَالِجُ الَّذِي بِظَهْرِكِ فَإِنِّي طَبِيبٌ. فَقَالَ: «أَنْتَ رفيقٌ واللَّهُ الطبيبُ»

3471. अबू रिम्स रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने वालिद के साथ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ

तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथ यह कौन है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मेरा बेटा है, आप उस के मुत्तल्लिक गवाह रहे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आगाह रहो! न तो तेरे गुनाह का उस से मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) होगा न उस के गुनाह का तुझ से मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) होगा”| और शरह सुन्ना में इस हदीस के शुरू में मज़ीद अल्फाज़ है: उन्होंने बयान किया में अपने वालिद के साथ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मेरे वालिद ने रसूलुल्लाह ﷺ की पुश्त पर जो चीज़ (मुहरे नबूवत) थी वह देख ली तो अर्ज़ किया, मुझे इजाज़त दें में इस चिज़ का इलाज करता हूँ जो आप की पुश्त पर है क्योंकि मैं तबीब हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम रफीक हो और अल्लाह तबीब है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4495) و النسائی (8 / 53 ح 4836) و البغوی فی شرح السنة (10 / 181 ح 2534) [من طريق الشافعی و هذا فی الام (7 / 95)]

٣٤٧٢ - وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جدِّهِ عَن سُراقةَ بنِ مالكٍ قَالَ: حَضَرْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقِيدُ الْأَبَ مِنِ ابْنِهِ وَلَا يُقِيدُ الِابْنَ من أَبِيه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ (لم تتمّ دراسته)»»   وَضَعفه

3472. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने सुराका बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत की, उन्होंने कहा: मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर था आप ﷺ ने बाप को उस के बेटे से किसास दिलवाया और बेटे का बाप से किसास नहीं दिलवाया| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे जईफ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1399) * مثنى بن الصباح : ضعيف

٣٤٧٣ - (ضَعِيف) وَعَن الْحسن عَن سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَتَلَ عَبْدَهُ قَتَلْنَاهُ وَمَنْ جَدَعَ عَبْدَهُ جَدَعْنَاهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَزَادَ النَّسَائِيُّ فِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: «وَمن خصى عَبده خصيناه»

3473. हसन बसरी (रह), समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो अपने गुलाम को क़त्ल करेगा, हम इसे क़त्ल करेंगे और जो अपने गुलाम के आज़ाअ (नाक वगैरा) काटेगा हम उस के आज़ाअ काटेंगे”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा दारमी, और इमाम निसाई ने एक दूसरी रिवायत में इज़ाफा नकल किया है: “जो अपने गुलाम को खस्सी करेगा हम इसे खस्सी करेंगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1414 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (4515) و ابن ماجه (2664) و الدارمی (2 / 191 ح 2363) و النسائی (8 / 20 21 ح 4740 2742)

٣٤٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ قَتَلَ مُتَعَمِّدًا دُفِعَ إِلَى أولياءِ المقتولِ فإِنْ شاؤوا قَتَلوا وإِنْ شَاؤوا أَخَذُوا الدِّيَةَ: وَهِيَ ثَلَاثُونَ حِقَّةً وَثَلَاثُونَ جَذَعَةً وَأَرْبَعُونَ خَلِفَةً وَمَا صَالَحُوا عَلَيْهِ فَهُوَ لَهُمْ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3474. अम्र बिन शुऐब अपने बाप से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने जान बुझकर क़त्ल किया तो उसे मकतुल के वुरसा के हवाले किया जाएगा, अगर वह चाहे तो (इसे) क़त्ल कर दे और

अगर वह चाहे तो दियत ले लें, और वह तीस हिक़्क़ा (ऊंटनी का वह बच्चा जो तीन साल मुकम्मल करने के बाद उमर के चोथे साल में दाखिल हो) तीस जज़आ (वो ऊंटनी जो पांचवी साल में दाखिल हो) और चालीस हामिला ऊंटनिया है और वह जिस चीज़ पर मुसालिहत कर ले तो वह इन के लिए है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1387 وقال : حسن غريب)

٣٤٧٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُسْلِمُونَ تَتَكَافَأُ دِمَاؤُهُمْ وَيَسْعَى بِذِمَّتِهِمْ أَدْنَاهُمْ وَيَرُدُّ عَلَيْهِمْ أَقْصَاهُمْ وَهُمْ يَدٌ عَلَى مَنْ سِوَاهُمْ أَلَا لَا يُقْتَلُ مُسْلِمٌ بِكَافِرٍ وَلَا ذُو عَهْدٍ فِي عَهْدِه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3475. अली रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुसलमानों के खून (किसास व दियत में) मसावी है, और उन के आम आदमी की अमान का भी लिहाज़ रखा जाएगा और उन से दूर दराज़ वाला शख़्स माले गनीमत उन के नज़दीक वाले पर लौटाएगा, और वह दुश्मन के मुकाबले में बाहम दस्ते वाहिद की तरह है, सुन लो! किसी मुसलमान को किसी काफ़िर के बदले में क़त्ल नहीं किया जाएगा और न किसी मुआहिद (जिम्मी) को उस के अहद में क़त्ल किया जाएगा"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5530) و النسائی (8 / 24 ح 4749)

٣٤٧٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْن مَاجَه عَن ابْن عَبَّاس

3476. इब्ने माजा ने इसे इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2660) * حنش هو ابو علی الحسين بن قيس الرجبی متروک و قوله :'' لا يقتل مومن بکافر '' صحيح بالشواهد و قوله :'' ولا ذو عهد فی عهده '' ضعيف وله شواهد ضعيفة عند ابن حبان (الموارد : 1699) و ابی داود (4530) وغيرهما

٣٤٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي شُرَيحٍ الخُزاعيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ أُصِيبَ بِدَمٍ أَوْ خَبْلٍ وَالْخَبْلُ: الْجُرْحُ فَهُوَ بِالْخِيَارِ بَيْنَ إِحْدَى ثَلَاثٍ: فَإِنْ أَرَادَ الرَّابِعَةَ فَخُذُوا عَلَى يَدَيْهِ: بَيْنَ أَنْ يَقْتَصَّ أَوْ يَعْفُوَ أَوْ يَأْخُذَ الْعَقْلَ [ص:١٠٣] فَإِنْ أَخَذَ مِنْ ذَلِكَ شَيْئًا ثُمَّ عَدَا بَعْدَ ذَلِكَ فَلَهُ النَّارُ خَالِدًا فِيهَا مُخَلَّدًا أبدا ". رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3477. अबू शरीह खुजाई रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स का कोई अज़ीज़ क़त्ल हो जाए या कोई ज़ख़्मी कर दिया जाए तो उसे तीन में से एक का इख़्तियार है, अगर वह चोथी चिज़ का इरादा कर ले तो उस के हाथ पकड़ लो, वह किसास ले ले, या मुआफ़ कर दे, या दियत ले ले, अगर उस ने उस में से कोई चीज़ ले ली और फिर उस के बाद ज़्यादती की तो उस के लिए जहन्नम की आग है जिस में वह हमेशा हम्मेश रहेगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (2 / 188 ح 2356) [و ابن ماجه (2623) و ابوداؤد (4496)] * سفيان بن ابی العوجاء : ضعيف و لبعض الحديث شاهد حسن عند احمد (4 / 32 ح 16492)

٣٤٧٨ - وَعَن طَاوُوس عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قُتِلَ فِي عِمِّيَّةٍ فِي رَمْيٍ يَكُونُ بَيْنَهُمْ بِالْحِجَارَةِ أَوْ جَلْدٍ بِالسِّيَاطِ أَوْ ضَرْبٍ بِعَصًا فَهُوَ خَطأٌ عقله الْخَطَإِ وَمَنْ قَتَلَ عَمْدًا فَهُوَ قَوَدٌ وَمَنْ حَالَ دُونَهُ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَغَضَبُهُ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3478. ताउस, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से और वह रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स बलवे में मारा जाए, मसलन लड़ने वाले एक दुसरे पर पथ्थर फेंक रहे थे या कोड़े मार रहे थे या लाठियां बरसा रहे थे तो वह क़त्ले खता है और उस की दियत, दीयते खता की मिस्ल होगी और जिस ने जान बुझकर क़त्ल किया तो वह (कातिल) काबिले किसास है, और जो शख़्स इस (किसास) के दरमियान हाइल हो जाए, उस पर अल्लाह की लानत और उस का गज़ब है, उस से न तो नफ्ल कबूल होगा और न फ़र्ज़"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4539) و النسائی (8 / 39 ح 4793 4794)

٣٤٧٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أُعْفِي مَنْ قَتَلَ بعدَ أَخذ الديةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3479. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं दियत लेने के बाद क़त्ल करने वाले को मुआफ़ नहीं करूँगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4507) * الحسن البصرى مدلس و عنعن و فيه علة أخرى

٣٤٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ رَجُلٍ يُصَابُ بِشَيْءٍ فِي جَسَدِهِ فَتَصَدَّقَ بِهِ إِلَّا رَفَعَهُ اللَّهُ بِهِ دَرَجَةً وَحَطَّ عَنْهُ خَطِيئَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3480. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स के जिस्म में कोई जख्म लग जाए और वह मुआफ़ कर दे तो उस की वजह से अल्लाह उस का एक दर्जा बुलंद कर देता है और उस की एक खता मुआफ़ फरमा देंता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1393 وقال : غريب) و ابن ماجه (2693) * ابو السفر ثقه لكنه ارسل عن ابى الدرداء رضى الله عنه ، كذافى التهذيب وغيره

किसास का बयान — كتاب الْقصاص

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٣٤٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ: أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخطاب قَتَلَ نَفَرًا خَمْسَةً أَوْ سَبْعَةً بِرَجُلٍ وَاحِدٍ قَتَلُوهُ قَتْلَ غِيلَةٍ وَقَالَ عُمَرُ: لَوْ تَمَالَأَ عَلَيْهِ أَهْلُ صَنْعَاءَ لَقَتَلْتُهُمْ جَمِيعًا. رَوَاهُ مَالِكٌ

3481. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने एक आदमी के क़त्ल के बदले में पांच या सात आदमियों को क़त्ल किया, उन्होंने इसे धोके से क़त्ल किया था, और उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर उस के क़त्ल पर सीनाअ के तमाम लोग मजतमअ (जटिल) होते तो मैं (इस के बदले में) सब को क़त्ल कर देता"| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (2 / 871 ح 1688) * رجاله ثقات و سعيد بن المسيب سمع من عمر رضی الله عنه

٣٤٨٢ - (صَحِيح) وروى البُخَارِيّ عَن ابْن عمر نَحوه

3482. इमाम बुखारी रहीमा उल्लाह ने इसी की मिस्ल इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (बुखारी)

رواه البخاری (6896)

٣٤٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جُنْدبٍ قَالَ: حَدَّثَنِي فُلَانٌ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَجِيءُ الْمَقْتُولُ بِقَاتِلِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَيَقُولُ: سَلْ هَذَا فِيمَ قَتَلَنِي؟ فَيَقُولُ: قَتَلْتُهُ عَلَى مُلْكِ فُلَانٍ ". قَالَ جُنْدُبٌ: فاتَّقِها. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3483. जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, फलां शख़्स ने मुझे हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "रोज़ ए क़यामत मकतुल अपने कातिल को ले कर आएगा और वह कहेगा (रब जी!) इस से पूछे के उस ने मुझे क़त्ल क्यों किया ? तो वह कहेगा मैंने इसे फलां की सल्तनत फलां की नुसरत पर क़त्ल किया", जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: ज़ालिम की इआनत से बचो| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 84 ح 4003)

٣٤٨٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَعَانَ عَلَى قَتْلِ مُؤْمِنٍ شَطْرَ كَلِمَةٍ لَقِيَ اللَّهَ مَكْتُوبٌ بينَ عينيهِ آيسٌ من رَحْمَة الله» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3484. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने किसी मोमिन के क़त्ल पर ठोड़ी सी बात के बराबर भी मदद की तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के उस की दोनों आंखो के बिच में लिखा होगा: "अल्लाह की रहमत से ना उम्मीद"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2620) * يزيد الشامی : منكر الحديث ، و للحديث شواهد ضعيفة عند البيهقی (8 / 22) وغيره

٣٤٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَمْسَكَ الرَّجُلُ الرَّجُلَ وَقَتَلَهُ الْآخَرُ يُقْتَلُ الَّذِي قتَل ويُحبسُ الَّذِي أمْسَكَ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

3485. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी किसी आदमी को पकड़ कर रखे और दूसरा आदमी इसे क़त्ल कर दे तो कातिल को क़त्ल किया जाएगा और पकड़ने वाले को क़ैद किया जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (3 / 140 ح 3243) [و البيهقى (8 / 50 وقال : هذا غير محفوظ) * سفيان الثورى مدلس و عنعن و فى السند علة أخرى

باب الدِّيات • दिय्यत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٤٨٦ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «هَذِهِ وَهَذِهِ سَوَاءٌ» يَعْنِي الخِنصرُ والإبهامَ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3486. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये और यह यानी छोटी ऊँगली और अंगूठा (दियत) में बराबर है”| (बुखारी)

رواه البخارى (6895)

٣٤٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جَنِينِ امْرَأَةٍ مَنْ بَنِي لِحْيَانَ سَقَطَ مَيِّتًا بِغُرَّةٍ: عَبْدٍ أَوْ أَمَةٍ ثُمَّ إِنَّ الْمَرْأَةَ الَّتِي قُضِيَ عَلَيْهَا بِالْغُرَّةِ تُوُفِّيَتْ فَقَضَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَنْ مِيرَاثَهَا لبنيها وَزوجهَا الْعقل على عصبتها

3487. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बनू लिह्यान उन की एक औरत के हमल के मुर्दा हालत में साकित हो जाने पर एक गुलाम या लौंडी का फैसला किया था फिर वह औरत जिस के मुत्तल्लिक आप ﷺ ने गुलाम का फैसला किया था वह फौत हो गई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला दीया के उस की मीरास उस के बेटो और उस के शोहर के लिए है जबकि उस की दियत उस के असबा पर है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6909) و مسلم (39 / 1681)، (4389)

٣٤٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: اقْتَتَلَتِ امْرَأَتَانِ مِنْ هُذَيْلٍ فَرَمَتْ إِحْدَاهُمَا الْأُخْرَى بِحَجَرٍ فَقَتَلَتْهَا وَمَا فِي بَطْنِهَا فَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ دِيَةَ جَنِينِهَا غُرَّةٌ: عَبْدٌ أَوْ وَلِيدَةٌ وَقَضَى بِدِيَةِ الْمَرْأَةِ عَلَى عَاقِلَتِهَا وورَّثَها ولدَها وَمن مَعَهم

3488. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हज़िल कबिले की दो औरते लड़ पड़ी तो उन में से एक ने दूसरी पर पथ्थर मारा और इसे और उस के जनिन (पेट के बच्चे) को क़त्ल कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला दिया के उस के जनिन की दियत एक गुलाम या एक लौंडी है और औरत की दियत उस के खानदान (औरत के बाप की तरफ से रिश्तेदार असबा) पर है और आप ﷺ ने उस की औलाद और जो उन के साथ है इनको उस का वारिस बनाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6910) و مسلم (36 / 1681)، (4391)

٣٤٨٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ: أَنَّ امْرَأَتَيْنِ كَانَتَا ضَرَّتَيْنِ فَرَمَتْ إِحْدَاهُمَا الْأُخْرَى بِحَجَرٍ أَوْ عَمُودِ فُسْطَاطٍ فَأَلْقَتْ جَنِينَهَا فَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ [ص:١٠٣] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الجَنينِ غُرَّةً: عبْداً أَوْ أَمَةً وَجَعَلَهُ عَلَى عَصَبَةِ الْمَرْأَةِ هَذِهِ رِوَايَةُ التِّرْمِذِيِّ وَفِي رِوَايَةِ مُسْلِمٍ: قَالَ: ضَرَبَتِ امْرَأَةٌ ضَرَّتَهَا بِعَمُودِ فُسْطَاطٍ وَهِيَ حُبْلَى فَقَتَلَتْهَا قَالَ: وَإِحْدَاهُمَا لِحْيَانِيَّةٌ قَالَ: فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دِيَةَ الْمَقْتُول عَلَى عَصَبَةِ الْقَاتِلَةِ وَغُرَّةً لِمَا فِي بَطْنِهَا

3489. मुगिरा बिन शैबा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो औरते सोतन थी, उन में से एक ने दूसरी को पत्थर या खैमे का बांस मारा तो उस का जनिन (पेट का बच्चा) गिर गया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन के बारे में गुलाम या लौंडी का फैसला दिया और इसे इस औरत के असबा पर मुकर्रर फ़रमाया| यह तिरमिज़ी की रिवायत है, और मुस्लिम की रिवायत में है: औरत ने अपनी सोतन को जो के हामिला थी, खैमे का बांस मारा तो उस ने इसे क़त्ल कर दिया, और कहा: उन में से एक लिहयानिया थी, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मकतुल की दियत कातिला के असबा (रिश्तेदारों) पर मुकर्रर फरमाई और जो इस (मकतुल) के पेट मैं था उस की दियत एक गुलाम मुकर्रर की| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه الترمذى (1411) و مسلم (37 / 1682)، (4393)

दिय्यत का बयान • بَاب الدِّيات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٤٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَلَا إِنَّ دِيَةَ الْخَطَأِ شِبْهِ الْعَمْدِ مَا كَانَ بِالسَّوْطِ وَالْعَصَا مِائَةٌ مِنَ الإِبلِ: مِنْهَا أربعونَ فِي بطونِها أولادُها ". رَوَاهُ النسائيُّ وَابْن مَاجَه والدارمي

3490. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! खता की दियत,

शुबाआमद की दियत के मिसल है, जो कोड़े और लाठी से हो, उस की (दियत) सौ ऊंट है, जिन में से चालीस हामिला होगी”| (हसन)

حسن ، رواه النسائی (8 / 42 ح 4797) و ابن ماجه (2628 مطولًا و سنده ضعيف) والدارمی (2 / 197 ح 2388) [و ابوداؤد (4547 صحيح ، 4548) و رواه البخاری (6895)]

٣٤٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد عَنهُ وَابْن مَاجَه وَعَن ابْن عمر. وَفِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» لَفْظُ «الْمَصَابِيحِ» عَنِ ابْنِ عمر

3491. और अबू दावुद ने इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है, और शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ सिर्फ इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरवी हैं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4549) و البغوی فی شرح السنة (10 / 186 ح 2536) * علی بن زيد بن جدعان ضعيف و حديث ابی داود (4547) و البخاری (6895) يغنی عنه

٣٤٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرِ بْنِ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرِو بْنِ حَزْمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى أَهْلِ الْيَمَنِ وَكَانَ فِي كِتَابِهِ: «أَنَّ مَنِ اعْتَبَطَ مُؤْمِنًا قَتْلًا فَإِنَّهُ قَوَدُ يَدِهِ إِلَّا أَنْ يَرْضَى أَوْلِيَاءُ الْمَقْتُولِ» وَفِيهِ: «أَنَّ الرَّجُلَ يُقْتَلُ بِالْمَرْأَةِ» وَفِيهِ: «فِي النَّفْسِ الدِّيَةُ مِائَةٌ مِنَ الْإِبِلِ وَعَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أَلْفُ دِينَارٍ وَفِي الْأَنْفِ إِذَا أُوعِبَ جَدْعُهُ الدِّيَةُ مِائَةٌ مِنَ الْإِبِلِ وَفِي الْأَسْنَانِ الدِّيَةُ وَفِي الشفتين الدِّيَة وَفِي البيضين الدِّيةُ وَفِي الذَّكرِ الدِّيةُ وَفِي [ص:١٠٠٣ الصُّلبِ الدِّيَةُ وَفِي الْعَيْنَيْنِ الدِّيَةُ وَفِي الرِّجْلِ الْوَاحِدَةِ نِصْفُ الدِّيَةِ وَفِي الْمَأْمُومَةِ ثُلُثُ الدِّيَةِ وَفِي الجائفَةِ ثلث الدِّيَة وَفِي المنقلة خمس عشر مِنَ الْإِبِلِ وَفِي كُلِّ أُصْبُعٍ مِنْ أَصَابِعِ الْيَدِ وَالرِّجْلِ عَشْرٌ مِنَ الْإِبِلِ وَفِي السِّنِّ خَمْسٌ مِنَ الْإِبِلِ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةِ مَالِكٍ: «وَفِي الْعَيْنِ خَمْسُونَ وَفِي الْيَدِ خَمْسُونَ وَفِي الرِّجْلِ خَمْسُونَ وَفِي الْمُوضِحَةِ خَمْسٌ»

3492. अबू बक्र बिन मुहम्मद बिन अम्र बिन हज़्म अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले यमन के नाम ख़त लिखा और आप ﷺ के ख़त मैं था: “जिस ने किसी मुसलमान को जान बुझकर नाहक क़त्ल किया तो उस का किसास उस के हाथ के अमल की वजह से है, मगर यह के मकतुल के औलिया (वुरसा) राज़ी हो जाए”, और इस (ख़त) में यह भी था: “आदमी को औरत के बदले में क़त्ल किया जाएगा”, और उस में था: “किसी जान की दियत सौ ऊंट है, और सोने वालो पर एक हज़ार दीनार, और नाक की दियत जब इसे मुकम्मल तौर पर काट दिया जाए, सौ ऊंट है, दांतों के बारे में दियत है, होठों के बारे में दियत है, वृषण (दो अंडो) के बारे में दियत है, शर्मगाह के बारे में दियत है, कमर के बारे में दियत है, आंखो के बारे में दियत है, एक पाँव की आधी दियत है, दिमाग की झिल्ली तक पहुँचने वाले जख्म पर एक तिहाई दियत है, पेट के अन्दर पहुँचने वाले जख्म में एक तिहाई दियत है, हड्डी को जगह से हटा देने वाले जख्म में पन्द्रह ऊंट दियत है, हाथ और पाँव की हर ऊँगली में दस ऊंट दियत है, और दांत की दियत पांच ऊंट है”| निसाई, दारमी और इमाम मालिक रहीमा उल्लाह की रिवायत में है: “आँख में पचास, हाथ में पचास, पाँव में पचास और हड्डी ज़ाहिर करने वाले जख्म पर पांच ऊंट दियत है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائی (8 / 57 58 ح 4857) و الدارمی (2 / 192 193 ح 2370 مختصرًا) و مالک (2 / 849 ح 1647) * سليمان بن داود صوابه سليمان بن ارقم وهو ضعيف

٣٤٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَوَاضِحِ خَمْسًا خَمْسًا مِنَ الْإِبِلِ وَفِي الْأَسْنَانِ خَمْسًا خَمْسًا مِنَ الْإِبِلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ وابنُ مَاجَه الْفَصْل الأول

3493. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने हड्डी ज़ाहिर करने वाले जख्म में और हर दांत में पांच पांच ऊंट दियत मुकर्रर की है”| अबू दावुद, निसाई, दारमी जबके तिरमिज़ी और इब्ने माजा ने पहला जुमला नकल किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4566) و النسائی (8 / 57 ح 4856 مختصرًا) و الدارمی (2 / 195 ح 2375) و الترمذی (1390 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (2655)

٣٤٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: جَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَصَابِعَ الْيَدَيْنِ وَالرِّجْلَيْنِ سَوَاء. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

3494. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हाथो और पाँव की उंगलियों को बराबर करार दिया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4561) و الترمذی (1391 وقال : حسن صحيح غريب)

٣٤٩٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الأصابعُ سواءٌ والأسنانُ سواءٌ الثَّنِيَّةُ وَالضِّرْسُ سَوَاءٌ هَذِهِ وَهَذِهِ سَوَاءٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3495. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(दियत के बारे में) तमाम उंगलिया बराबर है, तमाम दांत बराबर है, सामने वाले दांत और दाढ़े बराबर है, यह और यह (छोटी ऊँगली और अंगूठा) बराबर है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4559)

٣٤٩٦ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: خَطَبَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ الفتحِ ثمَّ قَالَ: «أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّهُ لَا حِلْفَ فِي الْإِسْلَامِ وَمَا كَانَ مِنْ حِلْفٍ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَإِنَّ الْإِسْلَامَ لَا يَزِيدُهُ إِلَّا شِدَّةً الْمُؤْمِنُونَ يَدٌ عَلَى مَنْ سِوَاهُمْ [ص:١٠٣ يُجِيرُ عَلَيْهِمْ أَدْنَاهُمْ وَيَرُدُّ عليهِم أقْصاهم يَردُّ سراياهم على قعيدتِهم لَا يُقْتَلُ مُؤْمِنٌ بِكَافِرٍ دِيَةُ الْكَافِرِ نِصْفُ دِيَةِ الْمُسْلِمِ لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ وَلَا تُؤْخَذُ صَدَقَاتُهُمْ إِلَّا فِي دُورِهِمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «دِيَةُ الْمُعَاهِدِ نِصْفُ دِيَةِ الْحُرِّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3496. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के साल खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो फ़रमाया: “लोगो! इस्लाम में कोई नया मुआयदा नहीं, और दौरे जाहिलियत में जो मुआयदा था इस्लाम उस में इज़ाफा नहीं करता अलबत्ता इसे मज़बूत करता है, मोमिन दुश्मन के मुकाबले में बाहम दस्ते वाहिद की

तरह है एक अदना मुसलमान भी किसी काफ़िर को पनाह दे सकता है और उन में से जो दूर दराज़ है वह भी उन तक पहुंचाता है, और उन के लश्कर जिहाद में शरीक न होने वालो को भी माले गनीमत में शरीक करते हैं, किसी मोमिन को काफ़िर के बदले में क़त्ल नहीं किया जाएगा, काफ़िर की दियत , मुसलमान की दियत से आधी है, ज़कात वुसुल करने वाला न अपने पास ज़कात मंगवाए और न ज़कात देने वाले अपना माल दूर ले जाए और उन के सदकात उन के घरो ही से वुसुल किए जाए", और एक रिवायत में है: "ज़िम्मी की दियत, आज़ाद आदमी की दियत से आधी है"| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 180 ح 6692) و ابوداؤد (4531 الرواية الثانية : 4583)

٣٤٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ خِشْفِ بْنِ مَالِكٍ عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي دِيَةِ الْخَطَأِ عِشْرِينَ بِنْتَ مَخَاضٍ وَعِشْرِينَ ابْنَ مَخَاضٍ ذُكُورٍ وَعِشْرِينَ بِنْتَ لَبُونٍ وَعِشْرِينَ جَذَعَةً وَعِشْرِينَ حِقَّةً ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالصَّحِيحُ أَنَّهُ مَوْقُوفٌ عَلَى ابْنِ مَسْعُودٍ وَخِشْفٌ مَجْهُولٌ لَا يُعْرَفُ إِلَّا بِهَذَا الْحَدِيثِ وَرُوِيَ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَدَى قَتِيلَ خَيْبَرَ بِمِائَةٍ مِنْ إِبِلِ الصَّدَقَةِ وَلَيْسَ فِي أَسْنَانِ إِبِلِ الصَّدَقَةِ ابْنُ مَخَاضٍ إِنَّمَا فِيهَا ابْنُ لبون

3497. खिश्फ़ बिन मालिक, इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने खता की दियत बीस मादा ऊँट और बीस नर ऊँट जो उनके दुसरे साल में आ चुके हो और बीस मादा ऊँट जो उनके तीसरे साल में आ चुकी हो, बीस मादा ऊँट जो उनके पांचवे साल में आ चुकी हो और बीस मादा ऊँट जो उनके चोथे साल में आ चुकी हो मुकर्रर फरमाई| तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, इसनाद जईफ, रवाह तिरमिज़ी, अबू दावुद, निसाई, और सहीह यह है कि यह इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु पर मौकूफ है, जबके खिश्फ़ मजहूल है, उस से सिर्फ हमें एक रिवायत मरवी है, और शरह सुन्ना में रिवायत है के नबी ﷺ ने खैबर के एक मकतुल की सदका के ऊटों में से सौ ऊंट दियत अदा की और सदका के ऊटों में दो सलाह ऊँट नहीं था उन में सिर्फ तीसरे साल में दाखिल ऊँट थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1386) و ابوداؤد (4545) و النسائى (8 / 43 44 ح 4806) [و ابن ماجه (2631)] * خشف مجهول كما قال المؤلف وغيره و حجاج بن ارطاة مدلس و عنعن ، 0 حديث ان النبى صلى الله عليه و آله وسلم و دى قتيل خيبر الخ رواه البغوى فى شرح السنة (10 / 188 تحت ح 2536) [و البخارى (7192) و مسلم (6 / 1669)]

٣٤٩٨ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: كَانَتْ قِيمَةُ الدِّيَةِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَمَانِمِائَةِ دِينَارٍ أَوْ ثَمَانِيَةَ آلَافِ دِرْهَمٍ وَدِيَةُ أَهْلِ الْكِتَابِ يَوْمَئِذٍ النِّصْفُ مِنْ دِيَةِ الْمُسْلِمِينَ قَالَ: فَكَانَ كَذَلِكَ حَتَّى اسْتُخْلِفَ عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ عَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أَلْفَ دِينَارٍ وَعَلَى أَهْلِ الْوَرِقِ اثْنَيْ عَشَرَ أَلْفًا وَعَلَى أَهْلِ الْبَقَرِ مِائَتَيْ بَقَرَةٍ وَعَلَى أَهْلِ الشَّاءِ أَلْفَيْ شَاةٍ وَعَلَى أَهْلِ الْحُلَلِ مِائَتَيْ حُلَّةٍ قَالَ: وَتَرَكَ دِيَةَ [ص:١٠٤] أَهْلِ الذِّمَّةِ لَمْ يَرْفَعْهَا فِيمَا رَفَعَ من الدِّيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3498. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में दियत की कीमत आठ सौ दीनार थी या आठ हज़ार दिरहम थी, और उन दिनों अहले किताब की दियत मुसलमानों की दियत से आधी थी, उन्होंने मज़ीद फ़रमाया: दियत का मुआमला इसी तरह था हत्ता के उमर रदी अल्लाहु अन्हु खलीफा बने तो उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया के ऊंट महंगे हो गए है, रावी बयान करते हैं, के उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने सोने वालो पर हज़ार दीनार, चाँदी वालो पर बारह हज़ार दिरहम, गाय वालो पर दो सौ गाये, बकरियों वालो

पर दो हज़ार बकरिया, जोड़े (सोट) वालो पर दो सौ जोड़े मुकर्रर फरमाए, रावी बयान करते हैं, आप रदी अल्लाहु अन्हु ने ज़िम्मियो की दियत छोड़ दी, और जब उन्होंने दियत बढ़ाई तो उसे न बढ़ाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4542)

٣٤٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ جَعَلَ الدِّيَةَ اثْنَيْ عَشَرَ أَلْفًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3499. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने दियत बारह हज़ार (दिरहम) मुकर्रर फरमाई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1388 وقال : حسن صحیح غریب) و ابوداؤد (4546) و النسائی (2 / 192 ح 2368) و الدارمی (8 / 44 ح 4808)

٣٥٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَوِّمُ دِيَةَ الْخَطَأِ عَلَى أَهْلِ الْقُرَى أَرْبَعَمِائَةِ دِينَارٍ أَوْ عِدْلَهَا مِنَ الْوَرِقِ وَيُقَوِّمُهَا عَلَى أَثْمَانِ الْإِبِلِ فَإِذَا غَلَتْ رَفَعَ فِي قيمتِها وإِذا هاجَتْ رُخصٌ نَقَصَ مِنْ قِيمَتِهَا وَبَلَغَتْ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا بَيْنَ أَرْبَعِمِائَةِ دِينَارٍ إِلَى ثَمَانِمِائَةِ دِينَارٍ وَعِدْلُهَا مِنَ الْوَرِقِ ثَمَانِيَةُ آلَافِ دِرْهَمٍ قَالَ: وَقَضَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أَهْلِ الْبَقَرِ مِائَتَيْ بَقَرَةٍ وَعَلَى أَهْلِ الشَّاءِ أَلْفَيْ شَاةٍ وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَقْلَ مِيرَاثٌ بَيْنَ وَرَثَةِ الْقَتِيلِ» وَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ عَقْلَ الْمَرْأَةِ بَيْنَ عَصَبَتِهَا وَلَا يَرِثُ القاتلُ شَيْئا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3500. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ देहातियो पर दीयते खता चार सौ दीनार या उस के मसावी चाँदी मुकर्रर फ़रमाया करते थे, और उस में ऊटों की कीमत का लिहाज़ रखते थे, जब (ऊँटो की) कीमत बढ़ जाती तो आप ﷺ इस (दियत) की कीमत बढ़ा देते थे, और जब उनकी कीमत कम हो जाती तो आप इस दियत की कीमत कम कर देते थे और रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में दियत की कीमत चार सौ दीनार से आठ सौ दीनार तक पहुँच गई थी, और चाँदी से उस के मसावी आठ हज़ार दिरहम तक पहुँच गई थी, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गाय वालो पर दो सौ गाये और बकरियों वालो पर दो हज़ार बकरिया दियत मुकर्रर फरमाई, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक दियत मकतुल के वुरसा के दरमियान मीरास है”, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला फ़रमाया के औरत की दियत उस के असबा पर है, और कातिल किसी चिज़ का वारिस नहीं बनेगा| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4564) و النسائی (8 / 42 43 ح 4805)

٣٥٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عَقْلُ شِبْهِ الْعَمْدِ مُغَلَّظٌ مِثْلُ عَقْلِ الْعَمْدِ وَلَا يُقْتَلُ صاحبُه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3501. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “शुबाआमद की

दियत , दियते उम्दा की तरह मग्ल्लज़ है और इस (शुबाआमदा) के मुर्तकिब को क़त्ल नहीं किया जाएगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4565)

٣٥٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْعَيْنِ الْقَائِمَةِ السَّادَّةِ لِمَكَانِهَا بِثُلُثِ الدِّيَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3502. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने जगह पर साबित रह जाने वाली आँख की एक तिहाई दियत मुकर्रर फरमाई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4567) و النسائی (8 / 55 ح 4844)

٣٥٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرٍو عَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الجَنينِ بغُرَّةٍ: عَبْدٍ أَوْ أَمَةٍ أَوْ فَرَسٍ أَوْ بَغْلٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ [ص:١٠٤ وَقَالَ: رَوَى هَذَا الْحَدِيثَ حَمَّادُ بْنُ سَلَمَةَ وَخَالِدٌ الْوَاسِطِيُّ عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرٍو وَلَمْ يَذْكُرْ: أَوْ فَرَسٍ أَوْ بغل

3503. मुहम्मद बिन अम्र ने अबू सलमा और उन्होंने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन (पेट के बच्चे) के बारे में गुलाम या लौंडी या घोड़ा या खच्चर बतौर दियत मुकर्रर फ़रमाया| अबू दावुद ने इसे रिवायत किया और फ़रमाया हम्माद बिन सलमा और खालिद वास्ती ने यह हदीस मुहम्मद बिन अम्र से रिवायत की और उन्होंने घोड़ा या खच्चर का ज़िक्र नहीं किया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4579)

٣٥٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «من تطيب وَلَمْ يُعْلَمْ مِنْهُ طِبٌّ فَهُوَ ضَامِنٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3504. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और उन्होंने अपने दादा से रिवायत किया के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इलाज मुआल्ज़ा करे जबके वह तिब्ब में माहिर न हो तो वह (मरीज़ की मौत वाकेअ होने पर दियत का) ज़ामिन होगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4586) و النسائی (8 / 52 53 ح 4834 4835) * ابن جریج مدلس و عنعن و للحدیث شاھد ضعیف

٣٥٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عِمْرَان بن حُصَين: أَنَّ غُلَامًا لِأُنَاسٍ فُقَرَاءَ قَطَعَ أُذُنَ غُلَامٍ لِأُنَاسٍ أَغْنِيَاءَ فَأَتَى أَهْلُهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: إِنَّا أُنَاسٌ فُقَرَاءُ فَلَمْ يَجْعَلْ عَلَيْهِمْ شَيْئًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3505. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के ग़रीब लोगो के गुलाम ने अमीर लोगो के गुलाम का कान काट दिया तो इस (कान काटने वाले गुलाम) के घर वाले, नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने अर्ज़ किया, हम फ़क़ीर लोग हैं, तो आप ﷺ ने इन पर (दियत में से) कुछ भी मुकर्रर न फ़रमाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4590) و النسائی (8 / 25 26 ح 4755) * قتادة مدلس و عنعن

باب الدِّيات • दिय्यत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٥٠٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ قَالَ: دِيَةُ شِبْهِ الْعَمْدِ أَثْلَاثًا ثَلَاثٌ وَثَلَاثُونَ حِقَّةً وَثَلَاثٌ وَثَلَاثُونَ جَذَعَةً وَأَرْبَعٌ وَثَلَاثُونَ ثَنِيَّةً إِلَى بَازِلِ عَامِهَا كُلُّهَا خَلِفَاتٌ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: فِي الْخَطَأِ أَرْبَاعًا: خَمْسَة وَعِشْرُونَ حِقَّةً وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ جَذَعَةً وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ بَنَاتِ لَبُونٍ وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ بَنَاتِ مَخَاضٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3506. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के "शुबाआमद की दियत तीन किस्म (के ऊँटो) पर मुश्तमिल है: तेतीस हिक्क़ (तीन साल मुकम्मल करने के बाद चोथे साल में दाखिल ऊंट) तेतीस जज़आ (पांचवी साल में दाखिल) चोंतिस (चोथे साल में दाखिल होने वाली ऊंटनीया) और वह सब हामिला हो", और एक दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: "क़त्ल खता की दियत चार किस्म की ऊंटनिया हैं: पच्चीस हिक्क़, पच्चीस जज़आ (मादा ऊँट जो उनके पांचवे साल में आ चुकी हो), पच्चीस बनात लबुन (मादा ऊँट जो उनके तीसरे साल में आ चुकी हो) और पच्चीस बनात मखाज़ (मादा ऊँट)"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4551 و الرواية الثانية : 4553) * ابو اسحاق و سفیان مدلسان و عنعنا

٣٥٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُجاهدٍ قَالَ: قَضَى عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ فِي شِبْهِ الْعَمْدِ ثَلَاثِينَ حِقَّةً وَثَلَاثِينَ جَذَعَةً وَأَرْبَعِينَ خَلِفَةً مَا بَيْنَ ثَنِيَّةٍ إِلَى بَازِلِ عَامِهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3507. मुजाहिद बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने शुबाआमद में तीस हक़, तीस जज़आ और चालीस हामिला ऊंटनियो का फैसला किया जो के छे साल से नौ साल की उमर के दरमियान हो और वह तमाम हामिला हो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4550) * سفیان و ابن ابی نجیح مدلسان و عنعنا و مجاهد لم یسمع من عمر رضی الله عنه فالسند منقطع ان صح الی مجاهد

٣٥٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي الْجَنِينِ يُقْتَلُ فِي بَطْنِ أُمِّهِ بِغُرَّةٍ عَبْدٍ أَوْ وَلِيدَةٍ. فَقَالَ الَّذِي قُضِيَ عليهِ: كيف أَغْرَمُ مَنْ لَا شَرِبَ وَلَا أَكَلَ وَلَا نَطَقَ وَلَا اسْتَهَلَّ وَمِثْلُ ذَلِكَ يُطَلُّ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا هَذَا مِنْ إِخْوَانِ الْكُهَّانِ» . رَوَاهُ مالكٌ وَالنَّسَائِيّ مُرْسلا

3508. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन के बारे में जिसे उस की माँ के पेट में क़त्ल किया जाए, एक गुलाम या एक लौंडी की दियत का फैसला किया तो आप ﷺ से जिस के खिलाफ फैसला किया था उस ने कहा: में उस की दियत कैसे अदा करू जिस ने न पिया, न खाया और उस ने कलाम किया न कोई चीख मारी, और इस तरह वह इस क़त्ल को राइगा करार देता थे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये तो काहिनो का साथी है”| मालिक, निसाई ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ مالک (2 / 855 ح 1659) و النسائی (8 / 49 ح 4824) * السند مرسل وله شواهد منها الحديث الآتی (3509)

٣٥٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ عَنْهُ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ مُتَّصِلا

3509. अबू दावुद ने सईद बिन मुसय्यिब अन अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मवसुलन रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (4576)

بَاب مَا يضمن من الْجِنَايَات • ऐसे कसूर और खताए जिन पर दिय्यत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٥١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَجْمَاءُ جَرْحُهَا جُبَارٌ وَالْمَعْدِنُ جُبَارٌ وَالْبِئْرُ جُبَارٌ»

3510. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर चोपाये किसी को ज़ख़्मी कर दे यह तो उस पर कोई खून बहा नहीं, अगर कोई खान में दबकर मर जाए उस पर कोई खून बहा नहीं और जो शख़्स कुंवे में गिर कर मर जाए तो उस का खून बहा नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6912) و مسلم (45 / 1710)، (4465)

٣٥١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَيْشَ الْعُسْرَةِ وَكَانَ لِي أَجِيرٌ فقاتلَ إِنسانا فعض أَحدهمَا الْآخَرِ فَانْتَزَعَ الْمَعْضُوضُ يَدَهُ مِنْ فِي الْعَاضِّ فَأَنْدَرَ ثَنِيَّتَهُ فَسَقَطَتْ فَانْطَلَقَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَهْدَرَ ثَنِيَّتَهُ وَقَالَ: «أَيَدَعُ يَدَهُ فِي فِيكَ تَقْضِمُهَا كَالْفَحْلِ»

3511. यअली बिन उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने गज़वा ए तबुक मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शिरकत की मेरा एक नोकर था उस का किसी शख़्स से झगड़ा हो गया तो इन दोनों में से किसी एक ने दुसरे का हाथ (दांतों से) चबा डाला तो जिस का हाथ था उस ने अपने हाथ को उस के मुंह से खिंचा तो उस के सामने के दांत गिरा दिए, वह (शिकायत

ले कर) नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने उस के दांतों को राइगा करार दिया और उस का बदला न दिलाया और आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह अपना हाथ तुम्हारे मुंह में रहने देता ताकि तुम ऊंट की तरह इसे चबा डालते”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2265) و مسلم (23 / 1674)، (4372)

٣٥١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قُتِلَ دُونَ مَالِهِ فَهُوَ شهيدٌ»

3512. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स को अपने माल की हिफाज़त करते हुए क़त्ल कर दिया जाए तो वह शहीद है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2480) و مسلم 226 / 140)، (361)

٣٥١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ [ص:١٠٤ جَاءَ رَجُلٌ يُرِيدُ أَخْذَ مَالِي؟ قَالَ: «فَلَا تُعْطِهِ مَالَكَ» قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَاتَلَنِي؟ قَالَ: «قَاتِلْهُ» قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَتَلَنِي؟ قَالَ: «فَأَنْتَ شَهِيدٌ» . قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَتَلْتُهُ؟ قَالَ: «هُوَ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

3513. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर कोई आदमी (नाहक तौर पर) मेरा माल लेने के इरादे से आए (तो में किया करू ?) आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपना माल इसे मत लेने दो”, उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर वह मुझ से झगड़ा करे तो ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम भी उस से झगड़ा करो”, उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर वह मुझे क़त्ल कर दे ? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम शहीद हो”, उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर में उसे क़त्ल कर दूँ ? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जहन्नमी है”, तुम पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (225 / 124)، (360)

٣٥١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَوِ اطَّلَعَ فِي بَيْتِكَ أحدٌ ولمْ تَأذن لَهُ فخذفته بحصاة ففتأت عَيْنَهُ مَا كَانَ عَلَيْكَ مِنْ جُنَاحٍ»

3514. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अगर कोई शख़्स बिला इजाज़त तुम्हारे घर में झांके और तुम उसे कंकरी मारो जिस से उस की आँख फुट जाए तो तुम पर कोई गुनाह नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6888) و مسلم (44 / 2158)، (5643)

٣٥١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سهل بنِ سعد: أَنَّ رَجُلًا اطَّلَعَ فِي جُحْرٍ فِي بَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم وَمَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِدْرًى يَحُكُّ بِهِ رَأْسَهُ فَقَالَ: «لَوْ أَعْلَمُ أَنَّكَ تنظُرُني لطَعَنْتُ بِهِ فِي عَيْنَيْكَ إِنَّمَا جُعِلَ الِاسْتِئْذَانُ مِنْ أَجْلِ الْبَصَرِ»

3515. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ के दरवाज़े के सुराख़ में से झाँका, रसूलुल्लाह ﷺ के पास लकड़ी या लोहे की कंघी नुमा कोई चीज़ थी जिस से आप अपना सर खुजालते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर मुझे पता होता की तुम मुझे देख रहे हो तो में उसे तुम्हारी दोनों आंखो में चुभो देता, देखने ही की वजह से तो इजाज़त लेना मुकर्रर किया गया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6901) و مسلم (40 / 2156)، (5638)

٣٥١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ أَنَّهُ رَأَى رَجُلًا يَخْذِفُ فَقَالَ: لَا تَخْذِفْ فَإِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الْخَذْفِ وَقَالَ: «إِنَّهُ لَا يُصَادُ بِهِ صَيْدٌ وَلَا يُنْكَأُ بِهِ عَدُوٌّ وَلَكِنَّهَا قَدْ تَكْسِرُ السِّنَّ وَتَفْقَأُ الْعَيْنَ»

3516. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक आदमी को कंकरिया फेंकते हुए देखा तो उन्होंने कहा: कंकरिया मत फेंको क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने कंकरिया फेंकने से मना फ़रमाया है और आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस से न तो शिकार किया जा सकता है और न दुश्मन को ज़ख़्मी किया जा सकता है लेकिन यह (फेंकना) दांत तोड़ सकता है और आँख फोड़ सकता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5479) و مسلم (54 / 1954)، (5050)

٣٥١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا مَرَّ أَحَدُكُمْ فِي مَسْجِدِنَا وَفِي سُوقِنَا وَمَعَهُ نَبْلٌ فَلْيُمْسِكْ عَلَى نِصَالِهَا أَنْ يُصِيبَ أَحَدًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ مِنْهَا بِشَيْءٍ»

3517. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स हमारी मस्जिद और हमारे बाज़ार में से गुज़रे और उस के पास तीर हो तो वह उस के नोक पर हाथ रखे ताकि उस से कोई मुसलमान ज़ख़्मी न हो जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7075) و مسلم (134 / 2615)، (6665)

٣٥١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُشِيرُ أَحَدُكُمْ [ص:١٠٤ عَلَى أَخِيهِ بِالسِّلَاحِ فَإِنَّهُ لَا يَدْرِي لَعَلَّ الشَّيْطَانَ يَنْزِعُ فِي يَدِهِ فَيَقَعُ فِي حُفْرَة من النَّار»

3518. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई अस्लिहा के ज़रिए अपने भाई की तरफ इशारा न करे क्योंकि वह नहीं जानता के हो सकता है शैतान उस के हाथ से चिपट कर (इस के भाई पर वार

करे) इसी तरह यह जहन्नम में जा गीरे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7072) و مسلم (136 / 2617)، (6668)

٣٥١٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَشَارَ إِلَى أَخِيهِ بِحَدِيدَةٍ فَإِنَّ الْمَلَائِكَةَ تَلْعَنُهُ حَتَّى يَضَعَهَا وَإِنْ كَانَ أخاهُ لأبيهِ وَأمه» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3519. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स नेज़े से अपने भाई की तरफ इरशाद करे, फ़रिश्ते उस पर लानत भेजते रहते है, हत्ता के वह इसे रख दे, ख्वाह वह उस का हकीकी भाई ही क्यों न हो”| (बुखारी)

رواه البخارى (لم اجده) [و مسلم (125 / 2616)، (6666)]

٣٥٢٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ حَمَلَ عَلَيْنَا السِّلَاحَ فَلَيْسَ مِنَّا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ وزادَ مُسلم: «ومنْ غشَّنا فليسَ منَّا»

3520. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स हमारे खिलाफ अस्लिहा उठाए तो वह हम में से नहीं”| और इमाम मुस्लिम रहीमा उल्लाह ने यह इज़ाफा नकल किया है: “जिस ने हमें धोका दीया वह हम में से नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (707) و مسلم (164 / 101)، (283)

٣٥٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَلَّ علينا السَّيفَ فليسَ منَّا» . رَوَاهُ مُسلم

3521. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने हमारे खिलाफ तलवार उठाई वह हम में से नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (162 / 99)، (281)

٣٥٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ هِشَامِ بْنِ عُرْوَةَ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ هشامَ بنَ حكيمٍ مَرَّ بِالشَّامِ عَلَى أُنَاسٍ مِنَ الْأَنْبَاطِ وَقَدْ أُقِيموا فِي الشَّمسِ وصُبَّ على رُؤوسِهِمُ الزَّيْتُ فَقَالَ: مَا هَذَا؟ قِيلَ: يُعَذَّبُونَ فِي الخَراجِ فَقَالَ هِشَامٌ: أَشْهَدُ لَسَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ يُعَذِّبُ الَّذِينَ يُعذبونَ النَّاسَ فِي الدُّنْيَا» . رَوَاهُ مُسلم

3522. हिश्शाम बिन उरवा अपने वालिद से रिवायत करते हैं की हिश्शाम बिन हकिम शाम में कौम ए अंबाट के कुछ लोगो

के पास से गुज़रे जिन्हें धुप में खड़ा किया गया था और उन के सरो पर जैतून का तेल डाला जा रहा था, उन्होंने पूछा यह क्या मुआमला है ? बताया गया के उन्हें (टेक्स) की अदम अदाइगी की वजह से सज़ा दी जा रही है, हिश्शाम ने कहा मैं गवाही देता हूँ की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “वो बेशक अल्लाह उन लोगो को अज़ाब देगा जो लोगो को दुनिया में (नाहक) अज़ाब व सज़ा देते है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (118 / 2613)، (6658)

٣٥٢٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُوشِكُ إِنْ طَالَتْ بك مُدَّة أَن ترى أَقْوَامًا فِي أَيْدِيهِمْ مِثْلُ أَذْنَابِ الْبَقَرِ يَغْدُونَ فِي غَضَبِ اللَّهِ وَيَرُوحُونَ فِي سَخَطِ اللَّهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «وَيَرُوحُونَ فِي لَعْنَةِ اللَّهِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3523. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम्हारी उमर दराज़ हुई तो करीब है के तुम कुछ ऐसे लोग देखोगे जिन के हाथो में गाय की दूम जैसे (कोड़े) होंगे वह सुबह व शाम (हमेशा) अल्लाह के गज़ब और नाराज़ी में रहेंगे”, और एक रिवायत में है: “वो अल्लाह की लानत में शाम करते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 ، 53 / 2857)، (7195 و 7196)

٣٥٢٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " صِنْفَانِ مِنْ [ص:١٠٤ أَهْلِ النَّارِ لَمْ أَرَهُمَا: قَوْمٌ مَعَهُمْ سِيَاطٌ كَأَذْنَابِ الْبَقَرِ يَضْرِبُونَ بِهَا النَّاسَ وَنِسَاءٌ كَاسِيَاتٌ عَارِيَاتٌ مُمِيلَاتٌ مَائِلَاتٌ رؤوسهم كَأَسْنِمَةِ الْبُخْتِ الْمَائِلَةِ لَا يَدْخُلْنَ الْجَنَّةَ وَلَا يَجِدْنَ رِيحَهَا وَإِنَّ رِيحَهَا لَتُوجَدُ مِنْ مَسِيرَةِ كَذَا وَكَذَا ". رَوَاهُ مُسلم

3524. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जहन्नुमियो के दो गिरोह ऐसे है जिन्हें मैंने नहीं देखा, एक वह लोग जिन के पास गाय की दुमो जैसे कोड़े होंगे जिन के साथ वह लोगो को मारते होंगे, और वह औरते जो लिबास पहन कर भी उरिया होगी, माइल करने वाली, मटक मटक कर चलने वाली होगी, उन के सर बख्ती ऊटों की झुकी हुई कोहानो की तरह उठे हुए होंगे, यह दोनों गिरोह न तो जन्नत में जाएँगे और न उस की खुशबु पाएंगे, हालाँकि उस की खुशबु दूर दराज़ तक फैली होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (52 / 2128)، (5582)

٣٥٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا قَاتَلَ أَحَدُكُمْ فَلْيَجْتَنِبِ الْوَجْهَ فَإِنَّ اللَّهَ خَلَقَ آدَمَ عَلَى صُورَتِهِ»

3525. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई (किसी को) मारे तो वह चेहरे से बचा करे क्योंकि अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को अपने सूरत पर पैदा फ़रमाया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2559) و مسلم (115 / 2612)، (6655)

بَاب مَا يضمن من الْجِنَايَات • ऐसे कसूर और खताए जिन पर दिय्यत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٢٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَشَفَ سِتْرًا فَأَدْخَلَ بَصَرَهُ فِي الْبَيْتِ قَبْلَ أَنْ يُؤْذَنَ لَهُ فَرَأَى عَوْرَةَ أَهْلِهِ فَقَدْ أَتَى حَدًّا لَا يَحِلُّ لَهُ أَنْ يَأْتِيَهُ وَلَوْ أَنَّهُ حِينَ أَدْخَلَ بَصَرَهُ فَاسْتَقْبَلَهُ رَجُلٌ فَفَقَأَ عَيْنَهُ مَا عَيَّرْتُ عَلَيْهِ وَإِنْ مَرَّ الرَّجُلُ عَلَى بَابٍ لَا سِتْرَ لَهُ غَيْرِ مُغْلَقٍ فَنَظَرَ فَلَا خَطِيئَةَ عَلَيْهِ إِنَّمَا الْخَطِيئَةُ عَلَى أَهْلِ الْبَيْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3526. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने परदा उठाया और बिला इजाज़त घर में नज़र डाली और घरवालो की परदा की चीज़ को देख लिया तो उस ने एक हद का इर्तिकाब किया जिस का इर्तिकाब करना उस के लिए हलाल नहीं था, और अगर इस वक़्त, जब उस ने नज़र डाली, एक आदमी उस के सामने गया और उस ने उस की आँख फोड़ दी, मैं उस की सरजंश नहीं करूँगा, और अगर आदमी किसी ऐसे दरवाज़े से गुज़रे जिस का कोई परदा न हो और न वह बंद हो और वह देख ले तो उस की कोई गलती नहीं, गलती तो घरवालो की है"| इस हदीस को तिरमिज़ी ने रिवायत किया है और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2707) * ابن لھیعة مدلس و عنعن

٣٥٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُتَعَاطَى السَّيْفُ مَسْلُولًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3527. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बे मियान तलवार किसी को देने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2613 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2588) * ابو الزبیر مدلس و عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة

٣٥٢٨ - وَعَن الحسنِ عَنْ سَمُرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى أَنْ يُقَدَّ السَّيْرُ بَيْنَ أصبعَينِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3528. हसन, समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, के रसूलुल्लाह ﷺ ने दो उंगलियों के दरमियान तस्मिया चीरने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2589)

٣٥٢٩ - (صَحِيح) وَعَن سعيدِ بنِ زيدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قُتِلَ دُونَ دِينِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ دَمِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ مَالِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ أَهْلِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3529. सईद बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने दीन की हिफाज़त करते हुए मारा जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स अपनी जान की हिफाज़त करते हुए मारा जाए वह भी शहीद है, जो शख़्स अपने माल की हिफाज़त करता मारा जाए वह भी शहीद है, और जो शख़्स अपने अहल व अयाल की हिफाज़त करते मारा जाए वह भी शहीद है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1421 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (4772) و النسائی (7 / 115 116 ح 4095 4096)

٣٥٣٠ - وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لِجَهَنَّمَ سَبْعَةُ أَبْوَابٍ: بَابٌ مِنْهَا لِمَنْ سَلَّ السَّيْفَ عَلَى أُمَّتِي أَوْ قَالَ: عَلَى أُمَّةِ مُحَمَّدٍ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ»» وَحَدِيثُ أَبِي هُرَيْرَةَ: «الرِّجْلُ جُبَارٌ» ذُكِرَ فِي «بَابِ الْغَضَب»»» هَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّالِث

3530. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जहन्नम के सात दरवाज़े है उन में से एक दरवाज़ा इस शख़्स के लिए है जिस ने मेरी उम्मत के खिलाफ तलवार उठाई, या फ़रमाया: “(जिस ने) मुहम्मद ﷺ की उम्मत के खिलाफ (तलवार उठाई)”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| # और अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस: “चोपाये के पाँव से लगने वाला जख्म राइगा है” बाब अल गज़ब में ज़िक्र की गई है. (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3123) * وقال ابو حاتم الرازی : جنید عن ابن عمر : مرسل 0 حدیث ’’ الرجل جبار ‘‘ تقدم (2952)

هذا الباب خال من الفصل الثالث

यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

• بَاب الْقسَامَة — क़सम का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٣٥٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ وَسَهْلِ بْنِ أَبِي حَثْمة أَنَّهُمَا حَدَّثَا أَنَّ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ سَهْلٍ وَمُحَيِّصَةَ بْنَ مَسْعُودٍ أَتَيَا خَيْبَرَ فَتَفَرَّقَا فِي النَّخْلِ فَقُتِلَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَهْلٍ فَجَاءَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ سَهْلٍ وَحُوَيِّصَةُ وَمُحَيِّصَةُ ابْنَا مَسْعُودٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَكَلَّمُوا فِي أَمْرِ صَاحِبِهِمْ فَبَدَأَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ وَكَانَ أَصْغَرَ الْقَوْمِ فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كبر الْكبر قَالَ يحيى بن سعد: يَعْنِي لِيَلِيَ الْكَلَامَ الْأَكْبَرُ فَتَكَلَّمُوا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَحِقُّوا قَتِيلَكُمْ أَوْ قَالَ صَاحِبَكُمْ بِأَيْمَانِ خَمْسِينَ مِنْكُمْ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمْرٌ لَمْ نَرَهُ قَالَ: فَتُبَرِّئُكُمْ يَهُودُ فِي أَيْمَانِ خَمْسِينَ مِنْهُمْ؟ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ قَوْمٌ كُفَّارٌ فَفَدَاهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ قِبَلِهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «تَحْلِفُونَ خَمْسِينَ يَمِينًا وَتَسْتَحِقُّونَ قَاتِلَكُمْ أَوْ صَاحِبَكُمْ» فَوَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ عِنْده بِمِائَة نَاقة»» وَهَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّانِي

3531. राफ़ीअ बिन ख़दीज और सहल बिन अबी हशमत से रिवायत है जिन दोनों ने बयान किया के अब्दुल्लाह बिन सहल और मुहय्यिस बिन मसउद खैबर आए और वह दोनों खजूरो के झुण्ड में अलग हो गए, चुनांचे अब्दुल्लाह बिन सहल क़त्ल कर दिए गए, उस के बाद अब्दुल रहमान बिन सहल और मसउद के दोनों बेटे हुवैस और मुहय्यिस नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और वह अपने साथी के मुआमले के मुत्तल्लिक बात करने लगे तो अब्दुल रहमान ने, जो के लोगो में सबसे छोटे थे, बात करना शुरू की तो नबी ﷺ ने इसे फ़रमाया: “बड़े को उस के बड़े होने का हक़ दो”, याह्या बिन सईद ने फ़रमाया: आप ﷺ की मुराद थी की जो सबसे बड़ा है वह कलाम करे, उन्होंने बात की तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपने मकतुल साथी की दियत के मुत्तल्लिक पचास कस्मे उठाकर हक़दार बन सकते हो”, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह ऐसा मुआमला है के हमने इसे देखा नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “यहूद के पचास आदमी क़सम उठाकर तुम से बरी हो जाएँगे”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जो तो काफ़िर लोग हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपनी तरफ से उन्हें दियत अदा फरमाई और एक रिवायत में है: “तुम पचास कस्मे उठाओ और अपने कातिल या अपने साथी के मुस्तहक बन जाओ”, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने तरफ से सौ ऊंटनिया बतौर दियत अदा फरमाइ| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6142 6142 و الروایة الثانیة : 7192) و مسلم (3 / 1669)، (4346)

وهذا الباب خال من الفصل الثاني

यह बाब दूसरी फस्ल से खाली है|

باب الْقسامَة • क़सम का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٥٣٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ قَالَ: أَصْبَحَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ مَقْتُولًا بِخَيْبَرَ فَانْطَلَقَ أَوْلِيَاؤُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرُوا ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «أَلَكُمْ شَاهِدَانِ يَشْهَدَانِ عَلَى قَاتِلِ صَاحِبِكُمْ؟» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَمْ يَكُنْ ثَمَّ أحدٌ من المسلمينَ وإِنما هُوَ يهود وَقد يجترئون عَلَى أَعْظَمَ مِنْ هَذَا قَالَ: «فَاخْتَارُوا مِنْهُمْ خَمْسِينَ فَاسْتَحْلِفُوهُمْ» . فَأَبَوْا فَوَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ عِنْدِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3532. राफ़ीअ बिन ख़दीज बयान करते हैं, अंसार का एक आदमी खैबर में क़त्ल हो गया तो उस के वुरसा नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने उस के मुत्तल्लिक आप से ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास दो गवाह है जो तुम्हारे साथी के कातिल पर गवाही दें ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वहां तो कोई मुसलमान नहीं था और वह तो यहूद है और वह उन से बड़ी चीज़ के इर्तिकाब की जिरात (जुर्रत) कर जाते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन में से पचास आदमी चुन लो और उन से हलफ ले लो”, उन्होंने इन्कार किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने तरफ से उस का फिदिया अदा फ़रमाया| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (4524)

مُرतदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का

بَاب قتل أهل الرِّدَّة و السعاة بِالْفَسَادِ

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول

٣٥٣٣ - (صَحِيح) عَنْ عِكْرِمَةَ قَالَ: أُتِيَ عَلِيٌّ بِزَنَادِقَةٍ فَأَحْرَقَهُمْ فَبَلَغَ ذَلِكَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ: لَوْ كُنْتُ أَنَا لَمْ أُحْرِقْهُمْ لِنَهْيِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُعَذِّبُوا بِعَذَابِ اللَّهِ» وَلَقَتَلْتُهُمْ لِقَوْلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ بَدَّلَ دِينَهُ فَاقْتُلُوهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3533. इकरिमा बयान करते हैं, अली रदी अल्लाहु अन्हु के पास कुछ ज़िन्दिक लाए गए तो उन्होंने उन्हें जिंदा जला दिया, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा को इस बात का पता चला तो उन्होंने ने फ़रमाया: अगर में होता तो मैं उन्हें कभी जिंदा न जलाता क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ से उस की मुमानियत मौजूद है (के आप ﷺ ने फ़रमाया): “अल्लाह के अज़ाब के साथ अज़ाब न दो”, की वजह से में उन्हें न जलाता और रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान: “जो शख़्स अपना दीन (इस्लाम) बदल ले तो उसे क़त्ल कर दो”, के मुताबिक में उन्हें क़त्ल कर देता| (बुखारी)

رواه البخاری (6922)

٣٥٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن النَّارَ لَا يُعَذِّبُ بِهَا إِلَّا اللَّهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3534. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आग का अज़ाब सिर्फ अल्लाह ही देगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (6954)

٣٥٣٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَيَخْرُجُ قَوْمٌ فِي آخِرِ الزَّمَانِ حُدَّاثُ الْأَسْنَانِ سُفَهَاءُ الْأَحْلَامِ يَقُولُونَ مِنْ خَيْرِ قَوْلِ الْبَرِيَّةِ لَا يُجَاوِزُ إِيمَانُهُمْ حَنَاجِرَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الدِّينِ كَمَا يَمْرُقُ السَّهْمُ مِنَ الرَّمِيَّةِ فَأَيْنَمَا لَقِيتُمُوهُمْ فَاقْتُلُوهُمْ فَإِنَّ فِي قَتْلِهِمْ أَجْرًا لمن قتلهمْ يَوْمَ الْقِيَامَة»

3535. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अनकरीब आखरी ज़माने में एक कौम का जुहूर होगा जो नौ उमर जईफ अल अक्ल होंगे, वह बज़ाहिर निहायत माकूल काम करेंगे, लेकिन उनका ईमान उन के हलक से तजावुज़ नहीं करेगा, वह दीन से इस तरह निकल जाएँगे जैसे तीर शिकार से निकल जाता है, तुम उन्हें जहाँ पाओ वहीँ क़त्ल कर दो क्योंकि उन्हें क़त्ल करने में रोज़ ए क़यामत उन के कातिल के लिए अज़र है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6930) و مسلم (154 / 1066)، (2462)

٣٥٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ أُمَّتِي فِرْقَتَيْنِ فَيَخْرُجُ مِنْ بَيْنِهِمَا مَارِقَةٌ يَلِي قَتْلَهُمْ أولاهم بِالْحَقِّ» . رَوَاهُ مُسلم

3536. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत दो गिरोहों में मुनकसिम (टुकड़े) हो जाएगी और इन दोनों के बीच से एक खारजी जमाअत रवानुमा होगी, उनका ख़ात्मा वह लोग करेंगे जो हक़ के ज़्यादा करीब होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (151 / 1064)، (2459)

٣٥٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَرِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «لَا تَرْجِعُنَّ بَعْدِي كُفَّارًا يَضْرِبُ بَعْضُكُمْ رِقَاب بعض»

3537. जरीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर फ़रमाया: “मेरे बाद एक दुसरे की गरदने काट कर काफ़िर न बन जाना”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7080) و مسلم (118 / 65)، (223)

٣٥٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا الْتَقَى الْمُسْلِمَانِ حَمَلَ أَحَدُهُمَا عَلَى أَخِيهِ السِّلَاحَ فَهُمَا فِي جُرُفِ جَهَنَّمَ فَإِذَا قَتَلَ أَحَدُهُمَا صَاحِبَهُ دَخَلَاهَا جَمِيعًا» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ: قَالَ: «إِذَا الْتَقَى الْمُسْلِمَانِ بسيفهما فَالْقَاتِلُ وَالْمَقْتُولُ فِي النَّارِ» قُلْتُ: هَذَا الْقَاتِلُ فَمَا بَالُ الْمَقْتُولِ؟ قَالَ: «إِنَّهُ كَانَ حَرِيصًا عَلَى قَتْلِ صَاحِبِهِ»

3538. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब दो मुसलमान मिले और उन में से एक अपने भाई पर अस्लिहा तान ले तो वह दोनों जहन्नम के किनारे पर होते हैं, जब उन में से कोई अपने मुकाबिल को क़त्ल कर देता है तो वह दोनों इकठ्ठे जहन्नम में दाखिल हो जाते हैं”, और उन से एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब दो मुसलमान अपने तलवारे सोंट कर सामने जाते हैं तो कातिल और मकतुल जहन्नमी है”, मैंने अर्ज़ किया: कातिल तो है लेकिन मकतुल किस वजह से ? (के वह मज़लूम होने के बावजूद जहन्नमी है) आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि वह अपने साथी (मद्दे मुक़ाबिल) को क़त्ल करने पर हरिस था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6875 الرواية الثانية) و مسلم (16 / 2888 ، الرواية الاولى ، 14 / 2888، (7252 و 7255) ، الرواية الثانية)

٣٥٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَنَسٍ قَالَ: قَدِمَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَفَرٌ مِنْ عُكْلٍ فَأَسْلَمُوا فَاجْتَوَوُا الْمَدِينَةَ فَأَمَرَهُمْ أَنْ يَأْتُوا إِبِلَ الصَّدَقَةِ فَيَشْرَبُوا مِنْ أَبْوَالِهَا وَأَلْبَانِهَا فَفَعَلُوا فَصَحُّوا فَارْتَدُّوا وَقَتَلُوا رُعَاتَهَا وَاسْتَاقُوا الْإِبِلَ فَبَعَثَ فِي آثَارِهِمْ فَأُتِيَ بِهِمْ فَقَطَعَ أَيْدِيَهُمْ وَأَرْجُلَهُمْ وَسَمَلَ أَعْيُنَهُمْ ثُمَّ لَمْ يَحْسِمْهُمْ حَتَّى مَاتُوا ". وَفِي رِوَايَةٍ: فَسَمَّرُوا أَعْيُنَهُمْ وَفِي رِوَايَةٍ: أَمَرَ بِمَسَامِيرَ فَأُحْمِيَتْ فَكَحَّلَهُمْ بِهَا وَطَرَحَهُمْ بِالْحَرَّةِ يَسْتَسْقُونَ فَمَا يُسْقَوْنَ حَتَّى مَاتُوا

3539. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उकली के कुछ लोग नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया, मदीना की आबो हवा उन्हें मुवाफिक न आइ तो आप ने उन्हें सदका के ऊटों के पास जाने का हुक्म फ़रमाया ताकि वहां वह उनका दूध और पेशाब पिए, उन्होंने ऐसे किया और वह सेहतियाब हो गए, उस के बाद वह मुरतद हो गए और उन के चरवाहों को क़त्ल कर के ऊंट हांक कर ले गए आप ﷺ ने उन के तआक्कुब में आदमी भेजे तो वह उन्हें पकड़ कर ले आए, आप ने उन के हाथ और पाँव काट दिए और उनकी आंखो में सिलाईयाँ फेर दी गई, फिर उनका खून बहता रहा हत्ता के वह फौत हो गए एक दूसरी रिवायत में है: “उन्होंने उनकी आंखो में सिलाईयाँ फेर दी”, और एक रिवायत में है: “आप ﷺ ने सिलाइयों के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें गरम किया गया और उन्हें उनकी आंखो में फेर कर उन्हें धुप में फेंक दिया गया वह पानी तलब करते रहे मगर उन्हें पानी न दिया गया हत्ता के वह फौत हो गए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6803 ، الرواية الاولى ، 1501 ، الثانية ، 3018 ، الثانية) و مسلم (9 / 1671 ، الرواية الاولى ، 10 / 1671، 4353 و 4354) ،الثانية)

بَاب قتل أهل الرِّدَّة و السعاة بِالْفَسَادِ • मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٤٠ - (جيد) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَحُثُّنَا عَلَى الصَّدَقَةِ وَيَنْهَانَا عَنِ الْمُثْلَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3540. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमें सदका देने पर अमादा किया करते थे और मुसला करने से मना फ़रमाया करते थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2667) * قتادة مدلس و عنعن و حديث احمد (5 / 20) يغنى عن هذا الحديث

٣٥٤١ - (جيد) وَرَوَاهُ النَّسَائِيّ عَن أنس

3541. इमाम निसाई ने इसे अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (7 / 101 ح 4052)

٣٥٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَانْطَلَقَ لِحَاجَتِهِ فَرَأَيْنَا حُمْرَةً مَعَهَا فَرْخَانِ فَأَخَذْنَا فَرْخَيْهَا فَجَاءَتِ الْحُمْرَةُ فَجَعَلَتْ تَفْرُشُ فَجَاءَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَنْ فَجَعَ

هَذِهِ بِوَلَدِهَا؟ رُدُّوا وَلَدَهَا إِلَيْهَا» . وَرَأَى قَرْيَةَ نَمْلٍ قَدْ حَرَّقْنَاهَا قَالَ: «مَنْ حَرَّقَ هَذِهِ؟» فَقُلْنَا: نَحْنُ قَالَ: «إِنَّهُ لَا يَنْبَغِي أَنْ يُعَذِّبَ بِالنَّارِ إِلَّا رَبُّ النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3542. अब्दुल रहमान बिन अब्दुल्लाह अपने बाप से रिवायत करते हैं, हम एक सफ़र मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, आप कजाए हाजत के लिए तशरीफ़ ले गए तो हमने एक चिड़िया (सुरख रंग की चिड़िया) देखी, उस के साथ उस के दो बच्चे थे, हमने उस के बच्चे पकड़ लिए तो वह फड़फड़ाने लगी, इतने में नबी ﷺ तशरीफ़ लाए और आप ﷺ ने फ़रमाया: “किसी शख़्स ने इसे, उस के बच्चो की वजह से बे करार कर दिया उस के बच्चे इसे वापिस करो”, और आप ने चीटियों का एक ठिकाना देखा जिसे हमने जला दिया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे किस ने जलाया है ?” हमने अर्ज़ किया: हमने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आग का अज़ाब देना सिर्फ आग के रब के लायक है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2675)

٣٥٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ وَأَنَسِ بْنِ مَالِكٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " سَيَكُونُ فِي أَمَّتِي اخْتِلَافٌ وَفُرْقَةٌ قَوْمٌ يُحسِنونَ القيلَ ويُسيئونَ الفِعلَ يقرؤون الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ تَرَاقِيَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الدِّينِ مُروقَ السَّهمِ فِي الرَّمِيَّةِ لَا يَرْجِعُونَ حَتَّى يَرْتَدَّ السَّهْمُ عَلَى فُوقِهِ هُمْ شَرُّ الْخَلْقِ وَالْخَلِيقَةِ طُوبَى لِمَنْ قَتَلَهُمْ وَقَتَلُوهُ يَدْعُونَ إِلَى كِتَابِ اللَّهِ وَلَيْسُوا مِنَّا فِي شيءٍ مَنْ قاتلَهم كَانَ أَوْلَى بِاللَّهِ [ص:١٠٥ مِنْهُمْ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا سِيمَاهُمْ؟ قَالَ: «التَّحْلِيقُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3543. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु और अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत में अनकरीब इख्तिलाफ व इफ्तिराक होगा, एक गिरोह बाते अच्छी अच्छी लेकिन काम बुरे करेगा, वह कुरान पढेंगे लेकिन वह उन के हलक से निचे नहीं उतरेगा, वह दीन से इस तरह निकल जाएँगे जिस तरह तीर शिकार से निकल (कर पार हो) जाता है, वह दीन की तरफ नहीं पलटेंगे हत्ता के तीर अपने सुफार (चुटकी जहाँ कमान का तानत तकता है) पर वापिस आ जाए, वह तमाम मखलूक से बदतर है, इस शख़्स के लिए खुशखबरी है जो इनको क़त्ल करता है और जिसे वह क़त्ल कर दे, वह (बज़ाहिर) अल्लाह की किताब की तरफ दावत देंगे, लेकिन वह किसी चीज़ मैं भी हम में से नहीं होंगे, जिस ने इनसे किताल किया येवो उन (बाकी उम्मातियों) से अल्लाह के ज़्यादा करीब है”| सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने पूछा अल्लाह के रसूल! उनकी अलामत क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सर मुंडाना”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4765) * قتادة عنعن

٣٥٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ إِلَّا بِإِحْدَى ثَلَاثٍ زِنا بعدَ إِحْصانٍ فإِنَّهُ يُرجَمُ ورجلٌ خرجَ مُحارِباً للَّهِ وَرَسُولِهِ فَإِنَّهُ يُقْتَلُ أَوْ يُصْلَبُ أَوْ يُنْفَى مِنَ الْأَرْضِ أَوْ يَقْتُلُ نَفْسًا فَيُقْتَلُ بِهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3544. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान यह गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, इसे सिर्फ तीन वुजुहात में से किसी एक वजह से क़त्ल करना जाईज़ है: शादी के बाद ज़िना वाले को रजम किया जाएगा, और जो शख़्स अल्लाह और उस के रसूल

के खिलाफ जंग करे (यानी डाकू) हो, इसे क़त्ल किया जाएगा या सूली पर चढ़ाया जाएगा या जिला वतन किया जाएगा, या कोई शख़्स किसी जान को क़त्ल कर दे तो उस के बदले में उसे क़त्ल किया जाएगा"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4353)

٣٥٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ أَبِي لَيْلَى قَالَ: حَدَّثَنَا أَصْحَابُ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُمْ كَانُوا يَسِيرُونَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَامَ رَجُلٌ مِنْهُمْ فَانْطَلَقَ بَعْضُهُمْ إِلَى حَبْلٍ مَعَه فَأَخذه فَفَزِعَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ لِمُسْلِمٍ أَنْ يُرَوِّعَ مُسْلِمًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3545. इब्ने अबी लैला बयान करते हैं, मुहम्मद ﷺ के सहाबा ने हमें हदीस बयान की के वह रात के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र कर रहे थे, उन में से एक आदमी सो गया तो किसी शख़्स ने अपने रस्सी ली और उस की तरफ गया और इसे रस्सी के साथ बांध दिया तो वह (सोने वाला) शख़्स घबरा गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "किसी मुसलमान के लिए यह लायक नहीं के वह किसी मुसलमान को खौफ ज़दाह करे"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (5004)

٣٥٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَخَذَ أَرْضًا بِجِزْيَتِهَا فَقَدِ اسْتَقَالَ هِجْرَتَهُ وَمَنْ نَزَعَ صَغَارَ كَافِرٍ مِنْ عُنُقِهِ فَجَعَلَهُ فِي عُنُقِهِ فَقَدْ وَلَّى الْإِسلامَ ظهرَه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3546. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स ने खराज वाली ज़मीन खरीद ली तो उस ने अपने हिजरत (इज्जत) ख़तम कर ली और जिस ने किसी काफ़िर की गर्दन से ज़िल्लत उतार कर अपने गर्दन में दाल ली तो उस ने इस्लाम को पसे पुश्त डाल दीया"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3082) * عمارة : مجهول و سنان : مستور

٣٥٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَرِيَّةً إِلَى خَثْعَمَ فَاعْتَصَمَ نَاسٌ مِنْهُمْ بِالسُّجُودِ فَأَسْرَعَ فِيهِمُ الْقَتْلَ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ لَهُمْ بِنِصْفِ الْعَقْلِ وَقَالَ: «أَنَا بَرِيءٌ مِنْ كُلِّ مُسْلِمٍ مُقِيمٍ بَيْنَ أَظْهُرِ الْمُشْرِكِينَ» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ لِمَ؟ قَالَ: «لَا تَتَرَاءَى نَارَاهُمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3547. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने (यमन के क़बीले) खसअम की तरफ एक लश्कर रवाना किया तो उन में से कुछ लोग बचने के लिए नमाज़ पढ़ने लगे, लेकिन उन्हें तेज़ी से क़त्ल किया गया, नबी ﷺ को उस की खबर पहुंची तो आप ﷺ ने इन के लिए आधी दियत का हुक्म फ़रमाया और फ़रमाया: "मैं मुशरिको के दरमियान रहने वाले तमाम मुसलमानों (के खून) से बरी उल ज़िम्मा हूँ", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! किस लिए ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "(वो कुफ्फार इसे इस क़दर दूर रहे के) उनकी आग नज़र न आए"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد 2645 * فيه ابو معاوية الضرير : مدلس و عنعن و للحديث طرق ، ضعيفة كلها ولم يصب من صححه

٣٥٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْإِيمَانُ قَيَّدَ الْفَتْكَ لَا يفتِكُ مُؤمنٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3548. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ईमान अचानक क़त्ल करने से मना करता है मोमिन अचानक (मुत्तिला किए बगैर) क़त्ल नहीं करता”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2769) [وله شواهد]

٣٥٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَرِيرٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَبَقَ الْعَبْدُ إِلَى الشِّرْكِ فقد حلَّ دَمه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3549. जरीर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब गुलाम मुशरिकीन के इलाके की तरफ फरार हो जाए तो उस का खून हलाल हो जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4360) * ابو اسحاق عنعن و حديث مسلم (70) يغنى عنه

٣٥٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ يَهُودِيَّةً كَانَتْ تَشْتِمُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَقَعُ فِيهِ فَخَنَقَهَا رَجُلٌ حَتَّى مَاتَتْ فَأَبْطَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَمَهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3550. अली रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की एक यहूदी औरत नबी ﷺ को बुरा भला कहा करती थी और आप की मुजम्मत किया करती थी, एक आदमी ने उसका गला दबा दिया चुनांचे वह मर गई तो नबी ﷺ ने उस का खून राइगा करार दे दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4362) * مغيرة بن مقسم مدلس و عنعن ، و اما جرير فهو ابن عبد الحميد الضبى : ثقه امام

٣٥٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حَدُّ السَّاحِرِ ضَرْبُهُ بِالسَّيْفِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3551. जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जादूगर की हद (यानी सज़ा) तलवार के साथ क़त्ल करना है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1460) * قال البيهقى (8 / 136) :’’ اسماعيل بن مسلم المكى : ضعيف ‘‘

بَاب قتل أهل الرِّدَّة و السعاة بِالْفَسَادِ • मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٥٥٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن أُسَامَةَ بْنِ شَرِيكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ خَرَجَ يُفَرِّقُ بَيْنَ أُمَّتِي فَاضْرِبُوا عُنُقَهُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3552. उसामा बिन शरीक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स (इमाम के खिलाफ) खुरुज करे और मेरी उम्मत के दरमियान तफरीक डाले तो उस की गर्दन उड़ा दो”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 93 ح 4028)

٣٥٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ شَرِيكِ بْنِ شِهَابٍ قَالَ: كُنْتُ أَتَمَنَّى أَنْ أَلْقَى رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْأَلُهُ عَنِ الْخَوَارِجِ فَلَقِيتُ أَبَا بَرْزَةَ فِي يَوْمِ عِيدٍ فِي نَفَرٍ مِنْ أَصْحَابِهِ فَقُلْتُ لَهُ: هَلْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَذْكُرُ الْخَوَارِجَ؟ قَالَ: نعمْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأُذُنَيَّ وَرَأَيْتُهُ بِعَيْنَيَّ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَالٍ فَقَسَمَهُ فَأَعْطَى مَنْ عَنْ يَمِينِهِ وَمَنْ عَنْ شِمَالِهِ وَلَمْ يُعْطِ مَنْ وَرَاءَهُ شَيْئًا. فَقَامَ رَجُلٌ مِنْ وَرَائِهِ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ مَا عَدَلْتَ فِي الْقِسْمَةِ رَجُلٌ أَسْوَدُ مَطْمُومُ الشَّعْرِ عَلَيْهِ ثَوْبَانِ أَبْيَضَانِ فَغَضِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَضَبًا شَدِيدًا وَقَالَ: «وَاللَّهِ لَا تَجِدُونَ بَعْدِي رَجُلًا هُوَ أَعْدَلُ مِنِّي» ثُمَّ قَالَ: «يخرُجُ فِي آخرِ الزَّمانِ قومٌ كأنَّ هَذَا مِنْهُم يقرؤون الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ تَرَاقِيَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الْإِسْلَامِ كَمَا يَمْرُقُ السَّهْمُ [ص:١٠٥] مِنَ الرَّمِيَّةِ سِيمَاهُمُ التَّحْلِيقُ لَا يَزَالُونَ يَخْرُجُونَ حَتَّى يَخْرُجَ آخِرُهُمْ مَعَ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ فَإِذَا لَقِيتُمُوهُمْ هُمْ شَرُّ الْخَلْقِ والخليقة» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3553. शरीक बिन शिहाब बयान करते हैं, मेरी तमन्ना थी की मैं नबी ﷺ के किसी सहाबी से मिलु और उन से ख़वारिज के मुत्तल्लिक दरियाफ्त करू, मैं ईद के रोज़ अबू बुरैज़ा रदी अल्लाहु अन्हु से उन के साथियो की मौजूदगी में मिला तो मैंने उन से कहा: क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ को ख़वारिज का ज़िक्र करते हुए सुना है ? उन्होंने अर्ज़ किया, हाँ मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के फर्मुदात को अपने कानो से सुना है और आप को अपने आंखो से देखा के रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में कुछ माल पेश किया गया तो आप ने इसे तकसीम फ़रमाया और अपने दाए बाए वालो को अता किया, लेकिन आप ने अपनी पिछली जानिब वालो को कुछ न दिया तो आप की पिछली जानिब से एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने कहा मुहम्मद! ﷺ आप ने तकसीम में इंसाफ नहीं किया, वह मुंडे हुए बालो वाला सियाह फाम शख़्स था, उस पर दो सफ़ेद कपड़े थे, (इस पर) रसूलुल्लाह ﷺ सख्त नाराज़ हुए और फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! मेरे बाद तुम कोई ऐसा आदमी नहीं पाओगे जो मुझ से ज़्यादा अदल करने वाला हो”, फिर फ़रमाया: “आखरी ज़माने में एक कौम का जुहूर होगा, गोया यह इन्ही में से है, वह कुरान पढ़ते होंगे मगर वह उन के हलक से निचे नहीं उतरेगा, वह इस्लाम से इस तरह निकल जाएँगे जिस तरह तीर शिकार से निकल (कर पार हो) जाता है, सर मुंडाना उनकी अलामत होगी, वह मुसलसल ज़ाहिर होते रहेंगे हत्ता के उनका

आखरी फर्द मसीह दज्जाल के साथ ज़ाहिर होगा, जब तुम उन से मिलो तो (जान लो के) वह तमाम मखलूक से बदतरीन है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (7 / 119 121 ح 4108)

٣٥٥٤ - (حسن) وَعَن أبي غالبٍ رأى أَبُو أمامةَ رؤوساً مَنْصُوبَةً عَلَى دَرَجِ دِمَشْقَ فَقَالَ أَبُو أَمَامَةَ: «كِلَابُ النَّارِ شَرُّ قَتْلَى تَحْتَ أَدِيمِ السَّمَاءِ خَيْرُ قَتْلَى مَنْ قَتَلُوهُ» ثُمَّ قَرَأَ (يَوْمَ تبيَضُّ وُجوهٌ وتَسوَدُّ وُجوهٌ)»» الْآيَةَ قِيلَ لِأَبِي أُمَامَةَ: أَنْتَ سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: لَوْ لَمْ أَسْمَعْهُ إِلَّا مَرَّةً أَوْ مَرَّتَيْنِ أوْ ثَلَاثًا حَتَّى عَدَّ سَبْعًا مَا حَدَّثْتُكُمُوهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

3554. अबू ग़ालिब से रिवायत है, अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु ने राह दमिश्क पर कुछ सर नसब किए हुए देखा तो अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: (ये) जहन्नम के कुत्ते हैं, आसमान तले यह बदतरीन मकतुल है, और उन्होंने जिन्हें क़त्ल किया है वह बेहतरीन मकतुल है, फिर उन्होंने यह आयत तिलावत फरमाई: “इस रोज़ बाज़ चेहरे सफ़ेद होंगे और बाज़ चेहरे सियाह होंगे”, अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से पूछा गया, आप ने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना है ?” उन्होंने ने फ़रमाया: अगर मैंने इसे (बार बार) सात मर्तबा तक न सुना होता तो मैं उसे तुम्हें बयान न करता| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3000) و ابن ماجه (176) * و للحديث شواهد وهوبها صحيح

हुदूद का बयान • كتاب الْحُدُود

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٥٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ وَزَيْدِ بْنِ خَالِدٍ: أَنَّ رَجُلَيْنِ اخْتَصَمَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَحَدُهُمَا: اقْضِ بَيْنَنَا بِكِتَابِ اللَّهِ وَقَالَ الْآخَرُ: أَجَلْ يَا رَسُولَ اللَّهِ فاقْضِ بَيْنَنا بكتابِ الله وائذَنْ لِي أَنْ أَتَكَلَّمَ قَالَ: «تَكَلَّمْ» قَالَ: إِنَّ ابْنِي كَانَ عَسِيفًا عَلَى هَذَا فَزَنَى بِامْرَأَتِهِ فَأَخْبرُونِي أنَّ على ابْني الرَّجْم فاقتديت مِنْهُ بِمِائَةِ شَاةٍ وَبِجَارِيَةٍ لِي ثُمَّ إِنِّي سَأَلْتُ أَهْلَ الْعِلْمِ فَأَخْبَرُونِي أَنَّ عَلَى ابْنِي جَلْدَ مِائَةٍ وَتَغْرِيبَ عَامٍ وَإِنَّمَا الرَّجْمُ عَلَى امْرَأَتِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَا وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَأَقْضِيَنَّ بَيْنَكُمَا بِكِتَابِ اللَّهِ أَمَّا غَنَمُكَ وَجَارِيَتُكَ فَرَدٌّ عَلَيْكَ وَأَمَّا ابْنُكَ فَعَلَيْهِ جَلْدُ مِائَةٍ وَتَغْرِيبُ عَامٍ وَأَمَّا أَنْتَ يَا أُنَيْسُ فَاغْدُ إِلَى امْرَأَةِ هَذَا فَإِن اعْترفت فارجمها» فَاعْترفت فرجمها

3555. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु और ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमी मुकदमा ले कर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन में से एक ने अर्ज़ किया, हमारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला फरमाइए, और दुसरे ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! हमारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला फरमाइए, और मुझे बात करने की इजाज़त फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बात करो”, उस ने अर्ज़ किया, मेरा बेटा इस शख़्स के यहाँ मज़दूर था, उस ने उस की अहलिया के साथ ज़िना कर लिया तो उन्होंने (यानी बाज़ लोगो) ने मुझे बताया की मेरे बेटे पर रजम (की सज़ा लागू होती) है, लेकिन मैंने उस के फिदिया में सौ बकरिया और अपने एक लौंडी दे दी, फिर मैंने अहले इल्म से मसअला दरियाफ्त किया तो उन्होंने मुझे बताया की मेरे बेटे पर सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी (की सज़ा) है, और उस की अहलिया पर रजम है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! मैं तुम्हारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला करूँगा, रही तुम्हारी बकरिया और तुम्हारी लौंडी वह तुम्हें वापिस मिल जाएगी, रहा तुम्हारा बेटा तो उस पर सौ कोड़े और साल की जिला वतनी है और उनैस तुम इस औरत के पास जाओ अगर वह एतराफे जुर्म कर ले तो इसे रजम कर दो”, उस ने एतराफ़ कर लिया तो उन्होंने इसे रजम कर दिया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6633) و مسلم (25 / 1697 1698)، (4435)

٣٥٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْمُرُ فِيمَنْ زَنَى وَلَمْ يُحْصَنْ جَلْدَ مِائَةٍ وَتَغْرِيبَ عَامٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3556. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ कुँवारे ज़ानि के मुत्तल्लिक सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी का हुक्म फरमाते हुए सुना| (बुखारी)

رواه البخاری (6831)

٣٥٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إن الله بعث مُحَمَّدًا [ص:١٠٥ وَأَنْزَلَ عَلَيْهِ الْكِتَابَ فَكَانَ مِمَّا أَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى آيَةُ الرَّجْمِ رَجَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَجَمْنَا بَعْدَهُ وَالرَّجْمُ فِي كِتَابِ اللَّهِ حَقٌّ عَلَى مَنْ زَنَى إِذَا أُحْصِنَ مِنَ الرِّجَالِ وَالنِّسَاءِ إِذَا قَامَتِ الْبَيِّنَةُ أَوْ كَانَ الحَبَلُ أَو الِاعْتِرَاف

3557. उमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की अल्लाह ने मुहम्मद ﷺ को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया, और आप पर किताब नाज़िल फरमाई, अल्लाह तआला ने जो नाज़िल फ़रमाया, उस में आयत रजम भी थी, रसूलुल्लाह ﷺ ने रजम किया और आप के बाद हमने भी रजम किया, और जब शादी शुदा मर्द और औरत ज़िना करे तो उसे रजम करना अल्लाह की किताब से साबित है, बशर्तेकी गवाही साबित हो जाए या हमल वाज़ेह हो जाए या एतराफ़ जुर्म हो जाए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6829) و مسلم (15 / 1691)، (4418)

٣٥٥٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خُذُوا عَنِّي خُذُوا عَنِّي قَدْ جَعَلَ اللَّهُ لَهُنَّ سَبِيلًا: الْبِكْرُ بالبكر جلد مائَة ووتغريب عَام وَالثَّيِّب بِالثَّيِّبِ جلد مائَة وَالرَّجم "

3558. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “(हद्द ए ज़िना के मुत्तल्लिक) मुझ से अहकाम की बाबत मालूमात ले लो, मुझ से अहकाम बाबत मालूमात ले लो, अल्लाह तआला ने इन के लिए (हद्द) मुकर्रर कर दी, कुँवारा, कुंवारी के साथ ज़िना करे तो उस की हद सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी है, और शादी शुदा, शादी शुदा से ज़िना करे तो उस की सज़ा सौ कोड़े और रजम है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1690)، (4414)

٣٥٥٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَن الْيَهُود جاؤوا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرُوا لَهُ أَنَّ رَجُلًا مِنْهُمْ وَامْرَأَةً زَنَيَا فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تَجِدُونَ فِي التَّوْرَاةِ فِي شَأْنِ الرَّجْمِ؟» قَالُوا: نَفْضَحُهُمْ وَيُجْلَدُونَ قَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: كَذَبْتُمْ إِنَّ فِيهَا الرَّجْمَ فَأْتُوا بِالتَّوْرَاةِ فَنَشَرُوهَا فَوَضَعَ أَحَدُهُمْ يَدَهُ عَلَى آيَةِ الرَّجْمِ فَقَرَأَ مَا قَبْلَهَا وَمَا بَعْدَهَا فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: ارْفَعْ يَدَكَ فَرَفَعَ فإِذا فِيهَا آيةُ الرَّجم. فَقَالُوا: صدقَ يَا محمَّدُ فِيهَا آيَة الرَّجْم. فَأمر بهما النَّبِي صلى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَرُجِمَا. وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: ارْفَعْ يَدَكَ فَرَفَعَ فَإِذَا فِيهَا آيَةُ الرَّجْمِ تَلُوحُ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ إِنَّ فِيهَا آيَةَ الرَّجْمِ وَلَكِنَّا نَتَكَاتَمُهُ بَيْنَنَا فَأَمَرَ بِهِمَا فَرُجِمَا

3559. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के यहूद, रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने आप को बताया की उन के एक मर्द और एक औरत ने ज़िना किया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “तुम रजम के मुत्तल्लिक तौरात में किया पाते हो ?” उन्होंने अर्ज़ किया: हम उन्हें ज़लील व रुसवा करते हैं और उन्हें कोड़े मारे जाते हैं, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: तुमने झूठ कहा है, उसमे तो रजम (का हुक्म) है, वह तौरात लाए और इसे खोली तो उन में से एक ने आयते रजम पर अपना हाथ रख दीया और उस से पहले और उस के बाद वाला हिस्सा पढ़ दिया, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अपना हाथ उठाओ, उस ने (हाथ) उठाया तो उस में आयत रजम थी, उन्होंने कहा: मुहम्मद ﷺ ! इस (अब्दुल्लाह बिन सलाम (र)) ने सच कहा, उस में आयत रजम है, नबी ﷺ

ने इन दोनों के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें रजम कर दिया गया, दूसरी रिवायत में है: उन्होंने कहा: अपना हाथ उठाओ, उस ने उठा लिया तो उस में आयते रजम खूब वाज़ेह नज़र आ रही थी, उस ने कहा मुहम्मद ﷺ उस में आयत रजम है लेकिन हम इसे आपस में छुपाते है, आप ﷺ ने उन के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें रजम किया गया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6841 و الرواية الثانية : 7543) و مسلم (22 / 1699)، (4437)

٣٥٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلٌ وَهُوَ فِي الْمَسْجِدِ فَنَادَاهُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي زَنَيْتُ فَأَعْرَضَ عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَنَحَّى لِشِقِّ وَجْهِهِ الَّذِي أَعْرَضَ قِبَلَهُ فَقَالَ: إِنِّي زَنَيْتُ فَأَعْرَضَ عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا شَهِدَ أَرْبَعَ شَهَادَاتٍ دَعَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَبِكَ جُنُونٌ؟» قَالَ: لَا فَقَالَ: «أُحْصِنْتَ؟» قَالَ: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «اذْهَبُوا بِهِ فَارْجُمُوهُ» قَالَ ابْنُ شِهَابٍ: فَأَخْبَرَنِي مَنْ سَمِعَ جَابِرَ بْنَ [ص:١٠٥ عَبْدِ اللَّهِ يَقُولُ: فَرَجَمْنَاهُ بِالْمَدِينَةِ فَلَمَّا أَذْلَقَتْهُ الْحِجَارَةُ هَرَبَ حَتَّى أَدْرَكْنَاهُ بِالْحَرَّةِ فرجمناه حَتَّى مَاتَ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: عَنْ جَابِرٍ بَعْدَ قَوْلِهِ: قَالَ: نَعَمْ فَأَمَرَ بِهِ فَرُجِمَ بِالْمُصَلَّى فَلَمَّا أَذْلَقَتْهُ الْحِجَارَةُ فَرَّ فَأُدْرِكَ فَرُجِمَ حَتَّى مَاتَ. فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خيرا وَصلى عَلَيْهِ

3560. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मस्जिद में तशरीफ़ फरमा थे की एक आदमी आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप ﷺ को आवाज़ देते हुए कहा: अल्लाह के रसूल! मैंने ज़िना किया है, नबी ﷺ ने उस से मुंह फेरा लिया, तो उस ने दूसरी तरफ से हो कर फिर अर्ज़ किया, मैंने ज़िना किया है, नबी ﷺ ने फिर उस से मुंह फेर लिया, जब उस ने चार बार गवाही दी तो नबी ﷺ ने इसे बुलाकर फ़रमाया: “क्या तुम दीवाने हो ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम शादी शुदा हो ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे ले जाओ और रजम कर दो”, इब्ने शैबा ने कहा मुझे इस शख़्स ने बताया जिस ने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना के हमने इस शख़्स को मदीना में रजम किया, जब इसे पथ्थर लगे तो वह भाग उठा हत्ता के हमने मदीना के दो पहाड़ो के दरमियान पथरिले इलाके में उसे पा लिया तो हमने इसे रजम किया हत्ता कि वह फौत हो गया| और जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी बुखारी की रिवायत में, “उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ”, के बाद है: आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे जनाज़ा गाह में रजम किया गया, जब इसे पथ्थर लगे तो वह भाग उठा, इसे पकड़ लिया गया और इसे रजम किया गया हत्ता के वह फौत हो गया, नबी ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक कलिमाए खैर फ़रमाया और उस की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6825 و الرواية : 6820) و مسلم (16 / 1692)، (4420)

٣٥٦١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا أَتَى مَاعِزُ بن مَالك النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ: «لَعَلَّكَ قَبَّلْتَ أَوْ غَمَزْتَ أَوْ نَظَرْتَ؟» قَالَ: لَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَنِكْتَهَا؟» لَا يُكَنِّي قَالَ: نَعَمْ فَعِنْدَ ذَلِكَ أَمر رجمه. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3561. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब माज़ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुमने बोसा लिया हो, या हाथ लगाया हो या देखा हो”, उस ने अर्ज़ किया,

नहीं, अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने उस से जिमाअ किया ?” आप ने किनाया से बात नहीं की, उस ने अर्ज़ किया: जी हाँ! तब आप ﷺ ने इसे रजम करने का हुक्म फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (6824)

٣٥٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: جَاءَ مَاعِزُ بْنُ مَالِكٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي فَقَالَ: «وَيْحَكَ ارْجِعْ فَاسْتَغْفر الله وَتب إِلَيْهِ» . فَقَالَ: فَرَجَعَ غَيْرَ بَعِيدٍ ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَ ذَلِكَ حَتَّى إِذَا كَانَتِ الرَّابِعَة قَالَه لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فِيمَ أُطَهِّرُكَ؟» قَالَ: مِنَ الزِّنَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبِهِ جُنُونٌ؟» فَأُخْبِرَ أَنَّهُ لَيْسَ بِمَجْنُونٍ فَقَالَ: «أَشَرِبَ خَمْرًا؟» فَقَامَ رَجُلٌ فَاسْتَنْكَهَهُ فَلَمْ يَجِدْ مِنْهُ رِيحَ خَمْرٍ فَقَالَ: «أَزَنَيْتَ؟» قَالَ: نَعَمْ فَأَمَرَ بِهِ فَرُجِمَ فَلَبِثُوا يَوْمَيْنِ أَوْ ثَلَاثَةً ثُمَّ جَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «اسْتَغْفِرُوا لِمَاعِزِ بْنِ مَالِكٍ لَقَدْ تَابَ تَوْبَةً لَوْ قُسِّمَتْ بَيْنَ أُمَّةٍ لَوَسِعَتْهُمْ» ثُمَّ جَاءَتْهُ امْرَأَةٌ مِنْ غَامِدٍ مِنَ الْأَزْدِ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي فَقَالَ: «وَيْحَكِ ارْجِعِي فَاسْتَغْفِرِي [ص:١٠٥ اللَّهَ وَتُوبِي إِلَيْهِ» فَقَالَتْ: تُرِيدُ أَنْ تَرْدُدَنِي كَمَا رَدَدْتَ مَاعِزَ بْنَ مَالِكٍ: إِنَّهَا حُبْلَى مِنَ الزِّنَا فَقَالَ: «أَنْتِ؟» قَالَتْ: نَعَمْ قَالَ لَهَا: «حَتَّى تَضَعِي مَا فِي بَطْنِكِ» قَالَ: فَكَفَلَهَا رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ حَتَّى وَضَعَتْ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: قَدْ وَضَعَتِ الغامديَّةُ فَقَالَ: «إِذاً لَا نرجُمها وندعُ وَلَدَهَا صَغِيرًا لَيْسَ لَهُ مَنْ يُرْضِعُهُ» فَقَامَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: إِلَيَّ رَضَاعُهُ يَا نَبِيَّ اللَّهِ قَالَ: فَرَجَمَهَا. وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ لَهَا: «اذْهَبِي حَتَّى تَلِدِي» فَلَمَّا وَلَدَتْ قَالَ: «اذْهَبِي فَأَرْضِعِيهِ حَتَّى تَفْطِمِيهِ» فَلَمَّا فَطَمَتْهُ أَتَتْهُ بِالصَّبِيِّ فِي يَدِهِ كِسْرَةُ خُبْزٍ فَقَالَتْ: هَذَا يَا نَبِيَّ اللَّهِ قَدْ فَطَمْتُهُ وَقَدْ أَكَلَ الطَّعَامَ فَدَفَعَ الصَّبِيَّ إِلَى رَجُلٍ مِنَ الْمُسْلِمِينَ ثُمَّ أَمَرَ بِهَا فَحُفِرَ لَهَا إِلَى صَدْرِهَا وَأَمَرَ النَّاسَ فَرَجَمُوهَا فَيُقْبِلُ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ بِحَجَرٍ فَرَمَى رَأْسَهَا فَتَنَضَّحَ الدَّمُ عَلَى وَجْهِ خَالِدٍ فَسَبَّهَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مهلا يَا خَالِد فو الَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَقَدْ تَابَتْ تَوْبَةً لَوْ تَابَهَا صَاحِبُ مَكْسٍ لَغُفِرَ لَهُ» ثُمَّ أَمَرَ بِهَا فصلى عَلَيْهَا ودفنت. رَوَاهُ مُسلم

3562. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, माज़ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस है, वापिस जाओ और अल्लाह से मगफिरत तलब करो और उस के हुज़ूर तौबा करो”, रावी बयान करते हैं, वह थोड़ी देर बाद वापिस आया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, नबी ﷺ ने फिर इसी तरह फ़रमाया हत्ता कि जब उस ने चोथी मर्तबा वही जुमला कहा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “मैं किसी चीज़ से तुम्हें पाक कर दू ?” उस ने अर्ज़ किया, ज़िना (के गुनाह) से रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या उसे जूनून है ?” आप को बताया गया के इसे जूनून नहीं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने शराब पि है ?” एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने उस के मुंह से शराब की बू सूंघी तो उस ने उस से शराब की बू न पाई फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने ज़िना किया है ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम किया गया, उस के बाद सहाबा दो या तीन दिन (इस मुआमला में) ख़ामोश रहे फिर रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “माज़ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु के बारे में मगफिरत तलब करो उस ने ऐसी तौबा की है के अगर इसे एक जमाअत के दरमियान तकसीम कर दिया जाए तो वह इन के लिए काफी हो जाए”, फिर कबिले गामिदी की शाख अज़दी से एक औरत आइ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस है, चली जाओ, अल्लाह से मगफिरत तलब करो और अल्लाह के हुज़ूर तौबा करो”, उस ने अर्ज़ किया: आप मुझे वैसे ही वापिस करना चाहते है, जैसे आप ने माज़ बिन मालिक को वापिस कर दिया था, मैं तो ज़िना से हामिला हो चुकी हूँ, आप ﷺ ने पूछा के क्या: तू (हामिला) है ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “वज़ा हमल तक सब्र कर”, रावी बयान करते हैं, अंसार में से एक आदमी ने उस की किफ़ालत की, हत्ता के उस ने बच्चे को जन्म दिया तो वह (अंसारी) नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, गामिदी ने बच्चे को जन्म दे दिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तब

हम इसे रजम नहीं करेंगे, और हम उस के छोटे से बच्चे को छोड़ दे जबके उस की रिज़ाअत का इंतेज़ाम करने वाला भी कोई नहीं ?” फिर अंसार में से एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! उस की रिज़ाअत मेरे ज़िम्मा है, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने इसे रजम किया, एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “तुम जाओ हत्ता कि तुम बच्चे को जन्म दो”, जब उस ने बच्चे को जन्म दिया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “चली जाओ और इसे दूध छुड़ाने की मुद्दत तक इसे दूध पिलाओ”, जब उस ने उस का दूध छुड़ाया तो वह बच्चे को ले कर आप की खिदमत में हाज़िर हुई और बच्चे के हाथ में रोटी का टुकड़ा था, उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! यह देखे मैंने उस का दूध छुड़ा दिया है और यह खाना खाने लगा है, आप ﷺ ने बच्चा किसी मुसलमान शख़्स के हवाले किया, फिर उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उस के सीने के बराबर घड़ा खोदा गया, और आप ने लोगो को हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने इसे रजम किया, खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु एक पथ्थर ले कर आए और उस के सर पर मारा जिस से खून का छितां उन के चेहरे पर पड़ा तो उन्होंने इसे बुरा भुला कहा, जिस पर नबी ﷺ ने फ़रमाया: “खालिद! ठहरो, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! उस ने ऐसी तौबा की है, के अगर महसूल लेने वाला ऐसी तौबा करे तो उस की भी मगफिरत हो जाए”, फिर आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया और उस की नमाज़े जनाज़ा खुद पढ़ाई और इसे दफन कर दिया गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 1695 و الرواية الثانية 33 / 1695)، (4432)

٣٥٦٣ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِذَا زَنَتْ أَمَةُ أَحَدِكُمْ فَتَبَيَّنَ زِنَاهَا فَلْيَجْلِدْهَا الحدَّ وَلَا يُثَرِّبْ عَلَيْهَا ثمَّ إِنْ زنَتْ فلْيجلدْها الحدَّ وَلَا يُثَرِّبْ ثُمَّ إِنْ زَنَتِ الثَّالِثَةَ فَتَبَيَّنَ زِنَاهَا فَلْيَبِعْهَا ولوْ بحبْلٍ منْ شعرٍ»

3563. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब तुम में से किसी की लौंडी ज़िना करे और उस का ज़िना करना वाज़ेह हो जाए तो वह उस पर हद काइम करे और इसे आर न दिलाए, फिर अगर वह ज़िना करे तो वह उस पर हद काइम करे और इसे आर न दिलाए, फिर अगर वह तीसरी मर्तबा ज़िना करे तो वह इसे बेच दे ख्वाह बालो की रस्सी के अवज़ बेचना पड़े”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2234) و مسلم (30 / 1703)، (4445)

٣٥٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا أَيُّهَا النَّاسُ أَقِيمُوا عَلَى [ص:١٠٦ أَرِقَّائِكُمُ الْحَدَّ مَنْ أَحْصِنَ مِنْهُمْ وَمَنْ لَمْ يُحْصَنْ فَإِنَّ أَمَةً لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَنَتْ فَأَمَرَنِي أَنْ أَجْلِدَهَا فَإِذَا هِيَ حَدِيثُ عَهْدٍ بِنِفَاسٍ فَخَشِيتُ إِنْ أَنَا جَلَدْتُهَا أَنْ أَقْتُلَهَا فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَحْسَنْتَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «دَعْهَا حَتَّى يَنْقَطِعَ دَمُهَا ثُمَّ أَقِمْ عَلَيْهَا الْحَدَّ وَأَقِيمُوا الْحُدُودَ عَلَى مَا مَلَكَتْ أَيْمَانكُم»

3564. अली रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: लोगो! अपने गुलामो पर हद काइम करो, ख्वाह वह शादी शुदा हो या गैर शादी शुदा, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ की एक लौंडी ने ज़िना किया तो आप ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया के में उसे कोड़े मारु, वह जच्चिकी (Maternity) के इब्तिदाई अय्याम में थी मुझे अंदेशा हुआ की अगर मैंने इसे कोड़े मारा तो में उसे क़त्ल करूँगा, मैंने नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने अच्छा किया”| और अबू दावुद की रिवायत में है, आप

ﷺ ने फ़रमाया: "इसे छोड़ दो हत्ता के उस का खून बंद हो जाए, फिर उस पर हद काइम करो और अपने गुलामो पर हुदूद काइम किया करो"। (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 1705) و ابوداؤد (4473)، (4450)

كتاب الْحُدُود • हुदूद का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٦٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ مَاعِزٌ الْأَسْلَمِيُّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّه قَدْ زنى فأعرض عَنهُ ثمَّ جَاءَ مِنْ شِقِّهِ الْآخَرِ فَقَالَ: إِنَّهُ قَدْ زنى فَأَعْرض عَنهُ ثمَّ جَاءَ من شقَّه الْآخَرِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ قَدْ زَنى فَأَمَرَ بِهِ فِي الرَّابِعَةِ فَأُخْرِجَ إِلَى الْحَرَّةِ فَرُجِمَ بِالْحِجَارَةِ فَلَمَّا وَجَدَ مَسَّ الْحِجَارَةِ فَرَّ يَشْتَدُّ حَتَّى مَرَّ بِرَجُلٍ مَعَهُ لَحْيُ جَمَلٍ فَضَرَبَهُ بِهِ وَضَرَبَهُ النَّاسُ حَتَّى مَاتَ. فَذَكَرُوا ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنه فرحين وَجَدَ مَسَّ الْحِجَارَةِ وَمَسَّ الْمَوْتِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلَّا تَرَكْتُمُوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَةٍ: «هَلَّا تَرَكْتُمُوهُ لَعَلَّه أَن يَتُوب الله عَلَيْهِ»

3565. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, माज़ असलमी रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने अर्ज़ किया के उस ने ज़िना किया है, आप ने उस से एअराज़ फ़रमाया, फिर वह दूसरी तरफ से आया और अर्ज़ किया, के उस ने ज़िना किया है, आप ने फिर उस से एअराज़ फ़रमाया तो वह दूसरी जानिब से आ गया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस ने ज़िना किया है, चोथी मर्तबा आप ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया: और इसे हर्रह (मदीना के दो पहाड़ो के दरमियान पथरीली जगह) की तरफ ले जाया गया वहां इसे पथ्थरो से रजम कर दिया गया, जब उस ने पथ्थर लगने की तकलीफ महसूस की तो वह तेज़ी से भाग खड़ा हुआ हत्ता के वह एक आदमी के पास से गुज़रा जिस के पास ऊंट के जबड़े की हड्डी थे तो उस ने वह इसे दे मारी और लोग भी इसे मारने लगे हत्ता के वह फौत हो गया, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से उस का तज़किरह किया की जब उस ने पथ्थरो की तकलीफ और मौत महसूस की तो वह भाग उठा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुमने इसे छोड़ क्यों न दिया ?" और एक रिवायत में है: "तुमने इसे छोड़ क्यों न दिया शायद के वह तौबा कर लेता तो अल्लाह उस की तौबा कबूल फरमा लेता"। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1428) و ابن ماجه (2554) [و ابوداؤد (4419 ، الرواية الثانية)]

٣٥٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِمَاعِزِ بْنِ مَالِكٍ: «أَحَقٌّ مَا بَلَغَنِي عَنْكَ؟» قَالَ: وَمَا بَلَغَكَ عَنِّي؟ قَالَ: «بَلَغَنِي أَنَّكَ قَدْ وَقَعْتَ عَلَى جَارِيَةِ آلِ فُلَانٍ» [ص:١٠٦ قَالَ: نَعَمْ فَشَهِدَ أَرْبَعَ شَهَادَاتٍ فَأمر بِهِ فرجم. رَوَاهُ مُسلم

3566. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने माज़ बिन मालिक से फ़रमाया: "तुम्हारे मुत्तल्लिक जो बात मुझे पहुंची है क्या वह दुरुस्त है ?" उस ने अर्ज़ किया, आप को मेरे मुत्तल्लिक क्या बात पहुंची है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे यह बात पहुंची है के तुमने आले फलां की लौंडी से ज़िना किया है", उस ने चार बार इकरार किया तो आप

ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम कर दिया गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1693)، (4427)

٣٥٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ نُعَيْمٍ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ مَاعِزًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَقَرَّ عِنْدَهُ أَرْبَعَ مَرَّاتٍ فَأَمَرَ بِرَجْمِهِ وَقَالَ لِهَزَّالٍ: «لَوْ سَتَرْتَهُ بِثَوْبِكَ كَانَ خَيْرًا لَكَ» قَالَ ابْنُ الْمُنْكَدِرِ: إِنَّ هَزَّالًا أَمَرَ مَاعِزًا أَنْ يَأْتِيَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فيخبره. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3567. यज़ीद बिन नुअइम अपने वालिद से रिवायत करते हैं, के माज़ रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने आप ﷺ की मौजूदगी में चार बार इकरार किया तो आप ﷺ ने इसे रजम करने का हुक्म फ़रमाया, और आप ﷺ ने हज्ज़ाल से फ़रमाया अगर तुम उस की परदापोशी करते तो तुम्हारे लिए बेहतर होता”| इब्ने मुन्कदिर ने फ़रमाया के हज्ज़ाल ने माज़ (र) को मशवरा दिया था के वह नबी ﷺ के पास जाए और आप को (ये वाकिया) बताए| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4377) حسن ، رواه ابوداؤد (4377)

٣٥٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو بْنِ الْعَاصِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «تَعَافَوُا الْحُدُودَ فِيمَا بَيْنَكُمْ فَمَا بَلَغَنِي مِنْ حَدٍّ فَقَدْ وَجَبَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3568. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हुदूद को बाहम मुआफ़ कर दिया करो, जब मुआमला मुझ तक पहुँच गया तो फिर हद वाजिब हो गई”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4376) و النسائی (8 / 70 ح 4889 4890) * ابن جریج مدلس ولم یصرح بالسماع فالسند الی عمرو بن شعیب : غیر صحیح ، و لبعض الحدیث شواھد معنویة

٣٥٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أقيلوا ذَوي الهيآت عثراتهم إِلَّا الْحُدُود» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3569. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छी सिफात से मुतास्सिफ लोगो से हुदूद के अलावा उनकी लग्ज़िशो से दरगुज़र किया करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4375)

٣٥٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «ادرؤا الْحُدُودَ عَنِ الْمُسْلِمِينَ مَا اسْتَطَعْتُمْ فَإِنْ كَانَ لَهُ

مَخْرَجٌ فَخَلُّوا سَبِيلَهُ فَإِنَّ الْإِمَامَ أَنْ يُخْطِئَ فِي الْعَفْوِ خَيْرٌ مِنْ أَنْ يُخْطِئَ فِي الْعُقُوبَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: قَدْ رُوِيَ عَنْهَا وَلم يرفع وَهُوَ أصح

3630. अबू बुरुदह बिन नियार (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की हुदूद में से किसी हद के सिवा दस कोड़े से ज़्यादा न मारे जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6848) و مسلم (40 / 1708)، (4460)

بَاب الْقسَامَة • ताअ-ज़िर का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٣١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا ضَرَبَ أَحَدُكُمْ فَلْيَتَّقِ الوجهَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3631. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई मारे तो वह चेहरे (पर मारने) से बचा करे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4493)

٣٦٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا قَالَ الرَّجُلُ لِلرَّجُلِ: يَا يَهُودِيُّ فَاضْرِبُوهُ عِشْرِينَ وَإِذَا قَالَ: يَا مُخَنَّثُ فَاضْرِبُوهُ عِشْرِينَ وَمَنْ وَقَعَ عَلَى ذَاتِ مَحْرَمٍ فَاقْتُلُوهُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3632. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी किसी (मुसलमान) आदमी से कहे: ए यहूदी! तो उसे बीस कोड़े मारो, और जब कहे ए हिजड़े! तो उसे बीस कोड़े मारो और जो शख़्स किसी मुहर्र्रम खातून से जिमाअ करे तो उसे क़त्ल कर दो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (1462) * ابراهيم بن اسماعيل بن ابى حبيبة : ضعيف و داود بن حصين عن عكرمة : منكر

٣٦٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا وَجَدْتُمُ الرَّجُلَ قَدْ غَلَّ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَاحْرُقُوا مَتَاعَهُ وَاضْرِبُوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب»» هَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّالِث

3633. उमर रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं, के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम ऐसा आदमी पाओ जिस ने अल्लाह की राह (माले गनीमत) में खयानत की हो तो उस का सामान जला दो और इसे मारो”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1461) و ابوداؤد (2713) * صالح بن محمد بن زائدة : ضعيف ، و الحديث ضعفه البيهقى (9 / 103) وغيره

بَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फ़स्ल

٣٦٣٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " الْخَمْرُ مِنْ هَاتَيْنِ الشَّجرتينِ: النخلةِ والعِنَبَةِ ". رَوَاهُ مُسلم

3634. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शराब उन दरख्तों खजूर और अंगूर से तैयार होती है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 1985)، (5142)

٣٦٣٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: خطَبَ عمرُ رَضِي الله عَنهُ عَلَى مِنْبَرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: " إِنَّهُ قَدْ نَزَلَ تَحْرِيمُ الْخَمْرِ وَهِيَ مِنْ خَمْسَةِ أَشْيَاءَ: الْعِنَبِ وَالتَّمْرِ وَالْحِنْطَةِ والشعيرِ والعسلِ وَالْخمر مَا خامر الْعقل ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3635. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ के मिम्बर पर खुत्बा दिया तो फ़रमाया: शराब की हुरमत नाज़िल हो चुकी, और वह पांच अशियाअ: अंगूर, खजूर, गंदुम, जौ और शहद से तैयार होती है, और शराब वह है जो अक़्ल पर परदा डाल दे| (बुखारी)

رواه البخاری (5588)

٣٦٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: لَقَدْ حُرِّمَتِ الْخَمْرُ حِينَ حُرِّمَتْ وَمَا نَجِدُ خَمْرَ الْأَعْنَابِ إِلَّا قَلِيلًا وَعَامة خمرنا الْبُسْر وَالتَّمْر. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3636. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब शराब हराम की गई, हम अंगूरों की शराब कम पाते थे, और हमारी ज़्यादातर शराब खुश्क और ताज़ा खजूर से तैयार होती थी| (बुखारी)

رواه البخاری (5580)

٣٦٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْبِتْعِ وَهُوَ نَبِيذُ الْعَسَلِ فَقَالَ: «كُلُّ شَرَابٍ أَسْكَرَ فَهُوَ حَرَامٌ»

3637. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से शहद की नबिज़ के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर नशावर मशरुब हराम है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5586) و مسلم (67 / 2001)، (5211)

٣٦٣٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ [ص:١٠٨ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ خَمْرٌ وَكُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ وَمَنْ شَرِبَ الْخَمْرَ فِي الدُّنْيَا فَمَاتَ وَهُوَ يُدْمِنُهَا لَمْ يَتُبْ لَمْ يَشْرَبْهَا فِي الْآخِرَةِ» . رَوَاهُ مُسلم

3638. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर नशावर चीज़ शराब है और हर नशावर चीज़ हराम है, जिस शख़्स ने दुनिया में शराब पि और वह इसी पर काइम करते हुए तौबा किए बगैर फौत हो जाए तो वह इसे आखिरत में नहीं पिएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (73 / 2003)، (5218)

٣٦٣٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَجُلًا قَدِمَ مِنَ الْيَمَنِ فَسَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ شَرَابٍ يَشْرَبُونَهُ بِأَرْضِهِمْ مِنَ الذُّرَةِ يُقَالُ لَهُ الْمِزْرُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوَ مُسْكِرٌ هُوَ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ إِنَّ عَلَى اللَّهِ عَهْدًا لِمَنْ يَشْرَبُ الْمُسْكِرَ أَنْ يَسْقِيَهُ مِنْ طِينَةِ الْخَبَالِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا طِينَةُ الْخَبَالِ؟ قَالَ: «عَرَقُ أَهْلِ النَّارِ أَوْ عُصَارَةُ أَهْلِ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

3639. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के यमन से एक आदमी आया तो उस ने नबी ﷺ से, अपने मुल्क में जवार से तैयार होने वाली मज़र नामी पि जाने वाली शराब के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह नशावर है ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर नशावर चीज़ हराम है, बेशक यह बात अल्लाह के जिम्मे है की जो शख़्स नशावर चीज़ पिएंगा तो अल्लाह इसे (طينة الخبال) पिलाएगा”, सहाबा किराम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! (طينة الخبال) क्या चीज़े है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जहन्नुमियो का पसीना या जहन्नुमियो के ज़ख्मो से बहने वाला खून और पिप”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (72 / 2002)، (5217)

٣٦٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ خَلِيطِ التَّمْرِ وَالْبُسْرِ وَعَنْ خَلِيطِ الزَّبِيبِ وَالتَّمْرِ وَعَنْ خَلِيطِ الزَّهْوِ وَالرُّطَبِ. وَقَالَ: «انْتَبِذُوا كُلَّ وَاحِدٍ عَلَى حِدَةٍ» . رَوَاهُ مُسلم

3640. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने ताज़ा खजूर और खुश्क खजूर को मिलाने, किशमिश और ताज़ा खजूर को मिलाने और कच्ची खजूर और ताज़ा खजूर मिलाने से मना फ़रमाया, और फ़रमाया: “उन में से हर एक की अलग अलग नबिज़ तैयार करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (26 / 1988)، (5158)

٣٦٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ عَنِ الْخَمْرِ يُتَّخَذُ خَلًّا؟ فَقَالَ: «لَا» . رَوَاهُ مُسلم

3641. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ से शराब से सिरका बनाने के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 1983)، (5140)

٣٦٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ وَائِلٍ الْحَضْرَمِيِّ أَنَّ طَارِقَ بْنَ سُوَيْدٍ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ الْخَمْرِ فَنَهَاهُ. فَقَالَ: إِنَّمَا أَصْنَعُهَا لِلدَّوَاءِ فَقَالَ: «إِنَّهُ لَيْس بِدَوَاءٍ وَلَكِنَّهُ دَاءٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3642. वाइल हज़रमी से रिवायत है के तारिक बिन सुवैद ने नबी ﷺ से शराब के बारे में दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने उन्हें मना फरमा दिया, उन्होंने अर्ज़ किया: में उसे दवाई के लिए बनाता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो दवाई नहीं वह तो बीमारी है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1984)، (5141)

बाब बَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٤٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: [ص:١٠٨] «مَنْ شَرِبَ الْخَمْرَ لَمْ يَقْبَلِ اللَّهُ لَهُ صَلَاةَ أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ. فَإِن عَاد لم يقبل الله لَهُ صَلَاة أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَإِن عَاد لم يقبل الله لَهُ صَلَاة أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَإِنْ عَادَ فِي الرَّابِعَةِ لَمْ يَقْبَلِ اللَّهُ لَهُ صَلَاة أَرْبَعِينَ صباحا فَإِن تَابَ لم يَتُبِ اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَقَاهُ مِنْ نَهْرِ الْخَبَالِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3643. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स शराब पीता है तो अल्लाह चालीस रोज़ तक उस की नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उस की तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह दोबारा पि ले तो अल्लाह चालीस रोज़ तक उस की नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उस की तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह तीसरी बार पि ले तो अल्लाह उस की चालीस रोज़ तक नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उस की तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह चोथी मर्तबा पि ले तो अल्लाह

उस की चालीस रोज़ तक नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा करे तो अल्लाह उस की तौबा कबूल नहीं करता, और वह इसे जहन्नुमियो के पिप की नहर से पिलाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1862 وقال : حسن) * عطاء بن السائب : اختلط فالسند ضعیف لاختلاطه ولاصل الحدیث شواهد دون قوله :’’ فان تاب لم یتب الله علیه ‘‘ وھو قول منکر ، لم یصح عن رسول الله صلی الله علیه و آله وسلم

٣٦٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ عَنْ عَبْدِ الله بن عَمْرو

3644. इमाम निसाई, इब्ने माजा और इमाम दारमी ने इसे अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه النسائی (8 / 317 ح 5673) و ابن ماجه (3377) و الدارمی (2 / 111 ح 2096)

٣٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا أَسْكَرَ كَثِيرُهُ فَقَلِيلُهُ حَرَامٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3645. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस चीज़ की कसीर मिकदार नशावर हो तो उस की मुख़्तसर मिकदार भी हराम है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1865 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2681) و ابن ماجه (3393)

٣٦٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا أسكرَ مِنْهُ الفرْقُ فَمِلْءُ الْكَفِّ مِنْهُ حَرَامٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3646. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब “ फर्क” (शुर्टल) नशावर हो तो उस का चुल्लू भर पीना भी हराम है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (6 / 131 ح 25506) و الترمذی (1866 وقال : حسن) و ابوداؤد (3687)

٣٦٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ الْحِنْطَةِ خَمْرًا وَمِنَ الشَّعِيرِ خَمْرًا وَمِنَ التَّمْرِ خَمْرًا وَمِنَ الزَّبِيبِ خَمْرًا وَمِنَ الْعَسَلِ خَمْرًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3647. नौमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गंदुम से शराब होती है, जौ से शराब होती है, खजूर से शराब होती है, अंगूर से भी और शहद से भी शराब होती है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा

और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1872) و ابوداؤد (3676) و ابن ماجه (3379)

٣٦٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سعيدٍ الخدريِّ قَالَ: كانَ عندَنا خَمْرٌ لِيَتِيمٍ فَلَمَّا نَزَلَتِ (الْمَائِدَةُ)»» سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْهُ وَقُلْتُ: إِنَّه ليَتيمٍ فَقَالَ: «أهْريقوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3648. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमारे पास एक यतीम बच्चे की शराब थी, जब सुरह माएदाह नाज़िल हुई तो मैंने उस के मुत्तल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया और मैंने अर्ज़ किया: वह यतीम की है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे बहा दो”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1263 وقال : حسن) [وله شواهد]

٣٦٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ عَنْ أَبِي طَلْحَةَ: أَنَّهُ قَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ إِنِّي اشْتَرَيْتُ خَمْرًا لِأَيْتَامٍ فِي حِجْرِي قَالَ: «أَهْرِقِ الْخَمْرَ وَاكْسِرِ الدِّنَانَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ [ص:١٠٨] وَضَعَّفَهُ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: أَنه سَأَلَهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَيْتَامٍ وَرِثُوا خَمْرًا قَالَ: «أَهْرِقْهَا» . قَالَ: أَفَلَا أَجْعَلُهَا خلاًّ؟ قَالَ: «لَا»

3649. अनस रदी अल्लाहु अन्हु अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! मैंने अपने ज़ेर परवरिश यतीम बच्चो के लिए शराब खरीदी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शराब बहा दो और (इस के) बर्तन तोड़ दो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे जईफ करार दिया, और अबू दावुद की रिवायत में है की उन्होंने नबी ﷺ से यतीम बच्चो के विरासत में आने वाली शराब के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे बहा दो”, उन्होंने अर्ज़ किया, क्या मैं उसे सिरका न बनालूँ ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1293) و ابوداؤد (3675) [و اصله عند مسلم (1983) بالاختصار] * لم يصب من ضعفه ، ليث بن ابی سليم : لم ينفرد به ، بل رابعه السدی و للحديث شواهد

بَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦٥٠ - (ضَعِيف) عَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ كُلِّ مُسْكِرٍ ومفتر. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3650. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हर नशावर और सुस्ती पैदा करने वाली हर चीज़ से मना फ़रमाया है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3686) * حكم بن عتيبة مدلس و عنعن

٣٦٥١ - (صَحِيح) وَعَنْ دَيْلَمٍ الْحِمْيَرِيِّ قَالَ: قُلْتُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا بِأَرْضٍ بَارِدَةٍ وَنُعَالِجُ فِيهَا عَمَلًا شَدِيدًا وَإِنَّا نَتَّخِذُ شَرَابًا مِنْ هَذَا الْقَمْحِ نَتَقَوَّى بِهِ عَلَى أَعْمَالِنَا وَعَلَى بَرْدِ بِلَادِنَا قَالَ: «هَلْ يُسْكِرُ؟» قُلْتُ: نَعَمْ قَالَ: «فَاجْتَنِبُوهُ» قُلْتُ: إِنَّ النَّاسَ غَيْرُ تَارِكِيهِ قَالَ: «إِنْ لَمْ يَتْرُكُوهُ فقاتلوهم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3651. दय्लम अल हिमयरीय्यी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम सर्द इलाके में रहते है और वहां मशक्कत वाला काम करते हैं, हम इस गंदुम से शराब तैयार करते हैं जिस के ज़रिए हम अपने काम और अपने इलाके की सर्दी के मुकाबले में कुव्वत हासिल करते हैं ,आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह नशावर है ?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन से बचा करो”, मैंने अर्ज़ किया: लोग ईसे तर्क करने वाले नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर वह इसे न छोड़े तो उन से लड़ाई करो”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3683)

٣٦٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الْخَمْرِ وَالْمَيْسِرِ وَالْكُوبَةِ وَالْغُبَيْرَاءِ وَقَالَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3652. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने शराब, जूए, नरदा, छोटे तबले और गबराअ (शराब की किस्म) से मना फ़रमाया, और फ़रमाया: “हर नशावर चीज़ हराम है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3685)

٣٦٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ عَاقٌّ وَلَا قَمَّارٌ [ص:١٠٨ وَلَا مَنَّانٌ وَلَا مُدْمِنُ خَمْرٍ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: «وَلَا وَلَدَ زِنْيَةٍ» بَدَلَ «قمار»

3653. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वालिदेन का नाफरमान, कमार, इहसान जतलाने वाला और हमेशा शराब पीने वाला जन्नत में दाखिल नहीं होगा”| दारमी और इन्ही की एक रिवायत में कमार के बजाए वलदे ज़िना है| (हसन)

حسن دون قوله :’’ ولا قمار ‘‘ ، رواه الدارمی (2 / 112 ح 2099 2100) [و النسائی (8 / 318 ح 5675 وھو حدیث حسن] * قوله :’’ ولا قمار ‘‘ لم اجده و الباقی حسن

٣٦٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى بَعَثَنِي رَحْمَة للعالمينَ وهُدىً لِلْعَالِمِينَ وَأَمَرَنِي رَبِّي عَزَّ وَجَلَّ بِمَحْقِ الْمَعَازِفِ وَالْمَزَامِيرِ وَالْأَوْثَانِ وَالصُّلُبِ وَأَمْرِ الْجَاهِلِيَّةِ وَحَلَفَ رَبِّي عزَّ وجلَّ: بعِزَّتي لَا يشربُ عبدٌ منْ عَبِيدِي جرعة خَمْرٍ إِلَّا سَقَيْتُهُ مِنَ الصَّدِيدِ مِثْلَهَا وَلَا يَتْرُكُهَا مِنْ مَخَافَتِي إِلَّا سَقَيْتُهُ مِنْ حِيَاضِ الْقُدس ". رَوَاهُ أَحْمد

3654. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला ने मुझे जहांन वालो के लिए बाईसे रहमत और बाईसे हिदायत बना कर मबउस फ़रमाया, और मेरे रब ने आलात ए मौसिकी, बुतों, सिलिबो और रसुमाते जाहिलियत ख़तम करने का मुझे हुक्म फ़रमाया और मेरे रब अज्ज़वजल ने मेरी इज्ज़त की क़सम उठाकर फ़रमाया: “मेरे जिस बन्दे ने शराब का एक घूंट पिया तो मैं इसी मिसल इसे पिप पिलाऊंगा और जिस ने मेरे डर की वजह से इसे तर्क कर दिया तो में उसे शराबे तुहुर पिलाऊंगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (5 / 257 ح 22571) * فرج بن فضالة الحمصى (ضعيف) عن على بن يزيد (ضعيف جدًا) عن القاسم عنه

٣٦٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ قَدْ حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِمُ الْجَنَّةَ: مُدْمِنُ الْخَمْرِ وَالْعَاقُّ وَالدَّيُّوثُ الَّذِي يُقِرُّ فِي أَهْلِهِ الْخَبَثَ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيّ

3655. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने तीन किस्म के लोगो: हमेशा शराब पीने वाले, वालिदेन के नाफरमान और दियुस जो अपने अहल व अयाल में ज़िना बरक़रार रखने वाला हो, पर जन्नत को हराम करार दे दिया है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 69 ح 5372) و النسائى (5 / 80 81 ح 2563)

٣٦٥٦ - وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تَدْخُلُ الجنَّةَ: مُدْمنُ الخمرِ وقاطِعُ الرَّحِم ومصدق السحر " رَوَاهُ أَحْمد

3656. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तीन किस्म के लोग हमेशा शराब पीने वाला, कतअ रहमी करने वाला और जादू का यकीन करने वाला जन्नत में नहीं जाएँगे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 399 ح 9798 مطولاً) * فيه ابو حريز عبدالله بن الحسين ضعفه الجمهور ، و للحديث شواهد ضعيفة و لبعض الحديث شواهد قوية و لكنه ضعيف بهذا السياق

٣٦٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مُدْمِنُ الْخَمْرِ إِنْ مَاتَ لقِيَ اللَّهَ كعابِدِ وثن» . رَوَاهُ أَحْمد

3657. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शराब नौशी पर काइमी इख़्तियार

करने वाला अगर (इसी हालत में) फौत हो जाए तो वह अल्लाह तआला से बुत के पुजारी की तरह मुलाकात करेगा”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 272 ح 2453) * و سنده ضعيف لجهالة الراوى و الحديث الآتى شاهد له ، وله شواهد كثيرة

٣٦٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وروى ابْن مَاجَه عَن أبي هُرَيْرَة

3658. इमाम इब्ने माजा ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (3375)

٣٦٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عبيد الله عَن أَبِيه. قَالَ: ذَكَرَ الْبُخَارِيُّ فِي التَّارِيخِ عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عبد الله عَن أَبِيه

3659. इमाम बय्हकी ने शौबुल ईमान में मुहम्मद बिन उबैदुल्लाह अन अबी की सनद से रिवायत किया है| और इमाम बयहकी ने कहा इमाम बुखारी ने मुहम्मद बिन उबैदुल्लाह अन अबी से तारीख में ज़िक्र किया है| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (5597 ، نسخة محققة : 5208 و سنده ضعيف) و البخارى فى التاريخ الكبير (1 / 129 ح 386) و انظر الحديث السابق (3658 فانه شاهد له)

٣٦٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مُوسَى أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ: مَا أُبالي شرِبتُ الخمرَ أَو عبدْتُ هذهِ السَّارِيةَ دونَ اللَّهِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3660. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह कहा करते थे: में इस बात की परवाह नहीं करता की मैं शराब पिलु या अल्लाह के सिवा इस सुतून की पूजा कर लू| (सहीह)

اسناده صحيح موقوف ، رواه النسائى (8 / 314 ح 5666)

अमारत व क़ज़ा का बयान • كتاب الْإِمَارَة وَالْقَضَاء

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٦٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَطَاعَنِي فَقَدْ أَطَاعَ اللَّهَ وَمَنْ عَصَانِي فَقَدْ عَصَى اللَّهَ وَمَنْ يُطِعِ الْأَمِيرَ فَقَدْ أَطَاعَنِي وَمَنْ يَعْصِ الْأَمِيرَ فَقَدْ عَصَانِي وَإِنَّمَا الْإِمَامُ جُنَّةٌ يُقَاتَلُ مِنْ وَرَائِهِ وَيُتَّقَى بِهِ فَإِنْ أَمَرَ بِتَقْوَى اللَّهِ وَعَدَلَ فَإِنَّ لَهُ بِذَلِكَ أَجْرًا وَإِنْ قَالَ بِغَيْرِهِ فَإِن عَلَيْهِ مِنْهُ»

3661. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने मेरी इताअत की उस ने अल्लाह की इताअत की, जिस ने मेरी नाफ़रमानी की उस ने अल्लाह की नाफ़रमानी की, जिस ने अमीर की इताअत की उस ने मेरी इताअत की, और जिस ने अमीर की नाफ़रमानी की उस ने मेरी नाफ़रमानी की, और इमाम ढाल है उस के ज़ेरे साया किताल किया जाता है, और उस के ज़रिए बचा जाता है, अगर उस ने अल्लाह का तकवा इख़्तियार करने का हुक्म दिया और अदल किया तो इस वजह से उस के लिए अज्र है, और अगर उस ने उस के अलावा कुछ कहा तो उस का गुनाह उस पर होगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2975) و مسلم (33 / 1835)، (4749)

٣٦٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْحُصَيْنِ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ أُمِّرَ عَلَيْكُمْ عَبْدٌ مُجَدَّعٌ يَقُودُكُمْ بِكِتَابِ اللَّهِ فَاسْمَعُوا لَهُ وَأَطِيعُوا» . رَوَاهُ مُسلم

3662. उम्म हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर किसी नाक और कान कटे गुलाम को तुम्हारा अमीर मुकर्रर कर दिया जाए और वह अल्लाह की किताब के मुताबिक तुम्हारी रहनुमाई करे तो फिर उस की बात सुनो और इताअत करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (311 / 1298)، (3138)

٣٦٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اسْمَعُوا وَأَطِيعُوا وَإِنِ اسْتُعْمِلَ عَلَيْكُمْ عَبْدٌ حَبَشِيٌّ كَأَنَّ رَأْسَهُ زَبِيبَةٌ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3663. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर किसी हब्शी गुलाम को, जिस का सर अंगूर की तरह छोटा सा हो, तुम पर आमला (गवर्नर) मुकर्रर कर दिया जाए तो उसकी बात सुनो और इताअत करो”| (बुखारी)

رواه البخاری (7142)

٣٦٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [ص:١٠٨] «السَّمعُ والطاعةُ على المرءِ المسلمِ فِيمَا أحب وأكره مَا لَمْ يُؤْمَرْ بِمَعْصِيَةٍ فَإِذَا أُمِرَ بِمَعْصِيَةٍ فَلَا سَمْعَ وَلَا طَاعَةَ»

3664. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान शख़्स पर हर पसंद व नापसंद में सुनना व इताअत लाज़िम है बशर्त है की इसे नाफ़रमानी का हुक्म न दिया जाए, जब इसे नाफ़रमानी का हुक्म दिया जाए तो फिर न सुनना है और न इताअत करना है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7141) و مسلم (38 / 1839)، (4763)

٣٦٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا طَاعَةَ فِي مَعْصِيَةٍ إِنَّمَا الطَّاعَةُ فِي الْمَعْرُوف»

3665. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नाफ़रमानी (गूनाह के काम) में कोई इताअत नहीं, इताअत तो सिर्फ अच्छे काम (शरई उमूर) में है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7257) ومسلم (39 / 1840)، (4765)

٣٦٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: بَايَعْنَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى السَّمْعِ وَالطَّاعَةِ فِي الْعُسْرِ وَالْيُسْرِ وَالْمَنْشَطِ وَالْمَكْرَهِ وَعَلَى أَثَرَةٍ عَلَيْنَا وَعَلَى أَنْ لَا نُنَازِعَ الْأَمْرَ أَهْلَهُ وَعَلَى أَنْ نَقُولَ بِالْحَقِّ أَيْنَمَا كُنَّا لَا نَخَافُ فِي اللَّهِ لَوْمَةَ لَائِمٍ. وَفِي رِوَايَةٍ: وَعَلَى أَنْ لَا نُنَازِعَ الْأَمْرَ أَهْلَهُ إِلَّا أَنْ تَرَوْا كُفْرًا بَوَاحًا عِنْدَكُمْ مِنَ اللَّهِ فِيهِ بُرْهَانٌ

3666. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने तंगी व आसानी, निशात व नागवारी, अपने नज़र अंदाज़ किए जाने और दुसरो को तरजीह दिए जाने पर, अमीर को माज़ूल न करने पर, हर जगह हक़ बात करने पर और अल्लाह (की रज़ामंदी के मुआमले) में मलामत गिर की मलामत से न डरने पर, रसूलुल्लाह ﷺ की सुनना व इताअत इख़्तियार करने पर बैत की, और एक दूसरी रिवायत में है: जब तक हम दलील के मुताबिक अमीर में अल्लाह का वाज़ेह कुफ्र न देखते उस से दस्ते इताअत न खिचे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7055 7056) و مسلم (42 / 1709)، (4461)

٣٦٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كُنَّا إِذَا بَايَعْنَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى السَّمْعِ وَالطَّاعَةِ يَقُولُ لَنَا: «فِيمَا اسْتَطَعْتُمْ»

3667. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब हम सुनना व इताअत मैं रसूलुल्लाह ﷺ की बैत करते तो आप ﷺ हमें फरमाते: “इस (मुआमले) में जिस की तुम इस्तिताअत रखो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7202) و مسلم (90 / 1867)، (4836)

٣٦٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من رأى أميره يَكْرَهُهُ فَلْيَصْبِرْ فَإِنَّهُ لَيْسَ أَحَدٌ يُفَارِقُ الْجَمَاعَةَ شبْرًا فَيَمُوت إِلَّا مَاتَ ميتَة جَاهِلِيَّة»

3668. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने अमीर में कोई नापसंदीदा चीज़ देखे तो वह सब्र करे, क्योंकि जो शख़्स बालिश्त बराबर जमाअत से अलायेदगी इख़्तियार कर के फौत हो जाए तो वह जाहिलियत कि सी मौत मरता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى(7143) و مسلم (55 / 1849)، (4790)

٣٦٦٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ خَرَجَ مِنَ الطَّاعَةِ وَفَارَقَ الْجَمَاعَةَ فَمَاتَ مَاتَ مِيتَةً جَاهِلِيَّةً وَمَنْ قَاتَلَ تَحْتَ رَايَةٍ عِمِّيَّةٍ يَغْضَبُ لِعَصَبِيَّةٍ أَوْ يَدْعُو لِعَصَبِيَّةٍ [ص:١٠٨ أَوْ يَنْصُرُ عَصَبِيَّةً فَقُتِلَ فَقِتْلَةٌ جَاهِلِيَّةٌ وَمَنْ خَرَجَ عَلَى أُمَّتِي بِسَيْفِهِ يَضْرِبُ بَرَّهَا وَفَاجِرَهَا وَلَا يَتَحَاشَى مِنْ مُؤْمِنِهَا وَلَا يَفِي لِذِي عَهْدٍ عَهْدَهُ فَلَيْسَ مِنِّي وَلَسْتُ مِنْهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3669. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स इताअत छोड़ कर, जमाअत से अलग हो कर, फौत हो जाए तो वह जाहिलियत कि सी मौत मरता है, जो शख़्स अंधे परचम तले किताल करता है, अस्बियत की वजह से नाराज़ होता है या अस्बियत की दावत देता है, या अस्बियत की मदद करता है, और वह इस हालत में क़त्ल कर दिया जाए तो वह जाहिलियत पर क़त्ल होता है, जो शख़्स मेरी उम्मत के खिलाफ तलवार सोंट कर निकल आता है और वह इस (उम्मत) के नेक व फ़ाजिर को मारता है और वह न तो किसी मोमिन की परवाह करता है और न किसी मुआहिद की तो वह मुझ से नहीं और मैं उस से नहीं हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (53 / 1848)، (4786)

٣٦٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ الْأَشْجَعِيِّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خِيَارُ أئمتكم الَّذين يحبونهم وَيُحِبُّونَكُمْ وَتُصَلُّونَ عَلَيْهِمْ وَيُصَلُّونَ عَلَيْكُمْ وَشِرَارُ أَئِمَّتِكُمُ الَّذِي تبغضونهم ويبغضونكم وتلعنوهم ويلعنوكم» قَالَ: قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا نُنَابِذُهُمْ عِنْدَ ذَلِكَ؟ قَالَ: «لَا مَا أَقَامُوا فِيكُمُ الصَّلَاةَ لَا مَا أَقَامُوا فِيكُمُ الصَّلَاةَ أَلَا مَنْ وُلِّيَ عَلَيْهِ وَالٍ فَرَآهُ يَأْتِي شَيْئًا مِنْ مَعْصِيَةِ اللَّهِ فَلْيَكْرَهْ مَا يَأْتِي مِنْ مَعْصِيَةِ اللَّهِ وَلَا يَنْزِعَنَّ يَدًا مِنْ طَاعَةٍ» . رَوَاهُ مُسلم

3670. ऑफ बिन मालिक अशजई रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे बेहतरीन इमाम वह है जिन्हें तुम पसंद करते हो और वह तुम्हें पसंद करते हैं, तुम उन के हक़ में दुआए करते हो और वह तुम्हारे हक़ में दुआए करते हैं, और तुम्हारे बदतरीन इमाम वह है जिन को तुम नापसंद करते हो और वह तुम्हें नापसंद करते हैं, तुम इन पर लानत भेजते हो और वह तुम पर लानत भेजते है”, रावी बयान करते हैं, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या इस वक़्त हम उन्हें माज़ुल न कर दे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं! जब तक वह तुम में नमाज़ काइम करे, नहीं! जब तक वह तुम में नमाज़ का इह्तेमाम कराए, सुन लो! जिस पर कोई हाकिम व सरपरस्त मुकर्रर किया जाए और वह

अल्लाह की किसी नाफ़रमानी का इर्तिकाब करे तो उसे चाहिए के वह अल्लाह की नाफ़रमानी को नापसंद करे और वह इताअत से दस्त कश न हो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (66 / 1855)، (4805)

٣٦٧١ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ عَلَيْكُمْ أُمَرَاءُ تَعْرِفُونَ وَتُنْكِرُونَ فَمَنْ أَنْكَرَ فَقَدْ بَرِئَ وَمَنْ كَرِهَ فَقَدْ سَلِمَ وَلَكِنْ مَنْ رَضِيَ وَتَابَعَ» قَالُوا: أَفَلَا نُقَاتِلُهُمْ؟ قَالَ: «لَا مَا صَلَّوْا لَا مَا صَلَّوْا» أَيْ: مَنْ كَرِهَ بِقَلْبِهِ وَأنكر بِقَلْبِهِ. رَوَاهُ مُسلم

3671. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम पर ऐसे हुक्मरान होंगे की तुम उन के बाज़ अफआल को अच्छा जानोगे और बाज़ को बुरा, जिस ने इन्कार किया तो वह मुदाहिनत व निफ़ाक़ से बुरी हो गया और जिस ने नापसंदगी का इज़हार किया तो वह (वबाल से) बच गया, लेकिन जो राज़ी हो गया और उन के पीछे लगा (तो वह निफ़ाक़ वबाल में शरीक हो गया)", सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया: क्या हम इनसे किताल न करे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "नहीं, जब तक वह नमाज़ पढ़े, नहीं, जब तक वह नमाज़ पढ़े", यानी जिस ने अपने दिल से नापसंद किया और अपने दिल इन्कार किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 ، 63 / 1854)، (4801 و 4802)

٣٦٧٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّكُمْ سَتَرَوْنَ بَعْدِي أَثَرَةً وَأُمُورًا تُنْكِرُونَهَا» قَالُوا: فَمَا تَأْمُرُنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «أَدُّوا إِلَيْهِم حَقهم وسلوا الله حقكم»

3672. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें फ़रमाया: "तुम अनकरीब मेरे बाद तरजीह देने को और ऐसे उमूर को देखोगे जिन्हें तुम नापसंद करते होंगे", सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप हमें क्या हुक्म फरमाते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "उनका हक़ उन्हें दो और अपना हक़ अल्लाह से तलब करो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7052) و مسلم (45 / 1843)، (4775)

٣٦٧٣ - (صَحِيح) وَعَنْ وَائِلِ بْنِ حُجْرٍ قَالَ: سَأَلَ سَلَمَةُ بْنُ يَزِيدَ الْجُعْفِيُّ رَسُولَ [ص:١٠٨] اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قَامَتْ عَلَيْنَا أُمَرَاءُ يَسْأَلُونَا حَقَّهُمْ وَيَمْنَعُونَا حَقَّنَا فَمَا تَأْمُرُنَا؟ قَالَ: «اسْمَعُوا وَأَطِيعُوا فَإِنَّمَا عَلَيْهِمْ مَا حُمِّلُوا وَعَلَيْكُمْ مَا حُمِّلْتُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

3673. वाइल बिन हुज्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सलमा बिन यज़ीद जअफी रदी अल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! मुझे बताइए अगर हम पर ऐसे हुक्मरान मुकर्रर हो जाए जो अपना हक़ हम से तलब करे जबके हमारे हक़ से हमें महरूम रखे तब आप ﷺ हमें क्या हुक्म फरमाते हैं ? आप ﷺ ने

फ़रमाया: “सुनो और इताअत करो, जो उनकी ज़िम्मेदारी है वह उस के मुकल्लिफ है, और जो तुम्हारी ज़िम्मेदारी है तूम उस के ज़िम्मेदार व मुकल्लिफ हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (49 / 1856)، (4782)

٣٦٧٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «مَنْ خَلَعَ يَدًا مِنْ طَاعَةٍ لَقِيَ اللَّهَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا حُجَّةَ لَهُ. وَمَنْ مَاتَ وَلَيْسَ فِي عُنُقِهِ بَيْعَةٌ مَاتَ مِيتَةً جَاهِلِيَّةً» . رَوَاهُ مُسلم

3674. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने (अमिर की) इताअत से हाथ खींच लिया तो वह रोज़ ए क़यामत अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के उस के पास कोई हुज्जत व उज़्र नहीं होगा, और जो शख़्स इस हाल में फौत हुआ की उस की गर्दन में अमीर की बैत नहीं हो वह जाहिलियत कि सी मौत मरा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (58 / 1851)، (4793)

٣٦٧٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَانَتْ بَنُو إِسْرَائِيلَ تَسُوسُهُمُ الْأَنْبِيَاءُ كُلَّمَا هَلَكَ نَبِيٌّ خَلَفَهُ نبيٌّ وإِنَّه لَا نبيَّ بعدِي وسيكون حلفاء فَيَكْثُرُونَ» قَالُوا: فَمَا تَأْمُرُنَا؟ قَالَ: «فُوا بَيْعَةَ الْأَوَّلِ فَالْأَوَّلِ أَعْطُوهُمْ حَقَّهُمْ فَإِنَّ اللَّهَ سَائِلُهُمْ عَمَّا استرعاهم»

3675. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनी इसराइल के उमूर की सरपरस्ती व इस्लाह अंबिया अलैहिस्सलाम किया करते थे, जब कोई नबी फौत हो जाता तो उस के बाद एक और नबी आ जाता जब के मेरे बाद कोई नबी नहीं, और अलबत्ता अनकरीब बहोत से खुलफा होंगे”, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, आप हमें क्या हुक्म फरमाते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम (तरतीब वार) पहले और फिर उस के बाद वाले की बैत पूरी करो, तुम उनका हक़ अदा करो, क्योंकि अल्लाह उन से इस चीज़ के बारे में सवाल करने वाला है जो उस ने उन्हें निगेहबानी व हुक्मरानी अता की है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3455) و مسلم (44 / 1842)، (4773)

٣٦٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا بُويِعَ لِخَلِيفَتَيْنِ فاقتُلوا الآخِرَ منهُما» . رَوَاهُ مُسلم

3676. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब दो खलीफो के लिए बैत की जाए तो उन में से दुसरे को क़त्ल कर दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (61 / 1853)، (4799)

٣٦٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَرْفَجَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّهُ سَيَكُونُ هَنَاتٌ وَهَنَاتٌ فَمَنْ أَرَادَ أَنْ يُفَرِّقَ أَمْرَ هَذِهِ الْأُمَّةِ وَهِيَ جَمِيعٌ فَاضْرِبُوهُ بِالسَّيْفِ كَائِنًا مَنْ كَانَ» . رَوَاهُ مُسلم

3677. अरफजत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अनकरीब मुख्तलिफ किस्म के फसादात होंगे, जो शख़्स उम्मत के इत्तेहाद को पारह पारह करने की कोशिश करे तो उसे तलवार के साथ क़त्ल कर दो ख्वाह वह कोई हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 1852)، (4796)

٣٦٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَتَاكُمْ وَأَمْرُكُمْ جَمِيعٌ عَلَى رَجُلٍ وَاحِدٍ يُرِيدُ أَنْ يَشُقَّ عَصَاكُمْ أَوْ يُفرِّقَ جماعتكم فَاقْتُلُوهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3678. अरफजत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: जो शख़्स तुम्हारे पास आए, जबके तुम्हारा मुआमला शख्से वाहिद पर जमा हो और वह शख़्स तुम्हारी कुव्वत को बिखेरना या तुम्हारी जमीयत को मुन्तशर करना चाहता हो तो इसे क़त्ल कर दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4798)

٣٦٧٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من بَايَعَ إِمَامًا فَأَعْطَاهُ صَفْقَةَ يَدِهِ وَثَمَرَةَ قَلْبِهِ فَلْيُطِعْهُ إِنِ اسْتَطَاعَ فَإِنْ جَاءَ آخَرُ يُنَازِعُهُ فاضربوا عنق الآخر» . رَوَاهُ مُسلم

3679. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी इमाम की बैत कर ले, उस की इताअत इख़्तियार कर ले और वह इखलास के साथ उस के साथ लग जाए तो फिर वह मक्दोर भर उस की इताअत करे, और फिर अगर कोई और आकर इस (इमाम अव्वल या बैत करने वाले) को हटाने की कोशिश करे तो फिर दुसरे की गर्दन उड़ा दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (46 / 1844)، (4776)

٣٦٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسْأَلِ الْإِمَارَةَ فَإِنَّكَ إِنْ أَعْطِيتَهَا عَنْ مَسْأَلَةٍ وُكِلْتَ إِلَيْهَا وَإِنْ أُعْطِيتَهَا عنْ غيرِ مَسْأَلَة أعنت عَلَيْهَا»

3680. अब्दुल रहमान बिन समुरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अमारत तलब न करना, क्योंकि अगर तुम्हारी ख्वाहिश पर वह तुम्हें दे दी गई तो तुम उस के सुपुर्द कर दिए जाओगे, और अगर वह तुम्हारी तलब व ख्वाहिश के बगैर तुम्हें अता की गई तो फिर उस पर तुम्हारी मदद की जाएगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7146) و مسلم (13 / 1652)، (4281)

٣٦٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّكُمْ سَتَحْرِصُونَ عَلَى الْإِمَارَةِ وَسَتَكُونُ نَدَامَةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَنِعْمَ الْمُرْضِعَةُ وَبِئْسَتِ الفاطمةُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3681. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अनकरीब तुम अमारत मिलने की हरस व कोशिश करोगे, और रोज़ ए क़यामत वह (तुम्हारे लिए) बाईस ए नदामत होगी, उस का मिलना अच्छा है और उस का छिन जाना बुरा है”| (बुखारी)

رواه البخارى (7148)

٣٦٨٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا تَسْتَعْمِلُنِي؟ قَالَ: فَضَرَبَ بِيَدِهِ عَلَى مَنْكِبِي ثُمَّ قَالَ: «يَا أَبَا ذَرٍّ إِنَّكَ ضَعِيفٌ وَإِنَّهَا أَمَانَةٌ وَإِنَّهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ خِزْيٌ وَنَدَامَةٌ إِلَّا مَنْ أَخَذَهَا بِحَقِّهَا وَأَدَّى الَّذِي عَلَيْهِ فِيهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ لَهُ: «يَا أَبَا ذَرٍّ إِنِّي أَرَاكَ ضَعِيفًا وَإِنِّي أُحِبُّ لَكَ مَا أُحِبُّ لِنَفْسِي لَا تَأَمَّرَنَّ عَلَى اثْنَيْنِ وَلَا تَوَلَّيَنَّ مَالَ يَتِيمٍ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3682. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप मुझे आमला (गवर्नर) क्यों नहीं मुकर्रर फरमा देंते ? वह बयान करते हैं, आप ﷺ ने मेरे कंधे पर हाथ मार कर फ़रमाया: “अबू ज़र तुम कमज़ोर आदमी हो, जबके वह एक अमानत है, जिस शख़्स ने इसे उस के हक़ के मुताबिक न लिया और न उस की ज़िम्मेदारियों को निभाया तो वह रोज़ ए क़यामत इस शख़्स के लिए बाईस ए रुसवाई व नदामत होगी”| एक दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अबू ज़र! मैं तुम्हें कमज़ोर समझता हूँ, मैं जो अपने लिए पसंद करता हूँ वही तुम्हारे लिए पसंद करता हूँ, तुम कभी दो आदमियों पर भी अमीर न बनना और न किसी यतीम के माल की सरपरस्ती कबूल करना”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 ، 16 / 1825)، (4719 و 4720)

٣٦٨٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَا وَرَجُلَانِ مِنْ بَنِي عَمِّي فَقَالَ أَحَدُهُمَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمِّرْنَا عَلَى بَعْضِ مَا وَلَّاكَ اللَّهُ وَقَالَ الْآخَرُ مِثْلَ ذَلِكَ فَقَالَ: «إِنَّا وَاللَّهِ لَا نُوَلِّي عَلَى هَذَا الْعَمَلِ أَحَدًا سَأَلَهُ وَلَا أَحَدًا حَرَصَ عَلَيْهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «لَا نَسْتَعْمِلُ عَلَى عَمَلِنَا مَنْ أَرَادَهُ»

3683. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और मेरे दो चचाज़ाद, नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन में से एक ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह ने जिन उमूर पर आप को सरपरस्त बनाया है इन में से बाज़ पर हमें अमीर मुकर्रर फरमादे, और दुसरे शख़्स ने भी इसी तरह कहा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! बेशक हम इस काम पर किसी ऐसे शख़्स को अमीर नहीं बनाते जो उस का मुतालबा करे और ना ही उस की हरस रखने वाले शख़्स को हुक्मरान बनाते है”| दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम अपने अमल पर किसी ऐसे शख़्स को आमला मुकर्रर नहीं करते जो उस की ख्वाहिश करता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7149 ، 2261) و مسلم (14 / 1733 ، 15 / 1733)، (4717 و 4718)

٣٦٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [ص:١٠٩] «تَجِدُونَ مِنْ خَيْرِ النَّاسِ أَشَدَّهُمْ كَرَاهِيَةً لِهَذَا الْأَمْرِ حَتَّى يقَعَ فِيهِ»

3684. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम लोगो में से इस शख़्स को बेहतरीन पाओगे जो इस अम्र (हुकूमत व अमारत) को इन्तिहाई नापसंद करता है यहाँ तक के वह उस में मुब्तिला न हो जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3588) و مسلم (199 / 2526)، (6454)

٣٦٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَلا كُلُّكُمْ راعٍ وكلُّكُمْ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ فَالْإِمَامُ الَّذِي عَلَى النَّاسِ رَاعٍ وَهُوَ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ وَالرَّجُلُ رَاعٍ عَلَى أَهْلِ بَيْتِهِ وَهُوَ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ وَالْمَرْأَةُ رَاعِيَةٌ عَلَى بَيْتِ زَوْجِهَا وولدِهِ وَهِي مسؤولةٌ عَنْهُمْ وَعَبْدُ الرَّجُلِ رَاعٍ عَلَى مَالِ سَيِّدِهِ وَهُوَ مسؤولٌ عَنهُ أَلا فكُلُّكُمْ راعٍ وكلكُمْ مسؤولٌ عَن رعيتِه»

3685. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! तुम सब निगेहबान हो और तुम सब अपने रइयत के मुत्तल्लिक जवाब देह हो, हुक्मरान जो लोगो का निगेहबान है वह अपने रइयत के मुत्तल्लिक जवाब देह है, आदमी अपने अहले खाना का निगेहबान है और वह अपने रइयत के मुत्तल्लिक जवाब देह है, औरत अपने खाविंद के घर और उस की औलाद की ज़िम्मेदार है और वह उन के मुत्तल्लिक जवाब देह है और आदमी का गुलाम अपने आका के माल का निगेहबान है और वह उस के मुत्तल्लिक जवाब देह है, सुन लो! तुम सब निगेहबान हो और तुम सब अपनी रइयत के मुत्तल्लिक जवाब देह हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7138) و مسلم (20 / 1829)، (4724)

٣٦٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ مَعْقِلِ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يقولُ: «مَا مِنْ والٍ بلي رَعِيَّةً مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَيَمُوتُ وَهُوَ غَاشٌّ لَهُمْ إِلَّا حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِ الْجَنَّةَ»

3686. मुअकिल बिन यस्सार रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो हुक्मरान मुसलमानों के किसी मुआमलात का ज़िम्मेदार बने और वह उन से मुखलिस न हो और इसे इसी हालत में मौत आजाए तो अल्लाह ने उस पर जन्नत को हराम करार दे दिया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7151) و مسلم (22 / 142)، (363)

٣٦٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ عَبْدٍ يَسْتَرْعِيهِ اللَّهُ رَعِيَّةً فَلَمْ يَحُطْهَا بِنَصِيحَةٍ إِلَّا لَمْ يجد رَائِحَةَ الْجنَّة»

3687. मुअकिल बिन यस्सार रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह जिस

बन्दे को किसी रइयत का निगेहबान बनाए और वह उन के साथ खैरख्वाही न करे तो वह जन्नत की खुशबु भी नहीं पाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7150) و مسلم (21 / 142)، (363)

٣٦٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِذِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ شرَّ الرعاءِ الحُطَمَة» . رَوَاهُ مُسلم

3688. आइज़ बिन अम्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बदतरीन निगेहबान, ज़ालिम शख़्स है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (23 / 1830)، (4733)

٣٦٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ مَنْ وَلِيَ مِنْ أَمْرِ أُمَّتِي شَيْئًا فَشَقَّ عَلَيْهِمْ فَاشْقُقْ عَلَيْهِ وَمَنْ وَلِيَ مِنْ أَمْرِ أُمَّتِي شَيْئًا فَرَفَقَ بهم فارفُقْ بِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

3689. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ए अल्लाह! जो शख़्स मेरी उम्मत का हुक्मरान बने और वह इन पर सख्ती करे तो तू भी उस पर सख्ती कर और जिस शख़्स को मेरी उम्मत का हुक्मरान बनाया जाए और वह इन पर नरमी करे तो तू भी उस पर नरमी कर”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1828)، (4722)

٣٦٩٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْمُقْسِطِينَ عِنْدَ اللَّهِ عَلَى مَنَابِرَ مِنْ نُورٍ عَنْ يَمِينِ الرَّحْمَنِ وَكِلْتَا يَدَيْهِ يمينٌ الذينَ يعدِلُونَ فِي حُكمِهم وأهليهم وَمَا ولُوا» . رَوَاهُ مُسلم

3690. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इंसाफ करने वाले अल्लाह के यहाँ रहमान के दाएं तरफ नूर के मिन्बरो पर होंगे और उसके दोनों हाथ दाए है, और वह लोग अपने हुक्म में, अपने अहले खाना से और अपने रइयत के मुआमलात में इंसाफ करते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1827)، (4721)

٣٦٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا بَعَثَ اللَّهُ مِنْ نَبِيٍّ وَلَا اسْتَخْلَفَ مِنْ خَلِيفَةٍ إِلَّا كَانَتْ لَهُ بِطَانَتَانِ: بِطَانَةٌ تَأْمُرُهُ بِالْمَعْرُوفِ وَتَحُضُّهُ عَلَيْهِ وَبِطَانَةٌ تَأْمُرُهُ بِالشَّرِّ وَتَحُضُّهُ عَلَيْهِ وَالْمَعْصُومُ مَنْ عصمَه اللَّهُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3691. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने जिस नबी को भी मबउस

फ़रमाया और जिस किसी को खलीफा मुकर्रर फ़रमाया तो उस के दो खुसूसी मशियर होते हैं, एक मशियर इसे नेकी का हुक्म देता है उसे उस पर अमादा करता है जबके एक मशियर इसे बुराई का हुक्म देता है और इसे उस पर अमादा करता है और बचता वही है जिसे अल्लाह बचाए"| (बुखारी)

رواه البخاری (7198)

٣٦٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ قَيْسُ بْنُ سَعْدٍ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَنْزِلَةِ صاحبِ الشُّرَطِ منَ الأميرِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3692. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कैस बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु का नबी ﷺ के यहाँ वह मक़ाम था जो हुक्मरान के यहाँ कोतवाल का होता है| (बुखारी)

رواه البخاری (7155)

٣٦٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: لَمَّا بَلَغَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ أَهْلَ فَارِسَ قَدْ مَلَّكُوا عَلَيْهِمْ بِنْتَ كِسْرَى قَالَ: «لَنْ يُفْلِحَ قَوْمٌ وَلَّوْا أَمْرَهُمُ امْرَأَةً» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3693. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ को यह खबर पहुंची के अहल ए फारस ने कीसरा की बेटी को अपना हुक्मरान बना लिया है तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो कौम कभी फलाह नहीं पाएगी जिस ने अपने उमूर किसी औरत के सुपुर्द कर दिए"| (बुखारी)

رواه البخاری (4425)

अमारत व क़ज़ा का बयान • كتاب الْإِمَارَة وَالْقَضَاء

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٦٩٤ - (صَحِيح) عَن الحارِثِ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " آمُرُكُمْ بِخَمْسٍ: بِالْجَمَاعَةِ وَالسَّمْعِ وَالطَّاعَةِ وَالْهِجْرَةِ وَالْجِهَادِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَإِنَّهُ مَنْ [ص:١٠٩] خَرَجَ مِنَ الْجَمَاعَةِ قِيدَ شِبْرٍ فَقَدْ خَلَعَ رِبْقَةَ الْإِسْلَامِ مِنْ عُنُقِهِ إِلَّا أَنْ يُرَاجِعَ وَمَنْ دَعَا بِدَعْوَى الْجَاهِلِيَّةِ فَهُوَ مِنْ جُثَى جَهَنَّمَ وَإِنْ صَامَ وَصَلَّى وَزَعَمَ أَنَّهُ مُسْلِمٌ ". رَوَاهُ أحمد وَالتِّرْمِذِيّ

3694. हारिस अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं तुम्हें पांच चीजों: जमाअत से वाबिस्ता रहने, सुनना व इताअत, हिजरत और अल्लाह की राह में जिहाद करने का हुक्म देता हूँ, और जिस शख़्स ने बालिश्त भर जमाअत से अलायेदगी इख़्तियार की तो उस ने इस्लाम की रस्सी अपने गर्दन से उतार दी, मगर यह कि

वोलौट आए, और जिस शख़्स ने जाहिलियत का नारा बुलंद किया उस का शुमार जहन्नुमियो में से होगा, अगरचे वह रोज़ा रखे और नमाज़ पढ़े और वह गुमान करे के वह मुसलमान है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 130 ح 17302 مختصرًا) و الترمذی (2863 وقال : حسن صحیح غریب)

٣٦٩٥ - (صَحِيح) وَعَن زِيَادِ بن كُسَيبٍ العَدَوِيِّ قَالَ: كُنْتُ مَعَ أَبِي بَكْرَةَ تَحْتَ مِنْبَرِ ابْنِ عَامِرٍ وَهُوَ يَخْطُبُ وَعَلَيْهِ ثِيَابٌ رِقَاقٌ فَقَالَ أَبُو بِلَال: انْظُرُوا إِلَى أَمِير نايلبس ثِيَابَ الْفُسَّاقِ. فَقَالَ أَبُو بَكْرَةَ: اسْكُتْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «مَنْ أَهَانَ سُلْطَانَ اللَّهِ فِي الْأَرْضِ أَهَانَهُ اللَّهُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3695. ज़ियाद बिन कुसय्ब अदवी बयान करते हैं, मैं अबू बकरह के साथ इब्ने आमिर के मिम्बर के पास था जबके इब्ने आमिर खुत्बा दे रहा था और उस ने बारीक़ लिबास पहना हुआ था, (ये देख कर) अबू बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा: हमारे अमीर को देखो उस ने फासिको जैसे लिबास पहन रखा है, अबू बकरह ने कहा ख़ामोश हो जाओ, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अल्लाह के सुलतान की ज़मीन में अहानत की तो अल्लाह उस की अहानत करेगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2224)

٣٦٩٦ - (صَحِيح) وَعَنِ النَّوَّاسِ بْنِ سِمْعَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا طَاعَةَ لِمَخْلُوقٍ فِي مَعْصِيَةِ الْخَالِقِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

3696. नव्वास बिन समआन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खालिक की नाफ़रमानी में मखलूक की कोई इताअत नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 44 ح 2455 و سنده ضعیف) * فیه الزبرقان مجهول ، ذکره ابن حبان فی الثقات وقال : لا ادری من هو ولا ابن من هو ؟ (4 / 265) وروی البخاری (7257) و مسلم (1840) و اللفظ له :’’ لا طاعة فی مصیة الله ، انما الطاعة فی المعروف ‘‘ تقدم (3665) وھو یغنی عنه

٣٦٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ أَمِيرِ عَشرَةٍ إِلا يُؤتى بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مَغْلُولًا حَتَّى يُفَكَّ عَنْهُ الْعَدْلُ أَو يوبقه الْجور» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

3697. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दस लोगों के अमीर को भी इस हाल में लाया जाएगा के उस का हाथ गर्दन के साथ बंधा होगा हत्ता के (इस का) अदल इसे आज़ाद करा देगा, या (इस का) ज़ुल्म इसे हलाक करा देगा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الدارمی (2 / 240 ح 2518 ، نسخة محققة : 2557) * و للحدیث شواهد کثیرة

٣٦٩٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلٌ لِلْأُمَرَاءِ وَيْلٌ لِلْعُرَفَاءِ وَيْلٌ لِلْأُمَنَاءِ لَيَتَمَنَّيَنَّ أَقْوَامٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ أَنَّ نَوَاصِيَهُمْ مُعَلَّقَةٌ بِالثُّرَيَّا يَتَجَلْجَلُونَ [ص:١٠٩] بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ وَأَنَّهُمْ لَمْ يَلُوا عَمَلًا» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» وَرَوَاهُ أَحْمد وَفِي رِوَايَته: «أَنَّ ذوائِبَهُم كَانَتْ مُعَلَّقَةً بِالثُّرَيَّا يَتَذَبْذَبُونَ بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ ولَمْ يَكُونُوا عُمِّلوا على شَيْء»

3698. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हुक्मरान के लिए वइल (हलाकत व तबाही या जहन्नम की एक वादी) है| नाज़मीन (दर्शक) के लिए वइल है और अमानत रखने वालो के लिए हलाकत है, रोज़ ए क़यामत लोग आरज़ू करेंगे के उनकी पेशानिया सरिये के साथ मुअल्लक होती वह ज़मीन व आसमान के दरमियान हरकत करते रहते लेकिन वह किसी काम के ज़िम्मेदारी व सरपरस्ती कबूल न करते”| और इमाम अहमद ने भी इसे रिवायत किया है, उनकी रिवायत में है की उन के बाल सरिये के साथ मुअल्लक होते और वह ज़मीन व आसमान के दरमियान हरकत करते रहते लेकिन उन्हें किसी काम की ज़िम्मेदारी न सोंपी जाती”| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 59 60 ح 2468) و احمد (2 / 352) [و صححه الحاکم (4 / 91 ح 7016) و ابن حبان (الموارد : 1559 و سنده حسن) وله طریق آخر عند الحاکم (4 / 191) و صححه و وافقه الذهبی و سنده حسن]

٣٦٩٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ غَالِبٍ الْقَطَّانِ عَنْ رَجُلٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن العرافة حق ولابد لِلنَّاسِ مِنْ عُرَفَاءَ وَلَكِنَّ الْعُرَفَاءَ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3699. गालिबुल कत्तान, एक आदमी से, और वह अपने वालिद से, और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नाज़म (बिचवान) का होना ज़रूरी है क्यूंकि नाज़मो के बगैर गुज़ार मुमकिन नहीं, लेकिन (अक्सर) नाज़म (बिचवान) जहन्नम में होंगे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2934) * فیه غیر واحد من الجمهولین

٣٧٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أُعِيذُكَ بِاللَّهِ مِنْ إِمَارَةِ السُّفَهَاءِ» . قَالَ: وَمَا ذَاكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «أُمَرَاءُ سَيَكُونُونَ مِنْ بَعْدِي مَنْ دَخَلَ عَلَيْهِمْ فَصَدَّقَهُمْ بِكَذِبِهِمْ وَأَعَانَهُمْ عَلَى ظُلْمِهِمْ فَلَيْسُوا مِنِّي وَلَسْتُ مِنْهُمْ وَلَنْ يَرِدُوا عليَّ الحوضَ وَمَنْ لَمْ يَدْخُلْ عَلَيْهِمْ وَلَمْ يُصَدِّقْهُمْ بِكَذِبِهِمْ وَلَمْ يُعِنْهُمْ عَلَى ظُلْمِهِمْ فَأُولَئِكَ مِنِّي وَأَنَا مِنْهُمْ وَأُولَئِكَ يَرِدُونَ عَلَيَّ الْحَوْضَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

3700. काब बिन उजरत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “मैं नादानों की अमारत से तुम्हें अल्लाह की पनाह में देता हूँ”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह क्या चीज़े है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे बाद कुछ हुक्मरान होंगे, जो शख़्स उन के पास जाए उनकी झूठ बयानी पर उनकी तस्दीक करे और उन के ज़ुल्म पर उनकी इआनत करे तो ऐसे लोग मुझ से नहीं है और मैं उन से नहीं हूँ और वह होज़े कौसर पर मेरे पास नहीं आएँगे, और जो शख़्स उन के पास जाए न उनकी झूठ बयानी पर उनकी तस्दीक करे और ना ही उन के ज़ुल्म पर उनकी मदद करे तो ऐसे लोग मुझ से है और मैं उन से हूँ और यही लोग हौज़ पर मेरे पास आएँगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (614 وقال : حسن غریب) و النسائی (7 / 160 ح 4212)

٣٧٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ سَكَنَ الْبَادِيَةَ جَفَا وَمَنِ اتَّبَعَ الصَّيْدَ غَفَلَ وَمَنْ أَتَى السُّلْطَانَ افْتُتِنَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: «مَنْ لَزِمَ السُّلْطَانَ افْتُتِنَ وَمَا ازْدَادَ عَبْدٌ مِنَ السُّلْطَانِ دُنُوًّا إِلَّا ازْدَادَ من اللَّهِ بُعداً»

3701. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जंगल में रहने वाला सख्त दिल होता है, शिकार का पीछा करने वाला गाफ़िल होता है और बादशाह के पास जाने वाला फितने का शिकार हो जाता है”| और अबू दावुद की रिवायत में है: “जो शख़्स बादशाह के साथ लगा रहता है तो वह फितने का शिकार हो जाता है, जिस क़दर कोई शख़्स बादशाह के करीब होता है के इसी क़दर अल्लाह से दूर हो जाता है”| (हसन)

٣٧٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلْقَمَةَ بْنِ وَائِلٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ مِنْ حَضْرَمَوْتَ وَرَجُلٌ مِنْ كِنْدَةَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ الْحَضْرَمِيُّ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ هَذَا غَلَبَنِي عَلَى أَرْضٍ لِي فَقَالَ الْكِنْدِيُّ: هِيَ أَرْضِي وَفِي يَدِي لَيْسَ لَهُ فِيهَا حَقٌّ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلْحَضْرَمِيِّ: «أَلَكَ بَيِّنَةٌ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَلَكَ يَمِينُهُ» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الرَّجُلَ فَاجِرٌ لَا يُبَالِي عَلَى مَا حَلَفَ عَلَيْهِ وَلَيْسَ يَتَوَرَّعُ منْ شيءٍ قَالَ: «ليسَ لكَ مِنْهُ إِلَّا ذَلِكَ» . فَانْطَلَقَ لِيَحْلِفَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا [ص:١١١ أَدْبَرَ: «لَئِنْ حَلَفَ عَلَى مَالِهِ لِيَأْكُلَهُ ظُلْمًا لَيَلْقَيَنَّ اللَّهَ وَهُوَ عَنهُ معرض» . رَوَاهُ مُسلم

3764. अल्कमा बिन वाइल अपने वालिद से रिवायत करते हैं, एक आदमी हज्र मव्त से और एक आदमी किन्द्त से नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो हज्रमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स ने मेरी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है, किंडिय ने अर्ज़ किया, यह ज़मीन मेरी है और मेरे कब्ज़े में है, इस का उस पर कोई हक़ नहीं, नबी ﷺ ने हज्रमी से फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई दलील है ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम उस से क़सम ले लो”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह तो एक फ़ाजिर शख़्स है, वह क़सम की कोई परवाह नहीं करता है और न किसी चीज़ से परहेज़ करता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें उस से यही कुछ मिल सकता है” जब वह (किंडिय) क़सम खाने चला तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर उस ने उस का नाहक माल खाने के लिए क़सम उठाई तो यह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के वह उस से एअराज़ फरमाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (223 / 139)، (358)

٣٧٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنِ ادَّعَى مَا لَيْسَ لَهُ فَلَيْسَ مِنَّا وَلْيَتَبَوَّأْ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3765. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने किसी ऐसी चिज़ का दावा किया जो के उस की नहीं तो वह अपना ठिकाना जहन्नम में बना ले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (112 / 61)، (217)

٣٧٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِخَيْرِ الشُّهَدَاءِ؟ الَّذِي يَأْتِي بشهادتِه قبلَ أنْ يسْأَلَهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3766. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें बेहतरीन गवाह के मुत्तल्लिक न बताऊँ ? यह वह है जो इस (गवाही) के तलब किए जाने से पहले अपने गवाही पेश कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1719)، (4494)

٣٧٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ النَّاسِ قَرْنِي ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ ثُمَّ يَجِيءُ قَوْمٌ تَسبِقُ شَهَادَة أحدِهمْ يَمِينه وَيَمِينه شَهَادَته»

3767. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे दौर के लोग (सहाबा किराम) सबसे बेहतर है, फिर वह लोग जो उन के साथ है (ताबियिन) और फिर वह जो उन के साथ है, फिर कुछ ऐसे लोग आएँगे के उन में से किसी की गवाही उस की क़सम पर और उस की क़सम उस की गवाही पर सबकत ले जाएगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3651) و مسلم (212 / 2533)، (6472)

٣٧٦٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَرَضَ عَلَى قَوْمٍ الْيَمِينَ فَأَسْرَعُوا فَأَمَرَ أَنْ يُسْهَمَ بَيْنَهُمْ فِي اليَمينِ أَيُّهُمْ يحْلِفُ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3768. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक कौम पर क़सम पेश की तो उन्होंने (कसम उठाने में) जल्दी की तो आप ﷺ ने हुक्म फ़रमाया के क़सम के बारे में उन के दरमियान कुरा अन्दाज़ी की जाए के उन में से कौन हलफ उठाएगा| (बुखारी)

رواه البخاری (2674)

फैसलों और गवाहों का बयान • بَاب الْأَقْضِيَة و الشهادات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٧٦٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْبَيِّنَةُ عَلَى الْمُدَّعِي وَالْيَمِينُ عَلَى الْمُدَّعَى عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3769. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “गवाह पेश करना मुदई के जिम्मे है और क़सम मुदई अलई के जिम्मे है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1341) [وله شواهد]

٣٧٧٠ - (حَسَنٌ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: فِي رَجُلَيْنِ اخْتَصَمَا إِلَيْهِ فِي مَوَارِيثَ لَمْ تَكُنْ لَهُمَا بَيِّنَةٌ إِلَّا دَعْوَاهُمَا فَقَالَ: «مَنْ قَضَيْتُ لَهُ [ص:١١١ بِشَيْءٍ مِنْ حَقِّ أَخِيهِ فَإِنَّمَا أَقْطَعُ لَهُ قِطْعَةً مِنَ النَّارِ» . فَقَالَ الرَّجُلَانِ: كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ حَقِّي هَذَا لِصَاحِبِي فَقَالَ: «لَا وَلَكِنِ اذْهَبَا فَاقْتَسِمَا وَتَوَخَّيَا الْحَقَّ ثُمَّ اسْتَهِمَا ثُمَّ لْيُحَلِّلْ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْكُمَا صَاحِبَهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «إِنَّمَا أَقْضِي بَيْنَكُمَا برأيي فِيمَا لم يُنزَلْ عليَّ فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3770. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा दो आदमियों के बारे में नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, जिन्होंने मीरास के मुत्तल्लिक आप की खिदमत में मुकदमा पेश किया, इन दोनों के पास कोई दलील व गवाही नहीं थी, इन दोनों का महज़ दावा ही था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं जिस शख़्स को उस के (मुसलमान) भाई के हक़ में से कुछ दे दू तो (हक़ीकत में) मैं उसे (जहन्नम की) आग का एक टुकड़ा काट कर दे रहा हूँ”, (ये सुन कर) दोनों में हर एक अर्ज़ करने लगा अल्लाह के रसूल! मेरा यह हक़ मेरे साथी का है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(ऐसे) नहीं ? तुम दोनों जाओ और इंसाफ के तकाज़े पुरे करते हुए तकसीम कर लो, फिर दोनों कुरा अन्दाज़ी करो फिर तुम दोनों में से हर एक अपना हिस्सा अपने साथी के लिए हलाल करार दे”| दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: “इस चीज़ के बारे में मुझ पर कोई चीज़ नाज़िल नहीं हुई इसलिए में तुम्हारे दरमियान अपने राय से फैसला करता हूँ”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3584 ، 3585)

٣٧٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جابرِ بن عبدِ الله: أَنَّ رَجُلَيْنِ تَدَاعَيَا دَابَّةً فَأَقَامَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا الْبَيِّنَةَ أَنَّهَا دَابَّتُهُ نَتَجَهَا فَقَضَى بِهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلَّذِي فِي يدِه. رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»

3771. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने एक चोपाये पर दावा किया, और उन

में से हर एक ने गवाह पेश किया के उस ने अपने चोपाये को जफ्ती कराया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के मुत्तल्लिक इस शख़्स के हक़ में फैसला फ़रमाया जिस के वह (कब्जे) में था| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 106 ح 2504) [و الشافعی فی الام (2 / 238)] * فیه ابراهیم بن ابی یحیی (متروک) عن اسحاق بن ابی فروة (کذاب) عن عمر بن الحکم عن جابر به الخ

٣٧٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي مُوسَى الأشعريِّ: أَنَّ رَجُلَيْنِ ادَّعَيَا بَعِيرًا عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَعَثَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا شَاهِدَيْنَ فَقَسَّمَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَهُمَا نِصْفَيْنِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ وَلِلنَّسَائِيِّ وَابْنِ مَاجَهْ: أَنَّ رَجُلَيْنِ ادَّعَيَا بَعِيرًا لَيْسَتْ لِوَاحِدٍ مِنْهُمَا بَيِّنَةٌ فَجَعَلَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَهُمَا

3772. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में एक ऊंट के मुत्तल्लिक दावा किया तो उन में से हर एक ने दो गवाह पेश किए, नबी ﷺ ने इसे इन दोनों के दरमियान आधा आधा तकसीम फरमा दिया| निसाई और इब्ने माजा में उन्हे इसे मरवी हदीस में है की दो आदमियों ने एक ऊंट के मुत्तल्लिक दावा किया और उन में से किसी के पास भी गवाह नहीं थे, लिहाज़ा नबी ﷺ ने इसे इन दोनों के दरमियान तकसीम फरमा दिया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3615 ، 3615 الرواية الثانية) و النسائی (8 / 248 ح 5426) و ابن ماجه (2330)

٣٧٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هريرةَ أنَّ رجُلينِ اختَصما فِي دَابَّة وَلَيْسَ لَهما بَيِّنَةٌ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «استهِما على اليَمينِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه

3773. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने किसी जानवर के बारे में झगड़ा किया और इन दोनों के पास कोई गवाही नहीं थी, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क़सम पर कुरा अन्दाज़ी करो” (जिस का कुरा निकल आए वह क़सम दे) | (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (3618) و ابن ماجه (2346)

٣٧٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِرَجُلٍ حَلَّفَهُ: «احْلِفْ بِاللَّهِ الَّذِي لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ مَاله عِنْدَكَ شَيْءٌ» يُعْنَى لِلْمُدَّعِي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3774. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी से क़सम लेने का इरादा किया तो फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! उठाओ जिस के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं के तुम्हारे पास इस शख़्स (यानी मुदई) की कोई चीज़ नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3620)

٣٧٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الأشعثِ بنِ قيسٍ قَالَ: كَانَ بَيْنِي وَبَيْنَ رَجُلٍ مِنَ الْيَهُودِ أرضٌ فجَحَدني فَقَدَّمْتُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَلَكَ بَيِّنَةٌ؟» قُلْتُ: لَا قَالَ [ص:١١١ لِلْيَهُودِيِّ: «احْلِفْ» قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِذَنْ يَحْلِفَ وَيَذْهَبَ بِمَالِي فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (إِنَّ الَّذِينَ يشترونَ بعهدِ اللَّهِ وأَيمانِهِم ثمنا قَلِيلا)»» الْآيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3775. अशअस बिन कैस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरी और एक यहूदी की कुछ मुश्तरका ज़मीन थी, उस ने मेरे हिस्से का इन्कार कर दिया, मैं अपना मुकदमा ले कर इसे नबी ﷺ के पास ले आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई गवाही है ?” मैंने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने यहूदी से फ़रमाया: “क़सम उठाओ”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह तो क़सम उठा लेगा और मेरी ज़मीन गसब लेगा, तब अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “बेशक जो लोग अल्लाह के अहद और अपने कसमो के बदले में ठोड़ी सी कीमत हासिल करते हैं”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3621) و ابن ماجه (2322) [و البخارى (2357) ومسلم (138)]

٣٧٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنْ رَجُلًا مَنْ كِنْدَةَ وَرَجُلًا مِنْ حَضْرَمَوْتَ اخْتَصَمَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أَرْضٍ مِنَ الْيَمَنِ فَقَالَ الْحَضْرَمِيُّ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَرْضِي اغْتَصَبَنِيهَا أَبُو هَذَا وَهِيَ فِي يَدِهِ قَالَ: «هَلْ لَكَ بَيِّنَةٌ؟» قَالَ: لَا وَلَكِنْ أُحَلِّفُهُ وَاللَّهِ مَا يَعْلَمُ أَنَّهَا أَرْضِي اغْتَصَبَنِيهَا أَبُوهُ؟ فَتَهَيَّأَ الْكِنْدِيُّ لِلْيَمِينِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَقْطَعُ أَحَدٌ مَالًا بِيَمِينٍ إِلَّا لَقِيَ اللَّهَ وَهُوَ أَجْذَمُ» فَقَالَ الْكِنْدِيُّ: هِيَ أرضُهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3776. अशअस बिन कैस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किंडिय और ह्ज़्रमी शख़्स ने यमन की ज़मीन के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में मुकदमा पेश किया तो ह्ज़्रमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स के वालिद ने मेरी ज़मीन गसब ली थी और वह अब उस के कब्ज़े में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास गवाह है ?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, लेकिन में उस से क़सम लूँगा (इस तरह के) अल्लाह की क़सम! वह नहीं जानता के बेशक मेरी ज़मीन को उस के वालिद ने गसब किया है, किंडिय क़सम के लिए तैयार हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कसम के ज़रिए माल हासिल करता है तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के वह शख़्स “ अजज़म” होगा”| (यानी उस का हाथ कटा हुआ होगा या उस के पास कोई दलील नहीं होगी) चुनांचे इस किंडिय ने अर्ज़ किया, वह ज़मीन उस एक ही की है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3622 ، 3244) [و صححه ابن حبان (1190) و ابن الجارود (1005) و الحاكم (4 / 295) و وافقه الذهبى]

٣٧٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ اللَّهِ بنِ أُنَيْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ أَكْبَرِ الْكَبَائِرِ الشِّرْكَ بِاللَّهِ وَعُقُوقَ الْوَالِدَيْنِ وَالْيَمِينَ الْغَمُوسَ وَمَا حَلَفَ حَالِفٌ بِاللَّهِ يَمِينَ صَبْرٍ فَأَدْخَلَ فِيهَا مِثْلَ جَنَاحِ بَعُوضَةٍ إِلَّا جُعِلَتْ نُكْتَةً فِي قَلْبِهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3777. अब्दुल्लाह बिन उनैस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के साथ शिर्क करना, वालिदेन की नाफ़रमानी करना और झूठी क़सम खाना कबिराह गुनाहों में से है, और जिस शख़्स ने अल्लाह की पुख्ता

क़सम उठाई और उस में मच्छर के पर के बराबर (झूठ) दाखिल कर दिया तो रोज़ ए क़यामत तक उस का दिल में एक नुक्ता लगा दिया जाता है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3020)

٣٧٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحْلِفُ أَحَدٌ عِنْدَ مِنْبَرِي هَذَا عَلَى يَمِينٍ آثِمَةٍ وَلَوْ عَلَى سِوَاكٍ أَخْضَرَ إِلَّا تَبَوَّأَ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ أَوْ وَجَبَتْ لَهُ النَّارُ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3778. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मेरे इस मिम्बर के पास झूठी क़सम उठाता है ख्वाँ वह सब्ज़ मिस्वाक के मुत्तल्लिक हो तो उस का ठिकाना जहन्नम में बना दिया जाता है या उस के लिए जहन्नम वाजिब हो जाती है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 727 ح 1472) و ابوداؤد (3246) و ابن ماجه (2325)

٣٧٧٩ - وَعَن خُرَيم بن فاتكٍ قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاةَ الصُّبْحِ فَلَمَّا انْصَرَفَ قَامَ قَائِمًا فَقَالَ: «عُدِلَتْ شَهَادَةُ الزُّورِ بِالْإِشْرَاكِ بِاللَّهِ» ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. ثُمَّ قَرَأَ: (فَاجْتَنِبُوا الرِّجْسَ مِنَ الْأَوْثَانِ وَاجْتَنِبُوا قَوْلَ الزُّورِ حُنَفَاءَ لِلَّهِ غَيْرَ مُشْرِكِينَ بِهِ)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3779. खरिम बिन फातिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए फजर अदा की जब आप फारिग़ हुए तो खड़े हो कर तीन मर्तबा फ़रमाया: “झूठी गवाही को अल्लाह के साथ शिर्क करने के बराबर करार दिया गया है”| फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “पलीदी यानी बुतों की पूजा से बचो और झूठी बात (झूठी गवाही) से बचो, अल्लाह के साथ शिर्क न करते हुए उस की तरफ यकसा हो जाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3599) و ابن ماجه (2372) [و الترمذی (2299)] * حبیب بن النعمان : مستور ، و ثقه ابن حبان وحده ، و زیاد العصفری ابوسفیان : مجهول الحال

٣٧٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ عَنْ أَيْمَنَ بْنِ خُرَيْمٍ إِلَّا أَنَّ ابْنَ مَاجَهْ لَمْ يَذْكُرِ الْقِرَاءَةَ

3780. इमाम अहमद और इमाम तिरमिज़ी ने यमन बिन खरिम से रिवायत किया है अलबत्ता इब्ने माजा ने किराअत का ज़िक्र नहीं किया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 321 ح 19105 عن خریم بن فاتک ، 4 / 321 ح 10109 عن ایمن بن خریم) و الترمذی (2300) * انظر الحدیث السابق (3779) لعلته

٣٧٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ خَائِنٍ وَلَا خَائِنَةٍ وَلَا مَجْلُودٍ حَدًّا وَلَا ذِي غِمْرٍ عَلَى أَخِيهِ وَلَا ظَنِينٍ فِي وَلَاءٍ وَلَا قَرَابَةٍ وَلَا الْقَانِعِ مَعَ أَهْلِ الْبَيْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غريبٌ ويزيدُ بن زيادٍ الدِّمَشْقِي الرَّاوِي مُنكر الحَدِيث

3781. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खयानत करने वाले मर्द और औरत की गवाही जाईज़ नहीं, जिस शख़्स पर हद काइम की गई हो उस की गवाही भी मंज़ूर नहीं और न दुश्मनी रखने वाले शख़्स की अपने भाई के खिलाफ, और विला (आज़ादी) के बारे में मूतहम (जिस पर तोहमत लगी हो) शख़्स की गवाही जाईज़ नहीं और न क़राबत के बारे में मूतहम शख़्स की और ना ही अहले बैत (यानी खानदान) के बारे में ऐसे शख़्स की गवाही जाईज़ है जिस का खर्च उस के खानदान के ज़िम्मा हो”| तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने कहा यह हदीस ग़रीब है और यज़ीद बिन ज़ियाद दम्श्की रावी मुनकर उल हदीस है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (2298) * وقال : الدارقطنی (4 / 244) :’’ یزید ھذا ضعیف ، لا یحتج بہ ‘‘ وھو متروک و لبعض الحدیث شواھد

٣٧٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ خَائِنٍ وَلَا خَائِنَةٍ وَلَا زَانٍ وَلَا زَانِيَةٍ وَلَا ذِي غِمْرٍ عَلَى أَخِيهِ» . وَرَدَّ شَهَادَةَ الْقَانِعِ لِأَهْلِ الْبَيْتِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3782. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, और वह नबी ﷺ से, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खयानत करने वाले मर्द की शहादत (गवाही) जाईज़ नहीं और न खयानत करने वाली औरत की, न ज़ानि मर्द की गवाही जाईज़ है और न ज़ानिया औरत की और दुश्मनी रखने वाले शख़्स की अपने भाई के मुत्तल्लिक गवाही जाईज़ नहीं, और खानदान के ज़ेरे किफ़ालत शख़्स की इस खानदान के मुत्तल्लिक गवाही कबूल नहीं की जाएगी”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (3600 3501)

٣٧٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ بَدَوِيٍّ عَلَى صَاحِبِ قَرْيَةٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه

3783. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गंवार की बस्ती में रिहाइश पज़ीर शख़्स के खिलाफ गवाही जाईज़ नहीं”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (3602) و ابن ماجہ (2366)

٣٧٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى بَيْنَ رَجُلَيْنِ فَقَالَ الْمَقْضِيُّ عَلَيْهِ لَمَّا أَدْبَرَ: حَسْبِيَ اللَّهُ وَنِعْمَ الْوَكِيلُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يَلُومُ عَلَى الْعَجْزِ وَلَكِنْ عَلَيْكَ بِالْكَيْسِ فَإِذَا غَلَبَكَ أَمْرٌ فَقُلْ: حَسْبِيَ اللَّهُ وِنِعْمَ الوكيلُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3784. ऑफ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने दो आदमियों के दरमियान फैसला फ़रमाया तो आप ने जिस शख़्स के खिलाफ फैसला फ़रमाया जब वह वापिस जाने लगा तो उस ने कहा: “मेरे लिए अल्लाह काफी है और वह अच्छा कारसाज़ है”| नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला अजज़ व नादानी पर मलामत फरमाता है, बल्के तुम्हें एहतियात करनी चाहिए, जब कोशिश के बावजूद कोई खिलाफ तोकीअ वाकिए ग़ालिब आजाए तो तुम कहो: (حَسْبِيَ اللَّهُ ونِعْمَ الوكيلُ) “मेरे लिए अल्लाह काफी है और वह अच्छा कारसाज़ है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3627) * رواية بقية عن بحير محمولة على السماع

٣٧٨٥ - (حسن) وَعَنْ بَهْزِ بْنِ حَكِيمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَبَسَ رَجُلًا فِي تُهْمَةٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وزاد التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ: ثمَّ خَلّى عَنهُ

3785. बहज़ बिन हकिम अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने एक आदमी को तोहमत पर क़ैद में रखा| इमाम तिरमिज़ी और इमाम निसाई ने यह इज़ाफा नकल किया, फिर आप ﷺ ने इसे छोड़ दिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3630) و الترمذی (1417 وقال : حسن) و النسائی (8 / 67 ح 4879 4880)

फैसलों और गवाहों का बयान • بَاب الْأَقْضِيَة و الشهادات

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٧٨٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ الزُّبَيْرِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ الْخَصْمَيْنِ يَقْعُدَانِ بَيْنَ يَدَيِ الْحَاكِمِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

3786. अब्दुल्लाह बिन जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला फ़रमाया के दोनों फरीक हाकिम के सामने बिठाए जाएँगे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 4 ح 16203) و ابوداؤد (3588) * مصعب بن ثابت الزبيرى : ضعيف من جهة سوء حفظه و قال الهيشمى فى مجمع الزوائد :’’ و الاكثر على تضعيفه ‘‘ (1 / 25)

जिहाद का बयान • كتاب الْجِهَاد

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٧٨٧ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ آمَنَ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ وَأَقَامَ الصَّلَاةَ وَصَامَ رَمَضَانَ كَانَ حَقًّا عَلَى اللَّهِ أَنْ يُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ جَاهَدَ فِي سهل اللَّهِ أَوْ جَلَسَ فِي أَرْضِهِ الَّتِي وُلِدَ فِيهَا» . قَالُوا: أَفَلَا نُبَشِّرُ النَّاسَ؟ قَالَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ مِائَةَ دَرَجَةٍ أَعَدَّهَا اللَّهُ لِلْمُجَاهِدِينَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَا بَيْنَ الدَّرَجَتَيْنِ كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ فَإِذَا سَأَلْتُمُ اللَّهَ فَاسْأَلُوهُ الْفِرْدَوْسَ فَإِنَّهُ أَوْسَطُ الْجَنَّةِ وَأَعْلَى الْجَنَّةِ وَفَوْقَهُ عَرْشُ الرَّحْمَنِ وَمِنْهُ تُفَجَّرُ أنهارُ الجنَّةِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3787. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह पर और उस के रसूल (ﷺ) पर ईमान लाए, नमाज़ काइम करे और रमज़ान के रोज़े रखे तो अल्लाह पर हक़ है के वह इसे जन्नत में दाखिल फरमाए (ख्वाह) उस ने अल्लाह की राह में जिहाद किया या अपने पैदाइश की सर ज़मीन में बैठा रहा”| सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, क्या हम उस के मुत्तल्लिक लोगो को खुशखबरी न दे दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत में सौ दरजे है, जिन्हें अल्लाह ने अल्लाह की राह में जिहाद करने वालो के लिए तैयार कर रखा है, दो दरजो के दरमियान इतना फासला है जितना ज़मीन व आसमान के दरमियान फासला है, जब तुम अल्लाह से (जन्नत का) सवाल करे तो उस से जन्नत अल फिरदौस का सवाल करो, क्योंकि वह अफज़ल व आला जन्नत है, उस के ऊपर रहमान का अर्श है और जन्नत की नहरे वहीँ से जारी होती है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2790)

٣٧٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الْمُجَاهِدِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ كَمَثَلِ الصَّائِمِ الْقَائِمِ الْقَانِتِ بِآيَاتِ اللَّهِ لَا يَفْتُرُ مِنْ صِيَامٍ وَلَا صَلَاةٍ حَتَّى يَرْجِعَ الْمُجَاهِدُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ»

3788. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले की मिसाल इस शख़्स कि सी है जो रोज़दार है, कयाम करता है, कुराने हकिम की तिलावत करता है, रोज़े और नमाज़ो में कोताही नहीं करता हत्ता के अल्लाह की राह में जिहाद करने वाला वापिस आ जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2787) و مسلم (110 / 1878)، (4869)

٣٧٨٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «انْتَدَبَ اللَّهُ لِمَنْ خَرَجَ فِي سَبِيلِهِ لَا يُخْرِجُهُ إِلَّا إِيمَانٌ بِي وَتَصْدِيقٌ بِرُسُلِي أَنْ أُرْجِعَهُ بِمَا نَالَ مِنْ أَجْرٍ وَغَنِيمَةٍ أَوْ أُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ»

3789. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने अपने राह में (जिहाद के लिए) निकलने वाले शख़्स को, जो महज़ मुझ पर ईमान लाने और मेरे रसूलो की तस्दीक करने की बिना पर निकलता है, इस

बात की ज़मानत दि है के वह इसे अज्र व गनीमत के साथ वापिस लौटाएगा या इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (36) و مسلم (103 / 1876)، (4859)

٣٧٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوْلَا أَنَّ [ص:١١١ رِجَالًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ لَا تَطِيبُ أَنْفُسُهُمْ أَنْ يَتَخَلَّفُوا عَنِّي وَلَا أَجِدُ مَا أَحْمِلُهُمْ عَلَيْهِ مَا تَخَلَّفْتُ عَنْ سَرِيَّةٍ تَغْزُو فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوَدِدْتُ أَنْ أُقْتَلَ فِي سَبِيلِ الله ثمَّ أُحْيى ثمَّ أُقتَلُ ثمَّ أُحْيى ثمَّ أُقتَلُ ثمَّ أُحْيى ثمَّ أقتل»

3790. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! अगर मुझे उस का ख़याल न होता के बहोत से ऐसे मोमिन है जिन्हें मुझ से पीछे रह जाना पसंद नहीं और मेरे पास इन के लिए सवारियों का इंतेज़ाम भी नहीं तो में अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले किसी लश्कर से पीछे न रहता, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! मैं पसंद करता हूँ की मैं अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊ, फिर जिंदा कर दिया जाऊ, फिर शहीद कर दिया जाऊ, फिर जिंदा कर दिया जाऊ, फिर शहीद कर दिया जाऊ”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2797) و مسلم (106 / 1886)، (4863)

٣٧٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رِبَاطُ يَوْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا عَلَيْهَا»

3791. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में एक दिन मोरचा बंद होना दुनिया और उस में जो कुछ है इस (के मिल जाने या इसे खर्च कर देने) से बेहतर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1892) و مسلم (113 / 1881)، (4874)

٣٧٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَغَدْوَةٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ رَوْحَةٌ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا»

3792. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में एक सुबह या एक शाम गुज़ारना, दुनिया और जो कुछ इस में है उस से बेहतर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6415) و مسلم (113 / 1881)، (4876)

٣٧٩٣ - (صَحِيح) وَعَن سلمانَ الفارسيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «رِبَاطُ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنْ صِيَامِ شَهْرٍ وَقِيَامِهِ وَإِنْ مَاتَ جَرَى عَلَيْهِ عَمَلُهُ الَّذِي كَانَ يَعْمَلُهُ وَأُجْرِيَ عَلَيْهِ رِزْقُهُ وَأَمِنَ الْفَتَّانَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3793. सलमान फारसी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह की राह में एक दिन और एक रात मोरचा बंद होना एक माह के रोज़ो और उस के कयाम से बेहतर है, और अगर वह (इसी जगह) फौत हो जाए तो उस का वह अमल जो वह किया करता था, जारी रहता है, उस का (जन्नत से) रीज़्क जारी कर दिया जाता है, और वह कब्र में फ़ितनो से महफूज़ रहता है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (163 / 1913)، (4938)

٣٧٩٤ - (صَحِيح) وَعَن أبي عَبْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا اغْبَرَّتْ قَدَمَا عَبْدٍ فِي سَبِيلِ الله فَتَمَسهُ النَّار» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3794. अबू अब्सी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की राह में गर्द आलूद होने वाले पाँव को जहन्नम की आग नहीं छुएगी"| (बुखारी)

رواه البخاری (2811)

٣٧٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَجْتَمِعُ كَافِرٌ وَقَاتِلُهُ فِي النَّارِ أبدا» . رَوَاهُ مُسلم

3795. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "काफ़िर और उस का कातिल (मुजाहिद) जहन्नम की आग में कभी इकठ्ठे नहीं होंगे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1891)، (4895)

٣٧٩٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنْ خَيْرِ مَعَاشِ النَّاسِ لَهُمْ رَجُلٌ مُمْسِكٌ عِنَانَ فَرَسِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يَطِيرُ عَلَى مَتْنِهِ كُلَّمَا سَمِعَ هَيْعَةً [ص:١١١ أَوْ فَزْعَةً طَارَ عَلَيْهِ يَبْتَغِي الْقَتْلَ وَالْمَوْتَ مَظَانَّهُ أَوْ رَجُلٌ فِي غُنَيْمَةٍ فِي رَأْسِ شَعَفَةٍ مِنْ هَذِهِ الشَّعَفِ أَوْ بَطْنِ وَادٍ مِنْ هَذِهِ الْأَوْدِيَةِ يُقِيمُ الصَّلَاةَ وَيُؤْتِي الزَّكَاةَ وَيَعْبُدُ الله حَتَّى يَأْتِيَهُ الْيَقِينُ لَيْسَ مِنَ النَّاسِ إِلَّا فِي خير» . رَوَاهُ مُسلم

3796. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लोगो में से इस शख़्स की जिंदगी बेहतरीन है जो अपने घोड़े की लगाम थामे अल्लाह की राह में निकलता है, वह जब कभी खौफ या फरियादी की आवाज़ सुनता है तो वह इस (घोड़े) की पुश्त पर (तेज़ रफ़्तार की वजह से) उड़ता हुआ जाता है के क़त्ल और मौत को उस की मुमकिन जगह से तलाश करता है, या फिर इस आदमी की जिंदगी बेहतरीन है जो अपनी बकरिया ले कर किसी पहाड़ की चोटी पर या किसी वादी में फिरता है, वह नमाज़ पढ़ता है, ज़कात अदा करता है और मौत आने तक अपने रब की इबादत करता रहता है ? यह दीगर लोगो से खैर व भलाई पर है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (125 / 1889)، (4889)

٣٧٩٧ - (صَحِيح) وَعَن زيد بن خالدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ جَهَّزَ غَازِيًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَقَدْ غَزَا وَمَنْ خَلَفَ غَازِيًا فِي أَهْلِهِ فقد غزا»

3797. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में किसी मुजाहिद को तैयार किया तो उस ने भी जिहाद किया, जिस शख़्स ने किसी मुजाहिद के अहले खाना में जानशीन का हक़ अदा किया तो उस ने भी जिहाद किया"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2843) و مسلم (136 ، 135 / 1895)، (4902 و 4903)

٣٧٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حُرْمَةُ نِسَاءِ الْمُجَاهِدِينَ عَلَى الْقَاعِدِينَ كَحُرْمَةِ أُمَّهَاتِهِمْ وَمَا مِنْ رَجُلٍ مِنَ الْقَاعِدِينَ يَخْلُفُ رَجُلًا مِنَ الْمُجَاهِدِينَ فِي أَهْلِهِ فَيَخُونُهُ فِيهِمْ إِلَّا وُقِفَ لَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فيأخذُ مِنْ عَمَلِهِ مَا شَاءَ فَمَا ظَنُّكُمْ؟» . رَوَاهُ مُسلم

3798. बुरैदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मुजाहिदीन की औरतों की हुरमत, जिहाद में शरीक न होने वालो पर, उनकी माओ की हुरमत जैसी है, जिहाद में शरीक न होने वालो में से कोई शख़्स किसी मुजाहिद के अहले खाना की जानशीन करता है और वह इन के बारे में खयानत करता है तो रोज़ ए क़यामत इसे खड़ा किया जाएगा और वह (मुजाहिद) उस के आमाल में से जो चाहेगा ले लेगा तुम्हारा क्या ख़याल है (वोह उस की कोई नेकी छोड़ेगा) ?"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 1897)، (4908)

٣٧٩٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي مَسْعُود الْأَنْصَارِيّ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ بِنَاقَةٍ مَخْطُومَةٍ فَقَالَ: هَذِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَكَ بِهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ سَبْعمِائَة نَاقَة كلهَا مخطومة» . رَوَاهُ مُسلم

3799. अबू मसउद अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी महार वाली ऊंटनी ले कर आया तो उस ने अर्ज़ किया, यह अल्लाह की राह में (वक्फ़) है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम्हारे लिए रोज़ ए क़यामत सातसो ऊंटनिया है वह सब महार वाली होगी"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 1892)، (4897)

٣٨٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بَعَثَ بَعْثًا إِلَى بَنِي لِحْيَانَ مِنْ هُذَيْلٍ فَقَالَ: «لينبعثْ مِنْ كلِّ رجلينِ أحدُهما والأجرُ بَينهمَا» . رَوَاهُ مُسلم

3800. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज़िल कबिले के बनू लिह्यान उन की तरफ एक

लश्कर भेजने का इरादा किया तो फ़रमाया: “हर दो आदमियों में से एक (दुश्मन की तरफ) उठ खड़ा हो और अजरान दोनों को मिलेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (137 / 1896)، (4904)

٣٨٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يَبْرَحَ هَذَا الدِّينُ قَائِمًا يُقَاتِلُ عَلَيْهِ عِصَابَةٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ حَتَّى تقوم السَّاعَة» . رَوَاهُ مُسلم

3801. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये दीन हमेशा काइम रहेगा मुसलमानों की एक जमाअत इस की खातिर क़यामत तक लड़ती रहेगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (172 / 1922)، (4953)

٣٨٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُكَلَّمُ أَحَدٌ [ص:١١٢ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَاللَّهُ أَعْلَمُ بِمَنْ يُكَلَّمُ فِي سَبِيلِهِ إِلَّا جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَجُرْحُهُ يَثْعَبُ دَمًا اللَّوْنُ لَوْنُ الدَّمِ والريحُ ريحُ المسكِ»

3802. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की राह में ज़ख़्मी होता है और अल्लाह जानता है कौन उस की राह में ज़ख़्मी होता है, तो वह रोज़ ए क़यामत इस हाल में आएगा के उस के जख्म से खून बहता होगा, उस का रंग तो खून जैसे होगा लेकिन उस की खुशबु कस्तूरी जैसी होगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2803) و مسلم (105 / 1876)، (4862)

٣٨٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ أَحَدٍ يَدْخُلُ الْجَنَّةَ يُحِبُّ أَنْ يُرْجَعَ إِلَى الدُّنْيَا وَلَهُ مَا فِي الْأَرْضِ مِنْ شَيْءٍ إِلَّا الشَّهِيدُ يَتَمَنَّى أَنْ يُرْجَعَ إِلَى الدُّنْيَا فَيُقْتَلَ عَشْرَ مَرَّاتٍ لِمَا يَرَى مِنَ الْكَرَامَةِ»

3803. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई जन्नती दुनिया की तरफलौट कर आना पसंद नहीं करेगा अगरचे ज़मीन की हर चीज़ इसे मयस्सर आ जाए, माँ सिवाए शहीद के वह आरज़ू करेगा के वह दुनिया की तरफलौट जाए, क्योंकि उस ने मर्तबा ए शहादत में जो इज्ज़त देखी है, इस वजह से वह दस मर्तबा शहीद कर दिया जाना (पसंद करेगा) “| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2817) و مسلم (109 / 1877)، (4868)

٣٨٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ مَسْرُوقٍ قَالَ: سَأَلْنَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ مسعودٍ عَنْ هَذِهِ الْآيَةِ: (وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا بَلْ أَحْيَاءٌ عِنْدَ رَبِّهِم يُرزقون)»» الْآيَةَ قَالَ: إِنَّا قَدْ سَأَلْنَا عَنْ ذَلِكَ فَقَالَ: " أَرْوَاحُهُمْ فِي أَجْوَافِ طَيْرٍ خُضْرٍ لَهَا قَنَادِيلُ مُعَلَّقَةٌ بِالْعَرْشِ تَسْرَحُ مِنَ

الْجَنَّةِ حَيْثُ شَاءَتْ ثُمَّ تَأْوِي إِلَى تِلْكَ الْقَنَادِيلِ فَاطَّلَعَ إِلَيْهِمْ رَبُّهُمُ اطِّلَاعَةً فَقَالَ: هَلْ تَشْتَهُونَ شَيْئًا؟ قَالُوا: أَيَّ شَيْءٍ نَشْتَهِي وَنَحْنُ نَسْرَحُ مِنَ الْجَنَّةِ حيثُ شِئْنَا ففعلَ ذلكَ بهِمْ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ فَلَمَّا رَأَوْا أَنَّهُمْ لَنْ يُتْرَكُوا مِنْ أَنْ يَسْأَلُوا قَالُوا: يَا رَبُّ نُرِيدُ أَنْ تُرَدَّ أَرْوَاحُنَا فِي أَجْسَادِنَا حَتَّى نُقْتَلَ فِي سبيلِكَ مرَّةً أُخرى فَلَمَّا رَأَى أَنْ لَيْسَ لَهُمْ حَاجَةٌ تُرِكُوا ". رَوَاهُ مُسلم

3804. मसरुक बयान करते हैं, हमने अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से इस आयत: “अल्लाह की राह में मारे जाने वालो को मुर्दा तसव्वुर न करो बल्के वह तो जिंदा है उन के रब के यहाँ उन्हें रीज़्क दिया जाता है”, के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: हमने उस के मुत्तल्लिक (रसूलुल्लाह ﷺ) से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उनकी रूहें सब्ज़ रंग के परिंदों के पेट में है, उनकी किन्दिलो (lamps) अर्श के साथ मुअल्लक है, वह जन्नत (के मेवों) से जहाँ से चाहते है खाते है, फिर उन्हीं किन्दिलो (lamps) में वापिस आ जाते हैं, फिर उनका रब उनकी तरफ देख कर फरमाता है: क्या तुम किसी चीज़ की ख्वाहिश रखते हो ? वह अर्ज़ करते हैं: हम किस चीज़ की ख्वाहिश रखे, हम जन्नत में जहाँ चाहे जाते और वहां से मन पसंद चीज़े खाते है, रब तआला उन से तीन मर्तबा यही सवाल फरमाएगा, जब वह देंखेंगे के उन से पूछे बगैर उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा तो वह अर्ज़ करेंगे: रब जी! हम चाहते है की हमारी रूहें हमारे जिस्मों में लौटाई जाए हत्ता के हम तेरी राह में फिर शहीद कर दिए जाए, जब उस ने देखा के उन्हें कोई हाजत नहीं है तो फिर उन्हें छोड़ दिया जाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (121 / 1887)، (4885)

٣٨٠٥ - (صَحِيح) عَن أَبِي قَتَادَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ فِيهِمْ فَذَكَرَ لَهُمْ أَنَّ الْجِهَادَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالْإِيمَانَ بِاللَّهِ أَفْضَلُ الْأَعْمَالِ فَقَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يُكَفَّرُ عَنَى خَطَايَايَ؟ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ إِنْ قُتِلْتَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَنْتَ صَابِرٌ مُحْتَسِبٌ مُقْبِلٌ غَيْرُ مُدْبِرٍ» . ثُمَّ قَالَ رَسُولُ [ص:١١٢ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ قُلْتَ؟» فَقَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَيُكَفَّرُ عَنِّي خَطَايَايَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ وَأَنْتَ صَابِرٌ مُحْتَسِبٌ مُقْبِلٌ غَيْرُ مُدْبِرٍ إِلَّا الدَّيْنَ فَإِنَّ جِبْرِيلَ قَالَ لِي ذَلِكَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3805. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें वाज़ करते हुए फ़रमाया के अल्लाह की राह में जिहाद करना और अल्लाह पर ईमान लाना, बेहतरीन आमाल में से हैं, इतने में एक आदमी खड़ा हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के अगर में अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊं तो क्या मेरे गुनाह मुआफ़ कर दिए जाएँगे ? रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “हाँ, अगर तू इस हाल में शहीद कर दिया जाए के तू सब्र करने वाला, सवाब की उम्मीद रखने वाला, आगे बढ़ने वाला हो और पीछे हटने वाला न हो”, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने क्या कहा था ?” उस ने अर्ज़ किया, आप मुझे बताइए अगर में अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊं तो क्या मेरे गुनाह मुआफ़ कर दिए जाएँगे ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ, तू सब्र करने वाला, सवाब की उम्मीद रखने वाला, पेश कदमी करने वाला हो और पीछे हटने वाला न हो, अलबत्ता क़र्ज़ मुआफ़ नहीं होगा, क्योंकि जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने इस बारे में मुझे यही कहा है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (117 / 1885)، (4880)

٣٨٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْقَتْلُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يُكَفِّرُ كُلَّ شَيْءٍ إِلَّا

الدّين» . رَوَاهُ مُسلم

3806. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में शहीद हो जाना क़र्ज़ के सिवा हर चिज़ का कफ्फारा है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (120 / 1886)، (4884)

٣٨٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَضْحَكُ اللَّهُ تَعَالَى إِلَى رَجُلَيْنِ يَقْتُلُ أَحَدُهُمَا الْآخَرَ يَدْخُلَانِ الْجَنَّةَ: يُقَاتِلُ هَذَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَيُقْتَلُ ثُمَّ يَتُوبُ اللَّهُ على الْقَاتِل فيستشهد "

3807. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला दो आदमियों की तरफ (देख कर) मुस्कुराता है, उन में से एक दुसरे को क़त्ल कर देता है और वह दोनों जन्नत में दाखिल हो जाते हैं, यह इस तरह है के एक शख़्स अल्लाह की राह में जिहाद करता है और वह शहीद कर दिया जाता है, फिर अल्लाह इस कातिल पर (अपनी रहमत से) रुजू फरमाता है, (वो मुसलमान हो जाता है) वह भी शहीद कर दिया जाता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2826) و مسلم (128 / 1890)، (4892)

٣٨٠٨ - (صَحِيح) وَعَن سهل بن حنيف قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ سَأَلَ اللَّهَ الشَّهَادَةَ بِصِدْقٍ بَلَّغَهُ اللَّهُ مَنَازِلَ الشُّهَدَاءِ وَإِنْ مَاتَ عَلَى فِرَاشِهِ. رَوَاهُ مُسلم

3808. सहल बिन हुनैफ़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स सच्चे दिल से अल्लाह से शहादत तलब करता है तो वह इसे शुहदा के मक़ाम पर पहुंचा देता है, ख्वाह इसे अपने बिस्तर पर मौत आए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (157 / 1909)، (4930)

٣٨٠٩ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ أَنَّ الرُّبَيِّعَ بِنْتَ الْبَرَاءِ وَهِيَ أُمُّ حَارِثَةَ بْنِ سُرَاقَةَ أَتَتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا تُحَدِّثُنِي عنْ حَارِثَةَ وَكَانَ قُتِلَ يَوْمَ بَدْرٍ أَصَابَهُ سَهْمٌ غَرْبٌ فَإِنْ كَانَ فِي الْجَنَّةِ صَبَرْتُ وَإِنْ كَانَ غَيْرُ ذَلِكَ اجْتَهَدْتُ عَلَيْهِ فِي الْبُكَاءِ فَقَالَ: «يَا أَمَّ حَارِثَةَ إِنَّهَا جِنَانٌ فِي الْجَنَّةِ وَإِنَّ ابْنَكِ أَصَابَ الْفِرْدَوْسَ الْأَعْلَى» . رَوَاهُ البخاريُّ

3809. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हारिस बिन सुराका रदी अल्लाहु अन्हु की वालिदा रबीअ बिन्ते बराअ नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप मुझे हारिस रदी अल्लाहु अन्हु के मुत्तल्लिक नहीं बताएंगे, वह गज़वा ए बद्र में शहीद कर दिए गए थे, उन्हें ना मालूम तीर लगा था, अगर तो वह जन्नत में है, तो मैं सब्र करुँगी और अगर उस के अलावा किसी और जगह पर है तो फिर मैं इन पर खूब रोउंगी, आप ﷺ ने फ़रमाया:

“उम्म हारिस जन्नत में कई दरजात हैं और तेरा बेटा तो फिरदौस ए आला में है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2809)

٣٨١٠ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: انْطَلَقَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ حَتَّى سَبَقُوا الْمُشْرِكِينَ إِلَى بَدْرٍ وَجَاءَ الْمُشْرِكُونَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُومُوا إِلَى جَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمَاوَاتُ وَالْأَرْضُ» . قَالَ عُمَيْرُ بْنُ الْحُمَامِ: بَخْ بَخْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا يَحْمِلُكَ عَلَى قَوْلِكَ: بَخْ بَخْ؟ " قَالَ: لَا وَاللَّهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا رَجَاءَ أَنْ [ص:١١٢] أَكُونَ مِنْ أَهْلِهَا قَالَ: «فَإِنَّكَ مِنْ أَهْلِهَا» قَالَ: فَأَخْرَجَ تَمَرَاتٍ مِنْ قَرْنِهِ فَجَعَلَ يَأْكُلُ مِنْهُنَّ ثُمَّ قَالَ: لَئِنْ أَنَا حَيِيتُ حَتَّى آكل تمراتي إِنَّهَا الْحَيَاة طَوِيلَةٌ قَالَ: فَرَمَى بِمَا كَانَ مَعَهُ مِنَ التَّمْرِ ثُمَّ قَاتَلَهُمْ حَتَّى قُتِلَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3810. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ और आप ﷺ के सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु रवाना हुए हत्ता के वह मुशरिकीन से पहले बद्र पहुँच गए, और मुशरिकीन भी पहुँच गए, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस जन्नत की तरफ पेश कदमी करो जिस का अर्ज़ ज़मीन व आसमान की तरह है”, उमैर बिन हुमाम रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा: बहोत खूब, बहोत खूब! रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हें यह बात: बहोत खूब, बहोत खूब, कहने पर किस चीज़ ने अमादा किया ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह की क़सम! सिर्फ इस उम्मीद ने की मैं भी जन्नतियो में से हो जाऊं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम जन्नतियो में से हो”, उन्होंने तरकशी से खजूरे निकाले और खाने लगे, फिर कहा: अगर में अपने खजूरे खाने तक जिंदा रहा तो फिर यह एक तवील जिंदगी है, रावी बयान करते हैं, उन के पास जो खजूरे थी, वह उन्होंने फेंक दी, फिर मुशरिकीन के साथ किताल किया हत्ता कि वह शहीद कर दिए गए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (145 / 1901)، (4915)

٣٨١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تَعُدُّونَ الشَّهِيدَ فِيكُمْ؟» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَنْ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ قَالَ: " إِنَّ شُهَدَاءَ أُمَّتِي إِذًا لِقَلِيلٌ: مَنْ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي الطَّاعُونِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي الْبَطْنِ فهوَ شهيدٌ ". رَوَاهُ مُسلم

3811. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अपने में किसे शहीद शुमार करते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जो शख़्स अल्लाह की राह में क़त्ल कर दिया जाए वह शहीद है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तब तो मेरी उम्मत के शहीद मुख़्तसर हुए, जो शख़्स अल्लाह की राह में क़त्ल कर दिया जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स अल्लाह की राह में फौत हो जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स ताऊन के मर्ज़ में फौत हो जाए तो वह शहीद है और जो शख़्स पेट के मर्ज़ में फौत हो जाए तो वह शहीद है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (165 / 1915)، (4941)

٣٨١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ غَازِيَة أَو سَرِيَّة تغزو فتغتنم وَتَسْلَمُ إِلَّا

كَانُوا قَدْ تَعَجَّلُوا ثُلُثَيْ أُجُورِهِمْ وَمَا مِنْ غَازِيَةٍ أَوْ سَرِيَّةٍ تَخْفُقُ وَتُصَابُ إِلَّا تمّ أُجُورهم» . رَوَاهُ مُسلم

3812. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो जमाअत या लश्कर जिहाद करता है वह माले गनीमत और सलामती के साथ वापिस आता है तो उस ने अपने अज़र में से दो तिहाई हिस्से जल्द दुनिया में हासिल कर लिए और जो जमाअत या लश्कर (जिहाद में) ज़ख़्मी होता है और शहीद होता है तो वह मुकम्मल अज़र पाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (154 / 1906)، (4926)

٣٨١٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَاتَ وَلَمْ يَغْزُو وَلَمْ يُحَدِّثْ بِهِ نَفْسَهُ مَاتَ عَلَى شُعْبَةٍ نفاق» . رَوَاهُ مُسلم

3813. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इस हाल में फौत हो के उस ने न जिहाद किया और न उस का दिल में उस का ख़याल आया तो वह निफ़ाक़ की मौत मरा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (158 / 1910)، (4931)

٣٨١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: الرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِلْمَغْنَمِ وَالرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِلذِّكْرِ وَالرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِيُرَى مَكَانُهُ فَمَنْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ؟ قَالَ: «مَنْ قَاتَلَ لِتَكُونَ كَلِمَةُ اللَّهِ هِيَ الْعُلْيَا فَهُوَ فِي سَبِيلِ الله»

3814. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया: एक आदमी माल ए गनीमत की खातिर किताल करता है, दूसरा आदमी शोहरत की खातिर लड़ता है, कोई आदमी अपना मक़ाम व मर्तबा दीखाने की खातिर लड़ता है तो उन में से अल्लाह की राह में कौन (मकबूल) है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह के कलमे की सर बुलंदी के लिए लड़ता है वही अल्लाह की राह में है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2810) و مسلم (149 / 1904)، (4919)

٣٨١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجَعَ مِنْ غَزْوَةِ تَبُوكَ فَدَنَا مِنَ الْمَدِينَةِ فَقَالَ: «إِنَّ بِالْمَدِينَةِ أَقْوَامًا مَا سِرْتُمْ مَسِيرًا وَلَا قَطَعْتُمْ وَادِيًا إِلَّا كَانُوا مَعَكُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِلَّا شَرِكُوكُمْ فِي الْأَجْرِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَهُمْ بِالْمَدِينَةِ؟ قَالَ: «وهُم بالمدينةِ حَبسهم الْعذر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3815. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ गज़वा ए तबुक से वापिस तशरीफ़ लाए, जब मदीना के करीब पहुंचे तो फ़रमाया: “मदीना में से कुछ ऐसे लोग भी है, की तुम जहाँ भी गए और जिस वादी से गुज़रे तो वह तुम्हारे साथ ही थे”| एक दूसरी रिवायत में है: “वो अज़र में तुम्हारे साथ शरीक हैं”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया,

अल्लाह के रसूल! वह तो मदीना ही में थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(हाँ) वह मदीना ही में थे क्योंकि उज़्र ने उन्हें रोक रखा था”| (बुखारी)

رواه البخاری (4423)

٣٨١٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ مُسلم عَن جَابر

3816. इमाम मुस्लिम ने इसे जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (159 / 1911)، (4932)

٣٨١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاسْتَأْذَنَهُ فِي الْجِهَادِ فَقَالَ: «أَحَي والدك؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَفِيهِمَا فَجَاهِدْ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «فَارْجِعْ إِلَى وَالِدَيْكَ فَأَحْسِنْ صُحْبَتَهُمَا»

3817. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप से जिहाद में शरीक होने की इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तेरे वालिदेन जिंदा है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “इन दोनों (की खिदमत) में मुजाहिदा (इन्तेहाई कोशिश) कर”| एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने वालिदेन के पास चला जा और उन से अच्छी तरह सुलूक कर”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3004) و مسلم (5 / 2549)، (6504)

٣٨١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَوْمَ الْفَتْحِ: («اهجرة بَعْدَ الْفَتْحِ وَلَكِنْ جِهَادٌ وَنِيَّةٌ وَإِذَا اسْتُنْفِرْتُمْ فانفروا»

3818. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फतह मक्का के रोज़ फ़रमाया: “फतह (मक्के) के बाद कोई हिजरत नहीं लेकिन जिहाद और नियत (बाकी) है और जब तुम से (जिहाद में) निकलने के लिए कहा जाए तो निकलो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2873) و مسلم (445 / 1353)، (3302)

जिहाद का बयान كتاب الْجِهَاد

दूसरी फस्ल الْفَصْل الثَّانِي

٣٨١٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَزَالُ طَائِفَةٌ مِنْ أُمَّتِي يُقَاتِلُونَ عَلَى الْحَقِّ ظَاهِرِينَ عَلَى مَنْ نَاوَأَهُمْ حَتَّى يُقَاتِلَ آخِرُهُمُ الْمَسِيحَ الدَّجَّالَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3819. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत का एक गिरोह हमेशा हक़ पर लड़ता रहेगा, जो इन से दुश्मनी करेगा यह उस पर ग़ालिब रहेंगे, हत्ता के इन का आखरी शख़्स मसीह दज्जाल से किताल करेगा"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2484)

٣٨٢٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ لَمْ يَغْزُ وَلَمْ يُجَهِّزْ غَازِيًا أَوْ يَخْلُفْ غَازِيًا فِي أَهْلِهِ بِخَيْرٍ أَصَابَهُ اللَّهُ بِقَارِعَةٍ قَبْلَ يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3820. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स ने न जिहाद किया और न किसी मुजाहिद को तैयार किया न किसी मुजाहिद के घर में अच्छा जानशीन बना तो अल्लाह रोज़ ए क़यामत से पहले इसे किसी सख्त मुसीबत से दो चार करेगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2503)

٣٨٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «جَاهِدُوا الْمُشْرِكِينَ بِأَمْوَالِكُمْ وَأَنْفُسِكُمْ وَأَلْسِنَتِكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3821. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अपने अमवाल, अपनी जानो और अपनी ज़ुबानो के साथ मुशरिकीन से जिहाद करो"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2504) و النسائی (6 / 7 ح 3098) و الدارمی (2 / 213 ح 2436) * وله شاهد فی المختارة للضياء المقدسی (5 / 36 ح 1642)

٣٨٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْشُوا السَّلَامَ وَأَطْعِمُوا الطَّعَامَ وَاضْرِبُوا الْهَامَ تُوَرَّثُوا الْجِنَانَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غَرِيب

3822. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सलाम आम करो, खाना खिलाओ और काफिरों के सरदारों की गरदने उड़ाओ, तुम बहिश्तो के वारिस बना दिए जाओगे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1854) * فیه عثمان الحمصی : لیس بالقوی و لقوله :'' افشو السلام و اطعموا الطعام '' شواھد صحیحة فالحدیث صحیح دون قوله '' و اضربوا الھام ''

٣٨٢٣ - (صَحِيح) وَعَن فضَالَةَ بنِ عُبيدٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ مَيِّتٍ يُخْتَمُ عَلَى عَمَلِهِ إِلَّا الَّذِي مَاتَ مُرَابِطًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّهُ يُنَمَّى لَهُ عَمَلُهُ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَيَأْمَنُ فتْنَة الْقَبْر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3823. फ़ुज़ालह बिन उबैद रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में मोरचा बंद होने की हालत में वफात पाने वाले के सिवा हर मय्यत का अमल ख़तम कर दिया जाता है, मगर उस के अमल में क़यामत तक इज़ाफा होता रहता है और वह फितने कब्र से महफ़ूज़ रहता है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1621 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2500)

٣٨٢٤ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيّ عَن عقبَة بن عَامر

3824. और दारमी ने उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه الدارمی (2 / 211 ح 2430) [واحمد (4 / 150 ، 157) و الحاکم (2 / 144) و سنده حسن]

٣٨٢٥ - (صَحِيح) وَعَن معاذِ بن جبلٍ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قَاتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَوَاقَ نَاقَةٍ فَقَدْ وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ وَمَنْ جُرِحَ جُرْحًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ نُكِبَ نَكْبَةً فَإِنَّهَا تَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ كَأَغْزَرِ مَا كَانَتْ لَوْنُهَا الزَّعْفَرَانُ وَرِيحُهَا الْمِسْكُ وَمَنْ خَرَجَ بِهِ خُرَاجٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّ عَلَيْهِ طَابَعُ الشُّهَدَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3825. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने “वाक़ नाका” (ऊंटनी का दूध धोते वक़्त जब एक बार थन दबा कर छोड़ दिया जाता है और फिर दोबारा इसे दबाया जाता है तो इस दोबारा दबाने के दरमियानी वक्फे) के बराबर अल्लाह की राह में जिहाद किया तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो गई, और जिस शख़्स को अल्लाह की राह में जख्म लगा, या वह किसी हादसे का शिकार हुआ तो वह (ज़ख्म) जिस क़दर (दुनिया में) था उस से कहीं ज़्यादा हो कर रोज़ ए क़यामत आएगा, उस का रंग ज़ाफ़रान का सा होगा और उस की खुशबु कस्तूरी की होगी, और जिस शख़्स को अल्लाह की राह में कोई फोड़ा निकला तो उस पर शुहदा की मुहर व अलामत होगी”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1657 وقال : صحیح) و ابوداؤد (2541) و النسائی (6 / 25 ح 3135)

٣٨٢٦ - (صَحِيح) وَعَن خُرَيم بن فاتِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَنْفَقَ نَفَقَةً فِي سَبِيلِ اللَّهِ كُتب لَهُ بسبعمائةِ ضعف» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

3826. ख़ुरैम बिन फातिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में कुछ खर्च किया तो उस के लिए सातसो गुना तक लिख दिया जाता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1625 وقال : حسن) و النسائی (6 / 49 ح 3188)

٣٨٢٧ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الصَّدَقَاتِ ظِلُّ فُسْطَاطٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَمِنْحَةُ خَادِمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ طَرُوقَةُ فَحْلٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

3827. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में खैमा देना अल्लाह की राह में खादिम इनायत करना और अल्लाह की राह में अच्छी सवारी पेश करना सबसे अफज़ल सदका है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1627 وقال : حسن غريب صحيح)

٣٨٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَلِجُ النَّارَ مَنْ بَكَى مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ حَتَّى يَعُودَ اللَّبَنُ فِي الضَّرْعِ وَلَا يَجْتَمِعَ عَلَى عَبْدٍ غُبَارٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَدُخَانُ جَهَنَّم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَزَادَ النَّسَائِيُّ فِي أُخْرَى: «فِي مَنْخِرَيْ مُسْلِمٍ أَبَدًا» وَفِي أُخْرَى: «فِي جَوْفِ عَبْدٍ أَبَدًا وَلَا يَجْتَمِعُ الشُّحُّ وَالْإِيمَانُ فِي قَلْبِ عَبْدٍ أَبَدًا»

3828. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह के डर से रोए वह जहन्नम में नहीं जाएगा हत्ता के दूध थन में वापिस चला जाए, किसी बन्दे पर अल्लाह की राह में पड़ने वाला गुबार और जहन्नम का धुवा इकठ्ठे नहीं होंगे”| इमाम निसाई ने दूसरी रिवायत में यह इज़ाफा नकल किया है: “मुसलमान के नथुने में कभी भी जमा नहीं हो सकते”| और इन्ही की दूसरी रिवायत में है: “बन्दे के पेट में कभी भी जमा नहीं हो सकते और बन्दे का दिल में बुखल और ईमान कभी इकठ्ठे नहीं हो सकते”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1633 وقال : حسن صحيح) و النسائی (6 / 14 ح 3115 و الرواية الثانية 6 / 13 ح 3113)

٣٨٢٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَيْنَانِ لَا تَمَسُّهُمَا النَّارُ: عَيْنٌ بَكَتْ مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ وَعَيْنٌ بَاتَتْ تَحْرُسُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

3829. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो आँखे है जिन्हें जहन्नम की आग नहीं छुएगी, एक वह आँख जो अल्लाह के डर से रोई और दूसरी वह आँख जो रात के वक़्त अल्लाह की राह में पहरा देती है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1639 وقال : حسن غريب)

٣٨٣٠ - (حسن) وَعَن أبي هريرةَ قَالَ: مَرَّ رَجُلٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِشِعْبٍ فِيهِ عُيَيْنَةٌ مِنْ مَاءٍ عَذْبَةٌ فَأَعْجَبَتْهُ فَقَالَ: لَوِ اعْتَزَلْتُ النَّاسَ فَأَقَمْتُ فِي هَذَا [ص:١١٢ الشِّعْبِ فَذَكَرَ ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَا تَفْعَلْ فَإِنَّ مَقَامَ أَحَدِكُمْ فِي سَبِيلِ الله أفضل من صلَاته سَبْعِينَ عَامًا أَلَا تُحِبُّونَ أَنْ يَغْفِرَ اللَّهُ لَكُمْ وَيُدْخِلَكُمُ الْجَنَّةَ؟ اغْزُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَنْ قَاتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَوَاقَ نَاقَةٍ وَجَبت لَهُ الْجنَّة» . رَوَاهُ التِّرمِذِيّ

3830. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा में से एक आदमी एक घाटी के पास से गुज़रा जिस में मीठे पानी का एक छोटा सा चश्मा (झरना) था, इसे यह भला महसूस हुआ तो उन्होंने कहा: अगर में लोगो से अलग थलक हो जाऊं तो मैं इस घाटी में रिहाइश इख़्तियार कर लू, रसूलुल्लाह ﷺ से इस का ज़िक्र किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसी ख्वाहिश मत करो, क्योंकि तुम में से किसी का अल्लाह की राह में ठहरना उस का अपने घर में सत्तर साल नमाज़ पढ़ने से बेहतर है, क्या तुम पसंद नहीं करते के अल्लाह तुम्हें मुआफ़ फरमादे और तुम्हें जन्नत में दाखिल फरमादे, अल्लाह की राह में जिहाद करो, जिस शख़्स ने “फवाक़ नाका” (थन से दो दफा दूध निकालने के दरमियानी वक्फे) जितना अल्लाह की राह में किताल किया तो उस पर जन्नत वाजिब हो गई”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1650 وقال : حسن)

٣٨٣١ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «رِبَاطُ يَوْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنْ أَلْفِ يَوْمٍ فِيمَا سِوَاهُ مِنَ الْمَنَازِلِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

3831. उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में एक दिन निगेहबानी करना हज़ार दीन की इबादत से बेहतर है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1667 وقال : حسن غريب) و النسائى (6 / 39 40 ح 3171)

٣٨٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " عَرَضَ عَلَيَّ أَوَّلُ ثَلَاثَةٍ يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ: شَهِيدٌ وَعَفِيفٌ مُتَعَفِّفٌ وَعَبَدٌ أَحْسَنَ عبادةَ اللَّهِ ونصح لمواليه ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3832. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सबसे पहले जन्नत में दाखिल होने वाले तीन शख़्स मुझ पर पेश किए गए: शहीद, अफत व अस्मत वाला जो सवाल करने से बचता है और वह गुलाम जिस ने अल्लाह की इबादत अच्छे अंदाज़ में की और अपने मालिको से भी खैरख्वाही की”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1642 وقال : حسن)

٣٨٣٣ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الله بنِ حُبَشِيٍّ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ أَيُّ الْأَعْمَالِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «طُولُ الْقِيَامِ» قِيلَ: فَأَيُّ الصَّدَقَةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «جُهْدُ الْمُقِلِّ» قِيلَ: فَأَيُّ الْهِجْرَةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «مَنْ هَجَرَ مَا حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِ» قِيلَ: فَأَيُّ الْجِهَادِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «مَنْ جَاهَدَ الْمُشْرِكِينَ بِمَالِهِ وَنَفْسِهِ» . قِيلَ: فَأَيُّ الْقَتْلِ أَشْرَفُ؟ قَالَ: «مَنْ أُهْرِيقَ دَمُهُ وَعُقِرَ جَوَادُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَفِي رِوَايَةٍ

للنسائي: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم سُئِلَ: أيُّ الأعمالِ أفضلُ؟ قَالَ: «إِيمانٌ لَا شكَّ فِيهِ وَجِهَادٌ لَا غُلُولَ فِيهِ وَحَجَّةٌ مَبْرُورَةٌ» . قِيلَ: فَأَيُّ الصَّلَاةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «طُولُ الْقُنُوتِ» . ثمَّ اتفقَا فِي الْبَاقِي

3833. अब्दुल्लाह बिन हुब्शीय्यी रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की नबी ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौन सा अमल अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तवील कयाम”, फिर पूछा: गया कौन सा सदका अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जो कम माल वाला बकदर गुंजाईश अपने ताकत के मुवाफिक सदका करे”, अर्ज़ किया गया, कौन सी हिजरत अफज़ल है ? फ़रमाया: “जिस ने अल्लाह की हराम करदा चीज़ को छोड़ दिया”, पूछा गया कौन सा जिहाद अफज़ल है ? फ़रमाया: “जिस ने अपने माल और अपने जान से मुशरिकीन के साथ जिहाद किया”, अर्ज़ किया गया, कौन सा क़त्ल ज़्यादा बाईसे खुश किस्मती है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस का खून बहा दिया जाए और उस के घोड़े की कोंची काट दिया जाए”| और निसाई की रिवायत में है की नबी ﷺ से दरियाफ्त किया गया के कौन से आमाल सबसे अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो ईमान जिस में कोई शक न हो, वह जिहाद जिस में कोई खयानत न हो और हज ए मकबूल”, फिर अर्ज़ किया गया, कौन सी नमाज़ अफज़ल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस में लम्बा कयाम हो”| फिर उस के बाद वाली रिवायत पर दोनों (इमाम अबू दावुद और इमाम निसाई) का इत्तेफाक है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1449) و النسائی (5 / 58 ح 2527 و سنده حسن)

٣٨٣٤ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِقْدَامِ بْنِ مَعْدِي كَرِبَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِلشَّهِيدِ عِنْدَ اللَّهِ سِتُّ خِصَالٍ: يُغْفَرُ لَهُ فِي أَوَّلِ دفعةٍ وَيَرَى مَقْعَدَهُ مِنَ الْجَنَّةِ وَيُجَارُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ وَيَأْمَنُ مِنَ الْفَزَعِ الْأَكْبَرِ وَيُوضَعُ عَلَى رَأْسِهِ تَاجُ الْوَقَارِ الْيَاقُوتَةُ مِنْهَا خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا ويزوَّجُ ثنتينِ وَسَبْعِينَ زَوْجَةً مِنَ الْحُورِ الْعِينِ وَيُشَفَّعُ فِي سَبْعِينَ مِنْ أَقْرِبَائِهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

3834. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद के लिए अल्लाह के यहाँ छे इनामात है: इसे पहले कतरे खून गिरने पर बख्श दिया जाता है, उस का जन्नत में ठिकाना इसे दिखा दिया जाता है, इसे अज़ाब ए कब्र से बचा लिया जाता है, वह (क़यामत की) बड़ी घबराहट से महफ़ूज़ रहेगा, उस के सर पर वक़ार (गरिमा) का ताज रख दीया जाएगा, उस का एक याकुत दुनिया और उस में जो कुछ है उस से बेहतर है, बेहतर (72) हूरो से उस की शादी कराइ जाएगी और उस के सत्तर रिश्तेदारों के बारे में उस की सिफारिश कबूल की जाएगी”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1663 وقال : صحیح غریب) و ابن ماجه (2799)

٣٨٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَقِيَ اللَّهَ بِغَيْرِ أَثَرٍ مِنْ جِهَادٍ لَقِيَ اللَّهَ وَفِيهِ ثُلْمَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3835. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जिहाद के असरात के बगैर अल्लाह से मुलाकात करेगा तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के (इस शख़्स के दीन) में नुक्स व खलल होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1666 وقال : غریب) و ابن ماجه (2763) * فیه اسماعیل بن رافع : ضعیف الحفظ

٣٨٣٦ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الشَّهِيدُ لَا يَجِدُ أَلَمَ الْقَتْلِ إِلَّا كَمَا يَجِدُ أَحَدُكُمْ أَلَمَ الْقَرْصَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3836. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद क़त्ल होने की इतनी भी तकलीफ महसूस नहीं करता जितनी तुम में से कोई चींटी के काटने की तकलीफ महसूस करता है”| तिरमिज़ी, निसाई, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1668) و النسائی (6 / 36 ح 3163) و الدارمی (2 / 205 ح 2413) * محمد بن عجلان مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٣٨٣٧ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَيْسَ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَى اللَّهِ مِنْ قَطْرَتَيْنِ وَأَثَرَيْنِ: قَطْرَةِ دُمُوعٍ مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ وَقَطْرَةِ دَمٍ يُهْرَاقُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَمَّا الْأَثَرَانِ: فَأَثَرٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَثَرٌ فِي فَرِيضَةٍ مِنْ فَرَائِضِ اللَّهِ تَعَالَى ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3837. अबू उमामा (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह को दो कतरों और दो निशानों से ज़्यादा कोई चीज़ पसंद नहीं, अल्लाह के डर से गिरने वाला आंसू और अल्लाह की राह में बहाया जाने वाला खून का कतरा, और दो निशानों से मकसूद एक निशान वह है जो अल्लाह की राह में ज़ख्म या चोट वगैरा से आए और दूसरा निशान अल्लाह के किसी फ़रीज़े की अदाइगी की सूरत में रवानुमा होने वाला है (मसलन सजदाह वगैरा के निशान)”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1669)

٣٨٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَرْكَبِ الْبَحْرَ إِلَّا حَاجًّا أَوْ مُعْتَمِرًا أَوْ غَازِيًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّ تَحْتَ الْبَحْرِ نَارًا وَتَحْتَ النَّارِ بَحْرًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3838. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हज करने या उमरह करने या अल्लाह की राह में जिहाद करने के अलावा समुन्दर का सफ़र न करो, क्योंकि समुन्दर के निचे आग है और आग के निचे समुन्दर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2489) * فيه بشير بن مسلم : مجهول و الحديث ضعفه البخاری وغيره

٣٨٣٩ - (حسن) وَعَن أم حرَام عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمَائِدُ فِي الْبَحْرِ الَّذِي يُصِيبُهُ الْقَيْءُ لَهُ أَجْرُ شَهِيدٍ وَالْغَرِيقُ لَهُ أَجْرُ شَهِيدَيْنِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3839. उम्म हराम रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “समुन्दर (के सफ़र) में चकराने

वाले शख़्स को कै आजाए तो उस के लिए एक शहीद का अज़र है, और जो शख़्स डूब जाए तो उस के लिए दो शहीद का अज़र है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2493)

٣٨٤٠ - (ضَعِيف) وَعَن أبي مالكٍ الأشعريّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ فَصَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَمَاتَ أَوْ قُتِلَ أَوْ وَقَصَهُ فَرَسُهُ أَوْ بَعِيرُهُ أَوْ لَدَغَتْهُ هَامَّةٌ أَو مَاتَ فِي فِرَاشِهِ بِأَيِّ حَتْفٍ شَاءَ اللَّهُ فَإِنَّهُ شَهِيدٌ وَإِن لَهُ الْجنَّة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3840. अबू मालिक अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स अल्लाह की राह में निकले और वह फौत हो जाए या इसे क़त्ल कर दिया जाए या उस का घोड़ा या उस का ऊंट इसे गिरा दे या कोई ज़हरीली चीज़ इसे दस ले या वह अपने बिस्तर पर किसी किस्म की मौत से अल्लाह की मशियत से फौत हो जाए तो वह शहीद है और उस के लिए जन्नत है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2499) [و صححه الحاكم على شرط مسلم (2 / 78 79) فرده الذهبى] * بقية صرح بالسماع و قال الذهبى : و عبد الرحمن بن غنم لم يدركه مكحول فيما اظن ، (تلخيص المستدرک 2 / 78 79)

٣٨٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «قَفْلَةٌ كغزوة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3841. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(जिहाद से) वापिस आना जिहाद की तरह है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2487)

٣٨٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِلْغَازِي أَجْرُهُ وَلِلْجَاعِلِ أَجْرُهُ وَأَجْرُ الْغَازِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3842. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिहाद करने वाले के लिए उस का अज़र है और जिहाद पर तैयार करने वाले के लिए तय्यारी का अज़र भी है और जिहाद करने का अज़र भी है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2526)

٣٨٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي أَيُّوب سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَتُفْتَحُ عَلَيْكُمُ الْأَمْصَارُ وَسَتَكُونُ جُنُودٌ مُجَنَّدَةٌ يُقْطَعُ عَلَيْكُمْ فِيهَا بُعُوثٌ فَيَكْرَهُ الرَّجُلُ الْبَعْثَ فَيَتَخَلَّصُ مَنْ قَوْمِهِ ثُمَّ يَتَصَفَّحُ الْقَبَائِلَ يَعْرِضُ نَفْسَهُ عَلَيْهِمْ مَنْ أَكْفِيهِ بَعْثَ كَذَا أَلَا وَذَلِكَ الْأَجِيرُ إِلَى آخِرِ قَطْرَةٍ مِنْ دَمِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3843. अबू अय्यूब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तुम पर इलाके फतह किए जाएँगे और फ़ौजी मजतमअ (जटिल) होगी उस में से चंद दस्ते तश्कील दिए जाएँगे, एक शख़्स (बिला उजरत) जाना पसंद नहीं करेगा और वह अपनी कौम से अलग हो जाएगा, फिर वह ऐसे क़बीलो को तलाश करेगा जिन के सामने वह अपनी खिदमात पेश करेगा और कहेगा के कौन है के शख़्स जिस की जगह में लश्कर में शिरकत करू, सुन लो! ऐसा शख़्स अपने खून के आखरी कतरे तक अजिर है (वोह सवाब से महरूम रहेगा)”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2525) * فيه ابو سورة ابن اخى ابى ايوب : ضعيف

٣٨٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن يَعْلى بن أُميَّةَ قَالَ: أَذِنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بالغزو وأَن شَيْخٌ كَبِيرٌ لَيْسَ لِي خَادِمٌ فَالْتَمَسْتُ أَجِيرًا يَكْفِينِي فَوَجَدْتُ رَجُلًا سَمَّيْتُ لَهُ ثَلَاثَةَ دَنَانِيرَ فَلَمَّا حَضَرَتْ غَنِيمَةٌ أَرَدْتُ أَنْ أُجْرِيَ لَهُ سَهْمَهُ فَجِئْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرْتُ لَهُ فَقَالَ: «مَا أَجِدُ لَهُ فِي غَزْوَتِهِ هَذِهِ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ إِلَّا دَنَانِيرَهُ الَّتِي تسمى» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3844. यअली बिन उमय्य बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा का एलान फ़रमाया तो मैं इस वक़्त बुढ़ा शख़्स था, मेरे पास कोई खादिम भी नहीं था,मैंने अपनी तरफ से किफ़ायत करने के लिए एक अजिर तलाश किया चुनांचे मुझे एक आदमी मिल गया, मैंने उस के लिए तीन दीनार तेअ किए, जब माले गनीमत आया तो मैंने इसे उस का हिस्सा देने का इरादा किया, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और आप से यह बयान किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं इस गज़वा में उस के लिए उन तीन मकरुर दीनार के अलावा दुनिया व आखिरत में कुछ और नहीं पाता”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2527)

٣٨٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رسولَ الله رجلٌ يُرِيدُ الْجِهَادَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَهُوَ يَبْتَغِي عَرَضاً من عرَضِ الدُّنْيَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أجر لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3845. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! एक आदमी अल्लाह की राह में जिहाद करना चाहता है जबकि वह दुनिया का माल व मताअ चाहता है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस के लिए कोई अज़र नहीं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2516)

٣٨٤٦ - (حسن) وَعَنْ مُعَاذٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْغَزْوُ غَزْوَانِ فَأَمَّا مَنِ ابْتَغَى وَجْهَ اللَّهِ وَأَطَاعَ الْإِمَامَ وَأَنْفَقَ الْكَرِيمَةَ وَيَاسَرَ الشَّرِيكَ واجتنبَ الْفساد فَإِن نَومه ونهبه أَجْرٌ كُلُّهُ. وَأَمَّا مَنْ غَزَا فَخْرًا وَرِيَاءً وَسُمْعَةً وَعَصَى الْإِمَامَ وَأَفْسَدَ فِي الْأَرْضِ فَإِنَّهُ لَمْ يَرْجِعْ بِالْكَفَافِ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3846. मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिहाद दो किस्म का है, रहा वह शख़्स जिस ने अल्लाह की रज़ा हासिल करने के लिए जिहाद किया, इमाम व अमीर की इताअत की, इन्तिहाई कीमती माल खर्च

किया, अपने साथी को आसानी व सहूलत फराहम की और फसाद से बचा तो ऐसे शख़्स का सोना और जागना सब बाईस ए अज़र है, दूसरा वह शख़्स जिस ने फख्र व रिया निज़ शोहरत की खातिर जिहाद किया, इमाम व अमीर की नाफ़रमानी की और ज़मीन में फसाद पैदा किया तो वह सवाब के साथ वापिस नहीं आता”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (2 / 466 ح 1030 وھو موقوف / حسن) و ابوداؤد (2515 و سنده صحيح) و النسائی (6 / 49 50 ح 3190 4200)

٣٨٤٧ - (ضَعِيف) وَعَن عبد الله بن عَمْرو أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَخْبِرْنِي عَنِ الْجِهَادِ فَقَالَ: «يَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عَمْرٍو إِنْ قَاتَلْتَ صَابِرًا مُحْتَسِبًا بَعَثَكَ اللَّهُ صَابِرًا مُحْتَسِبًا وَإِنْ قَاتَلْتَ مُرَائِيًا مُكَاثِرًا بَعَثَكَ اللَّهُ مُرَائِيًا مُكَاثِرًا يَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عَمْرٍو عَلَى أَيِّ حَالٍ قَاتَلْتَ أَوْ قُتِلْتَ بَعَثَكَ اللَّهُ عَلَى تِلْكَ الْحَالِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3847. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे जिहाद के बारे में बताइए ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्दुल्लाह बिन अमर! अगर तुमने साबित कदमी और सवाब की उम्मीद रखने वाले की नियत से जिहाद किया तो अल्लाह तुम्हें इसी नियत के मुताबिक साबिर व मुहतसिब के तौर पर उठाएगा, और अगर तुमने दिखलाने के लिए और तकासर व तफाखर के तौर पर जिहाद किया तो अल्लाह तुम्हें रियाकार और फख्र करने वाला बना कर उठाएगा, अब्दुल्लाह बिन अमर! तुमने जिस भी हालत पर किताल किया या तो क़त्ल कर दिया गया तो अल्लाह तुम्हें इसी हालत पर उठाएगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2519) [و صححه الحاکم (2 / 85 86) و وافقه الذھبی]

٣٨٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عقبَة بن مَالك عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أعجزتم إِذا بعثت رجلا فَم يَمْضِ لِأَمْرِي أَنْ تَجْعَلُوا مَكَانَهُ مَنْ يَمْضِي لِأَمْرِي؟» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ فَضَالَةَ: «وَالْمُجَاهِدُ مَنْ جَاهَدَ نَفْسَهُ» . فِي «كِتَابِ الْإِيمَانِ»

3848. उक्बा बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम उस की कुदरत नहीं रखते की जब में किसी आदमी को (अमिर बना कर) भेजू और वह मेरे हुक्म की मुखालिफत करे तो तुम उस की जगह किसी ऐसे आदमी को (अमिर) बना लो जो मेरे हुक्म की तामिल करे”| # और फ़ज़ालह से मरवी हदीस: मुजाहिद वह है जिस ने अपनी नफ्स से जिहाद किया | किताबुल ईमान में ज़िक्र की गई है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2537) * حديث فضالة : و المجاھد من جاھد بنفسه (تقدم : 34)

जिहाद का बयान • كتاب الْجِهَاد

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٨٤٩ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي أمامة قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَرِيَّةٍ فَمَرَّ رَجُلٌ بِغَارٍ فِيهِ شَيْءٌ مِنْ مَاءٍ وَبَقْلٍ فَحَدَّثَ نَفْسَهُ بِأَنْ يُقِيمَ فِيهِ وَيَتَخَلَّى مِنَ الدُّنْيَا فَاسْتَأْذَنَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذَلِكَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَمْ أُبْعَثْ بِالْيَهُودِيَّةِ وَلَا بِالنَّصْرَانِيَّةِ وَلَكِنِّي بُعِثْتُ بِالْحَنِيفِيَّةِ السَّمْحَةِ وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَغَدْوَةٌ أَوْ رَوْحَةٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا وَلَمَقَامُ أَحَدِكُمْ فِي الصَّفِّ خَيْرٌ مِنْ صَلَاتِهِ سِتِّينَ سَنَةً» . رَوَاهُ أَحْمد

3849. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक लश्कर मैं रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में रवाना हुए तो एक आदमी एक ग़ार के पास से गुज़रा जिस में थोड़ा पानी और सब्ज़ी थी, उस ने अपने दिल में सोचा के वह दुनिया से अलग थलग हो कर इसी जगह कयाम पज़ीर हो जाए, उस ने इस बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त तलब की तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे यहूदियत के लिए मबउस नहीं किया गया है और न नासरानियत के लिए भेजा गया है बल्कि मुझे तो दिने तोहिद जो के आसान दीन है दे कर भेजा गया है, उस ज़ात की क़सम! जिस के हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है, अल्लाह की राह में सुबह या शाम लगाना दुनिया और जो कुछ इस में है उस से बेहतर है और तुम में से किसी का (जिहाद की) सफ में कयाम उस की साठ साल की नमाज़ से बेहतर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه احمد (5 / 366 ح 22647) * فیه معان بن رفاعة (ضعیف) عن علی بن یزید (ضعیف جدًا) عن القاسم عن ابی امامة به الخ

٣٨٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ غَزَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَلَمْ يَنْوِ إِلَّا عِقَالًا فَلَهُ مَا نَوَى» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3850. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने (ऊंट का घुटना बांधने वाली) रस्सी हासिल करने की नियत से अल्लाह की राह में जिहाद किया तो उसे अपने नियत के मुताबिक अज़र मिलेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (6 / 24 ح 3140) [و صححه ابن حبان (1605) و الحاکم (2 / 109) و وافقه الذهبی]

٣٨٥١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «من رَضِي بِاللَّه رَبًّا وَبِالْإِسْلَام دِينًا وَبِمُحَمَّدٍ رَسُولًا وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ» . فَعَجِبَ لَهَا أَبُو سَعِيدٍ فَقَالَ: أَعِدْهَا عَلَيَّ يَا رَسُول اللَّهِ فَأَعَادَهَا عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «وَأُخْرَى يَرْفَعُ اللَّهُ بِهَا [ص:١١٣] الْعَبْدَ مِائَةَ دَرَجَةٍ فِي الْجَنَّةِ مَا بَيْنَ كُلِّ دَرَجَتَيْنِ كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . قَالَ: وَمَا هِيَ يَا رَسُولَ الله؟ قَالَ: «الْجِهَاد فِي سَبِيل الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ الله» . رَوَاهُ مُسلم

3851. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह के रब होने,

इस्लाम के दीन होने और मुहम्मद ﷺ के रसूल होने पर राज़ी हो गया तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो गई”| अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु ने उन कलिमात पर ताज्जुब करते हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह कलिमात मुझे दोबारा सुनाइए, आप ﷺ ने यह कलिमात उन्हें दोबारा सुनाए, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक और चीज़ है जिस की वजह से अल्लाह बन्दे को जन्नत में सौ दरजे बुलंद फरमा देंता है, हर दो दरजो के दरमियान इस क़दर फासला है जैसे ज़मीन व आसमान के दरमियान फासला है”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में जिहाद करना, अल्लाह की राह में जिहाद करना, अल्लाह की राह में जिहाद करना”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (116 / 1884)، (4879)

٣٨٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَبْوَابَ الْجَنَّةِ تَحْتَ ظِلَالِ السُّيُوفِ» فَقَامَ رَجُلٌ رَثُّ الْهَيْئَةِ فَقَالَ: يَا أَبَا مُوسَى أَنْتَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ هَذَا؟ قَالَ: نَعَمْ فَرَجَعَ إِلَى أَصْحَابِهِ فَقَالَ: أَقْرَأُ عَلَيْكُمُ السَّلَامَ ثُمَّ كَسَرَ جَفْنَ سَيْفِهِ فَأَلْقَاهُ ثُمَّ مَشَى بِسَيْفِهِ إِلَى الْعَدُوِّ فَضَرَبَ بِهِ حَتَّى قُتِلَ. رَوَاهُ مُسلم

3852. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत के दरवाज़े तलवारों के साए तले है”, (ये सुन कर) एक फ़क़ीरुलहाल शख़्स खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अबू मूसा! क्या तुम ने रसूलुल्लाह ﷺ को यह फरमाते हुए सुना है ? उन्होंने कहा: हाँ, वह शख़्स अपने साथियो की तरफ पलटा और कहा: मेरा तुम्हें सलाम पहुंचे, फिर उस ने अपने तलवार की मियान तोड़ कर फेंक दिया और अपने तलवार ले कर दुश्मन की तरफ बढ़ा और वह उस के साथ किताल करते करते शहीद हो गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (146 / 1902)، (4916)

٣٨٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ لِأَصْحَابِهِ: " إِنَّهُ لَمَّا أُصِيبَ إِخْوَانُكُمْ يَوْمَ أُحُدٍ جَعَلَ اللَّهُ أَرْوَاحَهُمْ فِي جَوْفِ طَيْرٍ خُضْرٍ تَرِدُ أَنْهَارَ الْجَنَّةِ تَأْكُلُ مِنْ ثِمَارِهَا وَتَأْوِي إِلَى قَنَادِيلَ مِنْ ذَهَبٍ مُعَلَّقَةٍ فِي ظلِّ العرْشِ فلمَّا وجَدوا طِيبَ مأكَلِهِم ومشرَبِهِمْ ومَقِيلِهِم قَالُوا: مَنْ يُبلِّغُ إِخْوانَنا عنَا أَنَّنا أَحْيَاءٌ فِي الْجَنَّةِ لِئَلَّا يَزْهَدُوا فِي الْجَنَّةِ وَلَا يَنكُلوا عندَ الحربِ فَقَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَنا أبلغكم عَنْكُمْ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا بَلْ أَحْيَاءٌ)»» إِلَى أخر الْآيَات)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3853. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “जब गज़वा ए उहद में तुम्हारे भाई शहीद कर दिए गए तो अल्लाह तआला ने उनकी रूहें सब्ज़ परिंदों के पेट में दाखिल कर दी, वह जन्नत की नहरों पर आते है, जन्नत के मेवे खाते है और अर्श के साए में मुअल्लक सोने की किन्दिलो (lamps) में बसेरा करते हैं, चुनांचे जब वह बेहतरीन खाना पीना और आराम गाह पाते है तो वह कहते हैं, हमारे मुत्तल्लिक हमारे भाइयो को कौन बताए के हम जन्नत में जिंदा है ताकि वह भी जन्नत की रगबत रखे और लड़ाई (जिहाद) के वक़्त सुस्ती न करे, अल्लाह तआला ने कहा में तुम्हारी बात उन तक पहुंचाउंगा चुनांचे अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “अल्लाह की राह में क़त्ल हो जाने वालो को मुर्दा मत गुमान करो बल्के वह जिंदा है”, आख़िर आयत तक| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2520) [و صححه الحاكم على شرط مسلم (2 / 588 ، 297) و وافقه الذهبى] * ابن اسحاق صرح بالسماع و للحديث شواهد

٣٨٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " الْمُؤْمِنُونَ فِي الدُّنْيَا عَلَى ثَلَاثَةِ أَجْزَاءٍ: الَّذِينَ آمَنُوا بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ ثُمَّ لَمْ يَرْتَابُوا وَجَاهَدُوا بِأَمْوَالِهِمْ [ص:١١٣ وَأَنْفُسِهِمْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِي يأمنه النَّاس على النَّاسُ عَلَى أَمْوَالِهِمْ وَأَنْفُسِهِمْ ثُمَّ الَّذِي إِذَا أَشْرَفَ عَلَى طَمَعٍ تَرَكَهُ لِلَّهِ عَزَّ وَجَلَّ ". رَوَاهُ أَحْمد

3854. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दुनिया में मोमिनो की तीन किस्म हैं: वह लोग जो अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान लाए, फिर उन्होंने शक न किया और उन्होंने अपने जानो और अपने मालो के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, (दूसरा) वह शख़्स जिस से लोगो का जान व माल महफ़ूज़ हो, तीसरा वह शख़्स जब इसे ताअम का ख़याल आता है तो वह इसे अल्लाह अज्ज़वजल की खातिर तर्क कर देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 8 ح 11065) * فيه اشدين بن سعد المصرى ضعيف

٣٨٥٥ - (حسن) وَعَن عبدِ الرَّحمنِ بن أبي عَميرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ نَفْسٍ مُسْلِمَةٍ يَقْبِضُهَا رَبُّهَا تُحِبُّ أَنْ تَرْجِعَ إِلَيْكُمْ وَأَنَّ لَهَا الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا غير الشَّهِيد» قَالَ ابْن عَميرَة: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ أُقْتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ يَكُونَ لِي أَهْلُ الْوَبَرِ وَالْمَدَرِ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3855. अब्दुल रहमान बिन अबी उमैर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद के सिवा कोई ऐसा मुसलमान नहीं जिस रूह उस का रब कब्ज़ कर ले और वह तुम्हारी तरफ लौटने को पसंद करे और चाहे के दुनिया और जो कुछ इस में है वह उस के लिए हो”| इब्ने अबी उमैर रदी अल्लाहु अन्हु ने बयान किया रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे अल्लाह की राह में शहीद हो जाना दुनिया और जो कुछ इस में है इस के मिल जाने से ज़्यादा महबूब है”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (6 / 33 ح 3155)

٣٨٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَسْنَاءَ بِنْتِ مُعَاوِيَةَ قَالَتْ: حَدَّثَنَا عَمِّي قَالَ: قَلْتُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَنْ فِي الْجَنَّةِ؟ قَالَ: «النَّبِيُّ فِي الْجَنَّةِ وَالشَّهِيدُ فِي الْجَنَّةِ وَالْمَوْلُودُ فِي الْجَنَّةِ وَالْوَئِيدُ فِي الْجنَّة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3856. हसनाअ बिन्ते मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मेरे चचा ने हमें हदीस बयान की वह कहते हैं की मैंने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, जन्नती कौन है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नबी जन्नती है, शहीद जन्नती है, छोटे बच्चे जन्नती है और जिंदा दरगोर किए गए जन्नती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2521) * حسناء مجهولة الحال و للحديث شواهد ضعيفة و فى الباب حديث يخالفه (انظر سنن ابى داود : 4717) كان بعض المؤدات فى الجنة و بعض فى النار ، والله اعلم

٣٨٥٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَلِيٍّ وَأَبِي الدَّرْدَاءِ وَأَبِي هُرَيْرَةَ وَأَبِي أُمَامَةَ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ عَمْرٍو وَجَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ وَعِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَجْمَعِينَ كُلُّهُمْ يُحَدِّثُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «مَنْ أَرْسَلَ نَفَقَةً فِي سبيلِ الله وأقامَ

فِي بيتِه فله بكلِّ دِرْهَمٍ سَبْعُمِائَةِ دِرْهَمٍ وَمَنْ غَزَا بِنَفْسِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَنْفَقَ فِي وَجْهِهِ ذَلِكَ فَلَهُ بِكُلِّ دِرْهَمٍ سَبْعُمِائَةِ أَلْفِ دِرْهَمٍ» . ثُمَّ تَلَا هذهِ الآيَةَ: (واللَّهُ يُضاعفُ لمنْ يشاءُ)»» رَوَاهُ ابنُ مَاجَه

3857. अली, अबू दरदा, अबू हुरैरा, अबू उमामा, अब्दुल्लाह बिन उमर, अब्दुल्लाह बिन अमर, जाबिर बिन अब्दुल्लाह और इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हुम सब रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में खर्चा भेजा और वह खुद अपने घर में रहा तो उस के लिए हर दिरहम के बदले में सातसो दिरहम का अज़र है| और जिस ने बज़ाते खुद जिहाद में शिरकत की और अल्लाह तआला की रज़ा के लिए खर्च किया तो उस के लिए हर दिरहम के बदले में सात लाख दिरहम का अज़र है”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “अल्लाह जिस के लिए चाहता है बढ़ा देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2761) * قال البوصيرى :'' هذا اسناده ضعيف ، الخليل بن عبدالله : لا يعرف '' و فيه علة أخرى

٣٨٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن فَضالةَ بنِ عُبيد قَالَ: سمِعْتُ عمَرَ بن الْخطاب يَقُولُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " الشُّهَدَاءُ أَرْبَعَةٌ: رَجُلٌ مُؤْمِنٌ جَيِّدُ الْإِيمَانِ لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَلِكَ الَّذِي يَرْفَعُ النَّاسُ إِلَيْهِ أَعْيُنَهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ [ص:١١٣ هَكَذَا " وَرَفَعَ رَأْسَهُ حَتَّى سَقَطَتْ قَلَنْسُوَتُهُ فَمَا أَدْرِي أَقَلَنْسُوَةَ عُمَرَ أَرَادَ أَمْ قَلَنْسُوَةَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: «وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ جَيِّدُ الْإِيمَانِ لَقِيَ الْعَدُوَّ كَأَنَّمَا ضَرَبَ جِلْدَهُ بِشَوْكِ طَلْحٍ مِنَ الْجُبْنِ أَتَاهُ سَهْمٌ غَرْبٌ فَقَتَلَهُ فَهُوَ فِي الدَّرَجَةِ الثَّانِيَةِ وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ خَلَطَ عَمَلًا صَالِحًا وَآخَرَ سَيِّئًا لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَلِكَ فِي الدَّرَجَةِ الثَّالِثَةِ وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ أَسْرَفَ عَلَى نَفْسِهِ لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَاكَ فِي الدَّرَجَةِ الرَّابِعَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3858. फ़ुज़ालह बिन उबैद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना वह कहते हैं की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “शुहदा की चार किस्मे है एक वह मोमिन जो कामिल(सर्वोत्तम) ईमान वाला जिस ने दुश्मन से मुलाकात की तो उस ने अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दिखाया हत्ता के वह शहीद कर दिया, गया चुनांचे यही वह शख़्स है जिस की तरफ लोग रोज़ ए क़यामत इस तरह अपने आँखे उठा कर देखेंगे”, और उन्होंने अपना सर उठाया हत्ता के उनकी टोपी गिर पड़ी, रावी बयान करते हैं, मुझे मालुम नहीं के उन्होंने उमर रदी अल्लाहु अन्हु की टोपी मुराद ली या नबी ﷺ की टोपी फ़रमाया: “(दूसरा) मोमिन आदमी कामिल(सर्वोत्तम) ईमान वाला वह है, जो दुश्मन से मुलाकात करता है लेकिन बुज़दिली की वजह से उस की जल्द में तल्ह (कांटे दार बड़ा दरख्त जिस के फुल खुशबु दार होते हैं) के कांटे चुभोए रहे हैं, फिर एक ना मालूम तीर आता है तो वह इसे क़त्ल कर देता है, यह शख़्स दुसरे दरजे का है, (तीसरा) वह मोमिन आदमी जिस की नेकियाँ भी है और बुराइया भी, वह जब दुश्मन से मुलाकात करता है तो अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दीखाता है, हत्ता के वह शहीद हो जाता है, यह तीसरे दरजे में है और (चोथा) वह मोमिन आदमी जिस ने (गुनाह कर के) अपने नफ्स पर ज़्यादती की, वह दुश्मन से मिलता है तो अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दिखाता है हत्ता के वह क़त्ल कर दिया जाता है, यह शख़्स चोथे दरजे में है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1644) * ابو يزيد الخولانى مجهول الحال : لم يوثقه غير الترمذى فيما اعلم وقال فى التقريب :'' مجهول ''

٣٨٥٩ - (صَحِيح) وَعَن عُتبةَ بن عبدٍ السَّلَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " الْقَتْلَى ثَلَاثَة: مُؤمن جَاهد نَفسه وَمَالِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ " قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فِيهِ: «فَذَلِكَ الشَّهِيدُ الْمُمْتَحَنُ فِي خَيْمَةِ اللَّهِ تَحْتَ عَرْشِهِ لَا يَفْضُلُهُ النَّبِيُّونَ إِلَّا بِدَرَجَةِ النُّبُوَّةِ وَمُؤْمِنٌ خَلَطَ عَمَلًا صَالِحًا وَآخَرَ سَيِّئًا جَاهَدَ بِنَفْسِهِ وَمَالِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ إِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ» قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهِ: «مُمَصْمِصَةٌ مَحَتْ ذُنُوبَهُ وَخَطَايَاهُ إِنَّ السَّيْفَ مَحَّاءٌ لِلْخَطَايَا وَأُدْخِلَ مِنْ أَيِّ أَبْوَابِ الْجَنَّةِ شَاءَ وَمُنَافِقٌ جَاهَدَ بِنَفْسِهِ وَمَالِهِ فَإِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ فَذَاكَ فِي النَّارِ إِنَّ السيفَ لَا يمحُو النِّفاقَ» . رَوَاهُ الدارميُّ

3859. उत्बा बिन अब्द स्सुलुमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शुहदा तीन किस्म के है: वह मोमिन जिस ने अपने जान और अपने माल के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, जब वह दुश्मन से मुलाकात करता है तो किताल करता है हत्ता के वह शहीद कर दिया जाता है”, नबी ﷺ ने उस के बारे में फ़रमाया: “ये वह शहीद है जिसे आज़माया गया है, यह अल्लाह के अर्श (के साए तले) अल्लाह के खैमे में होगा और अंबिया अलैहिस्सलाम को उस पर फ़क़त नबूवत के दरजे की वजह से फ़ज़ीलत हासिल होगी, (दूसरा) वह मोमिन जिस के नेक आमाल होंगे और बुराइया भी होगी, उस ने अपने माल व जान के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, जब वह दुश्मन से मुलाकात करता है तो किताल करता है हत्ता के वह शहीद कर दिया जाता है”, नबी ﷺ ने उस के बारे में फ़रमाया: “मंसबे शहादत ने इसे गुनाहों से पाक कर दिया, उस के गुनाहों और उस की खताओं को ख़तम कर दिया, क्योंकि तलवार खताओं को नाबूद करने वाली है, और इसे उस की पसंद के बाब जन्नत से दाखिल कर दिया गया, और (तीसरा) मुनाफ़िक़ जिस ने अपने माल व जान से जिहाद किया, यह शख़्स आग में है, क्योंकि तलवार निफ़ाक़ नहीं मिटाती”| (हसन)

حسن ، رواه الدارمی (2 / 206 207 ح 2416 ، نسخة محققة : 2455) * معاوية بن يحيى الصدفى ضعيف و لكن رواه ابن حبان (الاحسان : 4644) و احمد 4 / 185 186) وغيرهما بسند حسن نحوه فالحديث حسن

٣٨٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عائذٍ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جِنَازَةِ رَجُلٍ [ص:١١٣ فَلَمَّا وُضِعَ قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: لَا تُصَلِّ عَلَيْهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَإِنَّهُ رَجُلٌ فَاجِرٌ فَالْتَفَتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى النَّاسِ فَقَالَ: «هَلْ رَآهُ أَحَدٌ مِنْكُمْ عَلَى عَمَلِ الْإِسْلَامِ؟» فَقَالَ رَجُلٌ: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ حَرَسَ لَيْلَةً فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَصَلَّى عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَحَثَا عَلَيْهِ التُّرَابَ وَقَالَ: «أَصْحَابُكَ يَظُنُّونَ أَنَّكَ مِنْ أَهْلِ النَّارِ وَأَنَا أَشْهَدُ أَنَّكَ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ» وَقَالَ: «يَا عُمَرُ إِنَّكَ لَا تُسْأَلُ عَنْ أَعْمَالِ النَّاسِ وَلَكِنْ تُسْأَلُ عَنِ الْفِطْرَةِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

3860. इब्ने आइज़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी आदमी के जनाज़े के साथ तशरीफ़ लाए, जब इसे रखा गया तो उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस की नमाज़े जनाज़ा मत पढ़ाईए क्योंकि यह फ़ाजिर शख़्स है, रसूलुल्लाह ﷺ ने लोगो की तरफ तवज्जो फरमा कर पूछा: “क्या तुम में से किसी ने इसे इस्लाम का कोई अमल करते हुए देखा है ?” एक आदमी ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! उस ने एक रात अल्लाह की राह में पहरा दिया था, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई और इस (की कब्र) पर मिट्टी डाली, और फ़रमाया: “तेरे साथियो का गुमान है की तू जहन्नमी है जबके मैं गवाही देता हूँ कि तू जन्नती है”, और फ़रमाया: उमर! तुझ से लोगों के आमाल के बारे में नहीं पूछा जाएगा, लेकिन तुझ से अकिदेह के बारे में पूछा जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4297 ، نسخة محققة : 3988) و احمد بن منيع (كما فى المطالب العالية 3 / 54 ح 911) * فيه شعوذ بن عبد الرحمن : و ثقه ابن حبان وحده فيما اعلم و ابن عائذ عن عمر : مرسل ، و للحديث شاهد ضعيف عند الطبرانى ، انظر مجمع الزوائد (5 / 288)

باب إعداد آلة الْجِهَاد • जिहाद का सामान तैयार करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٨٦١ - (صَحِيح) عَن عُقْبَة بْنِ عَامِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ عَلَى الْمِنْبَرِ يَقُول: " (وَأَعِدُّوا لَهُ مَا استطَعْتُم منْ قُوَّةٍ)»» أَلَا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ أَلَا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ أَلَا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ)»» رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3861. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मिम्बर पर फरमाते हुए सुना: “और जहाँ तक मुमकिन हो (इन के मुकाबले के लिए) कुव्वत तैयार रखो”, सुन लो! बेशक कुव्वत से मकसूद तीर अन्दाज़ी है, ख़बरदार कुव्वत से मकसूद तीर अन्दाज़ी है, सुन लो! कुव्वत से मुराद तीर अन्दाज़ी है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (167 / 1917)، (4946)

٣٨٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَتُفْتَحُ عَلَيْكُمُ الرُّومُ وَيَكْفِيكُمُ اللَّهُ فَلَا يَعْجِزْ أَحَدُكُمْ أَنْ يَلْهُوَ بِأَسْهُمِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

3862. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तुम अनकरीब रोम फतह कर लोगे, और अल्लाह तुम्हारे लिए (इन के शर के मुकाबले में) काफी होगा, तुम में से कोई अपने तीर के साथ मशगूल रहने में सुस्ती न करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (168 / 1918)، (4947)

٣٨٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم يقولُ: «مَنْ علِمَ الرَّميَ ثمَّ تَرَكَهُ فَلَيْسَ مِنَّا أَوْ قَدْ عَصَى» . رَوَاهُ مُسلم

3863. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने तीर अन्दाज़ी सीखी और फिर इसे तर्क कर दिया तो वह हम में से नहीं (फ़रमाया) उस ने नाफ़रमानी की”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (169 / 1919)، (4949)

٣٨٦٤ - (صَحِيح) وَعَن سلمةَ بنِ الأكوَعِ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى قَوْمٍ مِنْ أَسْلَمَ يَتَنَاضَلُونَ بِالسُّوقِ فَقَالَ: «ارْمُوا بَنِي إِسْمَاعِيلَ فَإِنَّ أَبَاكُمْ كَانَ رَامِيًا وَأَنَا مَعَ بَنِي فُلَانٍ» لِأَحَدِ الْفَرِيقَيْنِ فَأَمْسَكُوا بِأَيْدِيهِمْ فَقَالَ: «مَا لَكُمْ؟» قَالُوا: وَكَيْفَ نَرْمِي وَأَنْتَ مَعَ بَنِي فُلَانٍ؟ قَالَ: «ارْمُوا وَأَنَا مَعكُمْ كلكُمْ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3864. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ असलम कबिले के लोगो के पास तशरीफ़ लाए, वह बाज़ार में तीर अन्दाज़ी कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनू इस्माइल! तीर अन्दाज़ी करो, क्योंकि तुम्हारे बाप तीर अंदाज़ थे, और मैं फलां कबिले के साथ हूँ”, उन्होंने अपने हाथ रोक लिए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें क्या हुआ ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हम कैसे तीर अन्दाज़ी करे जबके आप फलां कबिले के साथ है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तीर अन्दाज़ी करो और मैं आप सब के साथ हूँ“| (बुखारी)

رواه البخاری (3507)

٣٨٦٥ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَ أَبُو طَلْحَةَ يَتَتَرَّسُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِتُرْسٍ وَاحِدٍ وَكَانَ أَبُو طَلْحَةَ حَسَنَ الرَّمْيِ فَكَانَ إِذَا رَمَى تَشَرَّفَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَنْظُرُ إِلَى مَوضِع نبله. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3865. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ के साथ एक ही ढाल से बचाव कर रहे थे, और अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु बेहतरीन तीर अंदाज़ थे, जब वह तीर फेंकते थे तो नबी ﷺ (अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु के तीर पर) नज़र रखते और आप ﷺ उन के तीर गिरने की जगह देखते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (2902)

٣٨٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (الْبَرَكَةُ فِي نَوَاصِي الْخَيل)

3866. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “घोड़ो की पेशानियों में बरकत है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2851) و مسلم (100 / 1874)، (4854)

٣٨٦٧ - (صَحِيح) وَعَن جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَلْوِي نَاصِيَةَ فرسٍ بأصبعِه ويقولُ: " الْخَيْلُ مَعْقُودٌ بِنَوَاصِيهَا الْخَيْرُ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ: الأَجْرُ والغَنيمةُ ". رَوَاهُ مُسلم

3867. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को अपने ऊँगली से घोड़े की पेशानी के बालो को बल देते देखा और आप ﷺ इस वक़्त फरमा रहे थे: “घोड़ो की पेशानी के साथ रोज़ ए क़यामत तक खैर व बरकत बांध दी गई है और (इस खैर से मुराद) सवाब और माले गनीमत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (97 / 1872)، (4847)

٣٨٦٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَبَسَ فَرَسًا فِي سَبِيل الله إِيمَانًا وتصْديقاً بِوَعْدِه

فإِنَّ شِبَعَه ورِيَّه ورَوْثَه وبَوْلَه فِي مِيزَانه يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3868. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह पर ईमान लाते हुए और उस के वादे को सच्चा जानते हुए अल्लाह की राह में घोड़ा बांधे तो उस की शक्म सीरी व सेराबी, उस की लेंडी और उस का पेशाब रोज़ ए क़यामत उस की मीज़ान (नेकियो के पलड़े) में होंगे”| (बुखारी)

رواه البخاری (2853)

٣٨٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يكرَهُ الشِّكَالَ فِي الْخَيْلِ وَالشِّكَالُ: أَنْ يَكُونَ الْفَرَسُ فِي رِجْلِهِ الْيُمْنَى بَيَاضٌ وَفِي يَدِهِ الْيُسْرَى أَوْ فِي يدِه اليُمنى ورِجلِه اليُسرى. رَوَاهُ مُسلم

3869. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ घोड़े में “अश्काल” नापसंद किया करते थे, “अश्काल” यह है कि घोड़े के दाए पाँव और बाए हाथ में सफेदी हो, या उस के दाए हाथ और उस के बाए पाँव में सफेदी हो| (मुस्लिम)

رواه مسلم (102 ، 101 / 1875)، (4856 و 4857)

٣٨٧٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سابَقَ بينَ الخيلِ الَّتِي أُضمِرَتْ منَ الحَفْياءِ وَأَمَدُهَا ثَنِيَّةُ الْوَدَاعِ وَبَيْنَهُمَا سِتَّةُ أَمْيَالٍ وَسَابَقَ بَيْنَ الْخَيْلِ الَّتِي لَمْ تَضْمُرُ مِنَ الثَّنْيَةِ إِلَى مَسْجِد بني زُرَيْق وَبَينهمَا ميل

3870. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने तरबियते याफ्ता घोड़ो के दरमियान हफिया से सनतुल वदाअ के बिच में घोड़ा दोड़ कराइ और इन दोनों के दरमियान छे मील है और गैर तरबियते याफ्ता घोड़ो के दरमियान सबिया से बनू ज़रिक की मस्जिद तक घोड़ा दोड़ कराइ और इन दोनों के दरमियान एक मील की मुसाफ़त है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (420) و مسلم (95 / 1870)، (4843)

٣٨٧١ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَتْ نَاقَةٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُسَمَّى الْعَضْبَاءَ وَكَانَتْ لَا تُسْبَقُ فَجَاءَ أَعْرَابِيٌّ عَلَى قَعُودٍ لَهُ فَسَبَقَهَا فَاشْتَدَّ ذَلِكَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ حَقًّا عَلَى اللَّهِ أَنْ لَا يَرْتَفِعَ شَيْءٌ مِنَ الدُّنْيَا إِلَّا وضَعه» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3871. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की अज़्बाअ नामी ऊंटनी थी और वह सबसे आगे रहती थी, एक आराबी अपने ऊंट पर आया तो वह उस से आगे निकल गया जो मुसलमानों पर नागवार गुज़रा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक यह अल्लाह का दस्तूर है के जो चीज़ दुनिया में उरूज पर पहुँच जाती है तो वह इसे पस्ती की तरफ धकेल देता है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2872)

जिहाद का सामान तैयार करने का बयान • بَاب إعداد آلَة الْجِهَاد

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٨٧٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يُدْخِلُ بِالسَّهْمِ الْوَاحِدِ ثَلَاثَةَ نَفَرٍ الْجَنَّةَ: صَانِعَهُ يَحْتَسِبُ فِي صَنْعَتِهِ الْخَيْرَ وَالرَّامِيَ بِهِ وَمُنَبِّلَهُ فَارْمُوا وَارْكَبُوا وَأَنْ تَرْمُوا أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ تَرْكَبُوا كُلُّ شَيْءٍ يَلْهُو بِهِ الرَّجُلُ بَاطِلٌ إِلَّا رَمْيَهُ بِقَوْسِهِ وَتَأْدِيبَهُ فَرَسَهُ وَمُلَاعَبَتَهُ امْرَأَتَهُ فَإِنَّهُنَّ مِنَ الْحَقِّ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَزَادَ أَبُو دَاوُد والدارمي: «ومَنْ ترك الرَّمْيَ بعدَ مَا عَلِمَهُ رَغْبَةً عَنْهُ فَإِنَّهُ نِعْمَةٌ تَرَكَهَا» . أَوْ قَالَ: «كفرها»

3872. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह तआला एक तीर की वजह से तीन आदमियों को जन्नत अता फरमाएगा: तीर बनाने वाला जो अपने बनाने में सवाब की उम्मीद रखता हो, इसे फ़ेकने वाला और इसे (तीर अंदाज़ को) पकड़ाने वाला, तीर अन्दाज़ी करो और घोड़ा सवारी करो, और तुम्हारा तीर अन्दाज़ी करना, तुम्हारी घोड़ा सवारी से मुझे ज़्यादा महबूब है, हर वह चीज़ जिस से इन्सान खेलता है और उस के साथ मशगुल होता है के बातिल है, अलबत्ता उस का कमान के साथ तीर अन्दाज़ी करना, अपने घोड़े की तरबियत करना और उस का अपने अहलिया के साथ मशगुल होना हक़ है”| इमाम अबू दावुद और इमाम दारमी ने यह इज़ाफा नकल किया है: “जिस शख़्स ने तीर अन्दाज़ी सिखने के बाद उस से अदम रगबत की बिना पर इसे तर्क कर दिया तो वह एक नेअमत थी जिसे उस ने तर्क कर दिया, या फ़रमाया: “उस की नाशुक्री की”| (हसन)

حسن ، الرواية الاولى : رواها الترمذى (1637 وقال : حسن) و ابن ماجه (2811) و الثانية : رواها ابوداؤد (2513) و الدارمى (2 / 204 205 ح 2410)

٣٨٧٣ - (صَحِيح) وَعَن أبي نَجِيحٍ السُّلَمِيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ بَلَغَ بِسَهْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ لَهُ دَرَجَةٌ فِي الْجَنَّةِ وَمَنْ رَمَى بِسَهْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ لَهُ عِدْلُ مُحَرَّرٍ وَمَنْ شَابَ شَيْبَةً فِي الْإِسْلَامِ كَانَتْ لَهُ نُورًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ الْفَصْلَ الْأَوَّلَ وَالنَّسَائِيُّ الْأَوَّلَ وَالثَّانِيَ وَالتِّرْمِذِيُّ الثَّانِيَ وَالثَّالِثَ وَفِي رِوَايَتِهِمَا: «مَنْ شَابَ شَيْبَةً فِي سَبِيلِ الله» بدَلَ «فِي الْإِسْلَام»

3873. अबू नजीह स्सुलुमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में (किसी काफ़िर को निशाने पर) तीर लगाया तो उसे जन्नत में एक दर्जा हासिल हो गया, जिस ने अल्लाह की राह में तीर अन्दाज़ी की तो वह उस के लिए गुलाम आज़ाद करने के बराबर है, और जो शख़्स इस्लाम में बुढा हुआ तो रोज़ ए क़यामत उस के लिए नूर होगा”| इमाम अबू दावुद ने पहला फक्रह, इमाम निसाई ने पहला और दूसरा जबके इमाम तिरमिज़ी ने दूसरा और तीसरा फक्रह रिवायत किया है और इन दोनों (बयहकी और तिरमिज़ी) की रिवायत में है: “जो शख़्स अल्लाह की राह में बुढा हवा”, यानी “इस्लाम” के बजाए “अल्लाह की राह“ के अल्फाज़ नकल किए है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4341) و ابوداؤد (3965) و النسائى (6 / 26 27 ح 3145) و الترمذى (1638 وقال : حسن صحيح)

٣٨٧٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا سَبَقَ إِلَّا فِي نَصْلٍ أَوْ خُفٍّ أَوْ حَافِرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3874. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इनाम सिर्फ तीर अन्दाज़ी, ऊंट और घोड़े में है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1700) و ابوداؤد (2564) و النسائی (6 / 226 ح 3615 ، 3617)

٣٨٧٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ فَإِنْ كَانَ يُؤْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَا خَيْرَ فِيهِ وَإِنْ كَانَ لَا يُؤْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَا بَأْسَ بِهِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «مَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ يَعْنِي وَهُوَ لَا يَأْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَيْسَ بِقِمَارٍ وَمَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ وَقَدْ أَمِنَ أَنْ يَسْبِقَ فَهُوَ قمار»

3875. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने (घोड़ो की दौड़ के मुकाबले के) दो घोड़ो के बिच में एक घोड़ा दाखिल कर दिया, अगर इसे उस के सबकत ले जाने का इल्म हो तो फिर उस में कोई खैर नहीं, और अगर उस के सबकत ले जाने का इल्म न हो तो फिर उस में कोई हरज नहीं”|अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “जिस शख़्स ने दो घोड़ो के दरमियान एक घोड़ा दाखिल कर दिया यानी इसे यकीन नहीं के वह आगे निकल जाएगा तो फिर यह जुवा नहीं, और जिस शख़्स ने दो घोड़ो के बिच में घोड़ा दाखिल कर दिया और इसे यकीन है के वह सबकत ले जाएगा तो यह जुवा है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنة (10 / 395 396 ح 2654) و ابوداؤد (2579) [و ابن ماجه (2876)] * فیه سفیان بن حسین : ثقة ، لکنه ضعیف عن الزھری ، وھذا من روایته عن الزھری

٣٨٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ» . زَادَ يَحْيَى فِي حَدِيثِهِ: «فِي الرِّهَانِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ مَعَ زِيَادَة فِي بَاب «الْغَصْب»

3876. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “न जल्ब” है और "न जनब" रावी याह्या ने अपने रिवायत में “घोड़ो की दौड़‘‘ का इज़ाफा किया है| जलब (मुकाबले में शरीक शख़्स अपने किसी साथी को कहे के रास्ता में मेरे घोड़े को आवाज़ लगा देना जिस से यह और तेज़ दोड़ेगा) जनब (पहलु में दोड़ने वाला वह घोड़ा जिस पर दोड़ने वाला अपने घोड़े के थकने की सूरत में मुन्तकिल हो जाए)| अबू दावुद, निसाई, और इमाम तिरमिज़ी ने इसे कुछ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अल्फाज़ के साथ (بَاب الْغَصْب) बाब अल गसब में रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (2581) و النسائی (6 / 228 ح 3621) و الترمذی (1123 وقال : حسن صحیح)

٣٨٧٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي قَتَادَة عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَيْرُ الْخَيْلِ الْأَدْهَمُ الْأَقْرَحُ الْأَرْثَمُ ثُمَّ الْأَقْرَحُ الْمُحَجَّلُ طُلُقُ الْيَمِينِ فَإِنْ لَمْ يَكُنْ [ص:١١٣ أَدْهَمَ فَكُمَيْتٌ عَلَى هَذِهِ الشِّيَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3877. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेहतर घोड़ा वह है जो इन्तिहाई सियाह हो और उस की पेशानी पर ठोड़ी सी सफेदी हो, उस का ऊपर वाला होंठ या नाक सफ़ेद हो, फिर वह जिस की तीन टांगे सफ़ेद हो और आगे वाली दाए टांग घोड़े की रंग की हो, अगर सियाह रंग का न हो तो फिर वह जिस में कदरे सरखी और कदरे सियाह हो और उस के कान सियाह हो वह भी उस की मिस्ल है”| (हसन)

رواه الترمذی (1696) و الدارمی (2 / 212 ح 2433)

٣٨٧٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي وَهَبٍ الْجُشَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَيْكُمْ بِكُلِّ كُمَيْتٍ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ أَوْ أَشْقَرَ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ أَوْ أَدْهَمَ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3878. अबू वहब जुशमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम हर ऐसे घोड़े को लाज़िम पकड़ो जो सुर्ख सियाह माइल और सियाह कानो वाला हो उस की पेशानी और पाँव सफ़ेद हो, या वह घोड़ा जो सुर्ख हो, उस की पेशानी और पाँव सफ़ेद हो या सियाह रंग का घोड़ा जिस की पेशानी और पाँव सफ़ेद हो”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2543) و النسائی (6 / 218 219 ح 3595) * عقیل بن شبیب : مجھول و لبعض الحدیث شواھد عند ابن حبان (الموارد : 1633) و الترمذی (1696 1697) وغیرھما

٣٨٧٩ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُمْنُ الْخَيْلِ فِي الشُّقْرِ» . رَوَاهُ الترمذيُّ وَأَبُو دَاوُد

3879. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुर्ख रंग के घोड़े में बरकत है”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الترمذی (1695 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2545)

٣٨٨٠ - (ضَعِيف) وَعَن عُتبةَ بن عبدٍ السُّلميِّ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَقُصُّوا نَوَاصِيَ الْخَيْلِ وَلَا مَعَارِفَهَا وَلَا أَذْنَابَهَا فَإِنَّ أَذْنَابَهَا مَذَابُّهَا وَمَعَارِفَهَا دِفاءُها وَنَوَاصِيهَا مَعْقُودٌ فِيهَا الْخَيْرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3880. उत्बा बिन अब्द स्सुलुमी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “घोड़े की पेशानी, गर्दन और दुम के बाल मत काटो, क्योंकि उस की दूम उस के लिए बाईस पंखा है (जिस से वह अपने ऊपर बैठनेवाली चीज़ को उड़ाती है) उस की गर्दन के बाल इसे गरम रखते हैं, जबके उस की पेशानियों के साथ खैर व भलाई बंधी हुई है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2542) * رجل او رجال من بنی سلیم : لم اعرفھم ، و نصر : مستور ، و لبعض الحدیث شواھد صحیحة

٣٨٨١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي وَهَبٍ الْجُشَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ارْتَبِطُوا الْخَيْلَ وامسحُوا بنواصيها وأعجازِها أَو قَالَ: كفالِها وَقَلِّدُوهَا وَلَا تُقَلِّدُوهَا الْأَوْتَارَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3881. अबू वहब जश्मी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “घोड़े बांधो (इन्हें रखो और पालो) और उनकी पेशानियों और पुश्तो पर हाथ फेरो और उनकी गर्दनो में पट्टे डालो लेकिन तानत न डालो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2553) و النسائی (6 / 218 219 ح 3595) * عقيل مجهول كما تقدم (3878) و للحديث شواهد ضعيفة

٣٨٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَبْدًا مَأْمُورًا مَا اخْتَصَّنَا دُونَ النَّاسِ بِشَيْءٍ إِلَّا بِثَلَاثٍ: أَمَرَنَا أَنْ نُسْبِغَ الْوُضُوءَ وَأَنْ لَا نَأْكُلَ [ص:١١٤ الصَّدَقَةَ وَأَنْ لَا نَنْزِيَ حمارا على فرس. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

3882. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अल्लाह के बन्दे थे आप को अहकामात नाफ़िज़ करने पर मामूर किया गया था, आप ने तीन चीजों के अलावा दीगर लोगो से अलग कोई खुसूसियत हमें इनायत नहीं फरमाई, आप ﷺ ने हमें हुक्म फ़रमाया के हम अच्छी तरह मुकम्मल वुज़ू करे, हम सदका न खाए और हम गधो को घोड़ो पर जफ्ती के लिए न चढ़ाए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1701 وقال : حسن صحیح) و النسائی (6 / 224 ، 225 ح 3611)

٣٨٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: أَهْدِيَتْ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم بغلةٌ فركِبَهَا فَقَالَ عَلِيٌّ: لَوْ حَمَلْنَا الْحَمِيرَ عَلَى الْخَيْلِ فَكَانَتْ لَنَا مِثْلُ هَذِهِ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا يَفْعَلُ ذَلِكَ الَّذِينَ لَا يعلمُونَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3883. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को एक खच्चर बतौर हदिया पेश किया गया तो आप ﷺ ने उस पर सवारी फरमाई, अली रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अगर हम गधो को घोड़ो पर चढ़ाए तो हमारे वहां भी इसी के मिसल (खच्चर) होंगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये तो सिर्फ वही लोग करते हैं जो जानते नहीं”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2565) و النسائی (6 / 224 ح 3610)

٣٨٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَتْ قَبِيعَةُ سَيْفِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ فِضَّةٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3884. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की तलवार की दस्ती चाँदी की थी| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1691 وقال : حسن غریب) ابوداؤد (2583) و النسائی (8 / 219 ح 5376) و الدارمی (2 / 221 ح 2461)

٣٨٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ هُودِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَعْدٍ عَن جدِّهِ مِزيدةَ قَالَ: دَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْفَتْحِ وَعَلَى سَيْفِهِ ذَهَبٌ وَفِضَّةٌ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3885. हूद बिन अब्दुल्लाह बिन साद अपने दादा मज़ीद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ फतह मक्का के रोज़ (मक्के में) दाखिल हुए तो आप ﷺ की तलवार पर सोना और चाँदी थी| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1690)

٣٨٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن السَّائِب بْنِ يَزِيدَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَلَيْهِ يَوْمَ أُحُدٍ دِرْعَانِ قَدْ ظَاهَرَ بَيْنَهُمَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3886. साइब बिन यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गज़वा ए उहद के रोज़ नबी ﷺ पर ऊपर तले दो ज़री थी| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (1590) و ابن ماجه (2806)

٣٨٨٧ - وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَتْ رَايَةُ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَوْدَاءَ وَلِوَاؤُهُ أبيض. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3887. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ का बड़ा झंडा सियाह रंग का था और छोटा झंडा सफ़ेद रंग का था"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1681 وقال : غریب) و ابن ماجه (2818)

٣٨٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُوسَى بْنِ عُبَيْدَةَ مَوْلَى مُحَمَّدِ بْنِ الْقَاسِمِ قَالَ: بَعَثَنِي مُحَمَّدُ بْنُ الْقَاسِمِ إِلَى الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ يَسْأَلُهُ عَنْ رَايَةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: كَانَتْ سَوْدَاءَ مُرَبَّعَةً مِنْ نَمِرَةٍ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3888. मुसा बिन उबैदाह, मुहम्मद बिन कासिम के आज़ाद करदा गुलाम से रिवायत है, उन्होंने कहा: मुहम्मद बिन कासिम ने मुझे रसूलुल्लाह ﷺ के झंडे के मुत्तल्लिक पूछने के लिए बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु के पास भेजा तो उन्होंने ने फ़रमाया: "वो सियाह धारी दार था"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 297 ح 18830) و الترمذی (1680 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2591)

٣٨٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ مَكَّةَ وَلِوَاؤُهُ أَبْيَضُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3889. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मक्का में दाखिल हुए तो आप ﷺ का झंडा सफ़ेद रंग का था| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1679 وقال : غریب) و ابوداؤد (2592) و ابن ماجه (2817)

جिहाद का सामान तैयार करने का बयान • بَاب إعداد آلَة الْجِهَاد

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٨٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن أنسٍ قَالَ: لَمْ يَكُنْ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعْدَ النِّسَاءِ من الْخَيل. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3890. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को बीवियों के बाद घोड़ो से बढ़कर कोई चीज़ महबूब नहीं थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه النسائی (6 / 217 218 ح 3594) * فیه سعید بن ابی عروبة و قتادة مدلسان و عنعنا

٣٨٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَلِيٍّ قَالَ: كَانَتْ بِيَدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَوْسٌ عَرَبِيَّةٌ فَرَأَى رَجُلًا بِيَدِهِ قَوْسٌ فَارِسِيَّةٌ قَالَ: «مَا هَذِهِ؟ أَلْقِهَا وَعَلَيْكُمْ بِهَذِهِ وَأَشْبَاهِهَا وَرِمَاحِ الْقَنَا فَإِنَّهَا يُؤَيِّدُ اللَّهُ لَكُمْ بِهَا فِي الدِّينِ وَيُمَكِّنُ لَكُمْ فِي البلادِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3891. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के हाथ में अरबी कमान थी, आप ﷺ ने एक आदमी देखा उस के हाथ में फारसी कमान थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये क्या है? इसे फेंक दो और तुम पर यह और उस की मिस्ल लाज़िम है, और कामिल(सर्वोत्तम) नेज़े तुम पर लाज़िम है, क्योंकि अल्लाह उन के ज़रिए तुम्हें दीन में मदद अता फरमाएगा और तुम्हें शहरो में इक्दार अता करेगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه ابن ماجه (2810) * فیه اشعث بن سعید السمان : متروک و عبدالله بن بسر الحبرانی : ضعیف

आदाब ए सफ़र का बयान • بَاب آدَاب السّفر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٨٩٢ - (صَحِيح) عَن كَعْب بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ يَوْمَ الْخَمِيسِ فِي غَزْوَةِ تَبُوكَ وَكَانَ يُحِبُّ أَنْ يَخْرُجَ يَوْمَ الْخَمِيسِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3892. काब बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ गज़वा ए तबुक के लिए जुमेरात के रोज़ रवाना हुए, और आप ﷺ जुमेरात के रोज़ रवाना होना पसंद फरमाते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (2950)

٣٨٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ يَعْلَمُ النَّاسُ مَا فِي الْوَحْدَةِ مَا أَعْلَمُ مَا سَارَ رَاكِبٌ بِلَيْلٍ وَحْدَهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3893. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर लोगो को तन्हा सफ़र करने की उन खराबियों का इल्म हो जाए जो मुझे मालुम है, तो कोई सवार तन्हा एक रात का भी सफ़र न करे”| (बुखारी)

رواه البخاری (2998)

٣٨٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْحَبُ الْمَلَائِكَةُ رُفْقَةً فِيهَا كَلْبٌ وَلَا جَرَسٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3894. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस काफले के साथ कुत्ता और घंटी हो तो (रहमत के) फ़रिश्ते उस के साथ नहीं चलते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (103 / 2113)، (5546)

٣٨٩٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَرَسُ مَزَامِيرُ الشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3895. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “घंटी शैतान के साज़ हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (104 / 2114)، (5548)

٣٨٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي بشيرٍ الأنصاريِّ: أَنَّهُ كَانَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ أَسْفَارِهِ فَأَرْسَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَسُولًا: «لَا تبقين فِي رَقَبَة بَعِيْر قِلَادَةٌ مِنْ وَتَرٍ أَوْ قِلَادَةٌ إِلَّا قُطِعَتْ»

3896. अबू बशीर अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह किसी सफ़र में रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे रसूलुल्लाह ﷺ ने एक कासिद भेजा के “किसी ऊंट की गर्दन में तानत का पट्टा या कोई पट्टा न रहने दिया जाए, वह सब काट दिए जाए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3005) و مسلم (105 / 2115)، (5549)

٣٨٩٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَافَرْتُمْ فِي الْخِصْبِ فَأَعْطُوا الْإِبِلَ حَقَّهَا مِنَ الْأَرْضِ وَإِذَا سَافَرْتُمْ فِي السَّنَةِ فَأَسْرِعُوا عَلَيْهَا [ص:١١٤ السَّيْرَ وَإِذَا عَرَّسْتُمْ بِاللَّيْلِ فَاجْتَنِبُوا الطَّرِيقَ فَإِنَّهَا طُرُقُ الدَّوَابِّ وَمَأْوَى الْهَوَامِّ بِاللَّيْلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِذَا سَافَرْتُمْ فِي السَّنَةِ فَبَادِرُوا بِهَا نِقْيَهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3897. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम सरसब्ज़ व शादाब इलाके में चलो तो ऊंट को ज़मीन से उस का हक़ दो, (इन्हें चरने दो) और जब तुम कहत साली में चलो तो फिर तेज़ी से चलो, जब तुम रात के वक़्त पड़ाव डालो तो रास्ते से बचा करो क्योंकि रात के वक़्त वह चोपायो की राहें और ज़हरीली चीजों का ठिकाना है”, और एक दूसरी रिवायत में है: “जब तुम कहत साली में सफ़र करो तो फिर जब तक उन (ऊँटो) का गुदा बाकी है जल्दी से सफ़र करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (178 / 1926)، (4959)

٣٨٩٨ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: بَيْنَمَا نَحْنُ فِي سَفَرٍ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذ جَاءَهُ رَجُلٌ عَلَى رَاحِلَةٍ فَجَعَلَ يَضْرِبُ يَمِينًا وَشِمَالًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ مَعَهُ فَضْلُ ظَهْرٌ فَلْيَعُدْ بِهِ عَلَى مَنْ لَا ظَهْرَ لَهُ وَمَنْ كَانَ لَهُ فَضْلُ زَادٍ فَلْيَعُدْ بِهِ عَلَى مَنْ لَا زَادَ لَهُ» قَالَ: فَذَكَرَ مِنْ أَصْنَافِ الْمَالِ حَتَّى رَأَيْنَا أَنَّهُ لَا حَقَّ لأحدٍ منا فِي فضل. رَوَاهُ مُسلم

3898. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र में थे इस दौरान अचानक एक आदमी सवारी पर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ और वह दाए बाए देखने लगा, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के पास इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सवारी हो वह इस शख़्स को इनायत कर दे जिस के पास कोई सवारी नहीं, जिस शख़्स के पास रसद (माल समान) ज़्यादा हो तो वह इस शख़्स को इनायत कर दे जिस के पास रसद नहीं” रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने माल की बहोत किस्म का ज़िक्र फ़रमाया, हत्ता के हमने समझा हम में से किसी शख़्स को इज़ाफ़ी (ज़्यादा) चीज़ पर कोई हक़ नहीं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1728)، (4517)

٣٨٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّفَرُ قِطْعَةٌ مِنَ الْعَذَابِ يَمْنَعُ أَحَدَكُمْ نَوْمَهُ

وَطَعَامَهُ وَشَرَابه فَإِذا قضى نهمه من وَجهه فليعجل إِلَى أَهله»

3899. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सफ़र अज़ाब की किस्म है, वह आप में से हर एक को उस की नींद और उस के खाने पीने से बाज़ रखता है, लिहाज़ा जब वह सफ़र का मकसद हासिल कर ले तो इसे अपने अहले खाना के पास जल्द आ जाना चाहिए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5429) و مسلم (179 / 1927)، (4961)

٣٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ اللَّهِ بنِ جعفرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذا قَدِمَ مَنْ سَفَرٍ تُلُقِّيَ بِصِبْيَانِ أَهْلِ بَيْتِهِ وَإِنَّهُ قَدِمَ مَنْ سَفَرٍ فَسُبِقَ بِي إِلَيْهِ فَحَمَلَنِي بَيْنَ يَدَيْهِ ثُمَّ جِيءَ بِأَحَدِ ابْنَيْ فَاطِمَةَ فَأَرْدَفَهُ خَلْفَهُ قَالَ: فَأُدْخِلْنَا المدينةَ ثلاثةً على دَابَّة. رَوَاهُ مُسلم

3900. अब्दुल्लाह बिन जाफर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र से तशरीफ़ लाते तो आप ﷺ के अहले खाना के बच्चो के साथ आप ﷺ का इस्तेकबाल किया जाता, इसी तरह आप एक सफ़र से वापिस तशरीफ़ लाए तो मुझे आप की खिदमत में पेश किया गया, आप ने मुझे अपने आगे सवार कर लिया, फिर फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा के किसी लख्ते जिगर (हसन या हुसैन (र अ)) को लाया गया तो आप ने इसे अपने पीछे सवार कर लिया, रावी बयान करते हैं, हम मदीना में एक सवारी पर तीन सवार हो कर दाखिल किए गए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (66 / 2428)، (6268)

٣٩٠١ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ: أَنَّهُ أَقْبَلَ هُوَ وَأَبُو طَلْحَةَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَفِيَّةُ مُرْدِفَهَا عَلَى رَاحِلَته. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3901. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह और अबू तल्हा रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में वापिस आ रहे थे जबके सफ्फिया रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ के पीछे सवार थी| (बुखारी)

رواه البخاری (6185)

٣٩٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَطْرُقُ أَهْلَهُ لَيْلًا وَكَانَ لَا يَدْخُلُ إِلَّا غُدْوَةً أَوْ عَشِيَّةً

3902. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ (जब सफ़र से वापिस आते तो) वह रात के वक़्त अपने अहले खाना के यहाँ तशरीफ़ नहीं ले जाते थे बल्के आप ﷺ दिन के पहले पहर या पिछले पहर तशरीफ़ लाया करते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1800) و مسلم (180 / 1928)، (4962)

٣٩٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا طَال أَحَدُكُمُ الْغَيْبَةَ فَلَا يَطْرُقْ أَهْلَهُ لَيْلًا»

3903. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई तवील मुद्दत तक (घर से) गायब रहे तो वह रात के वक़्त अपने अहले खाना के पास न आए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5244) و مسلم (183 / 1928)، (4967)

٣٩٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا دَخَلْتَ لَيْلًا فَلَا تَدْخُلْ عَلَى أهلك حَتَّى تستحد المغيبة وتمتشط الشعثة»

3904. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम रात के वक़्त (शहर में) दाखिल हो तो अपने अहलिया के पास न जाओ हत्ता के जिस का खाविंद गायब रहा है वह गैर ज़रूरी बालो की सफाई कर ले और परान्दा बालो वाली कंगी कर ले”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5246) و مسلم (182 / 1928)، (4965)

٣٩٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا قَدِمَ الْمَدِينَةَ نَحَرَ جَزُورًا أَوْ بَقَرَةً. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3905. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने ऊंट या गाय जिबह की| (बुखारी)

رواه البخارى (3089)

٣٩٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَقْدَمُ مِنْ سَفَرٍ إِلَّا نَهَارًا فِي الضُّحَى فَإِذَا قَدِمَ بَدَأَ بِالْمَسْجِدِ فَصَلَّى فِيهِ رَكْعَتَيْنِ ثمَّ جلس فِيهِ للنَّاس

3906. काब बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ जब सफ़र से वापिस आते तो दिन को चाश्त के वक़्त मदीना मुनव्वरा में दाखिल होते थे, जब आप दाखिल होते तो पहले मस्जिद में तशरीफ़ लाते और वहां दो रकते पढ़ते फिर लोगो की खातिर वहां तशरीफ़ रखते| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3088) مسلم (74 / 716)، (1659)

٣٩٠٧ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَلَمَّا قَدِمْنَا الْمَدِينَةَ قَالَ لِي: «ادْخُلِ الْمَسْجِدَ فَصَلِّ فِيهِ رَكْعَتَيْنِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3907. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक सफ़र में नबी ﷺ के साथ था, जब हम मदीना पहुंचे तो आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "मस्जिद में जा कर दो रकते पढ़ो"| (बुखारी)

رواه البخاری (3088)

بَاب آدَاب السّفر • आदाब ए सफ़र का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٩٠٨ - (جيد) عَن صخْرِ بن وَداعةَ الغامِديِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لِأُمَّتِي فِي بُكُورِهَا» وَكَانَ إِذا بعث سريَّةً أَوْ جَيْشًا بَعَثَهُمْ مِنْ أَوَّلِ النَّهَارِ وَكَانَ صَخْرٌ تَاجِرًا فَكَانَ يَبْعَثُ تِجَارَتَهُ أَوَّلَ النَّهَارِ فَأَثْرَى وَكَثُرَ مالُه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

3908. सखर बिन वदाअ गामिदी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ए अल्लाह! मेरी उम्मत के लिए उस के दिन के पहले हिस्से में बरकत फरमा", और जब आप ﷺ कोई मुजाहिदीन का दस्ता या लश्कर रवाना फरमाते, तो आप उन्हें दिन के आगाज़ में रवाना फरमाते थे, सखर एक ताज़ीर थे, वह अपना माले तिजारत दिन के शुरू में भेजा करते थे, वह साहबे सुरुस बन गए और उनका माल बहोत ज़्यादा हो गया| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1212 وقال : حسن) و ابوداؤد (2606) و الدارمی (2 / 214 ح 2440)

٣٩٠٩ - (جيد) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَيْكُمْ بِالدُّلْجَةِ فَإِنَّ الْأَرْضَ تُطوَى بالليلِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3909. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सरशाम सफ़र किया करो क्योंकि रात के वक़्त ज़मीन लपेट दी जाती है"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2571)

٣٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ [ص:١١٤] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الرَّاكِبُ شَيْطَانٌ وَالرَّاكِبَانِ شَيْطَانَانِ وَالثَّلَاثَةُ رَكْبٌ» . رَوَاهُ مالكٌ وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3910. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तन्हा सफ़र करने वाला एक शैतान है, दो मुसाफ़िर दो शैतान है और तीन सफ़र करने वाले एक काफला है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 978 ح 1897) و الترمذی (1674 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2607) و النسائی [فی الکبری (8849)]

٣٩١١ - (حسن) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا كَانَ ثَلَاثَةٌ فِي سَفَرٍ فَلْيُؤَمِّرُوا أحدهم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3911. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तीन लोग सफ़र कर रहे हो तो वह अपने में से एक को अमीर बना लें”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2608) * فیه محمد بن عجلان مدلس و عنعن وله شواھد کلھا ضعیفة ولم یصب من حسنه

٣٩١٢ - (مُرْسل) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَيْرُ الصَّحَابَةِ أَرْبَعَةٌ وَخَيْرُ السَّرَايَا أَرْبَعُمِائَةٍ وَخَيْرُ الْجُيُوشِ أَرْبَعَةُ آلَافٍ وَلَنْ يُغْلَبَ اثْنَا عَشَرَ أَلْفًا مِنْ قِلَّةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3912. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेहतरीन साथी चार है, बेहतरीन दस्ता चार सौ का है, बेहतरीन लश्कर चार हज़ार का है और बारह हज़ार का लश्कर किल्लत की वजह से मग्लुब नहीं होगा”| और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1555) و ابوداؤد (2611) و الدارمی (2 / 215 ح 2443) * فیه جریر بن حازم و الزھری مدلسان و عنعنا

٣٩١٣ - (جيد) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَخَلَّفُ فِي الْمَسِيرِ فَيُزْجِي الضَّعِيفَ وَيُرْدِفُ ويدْعو لَهُم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3913. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ लश्कर के पीछे चला करते थे आप कमज़ोर को साथ लेते, इन्हें अपने पीछे बेठा लेते और इन के लिए दुआ फरमाते| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2639)

٣٩١٤ - (جيد) وَعَن أبي ثعلبَةَ الخُشَنيِّ قَالَ: كَانَ النَّاسُ إِذَا نَزَلُوا مَنْزِلًا تَفَرَّقُوا فِي الشِّعَابِ وَالْأَوْدِيَةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ تَفَرُّقَكُمْ فِي هَذِهِ الشِّعَابِ وَالْأَوْدِيَةِ إِنَّمَا ذَلِكُمْ مِنَ الشَّيْطَانِ» . فَلَمْ يَنْزِلُوا بَعْدَ ذَلِكَ مَنْزِلًا إِلَّا انْضَمَّ بَعْضُهُمْ إِلَى بَعْضٍ حَتَّى يُقَالَ: لَوْ بُسِطَ عَلَيْهِمْ ثوبٌ لعمَّهم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3914. अबू सअलबा खुशनी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब सहाबा किराम किसी जगह पड़ाव डालते तो वह घाटियों और वादियों में मुन्तशर हो जाते थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारा इन घाटियों और वादियों में मुन्तशर होना यह शैतान की तरफ से है”| उस के बाद उन्होंने जहाँ भी पड़ाव डाला तो वह बाहम इस तरह मिल जाते के अगर इन पर एक कपड़ा डाल दिया जाए तो वह इन सब पर आ जाए| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2628)

٣٩١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنَّا يَوْمَ بَدْرٍ كُلَّ ثَلَاثَةٍ عَلَى بَعِيرٍ فَكَانَ أَبُو لُبَابَةَ وَعَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ زَمِيلَيْ رَسُولِ اللَّهِ [ص:١١٤] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَكَانَتْ إِذَا جَاءَتْ عُقْبَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَا: نَحْنُ نَمْشِي عَنْكَ قَالَ: «مَا أَنْتُمَا بِأَقْوَى مِنِّي وَمَا أَنَا بِأَغْنَى عَنِ الْأَجْرِ مِنْكُمَا» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3915. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए बद्र के दिन हम तीन तीन आदमी एक ऊंट पर सवार थे, अबू लुबाब और अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ के साथी थे, रावी बयान करते हैं, जब (पैदल चलने की) रसूलुल्लाह ﷺ की बारी आती तो वह अर्ज़ करते, आप की तरफ से हम पैदल चलते है, आप ﷺ फरमाते: “तुम दोनों मुझ से ज़्यादा क़वी हो न में अज़र हासिल करने में तुम दोनों से ज़्यादा बेनियाज़ हूँ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (11 / 35 36 ح 2686) [و احمد (1 / 411) و ابن حبان (الموارد : 1688) و صححه الحاکم علی شرط مسلم (3 / 20) و وافقه الذھبی]

٣٩١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَتَّخِذُوا ظُهُورَ دَوَابِّكُمْ مَنَابِرَ فَإِنَّ اللَّهَ تَعَالَى إِنَّمَا سَخَّرَهَا لَكُمْ لِتُبَلِّغَكُمْ إِلَى بَلَدٍ لَمْ تَكُونُوا بَالِغِيهِ إِلَّا بِشِقِّ الْأَنْفُسِ وَجَعَلَ لَكُمُ الْأَرْضَ فَعَلَيْهَا فَاقْضُوا حَاجَاتِكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3916. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने जानवरों की पुश्तो को मिम्बर न बनाओ (के इन पर सवार हो कर और उन्हें रोक कर बाते करते रहो) क्योंकि अल्लाह तआला ने तो उन्हें तुम्हारे लिए इसलिए ताबे किया है के वह तुम्हें ऐसी जगह पहुंचा दें जहाँ तुम मशक्क़त उठाए बगैर नहीं पहुँच सकते थे, और तुम्हारे लिए ज़मीन बनाई तुम उस पर अपनी ज़रूरते पूरी करो”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (2567)

٣٩١٧ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كُنَّا إِذَا نَزَلْنَا مَنْزِلًا لَا نُسَبِّحُ حَتَّى نحُلَّ الرِّحالَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3917. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जब किसी जगह पड़ाव डालते तो हम पहले जानवरों (यानी सवारियों) से बोझ उतारते और फिर नफ्ल नमाज़ पढ़ते थे| (सहीह)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2551)

٣٩١٨ - (صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَة قَالَ: بَيْنَمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَمْشِي إِذا جَاءَهُ رَجُلٌ مَعَهُ حِمَارٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ارْكَبْ وَتَأَخَّرَ الرَّجُلُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أَنْتَ أَحَقُّ بِصَدْرِ دَابَّتِكَ إِلَّا أَنْ تَجْعَلَهُ لِي» . قَالَ: جَعَلْتُهُ لَكَ فَرَكِبَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

3918. बुरैदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ चल रहे थे की इसी दौरान एक आदमी आप की खिदमत में हाज़िर हुआ, उस के पास एक गधा था, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप उस पर सवार हो जाए, और वह खुद

पीछे हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नहीं (पीछे न हटो), तुम अपनी सवारी की अगली जानिब बैठनेके ज़्यादा हक़दार हो, मगर यह कि तुम इस (अगली जानिब) को मेरे लिए ठहरा दो”, उस ने अर्ज़ किया, मैंने आप को इजाज़त दी, फिर आप सवार हुए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2773 وقال : غریب) و ابوداؤد (2572)

٣٩١٩ - (حسن) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ أَبِي هِنْدٍ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَكُونُ إِبِلٌ لِلشَّيَاطِينِ وَبُيُوتٌ لِلشَّيَاطِينِ» . فَأَمَّا إِبِلُ الشَّيَاطِينِ فَقَدْ رَأَيْتُهَا: يَخْرُجُ أَحَدُكُمْ بِنَجِيبَاتٍ مَعَهُ قَدْ أَسْمَنَهَا فَلَا يَعْلُو بَعِيرًا مِنْهَا وَيَمُرُّ بِأَخِيهِ قَدِ [ص:١١٤ انْقَطَعَ بِهِ فَلَا يَحْمِلُهُ وَأَمَّا بُيُوتُ الشَّيَاطِينِ فَلَمْ أَرَهَا كَانَ سَعِيدٌ يَقُولُ: لَا أُرَاهَا إِلَّا هَذِهِ الْأَقْفَاصَ الَّتِي يَسْتُرُ النَّاسُ بِالدِّيبَاجِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3919. सईद बिन अबी हिन्द, अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुछ ऊंट और कुछ घर शैतानो के लिए होते हैं, शैतानो के ऊंट तो मैंने देख लिए है तुम में से कोई एक अपने बेहतरीन ऊटों के साथ निकलता है जिन्हें उस ने खूब मोटा किया होता है, लेकिन वह उन में से किसी ऊंट पर नहीं बेठता, और वह अपने किसी मुसलमान भाई के पास से गुज़रता है जो के थक चूका होता है लेकिन यह इसे सवार नहीं करता, लेकिन शैतानो के घर मैंने नहीं देखे”, सईद कहा करते थे, मैं समझता हूँ कि उन से यह होद्ज मुराद है जिन्हें लोग देबाज रेशम से ढांपते है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2568) * رجاله ثقات ولکن سعید بن ابی هند ’’ لم یلق ابا هریرة ‘‘ قاله ابو حاتم الرازی (انظر المراسیل ص 75) فالسند منقطع

٣٩٢٠ - (صَحِيح) وَعَن سهلِ بن مُعاذٍ عَن أبيهِ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَضَيَّقَ النَّاسُ الْمُنَازِلَ وَقَطَعُوا الطَّرِيقَ فَبَعَثَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُنَادِيًا يُنادي فِي النَّاسِ: «أَنَّ مَنْ ضَيَّقَ مَنْزِلًا أَوْ قَطَعَ طَرِيقًا فَلَا جِهَادَ لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3920. सहल बिन मुआज़ अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम ने नबी ﷺ के साथ जिहाद किया तो लोगो ने (जाईदा ज़रूरत जगह घेर कर) मंजिलो को तंग कर दिया, और रास्ते बंद कर दिए, नबी ﷺ ने मुनादी (एलान) करने वाले को भेजा के वह लोगो में एलान कर दे के जिस ने मंजिल तंग कि या रास्ता बंद किया तो उस का कोई जिहाद नहीं|” (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2629)

٣٩٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَحْسَنَ مَا دَخَلَ الرَّجُلُ أَهْلَهُ إِذَا قَدِمَ مِنْ سفرٍ أَوَّلُ الليلِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3921. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी सफ़र से वापिस आए तो उस का अपने अहले खाना के पास आने का बेहतरीन वक़्त रात का इब्तिदाई हिस्सा है”| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2777)

आदाब ए सफ़र का बयान • بَاب آدَاب السّفر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٩٢٢ - (صَحِيح) عَن أبي قتادة قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا كَانَ فِي سَفَرٍ فَعَرَّسَ بِلَيْلٍ اضْطَجَعَ عَلَى يَمِينِهِ وَإِذَا عَرَّسَ قُبَيْلَ الصُّبْحِ نَصَبَ ذِرَاعَهُ وَوَضَعَ رَأْسَهُ عَلَى كَفِّهِ. رَوَاهُ مُسلم

3922. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ रात के वक़्त पड़ाव डालते तो आप अपने दाए पहलु पर लेट जाते और जब सुबह से थोड़ा पहले पड़ाव डालते तो आप अपने कोहनी खड़ी करते और अपना सर अपने हथेली पर रखते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (313 / 683)، (1565)

٣٩٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: بَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ رَوَاحَةَ فِي سَرِيَّةٍ فَوَافَقَ ذَلِكَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَغَدَا أَصْحَابُهُ وَقَالَ: أَتَخَلَّفُ وأُصلّي مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ أَلْحَقُهُمْ فَلَمَّا صَلَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَآهُ فَقَالَ: «مَا مَنَعَكَ أَنْ تَغْدُوَ مَعَ أَصْحَابِكَ؟» فَقَالَ: أَرَدْتُ أَنْ أُصَلِّيَ مَعَكَ ثُمَّ أَلْحَقُهُمْ فَقَالَ: «لَوْ أَنْفَقْتَ مَا فِي الْأَرْضِ جَمِيعًا مَا أدركْتَ فضلَ غدْوَتهمْ» . رَوَاهُ التِّرمِذيّ

3923. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अब्दुल्लाह बिन रवाहा रदी अल्लाहु अन्हु को एक लश्कर के साथ भेजा, इत्तेफाक से वह जुमा का दिन था, उन के साथ सुबह ही रवाना हो गए और उन्होंने (दिल में) कहा में कुछ ताखीर कर लेता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जुमा पढ़ता हूँ और फिर उन से जा मिलूँगा, जब उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़े जुमा पढ़ी और आप ने उन्हें देखा तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें अपने साथियो के साथ सुबह जाने से किस ने रोक रखा ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैंने इरादा किया के आप के साथ नमाज़ ए जुमा पढ़ूँगा और फिर उन के साथ जा मिलूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम ज़मीन भर की चीज़े खर्च कर दो तो तुम उन के जल्दी जाने की फ़ज़ीलत हासिल नहीं कर सकते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (527) * حجاج بن ارطاة : ضعیف مدلس و عنعن ، وتفرد به کما قال البیهقی (3 / 187)

٣٩٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْحَبُ الْمَلَائِكَةُ رُفْقَةً فِيهَا جِلْدُ نَمِرٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3924. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “फ़रिश्ते इस जमाअत के साथ नहीं होते जिस में चीते की खाल हो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (کتاب اللباس باب فی جلود النمورح 4130) * فیه قتادة مدلس و عنعن و حدیث ابی داود (2555) لا یستشهد له ، هو غیر هذا المتن

٣٩٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَيِّدُ الْقَوْمِ فِي السَّفَرِ خَادِمُهُمْ فَمَنْ سَبَقَهُمْ بِخِدْمَةٍ لَمْ يَسْبِقُوهُ بِعَمَلٍ إِلَّا الشَّهَادَةَ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

3925. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कौम का सरदार सफ़र में उनका खादिम होता है, जिस ने किसी खिदमत के ज़रिए इन पर सबकत हासिल कर ली तो वह लोग मा सिवाए शहादत के किसी और अमल के ज़रिए इस शख़्स से आगे नहीं बढ़ सकते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8407 ، نسخة محققة : 8050) * فيه ابو طاهر احمد بن الحسين : نا على بن عبد الرحيم الصفار ولم اعرفهما و الباقى : سنده حسن

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ
कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दावात देने का बयान

الْفَصْلُ الأول
पहली फस्ल

٣٩٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى قَيْصَرَ يَدْعُوهُ إِلَى الْإِسْلَامِ وَبَعَثَ بِكِتَابِهِ إِلَيْهِ دِحْيَةَ الْكَلْبِيَّ وَأَمَرَهُ أَنْ يَدْفَعَهُ إِلَى عَظِيمِ بُصْرَى لِيَدْفَعَهُ إِلَى قَيْصَرَ فَإِذَا فِيهِ: " بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ مِنْ مُحَمَّدٍ عَبْدِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ إِلَى هِرَقْلَ عَظِيمِ الرُّومِ سَلَامٌ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى أَمَّا بَعْدُ فَإِنِّي أدْعوكَ بداعيَةِ الْإِسْلَامِ أَسْلِمْ تَسْلَمْ وَأَسْلِمْ يُؤْتِكَ اللَّهُ أَجْرَكَ مَرَّتَيْنِ وَإِنْ تَوَلَّيْتَ فَعَلَيْكَ إِثْمُ الْأَرِيسِيِّينَ وَ (يَا أَهْلَ الْكِتَابِ تَعَالَوْا إِلَى كَلِمَةٍ سَوَاءٍ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ أَن لَا نَعْبُدَ إِلَّا اللَّهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهِ شَيْئًا وَلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا أَرْبَابًا مِنْ دُونِ اللَّهِ فَإِنْ تَوَلَّوْا فَقُولُوا: اشْهَدُوا بِأَنَّا مُسْلِمُونَ)»» مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ:»» مِنْ محمَّدٍ رسولِ اللَّهِ " وَقَالَ: «إِثْمُ اليريسيِّينَ» وَقَالَ: «بِدِعَايَةِ الْإِسْلَامِ»

3926. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने कैसर के नाम ख़त लिखा ताकि आप इसे इस्लाम की तरफ दावत दें, आप ﷺ ने दिह्यत कल्ब रदी अल्लाहु अन्हु को ख़त दे कर उस की तरफ भेजा और इसे हुक्म फ़रमाया के वह इसे अज़ीम बसरी के हवाले करे ताकि वह इसे कैसर तक पहुंचाए, उस में लिखा हुआ था (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) “शुरू अल्लाह के नाम से जो बहोत मेहरबान निहायत रहम करने वाला है”, अल्लाह के बन्दे और उस के रसूल मुहम्मद ﷺ की तरफ से हिरेकल अज़ीम रोम की तरफ इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे, अम्मा बाद! मैं तुम्हें इस्लाम की दावत पेश करता हूँ, इस्लाम लाओ सालिम रहोगे, इस्लाम लाओ! अल्लाह तुम्हें तुम्हारा अज़र दो बार देगा, और अगर तुमने रुगर्दानी की तो तुम पर रिआया का भी गुनाह होगा, ए अहले किताब! एक ऐसी बात की तरफ आओ जो हमारे और तुम्हारे दरमियान मुश्तरका है के हम अल्लाह के सिवा किसी और की इबादत न करे, और हम उस के साथ किसी को शरीक न करे, और हम अल्लाह के सिवा एक दूसरे को रब न बनाएं, पस अगर वह रुख फेरे तो कह दो की तुम लोग गवाह रहो

हम मुसलमान है”| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है रावी बयान करते हैं, “ मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल! की तरफ से ‘‘ फिर (اريسيّين) के बजाए (اليريسيّين) और (بداعية الاسلام) के बजाए (بدعاية الاسلام) के अल्फाज़ है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7) و مسلم (74 / 1772)، (4607)

٣٩٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ بِكِتَابِهِ إِلَى كِسْرَى مَعَ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ حُذَافَةَ السَّهْمِيِّ فَأَمَرَهُ أَنْ يَدْفَعَهُ إِلَى عَظِيمِ الْبَحْرَيْنِ فَدَفَعَهُ عَظِيمُ الْبَحْرَيْنِ إِلَى كِسْرَى [ص:١١٥ فَلَمَّا قَرَأَ مَزَّقَهُ قَالَ ابْنُ الْمُسَيَّبِ: فَدَعَا عَلَيْهِمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُمَزَّقُوا كُلَّ مُمَزَّقٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3927. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अब्दुल्लाह बिन हुज़ाफा सहमी रदी अल्लाहु अन्हु के ज़रिए कीसरा के नाम ख़त भेजा और उन्हें हुक्म फ़रमाया के वह इसे सरबराह बहरीन के हवाले करे, चुनांचे सरबराह बहरीन ने यह ख़त कीसरा के हवाले किया, जब उस ने पढ़ा तो उस ने इसे चाक कर दिया, इब्ने मुसय्यिब बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इन के लिए बद्दुआ की के वह पारह पारह कर दिए जाए| (बुखारी)

رواه البخاری (4424)

٣٩٢٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى كِسْرَى وَإِلَى قَيْصَرَ وَإِلَى النَّجَاشِيِّ وَإِلَى كُلِّ جَبَّارٍ يَدْعُوهُمْ إِلَى اللَّهِ وَلَيْسَ بِالنَّجَاشِيِّ الَّذِي صَلَّى عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3928. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने कीसरा, कैसर, नज्जाशी और हर सरकश के नाम ख़त लिखा और उन्हें अल्लाह की तरफ दावत दी और यह वह नज्जाशी नहीं जिस की नबी ﷺ ने नमाज़े जनाज़ा पढ़ी थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (75 / 1774)، (4609)

٣٩٢٩ - (صَحِيح) وَعَن سليمانَ بنِ بُريدةَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَمَّرَ أَمِيرًا عَلَى جَيْشٍ أَوْ سَرِيَّةٍ أَوْصَاهُ فِي خَاصَّتِهِ بِتَقْوَى اللَّهِ وَمَنْ مَعَهُ مِنَ الْمُسْلِمِينَ خَيْرًا ثُمَّ قَالَ: " اغْزُوَا بسمِ اللَّهِ قَاتِلُوا مَنْ كَفَرَ بِاللَّهِ اغْزُوَا فَلَا تَغُلُّوا وَلَا تَغْدِرُوا وَلَا تَمْثُلُوا وَلَا تَقْتُلُوا وَلِيدًا وَإِذَا لَقِيتَ عَدُوَّكَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَادْعُهُمْ إِلَى ثَلَاثِ خِصَالٍ أَوْ خِلَالٍ فَأَيَّتُهُنَّ مَا أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ ثُمَّ ادْعُهُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَإِنْ أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ ثُمَّ ادْعُهُمْ إِلَى التَّحَوُّلِ مِنْ دَارِهِمْ إِلَى دَارِ الْمُهَاجِرِينَ وَأَخْبِرْهُمْ أَنَّهُمْ إِنْ فَعَلُوا ذَلِكَ فَلَهُمْ مَا لِلْمُهَاجِرِينَ وَعَلَيْهِمْ مَا عَلَى الْمُهَاجِرِينَ فَإِنْ أَبَوْا أَنْ يَتَحَوَّلُوا مِنْهَا فَأَخْبِرْهُمْ أَنَّهُمْ يَكُونُونَ كَأَعْرَابِ الْمُسْلِمِينَ يُجْرَى عَلَيْهِمْ حُكْمُ الله الَّذِي يُجْرَى عَلَيْهِمْ حُكْمُ اللَّهِ الَّذِي يُجْرَى عَلَى الْمُؤْمِنِينَ وَلَا يَكُونُ لَهُمْ فِي الْغَنِيمَةِ وَالْفَيْءِ شَيْءٌ إِلَّا أَنْ يُجَاهِدُوا مَعَ الْمُسْلِمِينَ فَإِنْ هم أَبَوا فعلهم الْجِزْيَةَ فَإِنْ هُمْ أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ فَإِنْ هُمْ أَبَوْا فَاسْتَعِنْ بِاللَّهِ وَقَاتِلْهُمْ وَإِذَا حَاصَرْتَ أَهْلَ حِصْنٍ فَأَرَادُوكَ أَنْ تَجْعَلَ لَهُمْ ذِمَّةَ اللَّهِ وَذِمَّةَ نَبِيِّهِ فَلَا تَجْعَلْ لَهُمْ ذِمَّةَ اللَّهِ وَلَا ذِمَّةَ نَبِيِّهِ وَلَكِنِ اجْعَلْ لَهُمْ ذِمَّتَكَ وَذِمَّةَ أَصْحَابِكَ فَإِنَّكُمْ أَنْ تُخْفِرُوا ذِمَمَكُمْ وَذِمَمَ أَصْحَابِكُمْ أَهْوَنُ مِنْ أَنْ تُخْفِرُوا ذِمَّةَ اللَّهِ وَذِمَّةَ رَسُولِهِ وَإِنْ حَاصَرْتَ أَهْلَ حِصْنٍ فَأَرَادُوكَ أَنْ تُنْزِلَهُمْ عَلَى حُكْمِ [ص:١١٥ اللَّهِ فَلَا تُنْزِلْهُمْ عَلَى حُكْمِ اللَّهِ وَلَكِنْ أَنْزِلْهُمْ عَلَى حُكْمِكَ فَإِنَّكَ لَا تَدْرِي: أَتُصِيبُ حُكْمَ اللَّهِ فِيهِمْ أَمْ لَا؟ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3929. सुलेमान बिन बुरैदा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: जब रसूलुल्लाह ﷺ किसी लश्कर या किसी दस्ते पर कोई अमीर मुकर्रर फरमाते तो आप खास तौर पर इसे अल्लाह का खौफ इख़्तियार करने और अपने साथी मुसलमानों के साथ खैर व भलाई करने का हुक्म फरमाते, फिर फरमाते: “अल्लाह की राह में अल्लाह के नाम से जिहाद करो, अल्लाह के साथ कुफ्र करने वाले से किताल करो जिहाद करो, खयानत, दगाबाज़ी और मुसला मत करो, बच्चो को क़त्ल न करो, और जब तुम अपने मुशरिक दुश्मनों से मुलाकात करे तो उन्हें तीन चीजों की तरफ दावत दो, और वह उन में से जो कबूल कर ले, तो इन से कबूल कर लो और इन से (लड़ाई करने से) हाथ रोक लो, फिर उन्हें इस्लाम की तरफ दावत दो, अगर तुम्हारी बात मान लें तो इन से कबूल कर लो और इन से (लड़ाई करने से) हाथ रोक लो, फिर उन्हें उन के घर से दारुल मुहाजरिन की तरफ मुन्तकिल होने की दावत पेश करो और उन्हें बताओ के अगर उन्होंने ऐसा कर लिया तो फिर उन के वही हुकुक होंगे जो मुहाजरिन के होंगे और उनकी वही ज़िम्मेदारिया होगी जो मुहाजरिन की होगी, अगर वह वहां से मुन्तकिल होने से इन्कार करे तो उन्हें बताओ के उनका मुआमला देहातो में रिहाइश पज़ीर मुसलमानों जैसे होगा, अल्लाह के अहकाम इन पर वैसे ही जारी किए जाएँगे जैसे दीगर मोमिनो पर जारी होंगे, अगर वह मुसलमानों के साथ मिल कर जिहाद करेंगे तो तब इन के लिए माले गनीमत और माल ए फै में से हिस्सा होगा वरना नहीं, अगर वह इन्कार करे तो उन से जिज़िया तलब करो, अगर वह आप की बात मान लिया तो उनकी तरफ से कबूल करो और उन से लड़ाई मत करो, अगर वह इन्कार करे तो अल्लाह से मदद तलब करो और इनसे किताल करो, जब तुम किले वालो का मुहासरा करो और अगर वह तुम से यह चाहे के तुम उन्हें अल्लाह और उस के नबी की अमान दो तो उन्हें अल्लाह और उस के नबी की अमान मत देना, बल्के उन्हें अपने और अपने साथियो की अमान देना, क्योंकि अगर तुमने अपने और अपने साथियो की अमान को तोड़ा तो यह उन से सहल तर है के तुम अल्लाह और उस के रसूल की अमान को तोड़ो, और अगर तुम किले वालो का मुहासरा करो और वह तुम से मुतालबा करे की तुम उन्हें अल्लाह के हुक्म पर निकालो तो तुम उन्हें अल्लाह के हुक्म पर न निकालो बल्के तुम उन्हें अपने हुक्म पर निकालो, क्योंकि तुम नहीं जानते की तुम इन के बारे में अल्लाह के हुक्म के मुताबिक फैसला कर सकोगे या नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (3 / 1731)، (4522)

٣٩٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أوفى: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ أَيَّامِهِ الَّتِي لَقِيَ فِيهَا الْعَدُوَّ انْتَظَرَ حَتَّى مَالَتِ الشَّمْسُ ثُمَّ قَامَ فِي النَّاسِ فَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ لَا تَتَمَنَّوْا لِقَاءَ الْعَدُوِّ وَاسْأَلُوا اللَّهَ الْعَافِيَةَ فَإِذَا لَقِيتُمْ فَاصْبِرُوا وَاعْلَمُوا أَنَّ الْجَنَّةَ تَحْتَ ظِلَالِ السُّيُوفِ» ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ مُنْزِلَ الْكِتَابِ وَمُجْرِيَ السَّحَابِ وهازم الْأَحْزَاب واهزمهم وَانْصُرْنَا عَلَيْهِم»

3930. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने उन अय्याम में से किसी रोज़ जिस में आप दुश्मन से मिले ज़वाल ए आफ़ताब का इंतज़ार फ़रमाया, फिर खड़े हो कर लोगो से ख़िताब फ़रमाया: “लोगो! दुश्मन से मुलाकात की तमन्ना मत करो बल्कि अल्लाह से आफियत तलब करो, लेकिन जब तुम आमने सामने हो जाओ तो फिर सब्र करो और जान लो के जन्नत तलवारों के साए तले है”, फिर आप ﷺ ने यूँ दुआ फरमाई: “ए अल्लाह! किताब के नाज़िल फरमाने वाले, बादलो को चलाने वाले और लश्करो को शिकश्त देने वाले! उन्हें शिकश्त दे और उन के खिलाफ हमारी मदद फरमा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2965 2966) و مسلم (20 / 1742)، (4542)

٣٩٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا غَزَا بِنَا قَوْمًا لَمْ يَكُنْ يَغْزُو بِنَا حَتَّى يُصْبِحَ وَيَنْظُرَ إِلَيْهِمْ فَإِنْ سَمِعَ أَذَانًا كَفَّ عَنْهُمْ وَإِنْ لَمْ يَسْمَعْ أَذَانًا أَغَارَ عَلَيْهِمْ قَالَ: فَخَرَجْنَا إِلَى خَيْبَرَ فَانْتَهَيْنَا إِلَيْهِمْ لَيْلًا فَلَمَّا أَصْبَحَ وَلَمْ يسمَعْ أذاناً رَكِبَ وركِبْتُ خلفَ أبي طلحةَ وَإِنَّ قَدَمِي لَتَمَسُّ قَدِمَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَخَرَجُوا إِلَيْنَا بَمَكَاتِلِهِمْ ومساحيهم فَلَمَّا رأى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا: مُحَمَّدٌ واللَّهِ محمّدٌ والخميسُ فلَجؤوا إِلَى الْحِصْنِ فَلَمَّا رَآهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اللَّهُ أَكْبَرُ اللَّهُ أَكْبَرُ خَرِبَتْ خَيْبَرُ إِنَّا إِذَا نَزَلْنَا بِسَاحَةِ قومٍ فساءَ صباحُ المُنْذَرينَ»

3931. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब हमें ले कर किसी कौम से जिहाद करते तो आप इस वक़्त तक जिहाद का आगाज़ न फरमाते जब तक सुबह न हो जाती फिर आप उनका जाइज़ा लेते, अगर आप ﷺ आज़ान सुनते तो उन से लड़ाई न करते और अगर आज़ान न सुनते तो फिर इन पर हमला कर देते| रावी बयान करते हैं, हम खैबर की तरफ रवाना हुए तो हम रात के वक़्त वहां पहुँच गए, पस जब सुबह हुई तो आप ने आज़ान न सुनी, आप सवार हुए और मैं अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु के पीछे सवार हुआ, और मेरे कदम नबी ﷺ के कदम के साथ लग रहे थे, रावी बयान करते हैं, वह (काम की गर्ज़ से) अपने टोकरियों और फावड़ो के साथ हमारी तरफ आए, जब उन्होंने नबी ﷺ को देखा तो उन्होंने कहा: मुहम्मद, अल्लाह की क़सम! मुहम्मद लश्कर समेत (आ गए है), वह किला बंद हो गए, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें देखा तो फ़रमाया: “(اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, खैबर तबाह हुआ जब हम किसी कौम के मैदान में उतर पड़ते है, तो उन के डराए हुए लोगो की सुबह बुरी हो जाती है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (610) و مسلم (120 / 1365)، (4665)

٣٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَن النُّعْمَانِ بْنِ مُقَرِّنٍ قَالَ: شَهِدْتُ الْقِتَالَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ إِذَا لَمْ يُقَاتِلْ أَوَّلَ النَّهَارِ انْتَظَرَ حَتَّى تهب الْأَرْوَاح وتحضر الصَّلَاة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3932. नौमान बिन मुकर्रिन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जिहाद में शरीक था अगर आप दिन के आगाज़ में लड़ाई का आगाज़ न फरमाते, तो आप इंतज़ार फरमाते हत्ता के हवाए चलने लगती और नमाज़ (ज़ुहूर) का वक़्त हो जाता| (बुखारी)

رواه البخارى (3160)

कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दावात देने का बयान

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ

दूसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّانِي

٣٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن النُّعْمَان بن مقرن قَالَ: شَهِدْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ إِذَا لَمْ يُقَاتِلْ أَوَّلَ النَّهَارِ انْتَظَرَ حَتَّى تَزُولَ الشَّمْسُ وَتَهُبَّ الرِّيَاحُ وينزِلَ النَّصرُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3933. नौमान बिन मुकर्रिन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ था, जब आप दिन के पहले पहर किताल न करते तो आप ﷺ इंतज़ार फरमाते हत्ता के सूरज ढल जाता, हवाए चलने लगती और नुसरत नाज़िल होती| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2655)

٣٩٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قتادةَ عَنِ النُّعْمَانِ بْنِ مُقَرِّنٍ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ إِذَا طَلَعَ الْفَجْرُ أَمْسَكَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ فَإِذَا طَلَعَتْ قَاتَلَ فَإِذَا انْتَصَفَ النَّهَارُ أَمْسَكَ حَتَّى تَزُولَ الشَّمْسُ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ قَاتَلَ حَتَّى الْعَصْرِ ثُمَّ أَمْسَكَ حَتَّى يُصَلِّيَ الْعَصْرُ ثُمَّ يُقَاتِلُ قَالَ قَتَادَةُ: كَانَ يُقَالُ: عِنْدَ ذَلِكَ تُهِيجُ رِيَاحُ النَّصْرِ وَيَدْعُو الْمُؤْمِنُونَ لِجُيُوشِهِمْ فِي صلَاتهم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3934. क़तादाह, नुअमान बिन मुकर्रिन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में जिहाद किया, जब फज्र नमूदार हो जाती तो आप (किताल से) रुक जाते हत्ता के सूरज तुलुअ हो जाता जब वह तुलुअ हो जाता तो आप किताल करते, जब दोपहर हो जाता तो आप रुक जाते हत्ता के सूरज ढल जाता, जब सूरज ढल जाता तो आप असर तक किताल करते फिर आप रुक जाते थे हत्ता के नमाज़े असर पढ़ते, फिर आप किताल करते| क़तादाह बयान करते हैं, इस वक़्त कहा जाता था नुसरत की हवाए चलती है और मोमिन अपने नमाज़ो में अपने लश्करो के लिए दुआए करते हैं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1612) * قتادة مدلس و عنعن و حديث الترمذی (1613) يغنی عنه

٣٩٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عصامٍ المزنيِّ قَالَ بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَرِيَّةٍ فَقَالَ: «إِذَا رَأَيْتُمْ مَسْجِدًا أَوْ سَمِعْتُمْ مُؤَذِّنًا فَلَا تَقْتُلُوا أَحَدًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3935. ईसाम अल मुज़नी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें एक लश्कर में भेजा तो फ़रमाया: “जब तुम कोई मस्जिद देखो या किसी मुअज़्ज़िन को सुनो तो फिर तुम किसी को क़त्ल न करो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1549 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (2635) * ابن عصام لا يعرف حاله

कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दावात देने का बयान

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ

तीसरी फस्ल

الْفَصْلُ الثَّالِث

٣٩٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي وائلٍ قَالَ: كَتَبَ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ إِلَى أَهْلِ فَارِسَ: بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ مِنْ خَالِدِ بْنِ الْوَلِيدِ إِلَى رُسْتَمَ وَمِهْرَانَ فِي مَلَأِ فَارِسَ. سَلَامٌ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى. أَمَّا بَعْدُ فَإِنَّا نَدْعُوكُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَإِنْ أَبَيْتُمْ فَأَعْطُوا الْجِزْيَةَ عَنْ يَدٍ وَأَنْتُمْ صَاغِرُونَ فَإِنْ أَبَيْتُمْ فَإِنَّ مَعِيَ قَوْمًا يُحِبُّونَ الْقَتْلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ كَمَا يُحِبُّ فَارِسُ الْخَمْرَ وَالسَّلَامُ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة .

3936. अबू वाइल बयान करते हैं, खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु ने अहल ए फारस के नाम ख़त लिखा (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) “शुरू अल्लाह के नाम से जो बहोत मेहरबान निहायत रहम करने वाला है” खालिद बिन वलीद की तरफ से रुस्तम व मेहरान और फारस के सरदारों के नाम, इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे, अम्मा बाद! हम तुम्हें इस्लाम की तरफ दावत देते है, अगर तुम इन्कार करो तो तुम अपने हाथो जिज़िया अदा करो इस हाल में की तुम ज़लील हो, क्योंकि मेरे साथ ऐसे लोग है जो अल्लाह की राह में किताल को ऐसे पसंद करते हैं जैसे फारसी शराब पसंद करते हैं, और इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (لم اجده) [و روی الهاكم (3 / 299) و الطبرانی فی الكبير (4 / 105 ح 3806) و علی بن الجعد فی مسنده (2304 / 2394)] * فيه شريک القاضی مدلس و عنعن وله شواهد باطلة فی البداية و النهاية (6 / 348) وغيرهما و الحديث حسنه الهيشمی فی مجمع الزوائد (5 / 310) !

जिहाद में किताल का बयान

بَاب الْقِتَالِ فِي الْجِهَاد

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول

٣٩٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن جَابر قَالَ: قَالَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ أُحُدٍ: أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فَأَيْنَ أَنَا؟ قَالَ: «فِي الْجَنَّة» فَأَلْقَى ثَمَرَات فِي يَده ثمَّ قَاتل حَتَّى قتل

3937. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने नबी ﷺ से गज़वा ए उहद के रोज़ अर्ज़ किया, मुझे बताइए के अगर में क़त्ल कर दिया जाऊँ तो कहाँ होऊंगा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत में”, उस ने वह खजूरे, जो के उस के हाथ में थी, फेंक दी, फिर किताल किया हत्ता कि शहीद कर दिया गया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4046) و مسلم (143 / 1899)، (4913)

٣٩٣٨ - (صَحِيح) وَعَن كَعْب بن مالكٍ قَالَ: لَمْ يَكُنْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يُرِيدُ غَزْوَةً إِلَّا وَرَّى بِغَيْرِهَا حَتَّى كَانَتْ تِلْكَ الْغَزْوَةُ يَعْنِي غَزْوَةَ تَبُوكَ غَزَاهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَرٍّ شَدِيدٍ وَاسْتَقْبَلَ سَفَرًا بَعِيدًا وَمَفَازًا وَعَدُوًّا كَثِيرًا فَجَلَّى لِلْمُسْلِمِينَ أَمْرَهُمْ لِيَتَأَهَّبُوا أُهْبَةَ غَزْوِهِمْ فَأَخْبَرَهُمْ بِوَجْهِهِ الَّذِي يُرِيدُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3938. काब बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी गज़वा का इरादा फरमाते तो आप उस के अलावा किसी और का तोरिया फ़रमाया करते थे लेकिन जब यह गज़वा यानी गज़वा ए तबुक हुआ जिसे रसूलुल्लाह ﷺ ने सख्त गर्मी में लड़ा, उस में आप को दूर दराज़ का सफ़र बियाबान रास्ते और बहोत ज़्यादा दुश्मनों का सामना था, लिहाज़ा आप ﷺ ने मुसलमानों के लिए उन के मुआमले को वाज़ेह कर दिया ताकि वह अपने गज़वा के लिए खूब तय्यारी कर ले, आप ﷺ ने जिस सिम्त जाना था वह उन्हें बता दिया| (बुखारी)

رواه البخاری (4418)

٣٩٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الْحَرْب خدعة»

3939. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लड़ाई एक धोका है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3030) و مسلم (17 / 1739)، (4539)

٣٩٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَغْزُو بِأُمِّ سُلَيْمٍ وَنِسْوَةٍ مِنَ الْأَنْصَارِ مَعَهُ إِذَا غَزَا يَسْقِينَ الْمَاءَ وَيُدَاوِينَ الْجَرْحَى. رَوَاهُ مُسلم

3940. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ जिहाद के लिए जाता तो उम्मे सुलैम रदी अल्लाहु अन्हा और अंसार की कुछ औरते आप ﷺ के साथ जिहाद के लिए जाती, वह पानी पिलाती और ज़ख्मियों का इलाज करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1810)، (4682)

٣٩٤١ - (صَحِيح) وَعَن أُمِّ عطيَّةَ قَالَتْ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَبْعَ غَزَوَاتٍ أَخْلُفُهُمْ فِي رِحَالِهِمْ فَأَصْنَعُ لَهُمُ الطَّعَامَ وَأُدَاوِي الْجَرْحَى وَأَقُومُ عَلَى المرضى. رَوَاهُ مُسلم

3941. उम्म अतिया रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सात गज़वात में शिरकत की, मैं इन के सामान के पास रहा करती थी, इन के लिए खाना तैयार करती, ज़ख्मियों का इलाज करती और मरीज़ों की देख भाल किया करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (142 / 1812)، (4690)

٣٩٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَتْلِ النِّسَاءِ وَالصِّبْيَانِ

3942. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने औरतो और बच्चो को क़त्ल करने से मना फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3015) و مسلم (25 / 1744)، (4548)

٣٩٤٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن الصَّعبِ بنِ جِثَّامةَ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عنْ أهلِ الدَّارِ يَبِيتُونَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَيُصَابَ مِنْ نِسَائِهِمْ وَذَرَارِيِّهِمْ قَالَ: «هُمْ مِنْهُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «هُمْ مِنْ آبائِهم»

3943. सअबी बिन जस्सामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से मुहल्लों में रहने वाले मुशरिकीन के बारे में दरियाफ्त किया गया जिन पर रात में हमला (छापा) जिस मैं इन की औरते और उन के बच्चे हलाक हो जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो भी उन्हें के हुक्म में है”, एक दूसरी रिवायत में है: “वो अपने आबाअ के ताबेअ है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3012) و مسلم (26 / 1745)، (4549)

٣٩٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَطَعَ نَخْلَ بني النَّضيرِ وحرَّقَ وَلها يقولُ حسَّانٌ:»» وَهَانَ عَلَى سَرَاةِ بَنِي لُؤَيٍّ حَرِيقٌ بِالْبُوَيْرَةِ مُستَطيرُ»» وَفِي ذَلِكَ نَزَلَتْ (مَا قَطَعْتُمْ مِنْ لِينَةٍ أَوْ تَرَكْتُمُوهَا قَائِمَةً عَلَى أُصُولِهَا فَبِإِذْنِ اللَّهِ)

3944. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने बनू नज़ीर के खजूरो के दरख्त काटे और जलाए, हस्सान रदी अल्लाहु अन्हु ने उस के मुत्तल्लिक शेर कहा: “बनू लुइ के सरदारों के लिए बवेरा (पर खजूरो के दरख्तों को) जलाना आसान हुआ जो के फैला हुआ था”, और उस के मुत्तल्लिक यह आयत नाज़िल हुई: “तुमने खजूर के जो दरख्त काट डाल या उन्हें उन के तनो पर काइम रहने दिया वह (सब) अल्लाह के हुक्म से था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4031 4032) و مسلم (30 / 1746)، (4553)

٣٩٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَوْنٍ: أَنَّ نَافِعًا كَتَبَ إِلَيْهِ يُخْبِرُهُ أَنَّ ابْنَ عمر أخبرهُ أن ابْن عمر أَخْبَرَهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَغَارَ عَلَى بَنِي الْمُصْطَلِقِ غَارِّينَ فِي نَعَمِهِمْ بِالْمُرَيْسِيعِ فَقتل الْمُقَاتلَة وسبى الذُّرِّيَّة

3945. अब्दुल्लाह बिन औन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के (इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के आज़ाद करदा गुलाम) नाफेअ रहीमा उल्लाह ने उन्हें ख़त लिखा जिस में इन्होंने उन्हें (यानी मुझे) यह बताया की इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने उन्हें (यानी नाफेअ को) खबर दी के नबी ﷺ ने बनू मुस्तलक पर इस वक़्त हमला किया जब वह मुरसीअ के मक़ाम पर अपने मवेशियों में गाफ़िल थे, आप ﷺ ने जंगजूओ को क़त्ल किया और बच्चो को कैदी बनाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2541) و مسلم (1 / 1730)، (4519)

٣٩٤٦ - (صَحِيح) وَعَن أبي أَسِيدٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لَنَا يَوْمَ بَدْرٍ حِينَ صَفَفْنَا لِقُرَيْشٍ وَصَفُّوا لَنَا: «إِذَا أَكْثَبُوكُمْ فَعَلَيْكُمْ بِالنَّبْلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِذَا أَكْثَبُوكُمْ فَارْمُوهُمْ وَاسْتَبْقُوا نَبْلَكُمْ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ»» وَحَدِيث سعد: «هُوَ تُنْصَرُونَ» سَنَذْكُرُهُ فِي بَابِ «فَضْلِ الْفُقَرَاءِ» . وَحَدِيثُ الْبَرَاءِ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَهْطًا فِي بَابِ «الْمُعْجِزَاتِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

3946. अबू उसैद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब ग़ज़वा ए बद्र के मौके पर हम और कुरैश एक दुसरे के सामने सफ आराअ हुए तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब वह तुम्हारे करीब आजाए तो तुम इन पर तीर बरसाओ| और एक दूसरी रिवायत में है की जब वह तुम्हारे करीब आ जाए तो तुम इन पर तीर बरसाओ और कुछ तीर अपने पास महफ़ूज़ रखो”| # और साद (र) से मरवी हदीस: “तुम्हारी मदद नहीं की जाती ......” हम अनकरीब بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ (फकीरों की फ़ज़ीलत और नबी ﷺ की गुजरान का बयान में ज़िक्र करेंगे और बराअ (र) से मरवी हदीस “ रसूलुल्लाह ﷺ ने एक लश्कर भेजा ....”, بَاب فِي المعجزات (मोजिजो का बयान) मैं इनशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे| (बुखारी)

رواه البخاری (2900) 0 حدیث سعد یاتی (5232) و حدیث البراء یاتی (5876)

بَاب الْقِتَال فِي الْجِهَاد • जिहाद में किताल का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٩٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عبدِ الرَّحمنِ بن عَوفٍ قَالَ: عَبَّأَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ببدر لَيْلًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3947. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने बद्र के मक़ाम पर हमें रात के वक्त ही तैयार कर दिया था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1677 وقال : ضعیف) * محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و عنعن ، محمد بن حمید : ضعیف

٣٩٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الْمُهلب أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنْ بَيَّتَكُمُ الْعَدُوُّ فَلْيَكُنْ شِعَارُكُمْ: حم لَا يَنْصرُونَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3948. मुहल्लब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर दुश्मन तुम पर छापा (रात में हमला) मारे तुम्हारा शिआर (नारा) यह होना चाहिए حٰمٓ لَا يُنْصَرُوْنَ”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1682 وقال : حسن صحیح غریب) ابوداؤد (2597)

٣٩٤٩ - (ضَعِيف) وَعَن سَمُرَةَ بن جُندبٍ قَالَ: كَانَ شِعَارُ الْمُهَاجِرِينَ: عَبْدَ اللَّهِ وَشِعَارُ الْأَنْصَار: عبدُ الرَّحمنِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3949. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुहाजरिन का शिआर (नारा) “ अब्दुल्लाह” और अंसार का शिआर “अब्दुल रहमान” था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2595) * حجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و قتادة مدلس و عنعن

٣٩٥٠ - (حسن) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ أبي بكر زمن النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فبيَّتْناهُم نَقْتُلُهُمْ وَكَانَ شِعَارُنَا تِلْكَ اللَّيْلَةَ: أَمِتْ أَمِتْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3950. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने नबी ﷺ के दौर में अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु की साथ में जिहाद किया, हमने इन पर छापा (रात में हमला) मारा, हम उन्हें क़त्ल करते, और इस रात हमारा शिआर (नारा) था: अमित, अमित, यानी मारो, मारो| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2638)

٣٩٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قيسِ بنِ عُبادٍ قَالَ: كَانَ أَصْحَابُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَكْرَهُونَ الصَّوْتَ عِنْدَ الْقِتَالِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3951. कैस बिन अब्बाद रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा किताल के वक़्त (अल्लाह के ज़िक्र के अलावा) शोरो शगब को नापसंद करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2656) * قتادة و الحسن مدلسان و عنعنا

٣٩٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَمُرَة بن جُنْدُبٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اقْتُلُوا شُيُوخَ الْمُشْرِكِينَ وَاسْتَحْيُوا شَرْخَهُمْ» أَيْ صِبْيَانَهُمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3952. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुशरिकीन के बूढ़ो को क़त्ल करो और उन के बच्चो को जिंदा रखो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1583 وقال : حسن صحيح غريب) و ابوداؤد (2670) * قتادة مدلس و عنعن

٣٩٥٣ - (ضَعِيف) وَعَن عُروَةَ قَالَ: حدَّثني أسامةُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَهِدَ إِلَيْهِ قَالَ: «أَغِرْ عَلَى أُبْنَى صباحا وَحرق» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3953. उरवा रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, उसामा रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे वसीयत करते हुए फ़रमाया: “उबना पर सुबह के वक़्त हमला कर और उन की खेतियों और दरख्त जला दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2616) [و ابن ماجه (2843)] * صالح بن ابی الاخضر : ضعيف يعتبر به و فيه علة أخرى

٣٩٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أَسَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ: «إِذَا [ص:١١٥ أَكْثَبُوكُمْ فَارْمُوهُمْ وَلَا تَسُلُّوا السُّيُوفَ حَتَّى يَغْشَوْكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3954. अबू उसैद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए बद्र के मौके पर फ़रमाया: “जब वह तुम्हारे करीब आजाए तो फिर इन पर तीर चलाओ और जब तक वह तुम्हारे बहोत करीब न आजाए तलवारे न सोतो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2664) * فيه اسحاق بن نجيح غير الملطى : مجهول ، و مالك بن حمزة : مستور

٣٩٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رَبَاح بن الرَّبيع قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غزوةٍ فَرَأى الناسَ مجتمعينَ عَلَى شَيْءٍ فَبَعَثَ رَجُلًا فَقَالَ: «انْظُرُوا عَلَى من اجْتمع هَؤُلَاءِ؟» فَقَالَ: عَلَى امْرَأَةٍ قَتِيلٍ فَقَالَ: «مَا كَانَتْ هَذِهِ لِتُقَاتِلَ» وَعَلَى الْمُقَدِّمَةِ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ فَبَعَثَ رَجُلًا فَقَالَ: " قُلْ لِخَالِدٍ: لَا تَقْتُلِ امْرَأَة وَلَا عسيفا ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3955. रिबाह बिन रबीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक गज़वा मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, आप ने लोगो को किसी चीज़ के गिर्द जमा देखा तो आप ﷺ ने एक आदमी भेजा और फ़रमाया देख वह लोग किस लिए जमा है ?” वह आया तो उस ने अर्ज़ किया, एक मकतुल औरत के गिर्द जमा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये तो जंगजू न थी”, हर अव्वल दस्ते पर खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु थे, आप ﷺ ने एक आदमी भेजा और इसे फ़रमाया: “खालिद से कहो: ना किसी औरत को क़त्ल करो न किसी अजिर (मज़दूर) को”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2669)

٣٩٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «انْطَلِقُوا بِاسْمِ اللَّهِ وَبِاللَّهِ وعَلى ملّة رسولِ الله لَا تقْتُلوا شَيْخًا فَانِيًا وَلَا طِفْلًا صَغِيرًا وَلَا امْرَأَةً وَلَا تَغُلُّوا وَضُمُّوا غَنَائِمَكُمْ وَأَصْلِحُوا وَأَحْسِنُوا فَإِنَّ اللَّهَ يحبُّ المحسنينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3956. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के नाम के साथ, अल्लाह की तौफिक से और रसूलुल्लाह ﷺ की मिल्लत पर चलो, ना किसी बहोत बूढ़े शख़्स को क़त्ल करो न किसी छोटे बच्चे को और ना ही किसी औरत को, और न खयानत करो, अपना माले गनीमत इकट्ठा करो, (अपने उमूर की) इस्लाह करो और इहसान करो क्योंकि अल्लाह इहसान करने वालो को पसंद फरमाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2614) * خالد بن الفرز : ضعيف ، ضعفه ابن معين وغيره ولم يوثقه غير ابن حبان

٣٩٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمُ بَدْرٍ تَقَدَّمَ عُتْبَةُ بْنُ رَبِيعَةَ وَتَبِعَهُ ابْنُهُ وَأَخُوهُ فَنَادَى: مَنْ يُبَارِزُ؟ فَانْتُدِبَ لَهُ شبابٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: مَنْ أَنْتُمْ؟ فَأَخْبَرُوهُ فَقَالَ: لَا حَاجَةَ لَنَا فِيكُمْ إِنَّمَا أَرَدْنَا بَنِي عَمِّنَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُمْ يَا حَمْزَةُ قُمْ يَا عَلِيُّ قُمْ يَا عُبَيْدَةُ بْنَ الْحَارِثِ» . فَأَقْبَلَ حَمْزَةُ إِلى عتبةَ وَأَقْبَلْتُ إِلَى شَيْبَةَ وَاخْتَلَفَ بَيْنَ عُبَيْدَةَ وَالْوَلِيدِ ضَرْبَتَانِ فَأَثْخَنَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا صَاحِبَهُ ثُمَّ مِلْنَا عَلَى الْوَلِيدِ فَقَتَلْنَاهُ وَاحْتَمَلْنَا عُبَيْدَةَ. رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3957. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब बद्र का दिन थे तो उत्बा बिन रबिआ आगे बढ़ा, उस के पीछे उस का बेटा (वलीद बिन उत्बा) और उस का भाई (शैबा बिन रबीआ) भी आ गया, तो उत्बा ने कहा मुकाबले पर कौन आता है? उस की इस ललकार का अंसार के नौजवानों ने जवाब दिया तो उसने पूछा, तुम कौन हो ? उन्होंने इसे बताया तो उस ने कहा हमारा तुम से कोई सरुकार नहीं, हम तो तो अपने चाचाजादों से लड़ना चाहते है, तब रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम्ज़ा! उठो, अली! उठो, उबैदाह बिन हारिस! उठो”, हम्ज़ा रदी अल्लाहु अन्हु उत्बा की तरफ मुतवज्जे हुए और मैं शैबा की तरफ जबके उबैदाह रदी अल्लाहु अन्हु और वलीद के दरमियान दो दो वार हुए और इन दोनों में से हर एक ने अपने मुकाबिल को ज़ख़्मी किया, फिर हम वलीद माइल हुए और इसे क़त्ल कर दिया और हमने उबैदाह रदी अल्लाहु अन्हु को उठा लिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 117 ح 948) و ابوداؤد (2665) * ابو اسحاق مدلس و عنعن وله شواهد مرسلة

٣٩٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ عُمر قَالَ: بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَرِيَّةٍ فَحَاصَ النَّاسُ حَيْصَةً فَأَتَيْنَا الْمَدِينَةَ فَاخْتَفَيْنَا بِهَا وَقُلْنَا: هَلَكْنَا ثُمَّ أَتَيْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَا: يَا رَسُول الله نَحن الفارون. قَالَ: «بَلْ أَنْتُمُ الْعَكَّارُونَ وَأَنَا فِئَتُكُمْ» . [ص:١١٥ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ نَحْوَهُ وَقَالَ: «لَا بَلْ أَنْتُمُ الْعَكَّارُونَ» قَالَ: فَدَنَوْنَا فَقَبَّلْنَا يَده فَقَالَ: «أَنا فِئَة من الْمُسْلِمِينَ»»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أُمَيَّةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ: كَانَ يَسْتَفْتِحُ وَحَدِيثُ أَبِي الدَّرْدَاءِ «ابْغُونِي فِي ضُعَفَائِكُمْ» فِي بَابِ «فَضْلِ الْفُقَرَاءِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

3958. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें एक लश्कर में रवाना किया लोग मैदाने जंग से भाग गए और हमने मदीना मुनव्वरा पहुँच कर पनाह ली, और हमने कहा, हम मारे गए, फिर हमने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम तो फरार होने वाले हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्के तुम दोबारा हमला करने वाले हो, और मैं तुम्हारी जमाअत हूँ (के फरार के ज़िमरे में नहीं, बल्के तुम जमाअत के पास आए हो)”| तिरमिज़ी, और अबू दावुद की रिवायत में इसी तरह है, और फ़रमाया: “बल्के जाने वाले हो”, रावी बयान करते हैं, हम करीब हुए और हमने आप ﷺ के दस्ते मुबारक को बोसा दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं मुसलमानों की जमाअत हूँ”| # और हम उमय्य बिन अब्दुल्ला इसे मरवी हदीस ((كان يستفتح)) और अबू दरदा (र) से मरवी हदीस: “मुझे अपने जअफाअ में तलाश करो بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ (फकीरों की फ़ज़ीलत और नबी ﷺ की गुजरान का बयान) मैं इंशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे. (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1716 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2647) * فیه یزید بن ابی زیاد : ضعیف مدلس مختلط 0 حدیث امیة بن عبدالله یاتی (5247) و حدیث ابی الدرداء یاتی (5246)

जिहाद में किताल का बयान

بَاب الْقِتَال فِي الْجِهَاد •

तीसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّالِث •

٣٩٥٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ ثَوْبَانَ بْنِ يَزِيدَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَصَبَ الْمَنْجَنِيقَ عَلَى أَهْلِ الطائفِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ مُرْسلا

3959. सौबान बिन यज़ीद से रिवायत है के नबी ﷺ ने अहल ताईफ पर मंजनिक लगाई| इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه الترمذی (2762) * فيه عمر بن هارون : متروک و للحديث شواهد ضعيفة ، انظر بلوغ المرام بتحقيقی (1306)

कैदियों के हुक्म का बयान

بَاب حكم الاسراء •

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول •

٣٩٦٠ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عَجِبَ اللَّهُ مِنْ قَوْمٍ يُدْخَلُونَ الْجَنَّةَ فِي السَّلَاسِلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «يُقَادُونَ إِلى الجنَّةِ بالسلاسل» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3960. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह उन लोगो पर ताज्जुब करेगा, जो बेड़िया पहने हुए जन्नत में दाखिल किए जाएँगे”, एक दूसरी रिवायत में है: “जिन्हें बेड़िया पहना कर जन्नत की तरफ चलाया जाएगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (3010)

٣٩٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَيْنٌ مِنَ الْمُشْرِكِينَ وَهُوَ فِي سَفَرٍ فَجَلَسَ عِنْدَ أَصْحَابِهِ يَتَحَدَّثُ ثُمَّ انْفَتَلَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اطْلُبُوهُ وَاقْتُلُوهُ» . فَقَتَلْتُهُ فنفَّلَني سلبَه

3961. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दौरान ए सफ़र मुशरिकीन में से एक जासूस आप ﷺ के पास आया और वह आप के साथियो के पास बैठ कर बाते करता रहा, फिर गायब हो गया, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे तलाश करो और इसे क़त्ल कर दो”, चुनांचे मैंने इसे क़त्ल कर दिया तो आप ﷺ ने उस का सामान मुझे अता फरमा दिया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3051) و مسلم (45 / 1754)، (4572)

٣٩٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَوَازِنَ فَبَيْنَا نَحْنُ نَتَضَحَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَ رَجُلٌ عَلَى جَمَلٍ أَحْمَرَ فَأَنَاخَهُ وَجَعَلَ يَنْظُرُ وَفِينَا ضَعْفَةٌ وَرِقَّةٌ مِنَ الظَّهْرِ وَبَعْضُنَا مُشَاةٌ إِذْ خَرَجَ يَشْتَدُّ فَأَتَى جَمَلَهُ فَأَثَارَهُ فَاشْتَدَّ بِهِ الْجَمَلُ فَخَرَجْتُ أَشْتَدُّ حَتَّى أَخَذْتُ بِخِطَامِ الْجَمَلِ فَأَنَخْتُهُ ثُمَّ اخْتَرَطْتُ سَيْفِي فَضَرَبْتُ رَأْسَ الرَّجُلِ ثُمَّ جِئْتُ بِالْجَمَلِ أَقُودُهُ وَعَلَيْهِ رَحْلُهُ وَسِلَاحُهُ فَاسْتَقْبَلَنِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالنَّاسُ فَقَالَ: «مَنْ قَتَلَ الرَّجُلَ؟» قَالُوا: ابْنُ الْأَكْوَعِ فَقَالَ: «لَهُ سَلَبُهُ أَجْمَعُ»

3962. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ हवाज़ीन कबिले से जिहाद किया, इस असना में के हम चाश्त के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ के साथ खाना खा रहे थे एक आदमी सुर्ख ऊंट पर आया तो उस ने इसे बिठा दीया और वह जाइज़ा लेने लगा, इस वक़्त हम में ज़ईफ़ी व सुस्ती थी, सवारी कम थी जबके हम में से बाज़ प्यादेह थे, वह आदमी अचानक हमारे बीच में से निकला तेज़ी से अपने ऊंट के पास आया इसे खड़ा किया और ऊंट इसे तेज़ी के साथ ले गया, मैं भी तेज़ी से रवाना हुआ हत्ता के मैंने ऊंट की लगाम पकड़ ली इसे बिठाया फिरमैंने अपनी तलवार सोंट ली, मैंने इस आदमी का सर कलम कर दिया और ऊंट ले आया उस का साज़ो सामान और उस का अस्लिहा भी उस पर ले आया, रसूलुल्लाह ﷺ और सहाबा ने मेरा इस्तेकबाल किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस आदमी को किस ने क़त्ल किया ? सहाबा ने बताया इब्ने अक्वाअ ने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का सारा साज़ो सामान उस के लिए है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3051) و مسلم (45 / 1754)، (4572)

٣٩٦٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: لَمَّا نَزَلَتْ بَنُو قُرَيْظَةَ عَلَى حُكْمِ [ص:١١٥ سَعْدِ بْنِ مُعَاذٍ بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِليه فَجَاءَ عَلَى حِمَارٍ فَلَمَّا دَنَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُومُوا إِلَى سَيِّدِكُمْ» فَجَاءَ فَجَلَسَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ هَؤُلَاءِ نَزَلُوا عَلَى حُكْمِكَ» . قَالَ: فَإِنِّي أَحْكُمُ أَنْ تَقْتُلَ الْمُقَاتِلَةُ وَأَنْ تُسْبَى الذُّرِّيَّةُ. قَالَ: «لَقَدْ حَكَمْتَ فِيهِمْ بحُكْمِ المَلِكِ» . وَفِي رِوَايَة: «بِحكم الله»

3963. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब बनू कुरैज़ा, सईद बिन मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु के फैसले पर रज़ा मंद हो गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु को पैग़ाम भेजा तो वह गधे पर सवार हो कर आए, जब वह करीब आए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सरदार का इस्तेकबाल करो”, चुनांचे वह आए और बैठ गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये लोग तुम्हारे फैसले पर रज़ा मंद हुए है”, उन्होंने अर्ज़ किया: में फैसला करता हूँ कि उन के जंगजू क़त्ल कर दिए जाए और बच्चे कैदी बना लिए जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने उन के दरमियान अल्लाह बादशाह का फैसला किया है”, एक दूसरी रिवायत में है: “अल्लाह के हुक्म के मुताबिक (फैसला किया है) “| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3043 و الرواية الثانية : 3804) و مسلم (64 / 1769)، (4596)

٣٩٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَيْلًا قِبَلَ نَجْدٍ فَجَاءَتْ بِرَجُلٍ مِنْ بَنِي حَنِيفَةَ يُقَالُ لَهُ: ثُمَامَةُ بْنُ أُثَالٍ سَيِّدُ أَهْلِ الْيَمَامَةِ فَرَبَطُوهُ بِسَارِيَةٍ مِنْ سَوَارِي الْمَسْجِدِ فَخَرَجَ إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَاذَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عنْدي يَا مُحَمَّد خير إِن نقْتل تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ كُنْتُ تُرِيدُ الْمَالَ فَسَلْ تُعْطَ مِنْهُ مَا شِئْتَ فَتَرَكَهُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَانَ الْغَدُ فَقَالَ لَهُ: «مَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عِنْدِي مَا قُلْتُ لَكَ: إِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ تَقْتُلْ تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ كنت تريدُ المالَ فسَلْ تعط مِنْهُ مَا شِئْتَ. فَتَرَكَهُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَانَ بَعْدَ الْغَدِ فَقَالَ لَهُ: «مَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عِنْدِي مَا قُلْتُ لَكَ: إِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ تَقْتُلْ تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ كُنْتَ تُرِيدُ الْمَالَ فَسَلْ

تُعْطَ مِنْهُ مَا شِئْتَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَطْلِقُوا ثُمَامَةَ» فَانْطَلَقَ إِلَى نَخْلٍ قَرِيبٍ مِنَ الْمَسْجِدِ فَاغْتَسَلَ ثُمَّ دَخَلَ الْمَسْجِدَ فَقَالَ: أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَن مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ يَا مُحَمَّدُ وَاللَّهِ مَا كَانَ عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ وَجْهٌ أَبْغَضُ إِلَيَّ مِنْ وَجْهِكَ فَقَدْ أَصْبَحَ وَجْهُكَ أَحَبَّ الْوُجُوهِ كُلِّهَا إِلَيَّ وَاللَّهِ مَا كَانَ مِنْ دِينٍ أَبْغَضَ إِلَيَّ مِنْ دِينِكَ فَأَصْبَحَ دِينُكَ أَحَبَّ الدِّينِ كُلِّهِ إِلَيَّ وَوَاللَّهِ مَا كَانَ مِنْ [ص:١١٦ بَلَدٌ أَبْغَضَ إِلَيَّ مِنْ بَلَدِكَ فَأَصْبَحَ بَلَدُكَ أَحَبَّ الْبِلَادِ كُلِّهَا إِلَيَّ. وَإِنَّ خَيْلَكَ أَخَذَتْنِي وَأَنَا أُرِيدَ الْعُمْرَةَ فَمَاذَا تَرَى؟ فَبَشَّرَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَهُ أَنْ يَعْتَمِرَ فَلَمَّا قَدِمَ مَكَّةَ قَالَ لَهُ قَائِلٌ: أَصَبَوْتَ؟ فَقَالَ: لَا وَلَكِنِّي أَسْلَمْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاللَّهِ لَا يَأْتِيكُمْ مِنَ الْيَمَامَةِ حَبَّةُ حِنْطَةٍ حَتَّى يَأْذَنَ فِيهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم وَاخْتَصَرَهُ الْبُخَارِيّ

3964. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नज्द की तरफ एक लश्कर रवाना किया वह बनू हनीफा के समामा बिन असाल नामी शख़्स को पकड़ लाए जो के अहल यमाम का सरदार था, उन्होंने इसे मस्जिद के एक सुतून के साथ बांध दिया, रसूलुल्लाह ﷺ उस के पास तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “समामा तुम्हारा क्या ख़याल है?” उस ने कहा मुहम्मद ﷺ! खैर है, अगर तुमने क़त्ल किया तो साहबे खून को क़त्ल करोगे, अगर इहसान करोगे तो कदरदान पर इहसान करोगे और अगर आप माल चाहते है तो जितना चाहे मुतालबा करे आप को दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे (इस के हाल पर) छोड़ दिया, हत्ता के अगला रोज़ हुआ तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “समामा! तेरा क्या ख़याल है ?” उस ने कहा मेरा वही ख़याल है जो मैंने तुम्हें कहा था, अगर इहसान करोगे तो एक कदरदान पर इहसान करोगे, अगर क़त्ल करोगे तो एक ऐसे शख़्स को क़त्ल करोगे जिस का खून राइगा नहीं जाएगा और अगर आप माल चाहते है, तो जितना चाहो मुतालबा करो आप को दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे (इस के हाल पर) छोड़ दिया, हत्ता के अगला रोज़ हुआ तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “समामा तुम्हारा क्या ख़याल है ?” उस ने कहा मेरा वही मोक़िफ है जो मैंने आप को बताया था के अगर तुम इहसान करोगे तो एक कदरदान शख़्स पर इहसान करोगे अगर क़त्ल करोगे तो एक ऐसे शख़्स को क़त्ल करोगे जिस के खून का बदला लिया जाएगा और अगर तुम्हें माल चाहिए तो फिर जितना चाहो मुतालबा करो तुम्हें दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “समामा को खोल दो‘‘ वह मस्जिद के करीब खजूरो के दरख्तों की तरफ गया, गुसल किया, फिर मस्जिद में आया और कहा: मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बन्दे और उस के रसूल हैं”, मुहम्मद ﷺ! रुए ज़मीन पर आप का चेहरा मुझे सबसे ज़्यादा नापसंदीदा था जबके अब आप का चेहरा मुझे तमाम चेहरो से ज़्यादा पसंदीदा और महबूब है, अल्लाह की क़सम! आप के दीन से बढ़कर कोई दीन मुझे ज़्यादा नापसंदीदा नहीं था, अब आप का दीन मेरे नज़दीक तमाम अदियान से ज़्यादा पसंदीदा है, अल्लाह की क़सम! आप का शहर मुझे तमाम शहरो से ज़्यादा नापसंदीदा था, अब आप का शहर मेरे नज़दीक तमाम शहरो से ज़्यादा पसंदीदा है, आप के लश्कर ने मुझे गिरफ्तार कर लिया जबके मैं उमरह करने का इरादा रखता था, आप मेरे बारे किया फरमाते हैं ? रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बशारत सुनाई और इसे उमरह करने का हुक्म फ़रमाया, जब वह मक्का पहुंचे तो किसी ने उन्हें कहा क्या तुम बे दीन हो गए हो ? उन्होंने कहा: नहीं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इस्लाम कबूल कर लिया है, अल्लाह की क़सम! जब तक रसूलुल्लाह ﷺ इजाज़त न फरमादे यमाम से तुम्हारे पास गंदुम का एक दाना भी नहीं आएगा| मुस्लिम, इमाम बुखारी ने इसे मुख़्तसर बयान किया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4372) و مسلم (59 / 1764)، (4589)

٣٩٦٥ - (صَحِيح) وَعَن جُبَير بن مطعم أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي أَسَارَى بَدْرٍ: «لَوْ كَانَ الْمُطْعِمُ بْنُ عَدِيٍّ حَيًّا ثُمَّ كَلَّمَنِي فِي هَؤُلَاءِ النَّتْنَى لتركتهم لَهُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3965. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने बद्र के कैदियों के बारे में फ़रमाया: “अगर मूतइम बिन अदि जिंदा होता फिर वह उन नापाको के मुत्तल्लिक सिफारिश करता तो मैं इस की खातिर उन्हें छोड़ देता”| (बुखारी)

رواه البخاری (3139)

٣٩٦٦ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ: أَنَّ ثَمَانِينَ رَجُلًا مِنْ أَهْلِ مَكَّةَ هَبَطُوا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ جَبَلِ التَّنْعِيمِ مُتَسَلِّحِينَ يُرِيدُونَ غِرَّةَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابِهِ فَأَخَذَهُمْ سِلْمًا فَاسْتَحْيَاهُمْ. وَفِي رِوَايَةٍ: فَأَعْتَقَهُمْ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى (وَهُوَ الَّذِي كَفَّ أَيْدِيَهُمْ عَنْكُمْ وَأَيْدِيَكُمْ عَنْهُمْ ببطنِ مكةَ)»» رَوَاهُ مُسلم

3966. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अहले मक्का के अस्सी आदमी हथियार बंद नबी ﷺ और आप के सहाबा पर अचानक हमला करने की गर्ज़ से जबले तनइम से रसूलुल्लाह ﷺ पर उतर आए, आप ने उन्हें मग्लुब कर के गिरफ्तार कर लिया, लेकिन आप ने उन्हें जिंदा छोड़ दिया, एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने उन्हें आज़ाद कर दिया तो अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “वही ज़ात है जिस ने वादी ए मक्का में उन के हाथ तुम से रोके रखे और तुम्हारे हाथ उन से रोके रखे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 1808)، (4679)

٣٩٦٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ قَتَادَةَ قَالَ: ذَكَرَ لَنَا أَنَسُ بْنُ مَالِكٍ عَنْ أَبِي طَلْحَةَ أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ يَوْمَ بَدْرٍ بِأَرْبَعَةٍ وَعِشْرِينَ رَجُلًا مِنْ صَنَادِيدِ قُرَيْشٍ فَقَذَفُوا فِي طَوِيٍّ مِنْ أَطْوَاءِ بَدْرٍ خَبِيثٍ مُخْبِثٍ وَكَانَ ذَا ظهرَ عَلَى قَوْمٍ أَقَامَ بِالْعَرْصَةِ ثَلَاثَ لَيَالٍ فَلَمَّا كَانَ بِبَدْرٍ الْيَوْمَ الثَّالِثَ أَمَرَ بِرَاحِلَتِهِ فَشَدَّ عَلَيْهَا رَحْلَهَا ثُمَّ مَشَى وَاتَّبَعَهُ أَصْحَابُهُ حَتَّى قَامَ عَلَى شَفَةِ الرَّكِيِّ فَجَعَلَ يُنَادِيهِمْ بِأَسْمَائِهِمْ وأسماءِ آبائِهِم: «يَا فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ وَيَا فُلَانُ بْنَ فُلَانٍ أَيَسُرُّكُمْ أَنَّكُمْ أَطَعْتُمُ اللَّهَ وَرَسُولَهُ؟ فَإِنَّا قَدْ [ص:١١٦ وَجَدْنَا مَا وَعَدَنَا رَبُّنَا حَقًّا فَهَلْ وَجدتمْ مَا وعدَكم رَبُّكُمْ حَقًّا؟» فَقَالَ عُمَرُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا تُكَلِّمَ مِنْ أَجْسَادٍ لَا أَرْوَاحَ لَهَا؟ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ مَا أَنْتُمْ بِأَسْمَعَ لِمَا أَقُولُ مِنْهُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مَا أَنْتُمْ بِأَسْمَعَ مِنْهُمْ وَلَكِنْ لَا يُجِيبُونَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَزَادَ الْبُخَارِيُّ: قَالَ قَتَادَةُ: أَحْيَاهُمُ اللَّهُ حَتَّى أَسْمَعَهُمْ قولَه توْبيخاً وتصغيرا ونقمة وحسرة وندما

3967. क़तादाह रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु ने अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु की सनद से हमें बताया की नबी ﷺ ने गज़वा ए बद्र के रोज़ कुरैश के चोबीस सरदारों के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें बद्र के एक बंद कुंवो में डाल दिया गया जो के खबीस और खबीस बना देने वाला था, और आप का मामूल था की जब आप किसी कौम पर ग़ालिब आते तो आप मैदाने किताल में तीन राते कयाम फरमाते, चुनांचे जब बद्र में तीसरा रोज़ हुआ तो आप ने रखते सफ़र बांधने का हुक्म फ़रमाया, सवारी तैयार कर दे गई, फिर आप चले और आप के सहाबा भी आप के पीछे चलने लगे, हत्ता के आप इस कुंवो के किनारे, जिस में सरदाराने कुरैश की लाशें फेंकी गई थी, खड़े हो गए और आप उन्हें उन के और उन के आबाअ के नाम ले कर पुकारने लगे: “फलां बिन फलां! फलां बिन फलां! और तुम्हें यह बात अच्छी लगती है के तुम अल्लाह और उस के रसूल की इताअत करते, चुनांचे हमारे रब ने जिस चिज़ का हम से वादा किया था हमने तो उसे सच पा लिया, तुम्हारे रब ने जिस चिज़ का तुम से वादा किया था क्या तुम ने इसे सच्चा पाया ?” उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप मुर्दा जिस्मों से कलाम फरमा रहे हैं ? नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की

क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद की जान है! मैं जो कह रहा हूँ तुम उसे उन से ज़्यादा नहीं सुन रहे”| और एक दूसरी रिवायत में है: “तुम उन से ज़्यादा नहीं सुन रहे लेकिन वह जवाब नहीं देते”| बुखारी, मुस्लिम, और इमाम बुखारी रहीमा उल्लाह ने यह इज़ाफा नकल किया है की क़तादाह रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: अल्लाह ने उन्हें जिंदा कर दिया हत्ता के बाईस तोबिख व तहकिर, इन्तेकाम व हसरत और नदामत उन्हें आप ﷺ की बात सुना दी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3976 و الرواية الثانية : 1270) و مسلم (78 / 2875)، (7224)

٣٩٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ مَرْوَانَ وَالْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ حِينَ جَاءَهُ وَفد من هَوَازِنَ مُسْلِمِينَ فَسَأَلُوهُ أَنْ يَرُدَّ إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ وَسَبْيَهُمْ فَقَالَ: " فَاخْتَارُوا إِحْدَى الطَّائِفَتَيْنِ: إِمَّا السَّبْيَ وَإِمَّا الْمَالَ ". قَالُوا: فَإِنَّا نَخْتَارُ سَبْيَنَا. فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَثْنَى عَلَى اللَّهِ بِمَا هُوَ أَهْلُهُ ثُمَّ قَالَ: «أَمَّا بعدُ فإِنَّ إِخْوانَكم قدْ جاؤوا تَائِبِينَ وَإِنِّي قَدْ رَأَيْتُ أَنْ أَرُدَّ إِلَيْهِمْ سَبْيَهُمْ فَمَنْ أَحَبَّ مِنْكُمْ أَنْ يُطَيِّبَ ذَلِكَ فَلْيَفْعَلْ وَمَنْ أَحَبَّ مِنْكُمْ أَنْ يَكُونَ عَلَى حظِّه حَتَّى نُعطِيَه إِيَّاهُ مِنْ أَوَّلِ مَا يَفِيءُ اللَّهُ عَلَيْنَا فَلْيَفْعَلْ» فَقَالَ النَّاسُ: قَدْ طَيَّبْنَا ذَلِكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّا لَا نَدْرِي مَنْ أَذِنَ مِنْكُمْ مِمَّنْ لَمْ يَأْذَنْ فَارْجِعُوا حَتَّى يَرْفَعَ إِلَيْنَا عُرَفَاؤُكُمْ أَمْرَكُمْ» . فَرَجَعَ النَّاسُ فَكَلَّمَهُمْ عُرَفَاؤُهُمْ ثُمَّ رَجَعُوا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرُوهُ أَنَّهُمْ قد طيَّبوا وأَذنوا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3968. मरवान और मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब कबिले हवाज़ीन के लोग मुसलमान हो कर आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप वाज़ करने के लिए खड़े हुए, उन्होंने आप से मुतालबा किया के उन के अमवाल और उन के कैदी लौटा दिए जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दोनों में से एक चीज़ इख़्तियार कर लो ख्वाह कैदी, ख्वाह माल”, उन्होंने अर्ज़ किया, हम अपने कैदी लेना चाहते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए फिर अल्लाह की शियाए शान उस की सना बयान की फिर फ़रमाया: “अम्मा बाद तुम्हारे भाई मुसलमान हो कर आए हैं, मेरी राय तो यही है के उन के कैदी उन्हें लौटा दिए जाए, तुम में से जो कोई शख़्स ब ख़ुशी बे लोस ऐसे करना चाहता है तो वह करे और अगर तुम में से कोई अपना हिस्सा लेना पसंद करता है तो वह इंतज़ार करे हत्ता के अल्लाह हमें जो सबसे पहले माल ए फै अता फरमाए तो हम इसे वही चीज़ अता कर देंगे, लिहाज़ा अब वह ऐसा कर ले (के कैदी वापिस कर दे)”, लोगो ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमने यह काम ख़ुशी से कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम नहीं जानते के तुम में से किस ने इजाज़त दी और किस ने इजाज़त नहीं दी, तुमलौट जाओ हत्ता के तुम्हारे वकील तुम्हारा मुआमला हमारे सामने पेश करे”, लोगलौट गए उन के वकील ने उन से बात चित की, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में दोबारा आए और उन्होंने आप को बताया के वह राज़ी हैं और उन्होंने इजाज़त दि है| (बुखारी)

رواه البخاری (2307)

٣٩٦٩ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حُصَيْن قَالَ: كَانَت ثَقِيفٌ حَلِيفًا لِبَنِي عُقَيْلٍ فَأَسَرَتْ ثَقِيفٌ رَجُلَيْنِ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَسَرَ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا مِنْ بَنِي عُقَيْلٍ فَأَوْثَقُوهُ فَطَرَحُوهُ فِي الْحَرَّةِ فَمَرَّ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَادَاهُ: يَا مُحَمَّدُ يَا مُحَمَّدُ فِيمَ أُخِذْتُ؟ قَالَ: «بِجَرِيرَةِ حُلَفَائِكُمْ ثَقِيفٍ» فَتَرَكَهُ وَمَضَى فَنَادَاهُ: يَا مُحَمَّدُ يَا مُحَمَّدُ فَرَحِمَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فرجعَ فَقَالَ: «مَا شَأْنُكَ؟» قَالَ: إِنِّي مُسْلِمٌ. [ص:١١٦ فَقَالَ: «لَوْ قُلْتَهَا وَأَنْتَ تَمْلِكُ أَمْرَكَ أَفْلَحْتَ كُلَّ الْفَلَاحِ» . قَالَ: فَفَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بالرجلينِ اللَّذينِ أسرَتْهُما ثقيفٌ. رَوَاهُ مُسلم

3969. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सकिफ बनू उकैल के साथी थे, सकिफ (क़बीले) ने रसूलुल्लाह ﷺ के दो सहाबी क़ैद कर लिए, और रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ने बनू उकैल का एक आदमी क़ैद कर लिया और इसे बांध कर पथरीली ज़मीन पर फेंक दिया, रसूलुल्लाह ﷺ उस के पास से गुज़रे तो उस ने आप को आवाज़ दी: मुहम्मद! मुहम्मद! मुझे किस लिए पकड़ा गया है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथी सकिफ के जुर्म के बदला में”, आप ने इसे उस के हाल पर छोड़ा और आगे चल दिए, उस ने फिर आवाज़ दी, मुहम्मद! मुहम्मद! रसूलुल्लाह ﷺ को उस पर तरस आ गया और वापिस तशरीफ़ ला कर फ़रमाया: “तुम्हारा क्या हाल है ?” उस ने कहा में मुसलमान हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम इस वक़्त कहते जब की तुम अपने मुआमले के खुद मुख़्तार थे तो तुम मुकम्मल फलाह पा जाते”, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे इन दो आदमियों, जिन्हें सकिफ ने क़ैद कर रखा था, के बदले में छोड़ दिया (यानी तबादला कर लिया) | (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 1641)، (4245)

कैदियों के हुक्म का बयान • بَاب حكم الاسراء

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٣٩٧٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا بَعَثَ أَهْلُ مَكَّةَ فِي فِدَاءِ أَسَرَائِهِمْ بَعَثَتْ زَيْنَبُ فِي فِدَاءِ أَبِي الْعَاصِ بِمَالٍ وَبَعَثَتْ فِيهِ بِقِلَادَةٍ لَهَا كَانَتْ عِنْدَ خَدِيجَةَ أَدْخَلَتْهَا بِهَا عَلَى أَبِي الْعَاصِ فَلَمَّا رَآهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَقَّ لَهَا رِقَّةً شَدِيدَةً وَقَالَ: «إِنْ رَأَيْتُمْ أَنْ تُطْلِقُوا لَهَا أَسِيرَهَا وَتَرُدُّوا عَلَيْهَا الَّذِي لَهَا» فَقَالُوا: نَعَمْ وَكَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَذَ عَلَيْهِ أَنْ يُخَلِّيَ سَبِيلَ زَيْنَبَ إِلَيْهِ وَبَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَيْدَ بْنَ حَارِثَةَ وَرَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: «كونا ببطنِ يأجج حَتَّى تَمُرَّ بِكُمَا زَيْنَبُ فَتَصْحَبَاهَا حَتَّى تَأْتِيَا بهَا» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3970. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब मक्का वालो ने अपने कैदियों की रिहाई के लिए फिदिया भेजा तो जैनब रदी अल्लाहु अन्हु ने अबू अल आस (अपने खाविंद) के फिदिया में माल भेजा और उस में अपना हार भी भेजा जो ख़दीजा रदी अल्लाहु अन्हु का था जो उन्होंने उन्हें अबू अल आस के साथ शादी के मौके पर अता किया था, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने इस (हार) को देखा तो उन (ज़ैनब (र)) की खातिर आप पर शदीद रिक्क़त तारी हो गई और आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम मुनासिब समझो तो इस की खातिर कैदी को रिहा करो और उस का हार भी वापिस कर दो”, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, (अल्लाह के रसूल!) ठीक है और नबी ﷺ ने अबू अल आस से यह अहद लिया के वह जैनब को मेरे पास (मदीना) आने की इजाज़त दे दे, और रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़ैद बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु और अंसार के एक आदमी को (मक्के) भेजा तो फ़रमाया: “तुम दोनो याजिज के मक़ाम पर होना हत्ता के जैनब तुम्हारे पास से गुज़रे तो तुम उस के साथ हो लेना हत्ता कि तुम उन्हें यहाँ मदीना ले आना”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 276 ح 26894) و ابوداؤد (2692)

٣٩٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَسَرَ أَهْلَ بَدْرٍ قَتَلَ عُقْبَةَ بْنَ أَبِي مُعَيْطٍ وَالنَّضْرَ بْنَ الْحَارِثِ وَمَنَّ عَلَى أَبِي عَزَّةَ الْجُمَحِيِّ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة وَالشَّافِعِيّ وَابْن إِسْحَاق فِي «السِّيرَة»

3971. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले बद्र को क़ैद किया तो आप ने उक्बा बिन अबी मुअयत और नज़र बिन हारिस को क़त्ल किया और अबू अज़्ह जमही पर (बिला मुआवज़ा आज़ाद करने का) इहसान किया| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (11 / 78 بعد ح 2711) بدون السند عن الشافعی و للحدیث شواھد ضعیفة فی السیر و التاریخ

٣٩٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَرَادَ قَتْلَ عُقْبَةَ بْنَ أَبِي مُعَيْطٍ قَالَ: مَنْ لِلصِّبْيَةِ؟ قَالَ: «النَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3972. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उक्बा बिन अबी मुअयत को क़त्ल करने का इरादा किया तो उस ने कहा बच्चो के लिए कौन (कफील) है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “(तुम अपने जान की फकर करो तुम्हारे लिए) आग है”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2686) * ابراھیم النخعی مدلس و عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة

٣٩٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَنَّ جِبْرِيلَ هَبَطَ عَلَيْهِ فَقَالَ لَهُ: خَيِّرْهُمْ يَعْنِي أَصْحَابَكَ فِي أُسارى بدر: القتلَ والفداءَ عَلَى أَنْ يُقْتَلَ مِنْهُمْ قَابِلًا مِثْلُهُمْ " قَالُوا الْفِدَاءَ وَيُقْتَلَ مِنَّا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3973. अली रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की “ जिब्राइल अलैहिस्सलाम का नुज़ूल हुआ तो उन्होंने आप ﷺ से अर्ज़ किया, अपने सहाबा को बद्र के कैदियों के बारे में इख़्तियार दें के वह उन्हें क़त्ल कर दे या फिदिया ले लें के आइन्दा साल इतने ही (सत्तर) उन में से क़त्ल कर दिए जाएँगे”, उन्होंने अर्ज़ किया, फिदिया कबूल करते हैं और हमें मंज़ूर है के हम में से क़त्ल किए जाए| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1567) * ھشام بن حسان مدلس و عنعن

٣٩٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَطِيَّة القرظي قَالَ: كنتُ فِي سَبيِ قُرَيْظَةَ عُرِضْنَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانُوا يَنْظُرُونَ فَمَنْ أَنْبَتَ الشَّعَرَ قُتِلَ وَمَنْ لَمْ يُنْبِتْ لَمْ يُقْتَلْ فَكَشَفُوا عَانَتِي فَوَجَدُوهَا لَمْ تُنْبِتْ فَجَعَلُونِي فِي السَّبْيِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه. والدارمي

3974. अतिया कुरज़िय्यी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं कुरैज़ा के कैदियों मैं था, हमें नबी ﷺ के रूबरू पेश किया गया, वह देखते के जिस के ज़ेरे नाफ़ बाल उगे होते इसे क़त्ल कर दिया जाता और जिस के बाल न होते इसे क़त्ल न किया जाता, उन्होंने मेरी शर्मगाह से परदा उठाया और देखा के वहां बाल नहीं उगे तो उन्होंने मुझे कैदियों में शामिल कर दिया| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (4404) و ابن ماجه (2541) و الدارمی (2 / 223 ح 2467)

٣٩٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: خَرَجَ عِبْدَانٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْنِي الْحُدَيْبِيَةَ قَبْلَ الصُّلْحِ فَكَتَبَ إِلَيْهِ مَوَالِيهِمْ قَالُوا: يَا مُحَمَّدُ وَاللَّهِ مَا خَرَجُوا إِلَيْكَ رَغْبَةً فِي دِينِكَ وَإِنَّمَا خَرَجُوا هَرَبًا مِنَ الرِّقِّ. فَقَالَ نَاسٌ: صَدَقُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ رُدَّهُمْ إِلَيْهِمْ فَغَضِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «مَا أَرَاكُم تنتهونَ يَا مَعْشَرَ قُرَيْشٍ حَتَّى يَبْعَثَ اللَّهُ عَلَيْكُمْ مَنْ يَضْرِبُ رِقَابَكُمْ عَلَى هَذَا» . وَأَبَى أَنْ يَرُدَّهُمْ وَقَالَ: «هُمْ عُتَقَاءُ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3975. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सुलह हुदैबिया के रोज़ सुलह से पहले कुछ गुलाम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए तो उन के मालिको ने आप ﷺ के नाम ख़त लिखा: मुहम्मद ﷺ! अल्लाह की क़सम! यह लोग आप के दिन में रगबत रखने के पेशे नज़र आप के पास नहीं आए, बल्के यह तो गुलामी से भाग कर आए है, लोगो ने कहा अल्लाह के रसूल! उन्होंने सच कहा है, आप उन्हें लौटा दीजिए, रसूलुल्लाह ﷺ नाराज़ हो गए और फ़रमाया: "जमाअते कुरैश में समझता हूँ कि तुम बाज़ नहीं आओगे हत्ता के अल्लाह तुम पर ऐसे शख़्स को भेजे जो इस (तास्सुब) पर तुम्हारी गरदने उड़ा दे", और आप ﷺ ने इनको लौटाने से इन्कार कर दिया और फ़रमाया: "वो अल्लाह के लिए आज़ाद करदा है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2700) * محمد بن اسحاق عنعن و رواه الترمذی (3715) من حدیث شریک القاضی به وهو مدلس و عنعن

باب حکم الاسراء • कैदियों के हुक्म का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٩٧٦ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: بَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَالِدَ بْنَ الْوَلِيدِ إِلَى بَنِي جَذِيمَةَ فَدَعَاهُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَلَمْ يُحْسِنُوا أَنْ يَقُولُوا: أَسْلَمْنَا فَجَعَلُوا يَقُولُونَ: صَبَأْنَا صَبَأْنَا فجعلَ خالدٌ يقتلُ ويأسِرُ وَدَفَعَ إِلَى كُلِّ رَجُلٍ مِنَّا أَسِيرَهُ حَتَّى إِذَا كَانَ يَوْمٌ أَمَرَ خَالِدٌ أَنْ يَقْتُلَ كُلُّ رَجُلٍ مِنَّا أَسِيرَهُ فَقُلْتُ: وَاللَّهِ لَا أَقْتُلُ أَسِيرِي وَلَا يَقْتُلُ رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِي أسيره حَتَّى قدمنَا إِلَى النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فذكرناهُ فَرَفَعَ يَدَيْهِ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ أَنِّي أَبْرَأُ إِلَيْكَ مِمَّا صنعَ خالدٌ» مرَّتينِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3976. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु को बनू जज़िम की तरफ भेजा उन्होंने उन्हें इस्लाम कबूल करने की दावत दी, उन्होंने वाज़ेह तौर पर (लफ्ज़ اَسْلَمْنَ) "हमने इस्लाम कबूल कर लिया" न कहा बल्के उन्होंने (लफ्ज़ صَبأْنَا) "हम बे दीन हुए" कहा, उस पर खालिद रदी अल्लाहु अन्हु उन्हें क़त्ल करने लगे और कैदी बनाने लगे और उन्होंने हम में से हर शख़्स को उस का कैदी दिया हत्ता के एक रोज़ ऐसे हुआ की उन्होंने हुक्म दिया के हम में से हर शख़्स अपने कैदी को क़त्ल करे, मैंने कहा: अल्लाह की क़सम! मैं अपना कैदी क़त्ल करूँगा न मेरा कोई साथी अपने कैदी को क़त्ल करेगा, हत्ता के हम नबी ﷺ की खिदमत में पहुंचे तो आप से इस का ज़िक्र किया, आप ﷺ ने अपने हाथ उठाए और दो मर्तबा फ़रमाया: "ए अल्लाह! खालिद ने जो क्या मैं उस से तेरे हुज़ूर बराअत का एलान करता हूँ"| (बुखारी)

رواه البخاری (7189)

अमान देने का बयान • بَاب الْأَمان

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٩٧٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أم هَانِئ بنت أبي طالبٍ قالتْ: ذهبتُ إلى رسولِ الله عَامَ الْفَتْحِ فَوَجَدْتُهُ يَغْتَسِلُ وَفاطِمَةُ ابْنَتُهُ تَسْتُرُهُ بِثَوْبٍ فَسَلَّمْتُ فَقَالَ: «مَنْ هَذِهِ؟» فَقُلْتُ: أَنَا أُمُّ هَانِئٍ بِنْتُ أَبِي طَالِبٍ فَقَالَ: «مَرْحَبًا بِأُمِّ هَانِئٍ» فَلَمَّا فَرَغَ مِنْ غُسْلِهِ قَامَ فَصَلَّى ثَمَانِيَ رَكَعَاتٍ مُلْتَحِفًا فِي ثَوْبٍ ثُمَّ انْصَرَفَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ زَعَمَ ابْنُ أُمِّي عَلِيٌّ أَنَّهُ قَاتِلٌ رَجُلًا أَجَرْتُهُ فُلَانَ بْنَ هُبَيْرَةَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قَدْ أَجَرْنَا مَنْ أَجَرْتِ يَا أم هَانِئٍ» قَالَت أُمَّ هَانِئٍ وَذَلِكَ ضُحًى. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِلتِّرْمِذِيِّ: قَالَتْ: أَجَرْتُ رَجُلَيْنِ مِنْ أَحْمَائِي فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قد أمنا من أمنت»

3977. उम्म हानी बिन्ते अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैं फतह मक्का के साल रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो मैंने आप को गुसल करते हुए पाया जबके आप की बेटी फ़ातिमा एक कपड़े से आप को परदा किए हुए थी, मैंने सलाम अर्ज़ किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन है ?” मैंने (खुद) अर्ज़ किया, मैं उम्म हानी बिन्ते अबी तालिब हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्म हानी के लिए खुशामदीद”, जब आप ﷺ गुसल से फारिग़ हुए तो खड़े हुए, और एक कपड़े में लपट कर आठ रकते पढ़ी, फिर आप फारिग़ हुए तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरी माँ के बेटे अली इरादा रखते है, के वह एक शख़्स फलां बिन हुबैरा को क़त्ल कर दे जबके मैंने उस को पनाह दी है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उम्म हानी! तुमने जिसे पनाह दी, हमने भी इसे पनाह दी”, उम्म हानी बयान करती हैं, यह चाश्त का वक़्त था| बुखारी, मुस्लिम, और तिरमिज़ी की रिवायत में है वह बयान करती हैं, मैंने खाविंद के रिश्तेदारों में से दो आदमियों को अमान दि तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने जिसे अमान दी हमने भी इसे अमान दी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3171) و مسلم (82 / 336)، (764) و الترمذی (1579)

अमान देने का बयान • بَاب الْأَمان

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٩٧٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْمَرْأَةَ لَتَأْخُذُ لِلْقَوْمِ» يَعْنِي تُجِيرُ على الْمُسلمين. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3978. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक औरत, कौम ए कुफ्फार को मुसलमानों की तरफ से पनाह दे सकती है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1579 وقال : حسن غریب)

٣٩٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْحَمِقِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من أَمَّنَ رَجُلًا عَلَى نَفْسِهِ فَقَتَلَهُ أُعْطِيَ لِوَاءَ الْغَدْرِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

3979. अमर बिन हमिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने किसी शख़्स को जान की अमान दी और फिर इसे क़त्ल कर दिया तो रोज़ ए क़यामत इसे दगाबाज़ी का झंडा दीया जाएगा”| (सहीह)

صحيح ، رواه البغوی فی شرح السنة (11 / 91 ح 2717) [و ابن ماجه (2688) و احمد (5 / 223 224)]

٣٩٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمِ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: كَانَ بَيْنَ مُعَاوِيَةَ وَبَيْنَ الرُّومِ عَهْدٌ وَكَانَ يَسِيرُ نَحْوَ بِلَادِهِمْ حَتَّى إِذَا انْقَضَى الْعَهْدُ أَغَارَ عَلَيْهِمْ فَجَاءَ رَجُلٌ عَلَى فَرَسٍ أَوْ بِرْذَوْنٍ وَهُوَ يَقُولُ: اللَّهُ أَكْبَرُ اللَّهُ أَكْبَرُ وَفَاءٌ لَا غدر فَنظر فَإِذا هُوَ عَمْرو ابْن عَبَسَةَ فَسَأَلَهُ مُعَاوِيَةُ عَنْ ذَلِكَ فَقَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «مَنْ كَانَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ قَوْمٍ عَهْدٌ فَلَا يَحُلَّنَّ عَهْدًا وَلَا يَشُدَّنَّهُ حَتَّى يُمْضِيَ أَمَدَهُ أَوْ يَنْبِذَ إِلَيْهِمْ عَلَى سَوَاءٍ» . قَالَ: فَرَجَعَ مُعَاوِيَة بِالنَّاسِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3980. सुलैम बिन आमिर रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु और रुमियो के दरमियान अहद था, मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु उन के शहरो की तरफ सफ़र जारी रखते हत्ता कि जब मुद्दत ए मुआयदा पूरी हो जाती तो आप इन पर हमला कर देते, एक आदमी घोड़ या तुर्की घोड़े पर यह कहता हुआ आया: (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, वफ़ा करो दगाबाज़ी न करो, लश्कर ए मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु ने देखा तो वह अम्र बिन अबसत रदी अल्लाहु अन्हु थे मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु ने इस बारे में उन से सवाल किया तो उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स का किसी कौम से कोई अहद हो तो वह अहद को तोड़े न इसे मूनअक्क़द करे (कोई तबदीली या तजदीद न करे) हत्ता के उस की मुद्दत गुज़र जाए या वह बराबर की सतह पर उनकी तरफ मुआयदा तोड़ने का पैग़ाम भेज दे”, चुनांचे मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु लोगो को ले कर वापिस आ गए| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1580 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2759)

٣٩٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي رافعٍ قَالَ: بعثَنِي قُرَيْشٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَلَمَّا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُلْقِيَ فِي قَلْبِيَ الْإِسْلَامُ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي وَاللَّهِ لَا أَرْجِعُ إِلَيْهِمْ أَبَدًا قَالَ: «إِنِّي لَا أَخِيسُ بِالْعَهْدِ وَلَا أَحْبِسُ الْبُرُدَ وَلَكِنِ ارْجِعْ فَإِنْ كَانَ فِي نَفْسِكَ الَّذِي فِي نَفْسِكَ الْآنَ فَارْجِعْ» . قَالَ: فَذَهَبْتُ ثُمَّ أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَأَسْلمت. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3981. अबी राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कुरैश ने मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ भेजा, जब मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा तो मेरा दिल में इस्लाम की मुहब्बत व सदाकत डाल दी गई, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अल्लाह की क़सम! मैं कभी भी उनकी तरफलौट कर नहीं जाऊँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं दगाबाज़ी नहीं करूँगा, न कासिद को रोकूंगा, तुम वापिस चले जाओ अगर तुम्हार दिल में वह चीज़ हुई जो अब तुम्हारे दिल में है तो फिरलौट आना”, रावी बयान करते हैं, मैं गया और फिर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और इस्लाम कबूल कर लिया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2758)

٣٩٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نُعَيْمِ بْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِرَجُلَيْنِ جَاءَا مِنْ عِنْدِ مُسَيْلِمَةَ: «أَمَّا وَاللَّهِ لَوْلَا أَنَّ الرُّسُلَ لَا تُقْتَلُ لَضَرَبْتُ أَعْنَاقَكُمَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد

3982. नुऐम बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसेलिमा (कज्ज़ाब) की तरफ से आए हुए दो आदमियों से फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! अगर कासीदो को क़त्ल करना रवा होता तो मैं तुम्हारी गरदने उड़ा देता”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 487 488 ح 16085) و ابوداؤد (2761)

٣٩٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي خطْبَة: «أَوْفوا بِحلف الْجَاهِلِيَّة فَإِنَّهُ لَا يزِيد يَعْنِي الْإِسْلَامَ إِلَّا شِدَّةً وَلَا تُحْدِثُوا حَلِفًا فِي الإسلامِ» . رَوَاهُ الترمذيُّ من طريقِ ابنِ ذَكْوَانَ عَنْ عَمْرٍو وَقَالَ: حَسَنٌ»» [ص:١١٦ وَذَكَرَ حَدِيثَ عليٍّ: «المسلمونَ تَتَكَافَأ» فِي «كتاب الْقصاص»

3983. अम्र बिन शुऐब ने अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने ख़ुत्बे में फ़रमाया: “जाहिलियत के अहद पुरे, करो क्योंकि इस्लाम इसे मज़बूत करता है लेकिन इस्लाम में कोई और नया अहद न करो”| (इसे इमाम तिरमिज़ी ने हुसैन बिन ज़क्वान अन अम्र के तरीक से रिवायत किया है और कहा यह हदीस हसन है) और अली रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: “मुसलमान बराबर है ....”, किताबुल किसास में ज़िक्र की गई है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1585) 0 حديث على تقدم (3475)

باب الْأمان • अमान देने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٩٨٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: جَاءَ ابْنُ النَّوَّاحَةِ وَابْنُ أُثَالٍ رَسُولَا مُسَيْلِمَةَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُمَا: «أَتَشْهَدَانِ أَنِّي رَسُولُ اللَّهِ؟» فَقَالَا: نَشْهَدُ أَنَّ مُسَيْلِمَةَ رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «آمَنْتُ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ وَلَوْ كُنْتُ قَاتِلًا رَسُولًا لَقَتَلْتُكُمَا» . قَالَ عَبْدُ اللَّهِ: فَمَضَتِ السُّنَّةُ أَنَّ الرَّسول لَا يُقتَل. رَوَاهُ أَحْمد

3984. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इब्ने नवाह्त और इब्ने असाल मुसेलिमा के कासिद बनकर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने उन से फ़रमाया: “क्या तुम गवाही देते हो की मैं अल्लाह का रसूल हूँ ?” उन्होंने कहा, हम गवाही देते हैं की मुसेलिमा अल्लाह का रसूल है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान रखता हूँ अगर में किसी कासिद को क़त्ल करने वाला होता तो मैं तुम्हें क़त्ल कर देता”| अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: यह सुन्नत बन गई के कासिद को क़त्ल नहीं किया जाए| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (1 / 390 391 ح 3708) * المسعودى اختلط : روى عنه يزيد بن هارون و ابو النضر هاشم بن القاسم و عبد الرحمن بن مهدى و تابعه سفيان الثورى و سنده ضعيف و لحديثه شواهد ضعيفة عند ابى داود (2762) وغيره

माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا •

पहली फस्ल

الْفَصْلُ الأول •

٣٩٨٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فَلَمْ تَحِلَّ الْغَنَائِمُ لِأَحَدٍ مِنْ قَبْلِنَا ذَلِكَ بِأَنَّ اللَّهَ رَأَى ضعفنا وعجزنا فطيبها لنا»

3985. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम में से पहले किसी के लिए भी माल ए गनीमत हलाल नहीं था, यह इसलिए (हलाल किया गया) के अल्लाह ने हमारी कमज़ोरी और आजिज़ी देखी तो उसे हमारे लिए हलाल फरमा दिया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3124) و مسلم (32 / 1747)، (4555)

٣٩٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي قتادة قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ حُنَيْنٍ فَلَمَّا الْتَقَيْنَا كَانَتْ لِلْمُسْلِمِينَ جَوْلَةٌ فَرَأَيْتُ رَجُلًا مِنَ الْمُشْرِكِينَ قَدْ عَلَا رَجُلًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَضَرَبْتُهُ مِنْ وَرَائِهِ عَلَى حَبْلِ عَاتِقِهِ بِالسَّيْفِ فَقَطَعْتُ الدِّرْعَ وَأَقْبَلَ عَلَيَّ فَضَمَّنِي ضَمَّةً وَجَدْتُ مِنْهَا رِيحَ الْمَوْتِ ثُمَّ أَدْرَكَهُ الْمَوْتُ فَأَرْسَلَنِي فَلَحِقْتُ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ فَقُلْتُ: مَا بَالُ النَّاسِ؟ قَالَ: أَمْرُ اللَّهِ ثُمَّ رَجَعُوا وَجَلَسَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَنْ قَتَلَ قَتِيلًا لَهُ عَلَيْهِ بَيِّنَةٌ فَلَهُ سَلَبُهُ» فَقُلْتُ: مَنْ يَشْهَدُ لِي؟ ثُمَّ جَلَسْتُ ثُمَّ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَهُ فَقُمْتُ فَقَالَ: «مَا لَكَ يَا أَبَا قَتَادَةَ؟» فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ رَجُلٌ: صَدَقَ وَسَلَبُهُ عِنْدِي فَأَرْضِهِ مِنِّي فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: لَا هَا اللَّهِ إِذاً لَا يعمدُ أَسَدٍ مِنْ أُسْدِ اللَّهِ يُقَاتِلُ عَنِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ فَيُعْطِيكَ سَلَبَهُ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَدَقَ فأعطه» فأعطانيه فاتبعت بِهِ مَخْرَفًا فِي بَنِي سَلِمَةَ فَإِنَّهُ لَأَوَّلُ مالٍ تأثَّلْتُه فِي الْإِسلامِ

3986. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए हुनैन के साल हम नबी ﷺ के साथ निकले, जब हम (मुशरिकिन से) मिले तो मुसलमानों को हज़ीमत का सामन हुआ, मैंने एक मुशरिक शख़्स को देखा जो एक मुसलमान शख़्स पर ग़ालिब आ चूका था, मैंने उस के पीछे से उस की रग गर्दन पर तलवार मारी और उस की ज़िराह काट दी, वह मेरी तरफ मुतवज्जे हुआ तो उस ने मुझे इस क़दर दबाया के मुझे उस के (दबाने) से अपनी मौत नज़र आने लगी, लेकिन मौत उस पर गई और उस ने मुझे छोड़ दीया, मैं उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु से मिला तो मैंने कहा: लोगो का क्या हाल है ? उन्होंने कहा: अल्लाह का हुक्म (ही ऐसे था), फिर वह (मुसलमान) लौटे और नबी ﷺ बैठ गए तो फ़रमाया: “जिस ने किसी मकतुल को क़त्ल किया और उस पर उस के पास दलील हो तो इस (मकतुल) का साज़ो सामान इस (कातिल) के लिए है”, मैंने कहा मेरे हक़ में कौन गवाही देगा ? फिर मैं बैठ गया, नबी ﷺ ने फिर वही बात फरमाई मैंने कहा मेरे हक़ में कौन गवाही देगा ? फिर मैं बैठ गया. फिर नबी ﷺ ने वही बात फरमाई तो मैं खड़ा हुआ. आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू क़तादा तुम्हारा क्या मसला है ?” मैंने आप को बताया तो एक शख़्स ने कहा: “उस ने सच कहा, और उस का साज़ो सामान मेरे पास है उसे मेरी तरफ से राज़ी कर दे, (और माल मेरे पास ही रहने दें) अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: ऐसा हरगिज़ नहीं हो सकता के अल्लाह का शेर जो अल्लाह और उस के रसूल की तरफ से किताल करता है, और आप ﷺ उस का साज़ो सामान तुझे देंगे, तब नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने सच कहा है पस इसे दो”, चुनांचे उस

ने इसे मुझे दे दिया मैंने उस से बनू सलमा में एक बाग़ खरीदा, और यह पहला माल था जो मैंने हालत इस्लाम में जमा किया था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4321) و مسلم (41 / 1751)، (4566)

٣٩٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْهَمَ لِلرَّجُلِ وَلِفَرَسِهِ ثَلَاثَةَ أَسْهُمٍ: سَهْمًا لَهُ وَسَهْمَيْنِ لِفَرَسِهِ

3987. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुजाहिद आदमी और उस के घोड़े के लिए तीन हिस्से मुकर्रर फरमाए, एक हिस्सा इस शख़्स के लिए और दो हिस्से उस के घोड़े के लिए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2863) و مسلم (57 / 1762)، (4586)

٣٩٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ هُرْمُزَ قَالَ: كَتَبَ نَجْدَةُ الْحَرُورِيُّ إِلَى ابْنِ عَبَّاسٍ يَسْأَلُهُ عَنِ الْعَبْدِ وَالْمَرْأَة يحْضرَانِ لمغنم هلْ يُقسَمُ لَهما؟ فَقَالَ ليزِيدَ: اكْتُبْ إِلَيْهِ أَنَّهُ لَيْسَ لَهُمَا سَهْمٌ إِلَّا أَنْ يُحْذَيَا. وَفِي رِوَايَةٍ: كَتَبَ إِلَيْهِ ابْنُ عَبَّاسٍ: إِنَّكَ كَتَبْتَ إِلَيَّ تَسْأَلُنِي: هَلْ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَغْزُو بِالنِّسَاءِ؟ وَهَلْ كَانَ يَضْرِبُ لَهُنَّ بِسَهْمٍ؟ فَقَدْ كَانَ يَغْزُو بِهِنَّ يُدَاوِينَ الْمَرْضَى وَيُحْذَيْنَ مِنَ الْغَنِيمَةِ وَأَمَّا السَّهْمُ فَلَمْ يَضْرِبْ لَهُنَّ بِسَهْمٍ. رَوَاهُ مُسلم

3988. यज़ीद बिन हुर्मज़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नज्दः हरूरी ने इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा की तरफ ख़त लिखा जिस में उस ने मसअला दरियाफ्त किया के अगर माले गनीमत की तकसीम के वक़्त गुलाम और औरत मौजूद हो तो किया उनका हिस्सा निकाला जाएगा? उन्होंने यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: इसे जवाब लिखो इन दोनों के लिए कोई हिस्सा मुकर्रर नहीं अलबत्ता थोड़ा दे दिया जाए| और एक दूसरी रिवायत में है: इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने इसे जवाब लिखा तुमने अपने ख़त में लिखा है के क्या रसूलुल्लाह ﷺ के साथ औरते जिहाद किया करती थी ? और किया उनका हिस्सा मुकर्रर किया जाता था ? हाँ आप ﷺ के साथ औरते जिहाद में शरीक होती थी, वह मरीज़ों का इलाज मुआल्ज़ा करती थी, उन्हें माले गनीमत में से दिया जाता था, रहा हिस्सा, तो आप ﷺ ने इन के लिए कोई हिस्सा मुकर्रर नहीं फरमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (1390 / 1812 و الرواية الژانية 137 / 1812)، (4684 و 4686)

٣٩٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِظَهْرِهِ مَعَ رَبَاحٍ غُلَامِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا مَعَهُ فَلَمَّا أَصْبَحْنَا إِذَا عَبْدُ الرَّحْمَنِ الْفَزَارِيُّ قَدْ أَغَارَ عَلَى ظَهْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُمْتُ عَلَى أَكَمَةٍ فَاسْتَقْبَلْتُ الْمَدِينَةَ فَنَادَيْتُ ثَلَاثًا يَا صَبَاحَاهْ ثُمَّ خَرَجْتُ فِي آثَارِ الْقَوْمِ أَرْمِيهِمْ بِالنَّبْلِ وَأَرْتَجِزُ وَأَقُولُ:»» أَنَا ابْنُ الْأَكْوَعْ وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّعْ»» فَمَا زِلْتُ أَرْمِيهِمْ وَأَعْقِرُ بِهِمْ حَتَّى مَا خلقَ اللَّهُ مِنْ بَعِيرٍ مِنْ ظَهْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَّا خَلَّفْتُهُ وَرَاءَ ظَهْرِي ثُمَّ اتَّبَعْتُهُمْ أَرْمِيهِمْ حَتَّى أَلْقَوْا أَكْثَرَ مِنْ ثَلَاثِينَ بُرْدَةً وَثَلَاثِينَ رُمْحًا يَسْتَخِفُّونَ وَلَا يَطْرَحُونَ شَيْئًا إِلَّا جَعَلْتُ عَلَيْهِ آرَامًا مِنَ الْحِجَارَةِ يَعْرِفُهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ حَتَّى رَأَيْتُ فَوَارِسَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَحِقَ [ص:١١٦ أَبُو قَتَادَةَ فَارِسُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَبْدِ الرَّحْمَنِ فَقَتَلَهُ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ فُرْسَانِنَا الْيَوْمَ أَبُو قَتَادَةَ وَخَيْرُ رَجَّالَتِنَا سَلَمَةُ» . قَالَ: ثُمَّ

أَعْطَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَهْمَيْنِ: سَهْمَ الْفَارِسِ وَسَهْمَ الرَّاجِلِ فَجَمَعَهُمَا إِلَيَّ جَمِيعًا ثُمَّ أَرْدَفَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَاءَهُ عَلَى الْعَضْبَاءِ رَاجِعَيْنِ إِلَى الْمَدِينَةِ. رَوَاهُ مُسلم

3989. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने रबाह, जो के रसूलुल्लाह ﷺ के गुलाम थे, के साथ अपने ऊंट भेजे, और मैं भी उस के साथ था, जब हमने सुबह की तो अब्दुल रहमान फराज़ी ने अचानक रसूलुल्लाह ﷺ के ऊटों पर धावा बोल दीया, मैं एक ऊँची जगह पर खड़ा हुआ और मदीना की तरफ रुख कर के तीन बार आवाज़ दी, लड़ाई का वक़्त आ गया, फिर मैंने उन लोगो का पीछा किया, मैं इन पर तीर बरसा रहा था और राजिज़ शेर पढ़ रहा था में इब्ने अक्वाअ हो और आज रज़िल लोगो की हलाकत का दिन है, चुनांचे में इन पर तीर बरसाता रहा और उनकी सवारियों को ज़ख़्मी करता रहा, हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ के तमाम ऊंट मैंने उन के कब्ज़े से आज़ाद करवा लिए, और मैं फिर भी उनका पीछा कर के इन पर तीर अन्दाज़ी करता रहा हत्ता के उन्होंने वज़न हल्का करने के लिए तीस चादरे और तीस नेज़े फेंक दिए, वह जो भी चीज़ फेंकते में उस पर पथ्थर की निशानिया लगाता जाता ताकि रसूलुल्लाह ﷺ और आप के सहाबा इसे पहचान सके, हत्ता कि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के शै सवारों को देखा और रसूलुल्लाह ﷺ के शै सवार अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु ने अब्दुल रहमान फज़ारी को जा लिया और इसे क़त्ल कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज हमारा बेहतरीन शै सवार अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु है और हमारा बेहतरीन प्यादेह सलमा है”| रावी बयान करते हैं, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे दो हिस्से दिए एक हिस्सा घुड़सवार का और एक हिस्सा प्यादेह का आप ने वह दोनों मेरे लिए जमा फरमा दिए फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने मदीना वापिस आते हुए मुझे अपनी ऊंटनी अज़्बाअ पर अपने पीछे सवार कर लिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 1807)، (4678)

٣٩٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُنَفِّلُ بَعْضَ مَنْ يَبْعَثُ مِنَ السَّرَايَا لِأَنْفُسِهِمْ خَاصَّةً سِوَى قِسْمَةِ عَامَّةِ الْجَيْشِ

3990. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जिन दस्तूर को रवाना फरमाते, तो उन में से बाज़ मुजाहिदीन को उन के हिस्सा के अलावा खुसूसी हिस्सा इनायत फ़रमाया करते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3135) و مسلم (40 / 1750)، (4565)

٣٩٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: نَفَّلَنَا رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم نَفَلًا سِوَى نَصِيبِنَا مِنَ الْخُمُسِ فَأَصَابَنِي شَارِفٌ والشارف: المسن الْكَبِير

3991. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हमारे हिस्से के अलावा खुमुस में से भी कुछ अता फ़रमाया सो मुझे खुमुस से एक “शारीफ” मिली शारीफ बूढ़ी ऊंटनी को कहते हैं| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (لم اجده بهذا اللفظ و عنده لون آخر : 3135 ، انظر الحديث السابق) و مسلم (38 / 1750)، (4563)

٣٩٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: ذَهَبَتْ فَرَسٌ لَهُ فَأَخَذَهَا الْعَدُوُّ فَظَهَرَ عَلَيْهِمُ الْمُسْلِمُونَ فَرُدَّ عَلَيْهِ فِي زَمَنِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. وَفِي رِوَايَةٍ: أَبَقَ عَبْدٌ لَهُ فَلَحِقَ بِالرُّومِ فَظَهَرَ عَلَيْهِمُ الْمُسْلِمُونَ فَرَدَّ عَلَيْهِ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ بَعْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3992. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उनका घोड़ा भाग गया तो दुश्मन ने इसे पकड़ लिया, मुसलमान इन पर ग़ालिब आ गए तो वही घोड़ा रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में मुझे लौटा दिया गया| और एक रिवायत में है उनका एक गुलाम फरार हो कर रुमियो से जा मिला, जब मुसलमान इन पर ग़ालिब आ गए तो नबी ﷺ के बाद खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु ने वह मुझे लौटा दीया| (बुखारी)

رواه البخارى (3067)

٣٩٩٣ - (صَحِيح) وَعَن جُبيرِ بن مُطعمٍ قَالَ: مَشَيْتُ أَنَا وَعُثْمَانُ بْنُ عَفَّانَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَا: أَعْطَيْتَ بَنِي الْمُطَّلِبِ مِنْ خُمُسِ خَيْبَرَ وَتَرَكْتَنَا وَنَحْنُ بِمَنْزِلَةٍ وَاحِدَةٍ مِنْكَ؟ فَقَالَ: «إِنَّمَا بَنُو هَاشِمٍ وَبَنُو المطلبِ وَاحِدٌ» . قَالَ جُبَيْرٌ: وَلَمْ يَقْسِمِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِبَنِي عَبْدِ شَمْسٍ وَبَنِي نوفلٍ شَيْئا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3993. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, आप ने खैबर के खुमुस में से बनू मुत्तलिब को अता किया है और हमें छोड़ दिया है, जबके हमारा और उनका आप से एक रिश्ता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब एक ही चीज़ है”, ज़ुबैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने बनू अब्द शम्स और बनू नौफल के दरमियान कुछ भी तकसीम न फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (4229)

٣٩٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا قَرْيَةٍ أَتَيْتُمُوهَا وأقمتمْ فِيهَا فَسَهْمُكُمْ فِيهَا وَأَيُّمَا قَرْيَةٍ عَصَتِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَإِنَّ خُمُسَهَا لِلَّهِ وَلِرَسُولِهِ ثُمَّ هِيَ لَكُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

3994. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम जिस बस्ती में (बिला किताल) दाखिल हो जाओ और वहां इकामत इख़्तियार करे तो उस में तुम्हारा हिस्सा है, और जिस बस्ती वालो ने अल्लाह और उस के रसूल की नाफ़रमानी की तो इस (से हासिल होने वाले माल) का खुमुस अल्लाह और उस के रसूल के लिए है, फिर वह (बाकी) तुम्हारे लिए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (47 / 1756)، (4574)

٣٩٩٥ - (صَحِيح) وَعَن خوْلَةَ الْأَنْصَارِيَّةِ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ رِجَالًا يَتَخَوَّضُونَ فِي مَالِ اللَّهِ بِغَيْرِ حَقٍّ فَلَهُمُ النَّارُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3995. खवलत अंसारी रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कुछ लोग अल्लाह के माल में नाहक तसरीफ करते हैं , रोज़ ए क़यामत इन के लिए (जहन्नम की) आग है”| (बुखारी)

رواه البخاری (3118)

٣٩٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ فَذَكَرَ الْغُلُولَ فَعَظَّمَهُ وَعَظَّمَ أَمْرَهُ ثُمَّ قَالَ: " لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ بَعِيرٌ لَهُ رُغَاءٌ يَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ. لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ فَرَسٌ لَهُ حَمْحَمَةٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ شَاةٌ لَهَا ثُغَاءٌ يَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ نَفْسٌ لَهَا صِيَاحٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ رِقَاعٌ تَخْفُقُ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ صَامِتٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قد أبلغتك ". وَهَذَا لفظ مُسلم وَهُوَ أتم

3996. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ ने हम में खड़े हो कर ख़िताब फ़रमाया उस में आप ने खयानत का ज़िक्र किया और आप ने इस मुआमले को संगीन करार दिया, फिर फ़रमाया: “मैं तुम से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए क़यामत आए और उस की गर्दन पर ऊंट बिल बिला रहा हो, और वह शख़्स मुझे कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, और मैं उस से कहूँ के में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए क़यामत आए और उस की गर्दन पर घोड़ा हिनहिना रहा हो और वह आदमी कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह क़यामत के दिन आए और उस की गर्दन पर बकरी मिमिया रही हो, वह शख़्स कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह क़यामत के रोज़ आए और उस की गर्दन पर कोई नफ्स (यानी मम्लुक) हो, और वह चला आ रहा हो, और वह शख़्स कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, और मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए क़यामत आए और उस की गर्दन पर चादर हरकत कर रही हो, तो वह शख़्स कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँगा: में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न न पाऊ के वह रोज़ ए क़यामत आए और उस की गर्दन पर कोई गैर नातुक चीज़ सोना चाँदी वगैरा हो, तो वह शख़्स कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए तो मैं कहूँगा में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3073) و مسلم (24 / 1831)، (4734)

٣٩٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: أَهْدَى رَجُلٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غُلَامًا يُقَالُ لَهُ: مِدْعَمٌ فَبَيْنَمَا مِدْعَمٌ يَحُطُّ رَحْلًا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم إِذْ أَصَابَهُ سهم عائر فَقَتَلَهُ فَقَالَ النَّاسُ: هَنِيئًا لَهُ الْجَنَّةُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَلَّا وَالَّذِي نَفسِي بِيَدِهِ إِن الشملة الَّتِي أَخَذَهَا يَوْمَ خَيْبَرَ مِنَ الْمَغَانِمِ لَمْ تُصِبْهَا الْمَقَاسِمُ لَتَشْتَعِلُ عَلَيْهِ نَارًا» . فَلَمَّا سَمِعَ ذَلِك النَّاس جَاءَ رجل

بشرك أَوْ شِرَاكَيْنِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «شِرَاكٌ مِنْ نَارٍ أَوْ شِرَاكَانِ من نارٍ»

3997. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ को मुदअम नामी एक गुलाम बतौर हदिया पेश किया, मुदअम रसूलुल्लाह ﷺ की सवारी का कजावा उतार रहा था के इसे एक ना मालूम जानिब से एक तीर आ लगा जिस से वह क़त्ल हो गया, लोगो ने कहा: इसे जन्नत मुबारक हो, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरगिज़ नहीं, उस ज़ात की क़सम! जिस के हाथ में मेरी जान है! उस ने गजवा ए खैबर के माल ए गनीमत में से, उस की तकसीम से पहले, जो चादर चोरी की थी वह उस पर आग भड़का रही है”, जब लोगो ने यह बात सुनी तो एक आदमी एक तस्मे या दो तस्मे नबी ﷺ की खिदमत में ले आया, उस पर आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक तस्मे या दो तस्मे आग (में जाने के सबब) से है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (6707) و مسلم (183 / 115)، (310)

٣٩٩٨ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الله بنِ عَمْرٍو قَالَ: كَانَ عَلَى ثَقَلِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلٌ يُقَالُ لَهُ كَرْكَرَةُ فَمَاتَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هُوَ فِي النَّارِ» فَذَهَبُوا يَنْظُرُونَ فَوَجَدُوا عَبَاءَةً قد غلها. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3998. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि करकरह नामी शख़्स नबी ﷺ के सामान पर मामूर था, वह फौत हो गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो जहन्नमी है”, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन उस का सामान देखने लगी तो उन्होंने एक चादर पाई जो उस ने चोरी की थी| (बुखारी)

رواه البخارى (3074)

٣٩٩٩ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عمر قَالَ: كُنَّا نُصِيبُ فِي مَغَازِينَا الْعَسَلَ وَالْعِنَبَ فنأكله وَلَا نرفعُه رَوَاهُ البُخَارِيّ

3999. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, गज़वात में हमें शहद और अंगूर मिलते तो हम उन्हें खा लेते थे और उन्हें ऊपर आप ﷺ तक नहीं पहुंचाते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (3154)

٤٠٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ قَالَ: أَصَبْتُ جِرَابًا مِنْ شَحْمٍ يَوْمَ خَيْبَرَ فَالْتَزَمْتُهُ فَقُلْتُ: لَا أُعْطِي الْيَوْمَ أَحَدًا مِنْ هَذَا شَيْئًا فَالْتَفَتُّ فَإِذَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يبتسم إِلَيّ. مُتَّفق عَلَيْهِ. وَذكر الحَدِيث أَبِي هُرَيْرَةَ «مَا أُعْطِيكُمْ» فِي بَابِ «رِزْقِ الْوُلَاة»

4000. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए खैबर में मुझे चरबी की एक थेली मिली तो मैंने इसे उठा लिया, और कहा: में आज उस में से किसी को कुछ नहीं दूँगा, मैंने देखा तो रसूलुल्लाह ﷺ मेरी तरफ (देख कर)

मुस्कुरा रहे थे| # अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस: “में जो तुम्हें अता करू”, बाब रिज़्क़ अवला में ज़िक्र की गई है. (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3135) و مسلم (72 / 1772)، (4605) 0 حديث ابى هريرة تقدم (3745)

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا • माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠٠١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ فَضَّلَنِي عَلَى الْأَنْبِيَاءِ أَوْ قَالَ: فَضَّلَ أُمَّتِي عَلَى الْأُمَمِ وأحلَّ لنا الْغَنَائِم ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4001. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह ने मुझे तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम पर फ़ज़ीलत अता की है, या फ़रमाया: “मेरी उम्मत को तमाम उम्मतो पर फ़ज़ीलत अता की गई है और हमारे लिए माल ए गनीमत हलाल किया गया है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1553 وقال : حسن صحيح)

٤٠٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: يَوْمئِذٍ يَوْمَ حُنَيْنٍ: «مَنْ قَتَلَ كَافِرًا فَلَهُ سَلَبُهُ» فَقَتَلَ أَبُو طَلْحَةَ يَوْمَئِذٍ عِشْرِينَ رَجُلًا وَأَخَذَ أسلابهم. رَوَاهُ الدَّارمِيّ

4002. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए हुनैन के मौके पर फ़रमाया: “जिस ने किसी काफ़िर को क़त्ल किया तो उस का साज़ो सामान इसी का है, अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने इस रोज़ बीस आदमी क़त्ल किए और उन्होंने उनका साज़ो सामान ले लिया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الدارمى (2 / 229 ح 2487) [و ابوداؤد (2718) و مسلم (1809 مطولاً]

٤٠٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ الْأَشْجَعِيِّ وَخَالِدِ بْنِ الْوَلِيدِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي السَّلَبِ لِلْقَاتِلِ. وَلَمْ يُخَمِّسِ السَلَب. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4003. ऑफ बिन मालिक अश्जईय्य और खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जंग में

क़त्ल हो जाने वाले शख़्स के साज़ो सामान के बारे में फैसला फ़रमाया के वह उस के कातिल का है, और आप ने मकतुल के साज़ो सामान से खुमुस नहीं निकाला| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2721)

٤٠٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: نَفَّلَنِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ سَيْفَ أَبِي جَهْلٍ وَكَانَ قَتَلَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4004. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए बद्र के मौके पर अबू जहल की तलवार मुझे इज़ाफ़ी तौर पर दी और उन्होंने (इब्ने मसउद (र)) ने इसे क़त्ल किया था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2722) * فيه ابو عبيدة : لم يسمع من ابيه ، فالسند منقطع

٤٠٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَيْرٍ مَوْلَى آبِي اللَّحْمِ قَالَ: شَهِدْتُ خَيْبَرَ مَعَ ساداتي فَكَلَّمُوا فِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَلَّمُوهُ أَنِّي مَمْلُوكٌ فَأَمَرَنِي فَقُلِّدْتُ سَيْفًا فَإِذَا أَنَا أَجُرُّهُ فَأَمَرَ لِي بِشَيْءٍ مِنْ خُرْثِيِّ الْمَتَاعِ وَعَرَضْتُ عَلَيْهِ رُقْيَةً كَنْتُ أَرْقِي بِهَا الْمَجَانِينَ فَأَمَرَنِي بِطَرْحِ بَعْضِهَا وَحَبْسِ بَعْضِهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ إِلَّا أَنَّ رِوَايَتَهُ انتهتْ عِنْد قَوْله: الْمَتَاع

4005. अबू लह्म के आज़ाद करदा गुलाम उमैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने मालिको के साथ गज़वा ए खैबर में शरीक था, उन्होंने मेरे बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से बात की और उन्होंने आप को बताया की मैं एक गुलाम हूँ, आप ने मेरे मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया तो मुझे तलवार उठाए की गई, और मैं उसे घंसिट रहा था, आप ﷺ ने घरेलु सामान में से मुझे कुछ देने का हुक्म फ़रमाया, मैंने आप को एक दम सुनाया जो की मैं दीवानों पर क्या करता था, आप ने उस में से कुछ अल्फाज़ तर्क कर देने और कुछ रख लेने का हुक्म दिया| तिरमिज़ी, अबू दावुद, अलबत्ता अबू दावुद की रिवायत लफ्ज़ मताअ पर ख़तम हो जाती है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1557 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2730)

٤٠٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن محمع بن جارية قَالَ: قُسِمَتْ خَيْبَرُ عَلَى أَهْلِ الْحُدَيْبِيَةِ فَقَسَمَهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَمَانِيَةَ عَشَرَ سَهْمًا وَكَانَ الْجَيْشُ أَلْفًا وَخَمْسَمِائَةٍ فِيهِمْ ثَلَاثُمِائَةِ فَارِسٍ فَأُعْطِيَ الْفَارِسُ سَهْمَيْنِ وَالرَّاجِلُ سَهْمًا رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: حَدِيثُ ابْنِ عُمَرَ أصح فَالْعَمَل عَلَيْهِ وَأَتَى الْوَهْمُ فِي حَدِيثِ مُجَمِّعٍ أَنَّهُ قَالَ: أَنَّهُ قَالَ: ثَلَاثُمِائَةِ فَارِسٍ وَإِنَّمَا كَانُوا مِائَتَيْ فَارس

4006. मुजम्मिअ बिन जारिया रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खैबर का माल ए गनीमत अहल हुदैबिया पर तकसीम किया गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे अठठारा हिस्सों में तकसीम फ़रमाया: लश्कर की तादाद पन्द्रह सौ थी, उस में से तीन सौ घुड़सवार थे, आप ने घुड़सवार को दो हिस्से और प्यादेह को एक हिस्सा अता फ़रमाया| और इमाम अबू दावुद ने फ़रमाया के इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीस ज़्यादा सहीह है और अमल इसी पर है, मुजम्मिअ से मरवी हदीस में वहम है के उन्होंने कहा: तीन सौ घुड़सवार थे जबके वह सिर्फ दो सौ थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2736)

٤٠٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حبيب بن مسلَمةَ الفِهْرِيِّ قَالَ شَهِدْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نفل الرّبع فِي البدأة وَالثلث فِي الرجمة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4007. हबीबी बिन मुस्लिम, फहरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के पास हाज़िर था के आप ने शुरू शुरू में लड़ने वालो को माल ए गनीमत में से चोथाई हिस्सा इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अता फ़रमाया, और वापसी पर लड़ाई करने वालो को तिहाई हिस्सा इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अता फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2750)

٤٠٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُنَفِّلُ الرُّبُعَ بَعْدَ الْخُمُسِ وَالثُّلُثَ بَعْدَ الْخُمُسِ إِذَا قَفَلَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4008. हबीबी बिन मुस्लिम, फहरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब जिहाद से वापिस तशरीफ़ लाने से पहले माल ए गनीमत खुमुस निकालने के बाद चोथाई और वापिस लौटते हुए खुमुस निकालने के बाद तिहाई हिस्सा इज़ाफ़ी तौर पर अता फ़रमाया करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2749)

٤٠٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْجُوَيْرِيَّةِ الْجَرْمِيِّ قَالَ: أَصَبْتُ بِأَرْضِ الرُّومِ جَرَّةً حَمْرَاءَ فِيهَا دَنَانِيرُ فِي إِمْرَةِ مُعَاوِيَةَ وَعَلَيْنَا رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَنِي سُلَيْمٍ يُقَالُ لَهُ: مَعْنُ بْنُ يَزِيدَ فَأَتَيْتُهُ بِهَا فَقَسَمَهَا بَيْنَ الْمُسْلِمِينَ وَأَعْطَانِي مِنْهَا [ص:١١٧] مِثْلَ مَا أَعْطَى رَجُلًا مِنْهُمْ ثُمَّ قَالَ: لَوْلَا أَنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا نَفَلَ إِلَّا بَعْدَ الْخُمُسِ» لَأَعْطَيْتُكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4009. अबू जुरियह जरमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुआविया के दौरे अमारत में रोम की सर ज़मीन पर मुझे एक सुर्ख घड़ा मिला जिस में दीनार थे, रसूलुल्लाह ﷺ के मअन बिन यज़ीद नामी सहाबी हमारे अमीर थे, जो के बनू सलीम कबिले से थे, मैंने वह घड़ा उनकी खिदमत में पेश कर दिया, उन्होंने इसे मुसलमानों के बिच में तकसीम कर दिया और मुझे भी सब के बराबर ही हिस्सा दिया, फिर फ़रमाया अगर मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से यह न सुना होता के खुमुस निकालने के बाद इज़ाफ़ी हिस्सा दीया जाएगा तो मैं तुम्हें ज़रूर देता”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (7253)

٤٠١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبِي مُوسَى الأشعريِّ قَالَ: قَدِمْنَا فَوَافَقْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ افْتَتَحَ خَيْبَرَ فَأَسْهَمَ لَنَا أَوْ قَالَ: فَأَعْطَانَا مِنْهَا وَمَا قَسَمَ لِأَحَدٍ غَابَ عَنْ فَتْحِ خَيْبَرَ مِنْهَا شَيْئًا إِلَّا لمَنْ شهِدَ معَه إِلَّا أَصْحَابَ سَفِينَتِنَا جَعْفَرًا وَأَصْحَابَهُ أَسْهَمَ لَهُمْ مَعَهم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4010. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम (हबशा से) वापिस आए तो हमारी रसूलुल्लाह ﷺ से इस वक़्त मुलाकात हुई जब खैबर फतह हो चूका था, आप ने हमारा हिस्सा भी मुकर्रर फ़रमाया: या यूँ कहा आप ने हमें अता फ़रमाया, आप ﷺ ने खैबर में हासिल होने वाले माले गनीमत में से या तो उन लोगो को हिस्सा दिया जो इस गज़वा में शरीक थे या फिर हमारे कश्ती के साथियो यानी जाफर और उन के रफ्का को दीया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2725)

٤٠١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ خَالِدٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُوُفِّيَ يَوْمَ خَيْبَرَ فَذَكَرُوا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» فَتَغَيَّرَتْ وُجُوهُ النَّاسِ لِذَلِكَ فَقَالَ: «إِنَّ صَاحِبَكُمْ غَلَّ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» فَفَتَّشْنَا مَتَاعَهُ فَوَجَدْنَا خَرَزًا مِنْ خَرَزِ يَهُودَ لَا يُسَاوِي دِرْهَمَيْنِ. رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4011. यज़ीद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गजवा ए खैबर के मौके पर रसूलुल्लाह ﷺ का एक साथी फौत हो गया, सहाबा ने उस का तज़किरह रसूलुल्लाह ﷺ से किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने साथी की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ो”, यह सुन कर सहाबा के चेहरो का रंग मतिग़र हो गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथी ने माले गनीमत में खयानत की है”, हमने उस के सामान की तलाशी ली तो हमने उस में यहूद का एक नगीना पाया जिस की कीमत दो दिरहम के बराबर भी नहीं थी| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 458 ح 1010) و ابوداؤد (2710) و النسائی (4 / 64 ح 1961)

٤٠١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ الله بنِ عَمْرٍو قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَصَابَ غَنِيمَةً أَمَرَ بِلَالًا فَنَادَى فِي النَّاسِ فَيَجِيئُونَ بِغَنَائِمِهِمْ فَيُخَمِّسُهُ وَيُقَسِّمُهُ فَجَاءَ رَجُلٌ يَوْمًا بَعْدَ ذَلِكَ بِزِمَامٍ مِنْ شَعَرٍ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَذَا فِيمَا كُنَّا أَصَبْنَاهُ مِنَ الْغَنِيمَةِ قَالَ: «أَسْمَعْتَ بِلَالًا نَادَى ثَلَاثًا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَمَا مَنَعَكَ أَنْ تَجِيءَ بِهِ؟» فَاعْتَذَرَ قَالَ: «كُنْ أَنْتَ تَجِيءُ بِهِ يومَ القيامةِ فلنْ أقبلَه عَنْك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4012. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ को माल ए गनीमत मिलता तो आप बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु को हुक्म फरमाते तो वह आम एलान करते जिस पर सहाबा किराम वह माले गनीमत ले कर हाज़िर होते जो उन के पास होता, आप उस में से खुमुस निकालते और इसे तकसीम करते, चुनांचे एक आदमी उस से एक रोज़ बाद बालो से बनी हुई एक लगाम ले कर आया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! माल ए गनीमत में मिलने वाले माल में यह भी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु को तीन मर्तबा एलान करते हुए सुना था ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तो फिर किस चीज़ ने तुझे इसे लाने से मना किया ?” उस ने माज़रत पेश की, लेकिन आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब तुम उसे क़यामत के रोज़ लाओगे में उसे तुम से हरगिज़ कबूल नहीं करूँगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2712)

٤٠١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبَا بَكْرٍ وَعُمَرَ حَرَّقُوا مَتَاعَ الْغَالِّ وضربوه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4013. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ अबू बकर और उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने खयानत करने वाले के माल व मताअ को जला दिया और उस की पिटाई की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2715) * الولید : شامی وقال البخاری (فی زھیر بن محمد :'' ماروی عنه اھل الشام فانه مناکیر ''

٤٠١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدَبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١١٧ يَقُولُ: «مَنْ يَكْتُمْ غَالًّا فَإِنَّهُ مِثْلُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4014. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया करते थे: “जो शख़्स खयानत करने वाले की परदापोशी करता है तो वह भी इसी की तरह है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2716) * خبیب : مجھول ، و جعفر بن سعد : ضعفه الجمھور

٤٠١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن شري الْمغنم حَتَّى تقسم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4015. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने माल ए गनीमत को उस की तकसीम से पहले फरोख्त करने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1563 وقال : غریب) * محمد بن ابراھیم الباھلی مجھول و فی شیخه نظر و لبعض الحدیث شواھد

٤٠١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: نَهْيٌ أَنْ تُبَاعَ السِّهَامُ حَتَّى تُقْسَمَ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

4016. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने हिस्सों की तकसीम से पहले उन्हें बेचने से मना फ़रमाया | (हसन)

سندہ حسن ، رواہ الدارمی (2 / 226 ح 2479 ، نسخة محققة : 2519) [و الطبرانی فی الکبیر 8 / 220 ح 7774 و قبله : 7594]

٤٠١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خولةَ بنتِ قيسٍ: قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ هَذِهِ الْمَالَ خَضِرَةٌ حُلْوَةٌ فَمَنْ أَصَابَهُ بِحَقِّهِ بُورِكَ لَهُ فِيهِ وَرُبَّ متخوض فِمَا شَاءَتْ بِهِ نَفْسُهُ مِنْ مَالِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ لَيْسَ لَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِلَّا النَّارُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4017. खवलत बिन्ते कैस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “ये माल (गनीमत)

खुश मंजर और खुश ज़ाइका है, चुनांचे जिस ने इसे बकदर इस्तेह्काक हासिल किया तो वह उस के लिए बाईस ए बरकत बना दीया जाएगा, और बहोत से लोग जो अल्लाह और उस के रसूल के माल में मन पसंद तसरीफ करते हैं इन के लिए रोज़ ए क़यामत आग ही है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2374 وقال : حسن صحیح)

٤٠١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَنَفَّلَ سيفَه ذَا الفَقارِ يومَ بدْرٍ رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَهْ وَزَادَ التِّرْمِذِيُّ وَهُوَ الَّذِي رَأَى فِيهِ الرُّؤْيَا يَوْم أحد

4018. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने गज़वा ए बद्र के रोज़ अपनी तलवार ज़ुल्फ़िकार हिस्सा से ज़्यादा ली, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने यह अल्फाज़ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नकल किए हैं, और यह वही है जो आप ﷺ ने गज़वा ए उहद के रोज़ ख्वाब में देखी थी| (हसन)

اسناده حسن ، رواه [احمد 1 / 271 ح 2445] و ابن ماجه (2808) و الترمذی (1561 وقال : حسن)

٤٠١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رويفع بْنِ ثَابِتٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلَا يَرْكَبْ دَابَّةً مِنْ فَيْءِ الْمُسْلِمِينَ حَتَّى إِذَا أَعْجَفَهَا رَدَّهَا فِيهِ وَمَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلَا يَلْبَسْ ثَوْبًا مِنْ فَيْءِ الْمُسلمين حَتَّى إِذا أخلقه ردهَا فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4019. रावय्फी बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के मुसलमानों के माल ए गनीमत के किसी जानवर पर सवारी न करे हत्ता कि जब इसे लागीर कर दे तो उसे उस में वापिस लौटा दे, और जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के मुसलमानों के माल ए गनीमत में से कोई कपड़ा न पहने हत्ता कि जब इसे पोशीदा कर दे तो उसे उस में वापिस कर दे”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2159)

٤٠٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ أَبِي الْمُجَالِدِ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: قُلْتُ: هَلْ كُنْتُمْ تُخَمِّسُونَ الطَّعَامَ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: أَصَبْنَا طَعَامًا يَوْمَ خَيْبَرَ فَكَانَ الرَّجُلُ يَجِيءُ فَيَأْخُذُ مِنْهُ مقدارَ مَا يكفيهِ ثمَّ ينْصَرف. وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4020. मुहम्मद बिन अबू मुजाहिद अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: क्या तुम रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में तआम (खाना) में से भी पांचवा हिस्सा निकालते थे? उन्होंने कहा: गजवा ए खैबर में हमें खाना मिला, हर आदमी आता और वह अपने ज़रूरत के मुताबिक उस से लेता और फिर वापिस चला जाता| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2704)

٤٠٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ عُمَرَ: أَنَّ جَيْشًا غَنِمُوا فِي زَمَنِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَعَامًا وَعَسَلًا فَلَمْ يُؤخذْ منهمُ الْخمس. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4021. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ के ज़माने में एक लश्कर को खाना और शहद मिला तो उन में से खुमुस न लिया गया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2701)

٤٠٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْقَاسِمِ مَوْلَى عَبْدِ الرَّحْمَنِ عَنْ بَعْضِ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: كنَّا نأكلُ الجَزورَ فِي الغزْوِ وَلَا نُقَسِّمُهُ حَتَّى إِذَا كُنَّا لَنَرْجِعُ إِلَى رِحَالِنَا وأَخْرِجَتُنا مِنْهُ مَمْلُوءَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4022. अब्दुल रहमान के आज़ाद करदा गुलाम कासिम, नबी ﷺ के किसी सहाबी से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: हम जिहाद में ऊंट का गोश्त खाया करते थे और हम इसे तकसीम नहीं किया करते थे, हत्ता कि जब हम अपने मंजिलो को लौटते तो हमारी खुर्जिया उस से भरी होती थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2706) * ابن حرشف : مجهول

٤٠٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ: «أَدُّوا الْخِيَاطَ وَالْمِخْيَطَ وَإِيَّاكُمْ وَالْغُلُولَ فَإِنَّهُ عَارٌ عَلَى أَهْلِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

4023. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ फ़रमाया करते थे: “धागा और सुई भी (माल ए गनीमत) में जमा करा दो और खयानत से बचो, क्योंकि रोज़ ए क़यामत वह खयानत करने वाले के लिए बाईसे आर होगी”| (हसन)

سنده حسن ، رواه الدارمی (2 / 230 ح 2490 ، نسخة محققة : 2530)

٤٠٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ

4024. इमाम निसाई ने इसे “ अम्र बिन शुऐब अन अबी अन जद्दह” की सनद से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (6 / 262 264 ح 2718)

٤٠٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: دَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَعِيرٍ فَأَخَذَ وَبَرَةً مِنْ سَنَامِهِ ثُمَّ قَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّهُ لَيْسَ لِي مِنْ هَذَا الْفَيْءِ شَيْءٌ وَلَا هَذَا وَرَفَعَ إِصْبَعَهُ إِلَّا الْخُمُسَ وَالْخُمُسُ مَرْدُودٌ عَلَيْكُمْ فَأَدُّوا الْخِيَاطَ

وَالْمِخْيَطَ» فَقَامَ رَجُلٌ فِي يَدِهِ كُبَّةٌ شَعَرٍ فَقَالَ: أَخَذْتُ هَذِهِ لِأُصْلِحَ بِهَا بَرْدَعَةً فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَّا مَا كَانَ لِي ولبني عبدِ المطلبِ فهوَ لكَ» . فَقَالَ: أمّا إِذا بَلَغَتْ مَا أَرَى فَلَا أَرَبَ لِي فِيهَا ونبَذَها. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4025. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: नबी ﷺ ऊंट के करीब हुए तो आप ने उस की कोहान से एक बाल पकड़ा फिर फ़रमाया: “लोगो! इस माल ए गनीमत से मेरे लिए कोई चीज़ नहीं और यह (बाल तक) भी नहीं, आप ﷺ ने अपने ऊँगली उठाई अलबत्ता खुमुस, और खुमुस भी तुम्हे ही लौटा दीया जाएगा, तुम धागा और सुई तक जमा करा दो”, चुनांचे एक आदमी खड़ा हुआ तो उस के हाथ में बालो का एक टुकड़ा सा था, उस ने अर्ज़ किया: मैंने इसे झील को सहीह करने के लिए लिया था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “वो चीज़ जो मेरी और बनू अब्दुल मुत्तलिब की है वह तेरे लिए है”, इस आदमी ने कहा: अगर मुआमला इस क़दर संगीन है तो मुझे उस की कोई ज़रूरत नहीं, और उस ने इसे फेंक दिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2694)

٤٠٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمْرو بن عَبَسةَ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى بَعِيرٍ مِنَ الْمَغْنَمِ فَلَمَّا سَلَّمَ أَخَذَ وَبَرَةً مِنْ جَنْبِ الْبَعِيرِ ثُمَّ قَالَ: «وَلَا يَحِلُّ لِي مِنْ غَنَائِمِكُمْ مِثْلُ هَذَا إِلَّا الْخُمُسُ وَالْخُمُسُ مَرْدُودٌ فِيكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4026. अमर बिन अबसत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने माल ए गनीमत के ऊंट की तरफ रुख कर के हमें नमाज़ पढ़ाई, और जब आप ने सलाम फेरा तो आप ﷺ ने ऊंट के पहलु से चंद बाल पकड़े फिर फ़रमाया: “तुम्हारे अमवाल ए गनीमत में से खुमुस के अलावा मेरे लिए इतनी चीज़ भी हलाल नहीं, जबके खुमुस भी तुम्हारे स्वालेह पर खर्च किया जाता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2755)

٤٠٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جُبير بنُ مُطعِمٍ قَالَ: لَمَّا قَسَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَهْمَ [ص:١١٧ ذَوِي الْقُرْبَى بَيْنَ بَنِي هَاشِمٍ وَبَنِي الْمُطَّلِبِ أَتَيْتُهُ أَنَا وَعُثْمَانُ بْنُ عَفَّانَ فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَؤُلَاءِ إِخْوَانُنَا مِنْ بَنِي هَاشِمٍ لَا نُنْكِرُ فَضْلَهُمْ لِمَكَانِكَ الَّذِي وضعكَ اللَّهُ مِنْهُمْ أَرَأَيْتَ إِخْوَانَنَا مِنْ بَنِي الْمُطَّلِبِ أَعْطَيْتَهُمْ وَتَرَكْتَنَا وَإِنَّمَا قَرَابَتُنَا وَقَرَابَتُهُمْ وَاحِدَةً فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا بَنُو هَاشِمٍ وَبَنُو الْمُطَّلِبِ شَيْءٌ وَاحِدٌ هَكَذَا» . وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعِهِ. رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ وَالنَّسَائِيِّ نَحْوُهُ وَفِيهِ: «إِنَّا وَبَنُو الْمُطَّلِبِ لَا نَفْتَرِقُ فِي جَاهِلِيَّةٍ وَلَا إِسْلَامٍ وَإِنَّمَا نَحْنُ وَهُمْ شَيْءٌ وَاحِدٌ» وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعِه

4027. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने रिश्तेदारों का हिस्सा बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब के दरमियान तकसीम कर दिया तो मैं और उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु आप की खिदमत में हाज़िर हुए और हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! बनू हाशिम कबिले के हमारे यह भाई, आप के मक़ाम व मर्तबा की वजह से उनकी फ़ज़ीलत का हमें इन्कार नहीं क्यूंकि अल्लाह ने आप को उन में पैदा फ़रमाया, बनू मुत्तलिब के हमारे भाइयो के बारे में बताइए के आप ने उन्हें अता फरमा दिया जबके हमें छोड़ दिया हालाँकि हमारी और उनकी क़राबत एक ही है, रसूलुल्लाह ﷺ ने यह सुन कर अपनी उंगलियों को एक दूसरी में दाखिल कर के फ़रमाया: “बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब

इस तरह एक चीज़ है"| शाफ़ई अबू दावुद और निसाई की रिवायत इसी तरह है, और इस में है: हम और बनू मुत्तलिब ने तो दौरे जाहिलियत में अलग थे और न इस्लाम में अलग है, और हम और वह एक चीज़ है, आप ﷺ ने अपने एक हाथ की उंगलिया दुसरे हाथ की उंगलियों मैं डाली| (हसन)

حسن ، رواه الشافعی فی الام (4 / 146 و سنده ضعيف)و ابوداؤد (2980 وهو حديث صحيح) و النسائی (7 / 130 ح 4142 وهو حديث حسن) [و اصله عند البخاری (4229)]

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا • माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٠٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ قَالَ: إِنِّي وَاقِفٌ فِي الصَّفِّ يَوْمَ بَدْرٍ فَنَظَرْتُ عَنْ يَمِينِي وَعَنْ شِمَالِي فَإِذَا بِغُلَامَيْنِ مِنَ الْأَنْصَارِ حَدِيثَة أسنانها فتمنيت أَنْ أَكُونَ بَيْنَ أَضْلَعَ مِنْهُمَا فَغَمَزَنِي أَحَدُهُمَا فَقَالَ: يَا عَمِّ هَلْ تَعْرِفُ أَبَا جَهْلٍ؟ قُلْتُ: نَعَمْ فَمَا حَاجَتُكَ إِلَيْهِ يَا ابْنَ أَخِي؟ قَالَ: أُخْبِرْتُ أَنَّهُ يَسُبُّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَئِنْ رَأَيْتُهُ لَا يُفَارِقُ سَوَادِي سَوَادَهُ حَتَّى يَمُوتَ الْأَعْجَلُ مِنَّا فَتَعَجَّبْتُ لِذَلِكَ قَالَ: وَغَمَزَنِي الْآخَرُ فَقَالَ لِي مِثْلَهَا فَلَمْ أَنْشَبْ أَنْ نَظَرْتُ إِلَى أَبِي جَهْلٍ يَجُولُ فِي النَّاسِ فَقُلْتُ: أَلَا تَرَيَانِ؟ هَذَا صَاحِبُكُمَا الَّذِي تَسْأَلَانِي عَنْهُ قَالَ: فابتدراه بسيفهما فَضَرَبَاهُ حَتَّى قَتَلَاهُ ثُمَّ انْصَرَفَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فأخبراهُ فَقَالَ: «أَيُّكُمَا قَتَلَهُ؟» فَقَالَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا: أَنَا قتله فَقَالَ: «هلْ مسحتُما سيفَيكما؟» فَقَالَا: لَا فَنَظَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى السَّيْفَيْنِ فَقَالَ: «كِلَاكُمَا قَتَلَهُ» . [ص:١١٧ وَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِسَلَبِهِ لِمُعَاذِ بن عَمْرِو بن الْجَمُوحِ وَالرَّجُلَانِ: مُعَاذُ بْنُ عَمْرِو بْنِ الْجَمُوحِ ومعاذ بن عفراء

4028. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं गज़वा ए बद्र के रोज़ सफ में खड़ा था, मैंने अपनी दाए बाए देखा तो मैं अंसार के दो नौ उमर लड़को के दरमियान था, मैंने तमन्ना की मैं इन दोनों से ज़्यादा क़वी आदमियों के दरमियान होता, इतने में इन में से एक ने मुझे इरशाद करते हुए पूछा: चचा जान! आप अबू जहल को जानते हैं ? मैंने कहा: हाँ लेकिन भतीजे तुम्हें उस से क्या काम ? उस ने कहा: मुझे पता चला है के वह रसूलुल्लाह ﷺ को गालिया देता है, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! अगर मैंने इसे देख लिया तो मैं अलग नहीं होऊंगा हत्ता के हम से जल्द अजल (मौत) को पहुँचने वाला फौत हो जाए, उस की इस बात से मुझे बहोत ताज्जुब हुआ, बयान करते हैं, फिर दुसरे ने मुझे इरशाद किया और उस ने भी मुझ से वही बात की, इतने में मैंने अबू जहल को लोगो में चक्कर लगाते हुए देखा तो मैंने कहा: क्या तुम देख नहीं रहे यह वही शख़्स है जिस के बारे में तुम मुझ से पूछ रहे थे, वह बयान करते हैं, वह दोनों अपने तलवारों के साथ उस की तरफ लपके और उस पर वार किया हत्ता कि उन्होंने इसे क़त्ल कर दिया, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए और आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम में से किस ने इसे क़त्ल किया है ?" इन दोनों में से हर एक ने कहा: मैंने इसे क़त्ल किया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने अपने तलवारे साफ़ कर ली है ?" उन्होंने अर्ज़ किया: नहीं, चुनान्चे आप ﷺ ने दोनों की तलवारे देख कर फ़रमाया: "तुम दोनों ने इसे क़त्ल किया है", और रसूलुल्लाह

ﷺ ने अबू जहल के साज़ो सामान के मुत्तल्लिक मुआज़ बिन अम्र बिन जमूह के हक़ में फैसला फ़रमाया, जबके वह दोनों आदमी (लड़के) मुआज़ बिन अम्र बिन जमूह और मुआज़ बिन इफराअ थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3141) و مسلم (42 / 1752)، (4569)

٤٠٢٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ: «مَنْ يَنْظُرُ لَنَا مَا صَنَعَ أَبُو جَهْلٍ؟» فَانْطَلَقَ ابْنُ مَسْعُودٍ فَوَجَدَهُ قَدْ ضَرَبَهُ ابْنَا عَفْرَاءَ حَتَّى بَرَدَ قَالَ: فَأَخَذَ بِلِحْيَتِهِ فَقَالَ: أَنْتَ أَبُو جَهْلٍ فَقَالَ: وَهَلْ فَوْقَ رَجُلٍ قَتَلْتُمُوهُ. وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: فَلَوْ غَيْرُ أَكَّارٍ قتلني

4029. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बद्र के दिन रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कौन देख कर हमें यह बताएगा के अबू जहल किस हालत में है?” इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु गई तो उन्होंने देखा के इफराअ के दोनों बेटो ने उस पर हमला किया है जिस की वजह से वह ठंडा (करिबुल मर्ज़) हो गया है, रावी बयान करते हैं, उन्होंने इसे दाढ़ी से पकड़ कर कहा: तो अबू जहल है? उस ने कहा तुमने एक आदमी ही तो क़त्ल किया है ? एक दूसरी रिवायत में है: उस ने कहा काश कोई गैर काश्तकार मुझे क़त्ल करता| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4020) و مسلم (118 / 1800)، (4662)

٤٠٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: أَعْطَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَهْطًا وَأَنَا جَالِسٌ فَتَرَكَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم مِنْهُم رَجُلًا وَهُوَ أَعْجَبُهُمْ إِلَيَّ فَقُمْتُ فَقُلْتُ: مَا لَكَ عَنْ فُلَانٍ؟ وَاللَّهِ إِنِّي لَأُرَاهُ مُؤْمِنًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوْ مُسلما» ذكرَ سَعْدٌ ثَلَاثًا وَأَجَابَهُ بِمِثْلِ ذَلِكَ ثُمَّ قَالَ: «إِنِّي لَأُعْطِي الرَّجُلَ وَغَيْرُهُ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْهُ خَشْيَةَ أَنْ يُكَبَّ فِي النَّارِ عَلَى وَجْهِهِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: قَالَ الزُّهْرِيُّ: فترى: أَن الْإِسْلَام الْكَلِمَة وَالْإِيمَان الْعَمَل الصَّالح

4030. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक जमाअत को कुछ दीया और मैं बैठा हुआ था, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन में से एक आदमी को छोड़ दीया वह मुझे उन में से ज़्यादा पसंदीदा था, चुनांचे में खड़ा हुआ और अर्ज़ किया: फलां शख़्स के बारे में आप का क्या ख़याल है? अल्लाह की क़सम! मैं उसे मोमिन समझता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बल्के (में इसे) मुसलमान (समझता हु)”, साद रदी अल्लाहु अन्हु ने तीन बार ऐसे ही अर्ज़ किया, और आप ने उन्हें ऐसे ही जवाब इरशाद फ़रमाया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक में आदमी को देता हूँ, जबके दूसरा शख़्स (जिसे में नहीं देता) उस की निस्बत मुझे ज़्यादा प्यारा होता है, इस अंदेशे के पेशे नज़र देता हूँ कि वह अपने चेहरे के बल जहन्नम में न डाला जाए”| और सहीहैन की रिवायत में है इमाम ज़ुहरी (रह) ने फ़रमाया: हम समझते है की इस्लाम कलिमा है जबकि ईमान अमल ए स्वालेह है| (मुत्तफ़िक़_अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (27) و مسلم (237 / 150)، (379)

٤٠٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ يَعْنِي يَوْمَ بَدْرٍ فَقَالَ: «إِنَّ عُثْمَانَ انْطَلَقَ فِي حَاجَةِ

اللَّهِ وَحَاجَةِ رَسُولِهِ وَإِنِّي أُبَايِعُ لَهُ» فَضَرَبَ لَهُ رسولُ الله بِسَهْمٍ وَلَمْ يَضْرِبْ بِشَيْءٍ لِأَحَدٍ غَابَ غَيْرَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4031. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के गज़वा ए बद्र के रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए और फ़रमाया: “बेशक उस्मान, अल्लाह और उस के रसूल के काम से गए हुए हैं, और मैं इन की बैत करता हूँ, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने इन के लिए हिस्सा मुकर्रर फ़रमाया, जबके आप ने उन के अलावा किसी और गैर हाज़िर शख़्स के लिए हिस्सा मुकर्रर नहीं फरमाया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2726)

٤٠٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رافعِ بن خديجٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَجْعَلُ فِي قَسْمِ الْمَغَانِمِ عَشْرًا مِنَ الشَّاءِ بِبَعِير. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

4032. राफीअ बिन ख़दीज रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ माले गनीमत की तकसीम में एक ऊंट के बदले में दस बकरिया मुकर्रर फ़रमाया करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 221 ح 4396) [و اصله متفق عليه (البخاری : 2488 و مسلم : 1968)، (5093)]

٤٠٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " غَزَا نَبِيٌّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ فَقَالَ لِقَوْمِهِ: لَا يَتْبَعُنِي رَجُلٌ مَلَكَ بُضْعَ امْرَأَةٍ وَهُوَ يُرِيدُ أَنْ يَبْنِيَ بِهَا وَلَمَّا يَبْنِ بِهَا وَلَا أَحَدٌ بَنَى بُيُوتًا وَلَمْ يَرْفَعْ سُقُوفَهَا وَلَا رَجُلٌ اشْتَرَى غَنَمًا أَوْ خَلِفَاتٍ [ص:١١٧ وَهُوَ يَنْتَظِرُ وِلَادَهَا فَغَزَا فَدَنَا مِنَ الْقَرْيَةِ صَلَاةَ الْعَصْرِ أَوْ قَرِيبًا مِنْ ذَلِكَ فَقَالَ لِلشَّمْسِ: إِنَّكِ مَأْمُورَةٌ وَأَنَا مَأْمُورٌ اللَّهُمَّ احْبِسْهَا عَلَيْنَا فَحُبِسَتْ حَتَّى فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَجَمَعَ الْغَنَائِمَ فَجَاءَتْ يَعْنِي النَّارَ لِتَأْكُلَهَا فَلَمْ تَطْعَمْهَا فَقَالَ: إِنَّ فِيكُمْ غُلُولًا فَلْيُبَايِعْنِي مِنْ كُلِّ قَبِيلَةٍ رَجُلٌ فَلَزِقَتْ يدُ رجلٍ بيدِه فَقَالَ: فيكُم الغُلولُ فجاؤوا بِرَأْسٍ مِثْلِ رَأْسِ بَقَرَةٍ مِنَ الذَّهَبِ فَوَضَعَهَا فَجَاءَتِ النَّارُ فَأَكَلَتْهَا ". زَادَ فِي رِوَايَةٍ: «فَلَمْ تَحِلَّ الْغَنَائِمُ لِأَحَدٍ قَبْلَنَا ثُمَّ أَحَلَّ اللَّهُ لَنَا الْغَنَائِمَ رَأَى ضَعْفَنَا وَعَجْزَنَا فَأَحَلَّهَا لَنَا»

4033. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंबिया अलैहिस्सलाम में से किसी एक नबी ने जिहाद किया तो उन्होंने अपने कौम से फ़रमाया: वह शख़्स मेरे साथ न जाए जिस ने शादी की और वह इसे अपने घर लाना चाहता है मगर वह इसे ताहाल अपने घर नहीं ला सका और वह शख़्स भी मेरे साथ न जाए जिस ने घर बनाया और उस ने उस की छते बुलंद नहीं की, और न वह शख़्स मेरे साथ जाए जिस ने बकरी या हामिला ऊंटनी खरीदी है और वह उस के बच्चे का मुन्तज़र है, उन्होंने जिहाद का इरादा किया, और वह नमाज़ ए असर या उस के करीब इस बस्ती के करीब पहुंचे (जिस के साथ जिहाद करना था) और उन्होंने सूरज से फ़रमाया: तू भी मामूर है और मैं भी मामूर हूँ, ऐ अल्लाह! इसे ठहरा दे, लिहाज़ा इसे ठहरा दिया गया हत्ता के अल्लाह ने उन्हें फतह अता फरमाई, उन्होंने माले गनीमत जमा किया, आग इसे जलाने के लिए आई मगर उस ने इसे न जलाया, उन्होंने ने फ़रमाया: तुम में से कोई खाईन है, हर कबिले से एक आदमी मेरी बैत करे, एक आदमी का हाथ उन के हाथ के साथ चिमट गया, नबी ने फ़रमाया: तुम में खाईन है, वह गाय के सर के बराबर सोने का एक सर लाए और इसे माल ए गनीमत में रखा गया, फिर आग आई और इसे खा गई| और एक रिवायत में यह ज़्यादा नकल किया है: “हम से पहले माल ए गनीमत किसी के लिए हलाल नहीं था, फिर

अल्लाह ने हमारे लिए माल ए गनीमत हलाल फरमा दिया, उस ने हमारी कमज़ोरी और आजिज़ी देखी तो उसे हमारे लिए हलाल करार दे दिया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3124) و مسلم (32 / 1747)، (4555)

٤٠٣٤ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: حدثني عمر قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمَ خَيْبَرَ أَقْبَلَ نَفَرٌ مِنْ صَحَابَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: فُلَانٌ شَهِيدٌ وَفُلَانٌ شَهِيدٌ حَتَّى مَرُّوا عَلَى رَجُلٍ فَقَالُوا: فُلَانٌ شَهِيدٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَلَّا إِنِّي رَأَيْتُهُ فِي النَّارِ فِي بُرْدَةٍ غَلَّهَا أَوْ عَبَاءَةٍ» ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَا ابْنَ الْخَطَّابِ اذْهَبْ فَنَادِ فِي النَّاسِ: أَنَّهُ لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ إِلَّا الْمُؤْمِنُونَ ثَلَاثًا " قَالَ: فَخَرَجْتُ فَنَادَيْتُ: أَلَا إِنَّهُ لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ إِلَّا الْمُؤْمِنُونَ ثَلَاثًا. رَوَاهُ مُسلم

4034. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की, उन्होंने ने फ़रमाया: जब गजवा ए खैबर का दिन थे तो नबी ﷺ के सहाबा की एक जमाअत आई और उन्होंने कहा: फलां शहीद है, फलां शहीद है, हत्ता के वह एक शख़्स के पास से गुज़रे तो उन्होंने कहा: फलां शहीद है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरगिज़ नहीं, मैंने इसे एक चादर की वजह से, जो उस ने खयानत की थी, जहन्नम में देखा है” फिर फ़रमाया: “इब्ने खत्ताब! जाओ और तीन बार एलान आम कर दो की जन्नत में (कामिल(सर्वोत्तम)) मोमिन दाखिल होंगे”, वह बयान करते हैं, मैं निकला और तीन बार ऐलान किया: सुन लो! जन्नत में सिर्फ मोमिन ही जाएँगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (182 / 114)، (309)

जिज़िया का बयान • بَاب الْجِزْيَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٠٣٥ - (صَحِيح) عَن بَجالَةَ قَالَ: كُنْتُ كَاتِبًا لِجَزْءِ بْنِ مُعَاوِيَةَ عَمِّ الْأَحْنَفِ فَأَتَانَا كِتَابُ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَبْلَ مَوْتِهِ بِسَنَةٍ: فَرِّقُوا بَيْنَ كُلِّ ذِي مَحْرَمٍ مِنَ الْمَجُوسِ وَلَمْ يَكُنْ عُمَرُ أَخَذَ الْجِزْيَةَ مِنَ الْمَجُوسِ حَتَّى شَهِدَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ عَوْفٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَذَهَا مِنْ مَجُوسِ هجَرَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ»» وذُكر حديثُ بُريدة: إِذَا أَمَّرَ أَمِيرًا عَلَى جَيْشٍ فِي «بَابِ الْكتاب إِلَى الْكفَّار»

4035. बजालह रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैं अहनफ़ के चचा जज़्अ बिन मुआविया का कातिब (मुंशी) था, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु की वफात से एक साल पहले इन की तरफ से हमारे पास एक ख़त आया की मजुसियो के हर इस जोड़े के दरमियान अलायेदगी करो जो आपस में एक दुसरे के महरम हो, और उमर रदी अल्लाहु अन्हु मजुसियो से जिज़िया

नहीं लेते थे हत्ता के अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु ने गवाही दी के रसूलुल्लाह ﷺ ने हजर के मजुसियो से जिज़िया लिया था| # और बुरैदाह (र) से मरवी हदीस " जब किसी अमीर को किसी लश्कर पर मुकर्रर फरमाते ....", (بَابِ الْكتاب إِلى الْكفَّار) कुफ्फ़ार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दावत देने का बयान में ज़िक्र की गई है (बुखारी)

رواه البخاری (3156) 0 حديث بريدة ، تقدم (3929)

بَاب الْجِزْيَة • जिज़िया का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مُعَاذٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا وَجَّهَهُ إِلَى الْيَمَنِ أَمَرَهُ أَنْ يَأْخُذَ مِنْ كُلِّ حَالِمٍ يَعْنِي مُحْتَلِمٍ دِينَارًا أَوْ عَدْلَهُ مِنَ الْمَعَافِرِيِّ: ثِيَابٌ تَكُونُ بِالْيمن. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4036. मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें यमन की तरफ भेजा तो उन्हें हर बालिग़ शख़्स से एक दीनार या उस के मसावी मआफरी कपड़ा जो के यमन में होता है, लेने का हुक्म फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3038) [و الترمذی (623) و النسائی (2455) و ابن ماجه (1803)] * الاعمش مدلس و عنعن

٤٠٣٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْلُحُ قِبْلَتَانِ فِي أَرْضٍ وَاحِدَةٍ وَلَيْسَ عَلَى الْمُسْلِمِ جِزْيَةٌ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4037. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "एक मुल्क में दो कबिले (यानी दीन) दुरुस्त नहीं और न किसी मुसलमान पर जिज़िया है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 223 ح 1949 و الترمذی (633) و ابوداؤد (3053) * فيه يزيد بن ابی زياد : ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة ، منها طريق احمد (1 / 253 ، 313)

٤٠٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أنس قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَالِدَ بْنَ الْوَلِيدِ إِلَى أُكَيْدِرِ دُومَةَ فَأَخَذُوهُ فَأَتَوْا بِهِ فَحَقَنَ لَهُ دَمَهُ وَصَالَحَهُ على الْجِزْيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4038. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु को दव्म के

बादशाह उकैदिर की तरफ भेजा, वह इसे गिरफ्तार कर के आप की खिदमत में ले आए, आप ﷺ ने उस की जान बख्शी फरमा दिया और फरीकैन के बिच में जिज़िया पर सुलह हो गई| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3037) * محمد بن اسحاق عنعن

٤٠٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَرْبِ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ عَنْ جَدِّهِ أَبِي أُمِّه عَنْ أَبِيهِ أَنَّ [ص:١١٨] رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا الْعُشُورُ عَلَى الْيَهُودِ وَالنَّصَارَى وَلَيْسَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ عُشُورٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

4039. हरबी बिन उबैदुल्लाह अपने नाना से और वह अपने बाप से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “महसूल तो यहूद व नसारा पर है, मुसलमानों पर गुशुर नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 474 ح 15992) و ابوداؤد (3048) * سفيان الثورى مدلس و عنعن و رجل من بكر بن وائل ، لعله حرب و الا فمجهول

٤٠٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نَمَرُّ بِقَوْمٍ فَلَا هُمْ يُضَيِّفُونَا وَلَا هُمْ يُؤَدُّونَ مَا لنا عَلَيْهِم منَ الحقِّ وَلَا نَحْنُ نَأْخُذُ مِنْهُمْ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ أَبَوْا إِلَّا أَنْ تأخُذوا كُرهاً فَخُذُوا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4040. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम किसी कौम के पास से गुज़रते है तो वह न तो हमारी मेहमान नवाज़ी करते हैं और न वह हमारा वह हक़ देते हैं जो इन पर लगाया होता है और हम भी उन से अपना हक़ (ज़बरदस्ती) हासिल नहीं करते, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर वह इन्कार करे और तुम्हें ज़बरदस्ती लेना पड़े तो लो”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1589)

जिज़िया का बयान • بَاب الْجِزْيَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٠٤١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَسْلَمَ أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ ضَرَبَ الْجِزْيَةَ عَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أربعةَ دنانيرَ وعَلى أهلِ الوَرِقِ أَرْبَعِينَ دِرْهَمًا مَعَ ذَلِكَ أَرْزَاقُ الْمُسْلِمِينَ وَضِيَافَةُ ثلاثةِ أيامٍ. رَوَاهُ مَالك

4041. असलम से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने सोने वालो पर चार दीनार और चाँदी वालो पर

चालीस दिरहम जिज़िया मुकर्रर फ़रमाया, उस के साथ साथ मुसलमानों की ज़ुरुरियात जिंदगी और तीन दीन की खाना| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالك (1 / 279 ح 623)

بَاب الصُّلْح • सुलह का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

4237. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम नबी ﷺ के साथ किसी खाने में शरीक होते तो हम खाने के लिए हाथ नहीं बढ़ाते थे जब तक रसूलुल्लाह ﷺ शुरू नहीं फरमाते थे और आप अपना हाथ बढ़ाते थे, एक मर्तबा हम आप ﷺ के साथ खाने में शरीक हुए तो एक बच्ची आई गोया इसे धकेला जा रहा है, उस ने खाने में अपना हाथ रखना चाहा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे हाथ से पकड़ लिया, फिर एक देहाती आया वह भी इसी तरह था जैसे इसे धकेला जा रहा हो, आप ने इसे भी हाथ से पकड़ लिया फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शैतान इस खाने पर, जिस पर अल्लाह का नाम न लिया जाए, दस्तरस (हलाल कर सके) हासिल कर लेता है, वह इस बच्ची को ले कर आया ताकि वह उस के ज़रिए दस्तरस (हलाल कर सके) हासिल कर सके, लेकिन मैंने इसे हाथ से पकड़ लिया, फिर वह इस देहाती को लाया ताकि उस के ज़रिए दस्तरस (हलाल कर सके) हासिल कर सके, लेकिन मैंने इसे भी हाथ से पकड़ लिया, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! बेशक इस (शैतान) का हाथ इस (बच्ची) के हाथ के साथ मेरे हाथ में है”| और एक रिवायत में यह अल्फाज़ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) है फिर आप ﷺ ने अल्लाह का नाम लिया और खाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (102 / 3017)، (5259)

٤٢٣٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرَادَ أَنْ يَشْتَرِيَ غُلَامًا فَأَلْقَى بَيْنَ يَدَيْهِ تَمْرًا فَأَكَلَ الْغُلَامُ فَأَكْثَرَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ كَثْرَةَ الْأَكْلِ شُؤْمٌ» . وَأَمَرَ بِرَدِّهِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

4238. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक गुलाम खरीदना चाहो तो आप ने उस के सामने खजूरे रखी,इस गुलाम ने बहोत ज़्यादा खजूरे खा लि तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक ज़्यादा खाना बे बरकत है”, और आप ﷺ ने इसे वापिस करने का हुक्म फ़रमाया| (ज़ईफ़,मौज़ू)

اسناده ضعيف جذا موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (5661 ، نسخة محققة : 5273) [و ابن عدى فى الكامل (1 / 244)] * فيه ابو اسحاق الشيبانى ابراهيم بن هراسة : كذاب متهم

٤٢٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَيِّدُ إِدَامِكُمُ الْمِلْحُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

4239. अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे सालन का सरदार नमक है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (3315) * فيه عيسى الحناط : متروک و السند ضعفه البوصيرى

٤٢٤٠ - وَعَنْهُ قَالَ : قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وُضِعَ الطَّعَامُ فَاخْلَعُوا نِعَالَكُمْ فإِنَّه أَرْوَحُ لأقدامكم»

4240. अनस बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब खाना लगा दिया जाए तो अपने जूते उतार दिया करो, क्योंकि यह तुम्हारे पाँव के लिए ज़्यादा आराम देह है”| (ज़ईफ़,मौज़ू)

اسناده ضعيف جذا موضوع ، رواه الدارمی (2 / 108 ح 2086 ، نسخة محققة : 2125) * فيه موسى بن محمد بن ابراهيم : متروک ، و السند منقطع وقال الذهبی فی تلخيص المستدرک (4 / 119(:’’ احسبه موضوعًا و اسناده مظلم ‘‘

٤٢٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أسماءَ بنتِ أبي بكرٍ: أَنَّهَا كَانَتْ إِذَا أَتَيْتُ بِثَرِيدٍ أَمَرَتْ بِهِ فَغُطِّيَ حَتَّى تَذْهَبَ فَوْرَةُ دُخَانِهِ وَتَقُولُ: أَنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «هُوَ أعظم للبركة» . رَوَاهُمَا الدَّارمِيّ

4241. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि जब उन के पास सरिद लाया जाता तो आप के कहने पर इसे ढांक दिया जाता हत्ता के उस का जोश हरारत ख़तम हो जाता, और वह फरमाती थी मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “ऐसा करना ज़्यादा बाईस ए बरकत है”| दोनों रिवायतों इमाम दारमी ने नकल की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (2 / 100 ح 2053 ، نسخة محققة : 2091) [و ابو نعيم فی حلية الاولياء (8 / 177) و ابن حبان (الاحسان : 5184 / 5207)] * فيه الزهری : مدلس و عنعن

٤٢٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن نُبَيْشَة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ أَكَلَ فِي قَصْعَةٍ ثُمَّ لَحِسَهَا تَقُولُ لَهُ الْقَصْعَةُ: أَعْتَقَكَ اللَّهُ مِنَ النَّارِ كَمَا أعتقتَني منَ الشيطانِ ". رَوَاهُ رزين

4242. नुबैशा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी बर्तन में खा कर इसे अच्छी तरह साफ़ करता है तो वह बर्तन उस के मुत्तल्लिक कहता है, अल्लाह तुम्हें जहन्नम से आज़ादी अता फरमाए जिस तरह तुमने मुझे शैतान से आज़ादी दी”| (मुझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) و انظر ح 4218

بَاب الضِّيَافَة • मेहमान नवाज़ी का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٢٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلْيُكْرِمْ ضَيْفَهُ وَمَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلَا يُؤْذِ جَارَهُ وَمَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلْيَقُلْ خَيْرًا أَوْ لِيَصْمُتْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: بَدَلَ «الْجَارِ» وَمَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلْيَصِلْ رحِمَه "

4243. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के अपने मेहमान की इज्ज़त करे, जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के अपने पड़ोसी को तकलीफ न पहुंचाए और जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के खैर व भलाई की बात करे वरना ख़ामोश रहे एक दूसरी रिवायत में पड़ोसी के बजाए यह अल्फाज़ है: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है वह सिलह रहमी करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6018 ، و الرواية الثانية : 6138) و مسلم (75 / 47)، (174)

٤٢٤٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي شُرَيْحٍ الْكَعْبِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلْيُكْرِمْ ضَيْفَهُ جَائِزَتُهُ يَوْمٌ وَلَيْلَةٌ وَالضِّيَافَةُ ثَلَاثَةُ أَيَّامٍ فَمَا بَعْدَ ذَلِكَ فَهُوَ صَدَقَةٌ وَلَا يَحِلُّ لَهُ أَنْ يَثْوِيَ عِنْدَهُ حَتَّى يُحَرِّجَهُ»

4244. अबू शरीह अल काबी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है वह अपने मेहमान की इज्ज़त करे और वह एक दिन एक रात है, और खाने तीन दिन के लिए है, उस के बाद सदका है और महमान के लिए हलाल नहीं के वह मेज़बान के यहाँ इस क़दर कयाम करे के वह इसे तंगी में मुब्तिला कर दे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6019) و مسلم (14 / 48)، (176)

٤٢٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَلْتُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّك تبعثنا فتنزل بِقَوْمٍ لَا يُقْرُونَنَا فَمَا تَرَى؟ فَقَالَ لَنَا: «إِنْ نَزَلْتُمْ بِقَوْمٍ فَأَمَرُوا لَكُمْ بِمَا يَنْبَغِي لِلضَّيْفِ فَاقْبَلُوا فَانْ لَمْ يَفْعَلُوا فَخُذُوا مِنْهُمْ حق الضَّيْف الَّذِي يَنْبَغِي لَهُم»

4245. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, आप हमें भेजते है, और हम किसी कौम के यहाँ पड़ाव डालते है तो वह हमारी मेहमान नवाज़ी नहीं करते इस बारे में जनाब का किया हुक्म है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम किसी कौम के यहाँ पड़ाव डालो और वह मेहमान नवाज़ी के मुताबिक तुम्हारी मेहमान नवाज़ी करे तो उसे कबूल करो और अगर वह मेहमान नवाज़ी न करे तो फिर मेहमान नवाज़ी का जो हक़ है के उन से वुसुल कर सकते हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2461) و مسلم (17 / 1727)، (4516)

٤٢٤٦ - (صَحِيح) وَعَن أبي هريرةَ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ [ص:١٢٢ فَإِذَا هُوَ بِأَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ فَقَالَ: «مَا أَخْرَجَكُمَا مِنْ بُيُوتِكُمَا هَذِهِ السَّاعَةَ؟» قَالَا: الْجُوعُ قَالَ: «وَأَنَا وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَأَخْرَجَنِي الَّذِي أَخْرَجَكُمَا قُومُوا» فَقَامُوا مَعَهُ فَأَتَى رَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ فَإِذَا هُوَ لَيْسَ فِي بَيْتِهِ فَلَمَّا رَأَتْهُ المرأةُ قَالَت: مرْحَبًا وَأهلا فَقَالَ لَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيْنَ فُلَانٌ؟» قَالَتْ: ذَهَبَ يَسْتَعْذِبُ لَنَا مِنَ الْمَاءِ إِذْ جَاءَ الْأَنْصَارِيُّ فَنَظَرَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصَاحِبَيْهِ ثُمَّ قَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ مَا أَحَدٌ الْيَوْمَ أكرمَ أضيافاً مني قَالَ: فانطَلَق فَجَاءَهُمْ بِعِذْقٍ فِيهِ بُسْرٌ وَتَمْرٌ وَرُطَبٌ فَقَالَ: كُلُوا مِنْ هَذِهِ وَأَخَذَ الْمُدْيَةَ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى

اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِيَّاكَ وَالْحَلُوبَ» فَذَبَحَ لَهُمْ فَأَكَلُوا مِنَ الشَّاةِ وَمِنْ ذَلِكَ الْعِذْقِ وَشَرِبُوا فَلَمَّا أَنْ شَبِعُوا وَرَوُوا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَتُسْأَلُنَّ عَنْ هَذَا النَّعِيمِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ أَخْرَجَكُمْ مِنْ بُيُوتِكُمُ الْجُوعُ ثُمَّ لَمْ تَرْجِعُوا حَتَّى أَصَابَكُمْ هَذَا النعيمُ» . رَوَاهُ مُسلم. وَذَكَرَ حَدِيثَ أَبِي مَسْعُودٍ: كَانَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فِي «بَابِ الْوَلِيمَة»

4246. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी रोज़ या किसी रात रसूलुल्लाह ﷺ घर से बाहर तशरीफ़ लाए तो आप की अबू बकर और उमर रदी अल्लाहु अन्हु से मुलाकात हो गई, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस वक़्त तुम्हें किसी चीज़ ने तुम्हारे घरो से निकाला ?” उन्होंने अर्ज़ किया, भूख ने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! मुझे भी इसी चीज़ ने निकाला जिस ने तुम्हें निकाला है, चलो!‘‘ वह आप ﷺ के साथ चल दिए आप एक अंसारी सहाबी के पास तशरीफ़ लाए लेकिन वह घर पर नहीं थे, जब उस की अहलिया ने आप को देखा तो कहा: खुशामदीद, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “फलां कहाँ है ?” उस ने अर्ज़ किया, वह हमारे लिए मीठा पानी लेने गए है, इतने में वह अंसारी भी तशरीफ़ ले आए, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ और आप के दोनों साथियो को देखा तो पुकार उठे: الْحَمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है), मेहमानी के लिहाज़ से आज का दिन मेरे लिए बहोत ही बाईस इज्ज़त है, रावी बयान करते हैं, वह शख़्स गया और खजूरो का खोशा लाया जिस में कच्ची, पकी और उम्दा हर किस्म की खजूरे थी, उस ने अर्ज़ किया, आप उन्हें तनावुल फरमाइए और खुद उस ने छुरी पकड़ ली, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “दूध देने वाली बकरी से एहतियात करना”, उस ने उन की खातिर बकरी जिबह की, उन्होंने इस बकरी का गोश्त खाया और खजूरे खाई और पानी पिया, जब वह सैर व सेराब हो गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अबू बक्र व उमर रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! रोज़ ए क़यामत तुम से उन नेअमतो के बारे में सवाल किया जाएगा, भूख ने तुम्हें तुम्हारे घरो से निकाला, फिर तुम उन नेअमतो से मुस्तफिद हो कर वापिस जाओगे”| # इब्ने मसउद (र) से मरवी हदीस: “अंसार में से एक आदमी था .....” بَابُ الْوَلِيمَة (वलीमे का बयान)” में ज़िक्र की गई है. (मुस्लिम)

رواه مسلم (14 / 2038)، (5313) 0 حديث ابی مسعود تقدم (3219)

बَاب الضِّيَافَة • मेहमान नवाज़ी का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٢٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن المقدام بن معدي كرب سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَيُّمَا مُسْلِمٍ ضَافَ قَوْمًا فَأَصْبَحَ الضَّيْفُ مَحْرُومًا كَانَ حَقًّا عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ نَصْرُهُ حَتَّى يَأْخُذَ لَهُ بِقِرَاهُ مِنْ مَالِهِ وَزَرْعِهِ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ وَأَبُو دَاوُد»» وَفِي رِوَايَة: «وَأَيُّمَا رَجُلٍ ضَافَ قَوْمًا فَلَمْ يُقْرُوهُ كَانَ لَهُ أَن يعقبهم بِمثل قراه»

4247. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कोई मुसलमान किसी कौम के यहाँ महमान ठहरे लेकिन वह हक़ ए दावत से महरूम रहे तो उस की नुसरत करना हर मुसलमान पर हक़ है हत्ता के वह उस के माल और उस की ज़राअत से उस का हक़ ए दावत ले ले”, दारमी अबू दावुद, और अबू दावुद

की रिवायत में है: “जो किसी कौम के यहाँ महमान ठहरा लेकिन उन्होंने उस की दावत की तो वह अपने हक़ ए दावत के बराबर उन के माल से ले सकता है”| (हसन)

حسن ، رواه الدارمی (2 / 98 ح 2043) و ابوداؤد (3751 و الرواية الثانية : 3804) و سندهما صحيح]

٤٢٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْأَحْوَصِ الْجُشَمِيِّ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ [ص:١٢٢ أَرَأَيْتَ إِنْ مَرَرْتُ بِرَجُلٍ فَلَمْ يُقِرْنِي وَلَمْ يُضِفْنِي ثُمَّ مَرَّ بِي بَعْدَ ذَلِكَ أَأَقْرِيهِ أَمْ أَجْزِيهِ؟ قَالَ: «بل اقره» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4248. अबू अह्वस जश्मी अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के अगर में किसी शख़्स के पास से गुज़रो तो वह मेरी दावत न करे लेकिन उस के बाद वह मेरे पास से गुज़रे तो क्या मैं उस की दावत करू या उस को बदला दू (के खाने न करूँ) ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “बल्के खाने करो”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2006 وقال : حسن صحیح)

٤٢٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَوْ غَيْرِهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اسْتَأْذَنَ عَلَى سَعْدِ بْنِ عُبَادَةَ فَقَالَ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ» فَقَالَ سَعْدٌ: وَعَلَيْكُمُ السَّلَامُ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَلَمْ يُسْمِعِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى سَلَّمَ ثَلَاثًا وَرَدَّ عَلَيْهِ سَعْدٌ ثَلَاثًا وَلَمْ يُسْمِعْهُ فَرَجَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاتَّبَعَهُ سَعْدٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي مَا سَلَّمْتَ تَسْلِيمَةً إِلَّا هِيَ بِأُذُنِي: وَلَقَدْ رَدَدْتُ عَلَيْكَ وَلَمْ أُسْمِعْكَ أَحْبَبْتُ أَنْ أَسْتَكْثِرَ مِنْ سَلَامِكَ وَمِنَ الْبَرَكَةِ ثُمَّ دَخَلُوا الْبَيْتَ فَقَرَّبَ لَهُ زَبِيبًا فَأَكَلَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا فَرَغَ قَالَ: «أَكَلَ طَعَامَكُمُ الْأَبْرَارُ وَصَلَّتْ عَلَيْكُمُ الْمَلَائِكَةُ وَأَفْطَرَ عِنْدَكُمُ الصَّائِمُونَ» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ»

4249. अनस रदी अल्लाहु अन्हु या उन के अलावा किसी सहाबी से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने साद बिन अब्बाद रदी अल्लाहु अन्हु से इजाज़त तलब की और फ़रमाया: “ السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो)” साद रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, وَعَلَيْكُمُ السَّلَامُ وَرَحْمَةُ اللَّهِ (और तुम पर सलामती हो और अल्लाह की रहमत हो)लेकिन उन्होंने नबी ﷺ को आवाज़ न सुनाई हत्ता के आप ने तीन मर्तबा सलाम किया और साद रदी अल्लाहु अन्हु ने भी तीन मर्तबा सलाम का जवाब दिया लेकिन आप को न सुनाया, जब नबी ﷺ वापिस तशरीफ़ ले गए तो साद (र), आप के पीछे गए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, आप ने जितनी बार भी सलाम किया मैंने इसे सुना और आप को जवाब अर्ज़ किया, लेकिन मैंने आप को (इसलिए) नहीं सुनाया की मैं पसंद करता था के आप से ज़्यादा से ज़्यादा सलामती और बरकत हासिल कर सकू, फिर वह घर तशरीफ़ लाए तो उन्होंने आप की खिदमत में किशमिश पेश किया तो नबी ﷺ ने इसे खाया, जब आप ﷺ फारिग़ हुए तो फ़रमाया: “नेकोकार तुम्हारा खाना खाते रहे, फ़रिश्ते तुम पर रहमते भेजे और रोज़दार तुम्हारे वहां इफ्तार करते रहे”| (सहीह)

صحیح ، رواه البغوی فی شرح السنة (12 / 282 283 ح 3320) [و احمد (3 / 138) و البیهقی (7 / 287) و الطحاوی فی مشکل الآثار (1 / 498 ، 499) و صححه العراقی و ابن الملقن وغیرهما] * وله شاهد حسن لذاته عند الطحاوی فی مشکل الآثار (4 / 242 ح 1577) و به صح الحدیث

٤٢٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَثَلُ الْمُؤْمِنِ وَمَثَلُ الْإِيمَانِ كَمَثَلِ الْفَرَسِ فِي آخِيَّتِهِ يَجُولُ ثُمَّ يَرْجِعُ إِلَى آخِيَّتِهِ وَإِنَّ الْمُؤْمِنَ يَسْهُو ثُمَّ يَرْجِعُ إِلَى الْإِيمَانِ فَأَطْعِمُوا طَعَامَكُمُ الْأَتْقِيَاءَ وَأَوْلُوا مَعْرُوفَكُمُ الْمُؤْمِنِينَ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» وَأَبُو نُعَيْمٍ فِي «الْحِلْيَة»

4250. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मोमिन और ईमान की मिसाल इस घोड़े के मिसल है तो अपने खूंटे के साथ बंधा हुआ है दोड़ता फिरता है लेकिन अपने खूंटे की तरफ हीलौट आता है, और मोमिन भूल जाता है (गलती कर बेठता है) और फिर ईमान की तरफ पलट आता है, तुम अपना खाना मुत्तकी लोगो को खिलाओ और मोमिनो के साथ भलाई करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10964 ، نسخة محققة : 10460 10461) و ابو نعيم فى حلية الاولياء (8 / 179) [و احمد (3 / 38 ، 55)] * فيه ابو سليمان الليثنى : لم اجد من وثقه غير ابن حبان من المتقدمين و انظر مجمع الزوائد (10 / 201) و صحيح ابن حبان (الاحسان : 615)

٤٢٥١ - (لم تتمّ دراسته) عَن عبد الله بنِ بُسر قَالَ: كَانَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَصْعَةٌ يَحْمِلُهَا أَرْبَعَةُ رِجَالٍ يُقَالُ لَهَا: الْغَرَّاءُ فَلَمَّا أَضْحَوْا وَسَجَدُوا الضُّحَى أُتِيَ بِتِلْكَ الْقَصْعَةِ وَقَدْ ثُرِدَ فِيهَا فَالْتَفُّوا عَلَيْهَا فَلَمَّا كَثُرُوا جَثَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَعْرَابِيٌّ: مَا هَذِهِ الْجِلْسَةُ؟ [ص:١٢٢ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ جَعَلَنِي عَبْدًا كَرِيمًا وَلَمْ يَجْعَلْنِي جَبَّارًا عَنِيدًا» ثُمَّ قَالَ: «كُلُوا مِنْ جَوَانِبِهَا وَدَعُوا ذِرْوَتَهَا يُبَارَكْ فِيهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4251. अब्दुल्लाह बिन बुसरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ का एक बर्तन था जिसे चार आदमी उठाते थे, इसे गिराअ कहा जाता था, जब वह चाश्त का वक़्त होने पर नमाज़ चाश्त पढ़ लेते तो वह बर्तन लाया जाता और उस में सरिद तैयार किया जाता, फिर सहाबा किराम उस के गिर्द जमा हो जाते, जब वह ज़्यादा हो जाता तो रसूलुल्लाह ﷺ दो ज़ानो हो कर बैठ जाते, किसी आराबी ने कहा: यह किस तरह बेठना है ? नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने मुझे मुतवाज़ी सखी बनाया है और मुझे मुतकब्बर सरकश नहीं बनाया”, फिर फ़रमाया: “इस (बरतन) के अतराफ़ से खाओ और उस के बिच को छोड़ दो उस में बरकत अता की जाएगी”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3773)

٤٢٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ وَحْشِيِّ بْنِ حَرْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: إِنَّ أَصْحَابَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نَأْكُلُ وَلَا نَشْبَعُ قَالَ: «فَلَعَلَّكُمْ تَفْتَرِقُونَ؟» قَالُوا: نَعَمْ قَالَ: «فَاجْتَمِعُوا عَلَى طَعَامِكُمْ وَاذْكُرُوا اسْمَ اللَّهِ يُبارِكْ لكم فِيهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4252. वहशी बिन हरबी अपने बाप से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम खाना खाते है लेकिन सैर नहीं होते, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुम अलग अलग खाते हो ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपना खाना इज्तिमाई शकल में खाया करो अल्लाह का नाम लिया करो (इस तरह) उस में तुम्हारे लिए बरकत डाल दी जाएगी”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3764) [و ابن ماجه (3286) و احمد (3 / 501)]

بَاب الضِّيَافَة • मेहमान नवाज़ी का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٢٥٣ - عَنْ أَبِي عَسِيبٍ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلًا فَمَرَّ بِي فَدَعَانِي فَخَرَجْتُ إِلَيْهِ ثُمَّ مَرَّ بِأَبِي بَكْرٍ فَدَعَاهُ فَخَرَجَ إِلَيْهِ ثُمَّ مَرَّ بِعُمَرَ فَدَعَاهُ فَخَرَجَ إِلَيْهِ فَانْطَلَقَ حَتَّى دَخَلَ حَائِطًا لِبَعْضِ الْأَنْصَارِ فَقَالَ لِصَاحِبِ الْحَائِطِ: «أَطْعِمْنَا بُسْرًا» فَجَاءَ بِعِذْقٍ فَوَضَعَهُ فَأَكَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ ثُمَّ دَعَا بِمَاءٍ بَارِدٍ فَشَرِبَ فَقَالَ: «لَتُسْأَلُنَّ عَنْ هَذَا النَّعِيمِ يَوْمَ القيامةِ» قَالَ: فَأخذ عمر العذق فضرب فِيهِ الْأَرْضَ حَتَّى تَنَاثَرَ الْبُسْرُ قِبَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: يَا رَسُول الله إِنَّا لمسؤولون عَنْ هَذَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ؟ قَالَ: «نَعَمْ إِلَّا مِنْ ثَلَاثٍ خِرْقَةٍ لَفَّ بِهَا الرَّجُلُ عَوْرَتَهُ أَوْ كِسْرَةٍ سَدَّ بِهَا جَوْعَتَهُ أَوْ حُجْرٍ يتدخَّلُ فِيهِ مِنَ الْحَرِّ وَالْقُرِّ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شعب الْإِيمَان» . مُرْسلا

4253. अबू असिब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रात रसूलुल्लाह ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए मेरे पास से गुज़रे तो मुझे आवाज़ दी, मैं आप की खिदमत में हाज़िर हुआ, फिर आप अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु के पास से गुज़रे तो उन्हें भी आवाज़ दी, वह भी आप की खिदमत में हाज़िर हुए फिर आप उमर रदी अल्लाहु अन्हु के पास से गुज़रे तो उन्हें भी आवाज़ दी या वह भी आप की खिदमत में हाज़िर हुए, आप चलते गए हत्ता के किसी अंसारी सहाबी के बाग़ में तशरीफ़ ले गए, आप ﷺ ने बाग़ के मालिक से फ़रमाया: “ह में पकी हुई खजूरे खिलाओ”, वह एक खोशा लाए जिसे रसूलुल्लाह ﷺ और आप के साथियो ने खाया, फिर आप ﷺ ने ठंडा पानी मंगवाया और इसे नोश फ़रमाया, फिर फ़रमाया: “रोज़ ए क़यामत तुम से उन नेअमतो के बारे में पूछा जाएगा”, रावी बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने वह खोशा पकड़ कर ज़मीन पर मारा हत्ता के वह खजूरे रसूलुल्लाह ﷺ के सामने बिखर गई, फिर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या रोज़े क़यामत हम से उन के मुत्तल्लिक पूछा जाएगा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, मगर तीन चीजों के मुत्तल्लिक सवाल नहीं होगा, वह कपड़ा जिस से आदमी अपना सतर ढांपता है, या रोटी का टुकड़ा जिस से वह अपने भूख मिटाता है, या वह कमरे जिस में वह गर्मी शर्दी में रिहाइश रखता है”| अहमद बयहकी ने शौबुल ईमान में उसे मुरसल रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 81 ح 21049 ، نسخة محققة : 20768) و البيهقى فى شعب الايمان (4601)

٤٢٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وُضِعَتِ الْمَائِدَةُ فَلَا يَقُومُ رَجُلٌ حَتَّى تُرْفَعَ الْمَائِدَةُ وَلَا يَرْفَعْ يَدَهُ وَإِنْ شَبِعَ حَتَّى يَفْرُغَ الْقَوْمُ [ص:١٢٢] وَلْيُعْذِرْ فَإِنَّ ذَلِكَ يُخْجِلُ جَلِيسَهُ فَيَقْبِضُ يَدَهُ وَعَسَى أَنْ يَكُونَ لَهُ فِي الطَّعَامِ حَاجَةٌ» رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

4254. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब दस्तरखान लगा दिया जाए तो दस्तरखान उठाए जाने तक कोई शख़्स न उठे, और जब तक खाने में शरीक तमाम लोग फारिग़ न हो जाए तब तक कोई शख़्स खाने से अपना हाथ न रोके ख्वाह वह सैर हो जाए और अगर इसे कोई मसअले दरपेश हो तो उज़्र पेश कर देना चाहिए, वरना इस तरह उस के साथ वाले को शर्मिन्दगी होगी और वह खाने की ज़रूरत के बावजूद अपना हाथ रोक लेगा”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابن ماجه (3273 ، 3295) و البيهقى فى شعب الايمان (5864) * فيه عبدالاعلى بن اعين : ضعيف

٤٢٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَعْفَرِ بْنِ مُحَمَّدٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَكَلَ مَعَ قَوْمٍ كَانَ آخِرَهُمْ أَكْلًا. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان» مُرْسلا

4255. जाफर बिन मुहम्मद अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: जब रसूलुल्लाह ﷺ लोगों के साथ खाना खाते तो आप ﷺ सबसे आख़िर पर खाने से फारिग़ होते थे| बयहकी ने शौबुल ईमान में मुर्सल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (6037 ، نسخة محققة : 5636 ، 9187) * فيه عبد الرحمن بياع الهروى البغدادى روى عنه ابن معين ولم اجد من وثقه و الخبر مرسل

٤٢٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَسمَاء بنتِ يزِيد قَالَتْ: أُتِيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِطَعَامٍ فَعَرَضَ عَلَيْنَا فَقُلْنَا: لَا نَشْتَهِيهِ. قَالَ: «لَا تَجْتَمِعْنَ جُوعًا وَكَذِبًا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

4256. अस्मा बिन्ते यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, नबी ﷺ की खिदमत में खाना पेश किया गया तो आप ने वह हमें इनायत फरमा दिया, हमने अर्ज़ किया: हमें खाने की चाहत नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “भूख और झूठ जमा न करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (3298)

٤٢٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُوا جَمِيعًا وَلَا تَفَرَّقُوا فَإِنَّ الْبَرَكَةَ مَعَ الجماعةِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

4257. उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इकठ्ठे खाया करो, अलग अलग मत खाओ क्योंकि बरकत जमात के साथ है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3287) * عمرو بن دينار قهرمان آل الزبير ضعيف و حديث ابن ماجه (3255) يغنى عنه

٤٢٥٨ - وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنَ السَّنَةِ أَنْ يَخْرُجَ الرَّجُلُ مَعَ ضَيْفِهِ إِلَى بَابِ الدَّارِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجه

4258. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी का अपने महमान के साथ घर के दरवाज़े तक जाना मस्नुन है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (3358) * فيه على بن عروة : متروك وله شاهد موضوع عند ابن عدى فى الكامل (3 / 1173) فلا يستشهد به

٤٢٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» عَنْهُ وَعَنِ ابْن عَبَّاس وَقَالَ: فِي إِسْنَاده ضَعِيف

4259. इमाम बय्हकी ने इसे अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है और उन्होंने कहा: उस की सनद में जईफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (9649 ، نسخة محققة : 9202) * فيه سلم بن سالم (البلخى) ضعيف و عطاء الخراسانى عنعن

٤٢٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْخَيْرُ أَسْرَعُ إِلَى الْبَيْتِ الَّذِي يُؤْكَلُ فِيهِ مِنَ الشَّفْرَةِ إِلَى سنامِ الْبَعِير» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

4260. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस घर में खाना खिलाया जाए उस में खैर व बरकत इस तेज़ी से दाखिल होती है, जिस तेज़ी के साथ छुरी ऊंट की कोहान को काटती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه ابن ماجه (3357) * فيه جبارة بن مغلس : متهم بالكذب ، و الصواب فى السند ’’ المحاربى عبد الرحمن عن نهشل وهو ابن سعيد ’’ و نهشل : متروک کذبه ابن راهويه

मज़बूरी की हालात मैं खाने का बयान • بَاب أكل الْمُضْطَر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

وهذا الباب خال من الفصل الأول والفصل الثالث

यह बाब पहली और तीसरी फस्ल से खाली है

٤٢٦١ - (لم تتمّ دراسته) عَن الفجيع العامري أَنَّهُ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا يَحِلُّ لَنَا مِنَ الْمِيتَةِ؟ قَالَ: «مَا طعامُكم؟» قُلنا: نَغْتَبِقُ وَنَصْطَبِحُ قَالَ أَبُو نُعَيْمٍ: فَسَّرَهُ لِي عُقْبَةُ: قَدَحٌ غُدْوَةً وَقَدَحٌ عَشِيَّةً قَالَ: «ذَاكَ وَأَبِي الْجُوعُ» فَأَحَلَّ لَهُمُ الْمَيْتَةَ عَلَى هَذِهِ الحالِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4261. फुजई आमिरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और अर्ज़ किया, हमारे लिए मुर्दा जानवर की कौन सी चीज़ हलाल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारा खाना क्या है ?” हमने अर्ज़ किया: हम शाम और सुबह के वक़्त दूध का एक प्याला पीते हैं, अबू नुअयम का बयान है के उक्बा ने मुझे वज़ाहत से बतलाया के एक प्याला सुबह, एक प्याला शाम, को आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे बाप की क़सम! यह तो फिर भूक है” आप ने इस हाल में इन के लिए मुरदार को हलाल करार दिया| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (3817) * فيه وهب بن عقبة : وثقه ابن حبان وقال الحافظ فى التقريب :’’ مستور ’’ و الحديث ضعفه البيهقى

٤٢٦٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي وَاقِدٍ اللَّيْثِيِّ أَنْ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نَكُونُ بِأَرْضٍ فَتُصِيبُنَا بهَا المخمصة فَمَتَى يحلُّ لنا الميتةُ؟ قَالَ: «مَا لم تصطبحوا وتغتبقوا أَوْ تَحْتَفِئُوا بِهَا بَقْلًا فَشَأْنَكُمْ بِهَا» . مَعْنَاهُ: إِذَا لَمْ تَجِدُوا صَبُوحًا أَوْ غَبُوقًا وَلَمْ تَجِدُوا بَقْلَةً تَأْكُلُونَهَا حَلَّتْ لَكُمُ الْمَيْتَةُ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

4262. अबू वाकिद लैसी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम ऐसी सर ज़मीन पर होते हैं जहाँ हम भूख का शिकार हो जाते हैं तो हमारे लिए मुरदार खाना कब हलाल होता है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम सुबह या शाम खाने के लिए कोई तरकारी न पाओ, तब इस हालत में तुम मुरदार खा सकते हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (2 / 88 ح 2002 ، نسخة محققة : 2039) * حسان بن عطية : لم يسمع من ابی واقد الليثی رضی الله عنه فالسند منقطع

पीने की चीजों का बयान • كتاب الْأَطْعِمَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٢٦٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَنَفَّسُ فِي الشَّرَابِ ثَلَاثًا. مُتَّفق عَلَيْهِ. وزادَ مسلمُ فِي روايةٍ ويقولُ: «إِنَّه أرْوَى وأبرَأُ وأمرأ»

4263. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ पीने के दौरान तीन सांस लिया करते थे| बुखारी, मुस्लिम, और इमाम मुस्लिम रहीमा उल्लाह ने एक रिवायत में यह इज़ाफा नकल किया है आप ﷺ फरमाते थे: “ये (तीन सांस लेना) ज़्यादा प्यास बुझाता है, सेहते आफ्ज़ा है और ज़्यादा बाईस हज़म है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5631) و مسلم (123 / 2028)، (5287)

٤٢٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن الشّرْب من قي السقاء

4264. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मश्किज़े के मुंह से पीने से मना फ़रमाया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5629) و مسلم (لم اجده)

٤٢٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ اخْتِنَاثِ الْأَسْقِيَةِ. زَادَ فِي رِوَايَةٍ: وَاخْتِنَاثُهَا: أَنْ يُقْلَبَ رَأْسُهَا ثُمَّ يُشْرَبَ مِنْهُ

4265. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मश्किजो के मुंह मोड़ कर उन से पानी पीने से मना फ़रमाया है, और एक रिवायत में इज़ाफा नकल किया है: मश्किजो का मुंह मोड़ना यह है कि उस का देहाना उलटा कर फिर उन से पिया जाए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5625) و مسلم (111 / 2023)، (5272)

٤٢٦٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ نَهَى أَنْ يَشْرَبَ الرَّجُلُ قَائِمًا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4266. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने मना फ़रमाया के आदमी खड़ा हो कर पिए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (113 / 2024)، (5275)

٤٢٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَشْرَبَنَّ أَحَدٌ مِنْكُمْ قَائِمًا فَمَنْ نَسِيَ مِنْكُمْ فَلْيَسْتَقِئْ» . رَوَاهُ مُسلم

4267. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई शख़्स खड़ा हो कर न पिए, तुम में से जो शख़्स भूल जाए तो वह कै कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (116 / 2026)، (5279)

٤٢٦٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِدَلْوٍ مِنْ مَاءِ زَمْزَمَ فَشَرِبَ وَهُوَ قَائِمٌ

4268. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने डोल में आबे ज़म ज़म नबी ﷺ की खिदमत में पेश किया तो आप ﷺ ने खड़े हो कर नोश फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1637) و مسلم (120 / 2023)، (5283)

٤٢٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: أَنَّهُ صَلَّى الظُّهْرَ ثُمَّ قَعَدَ فِي حَوَائِجِ النَّاسِ فِي رَحَبَةِ الْكُوفَةِ حَتَّى حَضَرَتْ صَلَاةُ الْعَصْرِ ثُمَّ أُتِيَ بِمَاءٍ فَشَرِبَ وَغَسَلَ [ص:١٢٣ وَجْهَهُ وَيَدَيْهِ وَذَكَرَ رَأسه وَرجلَيْهِ ثمَّ قَامَ فَشرب فَصله وَهُوَ قَائِمٌ ثُمَّ قَالَ: إِنَّ أُنَاسًا يَكْرَهُونَ الشُّرْبَ قَائِمًا وَإِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَنَعَ مِثْلَ مَا صَنَعْتُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4269. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नमाज़े ज़ुहर अदा की फिर लोगो के मसाइल हल करने के लिए वह कुफा के चबूतरे पर बैठ गए हत्ता के नमाज़ ए असर का वक़्त हो गया, फिर पानी लाया गया तो उन्होंने पानी पिया, अपना चेहरा और हाथ धोए, और रावी ने ज़िक्र किया आप ने अपना सर और दोनों पाँव धोए, फिर खड़े हुए और बचा हुआ पानी

खड़े हो कर पिया, फिर फ़रमाया लोग खड़े हो कर पीना नापसंद करते हैं, जबके नबी ﷺ ने इसी तरह किया जैसे मैंने किया| (बुखारी)

رواه البخاری (5616)

٤٢٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ عَلَى رَجُلٍ مِنَ الْأَنْصَارِ وَمَعَهُ صَاحِبٌ لَهُ فَسَلَّمَ فَرَدَّ الرَّجُلُ وَهُوَ يُحَوِّلُ الْمَاءَ فِي حَائِطٍ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ كَانَ عِنْدَكَ مَاءٌ بَاتَ فِي شَنَّةٍ وَإِلَّا كَرَعْنَا؟» فَقَالَ: عِنْدِي مَاءٌ بَاتَ فِي شَنٍّ فَانْطَلَقَ إِلَى الْعَرِيشِ فَسَكَبَ فِي قَدَحٍ مَاءً ثُمَّ حَلَبَ عَلَيْهِ مِنْ دَاجِنٍ فَشَرِبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ أَعَادَ فَشَرِبَ الرَّجُلُ الَّذِي جَاءَ مَعَهُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4270. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ एक अंसारी सहाबी के पास तशरीफ़ ले गए और आप के साथ आप के एक साथी भी थे, आप ने सलाम किया तो इस आदमी ने सलाम का जवाब दिया जबके आदमी बाग़ को पानी लगा रहा था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तेरे पास रात का बासी पानी मश्किज़े में है तो ठीक वरना हम तालाब से मुंह लगा कर पि लेते हैं”, इस आदमी ने अर्ज़ किया, मेरे पास रात का बासी पानी है, वह साइब उन की तरफ गया प्याले में पानी डाला फिर उस पर घर में पली हुई बकरी का दूध धोया (और इसे आप ﷺ की खिदमत में पेश किया) तो नबी ﷺ ने नोश फ़रमाया, वह आदमी दोबारा लाया तो इस आदमी ने पिया, जो के आप के साथ था| (बुखारी)

رواه البخاری (5613)

٤٢٧١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الَّذِي يَشْرَبُ فِي آنِيَةِ الْفِضَّةِ إِنَّمَا يُجَرْجِرُ فِي بَطْنِهِ نَارَ جَهَنَّمَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «إِنَّ الَّذِي يَأْكُلُ وَيَشْرَبُ فِي آنِية الْفضة وَالذَّهَب»

4271. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स चाँदी के बर्तन में पीता है तो वह अपने पेट में जहन्नम की आग उंडेलता है”| और मुस्लिम की रिवायत में है: “बेशक जो शख़्स चाँदी और सोने के बर्तन में खाता और पीता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (5624) و مسلم (1 / 2065)، (5385)

٤٢٧٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَلْبَسُوا الْحَرِيرَ وَلَا الدِّيبَاجَ وَلَا تَشْرَبُوا فِي آنِيَةِ الذَّهَبِ وَالْفِضَّةِ وَلَا تَأْكُلُوا فِي صِحَافِهَا فَإِنَّهَا لَهُمْ فِي الدُّنْيَا وَهِيَ لَكُمْ فِي الْآخِرَةِ»

4272. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बारीक़ और मोटा रेशमी कपड़ा मत ज़ेबतीन (पहना हुआ) करो और ना सोने चाँदी के बर्तन में पियो और न उनकी प्लेटो में खाओ, क्योंकि वह उन (काफिरों) के लिए दुनिया में है और तुम्हारे लिए आखिरत में है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6526) و مسلم (4 / 2067)، (5394)

٤٢٧٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنسٍ قَالَ: حُلِبَتْ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَاةٌ دَاجِنٌ وَشِيبَ لَبَنُهَا بِمَاءٍ مِنَ الْبِئْرِ الَّتِي فِي دَارِ أَنَسٍ فَأُعْطِيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْقَدَحَ فَشَرِبَ وَعَلَى يَسَارِهِ أَبُو بَكْرٍ وَعَنْ يَمِينِهِ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ عُمَرُ: أَعْطِ أَبَا بَكْرٍ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَأَعْطَى الْأَعْرَابِيَّ الَّذِي عَنْ يَمِينِهِ ثُمَّ قَالَ: " الْأَيْمَنُ فَالْأَيْمَنُ وَفِي رِوَايَةٍ: «الْأَيْمَنُونَ الْأَيْمَنُونَ أَلاَ فيَمِّنوا»

4273. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के लिए घर में पली हुई बकरी का दूध धोया गया और फिर उस के साथ अनस रदी अल्लाहु अन्हु के घर के कुंवो का पानी मिलाया गया, रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में वह प्याला पेश किया गया तो आप ने इसे नोश फ़रमाया, आप के बाए तरफ अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु थे और आप के दाए तरफ एक आराबी था, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अबू बकर को दें ,लेकिन आप ने इस आराबी को अता फ़रमाया जो के आप ﷺ के दाए तरफ था, फिर फ़रमाया: “दाया, तो दायाँ ही है”, एक रिवायत में है: “दाए तरफ वालो को, दाए तरफ वालो को, सुनो दाए तरफ वालो को मुकद्दम रखो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2352 و الروایة الثانیة : 2571) و مسلم (125 / 2029 و الروایة الثانیة : 126 / 2029)، (5290 و 5291)

٤٢٧٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَدَحٍ فَشَرِبَ مِنْهُ وَعَنْ يَمِينِهِ غُلَامٌ أَصْغَرُ الْقَوْمِ وَالْأَشْيَاخُ عَنْ يَسَارِهِ فَقَالَ: «يَا غُلَامُ أَتَأْذَنُ أَنْ أُعْطِيَهُ الْأَشْيَاخَ؟» فَقَالَ: مَا كُنْتُ لِأُوثِرَ بِفَضْلٍ مِنْكَ أَحَدًا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَأَعْطَاهُ إِيَّاه»»
وَحَدِيث أبي قتادة سنذكر فِي «بَابِ الْمُعْجِزَاتِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

4274. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की खिदमत में एक प्याला पेश किया गया तो आप ने उस से नोश फ़रमाया, आप के दाए तरफ एक छोटा सा लड़का था जबके उमर रसीद लोग आप के बाए तरफ थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “लड़के! क्या तुम इजाज़त देते हो की मैं यह प्याला उमर रसीद शख़्स को दे दू ?” उस ने कहा: अल्लाह के रसूल! मैं आप की बच्ची हुई चीज़ अपने अलावा किसी को देना पसंद नहीं करता, आप ﷺ ने वह इसे ही अता फ़रमाया|
हम अबू क़तादा (र) से मरवी हदीस इंशाअल्लाह तआला بَاب فِي المعجزات (मोजिजो का बयान) में ज़िक्र करेंगे. (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2351) و مسلم (127 / 2030)، (5292) 0 حدیث ابی قتادة سیاتی (5911)

पीने की चीजों का बयान • كتاب الْأَطْعِمَة
दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٢٧٥ - (صَحِيح) عَن ابنِ عمرَ قَالَ: كُنَّا نَأْكُلُ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ نَمْشِي وَنَشْرَبُ وَنَحْنُ قِيَامٌ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ

4275. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में चलते फिरते और खड़े हो कर भी खा पि लिया करते थे| तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1880) و ابن ماجه (3301) و الدارمی (2 / 120 ح 2131)

٤٢٧٦ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جده قَالَ: رَأَيْت رَسُول لله صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَشْرَبُ قَائِمًا وَقَاعِدًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4276. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने देखा रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हो कर भी और बैठ कर भी पि लिया करते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1883 وقال : حسن صحیح)

٤٢٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُتَنَفَّسَ فِي الْإِنَاءِ أَوْ يُنْفَخَ فِيهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

4277. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बर्तन में सांस लेने या उस में फूंक मारने से मना फ़रमाया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد 3728) و ابن ماجه (3428 3429)

٤٢٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَشْرَبُوا وَاحِدًا كَشُرْبِ [ص:١٢٣ الْبَعِيرِ وَلَكِنِ اشْرَبُوا مَثنى وثُلاثَ وَسَمُّوا إِذَا أَنْتُمْ شَرِبْتُمْ وَاحْمَدُوا إِذَا أَنْتُمْ رفعتُم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4278. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ऊंट की तरह एक ही घूंट में न पियो बल्के दो और तीन घूंटो में पियो और जब तुम पियो तो अल्लाह का नाम लो और जब तुम बर्तन मुंह से हटाओ तो الْحَمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) कहो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1885 وقال : غریب) * یزید بن سنان الجزری : ضعیف و شیخه کانه یعقوب (ضعیف) والا فمجهول

٤٢٧٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ النَّفْخِ فِي الشَّرَابِ فَقَالَ رَجُلٌ: الْقَذَاةَ أَرَاهَا فِي الْإِنَاءِ قَالَ: «أَهْرِقْهَا» قَالَ: فَإِنِّي لَا أُرْوَى مِنْ نَفَسٍ وَاحِدٍ قَالَ: «فَأَبِنِ الْقَدَحَ عَنْ فِيكَ ثُمَّ تَنَفَّسْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ والدارمي

4279. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने मशरुब में फूंक मारने से मना फ़रमाया तो एक आदमी ने अर्ज़ किया, बर्तन में गिरा हुआ तिनका देखूं तो फिर (क्या करू) ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे फेंक दो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं एक सांस से सेराब नहीं होता, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने मुंह से प्याला हटा फिर सांस ले”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1887 وقال : حسن صحیح) و الدارمی (2 / 119 ح 2172)

٤٢٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الشُّرْبِ مِنْ ثُلْمَةِ الْقَدَحِ وَأَنْ يُنْفَخَ فِي الشَّرَابِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4280. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने प्याले के टूटे हुए हिस्से से पीने से और मशरुब में फूंक मारने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3722)

٤٢٨١ - (صَحِيح) وَعَن كَبْشَةَ قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَشَرِبَ مِنْ فِي قِرْبَةٍ مُعَلَّقَةٍ قَائِمًا فَقُمْتُ إِلَى فِيهَا فَقَطَعْتُهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غريبٌ صَحِيح

4281. कब्शत रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो आप ने लटके हुए मश्किज़े से खड़े हो कर पानी पिया, मैंने इस (मश्किज़े) के मुंह की तरफ तवज्जो रखी और मैंने इस (मश्किज़े के मुंह) को काट लिया| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब सहीह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1892) و ابن ماجه (3423)

٤٢٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الزُّهْرِيِّ عَنْ عُرْوَةَ عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ أَحَبُّ الشَّرَابِ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْحُلْوَ الْبَارِدَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: وَالصَّحِيحُ مَا رُوِيَ عَنِ الزُّهْرِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُرْسَلًا

4282. इमाम ज़ुहरी ने उरवा की सनद से आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत किया है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ को ठंडा शिरी मशरुब ज़्यादा पसंद था| तिरमिज़ी और उन्होंने कहा: सहीह वह है जो ज़ुहरी की सनद से नबी ﷺ से मुरसल रिवायत किया गया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1895) * الزهری مدلس و عنعن وله شاهد ضعیف عند احمد (1 / 338)

٤٢٨٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَكَلَ أَحَدُكُمْ طَعَامًا فَلْيَقُلِ: اللَّهُمَّ بَارِكْ لَنَا فِيهِ وَأَطْعِمْنَا خَيْرًا مِنْهُ. وَإِذَا سُقِيَ لَبَنًا فَلْيَقُلِ: اللَّهُمَّ [ص:١٢٣] بَارِكْ لَنَا فِيهِ وَزِدْنَا مِنْهُ فَإِنَّهُ لَيْسَ شَيْءٌ يجزى مِنَ الطَّعَامِ وَالشَّرَابِ إِلَّا اللَّبَنُ

". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

4283. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई खाना खाए तो वह यूँ दुआ करे: “अल्लाह उस में बरकत अता फरमा और हमें उस से बेहतर खिला”, और जब दूध पिए तो यूँ दुआ करे: “अल्लाह उस में बरकत अता फरमा और हमें उस से ज़्यादा अता फरमा”, क्योंकि दूध के सिवा कोई ऐसी चीज़ नहीं हो खाने से किफ़ायत करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3455) و ابوداؤد (3730) * فيه علی بن زيد بن جدعان : ضعيف و عمر بن حرملة مجهول وله شاهد ضعيف فی الصحيحة للشيخ محمد ناصر الدين الالبانی رحمه الله (2320) و اخطا من صححه

٤٢٨٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسْتَعْذَبُ لَهُ الْمَاءُ مِنَ السُّقْيَا. قِيلَ: هِيَ عَيْنٌ بَيْنَهَا وَبَيْنَ الْمَدِينَةِ يَوْمَانِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4284. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ के लिए सुक्या से आबे शिरीन लाया जाता था, मशहूर है के वह मदीना से दो रोज़ की मुसाफ़त पर एक चश्मा है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3735)

بَاب الْأَشْرِبَة • पीने की चीजों का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٢٨٥ - (ضَعِيف) عَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ شَرِبَ فِي إِنَاءِ ذَهَبٍ أَوْ فِضَّةٍ أَوْ إِنَاءٍ فِيهِ شَيْءٌ مِنْ ذَلِكَ فَإِنَّمَا يُجَرْجِرُ فِي بَطْنِهِ نَارَ جهنمَ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

4285. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स सोने या चाँदी के बर्तन में, या किसी ऐसे बर्तन में जिस में इस (सोने या चांदी) में से कुछ हो तो वह शख़्स अपने पेट में जहन्नम की एक ही उंडेलता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الدارقطنی (1 / 40 ح 93 وقال : اسناده حسن) * ابراهيم بن عبدالله بن مطيع و ابوه لم يوثقهما غير الدارقطنی بتحسين حديثهما والله اعلم بهما

नेकी और नाबिज़ का बयान • بَاب النقيع والأنبذة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٢٨٦ - (صَحِيح) عَن أنسٍ قَالَ: لَقَدْ سَقَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَدَحِي هَذَا الشَّرَابَ كُلَّهُ: الْعَسَلَ والنَّبيذَ والماءَ وَاللَّبن. رَوَاهُ مُسلم

4286. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अपने इस प्याले मैं रसूलुल्लाह ﷺ को हर किस्म का मशरुब पिलाया, शहद, नबिज़, पानी और दूध| (मुस्लिम)

رواه مسلم (89 / 2008)، (5237)

٤٢٨٧ - (صَحِيح) وَعَن عائشةَ قَالَتْ: كُنَّا نَنْبِذُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سِقَاءٍ يُوكَأُ أَعْلَاهُ وَلَهُ عَزْلَاءُ نَنْبِذُهُ غُدْوَةً فَيَشْرَبُهُ عِشَاءً وَنَنْبِذُهُ عِشَاءً فيشربُه غُدوةً. رَوَاهُ مُسلم

4287. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के लिए एक मश्किज़े में नबिज़ तैयार किया करती थी, जिसे ऊपर से बांध दिया जाता था, और उस के निचे भी मुंह था, हम सुबह नबिज़ तैयार करती तो आप इसे शाम को नोश फरमा लेते और हम शाम को तैयार करती तो आप इसे सुबह को नोश फरमा लेते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (85 / 2005)، (5232)

٤٢٨٨ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُنْبَذُ لَهُ أَوَّلَ اللَّيْلِ فَيَشْرَبُهُ إِذَا أَصْبَحَ يَوْمَهُ ذَلِكَ وَاللَّيْلَةَ الَّتِي تَجِيءُ وَالْغَدَ وَاللَّيْلَةَ الْأُخْرَى وَالْغَدَ إِلَى الْعَصْرِ فَإِنْ بَقِيَ شَيْءٌ سَقَاهُ الْخَادِمَ أَوْ أَمَرَ بِهِ فصُبَّ. رَوَاهُ مُسلم

4288. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के लिए रात के पहले हिस्से में नबिज़ तैयार की जाती, जब इस दिन सुबह होती तो आप इसे नोश फरमाते और रात को भी पीते, अगले दिन और अगली रात भी नोश फरमाते और अगले रोज़ असर तक नोश फरमा लेते, अगर कुछ बच जाती आप इसे खादिम को पिला देते या फिर आप के हुक्म पर इसे उन्देल दिया जाता| (मुस्लिम)

رواه مسلم (79 / 2004)، (5226)

٤٢٨٩ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: كَانَ يُنْبَذُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سِقَائِهِ فَإِذَا لَمْ يَجِدُوا سِقَاءً يُنْبَذُ لَهُ فِي تَوْرٍ مِنْ حِجَارَةٍ. رَوَاهُ مُسلم

4289. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के लिए मश्किज़े में नबिज़ तैयार की जाती थी, अगर वह मश्किज़ा न पाते तो फिर आप के लिए पथ्थर के बर्तन में नबिज़ तैयार की जाती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (62 / 1999)، (5206)

٤٢٩٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نهى عَن الدُّبَّاء والحنتم والمرفت وَالنَّقِيرِ وَأَمَرَ أَنْ يُنْبَذَ فِي أَسْقِيَةِ الْأَدَمِ. رَوَاهُ مُسلم

4290. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कद्दू के बनाए हुए बर्तन, सब्ज़ घड़े, रोगन किए हुए बर्तन और लकड़ी से कुरेदे हुए बर्तन में नबिज़ तैयार करने से मना फ़रमाया, और आप ﷺ ने चमड़े के मश्किजो में नबिज़ तैयार करने का हुक्म फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (57 / 1997 ، 46 / 1997)، (5186 و 5187)

٤٢٩١ - (صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «نَهَيْتُكُمْ عَنِ الظُّرُوفِ فَإِنَّ ظَرْفًا لَا يُحِلُّ شَيْئًا وَلَا يُحَرِّمُهُ وَكُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «نَهَيْتُكُمْ عَنِ الْأَشْرِبَةِ إِلَّا فِي ظُرُوفِ الْأَدَمِ فَاشْرَبُوا فِي كُلِّ وِعَاءٍ غَيْرَ أَنْ لَا تَشْرَبُوا مُسْكِرًا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4291. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैंने तुम्हें (ज़िक्र की गई) ज़ुरुफ़ (में नबिज़ तैयार करने) से मना किया था, कोई ज़ुरुफ़ (बरतन न तो) किसी चीज़ को हलाल करता है और न इसे हराम करता है, हर नशावर चीज़ हराम है"| एक दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: "मैंने चमड़े के बर्तनों के अलावा दीगर बर्तनों में मशरुबात (रखने, पिने) से तुम्हें मना किया था, तुम तमाम बर्तनों में पियो, मगर नशावर चीज़े मत पियो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (65 / 977)، (5209)

नेकी और नाबिज़ का बयान • بَاب النقيع و الأنبذة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٢٩٢ - (صَحِيح) عَن أبي مَالك الْأَشْعَرِيّ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَيَشْرَبَنَّ نَاسٌ مِنْ أُمَّتِي الْخَمْرَ يُسَمُّونَهَا بِغَيْرِ اسْمِهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

4292. अबू मालिक अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मेरी उम्मत के कुछ लोग शराब का कोई और नाम रख कर शराब नौशी करेंगे"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3688) و ابن ماجه (4020)

नेकी और नाबिज़ का बयान
بَاب النقيع والأنبذة •

तीसरी फस्ल
الْفَصْل الثَّالِث •

٤٢٩٣ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ نَبِيذِ الْجَرِّ الْأَخْضَرِ قُلْتُ: أَنَشْرَبُ فِي الأبيضِ؟ قَالَ: «لَا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4293. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सब्ज़ घड़े की नबि इसे मना फ़रमाया तो मैंने अर्ज़ किया: क्या हम सफ़ेद में पि लिया करे आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ?”| (बुखारी)

رواه البخاری (5596)

बर्तनों और दीगर चीजों का बयान
بَاب تَغْطِيَة الْأَوَانِي وَغيرهَا •

पहली फस्ल
الْفَصْل الأول •

٤٢٩٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَانَ جِنْحُ اللَّيْلِ أَوْ أَمْسَيْتُمْ فَكُفُّوا صِبْيَانَكُمْ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَنْتَشِرُ حِينَئِذٍ فَإِذَا ذَهَبَ سَاعَةً مِنَ اللَّيْلِ فَخَلُّوهُمْ وَأَغْلِقُوا الْأَبْوَابَ وَاذْكُرُوا اسْمَ اللَّهِ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ لَا يَفْتَحُ بَابًا مُغْلَقًا وَأَوْكُوا قِرَبَكُمْ وَاذْكُرُوا اسْمَ اللَّهِ وَخَمِّرُوا آنِيَتَكُمْ وَاذْكُرُوا اسْمَ اللَّهِ وَلَوْ أنْ تعرِضوا عَلَيْهِ شَيْئا وأطفئوا مصابيحكم»

4294. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब सूरज गुरूब हो जाए या जब तुम शाम करे तो अपने बच्चो को रोक लिया करो क्योंकि इस वक़्त शैतान फ़ैल जाते हैं लेकिन जब रात की एक घड़ी गुज़र जाए तो उन बच्चो को छोड़ दो और दरवाज़े बंद कर लो और अल्लाह का नाम लो क्योंकि शैतान बंद दरवाज़ा नहीं खोलता अपने मश्किज़े बंद रखो इन पर अल्लाह का नाम लो अपने बर्तन ढांप कर रखो इन पर अल्लाह का नाम लो ख्वाह कोई मामूली चीज़ ही इन पर रखो और अपने चिराग बुझा दिया करो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3280) و مسلم (97 / 2012)، (5250)

٤٢٩٥ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: قَالَ: «خَمِّرُوا الْآنِيَةَ وَأَوْكُوا الْأَسْقِيَةَ وَأَجِيفُوا الْأَبْوَابَ وَاكْفِتُوا صِبْيَانَكُمْ عِنْدَ الْمَسَاءِ فَإِن للجن انتشارا أَو خطْفَة وَأَطْفِئُوا الْمَصَابِيحَ عِنْدَ الرُّقَادِ فَإِنَّ الْفُوَيْسِقَةَ رُبَّمَا اجْتَرَّتْ الفتيلة فأحرقت أهل الْبَيْت»

4295. और बुखारी की रिवायत में है फ़रमाया: "बर्तन धांपो मश्किजो को बांधो दरवाज़े बंद रखो और शाम के वक़्त अपने बच्चो को इकट्ठा कर लो क्योंकि इस वक़्त जिन्न फ़ैल जाते हैं और उचक लेते है और सोते वक़्त चिराग गुल कर दिया करो क्योंकि बसा-अवक़ा चुहिया चिराग की बत्ती खींच कर ले जाती है और घरवालो को जला डालती है"| (बुखारी)

رواه البخارى (3316)

٤٢٩٦ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ: «غَطُّوا الْإِنَاءَ وَأَوْكُوا السِّقَاءَ وَأَغْلِقُوا الْأَبْوَابَ وَأَطْفِئُوا السِّرَاجَ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ لَا يَحُلُّ سِقَاءً وَلَا يَفْتَحُ بَابًا وَلَا [ص:١٢٣ يَكْشِفُ إِنَاءً فَإِنْ لَمْ يَجِدْ أَحَدُكُمْ إِلَّا أَنْ يعرضَ على إنائِه عوداً ويذكرَ اسمَ اللَّهَ فَلْيَفْعَلْ فَإِنَّ الْفُوَيْسِقَةَ تُضْرِمُ عَلَى أَهْلِ الْبَيْت بَيتهمْ»

4296. और मुस्लिम की रिवायत में है फ़रमाया: "बर्तन धांपो मश्किजो के मुंह बांधो दरवाज़े बंद रखो चिराग गुल कर दो क्योंकि शैतान मश्किज़े का मुंह नहीं खोलता और न बंद दरवाज़ खोलता है और ना ही किसी बर्तन ढकना से उठाता है और अगर तुम में से कोई लकड़ी के सिवा कोई चीज़ न पाए तो वह इसे ही अर्ज़ के बल उस पर रख दे और अल्लाह का नाम ले वह ऐसे ज़रूर करे क्योंक चुहिया घर को अहले खाना समेत जला देती है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (96 / 2012)، (5246)

٤٢٩٧ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: قَالَ: «لَا تُرْسِلُوا فَوَاشِيكُمْ وَصِبْيَانَكُمْ إِذَا غَابَتِ الشَّمْسُ حَتَّى تَذْهَبَ فَحْمَةُ الْعِشَاءِ فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَبْعَثُ إِذَا غَابَتِ الشَّمْسُ حَتَّى تذْهب فَحْمَة الْعشَاء»

4297. और मुस्लिम ही की रिवायत में है फ़रमाया: "जब सूरज गुरूब हो जाए तो रात की इब्तिदाई तारीकी गायब हो जाने तक अपने मवेशी और अपने बच्चे न छोड़ो क्योंकि इस वक़्त शैतान छोड़े जाते हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (98 / 2013)، (5253)

٤٢٩٨ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: قَالَ: «غَطُّوا الْإِنَاءَ وَأَوْكُوا السِّقَاءَ فَإِنَّ فِي السَّنَةِ لَيْلَةً يَنْزِلُ فِيهَا وَبَاءٌ لَا يَمُرُّ بِإِنَاءٍ لَيْسَ عَلَيْهِ غِطَاءٌ أَوْ سِقَاءٌ لَيْسَ عَلَيْهِ وِكَاءٌ إِلَّا نَزَلَ فِيهِ من ذَلِك الوباء»

4298. और मुस्लिम ही की रिवायत में है फ़रमाया: "बर्तन धांपो मश्किजो के मुंह बांधो क्योंकि साल में एक ऐसी रात है जिस में वबा फेलती है और वह वबा जब ऐसे बर्तन से गुज़रती है जिस पर ढकना न हो या किसी ऐसे मश्किज़े से गुज़रती है जिस का मुंह बंद न हो तो वह उस में दाखिल हो जाती है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (99 / 2014)، (5255)

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٥٩١ - (لم تتمّ دراسته) عَن عُرْوَة بن عَامر قَالَ: ذُكِرَتِ الطِّيَرَةُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: " أَحْسَنُهَا الْفَأْلُ وَلَا تَرُدُّ مُسْلِمًا فَإِذَا رَأَى أَحَدُكُمْ مَا يَكْرَهُ فَلْيَقُلْ: اللَّهُمَّ لَا يَأْتِي بِالْحَسَنَاتِ إِلَّا أَنْتَ وَلَا يَدْفَعُ السَّيِّئَاتِ إِلَّا أَنْتَ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4591. उरवा बिन आमिर बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के पास बद्शुगनी का ज़िक्र किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन में से बेहतर चीज़ नेक फाल लेना है, और वह (बद्शुगनी) किसी मुसलमान को काम से मत मना करे, जब तुम में से कोई शख़्स नापसंदीदा चीज़ देखे तो कहे: ऐ अल्लाह! तमाम भलाईया तू ही लाता है और तमाम बुराइयां तू ही दूर करता है, हर किस्म के गुनाह से बचना और नेकी करना महज़ तेरी तौफिक से मुमकिन है”| अबू दावुद ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابوداؤد (3919) * سفیان الثوری و حبیب بن ابی ثابت مدلسان و عنعنا

بَاب الكهانة • कहानत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٥٩٢ - (صَحِيح) عَن مُعَاوِيَة بن الحكم قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أُمُورًا كُنَّا نَصْنَعُهَا فِي الْجَاهِلِيَّةِ كُنَّا نَأْتِي الْكُهَّانَ قَالَ: «فَلَا تَأْتُوا الْكُهَّانَ» قَالَ: قُلْتُ: كُنَّا نَتَطَيَّرُ قَالَ: «ذَلِكَ شَيْءٌ يَجِدُهُ أَحَدُكُمْ فِي نَفْسِهِ فَلَا يصدَّنَّكم» . قَالَ: قُلْتُ: وَمِنَّا رِجَالٌ يَخُطُّونَ قَالَ: «كَانَ نَبِيٌّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ يَخُطُّ فَمَنْ وَافَقَ خَطَّهُ فَذَاكَ» . رَوَاهُ مُسلم

4592. मुआविया बिन हकम बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! कुछ ऐसे उमूर व मुआमलात है जो हम दौरे

जाहिलियत में किया करते थे, हम काहिनो के पास जाया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम काहिनो के पास न जाया करो", वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: हम परिंदों के ज़रिए फाल लिया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये ऐसी चीज़ है जिसे तुम में से कोई अपने दिल में पाता है के (फाल लेना) तुम्हें (काम करने से) न रोके", वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: हम में से कुछ ऐसे है जो लकीरें खिचां करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "एक नबी भी लकीरें खिचां करते थे जिस का ख़त उन के ख़त के मुवाफिक हो गया तो वह ठीक है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (121 / 537)، (1199)

٤٥٩٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: سَأَلَ أَنَاسٌ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْكُهَّانِ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّهُمْ لَيْسُوا بِشَيْءٍ» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ فَإِنَّهُمْ يُحَدِّثُونَ أَحْيَانًا بِالشَّيْءِ يَكُونُ حَقًّا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تِلْكَ الْكَلِمَةُ مِنَ الْحَقِّ يَخْطَفُهَا الْجِنِّيُّ فَيَقُرُّهَا فِي أُذُنِ وَلَيِّهِ قَرَّ الدَّجَاجَةِ فَيَخْلِطُونَ فِيهَا أَكْثَرَ مِنْ مِائَةِ كذبة»

4593. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, लोगो ने रसूलुल्लाह ﷺ से काहिनो के बारे में दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "उनकी कोई हैसियत नहीं", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बाज़ अवकात वह जो कहते हैं वैसे ही हो जाता है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब किसी सच्ची बात को जिन्न (ऊपर से) उचक लेता है तो फिर वह मुर्गी की आवाज़ की तरह इसे अपने साथी के कान तक पहुंचा देता है, काहिन लोग उस में सौ से ज़्यादा झूठ मिला देते है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6213) و مسلم (123 / 2228)، (5817)

٤٥٩٤ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ الْمَلَائِكَةَ تَنْزِلُ فِي الْعَنَانِ وَهُوَ السَّحَابُ فَتَذْكُرُ الْأَمْرَ قُضِيَ فِي السَّماءِ فتسترق الشياطينُ السمعَ فَتُوحِيهِ إِلَى الْكُهَّانِ فَيَكْذِبُونَ مَعَهَا مِائَةَ كَذْبَةٍ من عِنْد أنفسهم. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4594. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "बेशक फ़रिश्ते अनान यानी बादलो में उतरते है और वह आसमान में होने वाले फैसला शुदा उमूर का तज़किरह करते हैं, तो शैतान चोरी से इसे सुन लेते है फिर वह इसे काहिनो तक पहुंचा देते हैं और काहिन उस के साथ अपनी तरफ से सौ झूठ बोलते है"| (बुखारी)

رواه البخارى (2210)

٤٥٩٥ - وَعَنْ حَفْصَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَتَى عَرَّافًا فَسَأَلَهُ عَنْ شَيْءٍ لم تقبل صَلَاة أَرْبَعِينَ لَيْلَة» . رَوَاهُ مُسلم

4595. हफ्सा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स किसी काहिन के पास जा कर उस से किसी गुमशुदा चीज़ के बारे में दरियाफ्त करे तो इस शख़्स की चालीस रोज़ तक नमाज़ कबूल नहीं होती"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (125 / 2230)، (5821)

٤٥٩٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ الْجُهَنِيِّ قَالَ: صَلَّى لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاةَ الصُّبْحِ بِالْحُدَيْبِيَةِ عَلَى أَثَرِ سَمَاءٍ كَانَتْ مِنَ اللَّيْلِ فَلَمَّا انْصَرَفَ أَقْبَلَ عَلَى النَّاسِ فَقَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَاذَا قَالَ ربُّكم؟» قَالُوا: الله وَرَسُوله أعلم قَالَ: أَصْبَحَ مِنْ عِبَادِي مُؤْمِنٌ بِي وَكَافِرٌ فَأَمَّا مَنْ قَالَ: مُطِرْنَا بِفَضْلِ اللَّهِ وَرَحْمَتِهِ فَذَلِكَ مُؤْمِنٌ بِي كَافِرٌ بِالْكَوْكَبِ وَأَمَّا مَنْ قَالَ: مُطِرْنَا بِنَوْءِ كَذَا وَكَذَا فَذَلِكَ كَافِرٌ بِي وَمُؤْمن بالكوكب "

4596. ज़ैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हुदैबिया के मक़ाम पर रात बारिश हो जाने के बाद नमाज़े फज्र पढ़ाई, जब आप ﷺ फारिग़ हुए तो लोगो की तरफ मुतवज्जे हो कर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के तुम्हारे रब ने क्या फरमाया है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ने फ़रमाया है: मेरे बंदो में से बाज़ ने इस हाल में सुबह की के वह मुझ पर ईमान लाए और कुछ ने मेरे साथ कुफ्र किया, जिस शख़्स ने कहा अल्लाह के फ़ज़्ल और उस की रहमत से हम पर बारिश हुई है तो वह मुझ पर ईमान लाने वाला है और सितारों का मुनकर है और रहा वह शख़्स जिस ने कहा: फलां फलां (सितारे के सफूत) की वजह से हम पर बारिश हुई है तो वह मेरे साथ कुफ्र करने वाला है और सितारों पर ईमान रखने वाला है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (846) و مسلم (125 / 71)، (231)

٤٥٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَا أَنْزَلَ اللَّهُ مِنَ السَّمَاءِ مِنْ بَرَكَةٍ إِلَّا أَصْبَحَ فَرِيقٌ مِنَ النَّاسِ بِهَا كَافِرِينَ يُنْزِلُ اللَّهُ الْغَيْثَ فَيَقُولُونَ: بِكَوْكَبِ كَذَا وَكَذَا ". رَوَاهُ مُسلم

4597. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह आसमान से कोई बरकत नाज़िल करता है तो लोगो का एक गिरोह उस का इन्कार कर देता है, अल्लाह बारिश नाज़िल करता है लेकिन वह कहते हैं की फलां फलां सितारे की वजह से बारिश हुई है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (126 / 72)، (232)

कहानत का बयान — بَاب الكهانة

दूसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّانِي

٤٥٩٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اقْتَبَسَ عِلْمًا مِنَ النُّجُومِ اقْتَبَسَ شُعْبَةً مِنَ السِّحْرِ زَادَ مَا زَادَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه

4598. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने इल्म ए नजूम हासिल किया तो उस ने जादू का एक हिस्सा हासिल किया, वह (हुसुले सहर में) जिस क़दर बढ़ता गया इसी क़दर वह (हुसुले इल्मे नजूम में) बढ़ता गया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (1 / 311) و ابوداؤد (3905) و ابن ماجه (3726)

٤٥٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَتَى كَاهِنًا فَصَدَّقَهُ بِمَا يَقُولُ أَوْ أَتَى امْرَأَتَهُ حَائِضًا أو أَتَى امْرَأَته من دُبُرِهَا فَقَدْ بَرِئَ مِمَّا أُنْزِلَ عَلَى مُحَمَّدٍ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

4599. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी काहिन के पास गया और उस की बातो की तस्दीक किया या उस ने अपने अहलिया से जबके वह हालत ए हैज़ में हो, जिमाअ किया, या उस ने अपने अहलिया की पुश्त में जिमाअ किया तो वह उस से बेज़ार है जो मुहम्मद ﷺ पर उतारी गई है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 408) و ابوداؤد (3904)

بَاب الكهانة • कहानत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٦٠٠ - (صَحِيح) عَن أبي هُرَيْرَة أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: إِذَا قَضَى اللَّهُ الْأَمْرَ فِي السَّمَاءِ ضَرَبَتِ الْمَلَائِكَةُ بِأَجْنِحَتِهَا خُضْعَانًا لِقَوْلِهِ كَأَنَّهُ سِلْسِلَةٌ عَلَى صَفْوَانٍ فَإِذَا فُزِّعَ عَنْ قُلُوبِهِمْ قَالُوا: مَاذَا قَالَ رَبُّكُمْ؟ قَالُوا: لِلَّذِي قَالَ الْحَقَّ وهوَ العليُّ الكبيرُ فَسَمِعَهَا مُسترِقوا السَّمعِ ومُسترقوا السَّمْعِ هَكَذَا بَعْضُهُ فَوْقَ بَعْضٍ «وَوَصَفَ سُفْيَانُ بِكَفِّهِ فَحَرَّفَهَا وَبَدَّدَ بَيْنَ أَصَابِعِهِ» فَيَسْمَعُ الْكَلِمَةَ فَيُلْقِيهَا إِلَى مَنْ تَحْتَهُ ثُمَّ يُلْقِيهَا الْآخَرُ إِلَى مَنْ تَحْتَهُ حَتَّى يُلْقِيَهَا عَلَى لِسَانِ السَّاحِرِ أَوِ الْكَاهِنِ. فَرُبَّمَا أَدْرَكَ الشِّهَابُ قَبْلَ أَنْ يُلْقِيَهَا وَرُبَّمَا أَلْقَاهَا قَبْلَ أَنْ يُدْرِكَهُ فكذب مَعَهَا مِائَةَ كَذْبَةٍ فَيُقَالُ: أَلَيْسَ قَدْ قَالَ لَنَا يَوْمَ كَذَا وَكَذَا: كَذَا وَكَذَا؟ فَيُصَدَّقُ بِتِلْكَ الْكَلِمَةِ الَّتِي سُمِعَتْ مِنَ السَّمَاءِ ." رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4600. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब अल्लाह आसमान पर किसी अम्र का फैसला करता है तो फ़रिश्ते उस के फरमान से डरते हुए अपने पर हिलाते है, जैसे के चट्टान पर ज़ंजीर मारने की आवाज़ आती है, जब उन के दिलों से खौफ जाता रहता है तो वह कहते हैं, तुम्हारे रब ने क्या फ़रमाया है, वह (मुकर्रब फ़रिश्ते) कहते हैं, उस ज़ात ने जो फ़रमाया, वह हक़ है, वह बुलंद और बड़ा है, चुनांचे चोरी से सुनने वाले इस फैसले को सुन लेते है, और चोरी सुनने वाले इस तरह एक दुसरे के ऊपर होते हैं”, और सुफियान रावी ने अपने हथेली के ज़रिए उस की कैफियत बयान की उन्होंने इस (हथेली) को खोला और उंगलियों के दरमियान फासला किया, “चुनांचे ऊपर वाला बात सुनता है और वह इस बात को अपने निचे वाले को पहुंचा देता है, फिर वह अपने से निचे वाले तक पहुंचा देता है हत्ता कि (इस तरह होते हुए) आखरी साहिर या काहिन की ज़ुबान तक पहुंचा देता है, और बसा-अवक़ात शैतान के पहुँचाने से पहले पहले

शिहाब साकिब (मितियोर) इसे लग जाता है और कभी शिहाब साकिब के उस तक पहुँचने से कबल वह सूना देता है और वह उस के साथ सौ झूठ मिला कर बताता है चुनांचे कहा जाता, क्या उस ने फलां वक़्त इस तरह इस तरह नहीं कहा था, इस कलिमा की वजह से जो आसमान से सुना गया था तस्दीक हो जाती है”| (बुखारी)

رواه البخاری (4800)

٤٦٠١ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ عبَّاسٍ قَالَ: أَخْبَرَنِي رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنَ الْأَنْصَارِ: أَنَّهُمْ بَيْنَا جُلُوسٌ لَيْلَةً مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رُمِيَ بِنَجْمٍ وَاسْتَنَارَ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا كُنْتُمْ تَقُولُونَ فِي الْجَاهِلِيَّةِ إِذَا رُمِيَ بِمِثْلِ هَذَا؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ كُنَّا نَقُولُ: وُلِدَ اللَّيْلَةَ رَجُلٌ عَظِيمٌ وَمَاتَ رَجُلٌ عَظِيمٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " فَإِنَّهَا لَا يُرْمَى بِهَا لِمَوْتِ أَحَدٍ وَلَا لِحَيَاتِهِ وَلَكِنَّ رَبَّنَا تَبَارَكَ اسْمُهُ إِذَا قَضَى أَمر سَبَّحَ حَمَلَةُ الْعَرْشِ ثُمَّ سَبَّحَ أَهْلُ السَّمَاءِ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ حَتَّى يَبْلُغَ التَّسْبِيحُ أَهْلَ هَذِهِ السَّمَاءِ الدُّنْيَا ثمَّ قَالَ الَّذِي يَلُونَ حَمَلَةَ الْعَرْشِ لِحَمَلَةِ الْعَرْشِ: مَاذَا قَالَ رَبُّكُمْ؟ [ص:١٢٩ فَيُخْبِرُونَهُمْ مَا قَالَ: فَيَسْتَخْبِرُ بَعْضُ أَهْلِ السَّمَاوَاتِ بَعْضًا حَتَّى يَبْلُغَ هَذِهِ السَّمَاءَ الدُّنْيَا فَيَخْطَفُ الْجِنُّ السَّمْعَ فَيَقْذِفُونَ إِلَى أَوْلِيَائِهِمْ وَيُرْمَوْنَ فَمَا جاؤوا بِهِ عَلَى وَجْهِهِ فَهُوَ حَقٌّ وَلَكِنَّهُمْ يَقْرِفُونَ فِيهِ وَيَزِيدُونَ ". رَوَاهُ مُسلم

4601. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ के अंसार सहाबा में से एक सहाबी ने मुझे बयान किया के इस असना में के एक रात हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ बैठे हुए थे की एक सितारा टुटा और रोशन हुआ, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से पूछा: “जब दौरे जाहिलियत में इस तरह सितारा टूटता थे तो तुम क्या कहा करते थे ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल ही बेहतर जानते हैं, ताहम यह कहा करते थे इस रात कोई अज़ीम आदमी पैदा हुआ है या कोई अज़ीम आदमी फौत हुआ है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सितारा न किसी की मौत पर टूटता है और न किसी की हयात पर, लेकिन जब हमारा रब, बा बरकत है नाम उस का, कोई फैसला फरमाता है तो हामिलिन ए अर्श तस्बीह बयान करते हैं, बाद में उन से करीब आसमान वाले फ़रिश्ते (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहते हैं यहाँ तक के तस्बीह की यह आवाज़ आसमानी दुनिया के फरिश्तो तक पहुँच जाती है, फिर वह फ़रिश्ते जो अर्श को उठाने वाले फरिश्तो के करीब होते हैं वह हामिलिन ए अर्श से कहते हैं, तुम्हारे रब ने क्या कहा है ? तो वह उन्हें बताते है, जो अल्लाह तआला ने कहा होता है, आसमान वाले एक दुसरे से पूछते है हत्ता के खबर आसमानी दुनिया तक पहुँच जाती है चुनांचे शैतान इस बात को उचक लेते है, और वह अपने साथियो को सूना देते हैं और इसी दौरान उन्हें अंगारे मारे जाते हैं, जो खबर वह असल शकल में सूना देते हैं वह तो हक़ और दुरुस्त होती है, लेकिन वह उस में और मिला लेते है और इज़ाफा कर लेते है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (124 / 2229)، (5819)

٤٦٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قتادةَ قَالَ: خلقَ اللَّهُ تَعَالَى هَذِهِ النجومَ لثلاثٍ جَعَلَهَا زِينَةً لِلسَّمَاءِ وَرُجُومًا لِلشَّيَاطِينِ وَعَلَامَاتٍ يُهْتَدَى بهَا فَمن تأوَّلَ فِيهَا بِغَيْرِ ذَلِكَ أَخطَأَ وَأَضَاعَ نَصِيبَهُ وَتَكَلَّفَ مَالا يَعْلَمُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ تَعْلِيقًا وَفِي رِوَايَةِ رَزِينٍ: «تكلّف مَالا يعنيه ومالا عِلْمَ لَهُ بِهِ وَمَا عَجَزَ عَنْ عِلْمِهِ الْأَنْبِيَاء وَالْمَلَائِكَة»

4602. क़तादाह रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, अल्लाह तआला ने यह सितारे तीन मकासिद के लिए पैदा फरमाए है, उन्हें आसमान के लिए बाईस ए ज़ीनत बनाया, शैतान के लिए मार और अलामत व निशानात जिन के ज़रिए रहनुमाई

हासिल की जाती है, जिस ने उन के अलावा कुछ और बयान किया उस ने गलती की, अपना हिस्सा (उमूर) ज़ाए किया और ऐसी चिज़ का तकल्लुफ किया तो वह नहीं जानता, इमाम बुखारी रहीमा उल्लाह ने इसे मुअल्लक रिवायत किया है और रजिन की रिवायत में है और उस ने ऐसी चिज़ का तकल्लुफ किया जो न तो उस के मुत्तल्लिक है और न इसे इस का इल्म है और जिस के इल्म से अंबिया अलैहिस्सलाम और फ़रिश्ते भी आजिज़ है| (सहीह)

رواہ البخاری (کتاب بدء الخلق باب 3 ، بعد ح 3198) و رزین (لم اجدہ) [و رواہ ابن حجر فی یغلیق التعلیق (3 / 489) و سندہ صحیح] * وقولہ ’’ مالا علم لہ بہ ‘‘ صحیح

٤٦٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الربيعِ مِثْلُهُ وَزَادَ: وَاللَّهِ مَا جَعَلَ اللَّهُ فِي نَجْمٍ حَيَاةَ أَحَدٍ وَلَا رِزْقَهُ وَلَا مَوْتَهُ وَإِنَّمَا يَفْتَرُونَ عَلَى اللَّهِ الْكَذِبَ وَيَتَعَلَّلُونَ بِالنُّجُومِ

4603. रबीआ से भी इसी तरह मरवी है, निज़ उन्होंने यह इज़ाफा नकल किया है: अल्लाह की क़सम! अल्लाह ने किसी सितारे में न तो किसी की जिंदगी रखी है और न उस का रीज़्क रखा है और न उस की मौत रखी है, वह तो अल्लाह पर झूठ बांधते है और सितारों का फ़क़त बहाना बनाते हैं| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجدہ ، رواہ رزین (لم اجدہ)

٤٦٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اقْتَبَسَ بَابًا مِنْ عِلْمِ النُّجُومِ لِغَيْرِ مَا ذَكَرَ اللَّهُ فَقَدِ اقْتَبَسَ شُعْبَةً مِنَ السِّحْرِ الْمُنَجِّمُ كَاهِنٌ والكاهنُ ساحرٌ والساحرُ كافرٌ» . رَوَاهُ رزين

4604. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह के बयान करदा फवाईद के अलावा इल्मे नजूम में से कोई हिस्सा सीखे तो उस ने जादू का एक हिस्सा हासिल किया, नजूमी काहिन है, और काहिन जादूगर है, और जादूगर काफ़िर है”| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجدہ ، رواہ رزین (لم اجدہ)

٤٦٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَوْ أَمْسَكَ اللَّهُ الْقَطْرَ عَنْ عِبَادِهِ خَمْسَ سِنِينَ ثُمَّ أَرْسَلَهُ لَأَصْبَحَتْ طَائِفَةٌ مِنَ النَّاسِ كَافِرِينَ يَقُولُونَ: سُقِينَا بِنَوْءِ الْمِجْدَحِ ". رَوَاهُ النَّسَائِيّ

4605. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर अल्लाह पांच साल तक बारिश रोक ले, फिर इसे बरसा दे तो लोगो में एक जमाअत काफ़िर हो जाएगी, वह कहेंगे, हम पर मुज्दः सितारे की वजह से बारिश हुई है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ النسائی (3 / 165 ح 1527) * عتاب لم یوثقہ غیر ابن حبان و قال سفیان بن عیینۃ احد رواتہ :’’ لا ادری من عتاب ؟‘‘

ख्वाब का बयान • كتاب الرُّؤْيَا

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٦٠٦ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَمْ يَبْقَ مِنَ النُّبُوَّةِ إِلَّا الْمُبَشِّرَاتُ» قَالُوا: وَمَا الْمُبَشِّرَاتُ؟ قَالَ: «الرُّؤْيَا الصالحةُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4606. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नबूवत में सिर्फ “मुबश्शिरात” बाकी रह गई है”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मुबश्शिरात से क्या मुराद है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छे ख्वाब”| (बुखारी)

رواه البخاری (6990)

٤٦٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَزَادَ مَالِكٌ بِرِوَايَةِ عَطَاءِ بْنِ يَسَارٍ: «يَرَاهَا الرجل الْمُسلم أَو ترى لَهُ»

4607. इमाम मालिक रहीमा उल्लाह ने अता बिन यस्सार की रिवायत के हवाले से यह इज़ाफा किया है: “वो ख्वाब जिसे मुसलमान शख़्स देखता है, या इस की खातिर (किसी दुसरे शख़्स को) दिखाया जाता है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ مالک فی الموطا (2 / 957 ح 1848) * السند مرسل ولہ شواھد ، انظر الحدیث السابق (4606) و طرقہ

٤٦٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الرُّؤْيَا الصَّالِحَةُ جُزْءٌ مِنْ سِتَّةٍ وَأَرْبَعِينَ جُزْءًا مِنَ النُّبُوَّةِ»

4608. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अच्छे ख्वाब नबूवत का छियालीसवाँ हिस्सा है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6986) و مسلم (7 / 2264 ب)، (5909)

٤٦٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم قَالَ: «من رَآنِي فِي الْمَنَامِ فَقَدْ رَآنِي فَإِنَّ الشَّيْطَانَ لَا يَتَمَثَّلُ فِي صُورَتِي»

4609. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने मुझे ख्वाब में देखा तो उस ने मुझे ही देखा क्योंकि शैतान मेरा रूप नहीं ढाल सकता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (110) و مسلم (10 / 2266)، (5919)

٤٦١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ رَآنِي فَقَدْ رَأَى الْحَقَّ»

4610. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने मुझे देखा तो उस ने हक़ (हक़ीकत में मुझे) देखा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6996) و مسلم (11 / 2267)، (5921)

٤٦١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «من رَآنِي فِي الْمَنَام فيسراني فِي الْيَقَظَةِ وَلَا يَتَمَثَّلُ الشَّيْطَانُ بِي»

4611. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने मुझे ख्वाब में देखा तो वह मुझे अनकरीब हालत बेदारी मैं भी देखेगा और शैतान मेरी सूरत इख़्तियार नहीं कर सकता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6993) و مسلم (11 / 2266)، (5920)

٤٦١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الرُّؤْيَا الصَّالِحَةُ مِنَ اللَّهِ وَالْحُلْمُ مِنَ الشَّيْطَانِ فَإِذَا رَأَى أَحَدُكُمْ مَا يُحِبُّ فَلَا يُحَدِّثْ بِهِ إِلَّا مَنْ يُحِبُّ وَإِذَا رَأَى مَا يَكْرَهُ فَلْيَتَعَوَّذْ بِاللَّهِ مِنْ شَرِّهَا وَمِنْ شَرِّ الشَّيْطَانِ وَلْيَتْفُلْ ثَلَاثًا وَلَا يُحَدِّثْ بِهَا أحدا فَإِنَّهَا لن تضره»

4612. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अच्छे ख्वाब अल्लाह की तरफ से है और बुरे ख्वाब शैतान की तरफ से है, जब तुम में से कोई पसंदीदा चीज़ देखे तो वह उस का इज़हार इसी से करे जिसे वह पसंद करता है, और अगर कोई नापसंदीदा ख्वाब देखे तो वह उस के शर से और शैतान के शर से अल्लाह की पनाह तलब करे और तीन बार (अपनी बाए जानिब) ठुत्कारे और उस के मुत्तल्लिक किसी से बात न करे इस तरह वह उस के लिए मुज़िर नहीं होगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3292) و مسلم (4 / 2266)، (5903)

٤٦١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا رَأَى أَحَدُكُمُ الرُّؤْيَا يَكْرَهُهَا فَلْيَبْصُقْ عَنْ يَسَارِهِ ثَلَاثًا وَلْيَسْتَعِذْ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ ثَلَاثًا وَلْيَتَحَوَّلْ عَنْ جَنْبِهِ الَّذِي كانَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسلم

4613. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई एक नापसंदीदा ख्वाब देखे तो वह अपने बाएं तरफ तीन बार थूके और तीन बार शैतान से अल्लाह की पनाह तलब करे और वह जिस पहलू पर था इसे बदल ले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (5 / 2262)، (5904)

٤٦١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اقْتَرَبَ الزَّمَانُ لَمْ يَكَدْ يَكْذِبُ رُؤْيَا الْمُؤْمِنِ وَرُؤْيَا الْمُؤْمِنِ جُزْءٌ مِنْ سِتَّةٍ وَأَرْبَعِينَ جُزْءًا مِنَ النُّبُوَّةِ وَمَا كَانَ مِنَ النُّبُوَّةِ فَإِنَّهُ لَا يَكْذِبُ» . قَالَ مُحَمَّدُ بْنُ سِيرِينَ: وَأَنَا أَقُولُ: الرُّؤْيَا ثَلَاثٌ: حَدِيثُ النَّفْسِ وَتَخْوِيفُ الشَّيْطَانِ وَبُشْرَى مِنَ اللَّهِ فَمَنْ رَأَى شَيْئًا يَكْرَهُهُ فَلَا يَقُصَّهُ عَلَى أَحَدٍ وَلْيَقُمْ فَلْيُصَلِّ قَالَ: وَكَانَ يُكْرَهُ الْغُلُّ فِي النَّوْمِ وَيُعْجِبُهُمُ الْقَيْدُ وَيُقَال: الْقَيْد ثبات فِي الدّين

4614. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब (क़यामत का) ज़माने करीब जाएगा तो करीब नहीं के मोमिन का ख्वाब झूठा होगा, मोमिन का ख्वाब नबूवत का छियालीसवाँ हिस्सा है, और जो चीज़ नबूवत से हो वह झूठी नहीं होती”| # मुहम्मद बिन सिरिन बयान करते हैं, में कहता हूँ ख्वाब तीन किस्म के है, नफ्शियाती ख़याल, शैतान का डराना और अल्लाह की तरफ से बशारत, लिहाज़ा जो शख़्स कोई नापसंदीदा चीज़ देखे तो वह इसे किसी से बयान न करे और खड़ा हो कर नमाज़ पढ़े, उन्होंने ने फ़रमाया: वह ख्वाब में तोक देखने को नापसंद करते थे और पाँव में बेड़िया उन्हें पसंद थी और कहा जाता है के बेड़ियों से मुराद दिन पर साबित कदमी है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7017) و مسلم (6 / 2263)، (5905)

٤٦١٥ - (صَحِيح) قَالَ البُخَارِيّ: رَوَاهُ قَتَادَة وَيُونُس وَهِشَام وَأَبُو هِلَالٍ عَنِ ابْنِ سِيرِينَ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ وَقَالَ يُونُسُ: لَا أَحْسَبُهُ إِلَّا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْقَيْدِ»» وَقَالَ مُسْلِمٌ: لَا أَدْرِي هُوَ فِي الْحَدِيثِ أَمْ قَالَهُ ابْنُ سِيرِينَ؟ وَفِي رِوَايَةٍ نَحْوُهُ وَأَدْرَجَ فِي الْحَدِيثِ قَوْلَهُ: «وَأَكْرَهُ الْغُلَّ. . .» إِلَى تَمام الْكَلَام

4615. इमाम बुखारी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: इसे क़तादाह, युनुस, हशिम और अबू हिलाल ने इब्ने सिरिन की सनद से अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है, और युनुस ने कहा में फिल कैद के अल्फाज़ को नबी ﷺ की हदीस से शुमार करता हूँ, और इमाम मुस्लिम रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: मुझे मालुम नहीं के वह अल्फाज़ आप ﷺ के हैं या इब्ने सिरिन के हैं और इसी मिसल एक रिवायत में है और उस ने “आप नापसंद करते तोक ....”, से आख़िर हदीस तक के अल्फाज़ हदीस में दाखिल किए हैं| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، انظر الحدیث السابق (4614) و مسلم (5905)

٤٦١٦ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: جَاءَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: رَأَيْتُ فِي الْمَنَامِ كَأَنَّ رَأْسِي قُطِعَ قَالَ: فَضَحِكَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «إِذَا لَعِبَ الشَّيْطَانُ بِأَحَدِكُمْ فِي مَنَامِهِ فَلَا يُحَدِّثْ بِهِ النَّاس» . رَوَاهُ مُسلم

4616. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने ख्वाब में देखा है के मेरा सर काट दिया गया है, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ मुस्कुरा दिए और फ़रमाया: “जब शैतान किसी से उस की नींद में खेले तो वह लोगो को न बताए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 2268)، (5927)

٤٦١٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَأَيْتُ ذَاتَ لَيْلَةٍ فِيمَا [ص:١٢٩ يَرَى النَّائِمُ كَأَنَّا فِي دَارِ عُقْبَةَ بْنِ رَافِعٍ فَأُوتِينَا بِرُطَبٍ مِنْ رُطَبِ ابْنِ طَابٍ فَأَوَّلْتُ أَنَّ الرِّفْعَةَ لَنَا فِي الدُّنْيَا وَالْعَاقِبَةَ فِي الْآخِرَةِ وَأَنَّ دِينَنَا قَدْ طَابَ» . رَوَاهُ مُسلم

4617. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने एक रात ख्वाब में देखा के हम उक्बा बिन राफीअ के घर में है और हमारे पास इब्ने टाब की खजूरे लाइ गई, मैंने यह तावील की के दुनिया में हमारे लिए बड़ा दर्जा है और आखिरत में नेक अंजाम हमारे लिए है, और हमारा दीन यक़ीनन कामिल(सर्वोत्तम) व अहसन(सबसे अच्छा) है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 2270)، (5932)

٤٦١٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " رَأَيْتُ فِي الْمَنَامِ أَنِّي أَهَاجِرُ مِنْ مَكَّةَ إِلَى أَرْضٍ بِهَا نَخْلٌ فَذَهَبَ وَهْلِي إِلَى أَنَّهَا الْيَمَامَةُ أَوْ هَجَرُ فَإِذَا هِيَ الْمَدِينَةُ يَثْرِبُ وَرَأَيْتُ فِي رُؤْيَايَ هَذِهِ: أَنِّي هَزَزْتُ سَيْفًا فَانْقَطَعَ صَدْرُهُ فَإِذَا هُوَ مَا أُصِيبَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ يَوْمَ أُحُدٍ ثُمَّ هَزَزْتُهُ أُخْرَى فعادَ أحسنَ مَا كانَ فإذا هوَ جَاءَ اللَّهُ بِهِ مِنَ الْفَتْحِ وَاجْتِمَاعِ الْمُؤْمِنِينَ "

4618. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने ख्वाब में देखा की मैं मक्का से खजूरो की सर ज़मीन की तरफ हिजरत कर रहा हूँ, मेरा ख़याल था के वह यमाम है या हजर है, लेकिन वह सर ज़मीने मदीना है जिस का नाम यसरिब था, और मैंने अपने इसी ख्वाब में देखा केमैंने अपनी तलवार हिलाई तो वह बिच में से टूट गई, उस से मुराद वह है जो मोमिनो को गज़वा ए उहद में तकलीफ उठाना पड़ी, फिर मैंने दोबारा इसे हिलाया तो वह अपने पहली हालत से भी बेहतर हो गई, उस से मुराद वह है जो अल्लाह तआला ने (मक्के की) फतह दी और मोमिनो को इकट्ठा कर दिया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3622) و مسلم (20 / 2272)، (5934)

٤٦١٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَيْنَا أَنَا نَائِمٌ بِخَزَائِنِ الْأَرْضِ فَوُضِعَ فِي كَفَّيَّ سِوَارَانِ مِنْ ذَهَبٍ فَكَبُرَا عَلَيَّ فَأُوحِيَ إِلَيَّ أَنِ انْفُخْهُمَا فَنَفَخْتُهُمَا فَذَهَبَا فَأَوَّلْتُهُمَا الْكَذَّابَيْنِ اللَّذَيْنِ أَنَا بَيْنَهُمَا صَاحِبَ صَنْعَاءَ وَصَاحِبَ الْيَمَامَةِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «يُقَالُ لِأَحَدِهِمَا مُسَيْلِمَةُ صَاحِبُ الْيَمَامَةِ وَالْعَنْسِيُّ صَاحِبُ صَنْعَاءَ» لَمْ أَجِدْ هَذِهِ الرِّوَايَةَ فِي (الصَّحِيحَيْنِ)»» وَذكرهَا صَاحب الْجَامِع عَن التِّرْمِذِيّ

4619. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसी असना में की मैं सो रहा था के मुझ पर ज़मीन के खज़ाने पेश किए गए, मेरे हाथ में सोने के दो कंगन रख दिए गए तो वह मुझ पर गिराह गुज़रे, फिर मेरी तरफ वही की गई की मैं उन्हें फूंक मारू, मैंने फूंक मारी तो वह दोनों जाते रहे, मैंने उनकी यह ताबीर की के उस से मुराद वह दो झूठे शख़्स है, मैं उन के दरमियान हूँ एक (असवद अंसी) सीनाअ से और एक (मुसेलिमा कज्ज़ाब) यमाम से”, और एक रिवायत में है: “इन दोनों में से एक मुसेलिमा यमाम का रहने वाला और अंसी सीनाअ का रहने वाला”, लेकिन मैंने यह रिवायत सहीहैन में नहीं पाई और साहबे जामेअ ने इसे तिरमिज़ी से रिवायत किया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4375) و مسلم (22 / 2274)، (5936) و الترمذی (2292)

٤٦٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْعَلَاءِ الْأَنْصَارِيَّةِ قَالَتْ: رَأَيْتُ لِعُثْمَانَ بْنِ مَظْعُونٍ فِي النَّوْمِ عَيْنًا تَجْرِي فَقَصَصْتُهَا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «ذَلِكِ عَمَلُهُ يُجْرَى لَهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4620. उम्म अलाअ अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने ख्वाब में उस्मान बिन मज़उन रदी अल्लाहु अन्हु के लिए एक बहता चश्मे देखा, मैंने उस का तज़किरह रसूलुल्लाह ﷺ से किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये उस का अमल है जो उस के लिए जारी किया गया है”| (बुखारी)

رواه البخاری (7018)

٤٦٢١ - (صَحِيح) وَعَن سُمرةَ بنِ جُندب قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا صَلَّى أَقْبَلَ [ص:١٣٠ عَلَيْنَا بِوَجْهِهِ فَقَالَ: «مَنْ رَأَى مِنْكُمُ اللَّيْلَةَ رُؤْيَا؟» قَالَ: فَإِنْ رَأَى أَحَدٌ قَصَّهَا فَيَقُولُ: مَا شَاءَ اللَّهُ فَسَأَلَنَا يَوْمًا فَقَالَ: «هَلْ رَأَى مِنْكُمْ أَحَدٌ رُؤْيَا؟» قُلْنَا: لَا قَالَ: " لَكِنِّي رَأَيْتُ اللَّيْلَةَ رَجُلَيْنِ أَتَيَانِي فَأَخَذَا بِيَدَيَّ فَأَخْرَجَانِي إِلَى أَرْضٍ مُقَدَّسَةٍ فَإِذَا رَجُلٌ جَالِسٌ وَرَجُلٌ قَائِمٌ بِيَدِهِ كَلُّوبٌ مِنْ حَدِيدٍ يُدْخِلُهُ فِي شِدْقِهِ فَيَشُقُّهُ حَتَّى يَبْلُغَ قَفَاهُ ثُمَّ يَفْعَلُ بِشِدْقِهِ الْآخَرِ مِثْلَ ذَلِكَ وَيَلْتَئِمُ شِدْقُهُ هَذَا فَيَعُودُ فَيَصْنَعُ مِثْلَهُ. قُلْتُ: مَا هَذَا؟ قَالَا: انْطَلِقْ فَانْطَلَقْنَا حَتَّى أَتَيْنَا عَلَى رَجُلٍ مُضْطَجِعٍ عَلَى قَفَاهُ وَرَجُلٌ قَائِمٌ عَلَى رَأْسِهِ بِفِهْرٍ أَوْ صَخْرَةٍ يَشْدَخُ بِهَا رَأْسَهُ فَإِذَا ضَرَبَهُ تَدَهْدَهَ الْحَجَرُ فَانْطَلَقَ إِلَيْهِ لِيَأْخُذَهُ فَلَا يَرْجِعُ إِلَى هَذَا حَتَّى يَلْتَئِمَ رَأْسُهُ وَعَادَ رَأْسُهُ كَمَا كَانَ فَعَادَ إِلَيْهِ فَضَرَبَهُ فَقُلْتُ: مَا هَذَا؟ قَالَا: انْطَلِقْ فَانْطَلَقْنَا حَتَّى أَتَيْنَا إِلَى ثَقْبٍ مِثْلِ التَّنُّورِ أَعْلَاهُ ضَيِّقٌ وَأَسْفَلَهُ وَاسِعٌ تَتَوَقَّدُ تَحْتَهُ نَارٌ فَإِذَا ارْتَفَعَتِ ارْتَفَعُوا حَتَّى كَادَ أَنْ يَخْرُجُوا مِنْهَا وَإِذَا خَمَدَتْ رَجَعُوا فِيهَا وَفِيهَا رِجَالٌ وَنِسَاءٌ عُرَاةٌ فَقُلْتُ: مَا هَذَا؟ قَالَا: انْطَلِقْ فَانْطَلَقْنَا حَتَّى أَتَيْنَا عَلَى نَهَرٍ مِنْ دَمٍ فِيهِ رَجُلٌ قَائِمٌ عَلَى وَسْطِ النَّهَرِ وَعَلَى شَطِّ النَّهَرِ رَجُلٌ بَيْنَ يَدَيْهِ حِجَارَةٌ فَأَقْبَلَ الرَّجُلُ الَّذِي فِي النَّهَرِ فَإِذَا أَرَادَ أَنْ يَخْرُجَ رَمَى الرَّجُلُ بِحَجَرٍ فِي فِيهِ فَرَدَّهُ حَيْثُ كَانَ فَجَعَلَ كُلَّمَا جَاءَ لِيَخْرُجَ رَمَى فِي فِيهِ بِحَجَرٍ فَيَرْجِعُ كَمَا كَانَ فَقُلْتُ مَا هَذَا؟ قَالَا: انْطَلِقْ فَانْطَلَقْنَا حَتَّى انْتَهَيْنَا إِلَى رَوْضَةٍ خَضْرَاءَ فِيهَا شَجَرَةٌ عَظِيمَةٌ وَفِي أَصْلِهَا شَيْخٌ وَصِبْيَانٌ وَإِذَا رَجُلٌ قَرِيبٌ مِنَ الشجرةِ بَيْنَ يَدَيْهِ نَارٌ يُوقِدُهَا فَصَعِدَا بِيَ الشَّجَرَةَ فأدخلاني دَار أوسطَ الشَّجَرَةِ لَمْ أَرَ قَطُّ أَحْسَنَ مِنْهَا فِيهَا رِجَالٌ شُيُوخٌ وَشَبَابٌ وَنِسَاءٌ وَصِبْيَانٌ ثُمَّ أَخْرَجَانِي مِنْهَا فصعدا بِي الشَّجَرَة فأدخلاني دَار هِيَ [ص:١٣٠ أَحْسَنُ وَأَفْضَلُ مِنْهَا فِيهَا شُيُوخٌ وَشَبَابٌ فَقُلْتُ لَهُمَا: إِنَّكُمَا قَدْ طَوَّفْتُمَانِي اللَّيْلَةَ فَأَخْبِرَانِي عَمَّا رَأَيْتُ قَالَا: نَعَمْ أَمَّا الرَّجُلُ الَّذِي رَأَيْتَهُ يُشَقُّ شِدْقُهُ فَكَذَّابٌ يُحَدِّثُ بِالْكَذْبَةِ فَتُحْمَلُ عَنْهُ حَتَّى تَبْلُغَ الْآفَاقَ فَيُصْنَعُ بِهِ مَا تَرَى إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَالَّذِي رَأَيْتَهُ يُشْدَخُ رَأْسُهُ فَرَجُلٌ عَلَّمَهُ اللَّهُ الْقُرْآنَ فَنَامَ عَنْهُ بِاللَّيْلِ وَلَمْ يَعْمَلْ بِمَا فِيهِ بِالنَّهَارِ يُفْعَلُ بِهِ مَا رَأَيْتَ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَالَّذِي رَأَيْتَهُ فِي الثَّقْبِ فَهُمُ الزُّنَاةُ وَالَّذِي رَأَيْتَهُ فِي النَّهَرِ آكِلُ الرِّبَا وَالشَّيْخُ الَّذِي رَأَيْتَهُ فِي أَصْلِ الشَّجَرَةِ إِبْرَاهِيمُ وَالصِّبْيَانُ حَوْلَهُ فَأَوْلَادُ النَّاسِ وَالَّذِي يُوقِدُ النَّارَ مَالِكٌ خَازِنُ النَّارِ وَالدَّارُ الْأُولَى الَّتِي دَخَلْتَ دَارُ عَامَّةِ الْمُؤْمِنِينَ وَأَمَّا هَذِهِ الدَّارُ فَدَارُ الشُّهَدَاءِ وَأَنَا جِبْرِيلُ وَهَذَا مِيكَائِيلُ فَارْفَعْ رَأْسَكَ فَرَفَعْتُ رَأْسِي فَإِذَا فَوْقِي مِثْلُ السَّحَابِ وَفِي رِوَايَةٍ مِثْلُ الرَّبَابَةِ الْبَيْضَاءِ قَالَا: ذَلِكَ مَنْزِلُكَ قُلْتُ: دَعَانِي أَدْخُلْ مَنْزِلِي قَالَا: إِنَّهُ بَقِيَ لَكَ عُمُرٌ لَمْ تَسْتَكْمِلْهُ فَلَوِ اسْتَكْمَلْتَهُ أَتَيْتَ مَنْزِلَكَ «. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَذَكَرَ حَدِيثَ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ فِي رُؤْيَا النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَدِينَةِ فِي» بَاب حرم الْمَدِينَة "

4621. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ पढ़ लेते तो आप अपना रूखे अनवार (चेहरा) हमारी तरफ कर लेते और फरमाते: “आज रात तुम में से किसी ने ख्वाब देखा है ?” रावी बयान करते हैं, अगर किसी ने देखा होता तो वह इसे बयान कर देता, और आप जो अल्लाह चाहता, उस की ताबीर बयान फरमा देंते, आप ﷺ ने एक रोज़ हम से पूछा: “क्या तुम में से किसी ने ख्वाब देखा है ?” हमने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “लेकिन मैंने आज रात दो आदमी देखे, वह मेरे पास आए तो उन्होंने मुझे हाथो से पकड़ा और मुझे अर्ज़ ए मुक़द्दस की तरफ ले गए, वहां एक आदमी बैठा हुआ था और एक घड़ा था, उस के हाथ में लोहे का एक टुकड़ा था, वह उस को उस के जबड़े में दाखिल करता था, और उस को उस की गुद्दी तक चिर देता था, फिर वह इसी तरह दुसरे जबड़े के साथ करता था, और

इतने में यह (पहला) जबड़ा ठीक हो जाता था, और वह इस अमल को दोहराता था, मैंने पूछा यह क्या है ? इन दोनों ने कहा (आगे) चले, हम चले हत्ता के हम एक आदमी के पास आए जो चित्ता लेटा हुआ था और एक आदमी छोटा या बड़ा पथ्थर लिए उस के सिरहाने खड़ा था और वह उस के साथ उस के सर को कुचल रहा था, जब वह इसे मारता था, तो पथ्थर लुड़क जाता था, वह इसे लेने जाता लेकिन उस के वापिस आने से पहले उस का सर फिर ठीक हो जाता था, और वह आदमी उस के साथ फिर वैसे ही करता था और यह अमल जारी रहता है, मैंने कहा यह क्या है ? इन दोनों ने कहा (आगे) चलिए, हम चले हत्ता के तंदूर जैसे सुराख़ के पास आए जिस का ऊपर का हिस्सा तंग है जबकि उस का निचला हिस्सा खुला है, उस के निचे आग जल रही थी, जब वह ऊपर उठते तो उस में मौजूद लोग भी ऊपर बुलंद होते हत्ता के ऐसे लगता के वह उस से निकल जाएँगे, और जब वह बुझ जाती तो वह उस में वापिस आ जाते और उस में मर्द और औरते बरहना (नंगे) थे, मैंने कहा यह क्या है ? इन दोनों ने कहा (आगे) चले, हम चले हत्ता के हम खून की नहर पर पहुंचे, वहां नहर के सामने पथ्थर है, वह शख़्स जो नहर में है जब वह बाहर निकलने का इरादा करता थे तो बाहर किनारे पर खड़ा आदमी उस के मुंह पर पथ्थर फेकता और इसे अपने पहली जगह पर पहुंचा देता है, वह जब भी निकलने के लिए आता था फिर वह उस के मुंह पर पथ्थर मारता है तो वह वापिस वहीँ चला जाता था, मैंने कहा यह क्या है ? उन्होंने कहा: (आगे) चले, हम चले हत्ता के हम सरसब्ज़ व शादाब बाग़ में पहुँच गए, उस में एक बड़ा दरख्त था और उस के तने के पास एक बुढ़ा शख़्स और कुछ बच्चे थे, और दरख्त के करीब एक आदमी था उस के आगे आग थी जिसे वह जला रहा था, वह मुझे दरख्त पर ले गए, उन्होंने मुझे दरख्त के बिच में एक घर में दाखिल कर दिया, मैंने उस से खुबसूरत घर कभी नहीं देखा, उस में बूढ़े मर्द, नोजवान, औरतें और बच्चे थे, फिर वह मुझे वहां से बाहर ले आए, और दरख्त पर ले चढ़े, और मुझे उस से भी अहसन (अच्छे) व अफ़ज़ल (बेहतरीन) घर में ले गए, उस में बूढ़े और जवान थे मैंने उन दोनो इसे कहा तुम रातभर मुझे लिए फेरते रहे हो, लिहाज़ा मैंने जो कुछ देखा उस के मुत्तल्लिक मुझे बताओ ? उन्होंने कहा: जी हाँ, रहा वह शख़्स जिस को आप ने देखा के उस के जबड़े को चीरा जा रहा था तो वह झूठा शख़्स था, वह झूठ बयान करता था, फिर उस से नकल किया जाता था हत्ता के वह आफ़ाक (आसमान) तक पहुँच जाता, आप ने जो देखा वह रोज़ ए क़यामत तक उस के साथ किया जाएगा, वह आदमी जो आप ने देखा के उस का सर कुचला जा रहा था, यह वह शख़्स था जिस ने कुरान का इल्म सिखा लेकिन उस ने रात का कयाम न किया और न दिन के वक़्त उस के मुताबिक अमल किया, आप ने जो देखा उस के साथ यह सुलूक क़यामत तक जारी रहेगा, आप ने जिन्हें सुराख़ में देखा वह ज़िना कार थे, आप ने जिसे नहर में देखा था वह सूद खोर था, आप ने दरख्त के तने के साथ जिस बुज़ुर्ग शख़्स को देखा वह इब्राहीम अलैहिस्सलाम थे और उन के इर्दगिर्द जो बच्चे थे वह लोगो की औलाद थी, जो शख़्स आग जला रहा था वह जहन्नम का दरोगा मालिक था, आप जिस पहले घर में दाखिल हुए थे वह आम मोमिनो का घर था, रहा यह घर तो यह शुहदा का घर है, मैं जिब्राइल हूँ और यह मिकाइल है, आप ﷺ अपना सर उठाए, जब मैंने सर उठाया तो मेरे ऊपर बादलो की तरह था, इन दोनों ने कहा यह आप की मंजिल है, मैंने कहा मुझे छोड़ दो में अपने मंजिल में दाखिल हो जाऊं उन्होंने कहा: अभी आप की उमर बाकी है जो आप ने मुकम्मल नहीं की, जब आप इसे मुकम्मल कर लेंगे तो आप अपने मंजिल में दाखिल हो जाएँगे"| # और अब्दुल्लाह बिन उमर (र अ) से मरवी हदीस " नबी ﷺ को ख्वाब में मदीना दिखाई देना" بَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللَّهُ تَعَالَى (हुरमते मदीना का बयान अल्लाह इस की हिफाज़त फरमाए) में ज़िक्र की गई है| (बुखारी)

رواه البخاری (7048) 0 حدیث عبدالله بن عمر ، تقدم (2735)

ख्वाब का बयान • كتاب الرُّؤْيَا

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٦٢٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي رزين العقيليِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رُؤْيَا الْمُؤْمِنِ جُزْءٌ مِنْ سِتَّةٍ وَأَرْبَعِينَ جُزْءًا مِنَ النُّبُوَّةِ وَهِيَ عَلَى رِجْلِ طَائِرٍ مَا لَمْ يُحَدِّثْ بِهَا فَإِذَا حَدَّثَ بِهَا وَقَعَتْ» . وَأَحْسِبُهُ قَالَ: «لَا تُحَدِّثْ إِلَّا حَبِيبًا أَوْ لَبِيبًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي [ص:١٣٠ دَاوُدَ قَالَ: «الرُّؤْيَا عَلَى رِجْلِ طَائِرٍ مَا لَمْ تُعْبَرْ فَإِذَا عُبِرَتْ وَقَعَتْ» . وَأَحْسِبُهُ قَالَ: «وَلَا تَقُصَّهَا إِلَّا عَلَى وَادٍّ أَوْ ذِي رأيٍ»

4622. अबू रजिन उकय्ली बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन का ख्वाब नबूवत का छियालीसवाँ हिस्सा है, जब तक वह उस को बयान नहीं करता तो वह परिंदे के पाँव पर है, लेकिन जब वह इसे बयान कर देता है तो वह वाकेअ हो जाता है”, और मेरा ख़याल है के आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे किसी अज़ीज़ दोस्त या अकलमंद शख़्स के सिवा किसी और से बयान न करो”| तिरमिज़ी, और अबू दावुद की रिवायत में है, फ़रमाया: “जब तक ख्वाब की ताबीर न की जाए तो वह परिंदे के पाँव पर होता है, लेकिन जब उस की ताबीर बयान की जाती है तो वह वाकेअ हो जाता है”, और मेरा ख़याल है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे किसी अज़ीज़ दोस्त या अकलमंद शख़्स के सिवा किसी और से बयान न करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2278 2279) و ابوداؤد (5020)

٤٦٢٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن وَرَقَة. فَقَالَتْ لَهُ خَدِيجَةُ: إِنَّهُ كَانَ قَدْ صَدَّقَكَ وَلَكِنْ مَاتَ قَبْلَ أَنْ تَظْهَرَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أُرِيتُهُ فِي الْمَنَامِ وَعَلَيْهِ ثِيَابٌ بِيضٌ وَلَوْ كَانَ مِنْ أَهْلِ النَّارِ لَكَانَ عَلَيْهِ لِبَاسٌ غَيْرُ ذَلِك» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

4623. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से वर्का बिन नौफल के बारे में दरियाफ्त किया गया तो ख़दीजा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: उस ने आप ﷺ की तस्दीक कर दी थी लेकिन वह आप के एलाने नबूवत से पहले फौत हो गए, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे मुझे ख्वाब में दिखाया गया उस पर सफ़ेद कपड़े थे, और अगर वह जहन्नमी होता तो उस पर कोई और लिबास होता”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ احمد (6 / 65) و الترمذی (2288) وقال :’’ غریب ‘‘ قلت : سندہ ضعیف جدًا ، قال الذھبی : عثمان ھو الوقاصی متروک کما فی تلخیص المستدرک 4 / 393) و للحدیث شواھد ضعیفۃ عند احمد (6 / 65) و الحاکم (2 / 609) وغیرھما

٤٦٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ عَنْ عَمِّهِ أَبِي خُزَيْمَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَنَّهُ رَأَى فِيمَا يَرَى النَّائِمُ أَنَّهُ سَجَدَ عَلَى جَبْهَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ فَاضْطَجَعَ لَهُ وَقَالَ: «صَدِّقْ رُؤْيَاكَ» فَسَجَدَ عَلَى جَبْهَتِهِ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أَبِي بَكْرَة: كَأَنَّ مِيزَانًا نَزَلَ مِنَ السَّمَاءِ فِي بَابِ «مَنَاقِبِ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا»

4624. इब्ने खुज़ैमा बिन साबित अपने चचा अबू खुज़ैमा से बयान करते हैं, उन्होंने ख्वाब देखा के उस ने नबी ﷺ की पेशानी पर सजदाह् किया है, उस ने आप को बताया तो आप ﷺ इस की खातिर लेट गए और फ़रमाया: “अपना ख्वाब सच्चा कर दिखाओ”, उस ने आप ﷺ की पेशानी पर सजदाह् किया| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنة (12 / 225 ح 3285) [و احمد (5 / 215 ، 214)] * الزھری عنعن و للحدیث طرق ضعیفة 0 حدیث ابی بکرة یاتی (6057)

كتاب الرُّؤْيَا • ख्वाब का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٦٢٥ - (صَحِيح) عَن سَمُرَةَ بْنِ جُنْدَبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِمَّا يَكْثُرُ أَنْ يَقُولَ لِأَصْحَابِهِ: «هَلْ رَأَى أَحَدٌ مِنْكُمْ مِنْ رُؤْيَا؟» فَيَقُصُّ عَلَيْهِ مَنْ شَاءَ اللَّهُ أَنْ يَقُصَّ وَإِنَّهُ قَالَ لَنَا ذَاتَ غَدَاةٍ: " إِنَّهُ أَتَانِي اللَّيْلَةَ آتِيَانِ وَإِنَّهُمَا ابْتَعَثَانِي وَإِنَّهُمَا قَالَا لِي: انْطَلِقْ وَإِنِّي انْطَلَقْتُ مَعَهُمَا ". وَذَكَرَ مِثْلَ الْحَدِيثِ الْمَذْكُورِ فِي الْفَصْلِ الْأَوَّلِ بِطُولِهِ وَفِيهِ زِيَادَةٌ لَيْسَتْ فِي الْحَدِيثِ الْمَذْكُورِ وَهِيَ قَوْلُهُ: " فَأَتَيْنَا عَلَى رَوْضَةٍ مُعْتِمَةٍ فِيهَا مِنْ كُلِّ نَوْرِ الرَّبِيعِ وَإِذَا بَيْنَ ظَهْرَيِ الرَّوْضَةِ رَجُلٌ طَوِيلٌ لَا أَكَادُ أَرَى رَأْسَهُ طُولًا فِي السَّمَاءِ وَإِذَا حَوْلَ الرَّجُلِ مِنْ أَكْثَرِ وِلْدَانٍ رَأَيْتُهُمْ قَطُّ قُلْتُ لَهُمَا: مَا هَذَا مَا هَؤُلَاءِ؟ " قَالَ: " قَالَا لِيَ: انْطَلِقْ فَانْطَلَقْنَا فَانْتَهَيْنَا إِلَى رَوْضَةٍ عَظِيمَةٍ لَمْ أَرَ رَوْضَةً قَطُّ أَعْظَمَ مِنْهَا وَلَا أَحْسَنَ ". قَالَ: " قَالَا لِي: ارْقَ فِيهَا ". قَالَ: «فَارْتَقَيْنَا فِيهَا فَانْتَهَيْنَا إِلَى مَدِينَةٍ مَبْنِيَّةٍ بِلَبِنِ ذَهَبٍ وَلَبِنِ فِضَّةٍ فَأَتَيْنَا بَابَ الْمَدِينَةِ فَاسْتَفْتَحْنَا فَفُتِحَ لَنَا فَدَخَلْنَاهَا فَتَلَقَّانَا فِيهَا رِجَالٌ شَطْرٌ مِنْ خَلْقِهِمْ كَأَحْسَنِ مَا أَنْتَ رَاءٍ وَشَطْرٌ مِنْهُمْ كَأَقْبَحِ مَا أَنْتَ رَاءٍ» . قَالَ: " قَالَا لَهُمْ: اذْهَبُوا فَقَعُوا فِي ذَلِكَ النَّهَرِ " قَالَ: «وَإِذَا نَهَرٌ مُعْتَرِضٌ يَجْرِي كَأَنَّ مَاءَهُ الْمَحْضُ فِي الْبَيَاضِ فَذَهَبُوا فَوَقَعُوا فِيهِ ثُمَّ رَجَعُوا إِلَيْنَا قَدْ ذَهَبَ ذَلِكَ السُّوءُ عَنْهُمْ فَصَارُوا فِي أَحْسَنِ صُورَةٍ» وَذَكَرَ فِي تَفْسِيرِ هَذِهِ الزِّيَادَةِ: «وَأما الرجلُ الطويلُ الَّذِي فِي الرَّوْضَةِ فَإِنَّهُ إِبْرَاهِيمُ وَأَمَّا الْوِلْدَانُ الَّذِينَ حَوْلَهُ فَكُلُّ مَوْلُودٍ مَاتَ عَلَى الْفِطْرَةِ» قَالَ: فَقَالَ بَعْضُ الْمُسْلِمِينَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَأَوْلَادُ الْمُشْرِكِينَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَأَوْلَادُ الْمُشْرِكِينَ وَأَمَّا الْقَوْمُ الَّذِينَ كَانُوا [ص:١٣٠ شطرٌ مِنْهُم حسن وَشطر مِنْهُمْ حَسَنٌ وَشَطْرٌ مِنْهُمْ قَبِيحٌ فَإِنَّهُمْ قَوْمٌ قَدْ خَلَطُوا عَمَلًا صَالِحًا وَآخَرَ سَيِّئًا تَجَاوَزَ الله عَنْهُم» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4625. समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने सहाबा से अक्सर यूँ फ़रमाया करते थे: “क्या तुम में से किसी ने ख्वाब देखा है ?” वह आप से, जो अल्लाह चाहता बयान करता, इसी तरह आप ﷺ ने एक रोज़ हमें फ़रमाया: “दो आने वाले मेरे पास आए उन्होंने मुझे उठाया और उन्होंने मुझे कहा: चलो, और मैं उन के साथ चला”, और फिर फसल ए अव्वल में मजकूर हदीस मुकम्मल तौर पर बयान की, और इस में इज़ाफा है जो के हदीस मजकूर में नहीं, और वह यह है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम एक इन्तिहाई सर सब्ज़ बाग़ में आए, उस में मौसम बहार के तमाम फुल, और बाग़ के बिच में एक तवील आदमी था और उस के दर्ज़ाई कद की वजह से में उस का सर नहीं देख सकता था, जबके इस आदमी के इर्दगिर्द बहोत से बच्चे है, जिन्हें मैंने (इतनी कसरत में पहले) हरगिज़ नहीं देखा, मैंने इन दोनों आदमियो से कहा: यह कौन है ? आप फरमाते हैं, उन्होंने मुझे कहा (आगे) चले! हम चले और एक बड़े बाग़ के पास पहुंचे, मैंने इसे बड़ा और उन से ज़्यादा बेहतर बाग़ कभी नहीं देखा”, आप ﷺ फरमाते हैं: “उन्होंने मुझे कहा उस में ऊपर चढ़ो”, आप ﷺ ने

फ़रमाया: “हम उस में चढ़े और एक शहर में पहुंचे जिस की तामीर इस तरह हुई थी के उस की एक ईंट सोने की और एक ईंट चाँदी की थी, हम शहर के दरवाज़े पर पहुंचे और दरवाज़ा खोलने के लिए कहा, और वह हमारे लिए खोल दिया गया तो हम उस में दाखिल हो गए, हम उस में कुछ आदमियों से मिले उनका आधा धड़ इतना खुबसूरत था के तुमने कभी नहीं देखा होगा और उनका आधा धड़ इस क़दर कबिह था के तुमने कभी नहीं देखा होगा, इन दोनों ने उन्हें कहा: जाओ और इस नहर में गिर जाओ”, आप ﷺ ने फ़रमाया: वहाँ एक चोड़ी नहर जारी थी गोया उस का पानी खालिस सफ़ेद है, वह गए और उस में गिर गए, फिर हमारी तरफ वापिस आए तो उनकी वह खराबी ख़तम हो चुकी थी और वह खुबसूरत बन गए थे”, और हदीस के उन इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अल्फाज़ में फ़रमाया: “वहां वह तवील आदमी जो बाग़ मैं था वह इब्राहीम अलैहिस्सलाम थे, और वह बच्चे जो उन के इर्दगिर्द थे, यह वह बच्चे थे जो दीन ए फितरत पर फौत हुए थे”, रावी बयान करते हैं, बाज़ मुसलमानों ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुशरिकों के बच्चे ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुशरिको के बच्चे भी और लोग जिन का आधा धड़ अच्छा और आधा धड़ कबिह थे तो यह लोग वह थे जिन्होंने अच्छे अमल भी किए थे और बुरे अमल भी अल्लाह ने उन से दरगुज़र फ़रमाया”| # और हम अबू बकरह (र) से मरवी हदीस: “गोया वह मीज़ान है जो आसमान से नाज़िल हुई”,(بَابِ مَنَاقِبِ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا) (अबू बक्र व उमर के मनाकिब (र)) में ज़िक्र करेंगे. (बुखारी)

رواه البخاری (7047)

٤٦٢٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مِنْ أَفْرَى الْفِرَى أَنْ يُرِيَ الرَّجُلُ عَيْنَيْهِ مَا لم تريا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4626. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सबसे बड़ा झूठ यह है कि आदमी अपने आंखो को वह चीज़ दिखाए (यानी झूठा ख्वाब बयान करे) जो उन्होंने नहीं देखि”| (बुखारी)

رواه البخاری (7043)

٤٦٢٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَصْدَقُ الرُّؤْيَا بِالْأَسْحَارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي»» نِهَايَة الْجُزْء الثَّانِي

4627. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सहरी (यानी पिछली रात के) वक़्त का ख्वाब सच होने में करीब तर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2274) و الدارمی (2 / 125 ح 2159)